शिक्षां ददत्सर्वजनमान्यां, मान्यो वैदिकधर्मः ।७।
यादृक् कर्म नरो भुवि कुरुते, तादृक् फलमपि भुंक्ते ।
अचलकर्मनियम इह लोके, कथयति वैदिकधर्मः ।८।
आत्मा नित्योऽजरोऽमरोऽयं, मृत्योर्भयं कुतो भोः ।
इत्थं निर्भयता संचारी, श्रेष्ठो वैदिकधर्मः ।९।
यज्ञधर्म इह सर्वजनानां, भुवि कल्याणं कुरुते ।
कर्तव्यं तस्यानुष्ठानं, कथयति वैदिकधर्मः ।१०।
सर्वे प्राणभृतो हि विलोक्याः मित्रदृशा किल मनुजैः ।
सर्वेषामुपकारः कार्यः, कथयति वैदिकधर्मः ।११।
मान्यो यः कर्तव्यपरायण आर्यः स एव वाच्यः ।
इत्थं सर्वानार्यान् कर्तुं, निगदति वैदिकधर्मः ।१२।
नह्यनेन सदृशोऽखिललोके, श्रेष्ठतरस्तु कथं स्यात्?
देवेनादिष्टः सर्गादौ, वन्द्यो वैदिकधर्मः ।१३।
गुणगणसिन्धुदयामयदेवो, ददौ वैदिकं ज्ञानम् ।
सर्वहितार्थं जगदुपक्रमे, वन्द्यो वैदिकधर्मः ।१४।
वेदाध्ययने नूनमधिकृताः, सर्वे श्रेयस्कामाः ।
भुवनेऽखिले प्रचार्यः सुखदः, शान्तिदवैदिकधर्मः।१५।

———:०-०:———

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वैदिक धर्म गीत

रचयिता : श्री पं० धर्मदेव विद्यामार्तण्ड (देवमुनि वानप्रस्थ), आनन्द-कुटीर, ज्वालापुर

वैदिक धर्म हमारा अनुपम, वैदिक धर्म हमारा ।
यह है जिसने कोटि जनों को, इस जग में है तारा ।।
एकेश्वर पूजा सिखलाता, भेदभाव को दूर भगाता ।
प्राणिमात्र से प्रेम बढ़ाता, प्राणों से बढ़ करके प्यारा।

ज्ञानकर्म शुभ भक्ति मिलाता, श्रद्धा मेधा मेल कराता ।
अन्धकार को दूर हटाता, है यह हृदय उजारा ।
बुद्धि विरुद्ध नहीं कुछ इसमें, व्यष्टि-समष्टि मेल है इसमें ।
त्याग भोग मिल जाते इसमें, मत पन्थों से न्यारा ।।

सब हैं ईश्वर पुत्र समान, कल्पित ऊंच नीच नहिं जान ।
करो देव का गुणगणगान, वह भवसागर तारन हारा ।।
जो करता है वह भरता है, अटल नियम यह नित रहता है ।
आत्मा नित्य नहीं मरता है, सिखला निर्भय करने हारा ।।

यज्ञ-धर्म है श्रेष्ठ महान्, करता है सबका कल्याण ।
इसके बिना नहीं उत्थान, यह है शुभ उन्नति का द्वारा ।।
समझो सबको मित्र समान, गुण कर्मों के कारण मान ।
करलो वेदामृत का पान, जो सन्ताप विनाशन हारा ।।

आओ आर्य बनें हम सारे, कर्तव्यों का पालन-हारे ।
प्रभु विश्वासी कभी न हारे, जिसने सबका दुःख निवारा ।।
बने आर्य जग आर्य बनावें, न्याय सत्य अनुराग बढ़ावें ।
सच्चे ईश्वर पुत्र कहावें, 'सत्य धर्म की जय' हो नारा ।।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

यज्ञोपवीत गीत

ओ३म् यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात् ।
आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः ।।

तीन सूत्र यज्ञोपवीत के, शुभ कर्तव्य जताते है ।
तुम कर्तव्य करो नित पालन, जिनको तुम्हें बताते है ।१।
पवित्रता को धारण करलो, देह तथा मनवाणी की ।
पवित्रता ही परमधर्म है, यह ये सूत्र सुनाते हैं ।२।
ज्ञान कर्म परमेश भक्ति ये, तीन मुक्ति के साधन हैं ।
इनको प्राप्त करो उत्साही, बनकर ये सिखलाते हैं ।३।
तुम शरीर की मन आत्मा की, शक्ति वृद्धि का यत्न करो ।
सम विकास को उत्तम गुरु जन, उन्नति तत्त्व बताते हैं ।४।
ऋण ईश्वर का मात पिता का, ऋषि-गण का ये तीनों हैं ।
तीन तार ये ब्रह्म सूत्र के, इनका स्मरण कराते हैं ।५।
चिन्ह नहीं ये उच्च जाति के, किन्तु चिन्ह कर्तव्यों के ।
जो जाने उसकी उन्नति के, ये साधक बन जाते हैं ।६।
ज्ञान कर्म ईश्वर उपासना, ये वेदों के मुख्य विषय ।
इससे वेदों के पढ़ने को, सूचित यही कराते हैं ।७।

गायत्री गीत

ओ३म् भूर्भुवः स्वः । तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि ।
धियो यो नः प्रचोदयात् ।।

सर्व रक्षक ईश का हम, ध्यान करते सर्वदा ।
प्राण रूप वही जगत् का, दुःखनाशक है सदा ।।
सब जगह में व्याप्त है, सर्वज्ञ वह भगवान् है ।
पूर्ण जो आनन्दमय है, दिव्य जिसकी शान है ।।
विश्व का कर्ता सनातन, शान्ति सुखदाता वही ।
शोक पातक की विनाशक, जिसकी है महिमा कही ।।
श्रेष्ठ उसके तेज का, चिन्तन करें दिन रात हम ।
बुद्धियों को हम सबों की, शुद्ध करदे वह परम ।।
प्रेरणा उसकी मिले, तब सर्व कर्म विशुद्ध हों ।
दिव्य जीवन युक्त होकर, हम सदा उद्बुद्ध हों ।।

———:o-o:———

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वेद और आर्य

ले० डा० मुंशीराम शर्मा, आर्यनगर, कानपुर

वेदों के अनुसार मानव जाति दो भागों में विभाजित है। यह विभाजन प्रवृत्ति के आधार पर है। कुछ मनुष्यों की प्रवृत्ति ऐसी होती है कि वे अपने को सम्हाल नहीं पाते। बुद्धि अथवा सदाचार की दृष्टि से वे इतने हीन होते हैं कि न सत्पथ का अनुसरण कर पाते हैं और न उसे पहचान ही पाते हैं। इसे प्रवृत्तिगत असमर्थता भी कह सकते हैं। वेद ने इन्हें दास कहा गया है कुछ दास ऐसे भी होते हैं जो जानबूझ कर सत्पथ का अतिक्रमण करते हैं। ये अपराधी हैं और समाज के लिये घातक हैं। दासों के विपरीत आर्य होते हैं। आर्य अर्य का पुत्र है। अर्य का अर्थ है स्वामी। संसार का स्वामी परमेश्वर है। परमेश्वर में सत् या भद्र की सीमा है। परमेश्वर का पुत्र कहलाने वाला आर्य सत्पथ का अनुगामी होता है। उसमें इतनी बुद्धि-और इतना सामर्थ्य होता है कि वह सत् को जान सके और उस पर चल सके। आर्य भले पुरुष को कहते हैं। दास उत्तेजनाओं के वशीभूत होता है। आर्य उत्तेजनाओं पर शासन करता है।

नीचे लिखे मंत्र में आर्य और दास का भेद स्पष्ट किया गया है :—

विजानीह्यार्यान् ये च दस्यवो बर्हिष्मते रन्धया शासदव्रतान्।

शाकी भव यजमानस्य चोदिता विश्वताते सधमादेषु चाकन। —ऋ० १.५१.८

आर्यों और दस्युओं को विशेषरूप से जानो। आर्य यज्ञ करने वाला है। उसके लिये अव्रती दस्यु पर नियंत्रण रखो और उसके दस्युभाव का विनाश करो। शक्तिशाली बनो। यजमान को यज्ञ करने की प्रेरणा दो। हर्षपूर्ण यज्ञों में हम तुम्हारे इन गुणों की कामना करते हैं।

आर्य व्रती है, यज्ञशील है, त्यागी है, दानी है। दस्यु अव्रती है और त्याग के विपरीत संग्रह करने वाला है। इस संग्रह में वह समाज द्वारा गृहीत व्रतों या नियमों का पालन नहीं करता। नियमों को तोड़ कर वह धन इकट्ठा करता है। स्वभावतः इससे समाज के अन्य प्राणियों को कष्ट होता है। शासक का कर्त्तव्य है कि वह आर्यों की, नियम-पालन करने वालों की रक्षा करे तथा दस्युओं को नियम भंग करने से रोके[1]। दास और दस्यु दोनों ही हिंसक हैं। वे नियमभंग करके समाज की हिंसा करते हैं। यदि इन्हें अपने काम में खुली छुट्टी मिल जाय, तो समाज अल्प समय में ही अपना अस्तित्व खो बैठेगा। उच्छृंखलता का अर्थ ही है शृंखला में न रहना। समाज कुछ व्रतों या नियमों की शृंखला में आबद्ध है और इसी में उसकी सुरक्षा निहित है। शृंखला के टूटते ही समाज भी टूट जाता है। इसलिये ऐसे व्यक्तियों को जो नियमों को तोड़ते हैं, शासन द्वारा रोका जाता है। यदि उनका मन-परिवर्तन हो गया, तो अच्छा है, अन्यथा उन्हें कुछ समय के लिये जेल में रख कर, समाज से हटाकर, सुधार का अवसर दिया जाता है और तब भी सुधार नही हुआ तो या तो आजन्म कैद की सजा दी जाती है या फिर फांसी पर लटका कर इस शरीर से ही अलग कर दिया जाता है, जिससे वे इसका उपयोग ही न कर सकें। मुख्य लक्ष्य बुरे को भला बनाना है। दास की प्रवृत्ति में परिवर्तन करना है। उसे उन साधनों से भी

१. असुन्वतो विषूणः सुन्वतो वधः (५.३४.६)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वंचित करना है जो उसे कुपथ पर चलने में सहायता देते हैं ।

दास को वश में रखने के लिये[२] नियन्ता को शक्ति की आवश्यकता है । जो शासक निर्बल होगा, वह दास को नियंत्रण में नहीं रख सकेगा । दूसरी बात है, दास को दास भाव से हटा कर आर्य भाव अपनाने की प्रेरणा देना । यह प्रेरणा क्रियात्मकरूप में उन व्यक्तियों से भी मिल सकती है जो आर्यभाव रखते हैं, यज्ञ करने वाले हैं, त्यागी और दानशील हैं । यदि शासक की ओर से ऐसे व्यक्तियों को बढ़ावा मिलता है, तो उसका अप्रत्यक्ष प्रभाव दास की मनोवृत्ति पर भी पड़ेगा । जनता के अन्दर आर्यत्व के सद्भाव को ग्रहण करने की कामना होनी चाहिये । नीचे लिखे मंत्र में भी इसी भाव की व्याख्या है :—

आसंयतमिन्द्रणः स्वस्ति शत्रुतूर्याय बृहतीममृध्राम् ।
यया दासानि आर्याणि वृत्रा करो वज्रिन्त्सुतुका नाहुषाणि ।।" ऋ० ६.२२.१०

हे इन्द्र ! शत्रु के विनाश के लिये हमें ऐसी अहिंसनीय तथा महती स्वस्थावस्था प्रदान करें जिससे दासों का वृत्रभाव समाप्त हो, उनके अन्दर जो आर्यत्व को निवारण करने, रोकने, दूर करने या नष्ट करने की प्रवृत्ति है, वह न रहे । वे आर्य बनें । अन्य मनुष्यों के अन्दर भी जो शुभ के प्रति शत्रु भाव है, वह नष्ट हो । वे सुन्दर सन्तति वाले बनें ।

दासों को आर्य बनाना और मनुष्यों को सुशील सन्तान वाला बनाना तभी संभव है जब हम स्वयं स्वस्ति से सम्पन्न हों । हमारी स्वस्थावस्था भी अहिंसनीय हो और महान् हो । यदि हमारा स्वस्थ भाव ही आक्रान्त हो गया या उसमें क्षुद्रता अथवा संकीर्णता आ गई, तो आर्यभाव से हम स्वयं च्युत हो जावेंगे । जब हमीं दास भाव से दब गये तो दासों को आर्यभाव वाला कैसे बना सकेंगे । अतः आर्यों को आर्यभाव पर दृढ़ रहने की आवश्यकता है । जागरूक कर्मपरायण आर्य ही विश्व में आर्यत्व का प्रसार कर सकते हैं । आर्यत्व का प्रसार मानों सत का प्रसार है । सत का प्रसार आस्तिकभाव को बढ़ाता है । उससे प्रभु- विश्वास जागृत होता है । प्रभु में अटल विश्वास धर्मपरायण जीवन का प्रमुख आधार है । यह विश्वास अपने अन्दर छिपी स्वार्थ की निकृष्ट प्रवृत्ति को नष्ट करता है तथा त्याग आदि शुभ प्रवृत्तियों को जन्म देता है जिससे मानव संतति फलती-फूलती है । वेद आदेश देता है :—

"इन्द्र वर्धन्तो अप्तुरः कृण्वन्तो विश्वमार्यम् अपघ्नन्तो अराव्णः ऋ० ९.६३.५ ।

शुभ कर्म करने वाले व्यक्ति ईश्वर की (महिमा) को बढ़ाते हैं । वे विश्व में आर्यभाव का विस्तार करते हैं और दूसरों को रुलाने वाले अदानी, स्वार्थियों का विनाश करते हैं ।

स्वार्थियों का विनाश उनको त्यागभाव से सम्पन्न कर देना है । स्वार्थी जिस समय परोपकारी बनता है उसी समय वह नया जन्म ले लेता है । उसका पुराना रूप नष्ट हो जाता है ।

विश्व में हमें सत एवं ऋत दो नियम काम करते दिखाई देते हैं । सत प्राकृतिक व्यवस्था को कायम रखने वाले नियम हैं और ऋत सदाचार के नियम हैं । सत एवं असत्, ऋत एवं अनृत में प्रायः द्वन्द्व चला करता है, पर अन्त में सत एवं ऋत की ही विजय होती है । पारसी विश्वास के अनुसार यह द्वन्द्व तब तक चलेगा जब तक सत की विजय नहीं हो जाती । सत की

२. यथा वशं नयति दासमार्यः "

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विजय होते ही संसार की भी प्रलय हो जायगी। क्रोसे के अनुसार हम सब परिपूर्ण स्वाधीनता को प्राप्त करने के लिये प्रयत्न कर रहे हैं। वेद आर्य को स्वाधीन कहता है जो दूसरों की गुलामी नहीं करता। वह किसी दूसरे का आश्रित नहीं है। वह स्वतंत्र है। वह अदीन है। यह अदीनता या स्वाधीनता सत की विजय है। जिसकी सत्ता या अस्तित्व दूसरे का मुहताज नहीं, वही इस संसार में सुखी है, आनन्दी है। परमात्मा स्ववान् है, उसका वीर्य किसी अन्य से प्रेरित नहीं है, वह स्वतंत्र है। परमात्मा का पुत्र आर्य भी स्वतंत्र होता है।

प्रभु के नियम जहां सृष्टि को व्यवस्था में रखते हैं, वहां चेतन प्राणियों में भी सदाचार की प्रतिष्ठा करते हैं१। सत एवं ऋत दोनों निरन्तर अपना कार्य करते रहते हैं। आर्य अर्थात् सदाचारी व्यक्तियों का कर्त्तव्य इन नियमों के साथ सहयोग करना है। ऋत तो अपनी गति में सदाचारी की सहायता कर ही रहा है। दस्युओं को, दुष्टों को, अनार्यों को जो दण्ड मिलता है—लौकिक एवं पारलौकिक दोनों ही व्यवस्थाओं में—उससे सदाचार की ही संवर्धना होती है। दस्यु इस व्यवस्था में बंधे हुए अपनी मनमानी नहीं कर पाते। दण्ड उन्हें शासित करता रहता है। लौकिक शासन को वे धोखा भी दे सकते हैं और कुछ समय के लिये दण्ड पाने से बच भी सकते हैं, पर परमात्मा की व्यवस्था में उनके लिए कहीं भी त्राण नहीं है। सर्वव्यापक प्रभु की दृष्टि से कुछ भी ओझल नहीं है। अपराधी अपने अपराध को प्रभु से छिपा ही नहीं सकता। उसे कर्मानुसार फल भोगने के लिये विविध प्रकार के शरीर धारण करने पड़ते हैं, नाना प्रकार की यंत्रणाएं सहनी पड़ती हैं, जिस इन्द्रिय से पाप किया है, उससे वंचित होना पड़ता है, विकलांग भी बनना पड़ता है। ये नाना लोक-लोकान्तर जो प्रमुखतः सात भागों में विभाजित हैं, जीव के भोग-स्थान हैं। प्रभु की ओर से मिला हुआ दण्ड भी प्रतिशोध नहीं, जीव के शुद्ध होने का साधन है। लौकिक शासन का उद्देश्य भी अपराधी को दण्ड देने में यही होना चाहिए। दस्यु की दस्युता का संहार करके उसे आर्य बना देना है। दस्यु कोई जाति नहीं, स्वार्थ-कलुषित मानव का नाम है। जो आर्यभाव से विहीन है, वही दस्यु है। दस्यु का शोधन उसे आर्यत्व से मंडित कर देने में है। आर्य का अपना हित भी दस्यु को आर्य बनाने में है जिसमें दस्यु का हित तो साथ लगा ही है।

आर्य ज्ञानी है। वह प्रभु के ज्ञान के पीछे चलता है१। उसके कर्म ज्ञान के अनुकूल होते हैं। दस्यु इसके प्रतिकूल है। वह विचारशून्य, मानवता रहित, मानव के विपरीत, भिन्नव्रतवाला तथा कर्महीन भी है२। वह पुरुषार्थ की कमाई पर बसर नहीं करता। नहीं करना चाहता। परमात्मा ऐसे दस्यु को घर से बाहर कर देता है अर्थात् सहायकों से वंचित कर देता है और अंधकार से परिपूर्ण लोकों में ले जाता है। आर्य को वह विस्तृत प्रकाशमय लोक देता है जहां सुख, ज्योति, निर्भयता तथा कल्याण प्राप्त होते हैं३।

१. आर्या व्रता विसृजन्तो अधिक्षमि। (१०-६५-११)

१. मम देवासो अनु केतमायन्। ४-२६-२।

२. अकर्मा दस्युःअभिनोअमन्तुःअन्यव्रतो अमानुषः। (१०-२२-८)

३. उरुं नो लोकं अनुनेषि विद्वान् स्वर्वत् ज्योतिरभयं स्वस्ति। ६-४७-८

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

परमात्मा की रक्षण शक्तियों को प्राप्त करते हुए हम आर्य भाव द्वारा ही सब शत्रुओं, दस्युओं को पार कर सकते हैं, उन्हे पराजित कर सकते हैं४ । परमात्मा सम्पत्ति है, सज्जनों का, आर्यों का रक्षक है५ । उनका संवर्धनकारी है६ । वह दास=हिंसक का वध है७ । दूसरों का शोषण करने वाले, रक्त चूसने वाले दस्यु का विनाशक है । ऐसे दस्यु को परमात्मा ने आर्य नाम नहीं दिया८ । वह भलेमानसों में रहने योग्य नहीं है । आर्य से पृथक् है । प्रभु के बल से आर्यों का मुख प्रदीप्त होता है । उन्हें सुख तथा श्रेष्ठ ज्योति प्राप्त होती है९ और उनका बल तथा तेज बढ़ता है१० । ऋत की धारा के साथ, सदाचार के परिणामस्वरूप, उनकी इन्द्रियां तथा वाज (वीर्य, ओज आदि) चमक उठते हैं । (९-६३-१४)

४. आर्येण दस्यून् (२-११-१९)
तरन्तो विश्वाः स्पृधः । दासा वृत्राणि आर्या जिगेथ । (१०-६९-६)
अपावृणोः ज्योतिःआर्याय (२-११-१८)
ज्योतिरित् आर्याय (१-५९-२)
ज्योतिश्चक्रथुः आर्याय (१-११७-२१)
उरु ज्योतिर्जनयन् आर्याय । (७-५-६)

५. आर्य प्रावत् । १-१३०-८

६. आर्यस्य वर्धनम् (८-१०३-१)

७. वधर्दासस्य (८-२४-२७)
हत्वी दस्यून् प्रार्यं वर्णमावत् (३-३४-९)

८. शुष्णस्य स्नथिता. . .न यो रर आर्यं नाम दस्यवे । (१०-४९-३)

९. प्रैषामनीकं शवसा दविद्युतत् । (१०-४३-४)

१०. (१-१०३-३)

संसार एक चक्र है । इसका अधिपति ईश्वर है । चक्र के ऊपर तथा अवम भाग की भांति इसमें आर्य तथा दस्यु दो प्रकार के मानव ह । जैसे चक्र के ऊपर का भाग नीचे और नीचे का भाग ऊपर आता रहता है, वैसे ही यहां आर्य दुष्कर्म करके दस्यु हो सकता है और दस्यु सत्कर्म करके आर्य बन सकता है । आर्य भाव दस्युभाव का प्रतिमान है । दस्यु असुर है, मायावी है तथा अपने को भरने वाला है । आर्य इसके प्रतिकूल है । परमात्मा दस्यु के दृढ़ से दृढ़ बल को नष्ट कर देता है । आसुरी शक्तियों के इस पराभव से संसार का चक्र सुरक्षापूर्वक चलता रहता है१ ।

पीछे दासों के हमने दो वर्ग किये हैं :– एक वर्ग ऐसे दस्युओं का है, जिन्हे सुधारा जा सकता है । दूसरे वर्ग में वे दस्यु आते हैं जो दिव्यता, मानवता या आर्यभाव के शत्रु हैं । संसार में जो अशान्ति फैलती है, युद्ध होते हैं और रक्तपात होता है, वह इसी दूसरे वर्ग के कारण । आर्यों का युद्ध ऐसे ही दस्युओं से होता है । वे सत्य-स्वरूप प्रभु को अपने हृदय में धारण कर सत की रक्षा के लिये दस्युओं के विरुद्ध युद्ध में प्रवृत्त होते हैं । सत कभी हारता नहीं । अन्त में विजय उसी की होती है२ ।

१. विदद्दासाय प्रतिमानमार्यः । दृढानि पिप्रोरसुरस्य मायिनः इन्द्रो व्यास्यत् चक्रवाँ ऋजिश्वना । १०-१३८-३ ।

२. यो नो दास आर्यो वा पुरुष्टुत अदेव इन्द्र युधये चिकेतति ।
अस्माभिष्टे सुषहा सन्तु शत्रवः त्वया वयंतान् वनुयाम संगमे ।
१०-३८-३

—०—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अमृत-ज्योति : प्राप्ति और विस्तार

डा० श्री बद्रीप्रसाद पंचोली, विजय निवास, मदनगंज, किशनगढ़ (राज०)

(१)

प्र सूनवः ऋभूणां बृहन्नवन्त वृजना ।
क्षामा ये विश्वधायसोऽश्नन्धेनुं न मातरम् ॥
(ऋ० १०।१७६।१)

(ये) जो (विश्वधायसः) विश्व के धारक, (धेनुं न) जैसे बछड़ा गौ को प्राप्त होता है वैसे, (मातरं क्षाम् अश्नन्) माता भूमि को प्राप्त होते हैं, वे (सूनवः) पुत्र तुल्य होकर (ऋभूणां बृहत् वृजना) तेजस्वी जनों के प्रवृद्ध बल–कर्म-सामर्थ्य और चिन्तन-सामर्थ्य–को (प्र नवन्त) प्राप्त करते हैं ।

इस मंत्र के देवता ऋभु अनुष्टुप् छन्द में अवतरित हैं । अनुष्टुप् छन्द पृथिवी स्थानीय है । 'ऋभवः' मध्यमस्थानीय देवता हैं । अत्यन्त प्रकाशमान होने से (उरु भान्ति) या ऋत से प्रकाशित होने से अथवा ऋत से उत्पन्न होने से इनका नाम ऋभु है (निरुक्त १२।२।३)। इनकी प्रभा से पृथिवीमण्डल भी प्रभान्वित हो जाता है । 'ऋभु' शब्द मेधावी अर्थ में भी प्रयुक्त होता है । ऋभु का पुत्र सूनु मंत्र का ऋषि है । ऋषि नाम का अर्थ है । खूब चमकने वाला और दीप्ति को और भी अधिक उद्भूत करने वाला । दीप्तिमान् बन कर तेजस्विता प्राप्त करने की प्रेरणा इस सूक्त में दी गई है ।

मंत्र में 'धेनुं न' उपमा है । उपमेय हैं भूमि की सेवा करने वाला और उपमान धेनु । भूमि का सेवक भूमि से रत्नादि निकाल कर और अन्न उपजा कर विश्व को धारण करता है । गौ भी विश्व को धारण करती है। अतएव 'विश्वधायसः' विशेषण उपमान और उपमेय दोनों के साथ प्रयुक्त हुआ है । तेजस्वी बनने के लिए मातृभूमि की सेवा करना आवश्यक है ।

'विश्वधायस्' शब्द पृथ्वीसूक्त में भूमि का विशेषण है (अथर्ववेद १२।१।२७)। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल ने इस शब्द का अर्थ 'विश्व को अन्न से धपाने या तृप्त करने वाली' किया है । इस मंत्र में 'विश्वधायसः' शब्द 'सूनवः' के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है । धा धातु धारण और पोषण अर्थ में प्रयुक्त होती है । इस आधार पर यहाँ 'विश्वधायसः' का अर्थ 'विश्व को पोषित करके अथवा तृप्त करके धारण करने वाले' किया जा सकता है । पोषण और धारण की सामर्थ्य वस्तुतः भूमि का पुत्र बनने से आती है ।

माता और पुत्र के सम्बन्ध का आदर्श गो-वत्स में प्राप्य है । गौ की वत्स के प्रति प्रीति वात्सल्य कही गई है । गौ को वत्सला बनाने में वत्स का योगदान कम नहीं होता । उसका द्रवीभूत होना वत्स की योग्यता पर निर्भर होता है । वत्स यास्क के अनुसार 'शब्दोच्चार करने वाला' (वदति इति वत्सः) होता है । संगीत का एक विशिष्ट स्वर 'ऋषभ' होता है । कुछ लोगों की दृष्टि में यह चातक-स्वर के तुल्य होता है; परन्तु अन्य इसे वृषभ-स्वर के तुल्य मानते हैं । चातक का स्वर करुणा जगाने वाला होता है । वैसी ही करुणा जगाने की क्षमता वत्स के स्वर में होती है । संगीत को स्वरविशेष की देन वत्स के वत्सत्व की महत्ता को स्थापित करने वाली है ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वत्स का स्वर अभाव की सांकेतिक अनुभूति, विछोह की पीड़ा, मिलन की उत्कंठा, विश्वास और कारुणिकता की समुचित अभिव्यक्ति लिए हुए होता है। गौ का मातृत्व उस स्वर से सार्थकता ग्रहण करता है। इसीलिए गौ की हार्दिकता को वात्सल्य कहा गया है—मातृत्व नहीं। वत्स की पुकार पर गौ द्रवित होती हैं—इसे हाड़ौती भाषा में 'पावसना' कहते हैं। 'पावसना' प्रावृट् या प्रावृष् से बनी हुई नामधातु बनी है जिसका अर्थ है—'वर्षा के लिए उद्यत होना'। बादल सावनभादों बरस कर अपना अस्तित्व तक खो देते हैं। गौ भी उन्हीं के समान 'पावस कर' अपरिमित स्नेह की वर्षा करती है। यहां मंत्र में 'धेनुं न' उपमा वाक्य का तात्पर्य है कि जिस तरह वत्स गौ को पावसने के लिए, अपनी वाणी और आचरण से, प्रेरित करता है उसी प्रकार साधक पृथिवी के प्रति पुत्रत्व या वत्सत्व प्राप्त करें। 'सूनु' शब्द यहां बड़ा महत्त्वपूर्ण है। यह 'षु—प्रसवैश्वर्ययोः' अथवा 'षु—प्रेरणे' धातु से निष्पन्न है और इस का अर्थ है—उत्पन्न करने या प्रेरित करने वाला। सूनु माता भूमि में वात्सल्य भाव जगाता या प्रेरित करता है जिससे वह उसका वात्सल्य पाकर सामर्थ्यशील बनता है—इतना सामर्थ्यशील कि पृथ्वी की तरह विश्व को तृप्त करने और धारण करने में समर्थ हो जाय।

साधक जिस सामर्थ्य को मातृभूमि से पायेगा ऋभुओं का वृद्धिशील सामर्थ्य होगा। सुधन्वा के पुत्र वाज, ऋभु और विभु ही 'ऋभवः' पद से जाने जाते हैं। कर्म-सामर्थ्य के लिए ग्रहण किया जाने वाला अन्न ही 'वाज' है उसको ग्रहण करने से ही एक ऋषि भरद्वाज कहलाये हैं। 'वाज' कर्म-सामर्थ्यशील बनने के उपरान्त चिन्तन-सामर्थ्य, जिससे कर्म में प्रेरणा होती है, अर्जित करके 'ऋभु' बन जाता है। चिन्तनशील संसार में सूत्ररूप में स्थित ऋत (Rythm) को जान कर ऋभु (ऋतेन भाति) बनता है और अन्त में 'विभु' बन कर परमात्मभाव को प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार निरन्तर सामर्थ्य को बढ़ाते जाना—ऋभुओं के प्रवृद्ध बल को प्राप्त करना भूमि का पुत्र बनने पर संभव है। इस प्रकार ज्योतिर्मय जीवन बनाने का सूत्र प्रस्तुत करते हुए मंत्र में कहा गया है कि मातृभूमि के सच्चे बेटे बन कर उसी के समान संसार को परितृप्त और धारण करने की सामर्थ्य अर्जित करो इससे जीवन में अन्य तेजस्वी देवों या जनों जैसी प्रवृद्धमान सामर्थ्य प्राप्त हो जायेगी।

(२)

प्र देवं देव्या धिया भरता जातवेदसम्।
हव्या नो वक्षदानुषक् ॥
(ऋ० १०।१७६।२)

(जातवेदसं देवम्) ज्योतिर्मय परमतत्त्वज्ञ को (देव्या धिया) दिव्य या ज्योतिर्मयी बुद्धि से (प्र भरत) उत्तम रूप से धारण या पोषित करो। (नः आनुषक् हव्या वक्षत्) वह यथानियम या निरन्तर हमको इन्द्रियों में सामर्थ्य भर कर बलिष्ठ करेगा या बढ़ायेगा वा बढ़ाता है।

'जातवेदा' का तात्पर्य है—सबको जानने वाला (सर्वज्ञ), ज्ञानस्वरूप या सबके द्वारा ज्ञातव्य। दिव्यभाव के कारण वह देव कहा गया है। ऊपर के मंत्र में मातृभूमि से कर्मसामर्थ्य और चिन्तन-सामर्थ्य प्राप्त करने का उल्लेख मिलता है। ऐसे साधक की बुद्धि दिव्यभाव से अनुप्राणित हो जायगी। दिव्य बुद्धि से ही ज्ञातव्य या सर्वज्ञ देव को प्राप्त किया जा सकता है। दिव्य बुद्धि सत्त्व—गर्भित होती है। 'सत्त्व' प्रका-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

शकस्वभाव का होता है। सर्वज्ञ परमात्मा सात्त्विक बुद्धि का ही विषय बनता है। वह ऐसी दिव्य बुद्धि का पोषण करता है और उसमें स्थित होता है।

सृष्टि के नियमानुसार सदा जातवेदा साधक को समर्थ बनाता है और उसकी आध्यात्मिक प्रगति में सहायक बनता है। ऐसा वह हवि द्वारा करता है। इन्द्रियों की विषयग्राहिता को ही हवि कहा जाता है। इन्द्रियां और मन शरीरस्थ यज्ञ में आत्मा के प्रति आहुति दिया करते हैं। उनकी यह सामर्थ्य जितनी बढ़ेगी उतनी ही साधक की जीवननिष्ठा बढ़ेगी। इस मंत्र में सात्त्विक बुद्धि में सर्वज्ञ परमात्मा को धारण करने और इस प्रकार अपनी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि करने की बात कही गई है। बुद्धि को प्रेरणा देता हुआ वह परमेश्वर साधक को प्रगतिपथ पर चलायेगा।

(३)

अयमु ष्य प्र देवयुर्होता यज्ञाय नीयते।
रथो न योरभीवृतो घृणीवाञ्चेतति त्मना॥
(ऋ० १०।१७६।३)

(अयम् उ स्यः) यह वही (देवयुः) दिव्यता पाने का इच्छुक (होता) याजक (यज्ञाय) यज्ञ के लिए (प्र नीयते) उत्तम प्रकार से लाया जाता है, (यः) जो (रथः न) रथ के समान (अभीवृतः) भलीप्रकार घिरा हुआ (घृणीवान्) सूर्यवत् प्रकाशमान (त्मना चेतति) अपनी सामर्थ्य से ज्ञान प्राप्त करता है।

आचार्य सायण ने इस मंत्र को अग्निपरक मान कर भिन्न अर्थ किया है। यथा—'यह वह अग्नि है जो देवों के निकट जाती है, होता है और यज्ञ के लिए स्थापित की जाती है। रथ के समान यह हव्य का वहन करती है, पुरोहितों से घिरी हुई है, रश्मियों से प्रकाशित हो रही है और स्वयं यज्ञ सम्पन्न कराती है।'

वस्तुतः यहां प्रवृद्ध सामर्थ्य वाले साधक का प्रकरण है। उसने अग्निरूप परमात्मा के सारे गुण साधना द्वारा अर्जित कर लिये हैं और इस प्रकार साधक ही अग्नि के रूप में यहां उल्लिखित ज्ञात होता है। ऋग्वेद के एक अन्य मंत्र अग्नि-रूपधारी साधक के मनोभाव इसप्रकार व्यक्त हुए हैं:—

अग्निरस्मि जन्मना जातवेदा
घृतं मे चक्षुरमृतं म आसन्।
अर्कस्त्रिधातू रजसो विमानो-
ऽजस्रो घर्मो हविरस्मि नाम॥

इस प्रकार अग्निरूप हो जाने पर साधक दूसरों को प्रेरणा देने का अधिकारी बन जाता है। उसका यह प्रेरक रूप यहां 'होता' शब्द से व्यंजित किया गया है। अग्नि का सबसे स्थूल रूप ओषधि–वनस्पतियों में व्याप्त है। इसे हवि कहा जाता है। राष्ट्र की भूमि के साथ तादात्म्य स्थापित करके साधक हविरूप अग्नि से अभिन्न हो जाता है। इस अभिन्नता का वर्णन ऊपर के मंत्रों में हुआ है। यहां उसके 'होता' रूप से अभिन्नता प्राप्त करने की ओर संकेत है। देवताओं को हवि पहुंचाने के लिए अग्नि देवयज्ञ में 'होता' बनता है। दिव्यभाव प्राप्त करने के लिए साधनारत व्यक्तियों को प्रेरणा देकर साधक अग्नि के होतारूप से तादात्म्य स्थापित करता है। जनश्रुति है—दिये से दिया जलता है। 'होता' साधक साधना द्वारा ऐसा दीपक बन जाता है जिससे अन्य साधना-शील दीपक भी जल सकें।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

'होता' साधक का एक विशेषण 'देवयुः' प्रयुक्त हुआ है। देवों या दिव्यता से मिलने का आकांक्षी होने से ही उसे 'देवयुः' कहा गया है। दिव्यभावानुप्राणित होकर वह अन्य साधकों में भी दिव्यता जगाना चाहता है। इनके देवत्व से संपर्क चाहने के कारण ही वह 'देवयुः' है।

यज् धातु का एक अर्थ संगमन भी है। जिस यज्ञ में होता रूप साधक आता है या लाया जाता है उसमें अग्निरूप साधक का अन्य साधनारत साधकों से सम्मिलन होता है। यही इस यज्ञ का यज्ञत्व है। परंपरानुसार भारत में शिक्षार्थी शिक्षक के पास समित्पाणि होकर जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि वह स्वयं को सारस्वत-यज्ञ में समिधा के रूप में प्रस्तुत करता है और इस यज्ञ का होता अग्निरूपधारी शिक्षक इस समिधा में ज्ञानाग्नि की चिनगारी छोड़ कर उसे भी अग्निरूप बना देता है। शिक्षक के इस कार्य को यहां 'चेतति' क्रिया द्वारा व्यक्त किया गया है। लोक में अग्नि जलाने को 'अग्नि चेताना' ही कहते हैं। यहां भी यज्ञ (सारस्वतयज्ञ) में होता द्वारा ज्ञानाग्नि प्रदीप्त करने का उल्लेख है। यह कार्य वह अपनी सामर्थ्य से (आत्मना) करता है। इस समर्थ साधक का एक विशेषण मंत्र में घृणीवान् प्रयुक्त हुआ है जिसका अर्थ है—'सूर्य के समान तेजोद्दीप्त' तेजोद्दीप्त ही दूसरों को तेजस्वी बनाने में समर्थ हो सकता है।

मंत्र में 'रथः न' उपमा का प्रयोग हुआ है। रथ की सत्ता रथी और उसके सहयोगी सारथी से होती है। रथी को उसके सेवक और सैनिक घेरे रहते हैं। सूर्य भी रथी है जिसके रथ को नक्षत्र घेरे रहते हैं। होता मण्डल-स्थित रथी या सूर्य की तरह समित्पाणि शिष्यों से घिरा रहता है। जैसे रथ में स्थित रथी अपने मण्डल को और सूर्य अपने मण्डल को प्रेरित करता है वैसे ही सारस्वत यज्ञ के मण्डल में तेजोद्दीप्त साधक मण्डलाकार में स्थित शिक्षार्थियों को ज्ञान की प्रेरणा देता है।

(४)

अयमग्निरुरुष्यत्यमृतादिव जन्मनः।
सहसश्चित् सहीयान्देवो जीवातवे कृतः॥

(ऋ. १०।१७६।४)

(अयम् अग्नि) यह प्राज्ञ-पुरुष (अमृतात् इव) जैसे अमृत से, वैसे (अमृतमयी वाणी से) (जन्मनः) हम जनमें हुए प्राणियों की (उरुष्यति) सामर्थ्य को बढ़ाता है या चेतना का विस्तार करता है। (सहसः चित् सहीयान्) बलवान् से भी बलवत्तर वह (देवः) दिव्यभावापेत और दिव्यता प्रदान करने वाला (जीवातवे कृतः) हमको जीवन देने के लिए बनाया गया है या (सारस्वत-यज्ञ में) स्थापित किया गया है।

जो जिस भाव का आकांक्षी है, वह अपने प्रेरणास्रोत को उस भाव का पुंज मान कर चलता है। ज्योति का आकांक्षी होने से शिक्षार्थी शिक्षक को ज्योतिर्मय अग्नि के रूप में, बल (सहः) का आकांक्षी होने से उसे अत्यन्त बलवान् और अमृतत्व का आकांक्षी होने से उसे अमृतत्व का केन्द्र मान कर उसके निकट जाता है। उसका जीवन ज्योति, बल और अमृतत्व पर ही आधारित है और वह मानता है कि इनको उसमें जगाने वाला शिक्षक उत्पन्न ही ऐसा करने के लिए हुआ है। जीवातवे कृतः'

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

का यही भाव है। यहां शिक्षक के कर्तव्य की ओर भी संकेत है कि वह अपने जीवन को ज्योति, प्रज्ञाबल और अमृतत्व के विस्तार के लिए लगादे।

मंत्र में 'जन्मनः' शब्द बड़ा ही सांकेतिक है। परंपरानुसार भारत में शिक्षार्थी का ज्ञान द्वारा दूसरा जन्म ग्रहण करना प्रसिद्ध है तभी उसकी संज्ञा द्विज होती है। ऐसा जन्म ग्रहण करने को तत्पर शिष्यों को नया जन्म देने के लिए अग्निरूप साधक का उद्भव हुआ है। उसके सान्निध्य में प्राप्त होते ही उनका नया जन्म हो चुका है, अब वह उनमें प्राण-प्रतिष्ठा करेगा और इस प्रकार उनके जन्म को सार्थकता प्रदान करेगा। यह भाव 'उरुष्यति' क्रिया द्वारा प्रकट हुआ है। उरस् धातु सामर्थ्यवृद्धि के अर्थ में प्रयुक्त होती है। 'उरु' शब्द का अर्थ विस्तीर्ण है। ज्ञानप्रदाता (देवः), शिक्षार्थी की सामर्थ्य को बढ़ाये, उसके ज्ञान को विस्तीर्ण करे। 'चेतति' क्रिया द्वारा संकेतित जिस चेतना को शिष्य में जगाया गया है, उसका विस्तार करे—यह भाव 'उरुष्यति' क्रिया द्वारा व्यक्त हुआ है।

'अमृतात् इव' उपमा का प्रयोग मंत्र के भाव को और भी स्पष्ट कर देता है। डॉ० वासुदेव-शरण अग्रवाल के अनुसार मनुष्य के भीतर मन अमृतज्योति है। मन पर जब पापान्धकार की छाया पड़ती है तभी उसका सम्बन्ध अमृतत्व से टूट जाता है। शरीरस्थ प्राणशक्ति, जिसकी संज्ञा अमृत है, को जगाने से इस अमृतत्व की पुनः प्राप्ति हो जाती है। अग्निरूप गुरु ही शिष्य में प्राणों का स्पन्दन उत्पन्न करता है और इस प्रकार उसके प्रज्ञालोक में अमृतत्व की वर्षा करता है। जैसे अमृत से मृत भी चेतना प्राप्त कर लेता है वैसे ही शिक्षक की अमृतमयी वाणी नवजात (ज्ञान के क्षेत्र में) शिष्य को अमृतत्व से भर देती है। वह उसे अमृतत्व का आस्वादन कराता है, उसके प्रज्ञाबल को बढ़ाता है और उसकी चेतना का विस्तार करके उसे नया जन्म देता है क्योंकि उसका जन्म ही इसी के लिए हुआ है।

(५)

इस सूक्त में सारस्वत-साधना का उल्लेख है। इसमें 'वाज' या 'शरीरधर्मा' साधक पहले ऋत से आविर्भूत-ज्योति होकर ऋभु बनता है और आगे विभु बन जाता है। 'विभु' बन कर वह अन्य साधकों को ऋभु बनने की प्रेरणा देता है। वाज ऋभु और विभु में 'वाज' साधक का वर्तमान रूप है और ऋभु है उसका भावी रूप, जिसे वह ज्योति की आराधना करके प्राप्त करेगा। 'विभु' इस आराधना का प्रेरक साक्षी-भूत गुरु है। पहले मंत्र में जब ऋभुत्व की साधना के लिए मातृभूमि का सच्चा पुत्र बनने के लिए कहा गया है। इससे निरन्तर वर्द्धमान सामर्थ्य साधक में जागेगी और वह भूमि के अधिष्ठातृदेव अग्नि से तादात्म्य प्राप्त कर लेगा। दूसरे मंत्र में अपनी बुद्धि को दिव्य-भावानुपेत करके साधक के अग्नि के हविरूप से तदाकार होने की ओर संकेत है। तीसरे मंत्र में साधक सारस्वतयज्ञ का होता बन कर 'विभुत्व' की संसिद्धि कर चुका है अब उसका कार्य लोकसंग्रह में प्रवृत्त होकर अन्य लोगों में ज्ञान की चेतना जगाना है। वह ऐसी चेतना का अनवरत विस्तार करता है और सबको नया जन्म देकर उनके प्रज्ञाबल को बढ़ाते हुए उनको अमृतत्व का आस्वादन कराता है और इस प्रकार अपने जीवन को सफल बनाता है।

——:००:——

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

श्रावणी और स्वाध्याय

प्रा० श्री भद्रसेन दर्शनाचार्य

भारत में मुख्यतः तीन ऋतुओं का साम्राज्य रहता है। मानवसमाज प्रकृति के सम्पर्क में रहता हुआ सदा से ही अपनी दिनचर्या ऋतुओं के अनुसार बनाता और व्यतीत करता रहा है। अपनी आजीविका करने की जो सुविधा ग्रीष्म और शरद् ऋतु में प्राप्त होती है, वह वर्षा ऋतु में सर्वथा असम्भव है। आज विज्ञान की प्रगति में यातायात और भवन आदि की अनेक सुविधाएं होने पर भी कई बार वर्षा के कारण बहुत सा कारोबार ठप हो जाता है। विशेष करके क्षत्रियों, यात्रियों और कृषकों का, और मन्द तो सबका हो जाता है। अन्य ऋतुओं की अपेक्षा वर्षा ऋतु में मानव-समाज को आजीविका की उधेड़-बुन से अतिरिक्त कुछ समय मिल जाता है। भारतीय मनीषियों ने इस वर्षाकालीन चातुर्मास के अतिरिक्त समय और मानव-जीवन की पूर्णता को ध्यान में रखकर इन दिनों एक विशेष सत्र श्रावणी पर्व के नाम से आयोजित किया। क्योंकि—

मनुष्य-जीवन केवल कारोबार तक ही तो सीमित नहीं है, यदि ऐसा होता तो बड़े-बड़े कारोबार वालों का जीवन कृत-कृत्य होता और वे आत्मिक शान्ति और मानसिक सन्तोष का अनुभव करते। मनुष्य-जीवन तो आत्मा और शरीर के समुच्चय का नाम है। उसको जहां भौतिक शरीर के पालन-पोषण के लिए भौतिक साधनों की अपेक्षा है, जिसकी पूर्ति और प्राप्ति कारोबार से होती है, वहां आत्मा को आत्मिक-भोजन की आवश्यकता होती है। जिसकी सिद्धि के लिए ज्ञान की अपेक्षा है। यही रहस्य ज्ञानान्मुक्तिः सांख्य ३, २३; ऋते ज्ञानान्नमुक्तिः, विद्ययामृतमश्नुते यजु० ४०, १४; तथा तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः। १, १, १; न्याय दर्शन आदि शास्त्रों में प्रतिपादित किया है। मानव-समाज जहां भौतिक शरीर की समृद्धि और सिद्धि के ग्रीष्म, शरद् ऋतु में कारोबार में व्यस्त रहता है, वहां वर्षा ऋतु में प्रकृति के प्रभाव से कारोबार के स्वाभाविक मन्द हो जाने से आत्मिक समृद्धि और सिद्धि के लिए ज्ञान की प्राप्ति और विकासार्थ पर्याप्त समय मिल जाता है।

सांसारिक पुरुषों के लिए ज्ञान-प्राप्ति का सरल और उत्तम मार्ग स्वाध्याय और सत्संग ही है। मनुस्मृति के निर्देशानुसार प्राचीन काल में श्रावण पूर्णिमा से प्रारम्भ होने वाला स्वाध्याय-सत्र एक विशेष सन्मानित स्थान रखता था। यह सत्र ग्रामों, नगरों और शिक्षण-संस्थानों में चलता था तथा इस चतुर्मास्य में वेद का विशेष स्वाध्याय होता था। इन दिनों ऋषि मुनि वनों से नगर, ग्रामों के निकट आकर आवास करते थे। उनकी सत्संगति का लाभ उठाने के लिए नागरिक-जन विशेष आयोजन करते थे। यह प्रथा जैनियों में आज भी विद्यमान और प्रचलित है। जैन मतावलम्बी मुनि इस चातुर्मास में यात्रा नहीं करते तथा जिस नगर में जो मुनि विराजमान होता है, भक्त-जन प्रातः सायं उनकी विद्यमानता में सत्संग रचाते हैं। परम्परागत स्वाध्याय-सत्र की प्रवृत्ति का स्मारक **यह श्रावणी पर्व है**। सारे भारतीय साहित्य में स्वाध्याय की महिमा का विशेष वर्णन उपलब्ध होता है। विशेषरूपेण शतपथ ब्राह्मण, उपनिषद् एवं मनु आदि स्मृतिग्रन्थ द्रष्टव्य हैं। तैत्तिरीयोपनिषद् की शिक्षावल्ली में जहां आचार्य अपने शिष्य को स्वाध्याय की महिमा का निर्देश करता है वहां स्नातक को भावी जीवन का कार्यक्रम बताते हुए कहता है कि "स्वाध्यायान्मा प्रमदः।" (स्वाध्याय में प्रमाद मत करो) तथा "स्वाध्यायप्रवचनाभ्यान्न प्रमदितव्यम्" (स्वाध्याय और

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

प्रवचन में कभी प्रमाद न करना) इन साधारण, सरल, छोटे शब्दों में आत्मिक उन्नति और जीवन-प्रगति का रहस्य प्रकट कर दिया है।

स्वाध्याय शब्द स्व+अध्याय और सु+आ+अध्याय दो प्रकार से निष्पन्न होता है। स्व का अर्थ है अपना, अध्याय का अर्थ है पठन, मनन, निरीक्षण, विश्लेषण अर्थात् आत्म-निरीक्षण, आत्मा के स्वरूप, शरीर-सम्बन्ध और प्रगति का विचार स्वाध्याय कहलाता है। सु का अर्थ है अच्छा, सुष्ठु, सुन्दर, कल्याणकारक; आ का अर्थ है मर्यादा, चारों ओर, आवृति अर्थात् सुष्ठु आवृत्य अध्ययनं=स्वाध्यायः अच्छे ग्रन्थों का अच्छी प्रकार से अध्ययन भी स्वाध्याय कहलाता है।

स्वाध्याय का एक अर्थ और भी है। तैत्तिरीय उपनिषद् की शिक्षावल्ली में स्वाध्याय और प्रवचन दोनों शब्द अनेक वार इकट्ठे (समस्त) पढ़े गए हैं। "तेन प्रोक्तम् तदधीते तद्वेद।" प्रवचन, प्रवचनीय और प्रवक्ता इत्यादि शब्दों के अध्ययन और मनन से यह निष्कर्ष निकलता है कि तैत्तिरीय, मैत्रायणी, कठ, कपिष्ठल, जैमिनीय आदि शाखाओं और उनके व्याख्यानभूत ब्राह्मणों आदि का अध्ययन-अध्यापन प्रवचन[१] कहलाता है। प्रवचन की समीपता से स्वाध्याय का अर्थ है वेद (ऋक्, यजुः, साम, अथर्व मूल संहिताओं) का अध्ययन, मनन। श्रावणी पर्वसम्बन्धी मनुस्मृति आदि की चर्चा से भी यही भाव अधिक झलकता है। "स्वाध्यायोऽध्येतव्यः" वाक्य में स्वाध्याय किसी विशेष ग्रन्थ का संकेत प्रतीत होता है, अन्यथा अर्थसंगति कठिन है। यतो हि अध्येतव्य (पठितव्य) स्वाध्याय किसी अध्ययनीय वस्तु का नाम है। "स्वाध्यायोऽध्येतव्यः" इस शीर्षक से मीमांसा दर्शन में एक विशेष विचार-चर्चा है, जिसमें स्वाध्याय का भाव वेद एवं वैदिक साहित्य है। स्वाध्याय से मिलता हुआ दूसरा शब्द अन्वध्याय है, जो इसी अर्थ में वैदिक साहित्य में प्रचलित है। स्वाध्याय के इसी अर्थ को सामने रखकर शतपथ ब्राह्मण और उपनिषदों में स्वाध्याय की महती प्रशंसा उपलब्ध होती है।

आर्य संस्कृति का केन्द्रविन्दु वेद ही है। वेद के आधार पर ही सारे भारतीय साहित्य का वट-वृक्ष पल्लवित, पुष्पित और फलित हुआ। सारे के सारे भारतीय साहित्य के विकास का बीज वेद ही है। चाहे वह ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, वेदांग, उपांग, रामायण, महाभारत, स्मृति, पुराण और लौकिक गद्य-पद्य, काव्य, नाटक आदि किसी भी क्षेत्र का क्यों न हो, सबने एक स्वर से वेद को प्रमाण माना है। भारतीय ज्ञान की कसौटी का केवलमात्र परम प्रमाण वेद ही है। अत एव स्मृतिकार मनु ने कहा था। "वेदश्चक्षुः सनातनम्" वेद मानवों का चिरन्तन चक्षु है। "सर्वज्ञानमयो हि सः" तथा सर्वं वेदात्प्रसिध्यति।" आर्यों की सब समस्याओं, प्रश्नों और वैज्ञानिक रहस्यों का समाधान और सिद्धि वेद से होती है। इसी तान में अपना स्वर मिलाते हुए महर्षि दयानन्द ने कहा था। "वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है, वेद का पढ़ना-पढ़ाना, सुनना-सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।" वेद की इस सर्वतो महान् महिमा से भी स्वाध्याय का अर्थ वेद प्रकट होता है। श्रावणी पर्व की इस स्वाध्याय भावना के साथ एक और भी प्रेरणा है, स्वाध्याय=वेदाध्ययन तथा ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि की लिये जो जन सर्वदा प्रयत्नशील रहते हैं, वे भारतीय समाज में ब्राह्मण कहलाते हैं। वे सांसारिक ऐश्वर्य और आराम से दूर, तप, त्याग-सम्पन्न होकर अहर्निश ज्ञान-विज्ञान यज्ञ का अनुष्ठान करते हुए सबकी प्रगति के

(शेष पृष्ठ सं० ७९ पर)

१ विस्तार के लिए देखिए वासुदेव शरण लिखित "पाणिनिकालीन भारतवर्ष" का शिक्षा और साहित्य-प्रकरण।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वेदों का प्रचार कैसे हो ?

लेखक – श्री शङ्करसिंह वेदालंकार, एम० ए०

आर्यावर्त्त की वसुन्धरा विविध रत्नराजियों से सम्भृतान्तरंग रही है और बनी रहेगी । उन रत्नराशियों में वेदों की भी एक अमूल्यराशि है जिसकी पावनी प्रभा से अवनी और अम्बर का कण-कण आलोकित हो रहा है । आज भी इस की अनूठी रसस्यन्दना से हमारा जीवन-प्रदीप देदीप्यमान होता रहता है । जिस दिन यह वरदा श्रुति हमसे वियुक्त हो जायगी, हम निश्चेष्ट और निष्प्राण हो जायेंगे ।

हम इसके संरक्षण में सदैव तत्पर रहे हैं और बने रहेंगे । हम आशा और विश्वास की नौकाओं पर बैठ कर सन्तरित होना जानते हैं, निराशा की नौका की ओर कभी दृष्टि नहीं डालते । हमें चारों दिशाओं में विजयश्री मिलती रही है, हमने पराजय का मुंह कभी नहीं देखा ।

हम विपत्तियों के वात्याचक्र में विघूर्णित हुए हैं, सन्तापों से सन्तप्त हुए हैं, प्रहारों से प्रताड़ित हुए हैं और महाविनाश की वेला में भी व्यथित होते रहे हैं पर कभी भी हमने संकटों के कण्टकों में आहें नहीं भरी हैं । धूर्त धुरन्धरों पर धावा बोल-बोल कर उन्हें पटक-पटक कर रणस्थल में रगड़ते रहे हैं । हमने कभी अपने आध्यात्मिक भंडारों को विनष्ट नहीं होने दिया, जिसने भी आंखें उठाई उसका हमने स्वत्व ही समाप्त कर डाला ।

जब वेद का प्रचण्ड भानु कृष्णाकादम्बिनी से पूर्ण आच्छादित हो चुका था उस समय समग्र शास्त्रनिष्णात तत्त्ववेत्ता परिव्राजकाचार्य स्वामी विरजानन्द सरस्वती के अपूर्व शिष्य कालजिह्व, कुलक्कर महर्षि दयानन्द सरस्वती ने अपने ज्ञान के अमन्द पवन से उसको छिन्न-भिन्न कर वैदिक प्रभाकर की प्रखर तमध्वंसिनी मरीचिकाओं को पुनः प्रकाशित किया । उस महर्षि के हृदय में वेद था, वाणी में वेद था, रोम-रोम में वेद था ··· वे जीते थे तो वेद के लिए, खाते थे तो वेद के लिए, चलते थे तो वेद के लिए, उठते थे तो वेद के लिए, बैठते थे तो वेद के लिए, बोलते थे तो वेद के लिए, उनका जीवन ही वेदमय था ।

इसी कारण उन्होंने संसार के समुत्थित नवीन ईसाई, मुसाई, किरानी, कुरानी, जैनी और बौद्धों आदि मतवादियों की अवैदिक मान्यताओं का घोर खंडन किया और वैदिकवाद की प्रतिष्ठापना की ।

उन्होंने आर्य-समाज की स्थापना कर वेदों के प्रचार व प्रसार का गुरुतर भार उसके कन्धों पर छोड़ा और कहा कि – 'वेद सब सत्य-विद्याओं का पुस्तक है, वेद का पढ़ना-पढ़ाना, सुनना-सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है ।"

इस परम धर्म का पालन आर्य-समाज ने प्रारम्भिक नवोत्थान के युग में बड़ी सतर्कता के साथ किया । पं० गुरुदत्त विद्यार्थी ने आंग्लभाषा में कुछ सूक्तों और अध्यायों का अनुवाद करके वेद का प्रसार किया । वैदिक-मैगजीन भी इसी उद्देश्य से निकाली गई । जिसके कार्य को आचार्य रामदेव जी तथा पं० चमूपति ने भी किया पर इनके बाद उसका कोई समुद्धारक न मिला ।

पं० तुलसीराम जी ने सामवेद का, श्री क्षेमकरण त्रिवेदी ने अथर्ववेद का, पं० शिवशंकर शर्मा काव्यतीर्थ ने ऋग्वेद के कुछ अंशों का तथा पं० आर्यमुनि वैदिक रिसर्च स्कालर ने कतिपय ऋग्वैदिक अध्यायों का सुन्दर अनुवाद कर सर्व-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गम्य बनाने का महान प्रयत्न किया । गुरुकुल कांगड़ी के सुप्रसिद्ध स्नातक पं० जयदेव जी विद्यालंकार ने चारों वेदों का भाष्य किया । इस प्रकार वेद के प्रचार व प्रसार तथा प्रकाशन का बड़ा ही सुन्दर कार्य आर्य-समाज ने करके दिखाया ।

काल की कराल उदरदरी में जब ये विद्वान् समा गये तो फिर वेदों के प्रचार व प्रसार तथा प्रकाशन का कार्य भी क्रमशः मन्द होने लगा । वेद के नाम पर कई स्थानों पर वेद-पीठों की संस्थापना हुई पर सन्तोष-जनक कार्य न हो सका । केवल आचार्यप्रवर ब्रह्मदत्त जिज्ञासु ने ऋषि दयानन्द के वेद-भाष्य पर मौलिक योग्यतापूर्ण कार्य करके दिखलाया । इस कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाय उतनी कम है ।

भारत की समस्त आर्यसमाजों में 'श्रुति प्रचार सप्ताह' की आयोजनायें समायोजित की जाती हैं पर हमारा दुर्भाग्य है कि हमारे पास वेद के पण्डित नहीं हैं । जो थे वे मृत्यु की दृढ़ दाढ़ों से मसल डाले गये और जो अब अवशिष्ट हैं वे भी उसी ओर जाने की तैयारी में हैं । अभी कुछ दिन हुए पं० जगदीशचन्द्र जी शास्त्री दर्शनाचार्य हमारे बीच से उठ गये । कालरूपी मत्त मातंग ने उनको कमलनाल की भांति उच्छिन्न कर अपनी उदरगुहा में रख लिया । वे वेदों के ऐसे पण्डित थे कि कोई वेद लीजिए और कहीं से भी किसी मन्त्र का अर्थ पूछ लीजिए । वे ऐसे बतलाते चले जाते थे जैसे कोई रहीम के दोहों का अर्थ करता चला जाता है ।

हम वेद की कथाएं उनसे सुनते हैं, जिन्हें वेद का क-ख-ग भी नहीं आता । वे न तो वेदों को पढ़ते हैं, न ही उनके मन में वेदाध्ययन की भावना है । वे तो केवल दयानन्द और वेद की दुहाई देकर आर्य लोगों को प्रसन्न करना जानते हैं । धारावाहिक औपन्यासिक वक्तृता उनको प्राणप्यारी है उन्हें तात्विक विचार करनेका अवसर कहां मिलता है । अब सदाचारी, सत्यवक्ता, शास्त्रार्थमहारथी उपदेशक कहां हैं । भले ही हम क्षणमात्र के लिए इन पंक्तियों को निराशा की निबिड़ता से संक्रान्त समझ लें पर वास्तविकता किसी से छिपी नहीं है ।

समाजों में कौन वेद पढ़ता है ? कई स्थानों पर समाज के सभासदों ने बताया कि सभी उपन्यास ले २ कर पढ़ते रहते हैं । वेद तो केवल पुस्तकालयों की शोभामात्र के लिए सुसज्जित करके रख दिए गये हैं ।

समाज खोखला हो रहा है—खोखला । पुराने समाज के सेवक आठ २ आंसू रो रहे हैं । कोई कहता है शिष्य नहीं मिलते, हमारी विद्या हमारे साथ चली जायगी । कोई कहता है समाज युवाशक्ति से शून्य हो रहा है । यदि ऐसा ही रहा तो हमारा अस्तित्व सुरक्षित रहना असंभव हो जायगा । आज आर्यसमाजी भी तरह २ के हो रहे हैं कोई जनसंघी आर्यसमाजी है, कोई कांग्रेसी आर्यसमाजी है तो कोई कम्युनिस्ट आर्यसमाजी है । शुद्ध आर्यसमाजी तो मिलना दुर्लभ हो गया है । हमने ईंट पत्थर के पूजने वालों का बड़ा खण्डन किया है, पर अब हम स्वयं ईंट-पत्थर के पुजारी हो रहे हैं । जहां देखो गगनचुम्बिनी अट्टालिकाएं इठला रही हैं पर उनमें यज्ञ करने वाले याज्ञिक नहीं हैं, मन्दिर सूने पड़े हैं । आज विहार का बच्चा २ भूख से तड़प रहा है । ईसाई उनको प्रलोभन दे २ कर अपने धर्म में मिलाते जाते हैं पर हम क्या कर रहे हैं ? इसका निरीक्षण करना चाहिए । जिन अनाथों का संत्राण ईसाई कर रहे हैं क्या

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वे हमारे भक्षक न बनेंगे। हमें भी चाहिए उनको लेकर समाज की ओर से एक वृहद् उपदेशक विद्यालय खोल कर, उसमें उनको दीक्षित कर वेद के प्रचारक बनावें।

इस विधुरारोदन व प्रशक्त प्रलाप से होना कुछ नहीं फिर हमें क्या करना चाहिए। मेरे विचार में जो योजना है उसका उल्लेख कर देना चाहता हूं। पण्डित हमारे पास अब भी हैं जिनकी जिह्वा पर ऋचाएं नृत्य करती रहती है यदि हम चाहें तो उनको अर्थ समस्या के विकट व्यूह से मुक्त कर कार्य ले सकते हैं।

१– प्रत्येक जनपद की आर्यसमाजें एक वेदप्रचार के लिए सम्मिलितनिधि की व्यवस्था करें। और किसी सुयोग्य विद्वान को रखकर वेद विषयक ग्रन्थों का प्रकाशन करायें।

२– इसी निधि के अन्तर्गत एक सुयोग्य प्रचारक रक्खें, जो उन प्रकाशित ग्रन्थों का तथा समाज का प्रचार कर सके।

३– आवश्यकतानुसार इन व्यक्तियों का परिवर्तन और परिवर्धन भी करते रहें।

४– वैदिक ग्रन्थों के प्रणेता इस विद्वान को विश्वविद्यालय के स्तर का वेतन देना चाहिए और उपदेशक को उससे कुछ न्यून वेतन नियत करना चाहिए।

५– साप्ताहिक सत्संगों में वेद के सरल और जीवनोपयोगी सूक्तों का सरल अर्थ कर जन सामान्य को वेद की ओर आकर्षित करने का प्रयत्न करना चाहिए।

यह कार्य सब जनपदों में तो नहीं पर कुछ में तो बड़ी सफलता के साथ सम्पादित किया जा सकता है। यदि यह काम पृथक् २ रूप से जनपद न कर सकें तो इस कार्य को प्रान्तीय सभाएं करें पर प्रान्त का कार्य उच्चस्तर पर होना चाहिए। इसमें जनपदों की आनुपातिक अर्थ व्यवस्था का भी ध्यान रखना आवश्यक है।

या फिर जनपदों की एकत्रित धनराशि प्रान्तीय सभाएं सार्वदेशिक सभा को वेद वृत्ति के रूप से मासिक सहायता प्रदान करती रहें : कुछ आवश्यक प्रकाशन प्रान्तीय सभाएं चाहें तो कर लें पर वेद सम्बन्धी समस्त कार्य सार्वदेशिक पर ही छोड़े रहें। सार्वदेशिक सभा कुछ ऐसी व्यवस्था करे जिसमें वेदों का कार्य तो हो ही पर साथ में आर्यसामाजिक दृष्टिकोण से समस्त दर्शनों का, ब्राह्मणग्रन्थों का, गृह्यसूत्रों का तथा आरण्यकादि ग्रन्थों का भी समुचित भाष्य प्रकाशन हो। इन भाष्यों को प्रामाणिक माना जाय। हर एक विषय की पृथक् २ पीठ स्थापित की जाय। प्रत्येक विषय के पण्डित अपने २ विभाग में कार्य करें। उनको विश्वविद्यालय के स्तर का वेतन दिया जाय।

वेद विषयक कार्य तो सभी जगह हो रहा है पर यह है सब विश्रृंखलित अवस्था में। इस कारण हमें सफलता नहीं मिल रही है। प्रकाशित ग्रन्थों का अधिक मूल्य होने के कारण उनका प्रचार भी नहीं हो पाता। सब शक्तियां मिलकर जितना कार्य कर सकती हैं उतना पृथक् रहकर नहीं।

"एकश्चन्द्रस्तमो हन्ति न च तारागणा अपि"।

कुछ विद्वान् ऐसे हैं जिन्हें वैदिक अनुदान देकर वेद का कार्य लिया जा सकता है। गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय में आचार्य पं० प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति, पं रामनाथ जी वेदालंकार, पं० भगवद्दत्त जी वेदालंकार आदि ऐसे विद्वान् हैं जिनसे उच्चकोटि के ग्रन्थ लिखाए जा सकते हैं। पं० रामनाथ जी वेदालंकार ने अभी एक ग्रन्थ

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

लिखा है जिस पर उन्हे आगरा विश्वविद्यालय ने पी० एच० डी० देकर सम्मानित किया है। इस ग्रन्थ रत्न का नाम है "वेदों की वर्णन शैलियां"। जिस समय यह ग्रन्थ विद्वद्वर्ग में जायेगा तो उन लोगों की आंखें खुली ही रह जायेंगी। आचार्य पं० प्रियव्रत जी ने "वेदों में राजनैतिक सिद्धान्त" नाम का एक बड़ा ही अद्भुत ग्रन्थ लिखा है जो अभी प्रकाशित नहीं हो पाया है। यह राजनीति के अपूर्व तत्त्वों का प्रकाशक ग्रन्थ होगा। पं० भगवद्दत्त जी वेदालंकार 'विष्णु देवता' 'ऋषि रहस्य' नाम की खोज पूर्ण पुस्तकों का प्रणयन कर प्रान्तीय राज्य से पुरस्कृत हो चुके हैं। पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड ने सामवेद और यजुर्वेद का भाष्य आंग्लभाषा में कर रक्खा है। इसी प्रकार डा० सुधीरकुमार गुप्त एम० ए० पी० एच० डी०, श्री युधिष्ठिर मीमांसक डा०-मुन्शीराम शर्मा 'सोम' आदि कई विद्वान् अपनी-२ शैलियों से वेद का कार्य कर रहे हैं किन्तु इस कार्य को और बढ़ाने की आवश्यकता है। दलबन्दियों के दलदल में न फंस कर यदि आर्य-समाजें चाहेंगी तो कार्य अवश्य होगा नहीं तो यही कहना पड़ेगा कि--

बैठे बिसार निज नाम न काम जाना।
ऐंठे सुधार पर भार न किन्तु माना॥
देवाधिदेव प्रभु की वर वेद वाणी।
आर्या प्रजा अमर ताहि यहां भुलानी॥१॥

जो थे प्रचार कर वेद ध्वजा उड़ाते।
सोते सुजान पर सत्य जगे दिखाते॥
काटे असत्य कुल ढोंग रचे अनन्ता।
हैं वे कलङ्क नर डंक बने महन्ता॥२॥

देखे सुवेद अब ढेर लगे विशाला।
है तो लसा मगर ऊपर धूल जाला॥
देखौ न जो सु उपदेशक आजु बोलैं।
शेरैं पढ़ैं न श्रुति तत्त्व टटोलैं॥३॥

कैसे प्रचार वर वेदनु को करेंगे।
कैसे विचार शुभ जीवनु में भरेंगे॥
होते दयालु ऋषि तो मन मांहि रोते।
हा हा समाज पर से निज आश खोते॥४॥

॥ इत्यलम् ॥

शेष पृष्ठ ७५ से आगे--
लिए ज्ञान के विकास, समस्याओं के समाधान तथा विज्ञान प्रदत्त विविध सुविधाओं के आविष्कार में रत रहते हैं। जिनके विकसित ज्ञान से हम अपने सब कार्यों के सम्पादन में समर्थ होते हैं उनका ध्यान तथा मान करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य हो जाता है। उनकी रक्षा और विकास के लिए पूर्ण समयोग[१] देना चाहिए तभी ज्ञान-यज्ञ का सम्पादन सम्भव हो सकता है इसकी स्मृति और कर्तव्य-बोध के लिए श्रावणी पर्व पर ब्राह्मण-जन अपने यजमानों के कर में रक्षा-सूत्र बांधते हैं, कुछ अंश में यह प्रथा सनातनी भाइयों में आज भी विद्यमान है। यजमान अपने हाथ में रक्षा-सूत्र बन्धवाकर अपने ज्ञानदाता, चक्षुरूप, पथ-प्रदर्शक की रक्षा का सारा भार अपने ऊपर ले लेता है। इसी रक्षासूत्र की रक्षा की भावना से यवन राज्य-काल में बहिन द्वारा भाई को राखी बांधने का त्योहार प्रचलित हुआ। ----

१ इसीलिए पुरातन साहित्य में ब्राह्मणों को इतना महत्त्व और मान दिया गया है, तथा स्मृति में उनको अदण्ड्य कहा है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दीनबन्धु सी. एफ. ऐण्ड्रयूज पर
गुरुकुल कांगड़ी तथा उसके संस्थापक का प्रभाव

'मौडर्न रिव्यू' मार्च १९१३ में प्रकाशित सी. एफ. ऐण्ड्रयूज के 'हरिद्वार और इसका गुरुकुल' लेख का हिन्दी रूपान्तर अब पुनः विश्वभारती संस्था के मासिक-पत्र में दीनबन्धु ऐण्ड्रयूज की पुरानी चिट्ठियां छप रही हैं। उनमें एक चिट्ठी द्वारा इस बात पर प्रकाश पड़ता है कि वे किस प्रकार महात्मा मुंशीराम जी से तथा गुरुकुल से प्रभावित हुए थे और परिणामतया वे शाकाहारी बन गए थे। जिस पत्र में इस बात का उल्लेख है, उस पत्र का वह अंश हम यहां दे रहे हैं।

—सम्पादक।

I have been living for some weeks in the Gurukula at Hardwar. Mahatma ji Munshiram is one of the noblest Indian I have ever met and extra-ordinarily wider in outlook than the common Arya Samaj creed. Being with him has only increased the longing I have mentioned. Another small factor is that I have become a vegetarian and I have found the great benefit from it, so that the health question would not loom so large as it otherwise might have done. I have spoken of all this to no one except Mahatma ji and you and Willie Pearson though Mr. Rudra partly knows it. I am anxious however not to give him premature anxiety : he has had so much lately and I would wish to spare him all I can.

C. F. ANDREWS
'The Modern Review,' March 1913

मैं कुछ हफ्तों से हरिद्वार गुरुकुल में रह रहा हूं। मेरे सम्पर्क में आये भारतीय नागरिकों में महात्मा मुंशीराम जी सर्वोत्कृष्ट हैं और उनका दृष्टिकोण आर्य-समाज के सामान्य आदर्श की अपेक्षा असाधारण रूप से कहीं अधिक व्यापक है। इसी कारण उनके साथ रहने की मेरी उत्कण्ठा जिसका कि मैं पहिले भी जिक्र कर चुका हूं और अधिक प्रबल हो गई है। दूसरी सामान्य बात यह घटी है कि अब मैं विशुद्ध शाकाहारी हो गया हूं और इससे मुझे अत्यधिक लाभ हुआ है। शाकाहारी न होने के कारण स्वास्थ्य खराब रहने की जो समस्या उग्ररूप में आ खड़ी होती थी सम्भवतः अब वह समाप्त हो गई है। यद्यपि श्री रुद्रा को भी इन बातों की कुछ जानकारी है लेकिन मैंने महात्मा जी के, आपके या श्री विल्ली पियर्सन के अलावा इसका किसी और व्यक्ति से कतई जिक्र नहीं किया है। बहरहाल उनके वर्तमान चिन्ताभार में और वृद्धि करना मैं मुनासिब नहीं समझता और जहां तक मुझसे बन पड़े मैं उन्हें चिन्ता-मुक्त ही रखना चाहता हूं।

सी. एफ. ऐण्ड्रयूज

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वैदिक साहित्य को गुरुकुल की देन

(श्री विनोदचन्द्र विद्यालंकार, एम. ए., गुरुकुल कांगड़ी)

गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना में इसके संस्थापक महात्मा मुंशीराम का एक प्रमुख उद्देश्य था स्वामी दयानन्द द्वारा प्रदर्शित पद्धति से वैदिक साहित्य का अनुशीलन कराना एवं वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए उच्चकोटि के लेखक तथा प्रचारक तय्यार करना। भारतवर्ष में जिस समय गुरुकुल-शिक्षाप्रणाली का पुनरुज्जीवन हुआ था, उस समय वेदों के अध्यापनार्थ पंडितों का अत्यन्त अभाव प्रतीत होता था, किन्तु अब गुरुकुलों के प्रयत्न से वेद-वेदांग के पंडितों की कमी नहीं है। गुरुकुल के अनेक स्नातक अत्यन्त परिश्रम, निष्ठा तथा विद्वत्ता के साथ वेदों पर कार्य कर रहे हैं तथा वे आधुनिक ज्ञान-विज्ञान एवं नवीन विवेचनात्मक शैली से परिचित होने के कारण वैदिक अनुसंधान-कार्य में पर्याप्त सफल हुए हैं।

गुरुकुल के पुराने समय के एक वेदोपाध्याय पं० शिवशंकर जी काव्यतीर्थ का नाम स्मरणीय है, जिन्होंने उस काल में जब कि स्वामी दयानन्द की शैली से वेदों पर विचार करने वाले विरले ही मिलते थे, न केवल गुरुकुल में वेदों का अध्यापन किया, अपितु अपने अगाध पाण्डित्य का सूचक "वैदिक इतिहासार्थ निर्णय" नामक ग्रन्थ भी लिख कर प्रकाशित किया।

गुरुकुल में वैदिक साहित्य के प्रकाशनार्थ एक 'श्रद्धानन्द स्मारक निधि' स्थापित है, जिसमें प्रतिवर्ष एक वेदविषयक पुस्तक प्रकाशित की जाती है। इस निधि के अन्तर्गत अब तक निम्न पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं—ब्राह्मण की गौ, त्याग की भावना, वैदिक विनय, सोम सरोवर, स्वामी श्रद्धानन्द जी के धर्मोपदेश, संध्या-रहस्य, वेद गीताञ्जलि, सध्या सुमन, अथर्ववेदीय मन्त्र-विद्या, अथ ब्रह्मयज्ञः, वैदिक ब्रह्मचर्य गीत, वरुण की नौका, वैदिक स्वप्नविज्ञान, वैदिक सूक्तियां, वैदिक अध्यात्मविद्या, अग्निहोत्र, वैदिक कर्तव्यशास्त्र, आत्मसमर्पण, वेदोद्यान के चुने हुए फूल, वेद का राष्ट्रिय गीत, मेरा धर्म, ईशोपनिषद् भाष्य, वैदिक वन्दना गीत, विष्णु-देवता, ऋषि रहस्य।

इनके अतिरिक्त स्व० आचार्य रामदेव जी ने, जो भारत का बृहत् इतिहास कई भागों में लिखा है, उसके प्रथम भाग में वैदिक सिद्धान्तों एवं आर्यसमाज की विचारधारा की पोषक सामग्री इतनी अधिक है कि उसे वेद सम्बन्धी ग्रन्थ कहना अनुचित न होगा। गुरुकुल के भूतपूर्व आचार्य स्व० पण्डित चमूपति जी ने अपना कवित्वमय सुन्दर वेदव्याख्याग्रन्थ 'सोम सरोवर' गुरुकुल में ही लिखा तथा वह गुरुकुल से ही प्रकाशित हुआ है। अन्य अनेक वैदिक विद्वानों के वेद सम्बन्धी कार्य का भी बहुत कुछ श्रेय गुरुकुल को है, क्योंकि उन्होंने गुरुकुल में बैठ कर तथा गुरुकुल के पुस्तकालय का उपयोग करते हुए अपने ग्रन्थों का प्रणयन किया है, भले ही उनके ग्रन्थ गुरुकुल की ओर से प्रकाशित न हुये हों।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अनेक वर्षों से गुरुकुल में एक वैदिक अनुसंधान विभाग खुला हुआ है, जिसमें पं भगवद्दत्त जी वेदालंकार एम.ए. अनुसन्धानकार्य में संलग्न हैं तथा इस विभाग से निम्न पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं--ऋभु देवता, वैदिक स्वप्न विज्ञान, वैदिक अध्यात्म-विद्या, आत्म-समर्पण, विष्णु देवता, ऋषि-रहस्य, वेद विमर्श, ऋषिदेव विवेचन। आपकी विष्णु देवता तथा ऋषि-रहस्य पुस्तकें उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत भी हुई हैं। उक्त प्रकाशित पुस्तकों के अतिरिक्त आपकी कुछ पुस्तकें अप्रकाशित भी हैं।

अब हम गुरुकुल के स्नातकों की वैदिक-साहित्य सम्बन्धी सेवा का दिग्दर्शन कराने का प्रयत्न करेंगे, जिसका श्रेय गुरुकुल को ही है। विश्वविद्यालय के प्रथम स्नातक, सुप्रसिद्ध साहित्यकार, सम्पादक तथा राजनैतिक कार्यकर्त्ता एवं भूतपूर्व उपकुलपति स्व० प्रो० इन्द्र विद्यावाचस्पति ने जहां उच्चकोटि की साहित्यिक तथा ऐतिहासिक कृतियों की रचना की है वहां कुछ वैदिक ग्रन्थों का प्रणयन भी किया है। स्नातक होने के कुछ समय पश्चात् लिखी 'उपनिषदों की भूमिका' और जीवन के अन्तिम काल में लिखी 'ईशोपनिषद् भाष्य' नामक उनकी रचनाएं अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं।

गुरुकुल विश्वविद्यालय के भूतपूर्व वेदोपाध्याय प्रो० विश्वनाथ विद्यालंकार विद्यामार्तण्ड आर्यसमाज के गम्भीर वैदिक विद्वान् हैं। आपने वेदों का गहन अध्ययन करके 'वैदिक पशुयज्ञ मीमांसा,' 'वैदिक जीवन', 'सन्ध्या रहस्य' तथा 'वैदिक गृहस्थाश्रम' नामक ग्रन्थों की रचना की है। इसके अतिरिक्त वैदिक विषयों पर पत्र-पत्रिकाओं में आपके लेख भी प्रकाशित होते रहते हैं।

पं० चन्द्रमणि विद्यालंकार 'पालीरत्न' ने यास्ककृत निरुक्त की दो खण्डों में अपूर्व व्याख्या प्रस्तुत की है। वह व्याख्या आज भी, जब कि निरुक्त की अनेक हिन्दी तथा संस्कृत टीकाएं प्रकाशित हो चुकी हैं, अपना विशिष्ट स्थान रखती है। इसके अतिरिक्त 'वेदार्थ करने की विधि' तथा 'वैदिक स्वराज्य' नामक लघु ग्रन्थ भी आपने लिखे हैं।

सुप्रसिद्ध भाष्यकार पं० जयदेव शर्मा विद्यालंकार विद्यामार्त्तण्ड मीमांसातीर्थ ने स्वामी दयानन्द का दृष्टिकोण अपनाते हुए चारों वेदों का हिन्दी भाष्य करके आर्यसमाज की जो अपूर्व सेवा की है उसे भुलाया नहीं जा सकता। 'क्या वेदों में इतिहास है ?' नामक पुस्तक में सुयोग्य विद्वान् ने प्रमाण निर्देशपूर्वक यह दर्शाने का प्रयास किया है कि वेदों में इतिहास नहीं है। आपने ऋग्वेद की 'माधवानुक्रमणी' आदि ग्रन्थों का हिन्दी-अनुवाद भी किया है।

तपोमूर्ति पं० देवराज विद्यावाचस्पति वेदों के धुरन्धर विद्वान् तथा गम्भीर विचारक हैं। आपके शोधपूर्ण लेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं। आपका सम्पूर्ण जीवन वेद-सेवा में लगा हुआ है। आपकी 'अग्निहोत्र' नामक एक पुस्तक गुरुकुल से प्रकाशित हुई है। आपने 'सन्ध्या' की व्याख्या भी लिखी है। आप ज्योतिष के भी प्रकाण्ड विद्वान् हैं तथा वैदिक ज्योतिष के सम्बन्ध में प्रामाणिक लेखक भी हैं। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक की अंग्रेजी रचना 'ओरायन' का आपने हिन्दी-अनुवाद किया है। अभी गत दिनों में 'वेदों में सब समस्याओं का समाधान विद्यमान है' इस विषय पर भी आप

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

लिखते रहे हैं। आपके कुछ ग्रन्थ अप्रकाशित भी हैं।

वेदों के मूर्द्धन्य विद्वान् स्वामी समर्पणानन्द जी (पं० बुद्धदेव जी विद्यालंकार विद्यामार्तण्ड) को कौन नहीं जानता? जहां आपकी वाणी में ओज है वहां साथ ही आपकी लेखनी भी प्रतिभा-सम्पन्न है। आपने वेद सम्बन्धी अनेक ग्रन्थों का प्रणयन किया है, यथा पंचयज्ञप्रकाश, अथ मरुत्सूक्तम्, सोम, स्वर्ग, शतपथ में एक पथ। वेद में अधिराष्ट्र दृष्टि से मरुत् वीर सैनिक हैं, इसका नाद गुंजाने वाले सर्वप्रथम आप ही हैं। आपने 'सोम' का अर्थ 'ब्रह्मचारी' किया है तथा वेद के तीन 'नाक' या स्वर्ग ब्रह्मचर्य, गृहस्थ एवं वानप्रस्थ आश्रम सिद्ध किये हैं। नूतन दृष्टिकोण देने के कारण लघु-कलेवर होते हुए भी आपके उक्त ग्रन्थ विशेष महत्त्व रखते हैं। उक्त पुस्तकों के अतिरिक्त मान्य विद्वान् ने शतपथ ब्राह्मण-भाष्य तथा अथर्ववेद का भाष्य, यद्यपि ये दोनों भाष्य अपूर्ण हैं, प्रस्तुत करके प्रशंसनीय कार्य किया है।

गुरुकुल के भूतपूर्व आचार्य स्वामी अभयदेव जी विद्यालंकार (पं देवशर्मा जी) ने चारों वे ों में से मन्त्र चयन कर भक्तिरस से ओत-प्रोत 'वैदिक विनय' तीन खण्डों में लिखी है। इसमें ३६५ मन्त्रों की भावभीनी मधुर व्याख्या है, जिसमें वर्ष में प्रत्येक दिन के लिए एक-एक मन्त्र है। 'ब्राह्मण की गौ' तथा 'वैदिक ब्रह्मचर्य गीत' आपकी वेद विषयक अन्य कृतियां हैं। ये सब गुरुकुल से ही प्रकाशित हुई हैं। आपने श्री अरविन्द की 'सीक्रेट ऑफ दि वेद' नामक अंग्रेजी लेखमाला का, जो अब 'ऑन दि वेद' नाम से श्री अरविन्दाश्रम द्वारा प्रकाशित भी हो चुकी है, हिन्दी अनुवाद तीन खण्डों में 'वेद रहस्य' नाम से किया है, जिससे हिन्दी के पाठकों के लिए श्री अरविन्द के वेदसम्बन्धी विचार सुलभ हो गये हैं।

गुरुकुल के भूतपूर्व उपकुलपति, संसत्सदस्य प्रो० सत्यव्रत जी सिद्धान्तालंकार ने जहां समाज-शास्त्र, शिक्षाशास्त्र तथा संस्कृति से सम्बद्ध ग्रन्थों का प्रणयन किया है तथा उन पर मंगला-प्रसाद आदि पुरस्कार प्राप्त किये हैं, वहां वैदिक-साहित्य सम्बन्धी साहित्य की रचना करने का भी गौरव प्राप्त किया है। आप कुछ समय गुरुकुल में वेदाध्यापन भी करते रहे हैं। आप द्वारा लिखी 'एकादशोपनिषत्' एक अमूल्य कृति है। इसमें आपने ११ उपनिषदों का धारावाही अनु-वाद आवश्यक टिप्पणियों सहित प्रस्तुत किया है, जिसमें नीचे मूलपाठ भी दिया गया है। इस ग्रन्थ की भूमिका भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डा० राधाकृष्णन् ने लिखी है।

वेदों के उद्भट विद्वान्, प्रख्यात व्याख्याता तथा उच्चकोटि के लेखक श्री पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड को समस्त आर्यजगत् सम्मान की दृष्टि से देखता है। पंडित जी संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, कन्नड़, जर्मन आदि अनेक भाषाओं के ज्ञाता हैं। आपकी रचनाएं भिन्न २ भाषाओं में सुलभ हैं। वेद-सम्बन्धी आपकी प्रसिद्ध पुस्तक है, 'वेदों का यथार्थ स्वरूप'। इस पुस्तक पर आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने १०००) रुपये का पुरस्कार देकर आपको सम्मानित किया है। आप द्वारा प्रणीत 'भारतीय समाजशास्त्र', 'वैदिक कर्तव्यशास्त्र', 'स्त्रियों का वेदाध्ययन और वैदिक कर्मकाण्ड में अधिकार', 'बौद्धमत और वैदिक धर्म', 'ग्लोरी ऑफ दी वेदाज़' आदि पुस्तकें अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं। इसके अतिरिक्त आपने सामवेद के चुने हुये १०० मन्त्रों का अंग्रेजी में

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पद्यानुवाद भी किया है। इसी शैली पर अब आप सम्पूर्ण सामवेद का पद्यानुवाद कर रहे हैं, जो शीघ्र ही प्रकाशित होगा। इन प्रकाशित ग्रन्थों के अतिरिक्त आपकी अनेक कृतियां अप्रकाशित भी हैं जो समयानुसार शीघ्र ही मुद्रित होकर आर्यजनता के हाथों में आयेंगी। आपने एक बृहद् ग्रन्थ 'सब समस्याओं का समाधान वेदों में है' इस विषय पर भी लिखा है, जो अभी अप्रकाशित है।

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रचार-विभाग के अधिष्ठाता और महोपदेशक स्व० पं० यशःपाल जी सिद्धान्तालंकार का सम्पूर्ण जीवन वेद-सेवा में व्यतीत हुआ। आप प्रचारक के साथ-साथ उच्चकोटि के लेखक भी थे। आप द्वारा प्रणीत 'शक्ति रहस्य', 'वैदिक आर्य कोष', 'वैदिक सिद्धान्त दर्पण' नामक रचनाएं उपयोगी एवं संग्रहणीय हैं। इन समस्त रचनाओं का प्रकाशन आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब द्वारा किया गया है।

पं० हरिशरण जी सिद्धान्तालंकार वेद के उच्चकोटि के व्याख्याता हैं। आपने दो खण्डो में सामवेद की सुन्दर तथा सरल व्याख्या की है। इसके अतिरिक्त आपने 'वैदिक परिवार व्यवस्था', 'जीवेम शरदः शतम्', 'सन्ध्या व्याख्या', ऋग्वेद के ऋषि' नामक ग्रन्थों का भी निर्माण किया है।

गुरुकुल विश्वविद्यालय के वर्तमान आचार्य पं० प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति वेदों के प्रख्यात विद्वान् हैं। आपने वेद विषयक अनेक पुस्तकों के लेखक रूप में अच्छी ख्याति प्राप्त की है। वेद का राष्ट्रीय गीत, वेदोद्यान के चुने हुए फूल, मेरा धर्म, वरुण की नौका आपकी प्रसिद्ध रचनायें हैं। 'वेद का राष्ट्रीय गीत' में अथर्ववेद के भूमिसूक्त की उत्कृष्ट व्याख्या है। प्रारम्भ में विस्तृत भूमिका है, जिसमें वेद-सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया है। 'वेदोद्यान के चुने हुए फूल' में विभिन्न विषयों से सम्बद्ध मन्त्रों के अर्थ तथा व्याख्या हैं। 'मेरा धर्म' में राष्ट्र के उत्थान में कैसे वैदिक सिद्धान्तों का उपयोग हो सकता है, वैज्ञानिक, सामाजिक तथा सामूहिक रूप से देश की उन्नति कैसे सम्पादित की जा सकती है, आदि विषयों पर विद्वता, सरलता और विस्तार से प्रकाश डाला गया है। उक्त पुस्तकों पर आपको उत्तरप्रदेश सरकार तथा सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। वेद के वरुण सम्बन्धी सूक्तों के आधार पर आपने 'वरुण की नौका' नामक पुस्तक की दो खण्डों में रचना की है। आपकी ये समस्त रचनायें गुरुकुल द्वारा प्रकाशित हुई हैं। आपका 'वेदों के राजनैतिक सिद्धान्त' नामक एक वृहद् ग्रन्थ अभी अप्रकाशित है।

गुरुकुल के वेदोपाध्याय पं० धर्मदेव जी वेदवाचस्पति वैदिक साहित्य के प्रतिभाशाली अन्वेषक विद्वान् हैं। आपके लेख समय-समय पर प्रकाशित होते रहते हैं। गुरुकुल से आपकी 'त्याग की भावना' नामक एक पुस्तक भी प्रकाशित हुई है, जिसमें ऋग्वेद १०म मण्डल के दानस्तुति के दो सूक्तों की व्याख्या है।

गुरुकुल विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष, वेदों के गम्भीर विचारक डा० रामनाथ जी वेदालंकार एम.ए., पी-एच.डी. का वेद विषयक अनुशीलन तथा विशिष्ट लेखनशैली प्रख्यात है। समय- समय पर आपके विद्वत्तापूर्ण लेख 'धर्मयुग', 'वेदवाणी', 'गुरुकुल पत्रिका', आर्योदय' आदि में प्रकाशित होते रहते हैं। अभी सन् १९६६ में आपने 'वेदों की वर्णनशैलियां' विषयक शोधपूर्ण प्रबन्ध लिख कर आगरा विश्वविद्यालय से डाक्टरेट उपाधि प्राप्त की है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

इसके अतिरिक्त आपकी 'वैदिक वीर गर्जना' तथा 'वैदिक सूक्तियां' नामक रचनाएं प्रकाशित हो चुकीं हैं। 'आर्योदय' में आपके यजुर्वेद के ३५ वें अध्याय की व्याख्या सम्पूर्ण धारावाहिक रूप में प्रकाशित हो चुकी है। आपके पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित फुटकर लेख भी इतने हैं कि वे एक पुस्तक का रूप धारण कर सकते हैं। अब भी आप वैदिक अनुसंधान में संलग्न हैं।

हैदराबाद निवासी पं. मदनमोहन विद्यासागर वेदालंकार दक्षिण भारत के उच्चकोटि के उपदेशक हैं। आप घर-घर में वैदिकधर्म का सन्देश पहुंचाने में संलग्न हैं। आपने तेलगु तथा हिन्दी में वेदविषयक कई पुस्तकों की रचना की है। आप द्वारा प्रणीत तेलगु में 'वैदिक सन्ध्या,' 'शुद्धि संस्कारविधि,' 'अन्त्येष्टिविधि,' 'वैदिक विवाह पद्धति,' तथा हिन्दी में 'वेदों की अन्तःसाक्षी का महत्त्व,' 'संस्कार महत्त्व,' 'वैदिक सिद्धान्त प्रदीप' आदि रचनायें आर्य जनता के द्वारा आदृत हैं। अभी वेदवाणी में आपकी 'संस्कार और यज्ञ में यजमान, यजमानपत्नी आदि के आसन' विषयक लेखमाला धारावाही रूप में प्रकाशित होती रही है।

वेदमूर्ति श्रीपाद दामोदर जी सातवलेकर, श्री स्वामी ब्रह्ममुनि जी, डा० मङ्गलदेव जी शास्त्री, स्व० डा० वासुदेवशरण जी गुरुकुल द्वारा विद्यामार्तण्ड की पूजोपाधि से सम्मानित हैं, तथा आप सभी का गुरुकुल से घनिष्ठ सम्बन्ध है। आपकी जो वेदसेवाएं हैं उसका श्रेय गुरुकुल को भी है। आप सबको गुरुकुल का स्नातक स्वीकार करने में हमें बहुत गर्व है। पं. सातवलेकर जी गुरुकुल में पहले आलेख्य के प्रशिक्षक थे, उन्हें वेदों पर कार्य करने की प्रेरणा गुरुकुल से ही प्राप्त हुई। आप पहले औंध (जि. सातारा) तथा सम्प्रति पारडी (जिला सूरत) में स्वाध्यामण्डल की स्थापना करके वेद-विषयक प्रकाशन तथा अनुवाद, व्याख्यादि का जो कार्य कर रहे हैं वह सर्वविदित है। आपने प्रायः चारों वेदों के शुद्ध संस्करण प्रकाशित किये हैं तथा कुछ भाष्य भी प्रस्तुत किये हैं। साथ ही आपने 'वेद में कृषि-विद्या,' 'वेद में चर्खा,' 'वैदिक सर्पविद्या,' 'वैदिक स्वराज्य की महिमा,' 'मानवी आयुष्य,' 'अश्विनी देवता,' 'ऋग्वेद में रुद्रदेवता,' 'इन्द्रशक्ति का विकास,' 'वेद परिचय' आदि वेदविषयक शोध-पूर्ण निबन्ध भी प्रकाशित किये हैं। "दैवतसंहिता' में आपने देवतानुसार चारों वेदों के मन्त्रों का संग्रह निकाला है। 'गोज्ञान कोष' में विद्वान् लेखक ने वेदमन्त्रों में आए गोविषयक मन्त्रों का अर्थसहित संग्रह प्रस्तुत किया है। इसके अतिरिक्त ११ उपनिषदों का हिन्दी अनुवाद भी आपने किया है। अब भी सौ वर्ष से अधिक आयु होने पर भी, आप अनवरत रूप से वेदसेवा में संलग्न हैं।

वैदिक वाङ्मय के क्षेत्र में डा. मङ्गलदेव जी शास्त्री विद्यामार्त्तण्ड का अध्ययन विशेष गम्भीरता, व्यापकता तथा सूक्ष्मता के लिए प्रसिद्ध है। आपने ऋग्वेद-प्रातिशाख्य पर विशिष्ट अनुसन्धान किया है। आप द्वारा सम्पादित, अनूदित तथा टिप्पणी आदि से योजित 'ऋग्वेद प्रातिशाख्यम्' अंग्रेजी तथा संस्कृत दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। इसमें मूल का पूरा आशय स्पष्ट करते करते हुए पूर्वभाष्यकारों द्वारा छोड़े गये अंश को भी स्पष्ट कर दिया गया है। आप संस्कृत, हिन्दी व अंग्रेजी तीनों के सिद्धहस्त लेखक हैं। आपने वेदमन्त्रों के आधार पर संस्कृत-सूक्तियां भी लिखी हैं जो पुस्तकाकार प्रकाशित हो चुकी हैं। 'ऐतरेयारण्यपर्यालोचनम्,' 'कौषीतकिब्राह्मणपर्यालो-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

चनम्' आदि आपकी विद्वत्तापूर्ण पुस्तकें हैं। साथ ही 'वेदों का वास्तविक स्वरूप,' 'वैदिक संस्कृति के तत्त्व' आदि आपकी हिन्दी-रचनायें वैदिक साहित्य-क्षेत्र में अपना अनूठा स्थान रखती हैं। आपकी 'भारतीय संस्कृति का विकास' नाम से पुस्तकमाला प्रकाशित करने की योजना है, जिसकी दो धारायें 'वैदिक धारा' तथा औपनिषद धारा' प्रकाश में आ चुकी हैं।

वेदशिरोमणि स्वर्गीय डा० वासुदेवशरण जी अग्रवाल विद्यामार्त्तण्ड से कौन परिचित नहीं है? जहां आपने प्राचीन भारतीय संस्कृति तथा इतिहास के क्षेत्र में प्रतिष्ठा प्राप्त की है, वहां आपका वेद-विषयक लेखनकार्य भी अभिनन्दनीय है। वस्तुतः वेदप्रेमी आर्यजनता तो आपको वैदिक विद्वान् के रूप में ही स्मरण करती है। आपने हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में साहित्य-रचना की है। 'वेदविद्या,' 'छन्दस्वतीवाक्' 'उरु ज्योति,' 'स्पार्क्स फ्रोम दि वैदिक फायर,' 'वैदिक लैक्चर्स' तथा 'दि थाउज़ण्ड सिलेबल्ड स्पीच (सहस्राक्षरा वाक्)' आदि आपकी प्रसिद्ध तथा उपयोगी रचनायें हैं। 'उरु ज्योति' में विद्वान् लेखक ने वेद की तत्त्वचिन्ता पर प्रकाश डालने वाले उच्चकोटि के २४ निबन्ध दिए हैं।

स्वामी ब्रह्ममुनि जी विद्यामार्त्तण्ड (पं. प्रियरत्न आर्ष) आर्यजगत् के प्रसिद्ध विद्वान् हैं। वेदों में आपको प्रकाण्ड पाण्डित्य प्राप्त है। आपने अनेक विद्वत्तापूर्ण उपयोगी ग्रन्थ लिखे हैं, जिनमें अधिकांश गुरुकुल में बैठ कर ही लिखे गये हैं। आप द्वारा प्रणीत 'अथर्ववेदीय मन्त्रविद्या' गुरुकुल से प्रकाशित हुई है। 'वैदिक अध्यात्म सुधा' में योग तथा अध्यात्म विषयक अनेक तथ्यों का लेखक ने वेदों से प्रतिपादन किया है। 'वैदिक मनोविज्ञान' में आपने वैदिक मनोविज्ञान के तीनों रूपों—संकल्प, प्रार्थना तथा आदेश—का बहुत सुन्दर शैली से निरूपण किया है। अथर्ववेदीय चिकित्साशास्त्र, वेद में दो बड़ी वैज्ञानिक शक्तियां, ऋग्वेद में देवृकामा या देवकामा का विवेचन, वैदिक वन्दन, वेद में असित शब्द, निरुक्त समर्श, छान्दोग्योपनिषद्—कथामाला, वैदिक ज्योतिष शास्त्र, उपनिषद् सुधासार, बृहदारण्यक कथामाला, वैदिक ईश वन्दना' आदि वैदिक साहित्य सम्बन्धी आपकी इतर रचनायें हैं।

इसके अतिरिक्त पं. हरिश्चन्द्र विद्यालंकार का सामवेद का अनुवाद, पं. नित्यानन्द वेदालंकार रचित 'सन्ध्या सुमन,' 'सन्ध्या विनय' आदि, पं धर्मवीर वेदालंकार प्रणीत 'वैदिक विवाह संस्कार' प्रो० सत्यभूषण 'योगी' वेदालंकार एम.ए. का लक्ष्मणस्वरूप के अंग्रेजी निरुक्त का हिन्दी भाषान्तर, डा० प्रशान्त कुमार वेदालंकार एम. ए., पीएच. डी. का 'वैदिक साहित्य में नारी,' प्रो० सुखदेव दर्शनवाचस्पति प्रणीत 'वेद तत्त्व प्रकाश' (स्वामी दयानन्द की ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका का परिष्कृत हिन्दी टीका सहित सम्पादन), पं० सत्यकाम विद्यालंकार रचित 'वैदिक वन्दना गीत' (वेदमन्त्रों पर रचित गीत) आदि स्नातकों की वेदविषयक पुस्तकें भी आर्यजनता के सम्मुख आ चुकी हैं, जिनकी सर्वत्र मुक्तकण्ठ से प्रशंसा हुई है।

वेदों का पाण्डित्य रखने वाले कुछ इतर स्नातक भी गुरुकुल ने उत्पन्न किये हैं। गुरुकुल के भूतपूर्व प्रस्तोता तथा संस्कृत विभागाध्यक्ष साहित्याचार्य पं. वागीश्वर जी विद्यालंकार एम.ए वैदिक साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान् हैं। आप वैदिक अलंकार शास्त्र पर एक ग्रन्थ भी लिख

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

रहे हैं । पं. सत्यपाल जी सिद्धान्तालंकार जो वर्षों तक अफ्रीका में वेद प्रचार-कार्य करते रहे हैं, वेद, उपनिषद् आदि का अनुपम पाण्डित्य रखते हैं। स्व० पं. चन्द्रकान्त जी वेदवाचस्पति, भूतपूर्व आचार्य गुरुकुल सोनगढ़ तथा गुरुकुल सूपा, वेदों के पण्डित, कुशल व्याख्याता तथा उत्तम लेखक रहे हैं। पं तडित्कान्त जी वेदालंकार श्री सातवलेकर जी के स्वाध्यायमण्डल में वेदानुसन्धान का कार्य करते रहे हैं। स्व. धर्मराज वेदालंकार गुरुकुल में व्याकरण, प्रातिशाख्य आदि का अध्यापन करते हुए वैदिक अनुसन्धान करते रहे हैं। स्व. वेदव्रत जी विद्यालंकार ने वेदमन्त्रों पर गीत लिखे हैं, जो गुरुकुल से प्रकाशित 'वेद गीतांजलि' में संकलित हैं। पं जगन्नाथ जी वेदालंकार (श्री अरविन्दाश्रम, पांडिचेरी) वैदिक विषयों के सुलझे हुए लेखक हैं तथा आपका श्री अरविन्द के वेदविषयक लेखों का संस्कृतानुवाद 'गुरुकुल पत्रिका' में क्रमशः प्रकाशित हो रहा है। प्रो० हरिदत्त जी वेदालंकार एम. ए का वेद सम्बन्धी ज्ञान उनकी लिखी 'हिन्दू परिवार मीमांसा' आदि पुस्तकों से सहज प्रकट होता है, जहां उन्होंने प्रत्येक विषय की मीमांसा के लिए वैदिक परम्परा का भी उल्लेख किया है तथा आधुनिक विद्वानों में प्रचलित कई वेदसम्बन्धी भ्रान्त धारणाओं का भी सप्रमाण प्रत्याख्यान किया है। पं. मनोहर विद्यालंकार के 'वेदवाणी' एवं 'गुरुकुल पत्रिका' में प्रकाशित होने वाले लेख उनकी वेद-विषयक प्रतिभा को सहज मुखरित करते हैं। आप व्यापार कार्य में संलग्न होते हुए भी प्रतिदिन कुछ न कुछ समय वैदिक स्वाध्याय तथा अनुसन्धान के लिए देते हैं। श्री सुरेशचन्द्र जी वेदालंकार एम.ए. (गोरखपुर) के वेदसम्बन्धी व्याख्यान तथा 'आर्यमित्र,' 'आर्योदय' आदि में प्रकाशित होने वाले विद्वत्तापूर्ण लेख आर्यजनता में बहुत पसन्द किये जाते हैं। डा० जयदेव जी विद्यालंकार एम ए. पी-एच. डी. (संस्कृत विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय) वेदों में विशेष गति रखते हैं। श्री सत्यभूषण वेदालंकार के वेदविषयक लेख पठनीय होते हैं, जो 'वेदवाणी' तथा 'आर्योदय' द्वारा पाठकों को प्राप्त होते हैं। सम्प्रति 'वैदिक विचारधारा' नाम से 'आर्योदय' में आपकी लेखमाला निकल रही है, जिसके शीघ्र ही पुस्तकाकार भी प्रकाशित होने की आशा है।

इसप्रकार यह स्पष्ट है कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय तथा उस के स्नातकों का इस क्षेत्र में किया गया योगदान समस्त दृष्टियों से अभिनन्दनीय रहा है, जिस पर कोई भी संस्था गर्वान्वित हो सकती है। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह योगदान निरन्तर बढ़ता चलेगा। +

+ वेदसेवा करने वाले सभी स्नातक बन्धुओं का उल्लेख इस लेख में करने का यत्न किया गया है। तो भी संभव है अज्ञान या विस्मृतिवश किन्हीं विद्वानों का संकेत न हो पाया हो। उनसे लेखक क्षमाप्रार्थी है।

———ooo———

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अड्डा था। उस अड्डे से उन नौजवानों के संकेत और अन्य साहित्य गुरुकुल के ब्रह्मचारियों तक भी पहुंच गये थे। उनकी कोशिशें बेमिसाल होती थीं। यद्यपि महाविद्यालय के सभी तरुण उस दल में शामिल नहीं थे, फिर भी दस पांच विद्यार्थियों तक बम बनाने के तरीके बतानेवाले सभी ग्रन्थ पहुंच चुके थे।"

"यह बात पुलिस के कानों से जा टकराई। गुरुकुल के विद्यार्थियों को यह सूचना मिल गई थी कि किसी भी दिन एकदम छापा मार कर निरीक्षण किया जा सकता है। जिस प्रकार गुप्त पुलिस के जासूस हमारे बीच में रह कर अपना काम करते थे, उसी प्रकार हमारे भी कुछ हित-चिन्तक गुप्त पुलिस के कार्यालयों में थे। इसलिए अगले चार पांच दिनों में जो होने वाला होता, उसकी खबर गुरुकुल तक उड़ती हुई चली आती और ब्रह्मचारीगण अपने कमरों को साफ-सूफ कर देते थे। इसी प्रकार जो सन्देहास्पद अध्यापक थे, उन्हें भी समय-समय पर सूचना मिल जाया करती थी। मैं भी सन्देहास्पद अध्यापकों में से एक था। मुझे अच्छी तरह याद है कि एक रात हमने बम तैय्यार करने की पद्धति बताने वाले सब ग्रन्थ जमीन में गाढ़ दिए थे और सब कमरे साफ कर दिए थे।"

"ब्रह्मचारीगण शूर, राष्ट्रसेवी और उत्तम काम करने में हमेशा आगे रहनेवाले थे। जंगल में रहने के कारण बे निडर भी थे। एक बार सिन्ध की तरफ के एक अध्यापक आए थे। एक बार छुट्टी के दिन उन्हें साथ में लेकर ब्रह्मचारियों सहित हम जंगल में घूमने निकल गए। सबेरे ९–१० का समय रहा होगा। गुरुकुल से ३–४ मील की दूरी पर स्थित एक घने जंगल में हम जा पहुंचे। जंगल में बहुत ऊँची-ऊँची घास उगी हुई थी। एक छोटीसी पहाड़ी पर घास में एक बाघ छिपकर बैठा हुआ था। दुर्भाग्यवश ये सिन्धी अध्यापक महाशय उसी तरफ जा निकले और बाघ यमदूत के समान इन महाशय के सामने आकर खड़ा हो गया। बेचारे अध्यापक अकेले ही बाघ के सामने गए थे। इसलिए उनके डर की कोई सीमा ही नहीं थी। वे अपने प्राण बचाने के लिए पास के ही पेड़ पर किसी तरह चढ़ गए। पैरों में जो जूते थे वे पैरों में से निकल कर गिर गए। ऊपर अध्यापक और नीचे बाघ। ऊपर बैठे बैठे अध्यापक महोदय "बाघ बाघ" कह कर चिल्लाने लगे। किसी ब्रह्मचारी ने उनकी पुकार सुनी और थोड़ीसी देर में ही सब ब्रह्मचारी लाठी लेकर वहां पहुंच गए और उन्होंने बाघ को मार कर भगा दिया। उन अध्यापक की आंखों के आगे बाघ ही बाघ चमक रहे थे। उन महाशय को चारों ओर बाघ ही बाघ नजर आ रहे थे। ब्रह्मचारियों ने उन्हें नीचे उतारा, तब भी वे "बाघ बाघ" चिल्ला रहे थे। पूरे दो घंटे के बाद वे महाशय होश में आए। उनकी चिकित्सा हुई। वे बेहोशी की अवस्था में भी "बाघ बाघ" चिल्लाते थे। गुरुकुल के ब्रह्मचारी कैसे निर्भीक थे और शहरी अध्यापक कैसे डरपोक थे, उसका यह एक नमूना है।"

"गुरुकुल कांगड़ी से ४ मील दूर गंगा के बीच में सप्ततीर्थ नाम का एक स्थान है। स्थान बहुत रमणीय है। ४०–५० ब्रह्मचारियों के साथ मैं वह स्थान देखने गया। जाते हुए हम पैदल ही गए थे। उस स्थान पर हम करीब १० बजे पहुंचे। शामतक वहां रहे। वहीं खाया पिया। शाम को ४ बजे के करीब वहां से लौट चले। गर्मी के दिन थे। गंगा बढ़ने लग गई थी और सबेरे जहां जमीन थी, वहां शाम को बड़े-बड़े जलप्रवाह चल रहे थे और वे प्रवाह

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

बराबर बढ़ते चले जा रहे थे।"

"गंगा में तैरने का अभ्यास मुझे नहीं था। मेरे जैसे ही दूसरे भी ३-४ अतिथि थे। हम सब हताश होकर बैठ गए। पर ब्रह्मचारी बोले—"डरिए मत! हम आप सब को उस पार पहुंचा देंगे।" ब्रह्मचारी गंगा की बाढ़ में भी तैरने वाले थे। अतः दो-दो ब्रह्मचारी एक-एक हाथ से तैरने लगे। और एक-एक हाथ से हम जैसों को संभालते हुए नदी पार करने लगे। करीब एक मील का नदी का पाट था, पर प्रवाह के कारण उसे पार करना सरल नहीं था। यदि ब्रह्मचारी न होते तो हमारे लिए वह काल "अन्तकाल" ही साबित होता।"

"एक बार हम गुरुकुल में थे। भादों का महीना था। पानी बरस रहा था। कनखल के पास एक सरकारी बांध टूट गया। पानी गुरुकुल के चारों ओर भरने लग गया। चारों तरफ मानों समुद्र ही उछाल लेने लगा था। वह पानी भरता ही जा रहा था। गुरुकुल की इमारत भी पानी में ढह गई। फिर भी ब्रह्मचारी बड़े प्रसन्न थे। वे तैर कर उस पार जाने के लिए तैय्यार बैठे थे। आठ दस घन्टे बाद बरसात बन्द हो गई, बाढ़ भी उतरने लगी और सब कुछ ठीक हो गया। पर ऐसी संकटकालीन स्थिति में भी ब्रह्मचारियों का उत्साह अविचलित रहा।"

इस प्रकार चेतना से भरे हुए आश्रमों से युक्त गुरुकुल में पंडित सातवलेकर रमने लगे, प्राकृतिक सम्पत्ति से भरपूर इस स्थान में अपनी चित्रकला को और अधिक मार्मिक, उद्बोधक और आकर्षक बनाने के लिए पंडितजी को अनेक शुभ संयोग प्राप्त हुए। उसी प्रकार अपनी वेदविद्या की प्रौढ़प्रज्ञा से तरुण पीढ़ी को तेजस्वी बनाकर उनकी कृतज्ञता एवं यश को संपादन करने का सुअवसर भी पंडितजी को प्राप्त हुआ। म. मुंशीरामजी के कथनानुसार पंडितजी अपनी तूलिका से कांगड़ी के सुरम्य चित्र उतारा करते थे। और पंडितजी की तूलिका से उतरे चित्रों के प्रतिचित्र गुरुकुल के विद्यार्थी बनाया करते थे। महर्षि दयानन्द का एक बड़ा तैलचित्र पंडितजी ने गुरुकुल के लिए विशेषरीति से तैय्यार करके दिया। इसी प्रकार महर्षि दयानन्द के गुरु स्वामी विरजानन्दजी का भी एक बड़ासा तैलचित्र पंडितजी ने तैय्यार करके दिया। पंडितजी को योगसाधना का अभ्यास करने के लिए भी यहां उत्तम अवसर मिला। प्राणायाम, ध्यान, धारणा, स्वाध्याय, चित्रकला और ब्रह्मचारियों के साथ समरस जीवन इन्हीं कार्यों में पंडितजी का सारा दिन बीत जाता था।

इस प्रकार आनन्द से बीतनेवाले जीवन को एक और प्रचंड वायु का धक्का लगा। पंडितजी ने कोल्हापुर के एक मासिक विश्ववृत्त में "वैदिक प्रार्थनाओं की तेजस्विता" नामक एक लेख लिखा। उस लेख के कारण अंग्रेज सरकार ने पंडितजी पर दावा दायर करने का निश्चय किया। इस बात की सूचना पंडितजी को अखबार से मिल गई। साथ ही उन्हें इस बात का भी पता लग गया कि पकड़ने के लिए उनके नाम एक वारंट जारी कर दिया गया है। तब हैदराबाद छोड़ते ही आसरा देनेवाली एक राष्ट्रीय संस्था पर किसी प्रकार का संकट न आ पड़े, यह सोचकर उन्होंने महात्मा मुंशीराम से सलाह मशविरा किया और सपत्नीक हरिद्वार से चल पड़े। इस विषय में स्वयं पंडितजी की लेखनी से निःसृत ये शब्द हैं—

"मैं १९०८ में गुरुकुल जा कर चित्रकला के शिक्षक रूप में नियुक्त हो गया। वहां रहते हुए

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मैंने "वैदिक प्रार्थनाओं की तेजस्विता" नामक एक लेख लिखा, जो प्रो. विजापुरकरके द्वारा सम्पादित एवं कोल्हापुर से प्रकाशित होने वाले "विश्ववृत्त" नामक मासिक में छपा। छपते ही उसकी तरफ बम्बई सरकार का ध्यान दौड़ा। इससे पूर्व हैदराबाद से प्रकाशित मेरे "वैदिक राष्ट्रगीत" नामक पुस्तक को बम्बई सरकार ने जब्त करके उसकी सारी प्रतियां जला दी थीं। इस पुस्तक की २००० प्रतियों में ५०० प्रतियां ही मैं लोगों में बांट सका था, बाकी १५०० प्रतियां सरकार ने जब्त करके जला दी थीं, इस प्रकार सरकार के देशद्रोहियों (ब्लेक लिस्ट) की सूचि में मेरा भी नाम था। उस लेख में मैंने "सेना खास खेल, शमशेर बहादुर, गोब्राह्मण प्रतिपालक" आदि विशेषणों के साथ बड़ौदा के महाराज सयाजीराव गायकवाड का उल्लेख किया था। अतः इस लेख के छपते ही ब्रिटिश सरकार ने बड़ौदा महाराज को ताकीद दी कि वे इस लेख की तरफ ध्यान दें। पर मुझ से परिचित होने के कारण महाराज ने मुझ पर मुकदमा चलाने से इन्कार कर दिया। तब बम्बई सरकार ने कोल्हापुर के शाहू महाराज को लिखा। शाहू महाराज ने मुझ पर मुकदमा चला दिया।

हरिद्वार से विश्ववृत्त के मुकदमे के लिए आते हुए रास्ते में पंडित जी अपने मित्रों से और वकीलों से मिले। उन सभी ने पंडित जी को यही सलाह दी कि वे स्वयं सरकार के पिंजरे में जाकर बंद न हों। जिसको गरज होगी वह स्वयं ढूंढ लेगा। यह ठीक है कि संकट से डरना नहीं चाहिए पर स्वयं उसे क्यों बुलायें। "आ बैल मुझे मार" का काम ठीक नहीं है। राजनीति और राजदरबारों में घूमने वाले वकीलों की यह सलाह सुन कर पंडित जी दुविधा में पड़ गए। अपने लेख के मुद्रक, प्रकाशक और सम्पादक पर अपने लेख के कारण आई हुई आफत को आंखों से देख कर भी अपनी चमड़ी को बचाते रहने की बात पंडित जी को कुछ भायी नहीं। तो भी वे सीधे कोल्हापुर न जाकर अपने मित्र मोरोपंत मराठे की सलाह लेने के लिए बेलगांव चले गए।

अंग्रेजों ने अपने शत्रुओं को नष्ट करने का निश्चय कर लिया था। विश्ववृत्त में छपे हुए लेख के कारण अंग्रेजों को शिकार फांसने का अवसर मिल गया। इस विषय में पण्डित जी "आत्मकथा" मे लिखते हैं--

"कोल्हापुर की आंखों में प्रो. विजापुरकर खटक रहे थे, अतः उनको दबाने के लिए शाहू उन पर मुकदमा भरने के लिए तैय्यार हो गए। प्रो. विजापुरकर (सम्पादक); विनायक नारायण जोशीराव (मुद्रक); प्रो. वामनमल्हार जोशी (प्रकाशक); और मैं (लेखक) इन चारों के नाम वारंट जारी कर दिए गये। प्रथम तीन तो स्वयं हाजिर हो गए और उन पर मुकदमा चालू हो गया। इस मुकदमे के लिए किंकेड साहब को जानबूझ कर बाहर से बुलाया गया और वे जज बनाये गए।

"गुरुकुल जाकर मुझे ५-६ महीने ही हुए थे कि इतने में ही इस लेख के कारण मेरे नाम से वारंट निकला। यह देख कर गुरुकुल के व्यवस्थापकों को अच्छा नहीं लगा। मैं भी अदालत में हाजिर होने की इच्छा से गुरुकुल से निकल पड़ा और निकलते-निकलते मैंने एक और लेख लिखा जिसमें मैंने शाहू को शंखासुर कहकर उनका उपहास किया था। यह लेख 'इन्दुप्रकाश' (बम्बई के एक दैनिक) में छपा। इसके छपने

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

से शाहू का पारा और चढ़ गया, जो स्वाभाविक ही था। ऐसे समय ऐसा लेख लिखना मेरे लिए यद्यपि उचित नहीं था, पर तारुण्य का उन्माद जो होता है, वह जो कुछ भी करवा दे, कम ही है। बम्बई सरकार ने मुझे फरार करार दे दिया।"

"मैं हरिद्वार से निकला और अहमदनगर, पूना, बेलगांव जाकर अपने मित्रों से मिला और उन्हें मैंने बताया कि मैं हाज़िर होने के लिए कोल्हापुर जा रहा हूं। यह सुन कर सभी मित्रों ने सलाह दी कि तुम स्वयं हाजिर मत होओ, अपना काम करते रहो, जब वे स्वयं आकर तुम्हें पकड़ें, तब हाजिर होना। उसके अनुसार मैं कोल्हापुर न जाकर बेलगांव के पास अनगोल नामक गांव में मराठे नाम के एक धनवान् जमींदार के यहां रहने लगा। उनकी सलाह से प्रसंगानुसार काम करने का मैंने निश्चय कर लिया।"

कुरुंदवाड रियासत के बड़ा भाग और छोटा भाग के रूप में दो भाग थे, उनमें छोटे भाग में हंगिरगे नामक गांव में पंडित जी अनमोल गांव के श्री मराठे के घर में "श्रीदास" के नाम से रहे। उन पर ब्रिटिश सरकार की नजर थी ही। अतः उसने कुरुंदवाड रियासत की मार्फत पंडित जी को पकड़ने की तैय्यारी की, पर यह बात कान में पड़ते ही पंडित जी छुपते छुपाते कुरुंदवाड के बड़े भाग में पहुंच गए। उन दोनों भागों के शासक भिन्न-भिन्न थे। इस प्रकार बहुत दिनों तक पंडित जी राज्यकर्ताओं की आंखों में धूल झोंकते रहे। बेलगांव के आसपास तीन चार रियासतों की सरहदें आकर मिलती थीं, वे सरहदें पंडित जी के लिए बहुत सुविधाजनक साबित हुईं। विदेशी सत्ता के सभी गुप्त समाचार पंडित जी को मिलते रहे, पर पंडित जी के कार्यक्रम से सरकार परिचित न होने पाये, और यदि ज्ञात भी हो जाए, तो भी वह पंडित जी को पकड़ न पाये, इस प्रकार की चालबाजियां पंडित जी खेल रहे थे। पंडित जी की ये चालबाजियां आशातीत रूप से सफल हुईं। पंडित जी आगे लिखते हैं—

"प्रो. विजापुरकर पर मुकदमा शुरु हो गया और उन पर ६ मास तक मुकदमा चला, अन्त में उन्हें ३ वर्ष की सख्त कैद की सजा दी गई। तब तक मैं अनगोल गांव में ही रहा। इस मुद्दत में मैंने श्रीमद्भागवत, महाभारत और रामायण का अध्ययन किया और "ज्ञानप्रकाश" के लिए कुछ लेख भी लिखे।"

प्रो. विजापुरकर के मुकदमे का निर्णय हो जाने के बाद मेरे सामने यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ कि अब मैं क्या करूं? बम्बई, पूना या हैदराबाद जाकर रहना असंभव था। गुरुकुल में जाकर रहना भी असंभव था। इस कारण मद्रास की तरफ जाने का मैंने निश्चय किया और गोदावरी जिले के पीठापुरं नामक स्थान पर जा पहुंचा। यह स्थान कोकोनाड से ६ मील दूर है। वहां जाकर मैं पीठापुरं के महाराजा से मिला, उन्हें अपनी चित्रकारी के कुछ नमूने भी दिखाये। वे उन्हें पसन्द आ गए और उन्होंने अपने पिता आदियों के चित्र बनाने का काम मुझे दिया। नॉर्दर्न सरकार नामके जो प्रान्त थे, वह यही प्रान्त थे। यहां के राजा बहुत धनवान् थे। उन्हें शासन करने का जरा सा भी अधिकार नहीं था, राजधानी में भी उन्हें कोई पूछता नहीं था, पर एक-एक का वार्षिक उत्पन्न १०-२० लाख के करीब होता था। इस कारण यह प्रान्त मेरे चित्रकला के काम के लिए बड़ा उपयुक्त रहेगा,

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

यह सोच कर यहीं रहने का मैंने निश्चय कर लिया। पहले ही वर्ष पीठापुरं के राजा साहब ने मुझे ५-६ हजार रु० का काम दिया। काम पूरा करके मैंने पैसे लिए, पर जब हिसाब लगाया तो पता चला कि पिछले दो तीन वर्षों में मुझ पर कर्ज इतना लद गया था कि उन कर्जों को अदा करने पर मेरे पास कुल ३००) बाकी रहते थे।"

इस समय गुरुकुल वापिस जाने का विचार फिर मेरे मन में आया। निश्चय करके मैं कलकत्ता होता हुआ गुरुकुल जा पहुंचा। वहां पहुंच कर स्वामी श्रद्धानन्द जी से मिला, सभी को आनन्द हुआ।"

"पर गुरुकुल में आकर पत्र बांटने वाला पोस्टमैन सरकारी जासूस था। उसने मेरे आने की सूचना कलेक्टर को दे दी। उसके द्वारा जारी किए गए वारंट को लेकर ३०० सिपाही, १० घुडसवार और ५० बन्दूकधारी पुलिस के आदमी आए और चारों ओर से उन्होंने गुरुकुल को घेर लिया। स्टेशन रोड पर स्टेशन तक सिपाही खड़े कर दिए गए। दोपहर एक बजे के करीब गुरुकुल को पूरी तरह घेर कर उनका मुख्य घुडसवार गुरुकुल में आया और गुरुकुल के संचालकों से बोला कि पंडित जी को मेरे कब्जे में दे दो। यह सब इतनी शीघ्रता से हुआ कि सबको आश्चर्य हुआ। मेरे आने के ४८ घंटों के अन्दर ही अन्दर यह सब कांड हो गया। अंग्रेजों का सूत्र-संचालन इतनी शीघ्रता से होता था। गुरुकुल पर भी उनका रोष था ही।"

गुरुकुल का सरकार से बिल्कुल स्वतंत्र होना ही उनके सन्देह के लिए पर्याप्त था। आर्यसमाज पर द्रोही होने का जो सन्देह था, उससे भी गुरुकुल के सम्बन्ध में इस सन्देह को विशेष पुष्टि मिली। उस सन्देह की उत्पत्ति के इतिहास में न जाकर यहां एक गुप्त सरकारी लेख की कुछ पंक्तियां इस लिए दी जाती हैं जिससे उस सन्देह का रूप पाठकों के सामने आ जाए।

"आर्यसमाज के संगठन में अभी जो महत्त्वपूर्ण विकास हुआ है, वह वास्तव में सरकार के लिए बहुत बड़े संकट का स्रोत है। वह विकास है गुरुकुल-शिक्षा-प्रणाली। इस प्रांत में आर्यसमाज की धर्म के रूप में आलोचना करते हुए भी उसकी ओर निर्देश करना आवश्यक है। इस प्रणाली में चाहे कितने ही दोष क्यों न हों, किन्तु भक्तिभाव और बलिदान के उच्चभाव से प्रेरित जोशीले धर्मपरायण व्यक्तियों का दल तैय्यार करने का यह सबसे सुगम और उपयुक्त साधन है। क्योंकि यहां आठ बरस की आयु में बालकों को माता पिता के प्रभाव से भी बिल्कुल दूर रखकर त्याग, तपस्या और भक्तिभाव के वायुमण्डल में उनके जीवन को कुछ निश्चित सिद्धान्तों के अनुसार ढाला जाता है, जिससे उनके रगरग में श्रद्धा और आत्मोत्सर्ग की भावना घर कर जाती है। यदि इस प्रकार की शिक्षा का क्रम आर्यसमाज के सुयोग्य और उत्साही नेताओं की सीधी देखरेख में बालकों की सत्रह बरस की आयु तक बराबर जारी रहा, जो कि मनुष्य के जीवन में सबसे अधिक प्रभावशाली समय है, तो इस पद्धति से जो युवक तैय्यार होंगे वे सरकार के लिए अत्यन्त भयानक होंगे। उनमें वह शक्ति होगी, जो इस समय के आर्यसमाजी उपदेशकों में भी नहीं है। उनमें पैदा हुआ व्यक्तिगत दृढ विश्वास और अपने सिद्धान्त के लिए कष्ट सहन करने की भावना, समय आने पर प्राणों तक को न्यौछावर कर देना साधारण

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

जनता पर बहुत गहरा प्रभाव डालेगा। इससे उनको अनायास ही ऐसे अनगिनत साथी मिल जाएंगे, जो उनके मार्ग का अवलम्बन करेंगे और उनसे भी अधिक उत्साह से काम करेंगे। यह याद रखना चाहिए कि उनका उद्देश्य सारे भारत में एक ऐसे जातिधर्म की स्थापना करना होगा जिससे सारे हिन्दू एक भ्रातृभाव की शृंखला में बंध जाएंगे। वे सब दयानन्द के सत्यार्थप्रकाश के ग्यारहवें समुल्लास की इस आज्ञा का पालन करेंगे कि श्रद्धा और प्रेम से अपने तन-मन-धन सर्वस्व को देशहित के लिए अर्पण कर दो।"

इसी सरकारी लेख में गुरुकुल कांगड़ी के बारे में आगे इस प्रकार लिखा है--

'सरकार के लिये सबसे अधिक विचारणीय प्रश्न यह है कि इस समय आर्यसमाज के गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करने वाले उपदेशकों का शिक्षा समाप्त करने के बाद सरकार के प्रति क्या रुख होगा? इस समय के उपदेशकों की अपेक्षा वे किसी और ढांचे में ढले हुए होंगे। जिस धर्म का वे प्रचार करेंगे, उसका आधार व्यक्तिगत विश्वास एवं श्रद्धा होगी, जिसका जनता पर सहज में बहुत प्रभाव पड़ेगा। उनके प्रचार में मक्कारी, सन्देह, समझौता और भय की गन्ध भी न होगी और सर्वसाधारण के हृदय पर उसका सीधा असर पड़ेगा। पंजाब की पुलिस की रिपोर्टों में यह दर्ज है कि सन् १८९९ में जब लाला मुंशीराम अमृतसर के पंडित रामभजदत्त के साथ गुजरात, सियालकोट और गुजरांवाला का दौरा करते हुए धनसंग्रह कर रहे थे, तब उन्होंने सरकार की निन्दा शरारत से भरे हुए शब्दों में अन्य बातों के साथ यह कहते हुए की थी कि सिपाही कितने मूर्ख हैं जो सत्रह-अठारह रुपयों पर भरती होकर अपना सिर कटवाते हैं। गुरुकुल में शिक्षित होने के बाद ऐसा करने वाले आदमी सरकार को नहीं मिलेंगे। कांगड़ी में मनाये जाने वाले गुरुकुल के वार्षिकोत्सव पर कोई साठ-सत्तर हजार आदमी प्रतिवर्ष इकट्ठा होते हैं। कई दिनों तक यह उत्सव होता है। पुलिस, स्वास्थ्यरक्षा आदि का सब प्रबन्ध गुरुकुल के अधिकारी स्वयं करते हैं। बंगाल में मेलों पर जिस प्रकार स्वयं-सेवक सब प्रबन्ध करते हैं, वैसे ही यहां ब्रह्मचारी स्वयंसेवकों का सब काम करते हैं। संगठन की दृष्टि से यह काम बिलकुल त्रुटिरहित है। उत्सव पर इकट्ठा होने वाले लोगों का उत्साह भी आश्चर्यजनक होता है। बड़ी-बड़ी रकमें दान में दी जाती हैं और अच्छी संख्या में उपस्थित होने वाली स्त्रियां आभूषण तक देती हैं। विचारणीय विषय यह है कि गुरुकुल से निकले हुए इन संन्यासियों का राजनीति के साथ क्या संबंध रहेगा? इस सम्बन्ध में गुरुकुल की, महाशय रामदेव की लिखी हुई एक रिपोर्ट की भूमिका बड़ी रोचक है। उसके अन्त में लिखा है कि गुरुकुल में दी जाने वाली शिक्षा सर्वांश में राष्ट्रीय है। आर्यसमाजियों का बायबिल 'सत्यार्थ-प्रकाश' है। जो देशभक्ति के भावों से ओतप्रोत है। गुरुकुल में इतिहास इस प्रकार पढ़ाया जाता है, जिससे ब्रह्मचारियों में देशभक्ति की भावना उद्दीप्त हो। उनमें उपदेश और उदाहरण दोनों से देश के लिए उत्कट प्रेम पैदा किया जाता है। इसमें कुछ भी सन्देह नहीं कि गुरुकुल में यत्नपूर्वक ऐसे राजनीति के संन्यासियों का दल तैयार किया जा रहा है, जिसका मिशन सरकार के अस्तित्व के लिये भयानक संकट पैदा कर देगा। गुरुकुल की दीवारों पर ऐसे चित्र लगे हुए हैं, जिनमें अंग्रेजी राज से पहले की भारत की अवस्था

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दिखाई गई है। लखनऊ के सन् १८५७ के राज-विद्रोह के चित्र भी लगाये गये हैं। बिजनौर के डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट मि. एफ् फोर्डने जोन ऑफ् आर्क का भी वह बड़ा चित्र गुरुकुल में लगा हुआ देखा था, जिसमें वह अंग्रेजों के विरुद्ध सेना का संचालन कर रही है।'

(स्वामी श्रद्धानन्द--लेखक सत्यदेव विद्यालंकार, पृष्ठ ३४१ से ३४६)।

इसके आगे पंडित जी लिखते हैं--

"गुरुकुल के सभी विद्यार्थी तरुण, सशस्त्र और राष्ट्रीय वृत्ति के थे। उन्होंने कहा कि हम पंडित जी को नहीं देंगे। यह सब नीचे चल रहा था और मैं ऊपर आराम कर रहा था। वहीं से मैंने पुलिस और घुड़सवारों को देखा। इसी बीच में मुझे मालूम पड़ा कि मेरी खोज करने के लिए ही सरकार की इतनी बड़ी तैय्यारी है। मैंने गुरुकुल के ब्रह्मचारियों से कहा कि "मैं स्वयं पुलिस के हवाले होता हूं, तुममें से कोई भी पुलिस को न रोके।" उन्होंने मेरी बात मान ली और मैं पुलिस के हवाले हो गया। इसी समय सिपाही मेरे हाथों में हथकड़ियां और बाहुओं में डोरी बांध कर मुझे कलक्टर के कार्यालय में ले गये। मुझ पर (१) खून करने का और (२) राजद्रोह करने का इस प्रकार दो आरोप थे। इसलिए मुझे थाने में रात भर बंद करके दूसरे दिन बिजनौर सेन्ट्रल जेल ले गए और वहां बेड़ियां पहना कर मुझे बंद कर दिया गया।

(वैदिक धर्म से साभार)

--०--

गुजरात आयुर्वेद यूनिवर्सिटी, जामनगर

गुजरात यूनिवर्सिटी की प्रथम सेनेट की प्रथम बैठक दिनांक २२-१०-६७ दिन रविवार को 'धन्वन्तरि मन्दिर' जामनगर में श्री माननीय कुलपति श्री सी. एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी, जिसका उद्घाटन गुजरात के राज्यपाल माननीय श्री नित्यानन्द कानुनगो के वरद हस्त द्वारा किया जाएगा। जिसमें गुजरात आयुर्वेद यूनिवर्सिटी की सेनेट ने गुजरात सरकार द्वारा नीचे लिखे सात व्यक्तियों को मनोनीत किया है:--

१. श्री पी. एन. वी कुरुप, न्यू दिल्ली
२. श्री डा. चन्द्रशेखर जी ठक्कूर, मुम्बई
३. श्री डा. पी. एम. मेहता, जामनगर
४. श्री के. पी. शाह, जामनगर
५. श्री नवलशंकर एन. वैद्य, राजकोट
६. श्री के. का. शास्त्री, अहमदाबाद
७. श्री कन्हैयालाल ऐस ठाकर, सुरत

निवेदक
वृजलाल के. शाह
रजिस्ट्रार

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल समाचार

श्री सूर्यप्रकाश "मदन" विद्यालंकार (प्रतिष्ठित)

धूप और छाया के मध्य लटकती-सी प्रकृति हठात् मनोरम आभा से मन का अपहरण कर लेती है। कभी प्रखर सूर्य किरणें हैं तो कभी बादलों से आच्छादित हो जाने के कारण छाया और अकस्मात् ही वर्षा का हो जाना, यह सब कौतुहल स्थानीय हो जाता है। यह सब सहसा परिवर्तन जीवन की विभिन्न प्रकार की सीढ़ियों के द्योतक हैं। धीमे २ प्रकृति से बादलों की सफाई होने लगी और आकाश फिर अपनी पूर्ण आभा से आलोकित हो उठा है।

स्वतन्त्रता दिवस को कुलभूमि में सोत्साह मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के छात्र अध्यापक एवं कार्यकर्त्ता कार्यालय के सम्मुख एकत्रित हुए। इस अवसर पर राष्ट्र-ध्वजा का आरोहण उपकुलपति, श्री आचार्य प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति ने किया। आपने शिक्षकों अध्यापकों तथा राष्ट्रीय छात्र सेना के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'यह दिन हमारे आत्म-निरीक्षण का दिन है। हमारी अपनी उन्नति से राष्ट्र की सच्ची एवं सही उन्नति हो सकती है।' आपने कुलवासियों को सन्देश देते हुए तिरंगे के तीनों रंगों के आशय को समझाया।

इसी के साथ ही साथ श्री उपकुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय तथा विज्ञानमहाविद्यालय की एन.सी.सी. की दोनों कम्पनियों की सलामी ली एवं निरीक्षण किया। आपने छात्रों की सुव्यवस्थित साज-सज्जा का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की।

श्रावणी पर्व

२० अगस्त को श्रावण मास की पूर्णिमा को होने वाला श्रावणी पर्व विधिवत् अमृत वाटिका की यज्ञशाला में यज्ञ द्वारा प्रारम्भ हुआ। इस बृहद् यज्ञ में समस्त विभागों के छात्र एवं अध्यापक वृन्द तथा समस्त अन्य कुलवासी उपस्थित हुए। यज्ञ तथा वेदपाठ के उपरान्त उपकुलपति श्री आचार्य जी ने श्रावणी से सम्बन्धित प्राचीन व अर्वाचीन परम्परा व उसके महत्त्व को प्रदर्शित करने वाला प्रवचन किया। आपने कहा कि "वर्षाऋतु के कारण अनध्याय रहने के कारण आज श्रावण मास की पूर्णिमा से ही हमारे प्राचीन समय में अध्ययन प्रारम्भ होता था। इसके साथ कालक्रम से रक्षाबन्धन द्वारा भाई-बहन के पुनीत सम्बन्ध की पवित्र भावना साकार हो गई। इस बात की स्पष्टता इतिहास प्रसिद्ध हुमायूं के पास भेजे हुए रक्षा-सूत्र से हो जाती है।"

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

२६ अगस्त को प्रातः आठ बजे वेद मन्दिर में श्रीकृष्णजन्म-दिवस मनाया गया। इसमें यज्ञ के पश्चात् गीता के कुछ विशिष्ट अध्यायों का पाठ

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

किया गया । इस अवसर पर अनेक विद्वानों ने श्री कृष्ण जी के अनेक रूपों को लेकर अपने अपने शब्दों में चित्रांकित करने का प्रयत्न किया । हमको उनके सच्चे तथा उपयुक्त रूप योगीराज, राजनीतिज्ञ तथा मानव श्रेष्ठ रूप में लेना चाहिये ।

वेद सप्ताह

जैसा कि आप लोगों को विदित है कि श्रावण मास की पूर्णिमा से पुराने समय में गुरुकुल में पुनः वेद पाठ का प्रारम्भ दैनिक रूप से प्रारम्भ होता था । उसी भावना से प्रेरित हो इस पर्व पर वेद सप्ताह का आर्यसमाज गुरुकुल कांगड़ी की ओर से आयोजन किया गया । जिसमें वेद की महत्ता तथा समृद्धि-शीलता को व्यक्त करने वाले वेदज्ञ विद्वानों के पाण्डित्यपूर्ण भावों को लिये सरस एवं रोचक शैली में व्याख्यान हुए । इस अवसर पर उपकुल-पति श्री आचार्य प्रियव्रत जी, श्री पं० धर्मदेव जी, डा० हरिदत्त जी शास्त्री श्री रामनाथ जी आदि विद्वानों के भाषण हुए, जो निस्संन्देह श्रवणीय थे ।

सांस्कृतिक गोष्ठी

२० अगस्त रात्रि को ८ बजे पंचायत राज प्रशिक्षण केन्द्र के सभा भवन में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक गोष्ठी का समायोजन किया गया । जिसका सभापतित्व राजधानी दिल्ली के अंचल से आए विद्वान् संगीतज्ञ श्री विपिन-चन्द्र जी गान्धर्व महाविद्यालय कमला नगर ने किया । गोष्ठी में रंग-बिरंगे कार्यक्रम छात्रों द्वारा प्रस्तुत किये गये । वीर के वेग, करुण के अश्रु, शृंगार की सज्जा तथा हास्य की मधुर झंकार के साथ गोष्ठी धीमे धीमे कदम बढ़ाती गई । कुल मिलाकर कार्यक्रम बहुत ही मनोरंजक रहा । समस्त छात्र इस प्रयत्नस्वरूप प्रशंसा पात्र हैं ।

मनोविज्ञान विभाग

मनोविज्ञान विभाग की ओर से १३ अगस्त को प्रातः १० बजे वेदमंदिर में मनोविज्ञान विषय के ख्यातिप्राप्त विद्वान् श्री कृपानारायण जी सक्सेन ने विशेष व्याख्यान दिया । आपने मनोविज्ञान की सीमा का निर्देश करते हुये उसकी मानव के लिये क्यों और किस लिये आवश्यकता है इसका स्पष्टीकरण बहुत ही सरस एवं रोचक शैली में किया अन्त में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शंकाओं का समाधान भी आपने किया ।

हिन्दी विभाग

विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के तत्वावधान में २२ सितम्बर को प्रातः ८ बजे प्रयोगयुगीन नवीनतम धारा में योगदान देने वाले प्रमुख कवि श्री प्रयागनारायण जी त्रिपाठी का 'प्रयोगवाद व नई कविता' पर स्नातकोत्तर कक्षा के छात्रों के स्तर का विश्लेषणात्मक व्याख्यान हुआ । सर्व-प्रथम हिन्दी-विभागाध्यक्ष डा० अम्बिकाप्रसाद जी वाजपेयी ने आपका परिचय एक श्रेष्ठ कवि, सम्पादक तथा अखिल भारतीय आकाशवाणी केन्द्र पर एक कुशल अधिकारी के रूप में कराया ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

त्रिपाठी जी ने नई कविता पर पाश्चात्य पृष्ठ भूमि को ले विश्लेषणात्मक व विचारात्मक परिभाषा प्रस्तुत की। आपने कविता को भाषा की सीमा में परिभाषा देते हुए कहा—'कविता अन्तर्मन की चीज है। यदि कविता को वाह्यात्मक माना जाए तो, उसे फोटोग्राफी तो कहा जा सकता है, पर पेन्टिग नहीं।"

व्याख्यान के अन्त में आपने कुछ समय छात्रों की शंका के समाधानार्थ दिया तथा छात्रों द्वारा प्रस्तुत शंकाओं का समाधान आपने प्रसन्न चित्त से किया। हिन्दी विभाग के साथ-साथ विश्व-विद्यालय आपको धन्यवाद देता है। भविष्य में भी उसे पूर्ण आशा है कि आप इसी प्रकार की सदैव कृपा बनाये रक्खेंगे।

शोक सभा

हमें महान् दुःख है कि गत मास हिन्दी साहित्य के गौरव दीपों का निर्वाण हो गया। जिसमें विक्रम विश्वविद्यालय के उपकुलपति तथा प्रमुख साहित्यिक एवं श्रेष्ठ समालोचक श्री आचार्य नन्ददुलारेजी वाजपेयी का स्थान प्रमुख रूपेण उल्लेखनीय है। आचार्य वाजपेयी जी से हिन्दी साहित्य को जो गौरव प्राप्त था उसका वर्णन अवर्णनीय सा ही प्रतीत होता है। यदि आपको हिन्दी साहित्य रूपी स्वर्ण की निकष के रूप में संज्ञा दे दी जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

सभा के प्रारम्भ में स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र सूर्यप्रकाश विद्यालंकार ने आचार्य वाजपेयी जी के परिचय के साथ-साथ दो अन्य दिवंगत प्रकाशस्तम्भ आचार्य श्री शान्तिप्रिय जी द्विवेदी तथा श्रीकृष्ण-लाल जी का संक्षिप्त परिचय दिया। इसके पश्चात् हिन्दी विभागाध्यक्ष डा० अम्बिकाप्रसाद जी वाजपेयी ने तीनों दिवंगत आत्माओं को समस्त उपस्थित समुदाय की ओर से श्रद्धाञ्जलि समर्पित की। अन्त में दो मिनट का मौन व्रत धारण कर आत्मा की सद्गति की प्रार्थना की गई।

अभिनन्दन

इतिहास विभाग के अध्यक्ष श्री पं० हरिदत्तजी वेदालंकार एम० ए० का अभिनन्दन समारोह।

२४ सितम्बर को गुरुकुल कांगड़ी विश्व-विद्यालय में इतिहास विभाग के अध्यक्ष श्री पं० हरिदत्त जी वेदालंकार एम० ए० को मध्यप्रदेश सरकार की शासन साहित्य परिषद् द्वारा उनके कूटनीति विषयक ग्रन्थ-अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध पर १९६५ का १५००) का कौटिल्य पुरस्कार प्रदान किये जाने पर इतिहास परिषद् द्वारा एवं इतिहास विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विद्यासभा भवन में सायंकाल ४ बजे एक सभा का एवं जलपान का आयोजन किया गया। इसमें पंचपुरी के प्रतिष्ठित साहित्यिक,गुरुकुलके सभी अधिकारी एवं उपाध्याय, भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स के तथा हरिद्वार के उच्च सरकारी अधिकारी सम्मिलित हुए। समारोह की अध्यक्षता श्री पं० प्रियव्रत जी उपकुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने की।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विद्यार्थियों की ओर से इतिहास परिषद् मंत्री श्री कृष्णचन्द्र शर्मा ने एक अभिनन्दन पत्र पढ़ा जिसमें यह बताया गया था कि गुरुकुल एवं इतिहास विभाग के लिये यह बड़े गर्व और गौरव की बात है कि पण्डित जी को आठवीं बार इस प्रकार का साहित्यिक पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

इतिहास परिषद् के प्रधान मन्त्री श्री जबरसिंह सेंगर ने अपने अभिनन्दन भाषण में पण्डित जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि विद्यार्थी उनसे कितना अधिक लाभ उठा रहे हैं और पण्डित जी किस प्रकार उनके लिये अध्ययन में सब प्रकार की सहायता दे रहे हैं और विश्वविद्यालय स्तर की इतिहास एवं राजनीति विषयक ग्रन्थों का प्रणयन कर रहे हैं। इस सभा में मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष श्री मिश्र जी, श्री किशोरीदास जी वाजपेयी, तथा श्री विष्णुदत्त जी राकेश ने भी अपने भाषण में इस पुरस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुये पण्डित जी का अभिनन्दन किया।

पंडित जी ने अपने भाषण में यह कहा कि इस पुरस्कार और सफलता का सारा श्रेय गुरुकुल को ही है जहां उन्होंने विद्या प्राप्त की और जिस संस्था के पुस्तकालय में बैठ कर उन्होंने ये पुस्तकें लिखीं।

अन्त में श्री आचार्य जी ने यह कहा कि इस पुरस्कार से गुरुकुल का गौरव बढ़ा है। श्री पण्डित जी गुरुकुल के योग्यतम स्नातकों में से हैं और हमारी यह इच्छा है कि पण्डित जी शतायु हो कर और इससे भी अधिक समय तक जीवित रहते हुये इस प्रकार की कृतियां लिखते रहें और पुरस्कार प्राप्त करते रहें। श्री विनोदचन्द्र जी सिन्हा द्वारा अभ्यागत महानुभावों को धन्यवाद एवं जलपान के साथ यह समारोह समाप्त हुआ।



CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वेदों के ऋषि

श्री पं० भगवद्दत्त वेदालंकार

यह लेख वेदवाणी संवत् २०१३, कार्तिक मार्गशीर्ष के वेदांक में प्रकाशित हो चुका है।

गुरुकुल कांगड़ी से प्रकाशित 'ऋषि-रहस्य' नामक पुस्तक की भूमिका में संक्षेप में हमने यह दर्शाया था कि अति प्राचीनकाल से वेद के ऋषि महान् विवाद के विषय बने हुये हैं। इनके सम्बन्ध में प्रमुख समस्या यह है कि वेद-मन्त्रों पर जो ऋषि लिखे जाते हैं, बृहद्देवता व सर्वानुक्रमणी आदि में मन्त्रों व सूक्तों के जो ऋषि दिये गये हैं, क्या वे उन सूक्तों व मन्त्रों के रचयिता हैं? या केवल उनके द्रष्टा ही हैं। इस विवेचनीय विषय के सम्बन्ध में प्रमुखरूप से दो तीन वाद प्रचलित हैं, जो कि इस प्रकार हैं—

१ ऐतिहासिक।

२ अर्द्धपौरुषेय।

३ अपौरुषेय।

इनमें अर्द्धपौरुषेय का भाव यह है कि मन्त्र-निहित ज्ञान तो भगवान् का है, पर मन्त्र-संगठना, मन्त्र में शब्दविन्यास आदि ऋषिकृत् है। यदि सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो यह वाद भी ऐतिहासिक वाद के ही अन्तर्गत समाविष्ट हो जाता है। एक प्रकार से ऋषियों के सम्बन्ध में प्रमुख रूप से दो ही वाद समझने चाहियें। इन दोनों वादों के पक्ष-विपक्ष में विद्वानों द्वारा बहुत कुछ लिखा गया और अब भी लिखा जा रहा है। जिस प्रकार अपौरुषेय-वादी स्वपक्ष के मंडन व परपक्ष के खण्डन में परि-मार्जित व प्रबलतर नवीन युक्तियां व प्रमाण सामने ला रहे हैं, उसी प्रकार ऐतिहासिक दृष्टिकोण वाले विद्वान् भी स्वपक्ष-पोषण में नयी से नयी युक्तियां व प्रमाण सामने लाते हैं और इस प्रकार अपौरुषयवादियों के पाश-बन्धन से बचने का उपाय करते रहते हैं। इसकी व्यापक जानकारी के लिये जिज्ञासु पाठकों को दोनों प्रकार के विद्वानों के ग्रन्थों व लेखों का अवलोकन करना चाहिये। अब हम यहां इन वादों के प्रत्येक पहलू पर विस्तृत व व्यापक विवेचन न कर अतिसंक्षिप्त टिप्पणी ही प्रस्तुत करते हैं।

ऐतिहासिक वाद

ऐतिहासिकों की मान्यता है कि ऋषि मन्त्रों के रचयिता हैं। इस सम्बन्ध में समय २ पर कई प्रकार के विचार व प्रमाण आदि अभिव्यक्त किये जाते रहे। पर अब प्रमुख रूप से जो प्रमाण व युक्ति वे प्रस्तुत करते हैं, उनको हम दो भागों में विभक्त कर सकते हैं।

१. प्रथम तो यह कि वेद ऋषियों की रचना है, इस तथ्य का प्रतिपादन स्वयं मन्त्र ही करते हैं। यदि किसी मन्त्र में वेद को भगवान् से उच्छ्वसित माना भी गया है तो वह पश्चात् काल का मन्त्र है, क्योंकि वेदों को इस मौजूदा रूप में आने में बड़ा व्यापक व क्रमिक काल व्यतीत हुआ है।

२. दूसरे वेद के अतिरिक्त ब्राह्मण ग्रन्थादि अर्वाक्कालीन वैदिक साहित्य को वैदिक समस्याओं के हल में गौणरूप में प्रमाणकोटि में तो रक्खा जा सकता है; परन्तु उनकी मान्यताओं को वेदों पर थोपा नहीं जा सकता। इस सम्बन्ध में उनका कथन यह है कि वैदिक विचार-धारा को अर्वाक् कालीन साहित्य पूर्णरूपेण स्पष्ट नहीं कर सकता, क्योंकि यह साहित्य वेदों की दृष्टि से अत्यन्त अर्वाचीन है।

इसी भांति वेद के सम्बन्ध में ऐतिहासिकों की अनेकों विचार-धारायें दृष्टिगोचर होती हैं, जिनका

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

समाधान अपौरुषेयवादियों द्वारा होना अत्यन्त आवश्यक है। हमारे विचार में भी यदि ऐतिहासिकों की युक्तियों व प्रमाणों का बहुत कुछ समाधान वेद से ही किया जा सके तो वही पूर्ण समाधान हो सकेगा। अन्य ब्राह्मणादि ग्रन्थों व भाष्यकारों को वैदिक तथ्य की पुष्टि में बेशक रक्खें, परन्तु वह तथ्य सर्वप्रथम स्वयं वेद से ही उद्भासित होना चाहिये। अब ऐतिहासिक विद्वान् वेदों के ऐतिहासिकत्व व ऋषियों के मन्त्रकर्तृत्व की पुष्टि में जो प्रमाण प्रस्तुत करते हैं उदाहरणार्थ उनमें से कुछ मन्त्र वाक्य हम यहां उद्धृत करते हैं।

"जो[1] पूर्वकाल में ऋषि हो चुके हैं और जो नवीन ऋषि हैं, हे इन्द्र! उन दोनों प्रकार के मेधावी ऋषियों ने मन्त्रों (ब्रह्माणि) की रचना की है।"

"जिन[2] पूर्व ऋषियों की स्तुतियां अब हमने सुनी हैं, वे पुरुषमात्र के हितकारी थे।"

"स्तुति[3] करते हुये वे पुरातन कवि।"

"ऋत[4] को धारण करने वाले वे पूर्वकालीन कवि निश्चय से देवों के साथ दिव्य आनन्द लूटते थे।"

"हे[5] मित्रावरुणौ! तुम दोनों के सेवन के लिये जो नये स्तोत्र व मन्त्र (ब्रह्म) बनाये हैं, इनका तुम सेवन करो।"

"हे[1] इन्द्राग्नि! तुम आज इस नवनिर्मित स्तोत्र का सेवन करो।"

उदाहरणार्थ कुछ मन्त्र-वाक्य हमने यहां उद्धृत किये। इस प्रकार के शतशः वाक्य वेदों में उपलब्ध होते हैं, जिनके आधार पर ऐतिहासिक लोग यह सिद्ध करते हैं कि वेद ऋषियों की रचनायें हैं, जिनमें क्रमिक विकास व पूर्वापर भाव दृष्टिगोचर होता है।

इस प्रकार मन्त्रगत इन प्रमाणों के होते हुये ब्राह्मण ग्रन्थ आदि अर्वाक् कालीन वैदिक साहित्य को व किसी भी भाष्यकार को इसके विपरीत प्रमाण रूप में प्रस्तुत करना ऐतिहासिकों की दृष्टि में नगण्य है।

दूसरे जिन मन्त्रों में वेदों को भगवान् से उच्छ्वसित माना है, ऐतिहासिकों की दृष्टि में उसके निम्न दो समाधान हो सकते हैं।

१. यह मानव स्वभाव है कि मनुष्य अपने सर्वोच्च धार्मिक ग्रन्थ को पवित्रतम व अपौरुषेय मानने लगते हैं। इसी कारण कुरान, बाईबिल आदि धार्मिक ग्रन्थ उनके अनुयायियों द्वारा निर्भ्रान्त, अलौकिक व अपौरुषेय माने जाने लगे। यही भावना व यही प्रयत्न अन्य सब सम्प्रदायों में हमें दृष्टिगोचर होता है। इसी स्वभाव के वशीभूत पश्चाद् भावी भारतीय ऋषियों व भाष्यकारों ने भी वेदों को अपौरुषेय माना। इसलिये ऐतिहासिकों का यह कहना है कि जिन मन्त्रों में वेदों को भगवान् का निःश्वास व उच्छ्वास माना है, वे वेदों के निर्माण-काल में बहुत पीछे के हैं और अगाध व अटूट श्रद्धा के परिणाम हैं।

२. ऐतिहासिकों द्वारा इसका दूसरा समाधान अर्द्धपौरुषेय पक्ष को मानकर किया जाता है। उनका इस सम्बन्ध में यह कहना है कि यदि मन्त्रों

---

१ ये च पूर्व ऋषयो ये च नूत्ना इन्द्र ब्रह्माणि जनयन्त विप्राः। ऋ० ७।२२।९।

२ उतो घा ते पुरुष्या इदासन् येषां पूर्वेषाम-शृणोर्ऋषीणाम्॥ ऋ० ७।२९।४।

३ ते चिद्धि पूर्वे कवयो गृणन्तः। ऋ० ७।५३।१।

४ ते इद् देवानां सधमाद आसन् ऋतावानः कवयः पूर्व्यासः। ऋ० ७।७६।४।

५ प्र वां मन्मानि ऋचसे नवानि कृतानि ब्रह्म जुजुषन्निमानि॥ ऋ०७।६१।६।

१ शुचिं नु स्तोमं नवजातमद्य। ऋ०७।९३।१।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

के आधार पर हम यह मान भी लेवें कि वेद भगवान् के उच्छ्वास हैं तो भी इसका इतना ही तात्पर्य है कि मन्त्रों में निहित ज्ञान तो भगवान् का है, पर मन्त्र-रचना अर्थात् मन्त्रों में शब्दविन्यास आदि ऋषियों का अपना है। कई विद्वानों की ऐसी ही मान्यता है। इससे इनके मत में वेद भगवान् के ज्ञान भी हैं और उनकी ऐतिहासिकता भी अक्षुण्ण बनी रहती है।

ऐतिहासिक उलझन

ऐतिहासिक उलझनें कई प्रकार की हैं। यथा सूक्त व मन्त्र के ऋषि से मन्त्र का पूर्ववर्ती सिद्ध हो जाना, सूक्त व मन्त्र के ऋषियों के समकालीन व्यास, जैमिनि आदि अन्य ऋषियों द्वारा वेदों को अपौरुषेय सिद्ध करना इत्यादि—उलझनों के और भी कई प्रकार-भेद हो सकते हैं। कहीं तिथिभेद की अड़चन है, कहीं ऋषिभेद सामने आ खड़ा होता है, कहीं वर्णनों में विपरीतता आदि दृष्टिगोचर होती है। इसी प्रकार की अनेकों अड़चनें सामने आ खड़ी होती हैं। प्रश्न यह है कि ये उलझनें व अड़चनें क्यों पैदा होती हैं? ऐतिहासिकों का इस सम्बन्ध में एक ही उत्तर है और वह यह कि पूर्व काल में भारतीय साहित्य में ऐतिहासिक दृष्टिकोण का न होना। तिथि के आधार पर जो उलझनें पैदा होती हैं, उसके सम्बन्ध में ऐतिहासिकों का ह्विटनी के शब्दों में यह कहना कि—

"All dates given in indian literary history are pins set up to be bowled down again".

अर्थात् भारतीय साहित्य की सम्पूर्ण ऐतिहासिक तिथियां पत्ते में तरतीबवार जड़े हुये उन पिनों के सदृश हैं, जिन्हें कि उखाड़ कर फिर नये सिरे से जड़ना होगा।

विण्टरनिट्ज के शब्दों में कहना चाहें तो यह कह सकते हैं कि "प्राचीन भारतीय साहित्य को कोई निश्चित तिथिक्रम देना ही नहीं चाहिये।"

इस प्रकार ऐतिहासिकों की दृष्टि में सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय साहित्य की कोई निश्चित तिथि नहीं है, इसलिये ऋषियों की भी तिथियां निश्चित नहीं हैं। दूसरे एक ही नाम के अनेकों [1]ऋषि वेद व वेदोत्तर-कालीन साहित्य में उपलब्ध होते हैं। जहां कि व्यास, जैमिनि, याज्ञवल्क्य वसिष्ठ, विश्वामित्र आदि कई २ हैं। इस सम्बन्ध में ऐतिहासिकों का कहना यह है कि महाभारत व पुराण आदि अर्वाचीन साहित्य में वर्णित किसी ऋषि से मन्त्र को पूर्ववर्ती सिद्ध कर देना—कर्तृवाद का खण्डन नहीं है इससे यही सिद्ध होगा कि उस ऋषि से मन्त्र पूर्व का है और वह ऋषि मन्त्रकर्ता ऋषि नहीं है।

कुछ समय हुआ ऐतिहासिक दृष्टिकोण रखने वाले विद्वान् के साथ विचार विनिमय करते हुये एक ऐतिहासिक उलझन सामने आयी। और वह यह कि इक्ष्वाकुवंशी राजा हरिश्चन्द्र व रोहित का एक स्वरूप महाभारत व पुराण आदि में देखने को मिलता है, जिसमें कि राजा हरिश्चन्द्र का चरित्र बहुत ऊंचा दिखाया गया है। वह सत्यवादी है, दृढ़प्रतिज्ञ है, धर्मात्मा है। इस प्रकार सत्पुरुष में जो उत्कृष्ट गुण होने चाहियें वे सब उसमें दृष्टिगोचर होते हैं। उसका राजपाट चला जाता है, ऋण पूरा चुकता नहीं तो ऋण से उऋण होने के लिये वह शूद्र के घर बिकता है। इसी प्रकार इक्ष्वाकु-वंशीय राजा हरिश्चन्द्र व रोहित का एक दूसरा रूप भी है, जो कि पूर्वरूप से बिल्कुल विपरीत है। और वह ऐतरेय ब्राह्मण में शुनःशेप के प्रकरण में आता है।

---

१ वैदिक वाङ्मय का इतिहास' रचित श्री पं० भगवद्दत्त जी बी० ए०।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

जहां कि उस राजा हरिश्चन्द्र के १०० रानियां हैं, पर किसी से पुत्रोत्पत्ति नहीं होती। वरुण देव से पुत्रप्राप्ति की प्रार्थना की जाती है। वे देव इस शर्त पर पुत्र देते हैं कि उस पुत्र की मुझ पर बलि चढ़ानी होगी। शर्त स्वीकार की जाती है। पुत्र पैदा होता है और 'रोहित' नाम रक्खा जाता है। वरुण भगवान् बलि लेने आते हैं। राजा हरिश्चन्द्र अपने वचन से डिग जाते हैं। वरुण भगवान् से बहाना बनाते हैं और उन्हें लौटना पड़ता है। इस भांति कई बार बहाना बनाकर उन्हें लौटाते हैं। अन्त में कोई बहाना न मिलने से रोहित जंगल में भाग जाता है। और राजा हरिश्चन्द्र को वरुण के शाप से जलोदर हो जाता है। अब विचारणीय यह है कि इन दोनों परस्पर विरोधी कथानकों का समन्वय कैसे हो? एक ओर तो सत्यवादी, दृढ़प्रतिज्ञ हरिश्चन्द्र है और दूसरी ओर विषयलोलुप, असत्यवादी और प्रण पूरा न करने वाला दुनियादार आदमी। यह एक ऐतिहासिक उलझन है। इस सम्बन्ध में मेरा हल तो यह था कि ऐतरेय ब्राह्मण का यह कथानक आलंकारिक है। उत्पत्तिशास्त्र में इसका स्पष्टीकरण हो सकता है। पर उस ऐतिहासिक विद्वान् ने इसके दो परिणाम निकाले।

१. एक तो यह कि समय के व्यवधान से ये राजा हरिश्चन्द्र दो विभिन्न व्यक्ति हो सकते हैं।

२. दूसरा यह कि यदि ऐतरेय ब्राह्मण के कथानक को आलंकारिक मानें तो यह स्वीकार करना पड़ता है कि महीदास ऐतरेय में ऐतिहासिक दृष्टिकोण नहीं था। उसे इतना भी न सूझा कि आगे भविष्य में यह ऐतिहासिक उलझन पैदा करेगा। उसे चाहिये था कि अपने कथानक के पात्र ये ऐतिहासिक व्यक्ति न चुनता।

उनका कहना यह था कि ऐतिहासिकों के मत में प्रायः सम्पूर्ण भारतीय साहित्य ऐतिहासिक युग से पूर्ववर्ती काल का है, अतएव ऐतिहासिक उलझन का होना स्वाभाविक है। उनसे यही प्रेरणा मिलती है कि हम उन्हें फिर सुलझाने का प्रयत्न करें। ऐतिहासिकों का भारतीय साहित्य पर आक्षेप ही यह है कि पूर्ववर्ती काल में भारत में ऐतिहासिक दृष्टिकोण नहीं था। इसी कारण वेदों से अत्यन्त अर्वाचीन काल के कालिदास आदि महामहिम कवियों का भी ठीक ठीक काल निर्णय नहीं हो सक रहा। वेद के ऋषियों का तो कहना ही क्या? और फिर जिस ऋषि-रचना-सिद्धान्त को वेद स्वयं प्रतिपादित करते हैं, उसका अर्वाचीन साहित्य के आधार पर ऐतिहासिक उलझन खड़ी करके अपलाप करना ठीक नहीं है।

अचेतन व तिर्यक् जाति के ऋषि

कर्तृवाद के निराकरण के लिये एक युक्ति यह दी जाती है, जो कि उदाहरणार्थ निम्न प्रकार है।—

वेदों के ऋषियों में अनेक ऋषि ऐसे हैं, जो तिर्यक् जाति के प्राणी हैं, भौतिक अचेतन पदार्थ हैं, उनमें मन्त्र रचना की सामर्थ्य कैसे हो सकती है? उदाहरणार्थ—कपोतो नैर्ऋत्यः, मत्स्यः, सांमदः (श्री पं० उदयवीर शास्त्री)

क्वचित् क्वचित् मन्त्रों के ऋषि नदी, पर्वत, सूर्य की चक्षु, कूर्म, मत्स्य, शंख, कपोत, श्येन, ऋषभ हैं। क्या ये पदार्थ भी कभी मन्त्रों के कर्ता हो सकते हैं?

(श्री पं० प्रियरत्न जी आर्ष स्वामी ब्रह्ममुनि 'वेद में इतिहास नहीं')।

इसी प्रकार पं० प्रियरत्न जी आर्ष ने अपनी पुस्तक में श्रद्धा, शिवसंकल्प आदि अवस्था, गुण, क्रिया तथा विविध भावों के द्योतक अनेकों ऋषियों का परिगणन किया है और ऋषिभेद, ऋषिविकल्प

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

आदि का भी उन्होंने दिग्दर्शन कराया है। इसी भांति अनेकों विद्वानों ने इन सब प्रमाणों व युक्तियों को कर्तृवाद के निराकरण में प्रयुक्त किया है। परन्तु ऐतिहासिकों की दृष्टि में ये प्रमाण व युक्तियां भी कोई मूल्य नहीं रखती।

१. ऐतिहासिकों का यह कहना है कि ये सब नाम व्यक्तिविशेष व जाति-विशेष के हो सकते हैं। और यह भी आवश्यक नहीं कि ये उपाधिरूप में हों। क्या प्राचीन युग और क्या अर्वाचीन युग, क्या पौरस्त्य देश और क्या पाश्चात्य देश—इनमें किसी भी देश के इतिहास पर दृष्टिपात कर लेवें, सर्वत्र व्यक्तियों व जातियों के ऐसे नाम उपलब्ध होंगे, जो कि पशु पक्षियों व भौतिक अचेतन पदार्थों के भी होंगे। हमारे ही भारतीय इतिहास में कई ऐसे ऋषि हैं, जो पशु पक्षियों व अचेतन पदार्थों से उत्पन्न हुये हैं। या तो उनकी उत्पत्ति इसी भांति अद्भुत व अलौकिक मानी जाये, यदि नहीं तो उनके माता-पिता के नाम पशु-पक्षियों के नाम थे ऐसा मानना पड़ेगा। दिग्दर्शन के लिये हम कुछ उदाहरण यहां प्रस्तुत करते हैं।

[1]ऋष्यश्रृंग ऋषि मृगी से उत्पन्न हुआ है। मन्दपाल मुनि बटेर (लाविका) से पैदा हुआ है, और कणाद महामुनि उलूकी (उल्लू) के गर्भ से पैदा हुआ। कौशिक[2] कुशा घास से, जम्बूक ऋषि गीदड़ से, बाल्मीकि ऋषि बाम्बी से गोतम ऋषि खरगोश के पृष्ठ से, और अगस्त्य ऋषि घड़ेसे पैदा हुये हैं। इसी प्रकार तित्तिर, कपोतरोम आदि अनेकों ऋषि पशु-पक्षी-नाम-धारी हुये हैं।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी की सेना में वानर व रीछ आदि योद्धा थे। क्या ये वानर व रीछ आदि जाति-विशेष के नाम नहीं हैं?

महाभारत में सर्पजाति का प्रमुख रूप से वर्णन है। सहस्त्रों प्रकार के सांपों के नाम उस जाति के व्यक्तियों ने रक्खे हुए थे। जिनमें आस्तीक नाम का एक सांप ऋषि भी था।

और आधुनिक समय तक भारतीयों में ऐसी प्रवृत्ति रही है, कुक्कड़, गीदड़, मेंढ़े, खगार आदि पशु-पक्षी योनियों के नाम वे अपनाते रहे हैं। काबेरी, गंगा, यमुना, सरस्वती आदि नदियों के नाम स्त्री जगत् में आजकल पर्याप्त प्रचलित हैं। इतना ही नहीं कि पशु-पक्षियों के नाम मनुष्य जाति अपनाती रही है। वेषभूषा भी पशु-पक्षियों की वे अपनाते रहे हैं। इतिहास में ऐसी जातियों के वेशभूषा व चरित्र का वर्णन बहुत आता है। और आजकल भी जंगली जातियों में उनकी निशानियां देखी जा सकती हैं। पुनश्च योरोपियन जो कि ऐतिहासिकत्व के प्रबल पोषक हैं, उनके लिये तो यह युक्ति कोई युक्ति नहीं है। उनके यहां तो विशेषकर अंग्रेज जाति में व्यक्तियों के नाम पशु, पक्षी, तथा अचेतन पदार्थों के नाम पर ही रक्खे जाते हैं। उदाहरणार्थ—मि० फोक्स (लोमड़ी) मि० बुल (बैल) मि० नाइटिंगेल (बुलबुल)। इगलैंड का एक प्रधान मन्त्री हो चुका है, जिसका नाम था ग्लैडस्टन। इसका अर्थ है, प्रसन्न पत्थर।

इस प्रकार क्या पौरस्त्य और क्या पाश्चात्य जगत् सर्वत्र व्यक्तियों के नाम पशु पक्षियों के नाम से रक्खे जाते रहे हैं। अतः ऐतिहासिकों की दृष्टि

---

१ मृगिजोऽथर्ष्यश्रृँगोऽपि वसिष्ठो गणिकात्मजः। मन्दपालो मुनिश्रेष्ठो लाविकापत्यमुच्यते। उलूकीगर्भसँभूतः कणादस्तु महामुनिः। भविष्य पुराण।

२ तत्र जात्यन्तरजन्तुष्वेनकजातिसम्भवाः महर्षयो वहवः सन्ति। ऋष्यश्रृङ्गो मृग्यः, कौशिकः कुशात्, जाम्बूको जम्बूकात्, वाल्मीको वल्मीकात्, शशपृष्ठात् गौतमः, अगस्त्यः कलशे जातः इति श्रुतत्वात्, वज्रसूचिकोपनिषत्॥

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में इस युक्ति व प्रमाण का कोई मूल्य नहीं है कि ऋषियों के नाम, कपोत, श्येन, ऋषभ आदि पशु पक्षी योनियों के और भौतिक पदार्थों के नहीं हो सकते ।

कर्तृवाद के निराकरण में अन्य युक्तियाँ

कर्तृवाद के निराकरण में कुछ युक्तियां और दी जाती हैं, जो कि संक्षेप में इस प्रकार हैं ।

१. एक मन्त्र के अनेकों ऋषि होना ।
२. ऋषिभेद व ऋषिविकल्प का होना ।

एक मन्त्र के अनेकों ऋषि—

उपरिलिखित युक्तियां कई विद्वानों की दृष्टि में इस बात को सिद्ध करती हैं कि कोई विशिष्ट ऋषि इनका रचयिता नहीं है । इस सम्बन्ध में ऐतिहासिकों का यह कथन है कि मन्त्र-निर्माण में अनेकों ऋषियों का समुच्चय हो सकता है । जिस प्रकार एक भरी सभा में विद्यमान सदस्य प्रस्ताव पास करते हुये प्रस्ताव के शब्दों की युक्ति-युक्तता व शब्द-विन्यास पर पूर्ण विचार कर प्रस्ताव का निर्माण करते हैं । उसी प्रकार मन्त्र-निर्माण में भी दो तीन, या अनेकों ऋषियों का समुच्चय होना स्वाभाविक है । वेद में शतं वैखानसाः (९ म० ३६ सू०) आदि ऋषि इसी बात के द्योतक हैं ।

ऋषि-विकल्प--

हमारे विचार में विकल्प अनिश्चय का द्योतक तो होता है, पर सदा नहीं । विकल्प के और भी कई कारण हो सकते हैं । और यह भी नहीं कि विकल्प रचना व कर्तृवाद का खण्डन करने वाला ही हो । इस सम्बन्ध में दूर न जाकर डी० ए० वी० कालेज लाहौर से प्रकाशित होने वाली 'वैदिक कोष' को ही ले लीजिये । इस 'वैदिक कोष' को कई विद्वान् श्री पं० भगवद्दत्त जी बी. ए. रिसर्च स्कौलर के नाम से स्मरण करते हैं, तो कई विद्वान् श्री पं० हंसराज जी के नाम से । वास्तविकता यह है कि इस कोष की विद्वत्तापूर्ण भूमिका श्री पं० भगवद्दत्त जी ने लिखी है और इसके निर्माण की योजना बनाई है । परन्तु ब्राह्मणग्रन्थों से शब्दों का संग्रह श्री पं० हंसराज जी ने किया है । यह एक प्रकार का विकल्प है । दूर भविष्य में जाकर यही विकल्प पूर्ण विकल्प का रूप धारण कर सकता है । परन्तु इस विकल्प से यह सिद्ध नहीं होता कि कोष का इन दोनों विद्वानों मे से किसी ने भी निर्माण नहीं किया ।

दूसरे आधुनिक समय में यह भी परिपाटी प्रचलित है कि दो दो विद्वान् मिलकर पुस्तक रचना करते हैं । यदि एक पुस्तक के दो लेखक हों तो उनके अपने २ परिवारों, अपने २ शिष्यों, व अनुयायिवर्गों में पुस्तक के सम्बन्ध में अपने गुरु का नाम लिया जाना स्वाभाविक है । यही तथ्य आगे जाकर विकल्प का रूप धारण कर सकता है । इसी प्रकार मन्त्रों के सम्बन्ध में भी कहा जा सकता है ।

यदि एक श्लोक के तीन चरण राजा भोज ने बनाये और जब श्लोक का चौथा चरण भोज को नहीं सूझा तो शय्या के नीचे पड़े चोर ने बना दिया, तो क्या दो ऋषि मिलकर मन्त्र-निर्माण न करते होंगे । शैक्सपीयर के नाटकों के सम्बन्ध में विद्वानों में यह विवाद बड़ा उग्र रूप धारण कर चुका है कि इन नाटकों का लेखक शैक्सपीयर है या बैकन । कई विद्वान् शैक्सपीयर को मानते हैं और कई बैकन को । यदि अन्वेषणों से सर्व-सम्मत निर्णय न हो सका कि इन नाटकों का लेखक कौन है ? तो इसका स्वाभाविक परिणाम यह होगा कि कई विद्वान् शैक्सपीयर को, कई बैकन को और कई विद्वान् दोनों को ही मानने लगेंगे । परन्तु इस

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विकल्प से यह निर्णय तो नहीं निकलता कि शैक्स-पीयर व बैकन में से कोई भी इन नाटकों का लेखक नहीं है। मन्त्रों के विकल्प के सम्बन्ध में भी हमें ऐसा ही समझना चाहिये।

मन्त्रकर्ता ऋषि

मन्त्र ऋषियों द्वारा रचे गये हैं, इस सम्बन्ध में ऐतिहासिकों की एक युक्ति यह भी है कि उत्तर-कालीन वैदिक साहित्य में तो 'मन्त्रकृत्' शब्द का प्रयोग प्रचुर मात्रा में हुआ ही है, पर स्वयं वेद में भी ऋषियों को 'मन्त्रकृत्' कहा गया है।

ऋग्वेद कहता है कि हे कश्यप[1] ऋषि ! मन्त्रकृत् ऋषियों द्वारा निर्मित स्तुतिसमूह से अपनी वाणी को अलंकृत व परिवर्धित कर।.....मैं स्तुतियों का कर्ता हूं।

इस प्रकार निम्न प्रमाणों के आधार पर हमें यह मानने के लिये बाधित होना पड़ता है कि वेदमन्त्र ऋषियों की रचनायें हैं।

१. 'मन्त्रकृत्' शब्द के प्रयोग की दृष्टि से वेद व वेदोत्तर-कालीन साहित्य में हमें एकरूपता दृष्टिगोचर होती है।

२. 'मन्त्रकृत्' पद में मन्त्र-रचना का भाव सन्निहित है, इसकी पुष्टि में संहितातिरिक्त मन्त्रों की उपलब्धि होती है।

३. वेदों के अन्य मन्त्र भी मन्त्रनिर्माण को सिद्ध करते हैं। इसलिये 'मन्त्रकृत्' पद में भी कृ धातु का रचना अर्थ ही लेना चाहिये। वे मन्त्र उदाहरणार्थ हम पूर्व दर्शा चुके हैं।

इस प्रकार उपर्युक्त युक्तियों के आधार पर और 'मन्त्रकृत्' पद में कृ धातु का प्रयोग देखकर ऐतिहासिक विद्वान् वेदों को ऋषियों की रचना मानते हैं। इसके समाधान में अपौरुषेयवादी विद्वानों का यह कथन है कि धातुयें अनेकार्थक होती हैं। कृ धातु का 'करना' अर्थ ही नहीं है, 'दर्शन' आदि अन्य अर्थ भी होते हैं। इसकी पुष्टि में वे मन्त्र-दर्शन (मण्डलमपश्यत्, स्तोमान् ददर्श० आदि) को प्रकट करने वाले प्रमाणों को उपस्थित करते हैं। और वेदों के ऋषि रचना के विरोधी अन्य प्रमाणों के बल से यह सिद्ध करने का प्रयत्न करते हैं कि 'कृ' धातु का यहां पर रचना अर्थ नहीं है। इस सम्बन्ध में ऐतिहासिकों का यह कहना है कि 'कृ' धातु के अनेकार्थक होने से वेदों के कर्तृवाद का खण्डन नहीं हो जाता।

धातु के अनेकार्थ एक क्रिया में इकट्ठे रह सकते हैं। क्योंकि क्रिया पूर्वापरीभूतावयव रूप होती है—अर्थात् एक प्रमुख क्रिया में अनेकों गौण क्रियायें सहायक रूप में सम्मिलित होती हैं। जिस प्रकार 'पचति' क्रिया में चावलों के चुगने से लेकर धोना, पात्र में डालना, आग पर चढ़ाना, इत्यादि अनेकों क्रियायें सम्मिलित होती हैं। इस दृष्टि से 'कृ' धातु में 'करना' अर्थ के साथ 'दर्शन' अर्थ भी रह सकता है। और वह इस प्रकार कि कवि अर्थात् ऋषि ने प्रकृति का दर्शन किया, निरीक्षण किया और इस दर्शन व निरीक्षण के आधार पर मन्त्र-रचना कर दी। अर्थात् प्रकृति आदि के दर्शन से जो भाव उद्बुद्ध हुये उनको छन्द आदि की परिधि में रखते हुये शाब्दिक रूप दे दिया। वे 'मन्त्र-

---

१ ऋषे मन्त्रकृतां स्तोमैः कश्यपोद्वर्धयन् गिरः। ऋ० ९।११४।२॥ कारुरहमस्मि कर्ता स्तोमानाम्। निरु० ६।५॥ तान् होवाचार्बुदः काद्रवेयः सर्पऋषिर्मन्त्रकृत्। ऐ० ब्रा० ६।१॥ शिशुर्वा आङ्गिरसो मन्त्रकृतां मन्त्रकृदासीत्। तां० ब्रा० १३।३।२४॥ ऋषिभ्यो मन्त्रकृद्भ्यो मन्त्रपतिभ्यो०। तै० आ० ४।१।१॥ नमः ऋषिभ्यो मन्त्रकृद्भ्यो मन्त्रपतिभ्यः। शां० आ० ७।१॥

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

द्रष्टारः' में दर्शन से मन्त्र-शरीर दर्शन नहीं मानते, अपितु मन्त्र-विषयक वस्तु आदि का दर्शन मानते हैं। जिस प्रकार गौ शब्द से गोदुग्ध, गोचर्म आदि अनेकों अर्थ ग्रहण कर लिये जाते हैं, उसी प्रकार मन्त्रद्रष्टारः प्रयोग में मन्त्र-शरीर का ही ग्रहण क्यों किया जाये, मन्त्र-निर्माण में सहायक सामग्री, मन्त्रनिहित भाव आदि का ग्रहण क्यों न किया जाये ? इस प्रकार ऐतिहासिकों की दृष्टि में दर्शन और करना ये दोनों पूर्वापरीभूत रूप हैं। और जहां केवल दर्शन का प्रयोग किया है, उसकी व्याख्या यूं भी की जा सकती है कि दर्शन और करना इन दोनों पूर्वापरीभूत क्रियाओं में दर्शन प्रमुख है। एक ही वस्तु को सामान्य जन भी देखता है और एक कवि भी देखता है। सामान्य जन को उस वस्तु में कुछ नहीं दिखाई देता पर कवि को उसमें बहुत कुछ दिखाई देता जाता है। तुकबन्दी तो एक गौण वस्तु है, वास्तव में तो दर्शन ही है। इसी दर्शन की उत्कृष्टता के कारण मन्त्रकर्तारः के स्थान में मन्त्र-द्रष्टारः को प्रमुखता दे दी गई है। परन्तु इन दोनों 'कर्तारः, द्रष्टारः' में विरोध न हो जाये, ये दोनों एक ही तथ्य के द्योतक हैं, एक ही पूर्ण क्रिया के पूर्वापरीभूत क्रियायें हैं--इस बात के द्योतन के लिये ऋषियों ने दोनों प्रकार के वाक्यों का प्रयोग कर दिया है। कहीं उन ऋषियों को कर्ता कह दिया है और कहीं द्रष्टा।

ऋषिराद्यः प्रजापतिः--वह प्रजापति भगवान् आद्य ऋषि हैं। यदि यहां भी ऋषि का भाव मन्त्र-द्रष्टा मानें तो भगवान् में भी वेदों का कर्तृत्व न रहेगा। इसलिये ऋषि का भाव मन्त्रद्रष्टा में ही नहीं। इसके कई भाव हो सकते हैं एक वे ऋषि हैं, जो केवल मन्त्रार्थद्रष्टा हैं। दूसरे वे ऋषि हैं जो मन्त्र-रचना के लिये देवता-विषयक वस्तु का दर्शन करते हैं। एक वे भी ऋषि हैं जिनको (ऐनक) पहन कर मन्त्रों का दर्शन होता है। इसलिये ऋषि का जो भाव हम अपौरुषेय-वादी ग्रहण करते हैं, यह आवश्यक नहीं कि ऐतिहासिक भी उसी भाव को ग्रहण करें।

ऋषि प्रवक्ता व प्रयोक्ता

वेदोत्तर-कालीन साहित्य में ऋषियों को जो प्रयोक्ता व प्रवक्ता कहा गया है। इससे भी मन्त्र-रचना में कोई बाधा उपस्थित नहीं होती। प्रारम्भ में जब ऋषियों ने मन्त्रों की रचना कर यज्ञादि में उनका प्रयोग किया तो उस समय मन्त्रों के कर्ता और प्रयोक्ता दोनों ही रूप उनके थे। परन्तु पीछे यास्क व दुर्गाचार्य आदि के समय में मन्त्र-कर्तृत्व समाप्त होता गया और प्रयोक्तृत्व व द्रष्टृत्व ही शेष रहा। यदि पीछे के भाष्यकारों ने 'कृ' धातु का केवल प्रयोक्ता व द्रष्टा में ही पूर्णार्थ समझा तो इससे यह नहीं सिद्ध हो जाता कि उस भाष्यकार से पूर्व मन्त्र-रचना होती नहीं थी। शाखा, संहिताओं व सूत्रग्रन्थों आदि में ऐसे अनेकों मन्त्रों की भरमार है, जो संहिताओं में नहीं आते हैं।

चारों संहिताओं से अतिरिक्त मन्त्र

ऐतिहासिकों का यह मन्तव्य है कि किसी काल-विशेष में इतस्ततः बिखरे हुये मन्त्रों का संहिता रूप में संकलन किया गया। परन्तु ऐसे अनेकों मन्त्र प्रभूतमात्रा में उपलब्ध होते हैं, जो कि चारों संहिताओं में किसी कारण से स्थान न पा सके। ये मन्त्र ब्राह्मणों ,आरण्यकों व सूत्रग्रन्थों में बहुतायत से पाये जाते हैं। जो उपयोग संहिताओं के मन्त्रों का है, वही उपयोग इनका भी है। प्रार्थना, उपासना, यज्ञ, याग, जप, ध्यान आदि सभी क्षेत्रों में ये मन्त्र उसी प्रकार प्रयुक्त होते हैं, जिस प्रकार संहिताओं के मन्त्र। प्रयोग की दृष्टि से तो हमें संहिता-मन्त्रों से इनका कम सामर्थ्य व इनका

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

निकृष्ट स्थान दृष्टिगोचर नहीं होता । केवल प्राचीन ऋषियों ने ही इनका यज्ञ यागों में प्रयोग नहीं किया, अपितु आधुनिक युग के वेदोद्धारक स्वामी दयानन्द ने भी उनका उसी रूप में प्रयोग किया है, जैसा संहिता मन्त्रों का । सन्ध्या व अग्निहोत्र के कई मन्त्र वेदोत्तरकालीन साहित्य के हैं । और स्वामी दयानन्द रचित सन्ध्या के मार्जन मन्त्र वेदोत्तरकालीन किस ग्रन्थ के हैं, यह हमें अभी तक पता नहीं लग सका । क्या ये मन्त्रकृत् ऋषि दयानन्द के मन्त्र नहीं माने जा सकते ? यदि ऐसा नहीं है और किसी प्राचीन ग्रन्थ के ये मन्त्र हैं, ऐसा सिद्ध हो जाये तो भी संहिताओं के ये मन्त्र नहीं हैं, यह तो निश्चित ही है ।

काल्पनिक मन्त्र

संहितातिरिक्त मन्त्रों को कई विद्वान् काल्पनिक मन्त्र मानते हैं । हमारी दृष्टि में इनके लिये काल्पनिक संज्ञा नहीं देनी चाहिये । काल्पनिक शब्द के साथ कुछ २ अवास्तविकता का भाव जुड़ा हुआ है । श्री पं० युधिष्ठिर जी मीमांसक ने काल्पनिक मन्त्रों की रचना का जो प्रकार बताया है कि "तत्पश्चात् मन्त्रों के विभिन्न स्थानों के विभिन्न वाक्य जोड़कर मन्त्रों की रचना की गई" यह उक्ति क्या संहिता-मन्त्रों में नहीं घटती ? अनेकों पुनरुक्त मन्त्र इसके उदाहरण हैं । और कई मन्त्रों में हमें यह दिखाई देता है कि एक ऋषि के मन्त्र में से दो एक शब्द परिवर्तित कर दूसरे ऋषि ने अपने नाम से वह मन्त्र उद्धृत कर दिया । ऐतरेय ब्राह्मण वर्णित विश्वामित्र और वामदेव का सम्पात सूक्तों के सम्बन्ध में विवाद इन्हीं तथ्यों का ज्वलन्त उदाहरण है । ऐतिहासिक दर्शन को मन्त्ररचना में सहायक मानते हैं विरोधी नहीं, यह बात हमें सदा ध्यान में रखनी चाहिये । और फिर वेदों में क्रमिक विकास मानने वाले और कई कालों में संहिताओं को विभक्त करने वाले ऐतिहासिकों का यही तो कथन है । पुनश्च मन्त्र-पुनरुक्ति के अतिरिक्त अर्थ व भाव की पुनरुक्ति इतनी अधिक है कि यदि वैज्ञानिक दृष्टि से मन्त्रों का संकलन किया जाये तो चारों संहिताओं में थोड़े से मन्त्र ही शेष रहेंगे और और सबको त्याग देना पड़ेगा । मन्त्र पुनरुक्ति और अर्थ व भाव पुनरुक्ति के दोष से यदि हम कुछ बच सकते हैं तो उसी अवस्था में जब कि त्रयी विद्या अर्थात् ऋग्, यजुः और साम का वास्तविक भेद क्या है यह पता चल जाये । दूसरे मन्त्रार्थ करते हुये ऋषि, देवता और छन्द इन तीनों का ध्यान रक्खा जाये । इन सब विषयों पर हम फिर कभी विस्तार से लिखेंगे ।

मन्त्रकृतः ऋषयः— (अपूर्वोत्पत्ति)

कई विद्वान् 'मन्त्रकृत्' आदि पदों में 'कृ' धातु का रचना व उत्पत्ति अर्थ तो स्वीकार कर लेते हैं, परन्तु मन्त्र की अपूर्वोत्पत्ति नहीं मानते । उनके मत में 'मन्त्रकृत्' पद में रचना व उत्पत्ति का भाव गौण है । मन्त्र नित्य हैं, इन नित्य मन्त्रों का प्रकाश क्योंकि ऋषियों के माध्यम से हुआ, इसलिये गौण भाव में ऋषियों को 'मन्त्रकृतः' कह दिया गया है । उनकी दृष्टि में 'मन्त्रकृत' में 'कृ' धातु किसी अपूर्व वस्तु की उत्पत्ति को सूचित नहीं करती । इस सम्बन्ध में ऐतिहासिकों का यह कहना है कि अर्द्ध-पौरुषेय पक्ष में भी तो मन्त्रों की अपूर्वोत्पत्ति नहीं है । जिस प्रकार सुवर्णाभरण और मृत्तिका से घट आदि निर्मित होते हैं, उसी प्रकार ऋषियों के हृदय में अघढ़ अवस्था में उत्पन्न भागवत ज्ञान से ही ये मन्त्र ऋषियों द्वारा रचे गये हैं । इसमें भी अपूर्वोत्पत्ति नहीं है और ऐतिहासिकता का भी निराकरण नहीं होता । अन्त में हमारा यही निवेदन है कि जिन

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

साधनों का अवलम्बन कर ऐतिहासिक लोग वेदों में इतिहास आदि का वर्णन व उन्हें ऋषि-रचना मानते हैं, उन्हीं साधनों को ग्रहण कर उनका खण्डन अति दुष्कर है।

अर्द्ध पौरुषेय-वाद

वेदों से लेकर आर्ष परम्परा तक जितना भी वैदिक वाङ्मय है, उसमें वेदों को एक स्वर से भागवत ज्ञान माना गया है, पर इसकी व्याख्या आर्ष-परम्परा के प्रति श्रद्धालु विद्वानों द्वारा दो दृष्टि बिन्दुओं से की जाती है, जो कि अपौरुषेय व अर्द्ध-पौरुषेय नाम से सम्बोधित किये जाते हैं। इन दोनों वादों के प्रचलन व अस्तित्व में पूर्वप्रेरणा स्वयं वेदों से ही हुई है, ऐसा हम निश्चय से कह सकते हैं। क्योंकि वेदों को भागवत ज्ञान बतलाने वाले मन्त्रों के साथ ऐसे भी मन्त्र वेदों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं, जिनसे यह ध्वनित होता है कि मन्त्रों का निर्माण ऋषियों ने किया है।

इस मत के आधार पर मन्त्रों में निहित ज्ञान तो भगवान् का है, पर मन्त्र-रचना अर्थात् मन्त्रों में शब्द-विन्यास ऋषियों का अपना है। इस सम्बन्ध में वे जिन मन्त्रों को पेश करते हैं, वे उपर्युक्त पक्ष-पोषण में अत्यन्त प्रभावशाली हैं। उनमें से दो एक मन्त्र इस प्रकार हैं—

"जिन[1] मानव हितकारी ऋषियों ने वरणीय मन्त्र का तक्षण किया।"

"हृदय[2] से तक्षण किये हुये मन्त्रों को जिन्होंने जनता के समक्ष उच्चरित किया।"

इन उपर्युक्त मन्त्रों में तक्षण शब्द पर विचार करना चाहिये। तक्षण का प्रयोग प्रमुख रूप से अघढ़ को सुघढ़ बनाने में होता है। अघढ़ व बेडौल लकड़ी में तरखान व बढ़ई तक्षण द्वारा सुघढ़ता पैदा करते हैं और कुर्सी मेज आदि सुन्दर २ वस्तुओं का निर्माण करते हैं। भगवान् ने द्युलोक व भूमि का जो तक्षण (निरतक्षतम्) किया है, वह पूर्व से ही विद्यमान त्रिगुणात्मक रूपरहित प्रकृति से ही द्यावाभूमी के सुन्दर-सुन्दर रूपों का तक्षण किया है। इससे यह स्पष्ट है कि तक्षण क्रिया द्वारा अघढ़ व रूपरहित विद्यमान वस्तु को रूप दिया जाता है, उसे सुघढ़ बनाया जाता है। इसी प्रकार भगवान् में निहित ज्ञान भगवान् की कृपा से सर्वप्रथम ऋषियों के हृदयों में अघढ़ अवस्था में उद्बुद्ध होता है, उसे वे फिर सुन्दर २ शब्दों द्वारा रूप देते हैं। और इसी प्रकार कवि लोग भी मस्तिष्क में उद्-बुद्ध व उन्मेष रूप में विद्यमान विचार को सुन्दर २ शब्दावलियों द्वारा अलंकृत करते हैं, पुष्पित व पल्ल-वित करते हैं। यह एक प्रकार का ज्ञान का तक्षण है। इसलिए—'यस्माद् ऋचो अपातक्षन्' का अर्थ है कि ऋषियों ने ऋचाओं को जिस परम पुरुष से (अप अतक्षन्) पृथक् करके तक्षण किया। ऐतिहासिक दृष्टि से विचार करने वाले विद्वानों का इस सम्बन्ध में यह कहना है कि जब पूर्व ऋषियों द्वारा सृष्टि के आदि में मन्त्रों का तक्षण किया गया तो उसी प्रकार मन्त्रों का तक्षण पीछे भी हुआ, जो कि अर्वाक्कालीन साहित्य में तक्षण किए गये अनेकों मन्त्र हमें उपलब्ध होते हैं और इसी प्रकार भविष्य में भी मन्त्रों का तक्षण हो सकता है। इस प्रकार अर्द्धपौरुषेय के पक्ष को हमने अति संक्षिप्त रूप में दर्शाया है।

विरोध-परिहार

इन दोनों (अर्द्धपौरुषेय-अपौरुषेय) वादों में वेदान्तर्गत मन्त्रों में निहित ज्ञान के ईश्वरीय होने में तो कोई विरोध नहीं है, पर छन्दोबद्ध मन्त्र के निर्माण में महान् भेद है। अब विचारणीय समस्या यह है कि मन्त्रों का यह पारस्परिक विरोध व विरोधा-भास किस प्रकार दूर हो? अपौरुषेयवादी कहते

---

१ मन्त्रं ये वारं नर्या अतक्षन्। ऋ. ७।७।६।

२ हृदा यत् तष्टान् मन्त्रां अशंसन्। ऋ० १।६७।२।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

हैं कि मन्त्रगत ज्ञान-विज्ञान के साथ-साथ मन्त्रगत छन्दोबद्ध रचना भी भगवान् की की हुई है। अतः उनके मत में वेदों में अनित्य इतिहास लेशमात्र भी नहीं है। और जो मन्त्रों में राजा व ऋषि आदियों के नाम उपलब्ध होते हैं, वे प्रायः शक्तियां व दृष्टियां हैं, जिन को मानवीय चोला पहना दिया गया है। इसके विपरीत अर्द्धपौरुषेय पक्ष का अवलम्बन करने वाले विद्वान् मन्त्रों द्वारा प्रतीयमान विरोध का परिहार इस प्रकार करते हैं कि मन्त्रगत ज्ञान-विज्ञान भगवत् प्रदत्त है, पर छन्दोबद्ध वाक्य-विन्यास ऋषिकृत् है। इसलिए इनके मत में वेदों में सृष्टि के गूढ़तम रहस्यों के साथ ऐतिहासिक घटनाओं का संकेत व ऐतिहासिक व्यक्तियों के नामों का भी निदर्शन होना स्वभाविक है। उनका यह भी कहना है कि वेदों का निर्माण प्रमुख रूप से भागवत ज्ञान के प्रचलन व सृष्ट्यन्तर्गत निगूढ़ रहस्यों के उद्घाटन के लिए हुआ है। अतः मन्त्रों में ऐतिहासिक घटनाओं का पूर्ण विवरण व उन घटनाओं का क्रमिक तारतम्य ढूंढना अनुपयुक्त है। इस प्रकार ये दोनों वाद अपनी अपनी दृष्टि से मन्त्रगतविरोध का परिहार करने का प्रयत्न करते हैं।

अर्द्धपौरुषेय पक्ष में मन्त्रों का स्पष्टीकरण

अब हम यह देखते हैं कि अर्द्धपौरुषेय वादी विद्वान् वेदों के अपौरुषेयत्व को सिद्ध करने वाले मन्त्रों की व्याख्या अपने पक्ष में किस प्रकार करते हैं? उनमें से कुछ मन्त्र निम्न हैं—

ऋ० १०।७१ सू. ऋ० १।४०।५ यजु. ३१।७, अथर्व. ४।३५।६, ९।६।१-२, १०।७।२०, १०।८।३२, ११।७।२४, १९।७।१४।।

अथर्व. १०।७।२० में वेदों के तक्षण आदि का जो विधान है, उसकी अर्द्धपौरुषेय पक्ष में व्याख्या हम पूर्व में दर्शा चुके हैं। इसलिए तत्संबन्धी मन्त्र पर विचार करने की यहां विशेष आवश्यकता नहीं है। ऋ० १०।७१ सू. के प्रथम तीन मन्त्र भी अपौरुषेय पक्ष की अपेक्षा अर्द्धपौरुषेय पक्ष को ही अधिक पुष्ट करते हैं, ऐसा तन्मतावलम्बी विद्वानों का कहना है। उनका यह भी कथन है कि इस सूक्त के एक मन्त्र की व्याख्या यदि हम एतरेयारण्यक की छाया में देखें तो उससे भी अर्द्धपौरुषेय पक्ष की ही झलक मिलती है। वह मन्त्र इस प्रकार है—

१—(बृहस्पते) हे ज्ञानविज्ञान के स्वामी परमात्मन्! (प्रथमं) सृष्टि के आरम्भ में (नामधेयं दधानाः) तुझ से अपने अपने नामों को धारण कर ऋषियों ने (यत्) जो (अग्रं) पहिले पहल (वाचःप्रैरत) बोलने के लिए अपनी बाणी को प्रेरित किया तो उस समय (यत्) जो (एषां) इन ऋषियों का वेद सम्बन्धी (श्रेष्ठं) श्रेष्ठ तथा (अरिप्रं) निर्मल (गुहानिहितं) हृदय गुहा में निहित ज्ञान (आसीत्) था वह (प्रेणा) प्रेरणा करने से (आविः) प्रकट हो गया।

ऐतरेयारण्यक में उपर्युक्त मन्त्र का भाव इस प्रकार विशद किया गया है। 'जिस[1] प्रकार माता-पिता 'तत तात' आदि शब्दोच्चारण कर (प्रथमवादी) प्रथम बोलने वाले कुमार को बोलने के लिए प्रेरणा देते हैं, और कुमार भी अनुकरण में वैसा ही बोलने का प्रयत्न करता है। उसी[2] प्रकार

---

१ बृहस्पते प्रथमं वाचो अग्रं यत् प्रैरत नामधेयं दधानाः।
यदेषां श्रेष्ठं यदरिप्रमासीत् प्रेणा तदेषां निहितं गुहाविः।। ऋ०१०–७१–१।

२ एतां वाव प्रजापतिः प्रथमां वाचं व्याहरदेकाक्षरद्व्यक्षरां ततेति तातेति तथैवैतत् कुमारः प्रथमवादी वाचं व्याहरत्येकाक्षरद्व्यक्षरां ततेति तातेति? तयैवैतत्ततवत्या वाचा प्रतिपद्यते। तदुक्तं ऋषिणा 'बृहस्पते प्रथमं वाचो अग्रमित्येतद्ध्येव प्रथमं वाचो अग्रम्।' ऐ० आ० १।३।३।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

उस अजन्मा भगवान् ने सृष्टि के प्रारम्भ में उत्पन्न उन ऋषियों के नाम रखते हुए अर्थात् तत्तन्नाम से पुकारते हुए बोलने के लिए उन्हें प्रेरित किया। उसी प्रयत्न व प्रेरणा-बल (प्रेणा) का परिणाम यह हुआ कि हृदय गुहा में निहित श्रेष्ठ व निर्मल ज्ञान प्रकट हो गया।

अब प्रश्न यह है कि ऐतरेयारण्यक में जो कुमार की उपमा दे रखी है, अर्थात् जिस प्रकार कुमार शनैः शनैः बोलने का प्रयत्न करता है, क्या उसी प्रकार ऋषियों के शुद्ध उच्चारण आदि में क्रमिक सोपान माना जाय? "वाचो अग्रं" अर्थात् वाणी का प्रारम्भ व वाणी की शुरूआत का स्वरूप क्या है? यदि प्रथमवादी कुमार को लेकर इस पर विचार किया जावे तो यह तो निर्विवाद सिद्ध है कि प्रथमवादी कुमार में वाणी-सौष्ठव नहीं होता वह तुतलाता है। अक्षरों का विपर्यास, भ्रंश व हकलाना आदि कई प्रकार की बाधायें उपस्थित होती हैं। क्या प्रथमवादी ऋषियों में भी ये दोष माने जावें? यही एक समस्या है जिस पर विद्वानों को विचार करना चाहिए। हां! हम यहां इतना अवश्य कह देना चाहते हैं कि कई भगवद्भक्त भाषा-विज्ञानी इस कुमार के दृष्टान्त से भाषोत्पत्ति में क्रमिक विकास को सिद्ध करने का प्रयास करेंगे, जिसमें विशेषता यह होगी कि भाषा की उत्पत्ति में प्रच्छन्न रूप से भगवान् की सहायता भी अन्तर्निहित है।

यदि अर्द्धपौरुषेयवादी उपर्युक्त समस्याओं पर अधिक बल न देकर मन्त्र के उत्तरार्द्ध के आधार पर यह कहें कि उन ऋषियों की हृदयगुहा में जो श्रेष्ठ वा निर्मल ज्ञान प्रेरणा-बल से आविर्भूत हुआ है वह वेदनिहित ज्ञान है, छन्दोबद्ध मन्त्रसमूह नहीं। वे इसकी पुष्टि में ये निम्न प्रमाण दे सकते हैं।

१—एक तो सूक्त का देवता "ज्ञानम्" है। जिससे यही ध्वनित होता है कि यहां वेदनिहित ज्ञान का ग्रहण करना है।

२—दूसरे अर्द्धपौरुषेय पक्ष का प्रबल पोषक इस सूक्त का द्वितीय मन्त्र है।

यदि इन दोनों मन्त्रों को परस्पर सम्बद्ध कर पढ़ें तो अर्द्धपौरुषेय पक्ष ही पुष्ट होता प्रतीत होता है।

मन्त्र में कहा गया है कि "जिस[1] प्रकार छलनी में सत्तु को छानकर पवित्र करते हैं, उसी प्रकार सृष्टि के प्रारम्भ में उत्पन्न उन धीर ऋषियों ने मन से वाणी का निर्माण किया।"

छलनी से सत्तु छानने की उपमा इस तथ्य को स्पष्ट रूप में घोषित करती है, कि जिस प्रकार छलनी द्वारा सत्तु में से भूसी पृथक् कर दी जाती है और सत्तु निर्मल व स्वच्छ हो जाता है, उसी प्रकार सृष्टि के प्रारम्भ में उत्पन्न ऋषियों ने अपने मनों में अघढ़ अवस्था में आविर्भूत ज्ञान में से दोषयुक्त अंश का परित्याग कर सुन्दर २ शब्दावलियां देकर वेद वाणी का निर्माण किया। यह सर्वविदित तथ्य है कि किसी विशिष्ट भाव को घोषित करने के लिये प्रत्येक के हृत्पटल पर कई प्रकार के शब्द आविर्भूत होते हैं, जिन में अनेकों शब्द अनुपयुक्त व हीनकोटि के होते हैं, ज्ञानी पुरुष उन दोष-परिपूर्ण शब्दों का परित्याग कर सुन्दर-सुन्दर वाक्य के रूप में अपने अन्तर्निहित भाव को प्रदर्शित करने का प्रयत्न किया करता है। यही भाव वेदों के तक्षण का है। इस प्रकार ऋ० १०।७१ सूक्त के ये दोनों मन्त्र मिल कर अर्द्धपौरुषेय पक्ष को ही अधिक पुष्ट करते हैं। अब हम शब्द ब्रह्म की दृष्टि से भी इस अर्द्ध पौरुषेय पक्ष पर विचार करते हैं।

शब्द ब्रह्म और वेद

शब्द ब्रह्म के दो रूप हैं, एक नित्य और दूसरा अनित्य। नित्य रूप अव्यवहार्य है, प्रपञ्चोपशम है और अनित्य स्फोट[2] रूप है। अनित्य स्फोटरूप

---

१ सक्तुमिव तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत ऋ० १०।७१।२।

२ स्फोट शब्द का यहां प्रयोग व्याकरण का स्फोट नहीं है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

भी दो प्रकार का है, एक अव्यक्तवाक् और दूसरा व्यक्तवाक्। अव्यक्तवाक् स्वररूप है, शक्तिपुञ्ज है और व्यक्तवाक् व्यञ्जन रूप है और प्रकृति है। इस सम्बन्ध में हम 'वेदों के साक्षात्कार नामक' निबन्ध में विस्तार से विचार कर चुके हैं। कहने का भाव यह है कि नित्य शब्द ब्रह्म स्वयं महेश्वर है, अमात्ररूप है, किसी भी प्रकार के प्रपंच से रहित है। जिस प्रकार समुद्र में बुलबुले पैदा होते रहते हैं, उसी प्रकार इस ध्वनिसमुद्र में अनित्य वाक बुलबुलों की तरह प्रस्फुटित होती रहती है। इसी ध्वनि समुद्र का चित्र तै० सं० ६।४।७।३ में अव्याकृत वाक् के रूप में खींचा है। इसी अव्याकृतवाक् के चित्र को हम सायण-भाष्योपक्रमणिका में से उद्धृत करते हैं। इस उद्धरण का भाव यह है कि प्रारम्भ में एकात्मिका अविच्छिन्न रूपवाली अव्याकृत वाक् थी। देवों ने इन्द्र से प्रार्थना की कि इस वाक् को व्याकृत कर दो। इस पर इन्द्र ने व्याकृत करने के लिये यह वर मांगा कि वाक् के उच्चारण के लिए इन्द्र और वायु दोनों को एक साथ ग्रहण किया जाये। इसलिये व्याकृत वाक् में इन्द्र और वायु दोनों को एक साथ ग्रहण किया जाता है। वाक् को व्याकृत करने के लिए इन्द्र ने यह किया कि उस ध्वनि-समुद्र में अवक्रम, विच्छिन्नता पैदा कर दी[1]।

इस का भाव यह है कि जिस प्रकार समुद्रादि की ध्वनि एकरूप व एकरस रहती है, उसी प्रकार प्रारम्भ में ध्वनि समुद्र भी एकात्मक था। उसमें स्वर, व्यञ्जन, प्रकृति, प्रत्यय, पद, वाक्य आदि कुछ नहीं था। उस समय इन्द्र और वायु अर्थात् मन और प्राण का सहचार हुआ। मन ने प्राणवायु को अवक्रम विधि द्वारा अर्थात् बीच २ में व्याघात करके प्रेरित किया तो पृथक् २ वर्णों, शब्दों तथा वाक्यों आदि की उत्पत्ति होती गई। यह वाक् की व्याकृति कहलाती है। यही भाव पाणिनीय शिक्षा में--"मनः (इन्द्र) कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्" आदि श्लोकों में प्रदर्शित किया गया है। सायणाचार्य ने उपर्युक्त प्रकरण की व्याख्या में यह लिखा है कि "अग्निमीडे पुरोहितमित्यादिवाक् पूर्वस्मिन्काले पराची समुद्रादिध्वनिवदेकात्मिका सत्यव्याकृता प्रकृतिः प्रत्ययः पदं वाक्यमित्यादिविभागकारिग्रन्थरहिता आसीत्" इसका असली तात्पर्य यह है कि "अग्निमीडे पुरोहितं" आदि मन्त्र अर्थात् वेद पुराकाल में समुद्रादि की ध्वनि की तरह एकरूप ही थे। उनमें वर्ण, पद, वाक्य आदि विभाग कुछ नहीं था। इससे यह सिद्ध है कि वाणी की अव्याकृत अवस्था अर्थात् एकात्मिका अवस्था में वेद भी स्वर, व्यञ्जनादि वर्ण तथा छन्दोवद्ध रचना आदि से रहित थे। तो फिर प्रश्न होता है कि क्या थे? कुछ नहीं कह सकते। क्योंकि वह अवस्था वर्णनातीत अवस्था है, शब्दों से परे की स्थिति है। इसी भाव को गीता में यों कहा गया है कि हे अर्जुन! वेद त्रैगुण्यविषयक हैं, तू इस त्रिगुण से ऊपर उठ। इससे यह ध्वनित होता है कि एक ऐसी भी स्थिति है जो वेदों के व्याकृत रूप से भी परे है, जिसका शब्दों द्वारा वर्णन नहीं हो सकता। वेदों में भी इस स्थिति को व उस प्रदेश को त्रिपाद् नाम से कह दिया है। उस स्थिति का वर्णन कुछ नहीं

---

१ वाग् वै पराच्यव्याकृताऽवदत्। ते देवा इन्द्रमनुब्रुवन्निमां नो वाचं व्याकुर्विति। सोऽब्रवीत् वरं वृणै, मह्यं चैवैष वायवे च सह गृह्याता इति तस्मादैन्द्रवायवः सह गृह्यते तामिन्द्रो मध्यतोऽवक्रम्य व्याकरोत्, तस्मादियं व्याकृता वागुद्यते॥ तै० सँ० ६।४।३।
तै० सं० का यह ब्राह्मणभाग ऋ० ७।९२।१ यजु० ७।७ मन्त्र की ही व्याख्या है। इस सन्दर्भ को ऐन्द्र और वायव्यव्याकरणों के प्रति घटाकर व्याकरणकर्ता इन्द्र तथा वायु आचार्यों को सिद्ध करना हमारी दृष्टि में उपयुक्त नहीं है क्योंकि इससे मन्त्रों में मानवीय इतिहास की सत्ता सिद्ध होती है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

किया। ऐसे ही गीता में वेद के इस त्रिपाद् को त्रिगुण से ऊपर इस नाम से कह दिया है। वर्णन भी कैसे हो ? क्योंकि वह स्थिति व प्रदेश तो सब प्रकार की विविधताओं से ऊपर है, एकरस व एकरूप है, जहां स्वयं वेद भी एकात्मिका ध्वनि में निलीन है। मानव-पिण्ड की दृष्टि से विचार करें तो मनुष्यों में भी ध्यानावस्था में एकात्म-प्रत्ययता की स्थिति ऐसी ही है, जहां आत्मा के सिवाय कुछ है ही नहीं। इस स्थिति में सब वेद समाप्त हैं। एकात्मप्रत्ययसार में भी वेदों की त्रिगुणात्मक स्थिति से ऊपर उठना है। इस अवस्था में न स्वर है, न व्यञ्जन है, न पद है न वाक्य और नामरूप भी नहीं है। जब कुछ भी नहीं तो वेद का यह व्याकृत रूप कहां हो सकता है ? [1]इन सब बातों से यह स्पष्ट है कि एक ऐसी वर्णनातीत स्थिति है जो सर्वोत्कृष्ट है, मानवमात्र का ध्येय है, जहां संसार की विविधता कुछ नहीं है। सृष्टि से सम्बन्ध रखने वाले वेदों से भी ऊपर है। अतः हम यह निर्विवादरूप से कह सकते हैं कि वेद सृष्टि-व्यवस्था से ही सम्बन्ध रखते हैं। यहां इतना ही कहना पर्याप्त है कि वेदों का पद, वर्ण, वाक्य आदि क्रमिक रूप मनुष्य के पृथिवी पर अवतरित होने पर ही सम्भव है। और फिर मनुष्य में भी वाक् के चार रूप हैं। इनमें तीन रूप उसके आन्तरिकगुह्य स्तर में निहित हैं। वे सामान्य जन को प्रकट नहीं होते। केवलमात्र वाणी का चौथा रूप जिसे कि बैखरी कहा जाता है, व्यक्त रूप वाला होता है। इस सम्बन्ध में यह भी विचारणीय है कि मानव के अन्दर विद्यमान वाणी के तीन रूपों में से किस में स्वर व्यञ्जनादि हैं और किस में नहीं हैं, परन्तु इससे इतना स्पष्ट है कि सूक्ष्म, सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतम वाणियों में सूक्ष्मतम वाणी ही श्रेष्ठ है, जो कि अत्यन्त अज्ञेय है। और जिसमें स्वर-व्यञ्जनादि नहीं हैं, ऐसा हम कह सकते हैं।

वेद माता-आदिम वाक्

तैत्तिरीय ब्राह्मण में मन्त्र आता है, जो कि इस प्रकार है--

"वागक्षरं प्रथमजा ऋतस्य वेदानां माताऽमृतस्य नाभिः" तै०ब्रा० २।८।८।५।

ऋत की प्रथम उत्पत्ति वाक् है, जो अविनाशी है। वेदों की माता है और अमृत का केन्द्र है।

इस मन्त्र से यह स्पष्ट है कि वेदों की माता वाक् वेदों की सत्ता से पूर्व विद्यमान थी। अब विचारणीय यह है कि ऋत से वाक् की उत्पत्ति और उसका स्वरूप क्या है ? इस सम्बन्ध में संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि यह ऋत भगवान् के अभीद्ध व प्रदीप्त तेज से उस समय पैदा होता है, जब कि भगवान् सृष्टि का निर्माण आरम्भ करते हैं। 'ऋतञ्च सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत। (ऋ०१०।१९०।१) यह ऋत ही आदिम वाक् की उत्पत्ति में कारण है। यह ऋत एक प्रकार की सत्याश्रित प्रारम्भिक गति है (ऋगतौ) हम संसार में यह देखते हैं कि जब किसी वस्तु में गति प्रारम्भ हो जाती है तो वायु आदि के साथ टकराने से उसमें ध्वनि भी होने लगती है। इसी प्रकार सृष्टि के प्रारम्भ में ऋतात्मक गति के प्रारम्भ होने पर जो ध्वनि हुई वही यहां अविनाशी वाक् मानी गयी है। परन्तु हमें यह स्मरण रखना चाहिये कि यह ध्वनिवाक् स्थूल सृष्टि की ध्वनियों से भिन्न है। क्योंकि सृष्टि विकास क्रम में प्रकृति की ऋत अवस्था सूक्ष्म ही थी। इसमें स्थूल सृष्टि का वैविध्य नहीं था। अतः जिस प्रकार ऋत नामक एकरस व सरल गति (ऋजु) होती है, उसी प्रकार इस ऋत से उत्पन्न ध्वनि का सूक्ष्म व एकरस होना

---

१ वेदा अवेदा।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्वाभाविक है। यही ध्वनि अविनश्वर है। जब तक सृष्टि है, तब तक यह ध्वनि निरन्तर रहती है। इससे यह निर्विवाद सिद्ध है कि वेद अपनी व्यञ्जनावस्था से पूर्व ऋतोत्पन्न ध्वनिसमुद्र में लीन थे। यह ध्वनिसमुद्र ही शब्द ब्रह्म है। और यदि 'प्रथमजा ऋतस्य' की व्याख्या यह की जाये कि 'ऋतस्य प्रथमं जनयिता' अर्थात् वह वाक् ऋत की प्रथमोत्पादक है, तो इससे यह वाक् सब से पूर्व उत्पन्न होने वाले (पूर्व ऋतं) ऋत से भी पूर्व सिद्ध हो जाती है। इस प्रकार ऋत और वेद दोनों वाक् से उत्पन्न होते हैं। इस वाक् का एक विभाग निम्न प्रकार किया गया है। काठ.सं. १४।५ में वाक् को चार भागों में विभक्त किया गया है। वह इस प्रकार है "देवों[1] द्वारा दृष्ट वह वाक् चार रूपों में विभक्त हुई। तीन रूप तो उसके इन तीन लोकों में फैले और चौथा रूप पशुओं में और तदतिरिक्त ब्राह्मण में" यह तालिका में इस प्रकार रखा जा सकता है।

जो वाक्--द्युलोक में है वही--बृहत् साम में और वही--स्तनयित्नु में--

,, अन्तरिक्ष...वामदेव्य साम...वायु..

,, पृथिवी...रथन्तर....अग्नि....

और जो चौथी वाक् है, वह पशुओं में है। उससे जो अतिरिक्त रही वह ब्राह्मण में रख दी गई।

यदि हम उपर्युक्त प्रकरण पर सूक्ष्म विवेचनात्मक दृष्टि डालें तो हमें यह प्रतीत होता है कि तीन लोकों, बृहत् आदि साभगानों तथा अग्नि, वायु आदि शक्तियों में जो वाक् बताई है, वह एकरूपात्मक ही होनी चाहिये, और वह अव्यक्त वाक् ही हो सकती है। हां! चतुर्थ वाक् जो कि पशुओं की वाक् है, उसे उपर्युक्त तीनों वाक् की अपेक्षा व्यक्त वाक् कह सकते हैं। परन्तु इनमें भी अव्यक्त और व्यक्त दोनों प्रकार की वाक् मिश्रित है। क्योंकि यहां अव्यक्त वाक् वाले पशुओं में पुरुष की भी गणना की गई है, जो कि व्यक्तवाक् वाला पशु ही है। हां ब्राह्मण को पुरुष-पशु से अतिरिक्त माना है।

ऋ० ८।१००।१०,११ मन्त्रों में भी दैवी वाक् का चित्र खींचा गया है। वहां आता है कि "अस्पष्ट, अज्ञात अर्थात् अव्यक्त ध्वनियों को करती हुई (अविचेतनानि) देवों की अधीश्वरी, मन्द्र रूप वाली वह वाक् चारों दिशाओं से ऊर्ज व पयों को दोहन करती है। इसका सर्वोत्कृष्ट रूप कहां जाता है, इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा जा सकता।[2] इस दैवी वाक् को देवों ने पैदा किया, इसे विश्व रूप अर्थात् ब्रह्माण्ड के सभी पशु बोलते हैं। यह आनन्ददायिनी वाक्रूपी धेनु स्तुति किये जाने पर हमारे लिये अन्न व उर्ज का दोहन करती हुई हमें प्राप्त होवे।"

इस प्रकार मन्त्रों में दैवी वाक् का स्वरूप स्पष्ट किया गया है। इस दैवी वाक् से अव्यक्त और व्यक्त दोनों प्रकार की ध्वनियां चहुं ओर प्रसारित हो रही हैं। इससे इतना तो स्पष्ट है कि दैवी वाक् स्वयं अव्यक्त रूप है और ध्वनिसमुद्र के समान एकरूपात्मक भी है, इस अविचेतनात्मक ध्वनिसमुद्र में मानववाक् के स्वर व्यञ्जनादि वर्ण सम्भव नहीं है। यह दैवी वाक् मनुष्य के मस्तिष्क में एक प्रकार की स्फुरणा व ज्ञान का उद्बोधन करती है। इसलिये अर्द्धपौरुषेयवादी यह कह सकते हैं कि एक रूपात्मक वाक् को वर्णों का चोला पहिनाना और फिर पद, वाक्य आदि में विभक्त करना मनुष्यों का कार्य

---

१ स वाग् दृष्टा चतुर्धा व्यभवत्। एषु लोकेषु त्रीणि तुरीयाणि, पशुषु तुरीयम्। या दिवि सा बृहति सा स्तनयित्नौ। या अन्तरिक्षे सा वाते सा वामदेव्ये। या पृथिव्यां साग्नौ सा रथन्तरे। या पशुषु तस्या यद् अतिरिच्यत तां ब्राह्मणे न्यदधुः का० सँ० १४।५।।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

है। यही सिद्धान्त वेदों पर भी लागू होता है। इसी दृष्टि से ऋ० १०।१२५ सूक्त का देवता ज्ञानम् है, वेद वा वेद वाक् नहीं।

सप्तद्वारों में व्याप्त वाक्

मनुस्मृति में मनु महाराज ने यह कहा है कि "सप्त[1] द्वारों अर्थात् सप्तेन्द्रियों में बिखरी वाणी से अनृत न बोलो।" इसका तात्पर्य यह है कि सातों इन्द्रियद्वारों (कर्णविमौ नासिके चक्षिणी मुखम्) में बिखरी वाणी अव्यक्त रूप है, ज्ञान-रूप है। मुख से उच्चरितवाक् इस व्यापक वाक् की एक धारा है। अतः सप्त द्वारों में बिखरी वाक् में स्वर व व्यञ्जनादि वर्णों की कल्पना करना नितान्त असम्भव है। इसी प्रकार वेद वाणी भी मुख से उच्चरित होने से पहिले अथवा सप्त द्वारों से प्रवाहित होने से पहिले ज्ञानरूप थी। जिसका मस्तिष्क में अवतरण कुछ२ स्फुरणा व उद्बोधन रूप में होता है।

मन में निहित वेदत्रयी

शिव संकल्प वाले सूक्त में एक मन्त्र आता है, जिसमें वेदों की सत्ता मन में बताई गई है। मन्त्र इस प्रकार है।

यस्मिन्नृचः साम यजूंषि यस्मिन्प्रतिष्ठिता रथनाभाविवाराः। यजु. ३४।४

अर्थात् जिस में ऋक् साम और यजुः इस प्रकार प्रतिष्ठित हैं, जैसे रथ की नाभि में आरे होते हैं।

इस मन्त्र के सम्बन्ध में या तो हमें यह मानना पड़ेगा कि यह मन्त्र उन व्यक्तियों के लिये है, जिन्होंने वेदों का अध्ययन कर लिया है। क्योंकि उन्हीं के मन में इनकी सत्ता मानी जा सकती है। और यदि इस मन्त्र को सर्वसाधारण जन अर्थात् मानव मात्र पर लागू किया जाये तो हमें यह मानना पड़ेगा कि ऋक्, साम और यजुः से वेदत्रयी का ग्रहण नहीं करना है। ये ऋग् आदि नामों में विभक्त मानव मात्र में निहित ज्ञान के ही तीन रूप हैं। और जो कि किसी भी भाषा में प्रकट किये जा सकते हैं। आदिम ऋषियों ने जिन को वेदत्रयी के रूप में प्रकट किया था।

वेदों का बीज ओ३म्

जिस प्रकार वट बीज में एक विशालकाय वृक्ष समाविष्ट होता है, उसी प्रकार ओ३म् अक्षर में सब वेद समाविष्ट हैं। परन्तु यहां यह बात ध्यान देने की है कि इसकी दो व्याख्यायें हो सकती हैं एक यह कि सत्कार्यवाद की दृष्टि से वट बीज में शाखा प्रशाखाओं के सदृश समग्र मन्त्र सूक्ष्म रूप में ओ३म् अक्षर में निहित है। दूसरी व्याख्या यह हो सकती है वट बीज में वृक्ष की सब शाखा, प्रशाखादि तथा वृक्ष की आकृति व रूप आदि कुछ नहीं होते केवल बीज में वट वृक्ष को पैदा करने की एक गुह्य शक्ति निहित होती है। एक प्रकार से बीज में वृक्ष की अनिर्वचनीय सत्ता है। उसी प्रकार ओ३म् में भी वेदों की सत्ता अनिर्वचनीय सी है। अतः हम यह कह सकते हैं कि ओ३म् एक प्रकार का अद्भुत व अलौकिक पिटारा है, जिसमें सब वेद समाविष्ट हैं। यह तभी संभव है जब कि सम्पूर्ण वेद अपने व्यक्त रूप को समाप्त कर अपनी प्रकृति

---

१ यद् वाग् वदन्त्यविचेतनानि राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा।
चतस्र उर्जं दुदुहे पयांसि क्व स्विदस्याः परमं जगाम॥ ऋ० ८।१००।१०।

२ दैवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवोवदन्ति।
सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुप सुष्टुतैतु॥ ऋ० ८।१००।८।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में लीन हो जावें। अन्यथा ओ३म् इन तीन अक्षरों में वेद का संपूर्ण व्यञ्जनात्मक जंजाल कैसे समा सकता है? इसलिये हमें यह मानना पड़ता है कि सब से पूर्व ज्ञान ही आता है और वह भी अघढ़ अवस्था में। यह अर्द्धपौरुषेयपक्ष की मान्यता हो सकती है।

वेद के शब्द विकास के परिणाम हैं।

अर्द्धपौरुषेय पक्ष को पुष्ट करने वाले और भी प्रमाण हैं, उनमें एक प्रमाण यह भी है कि वेद के शब्द विकसित होते हुये इस रूप में आये हैं। इसका साक्षी वैदिक साहित्य ही है। उदाहरण रूप में, कुछ ही शब्द हम यहां प्रस्तुत करते हैं--

पूर्वरूप--उत्तररूप--
धीक्षा--दीक्षा--
धीक्षित--दीक्षित--
अग्रि--अग्नि
अंगरस--अंगिरस--
अन्तर्यक्ष--अन्तरिक्ष--
उरूकर--उलूखल
अश्रु--अश्व
,, --अश्मा --

उदाहरण रूप में ये कुछ शब्द हैं, जिनका पूर्वरूप ही वेदों से पूर्व का है, इसी प्रकार के और भी अनेकों शब्द वैदिक साहित्य में भरे पड़े हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि उनके पूर्वरूप विद्यमान रूपों से कुछ भिन्न थे। और यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि भाषा प्रवाहशील व परिवर्तनशील होती है।

अव्यय शब्द

वैदिक व लौकिक साहित्य में कुछ शब्द ऐसे हैं जो कि अव्यय कहलाते हैं, अर्थात् जिनमें त्रिकाल में भी परिवर्तन नहीं होता। जिनके लिंग, वचन, विभक्ति आदि सब अवस्थाओं में एकसम रहते हैं। इससे यह सिद्ध है कि अव्ययों के अतिरिक्त, वेद के अन्य सब शब्द परिवर्तनशील हैं, विकास के परिणाम हैं।

इस प्रकार अर्द्धपौरुषेय पूर्वपक्ष को लेकर हमने वेदों के श्रद्धालु भक्त तथा ऐतिहासिक दृष्टिकोण रखने वाले विद्वानों के विचार अपनी भाषा में रक्खे। अब हम अग्रिम लेख में अपौरुषेय सिद्धान्त पक्ष पर कुछ विचार अभिव्यक्त करेंगे।

अपौरुषेयवाद

ऊपर हमने यह देखा कि जिस आधार को लेकर ऐतिहासिक विद्वान् वेदों के सम्बन्ध में अपने विचार अभिव्यक्त करते हैं, उसी आधार को लेकर अपौरुषेयवादी विद्वान् उस का खण्डन नहीं कर सकते और ना ही वेदों को अपौरुषेय सिद्ध कर सकते हैं। यदि किसी प्रकार खण्डन कर भी दें तो भी वेदों को छन्दोबद्ध मन्त्र रचना सहित पूर्णरूप में अपौरुषेय सिद्ध कर सकना अति दुष्कर है। क्योंकि वेद का यह आधार तथा उसको परखने की कसौटी ही उपयुक्त नहीं है। दूसरे वेद अपौरुषेय है यह स्थापना ही अलौकिक है। अलौकिक स्थापना की पुष्टि के लिये अलौकिक साधन ही अपेक्षित हुआ करते हैं। केवलमात्र बौद्धिक स्तर पर खड़े होकर इसकी पुष्टि करना ऋषि मुनि प्रणीत ब्राह्मण वचनों, न्याय मीमांसा आदि दर्शनों तथा सायण स्कन्द आदि भाष्यकारों के प्रमाणों की झड़ी भी लगा देना श्रद्धालु व्यक्तियों के लिये तो पर्याप्त है, परन्तु ऐतिहासिक दृष्टिकोण रखने वाले विद्वानों के समक्ष निस्संकोच भाव से यह नहीं कहा जा सकता कि वेद अपौरुषेय है। क्योंकि प्राचीन प्रमाणों के आधार पर केवल इतना ही कथन किया जा सकता है कि पुराकाल में ऋषि मुनि वेदों को अपौरुषेय मानते थे। इस से यह समझ बैठना कि

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वेद अपौरुषेय सिद्ध हो गये, यह महान् भूल व भ्रान्ति होगी।

तो फिर प्रश्न पैदा होता है कि वेदों को अपौरुषेय कैसे सिद्ध किया जाये? हमारे विचार में इस का असली समाधान अनुभूति व साक्षात्कार में है। प्राचीन ऋषि मुनियों ने भी इस अलौकिक स्थापना को केवल बौद्धिक स्तर तक ही सीमित नहीं रखा था, अपितु योगसाधन द्वारा इस तथ्य को प्रत्यक्ष भी किया था। उस समय वेदों के पठन-पाठन की प्रणाली आधुनिक प्रणाली से अत्यन्त भिन्न थी। वह वेदों के साक्षात्कार पर आश्रित थी। ऐतिहासिक दृष्टिकोण रखने वाले विद्वानों की भी प्रच्छन्न रूप में आज यही मांग हैं। क्योंकि विज्ञान के क्षेत्र में जो भी सिद्धान्त स्थापित किये जाते हैं, उन्हें प्रायः प्रत्यक्ष कराया जाता है। इसलिये वेद के सम्बन्ध में भी जो कथन किये जायें, उन्हें प्रत्यक्ष की कसौटी पर कसा जाना चाहिये। यदि यह नहीं है तो वेदों का अपौरुषेयत्व श्रद्धालु व्यक्तियों के लिये केवल श्रद्धा और विश्वास का विषय रह जाता है। परन्तु हमारे विचार में यह केवल श्रद्धा और विश्वास का विषय नहीं है। जब कि पुराकाल में साक्षात्कार्त्ता ऋषि हो चुके हैं तो यह केवल बौद्धिक तर्क का ही विषय नहीं रह जाता। प्रत्यक्ष १ऋषि ही कर सकता है जो ऋषि नहीं है और तपस्वी नहीं है उसको वेदार्थ प्रत्यक्ष नहीं होता। सत्यार्थप्रकाश के प्रथम समुल्लास में स्वामी दयानन्द ने लिखा है कि "योगी महर्षि लोग जब जब जिस-जिस के अर्थ के जानने की इच्छा करके ध्यानावस्थित हो परमेश्वर के स्वरूप में समाधिस्थित हुए तब तब परमात्मा ने अभीष्ट मन्त्रों के अर्थ जनाये।" स्वामी दयानन्द का उपर्युक्त कथन निम्न मन्त्र का ही एक स्वानुभूत उद्गार है। मन्त्र में कहा है कि "१ध्यान करते हुये पुरातन विप्र ऋषि उस मन्द्र जिह्व भगवान् को अपने सामने ले आते हैं।

आधुनिक काल के महान् योगी श्री अरविन्द ने लिखा है कि "वेद के वचन उन के सत्य अर्थों में केवल उसी के द्वारा जाने जा सकते हैं, जो कि स्वयं ऋषि या रहस्यवेत्ता (योगी) हो, अन्यों के प्रति मन्त्र अपने गुह्य ज्ञान को नहीं खोलते।"

उपर्युक्त दोनों उद्धरणों से यह स्पष्ट है कि केवल तर्क व्याकरण व यौगिकवाद के आधार पर वेदों के गुह्य वचनों (निण्यावचांसि) को पूर्णरूप से समझना व हृदयंगम कर सकना असम्भव है। कोई विरला रहस्यवेत्ता योगी व ऋषि ही मन्त्रनिहित गूढ़ रहस्यों की वास्तविक गहराई को जान सकता है। प्राचीनकाल में जो जितना अधिक ब्रह्मनिष्ठ अर्थात् भूयोविद्य होता था वह उतना ही अधिक मान्य होता था। वेदान्तर्गत गुह्य रहस्यों के निर्णय में वह भूयोविद्य ऋषि ही अन्तिम प्रमाण माना जाता था। तर्क व युक्ति का वहां कोई स्थान नहीं था। तर्क तो मनुष्य को उस समय मिला जब ऋषि इस पृथिवी पर से उत्क्रमण कर गये। इस से यह स्पष्ट है कि ऋषियुग में वेद के लिये तर्क का कोई स्थान नहीं था। इस सम्बन्ध में उपनिषदादि प्राचीन आर्यशास्त्रों के सम्वाद देखे जा सकते हैं। वहां एक बार एक भूमिका का प्रश्न तो किया गया है फिर उसी भूमिका में रहते हुए उत्तर प्रत्युत्तर, कांट छांट, शुष्क विवाद आदि कुछ नहीं है। अन्तिम भूमिका के सम्बन्ध में 'अतिप्रश्न' (माऽतिप्राक्षीः) नहीं हुआ करता था। परन्तु तर्क में 'अतिप्रश्न' का समावेश होना स्वा-

१ नह्येषु प्रत्यक्षमस्त्यनृषेरतपसो वा—निरुक्त।

१ तं प्रत्नास ऋषयो दीध्यानाः पुरो विप्रा दधिरे मन्द्रजिह्वम्।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

भाविक है। क्योंकि तर्क का वहीं स्थान है जहां साक्षात् दर्शन नहीं है, इसलिये वेदों के अपौरुषेयत्व को सिद्ध करने के लिये असली साधन तो ऋषि बनना है। परन्तु जब तक ऋषित्व की प्राप्ति नहीं होती, तब तक मनुष्य को तर्क व प्रमाण आदि का सहारा लेना ही पड़ता है। परन्तु वह तर्क ऊह कोटि का होना चाहिये। ऊह पर श्री पं० वैद्यनाथ जी शास्त्री ने अच्छा विचार किया है। (वेदवाणी वेदांक वर्ष १०) अतः बौद्धिक स्तर पर आरूढ़ होकर हम अपौरुषेयवाद के मण्डन व परिपोषण का प्रयत्न करते हैं।

अपौरुषेयत्व के प्रतिपादन व उस की पुष्टि के लिये कई साधन हो सकते हैं, जिन में कुछ ये हैं।

१ वेदों की अन्तःसाक्षी
२ आर्ष परम्परा
३ प्रतिपक्षियों की युक्तियों का निराकरण

(क) वेदों की अन्तःसाक्षी

वेदों की अन्तःसाक्षी क्या कहती है, इस सम्बन्ध में हम एक अन्य ही दृष्टि से पूर्व भी कुछ लिख चुके हैं। अर्थात् वेद में दोनों प्रकार के वचन उपलब्ध होते हैं, एक वे जो कि वेदों को भगवान् से उच्छ्वसित मानते हैं और दूसरे वे जिन से यह आभास मिलता है कि वेद ऋषिकृत हैं। हमारे विचार में यह एक प्रकार का विरोधाभास है। इस विरोधाभास को अर्द्धपौरुषेय पक्ष ने अपने ढंग से हल करने का प्रयत्न किया है। यह हम पूर्व में अर्द्धपौरुषेयपक्ष पर विचार करते हुये दर्शा चुके हैं। अब विचारणीय यह है कि अपौरुषेयवादी विद्वान् इस विरोधाभास को किस प्रकार दूर कर सकते हैं?

इस सम्बन्ध में अपौरुषेय पक्ष को सब से पूर्व कई समस्याओं को सुलझाना होगा। जिन में कुछ ये हैं :—

(क) पूर्व ऋषि और नूतन ऋषि
(ख) पुरातन स्तुति और नवीन स्तुति
(ग) मन्त्र-कर्त्ता और मन्त्रद्रष्टा में अविरोध
(घ) तक्षण का भाव
(ङ) भाषा विज्ञान के आधार पर वैदिक भाषा में क्रमिक विकास व परिवर्तन का निराकरण।

उदाहरणार्थ ये कुछ समस्यायें हमने ऊपर प्रदर्शित कीं। इसी प्रकार और भी कई समस्यायें हो सकती हैं। परन्तु हम यहां इन्हीं पर क्रमशः अपने विचार अभिव्यक्त करते हैं—

पूर्व ऋषि और नूतन ऋषि—

मन्त्रों में पूर्वऋषि व नूतन ऋषि शब्दों के आने से ऐतिहासिकों द्वारा जो यह सिद्ध किया जाता है कि मन्त्रों का निर्माण कई विभिन्न कालों में हुआ है यह ठीक नहीं। चारों वेद त्रिकालातीत भगवान् द्वारा मनुष्यों के हितार्थ दिये गये हैं। वह स्वयं कालातीत होते हुये भी त्रिकालज्ञ है। क्योंकि वेदज्ञान मनुष्यों के लिये है और मनुष्य काल की अवधि में रहता है अतः उसके लिये पूर्वा पर नूतन व पुरातन आदि शब्दों का समावेश होना स्वाभाविक है। पूर्व ऋषि व नूतन ऋषि शब्द प्रत्येक सृष्टि काल में युगों व सामान्य काल के स्वाभाविक पौर्वापर्य को सूचित करते हैं। इस भांति जो ऋषि पहले पैदा हुये वे पूर्व ऋषि हैं और जो बाद में पैदा हुये वे नूतन ऋषि हैं। परन्तु वेद का पूर्वऋषि शब्द हमें पारिभाषिक शब्द प्रतीत होता है। यह पूर्व ऋषि प्रायः सृष्टि के आदि युग में होने वाले ऋषियों का वाचक है। इस सम्बन्ध में

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

हम पूर्वऋषि नाम से पृथक् रूप में आगे विचार करेंगे। सृष्टि के प्रारम्भिक युग सत्ययुग में सृष्टि कल्प के सर्वश्रेष्ठ आदर्श व्यक्ति पैदा होते हैं, जो कि आगामी युगों के ऋषियों व साधारण जनों के लिये अनुकरणीय होते हैं। इस प्रकार प्रारम्भिक युग के ऋषि पूर्व ऋषि और उत्तरवर्ती युग व काल के ऋषि नूतन ऋषि कहलाते हैं। यह परम्परा सभी कल्पों में ऐसी ही रहती है। 'यथापूर्वमकल्पयत्' इससे हम यह कह सकते हैं कि पूर्व और नूतन शब्दों से सृष्टिप्रवाह के स्वाभाविक पौर्वापर्य का वर्णन हुआ है। दूसरे[1] युगकल्पना का बीज भी वेदों में विद्यमान है। सृष्टि के आदि में होने वाले मनु महाराज व अन्य पुरातन ऋषियों से लेकर आधुनिक समय तक सभी विद्वान् वेदों में युगों की सत्ता स्वीकार करते हैं। सृष्टि का पूर्वयुग देवयुग होता है और उत्तरवर्तीयुग मानुष युग नाम से कहा जाता है। देवयुग और मानुषयुग शब्दों से ही यह ध्वनित हो रहा है कि पूर्वयुग उत्तरवर्ती युग से श्रेष्ठ होता है। वेदोत्तर साहित्य से भी इस तथ्य की पुष्टि होती है। प्रकृति का यह स्वाभाविक धर्म भी है कि कोई भी भौतिक वस्तु प्रारम्भ में स्वस्थ, सुन्दर, सुडौल व शक्तिसम्पन्न होती है, फिर शनैः शनैः उस का ह्रास[2] होता जाता है। यह प्राकृतिक नियम है। यह नियम उसी प्रकार चेतन प्राणियों पर भी लागू होता है। पृथिवी पर पूर्वयुग में उत्पन्न देव और ऋषि उत्तरवर्ती युगों के ऋषियों व मुनियों से सदा श्रेष्ठ व उन्नत होंगे। इसी कारण वेदों में जहां भी पूर्वऋषि का वर्णन आया है, उसे उत्तरवर्ती ऋषियों से उत्कृष्ट, आदर्श व अनुकरणीय रूपों में चित्रित किया गया है। अतः वेदों में पूर्व ऋषि व नूतन ऋषि का वर्णन मन्त्र-निर्माण के विभिन्न कालों को सूचित करने वाला नहीं है अपितु सृष्टिकल्प के युगों व सामान्यकाल की स्वाभाविक पूर्वापरता को सूचित करने वाला भगवान् का उद्गार है जो कि मनुष्यों के ज्ञान के लिये है।

पुरातन स्तुति और नवीन स्तुति—

पूर्व में ऐतिहासिक पक्ष पर लिखते हुये हम यह लिखा चुके हैं कि संहितान्तर्गत मन्त्रों में ही नयी स्तुति व नवीन मन्त्र-रचना का विधान मिलता है। अपौरुषेय पक्ष में इस समस्या का हल यह हो सकता है कि उस आदिगुरु भगवान् ने मानव-ऋषियों को वेद-रूप में अपना अमरवाक्य सुनाकर उन्हें भी आवश्यकतानुसार नवीन मन्त्ररचना करने की प्रेरणा की। मानवप्रकृति भी कुछ २ इस प्रकार की है कि वह सदा नवीनता चाहती है। वह भगवान् की प्रदत्त वस्तु में स्वयं परिवर्तन कर देती है या नयी वस्तु घढ़ लेती है। दूसरा हल यह है कि जिस समय एक भक्त अटूट भक्ति के प्रवाह में होता है तो उसके मुख से हठात् भक्ति के नये-नये स्तोत्र निकल पड़ते हैं। मध्यकाल में भक्तियुग के सन्त कबीर, सन्त तुलसीदास व सन्त सूरदास आदि भक्तकवि इस तथ्य के ज्वलन्त उदाहरण हैं। इसी मानव सुलभ प्रकृति का निदर्शन वेद मन्त्रों में नवीन स्तुति व नवीन मन्त्र रचना के रूप में मिलता है। इस में स्तुति की भाषा भक्त की अपनी बोलचाल की भाषा ही होती है। वैदिक युग में वैदिक भाषा बोलचाल की भाषा रही है। इस सम्बन्ध में हमें यह भी स्मरण रखना चाहिये कि अटूट व अव्यभिचारी भक्ति के लिये यह आवश्यक नहीं कि भक्त विद्वान् ही हो। भक्ति की घनता व तीव्रता

---

१ ऋ० १।११५।२ (युगानि) वर्षाणि कृतत्रेता-द्वापरकलिसँज्ञानि वा।

२ ह्रास दर्शनतो ह्रासः सम्प्रदायस्य मीयताम्।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में भगवत् कृपा से मनुष्य में वह अद्भुत शक्ति व योग्यता प्रादुर्भूत हो जाती है कि मनुष्य में नयी स्तुतियों का प्रवाह उमड़ पड़ता है। इस प्रकार अपौरुषेयवादी यह कह सकते हैं कि मन्त्रों में नवीन स्तुतियों के निर्माण का जो विधान है वह इसी प्रकार की स्तुतियों के निर्माण का है। दूसरा कारण यह भी है कि ज्यों ज्यों सृष्टि अपने प्रारम्भिक सरल व सहज रूप का परित्याग कर पेचीदा व जटिल रूप को धारण करती गई त्यों २ मानव मनभी जटिल बनता गया। वह भगवान् की सरल सृष्टि से सन्तुष्ट न रहा। उस ने जटिल सृष्टि का निर्माण प्रारम्भ किया। जिस प्रकार आम आदि फलों में मनुष्य ने नई २ कलमें लगा कर नाना प्रकार के फलों की किस्मों का निर्माण कर लिया है। पशु-पक्षियों में नाना प्रकार के परिवर्तन कर लिये हैं। इसी प्रकार संहितान्तर्गत मन्त्रों को लेकर व इन मन्त्रों के आधार पर उस ने नवीन मन्त्र निर्माण कर लिये तो इस में कोई आश्चर्य नहीं। जहां सृष्टि के प्रारम्भ में यज्ञ यागादि सरल विधि विधानों से युक्त थे वहां युग-परिवर्तन के साथ-साथ मानव-प्रकृति में भी जटिलता आती गई और प्रकृति की जटिलता के साथ-साथ यज्ञ याग भी दुरूह व जटिल बनते गये। जब किसी नवीन विधि के लिये संहिताओं में तदनुकूल मन्त्र उपलब्ध न हुआ तो उन्होंने नया मन्त्र निर्माण कर लिया। इस प्रकार परिवर्तित परिस्थिति में मन्त्रों में भी परिवर्तन व नये-नये मन्त्रों की उत्पत्ति होती रही है। इस प्रकार इन्हीं उपर्युक्त तथ्यों का दिग्दर्शन संहिताओं में स्तुति यज्ञ याग आदि के लिये नवीन मन्त्र रचना की आज्ञा देकर किया है। इस लिये मन्त्रों में नवीन स्तुति व नवीन मन्त्ररचना की आज्ञा होना इस बात का विरोधी व खण्डन करने वाला नहीं है कि सृष्टि के प्रारम्भ में आदि गुरु भगवान् द्वारा वेद रूप में अमरकाव्य दिया गया था।

मन्त्र-कर्तृत्व और मन्त्रद्रष्टृत्व में समन्वय—

ऐतिहासिक विद्वानों का यह कहना है कि मन्त्रकर्तृत्व और मन्त्रद्रष्टृत्व में कोई विरोध नहीं है अर्थात् एक ही ऋषि मन्त्रकर्ता भी हो सकता है और मन्त्रद्रष्टा भी। एक प्रतिभासम्पन्न उदीयमान व होनहार नवयुवक कवि पुरातन कवियों की कृतियों का सम्यक् दर्शन व आलोचन करके अथवा प्रकृति-छटा को निहार कर व प्राकृतिक घटनाओं का सूक्ष्म निरीक्षण करके ही नवीन कविता के निर्माण में प्रवृत्त होता है। जिस प्रकार उस के साथ कर्ता व द्रष्टा दोनों भाव जुड़े हुये हैं, उसी प्रकार नूतन ऋषि भी प्राचीन ऋषियों द्वारा निर्मित मन्त्रों का सम्यक् अध्ययन कर नवीन मन्त्र-निर्माण में जुटता है, अथवा प्रकृतिघटित घटनाओं का सूक्ष्मावलोकन कर उन्हें मन्त्रों द्वारा मूर्तरूप देता है तो इस में आश्चर्यकारी व असम्भव बात ही क्या है? यह तो एक सहज सुलभ स्वभाव का दिग्दर्शन है। एक सर्वत्र स्वतःस्थित प्रकृति नियमका प्रदर्शनमात्र है। ऐतिहासिकों का यह कहना है कि ऐसा मानने पर ही वेद के उन सन्दर्भों की सुन्दर व्याख्या हो सकती है जिन में पूर्व व नूतन ऋषियों द्वारा स्तुति तथा नवीन स्तुति के निर्माण आदि का विधान हुआ है। इस प्रकार ऐतिहासिकों की दृष्टि में एक ही ऋषि को मन्त्रकर्ता व मन्त्रद्रष्टा दोनों रूपों में देखा जा सकता है। परन्तु अपौरुषेय पक्ष का अवलम्बन करने वाले विद्वान् के लिये यह समस्या है। उस के मत में तो ऋषि मन्त्रद्रष्टा ही हैं, मन्त्रकर्ता नहीं क्योंकि मन्त्र तो भगवान् के उच्छ्वास हैं और ऋषि उन के प्रकटीकरण में केवल माध्यम का कार्य करते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अतः प्रश्न यह है कि इस अपौरुषेय पक्ष में कर्तृत्व व द्रष्टृत्व का समन्वय कैसे हो ? इस समस्या के समाधान में अपौरुषेयवादियों द्वारा जो युक्ति व प्रमाण अब तक दिये जाते हैं वे ऐतिहासिकों की दृष्टि में नगण्य ही हैं, यह हम पूर्व ही स्पष्ट कर चुके हैं। उन से वेदों के ऋषि-कर्तृत्व में वे कोई बाधा नहीं मानते। अतः इस सम्बन्ध में हमारा निवेदन यह है कि जिस आधार पर खड़े होकर जिस दृष्टि से एक ऐतिहासिक विद्वान् वेदों का दर्शन व उसकी आलोचना करता है, उसी आधार पर स्थित होकर उसी दृष्टि से एक अपौरुषेयवादी विद्वान् को वेदों का अवलोकन नहीं करना चाहिये।

वेदों के सम्यक् दर्शन की एक पुरातन आर्षप्रणाली है जो कि दिव्यता व अलौकिकता को लिए हुए है। जिस आर्षप्रणाली में किसी एक सीमा तक ही प्रश्नोत्तर हो सकते हैं। अतिप्रश्न का वहां स्थान नहीं है। इसी प्रकार हम भी मन्त्रकर्तृत्व व मन्त्रद्रष्टृत्व का विरोध-परिहार कर उन में सामंजस्य दिखाने के लिये एक अन्य ही उपाय द्वारा अलौकिकता के द्वार तक पहुंचने का प्रयत्न करते हैं, जो कि इस प्रकार है—कर्तृत्व और द्रष्टृत्व ये दोनों बौद्धिक प्रक्रिया के दो पहलू हैं। दूसरे शब्दों में बुद्धि-दर्पण के दो पार्श्व हैं। एक पार्श्व द्रष्टा का काम करता है और दूसरा कर्ता का। बुद्धि के क्षेत्र में यदि हम दृष्टिपात करें तो हम यह देखते हैं कि बाह्यजगत् की तरंगें मनुष्य के बुद्धि दर्पण पर आकर पड़ती हैं, तो उस का प्रतिक्षेप व प्रतिबिम्ब मनुष्य के आधार पर विभिन्न प्रकार का होता है। सर्वप्रथम तो यह है कि साधारण मनुष्य का बुद्धि दर्पण इतना निर्मल ही नहीं कि वह प्रकृति की सूक्ष्मातिसूक्ष्म तरंगों को ग्रहण कर सके। यह किन्हीं विरल व्यक्तियों का ही काम है। और ना ही उस में इतनी शक्ति होती है कि स्थूल तरंग को भी वैसा का वैसा ही प्रतिक्षिप्त कर सके। इसलिये बुद्धि दर्पण पर पड़ी वह तरंग अपने असली स्वरूप में न रहकर सामान्य जन के अपने शब्दों व कृतियों में नवीन रूप धारण कर प्रकट होती है। यह भी संभव है कि प्रतिक्षेप तो कुछ है और बाह्यप्रकाश कुछ और हो। यह सब के अपने बुद्धिदर्पण के रंग पर निर्भर है। इस के विपरीत सामान्यजन के बुद्धिदर्पण से उत्कृष्ट दर्पण सफल कवियों का व चित्रकारों का होता है। सफलकवि व सफल चित्रकार वही होता है, जो प्रकृति के प्रतिक्षेप को बिलकुल वैसा का वैसा ही सुन्दर २ शब्दों व चित्रों में चित्रित कर देवे। परन्तु इन से भी उत्कृष्ट बुद्धिदर्पण ऋषियों का होता है। उन का बुद्धिदर्पण इतना निर्मल व स्वच्छ होता है कि [1]परमव्योम से बिखरी ऋचाएं उनके बुद्धिदर्पण पर जिस रूप में आकर पड़ती हैं, बिलकुल उसी रूप में छन जाती हैं। परन्तु प्रक्रिया यहां भी यही है, पहले दर्शन फिर प्रकटीकरण अर्थात् कर्तृत्व। परमव्योम से बिखरी ये ऋचाएं जब ऋषियों के बुद्धिदर्पण पर आकर पड़ती हैं तो यह ऋचाओं का दर्शन है। परन्तु जब उस दर्पण से छनकर बाहिर प्रकट होती हैं तब वह कर्तृत्व हैं। चाहे इस कर्तृत्व में अपनी ओर से कुछ भी मिश्रण व परिवर्तन न किया गया हो। संपूर्णज्ञान के प्रकटीकरण की यही प्रक्रिया है। इसी लिये ऋषियों को मन्त्रद्रष्टा भी कहते हैं और मन्त्रकर्ता भी। यहां पर परमव्योम में ऋचायें बिखरी हुई हैं, यह अलौकिकता का क्षेत्र आ जाता है। इस सम्बन्ध में प्रश्न करना अतिप्रश्न हो जायेगा। यदि अतिप्रश्न

---

१ तान्यादिवः प्रकीर्णान्यशेरन्, व्योमान्तो वाचः। जै. उ. १।४।१।६। ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्। ऋ.

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

का रूप इसे न भी मानें तो भी अलौकिकता के क्षेत्र में तो प्रविष्ट होना ही पड़ेगा। इसलिये वेदों व वैदिक साहित्य में ऋषियों को जो मन्त्रकर्ता व मन्त्रद्रष्टा कहा गया है, उस का समन्वय हमारे विचार में उपर्युक्त प्रकार से भी किया जा सकता है। इस प्रकार समन्वय करने से ऋषि मन्त्रकर्त्ता व मन्त्रद्रष्टा दोनों माने जा सकते हैं। और वेद भी छन्दोबद्ध रूप में अपौरुषेय सिद्ध हो सकते हैं। परन्तु कर्तृत्व और द्रष्टृत्व में वहां ही विरोध की सम्भावना है जहां कि वेद के ऋषियों क मानव ऋषि माना जाये। और हमारे विचार में वेद के ऋषि (दर्शनात्) मन्त्रों के दिखाने वाले उपनेत्र (ऐनक) हैं। इस दृष्टि से मानव-ऋषियों के इतिहास को टटोलने की कोई आवश्यकता नहीं है। मानव-ऋषि इन उपनामों को धारण करें या न करें इससे कुछ आता-जाता नहीं। इन ऋषियों को मानवीय चोला पहिना कर उन्हें मन्त्रों का कर्ता मानें या द्रष्टा मानें बात एक ही है। इसमें कोई विरोध नहीं, इसी की हमने 'ऋषि रहस्य' पुस्तक में पुष्टि की है।

तक्षण का भाव—

जैसा कि हम पूर्व लिख चुके हैं कि इस तक्षण का सहारा लेकर अर्द्धपौरुषेयवादी विद्वान् वेदों में ऐतिहासिकता का समावेश कर देते हैं। संक्षेप में उन के कथन का सार यह है कि साधारण मनुष्य से लेकर ऊंचे से ऊंचे विद्वान् कवि व चित्रकार की बौद्धिक प्रक्रिया एकसमान होती है। अर्थात् बुद्धि में कुछ स्फुरणा हुई, कुछ प्रतिभा जागी, धुंधले व अव्यक्तरूप में कुछ ज्ञान की किरणें मस्तिष्क में पड़ीं, तो उस समय वह कवि अपनी ओर से सुन्दर-सुन्दर शब्दावलि देकर ज्ञान से भरपूर कविता सबके सामने ला उपस्थित करता है। एक चित्रकार अपने बौद्धिक भाव को हस्तकौशल द्वारा चित्र में अभिव्यक्त कर देता है। इसी प्रकार ऋषियों के हृदयों में वेद-ज्ञान की स्फुरणा हुई, कुछ २ आभास व दर्शन सा हुआ, तब उन्होंने अपनी ओर से सुन्दर २ शब्द देकर प्रजा के समक्ष वेदज्ञान को ला उपस्थित किया। मन्त्रगत तक्षण (यस्मा-दृचोऽपातक्षन्) से अर्द्ध पौरुषेय पक्ष में यही भाव द्योतित होता है।

इस सम्बन्ध में हमारा यह कहना है कि सामान्य ज्ञान का अवतरण तथा उसका शब्दों में प्रकटीकरण तो इसी रूप में होता है। संहिता-तिरिक्त ऋषियों के जितने भी मन्त्र हैं बहुत कुछ इसी प्रक्रिया से अवतरित माने जा सकते हैं पर यह आवश्यक नहीं कि चारों संहितायें जो कि अपौरु-षेय मानी जाती हैं, इसी प्रक्रिया से अवतरित होकर प्रकाश में आयी हों। दूसरा तरीका भी हो सकता है और वह जो कि अपौरुषेयवादी मानते हैं। अर्थात् स्वर व छन्दोबद्ध रचना सहित चारों संहिताएं भगवान् की कृपा से ऋषियों के हृदय-प्रदेश में आविर्भूत हुई। और तक्षण की समस्या का हल भी सुचारू रूप से हो सकता है। तक्षण के जो घड़ना, छीलना, तराशना आदि अर्थ हैं वे भी इस पक्ष में अक्षुण्ण रह सकते हैं। हमारे विचार में अपौरुषेय पक्ष का अवलम्बन कर तक्षण की दो व्याख्यायें की जा सकती हैं। एक तो यह कि वह परब्रह्म व शब्दब्रह्म हमारे हृदयप्रदेश में विद्य-मान है। और उसी में सब ऋचाएं लीन व प्रतिष्ठित ह। जिस प्रकार कुल्हाड़ी आदि से लकड़ी पर प्रहार किया जाता है उसी प्रकार "ओ३म्" आदि के उच्चारण द्वारा हृदय में प्रहार होता है। यह प्रहार ही तक्षण है। यदि ओ३म् रूपी कुल्हाड़ी को साधन न भी बनाया जाय तो भी मन व उसके हृदयप्रदेश में बार २ एकाग्र करने में भी एक प्रकार का प्रहार है। यह प्राण द्वारा संशित होना है

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(प्राणसंशितमसि) यह प्रहार व तक्षण परब्रह्म में लीन वेदों को पृथक् करने के लिये है, न कि मन्त्र-निर्माण व शब्द-विन्यास आदि के लिये है। इस तक्षण का प्रभाव यह होता है कि स्वरसंहिता छन्दोबद्ध मन्त्र उस परब्रह्म से पृथक् होते हैं और मनुष्य को इन का दर्शन व श्रवण होता है।

अब इस तक्षण का दूसरा भाव क्या है यह देखते हैं। तक्षण का दूसरा भाव उस समय अधिक स्पष्ट होगा जब कि हम ब्राह्मणादि ग्रन्थों की वेदोत्पत्ति सम्बन्धी विशिष्ट शैली को समझ लें। उस शैली में भगवान् को प्रकृति व सृष्टि से पृथक् न कर पुरुषोत्तम रूप में ग्रहण किया गया है। अर्थात् [1]उस परमपुरुष भगवान् का द्युलोक सिर है, अन्तरिक्ष हृदय है, पृथिवी उदर व पैर हैं। और इन तीनों लोकों का एक २ वेद से सम्बन्ध है। पृथिवीलोक का ऋग्वेद है, अन्तरिक्ष का यजुर्वेद और सूर्य का सामवेद।" जिस प्रकार पृथिवी पर प्रत्येक पदार्थ त्वष्टा भगवान् की तक्षण क्रिया द्वारा प्रादुर्भूत होता है, उसी प्रकार ऋचायें भी तक्षण प्रक्रिया द्वारा बाहिर प्रकट हुई, ऐसा कहा जा सकता है। परन्तु प्रश्न यह है कि ऋचाओं का तक्षण कौन करता है? इस सम्बन्ध में हमारा विचार यह है कि तक्षण भगवान् और ऋषि दोनों ही करते हैं। ध्वनि समुद्र में अर्थात् शब्द ब्रह्म में आद्य स्फोट जो कि वेदों के रूप में प्रकट हुए हैं, वे त्वष्टा भगवान् की तक्षण की महिमा है। यह भगवान् द्वारा वेदों का तक्षण है। जब इन ऋचाओं की ध्वनि द्वारा साम्यावस्था में विद्यमान प्रकृति में क्षोभ उत्पन्न हुआ तो ऋचाओं से पृथिवी व पार्थिव पदार्थों का निर्माण हुआ, याजुष मन्त्रों से अन्तरिक्ष का और साम मन्त्रों से सूर्य व द्युलोक का। ध्वनि से संसारोत्पत्ति का सूक्ष्म विवेचन हमें ब्राह्मणादि ग्रन्थों में उपलब्ध होता है। उन शास्त्रों के कुछ वचन ये हैं। [2]"ऋचाओं से संसार की समग्र मूर्तियां उत्पन्न हुई हैं, [3]ऋचाओं से भू यह क्षरित हुआ और वह पृथिवीलोक बना, यह [4]भूलोक ही ऋग्वेद है" इसी प्रकार अन्य वेदों से अन्य लोकों का निर्माण हुआ है। अब इससे यह परिणाम निकला कि मन्त्र ध्वनि होती रही और प्राकृतिक घटक बनते रहे। एक प्रकार से प्राकृतिक घटकों और मन्त्रों में अभेद भाव हो गया। अब ऋषियों ने अपने तप व ध्यान के बल से मन्त्रों को प्राकृतिक घटकों से पृथक् करके ग्रहण किया। प्राकृतिक घटकों से इन ऋचाओं का पृथक् करना ही तक्षण करना है। अर्द्धपौरुषेय पक्ष पर लिखते हुए हमने ऋ० १०।७१ सूक्त के प्रथम दो मन्त्रों की व्याख्या प्रस्तुत की थी। इस व्याख्या में हमने प्रथम मन्त्र का अर्थ भी अविकल रूप से दिया था जो कि आधुनिक वेद के विद्वानों के अनुकूल था। इस व्याख्या में हमने साथ ही तत्संबन्धी ऐतरेयारण्यक के विवरण तथा द्वितीय मन्त्र की व्याख्या को संगत कर अर्द्धपौरुषेय पक्ष को पुष्ट करने वाला परिणाम निकाला था। परन्तु इस सूक्त पर गम्भीर विवेचन के पश्चात् हम यह कह सकते हैं कि वह सही नहीं था। हमारे विचार में इस सूक्त में अर्द्धपौरुषेय पक्ष को पुष्ट करने वाला कोई भी अंश नहीं है। अर्द्धपौरुषेय

---

१ अथर्व. १०।७,८ स्कम्भ सूक्त।

२ ऋग्भ्यो जातां सर्वशो मूर्तिमाहु।
तै. उ. १२।९।१।

३ भूरित्यृग्भ्योऽक्षरत् सोऽयँ पृथिवी लोकोऽभवत्॥ ष. १।५।

४ अयँ लोकः ऋग्वेदः॥ ष. ब्रा. १।५।
ऋक सँम्मिता वा इमे लोकाः। कौ ११।१।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पक्ष की भ्रान्ति का कारण यह है कि प्रथम मन्त्र का अर्थ व भाव हम सही नहीं करते। इस सूक्त में वेदाविर्भाव व अजन्मा भगवान् द्वारा आदि ऋषियों के नामकरण का वर्णन नहीं है ऐसा हमें समझना चाहिये। यह सूक्त एक तो उपनयन संस्कार से लेकर भविष्य में बच्चों के वेदों के पठन-पाठन का व ज्ञानप्राप्ति का सामान्य रूप से वर्णन करता है। जिसकी पुष्टि आश्वलायनश्रौतसूत्र के "तन्मातापितरौ विद्यातामोपनयनात्" इस सूत्र से होती है। और दूसरे यह सूक्त बृहद्देवता की दृष्टि में परब्रह्म की प्राप्ति का दिग्दर्शक है। यदि हम इस सूक्त में एक विशिष्ट प्रक्रिया जो कि आदिसृष्टि में घटित हुई थी को मानें अर्थात् यदि हम इसमें अजन्मा भगवान् द्वारा आदि ऋषियों के नामकरण संस्कार व उनमें वेदाविर्भाव का वर्णन मानें तो दूसरे मन्त्र के आधार पर उन ऋषियों में (सक्तुमिव तितउना पुनन्तः--.वाचमक्रत) सामान्य मनुष्यों की तरह ज्ञान के अवतरण तथा वाणी के शोधन की प्रक्रिया को स्वीकार करना होगा। उससे हम बच नहीं सकते। इसलिये हमें आश्वलायन व ऐतरेयारण्यक आदि शास्त्रों के आधार पर यह स्वीकार करना चाहिये कि इस सूक्त में बच्चों के नामकरण व उपनयन संस्कार से लेकर वेदादि शास्त्रों के ज्ञान की उपलब्धि का वर्णन हुआ है। अतः मन्त्र का अर्थ इस प्रकार होना चाहिये--

(बृहस्पते) हे वाचस्पति गुरु ! ये बच्चे (प्रथमं) इस उपनयन संस्कार से पहिले तुझ से (नामधेयं दधानाः) नाम को धारण कर (वाचोऽग्रं यत् प्रैरत) शुरु शुरु में जो वाणी को प्रेरित किया तो (एषां) इन बच्चों का (श्रेष्ठं) श्रेष्ठ (अरिप्रं) दोष रहित (गुहानिहितं) हृदय या मस्तिष्क गुफा में निहित जो ज्ञान (आसीत्) था (तत्) वह (प्रेणा) आप की प्रेममयी प्रेरणा से (आविः) प्रकट होना शुरु हो गया।

इस प्रकार मन्त्र का यह उपर्युक्त भाव हमें यहां प्रतीत होता है। यह अर्थ करने से किसी प्रकार का दोष नहीं आता। इसी प्रकार २य मन्त्र में वाणी के दोषों के परिहार के लिये छलनी से सत्तु छानने की जो उपमा दे रखी है, वह भी स्वाभाविक हो जाती है।

आगे "शब्द ब्रह्म और वेद" शीर्षक में जो विचार अभिव्यक्त किये हैं उनका विशद विवेचन व उन पर विस्तृत विचार हमने "वैदिक वाक्" नाम से पृथक् रूप में किया है। यहां केवल इतना ही कहना पर्याप्त है कि "दैवीवाक्" की सत्ता मनुष्य से उर्ध्व की है। मनुष्य बुद्धि उसे समझ नहीं सकती। उसके समझने के लिये एक विशेष साधना व ऋषि बनने की आवश्यकता है।

मन्त्रों के ऋषि और देवता—

मन्त्र व सूक्त के प्रारम्भ में जो ऋषि व देवता दिये गये हैं, उनका उस स्थल पर पारिभाषिक रूप है। और वह इस प्रकार है--

देवता– मन्त्र में जो शक्ति व पदार्थ आदि वर्णनीय विषय होता है, या यूं कह सकते हैं कि मन्त्र का जो केन्द्रबिंदु होता है वह देवता होता है।

ऋषि– उस वर्णनीय विषय व उस केन्द्रबिन्दु को दर्शाने वाला ऋषि होता है।

इस दृष्टि से कई वस्तुयें ऋषि भी हो सकती हैं और देवता भी। जिस समय वे देवता हैं उस समय वे स्वयं वर्णनीय विषय हैं और जब वे किसी अन्य वस्तु के दर्शाने वाले बन जाते हैं तब वे ऋषि कहलाते हैं। परन्तु यहां यह ध्यान रखना चाहिये कि बाह्य संसार में व्यक्तिरूप में विद्यमान चेतन देवता व ऋषियों का इससे व्याघात नहीं होता। जिसका विवेचन हम आगे करेंगे। —०—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

देवता-ऋषि-सम्बन्ध

वेद के देवता और ऋषि का परस्पर क्या सम्बन्ध है ? मन्त्रार्थ में इनके सम्बन्ध पर विचार करने की आवश्यकता है कि नहीं ? क्या मन्त्रार्थ में ऋषियों का स्वरूप स्पष्टीकरण सहायक हो सकता है कि नहीं है इत्यादि तत्सम्बन्धी अनेकों विषय विचारणीय हैं इन विषयों पर हम सोदाहरण फिर कभी लिखेंगे। यहां केवल इतना निर्देश करना उपयुक्त समझते हैं कि वेदों में देव, ऋषि, असुर पितर व मनुष्य आदियों का इस प्रकार वर्णन मिलता है कि वेदों व वैदिक साहित्य का स्वाध्याय करने वाले व्यक्ति पर यह प्रभाव पड़ता है कि ये सब पृथक् २ हैं सृष्टि में इनकी पृथक् २ सत्ता है। अतः यह विचारणीय हो जाता है कि इनका स्वरूप क्या है और इनका परस्पर सम्बन्ध क्या है ? हमारा विचारणीय विषय तो वेद के देवता और ऋषि का परस्पर सहायता की दृष्टि से क्या सम्बन्ध है, यह देखना है। पर कुछ थोड़ा बहुत देव, असुर व पितर आदि पर भी संकेत किये देते हैं। इस सम्बन्ध में हम केवल ऊहापोह करते हैं किसी निर्णय पर हम अभी तक नहीं पहुंच सके हैं, इसलिए कोई यह न समझे कि यह हमारी मान्यता है।

वैदिक साहित्य द्वारा भेद-निरूपण

वेदों व वैदिक साहित्य में हमें ऐसे कई स्पष्ट संकेत उपलब्ध होते हैं। जिन से यह प्रतीत होता है कि इन में परस्पर बहुत भेद है। वह भेद क्या है, कितना है, और किस रूप का है ? यह स्पष्ट रूप में समझने के लिए आवश्यक है कि इन सब पर पृथक् पृथक् रूप में विस्तृत विचार किया जाये। परन्तु इस पुस्तक में यह संभव नहीं है, इसलिए हम यहां पर संक्षेप में कुछ संकेत किये देते हैं।

जैसा कि हम पूर्व में दर्शा चुके हैं कि वेदों का धरातल सूक्ष्म है अर्थात् सूक्ष्म-जगत से इनका प्रमुख सम्बन्ध है। इसी प्रकार इन मनुष्य ऋषि, पितर आदि का रहस्य भी सूक्ष्म जगत् में ही पहुंचकर स्पष्ट हो सकता है। मनुष्य, ऋषि व देव आदि जगत् के सूक्ष्म प्राण हैं। मनुष्य में यह विशेषता है कि जिस व्यक्ति में जो प्राण जिस समय अधिक प्रबल होता है, वह उसी नाम से संबोधित किया जा सकता है, या वह उन प्राणों के आधिपत्य में होता है। सृष्टि के सब जीवधारियों को हम इन प्राणों के अन्तर्गत ला सकते हैं। परन्तु यह सब होते हुए भी प्रायः मनुष्य अपने सम्पूर्ण जीवन में प्रमुख रूप से किसी एक ही प्राण के आधीन रहा करता है।

जिस प्रकार मानव पिण्ड में प्राण अपान व समान आदि सब प्राण शरीर में सर्वत्र उपलब्ध होते हुए भी इनका केन्द्र-बिन्दु व स्तर पृथक् २ है, उसी प्रकार इस ब्रह्माण्ड में मनुष्य, ऋषि, पितर, देव और असुर आदि सर्वत्र प्राण घटबढ़ रूप में रहते हुए भी इनका प्रमुख केन्द्र सृष्टि के विभिन्न स्तरों पर है। उनकी गतियां भी भिन्न २ हैं। यह विषय और तत्सम्बन्धी अनेकों रहस्य ब्राह्मण ग्रन्थों में तथा अन्य शास्त्रों में प्रचुर मात्रा में दर्शाये गये हैं। इस विषय को हम आगे स्पर्श करने का प्रयत्न करेंगे। यहां हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि मनुष्य व मनुष्य से निचले स्तर के प्राणी शरीर से बद्ध होते हैं। परन्तु मनुष्य से ऊपर ऋषि, असुर व देव प्राणों में निवास करने वाली आत्मायें शरीर से बद्ध नहीं होतीं। शरीर उनका एक प्रकार से खोल ही होता है। उनका सारा कार्य व्यवहार सूक्ष्म प्राण द्वारा बहुत व्यापक रूप में होता है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

शरीर वहां नगण्य होता है। इसलिए इन पर विचार करते हुए शरीर व शारीरिक अंगों को प्रमुख नहीं मानना चाहिए। जिस प्रकार मनुष्य के समग्र कार्य व्यवहार में स्थूल शरीर प्रमुख होता है। कार्य की पूर्णता, अपूर्णता, साधुता व असाधुता में स्थूल शरीर निर्णायक होता है, उसी प्रकार ऋषि, असुर व देव आदि के कार्यों में प्रवृद्ध शक्ति-सम्पन्न सूक्ष्म शरीर ही साधन होता है। अतः ये ऋषि आदि मानव शरीर में भी रह सकते हैं। मानवेतर शरीर में भी हो सकते हैं। शरीर के बिना भी कार्य व्यवहार कर सकते हैं। इस प्रकार ऋषि देव, असुर, पितर, गन्धर्व आदि मुख्य रूप से सूक्ष्मप्राण हैं। सृष्टि के विभिन्न स्तरों पर ये प्राण समुद्र हैं। जिन में सृष्टि की उत्कृष्ट व प्रबल आत्माएं विद्यमान हैं। इन प्राणों द्वारा वे अपना समग्र कार्य करती हैं। अतः इन्हें भी ताद्धर्म्य से व तदाकारतया इन्हीं नामों से संबोधित किया जाता है। अब हम वेद मन्त्रों व अन्य प्रमाणों द्वारा इन पर विचार करते हैं।

अथातर्पयच्चतुरश्चतुर्धा देवान् मनुष्यां असुरानुत ऋषीन्। अथर्व० ८।९।२४।

उस विराट नामक गौ ने देव, मनुष्य, असुर और ऋषि इन चारों को चार प्रकार से तृप्त किया।

वशेदं सर्वमभवद् देवा मनुष्या असुराःपितर ऋषयः। अथर्व० १०।१०।२६।

वशा ही देव, मनुष्य, असुर, पितर और ऋषि यह सब बनी।

देवाः पितरो मनुष्या गन्धर्वाऽप्सरसश्च ये ते त्वा सर्वे गोप्स्यन्ति। अथर्व० १०।९।९

हे शतौदना गौ! देव पितर मनुष्य गन्धर्व और अप्सराएं ये सब तेरी रक्षा करेंगे।

यं देवा पितरो मनुष्या उपजीवन्ति।

अथर्व० १०।६।३५

जिसके आश्रय से देव पितर और मनुष्य जीवन धारण करते हैं।

देवा मनुष्याः पितरस्तेऽन्यत आसन्नसुरा रक्षांसि पिशाचास्तेऽन्यतः।

तै० सं० २।४।१।१,७।४।१

अर्थात् युद्ध में देव मनुष्य और पितर एक ओर थे और राक्षस और पिशाच ये दूसरी ओर थे।

इस प्रकार उदाहरणार्थ कुछ मन्त्रपद व अन्य उद्धरण हमने ऊपर प्रदर्शित किये, जिन से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि ये विभिन्न शक्तियां हैं। इनमें परस्पर भेद है। इस प्रकार के अनेकों प्रमाण वैदिक साहित्य में भरे पड़े हैं। तैत्तिरीय संहिता के प्रमाण से हमें यह भी संकेत मिलता है कि मेल व संगति (हारमनी) की दृष्टि से इन प्राणों व शक्तियों को देव और असुर इन दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। देव पितर और मनुष्य ये देव विभाग में हैं और असुर राक्षस और पिशाच ये असुर विभाग में हैं। सृष्टि में इनके विभिन्न धरातल व विभिन्न स्तर होते हुए भी ये सब प्राण शक्तियां मानव शरीर में एकत्र समाविष्ट हैं।

देव और मनुष्य

देव क्या है? इनकी सत्ता है कि नहीं? इनका वास्तविक स्वरूप क्या है? इत्यादि कई विवादास्पद प्रश्न हैं जिनका यहां पूर्ण समाधान कर सकना अति दुष्कर है। यह वही व्यक्ति कर सकता है जो देव और असुर आदि सूक्ष्म शक्तियों को अपने दिव्य चक्षुओं से प्रत्यक्ष कर चुका हो। हम जैसे सामान्य व्यक्तियों के लिए वेद का यह आदेश है—यः श्रद्दधाति सन्ति देवा इति चतुष्पदे द्विपदेऽस्य मृड। अथर्व० ११।२।२८ देवों की सत्ता है ऐसी जो श्रद्धा रखता है, हे रुद्र! तू उसको

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दोपायों और चौपायों द्वारा सुखी कर।

उपर्युक्त मन्त्र में यह स्पष्ट कह दिया है कि देवों की सत्ता श्रद्धा का विषय है। चाक्षुष-प्रत्यक्ष में श्रद्धा का उपदेश देने की आवश्यकता नहीं हुआ करती। अतः यह स्वीकार करना पड़ता है कि ऐसे देव हैं जिनका चाक्षुष प्रत्यक्ष नहीं होता। तै० सं० में आता है कि "परोक्षं वा अन्ये देवा इज्यन्ते प्रत्यक्षमन्ये। प्रत्यक्षं यद् ब्राह्मणाः। देवदूता एते। तै० सं० १।७।३।१

परोक्ष-यजन अन्य देवों का है और प्रत्यक्ष-यजन अन्य देवों का। प्रत्यक्ष-यजन जिनका होता है वे पृथिवी के ब्राह्मण हैं। ये देवों के दूत हैं।

१शास्त्रों में दैवी प्रजा और मानुषी प्रजा को पृथक् ही माना है यह हम पूर्व में भी दर्शा चुके हैं। २आदि युग में इस पृथिवी पर देव और मनुष्य दोनों ही थे। दोनों साथ-साथ रहते थे। प्रारम्भ में देव भी ३मर्त्य अर्थात् मरणधर्मा थे। परन्तु अपनी विद्या व तपोबल आदि से इस पृथिवी लोक से ऊपर उठ गये और देव ४लोक में जा पहुंचे। वैदिक साहित्य में इस सम्बन्ध में प्रभूत प्रमाण उपलब्ध होते हैं। मनुष्य इन देवों से इह लौकिक व पार-लौकिक सुख समृद्धि की याचना करता है और वे देते भी हैं। जिस प्रकार पशु मनुष्य के भोग्य है उसी प्रकार मनुष्य देवों का उपभोग्य पशु है।

---

१ दैवीश्च विशो मानुषीश्चानुवर्त्मानो भवन्तु। कपि० २८।६।

२ उभये ह वा इदमग्रे सहासुर्देवाश्च मनुष्याश्च। श० प० २।३।४।४ कौ० ब्रा० १।१।

३ श० प० ११।१।२।१२, २।३।६।

४ स (प्रजापति) आस्येनैव देवानसृजत ते देवा दिवमभिपद्यासृज्यन्त तद्देवानां देवत्वम्। श० प० ११।१।६।७

१उपनिषदें इस तथ्य की ओर स्पष्ट निर्देश कर रही हैं।

देव और असुर

अब विचारणीय यह है कि देव और असुर क्या है और इनका पारस्परिक सम्बन्ध क्या है? देवों के समान असुर भी सूक्ष्म शक्तियां हैं सूक्ष्मप्राण हैं और सामान्य मनुष्य से उत्कृष्ट हैं। जब इन आसुरी शक्तियों का कार्य क्षेत्र स्थूल जगत् व आयतन स्थूल शरीर होता है तब भी ये सामान्य कोटि के मनुष्य से उत्कृष्ट होती हैं। रामायण, महाभारत और पुराण आदि में इस सम्बन्ध में भरपूर प्रमाण उपलब्ध होते हैं। युद्ध में राम द्वारा रावण के निहत हो जाने पर मन्दोदरी का जो विलाप है वह इस तथ्य का पुष्ट प्रमाण है। २इसी प्रकार रावण आदि के उद्गार भी यह बात सिद्ध करते हैं कि असुर व राक्षस आदि प्राण सामान्य मनुष्य से उत्कृष्ट योनियां हैं। यहां यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि देव, असुर व ऋषि आदियों पर विचार करते हुये स्थूल शरीर को बीच में नहीं लाना चाहिए क्योंकि उनमें वह नगण्य रहते हैं। देव,

---

१ तद् यो देवानां प्रत्यबुध्यत स एव तदभवत् तथर्षीणां तथा मनुष्याणां यथा पशुरेवं स देवानाम्। बृ० उ० १।४।२।

२ स त्वं मानुषमात्रेण रामेण युधि निर्जितः। न व्यपत्रपसे राजन् किमिदं राक्षसेश्वरः। वा. रा. १।१३।५।

कथं भयमसंबुद्ध मानुषादिदमागतम् वा. रा. ११३।५२।

सर्वं तत् खलु मे मोघं यत्तप्तं परमं तपः
यत्समानो महेन्द्रेण मानुषेण विनिर्जितः॥
६०।५

इन्द्रियाणि पुरा जित्वा जितं त्रिभुवनं त्वया।
११३।१५

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

असुर व ऋषि आदि अपने महान् व उग्र तप के द्वारा सूक्ष्म शरीर को सक्रिय करते हैं। उनके कार्य व्यवहार का साधन सूक्ष्म शरीर होता है व्यापक प्राण होते हैं। ये विषय बहुत व्यापक हैं। इनकी गहराई में न जाकर हम यहां केवल इतना ही देखते हैं कि वेद देव और असुर में क्या भेद बताता है? वेद के आधार पर देव और असुर का भेद दिखाना बहुत कठिन है। क्योंकि वेदों में १अग्नि इन्द्र, वरुण, रुद्र व सविता आदि प्रायः सभी देवों को असुर शब्द से सम्बोधित किया गया है और फिर देव यज्ञों के रक्षक तथा असुर यज्ञों के विघातक हैं यह भी बात नहीं है। क्योंकि संहिताओं में देवों को भी २यज्ञों का विघातक कहा गया है, और असुरों को यज्ञों का करने वाला। एक मन्त्र में आता है कि पूर्वे ३देव असुरत्व की प्राप्ति के इच्छुक थे। देवताओं का असुरत्व क्या है इसका निर्णय स्पष्टीकरण ऋग्वेद ३।५५ सूक्त में किया गया है। इस सूक्त के प्रत्येक मन्त्र के अन्त में "महद् देवानामसुरत्वमेकम्" यह पद दिया गया है। असुरत्व क्या है? इसका निर्णय निरुक्त में इस प्रकार किया गया है—"असुरत्वमेकं प्रज्ञावत्वं वा अनवत्वं वा" नि० १०।३४ अर्थात् असुरत्व में श्रेष्ठ प्रज्ञा तथा प्रबल प्राण शक्ति होती है "यां मेधामसुरा विदुः—तां मय्यावेशयामसि अथर्व ६।१०८।३ यहां आसुरी मेधा को प्राप्त करने का विधान किया है।

इन सब प्रमाणों के होते हुए असुरों को विनाशक शक्ति ही मानना तथा देवों को श्रेष्ठ व निर्माणात्मक शक्ति ही मानना असंभव सा प्रतीत होता है। जिस आसुरीमेधा को श्रेष्ठ मान कर उसकी प्राप्ति का विधान मन्त्र में किया गया है उसी आसुरी मेधा को आर्यों की इरानी शाखा ने अहुरमज्दा के रूप में स्वीकार किया था। इसलिए हम कह सकते हैं कि देवों के ही देवत्व और असुरत्व ये दो रूप होते हैं। उसमें असुरत्व का एक बड़ा भाग होता है (देवानां एकं महत् असुरत्वम्)। परन्तु वे ज्यों ज्यों असुरत्व की ओर अधिक झुकते जाते हैं और देवत्व उनमें कम होता जाता है, जैसा कि ऋ० ७।२१।७ में कहा गया तो उस अवस्था में वे देव न रह कर केवल असुर ही होते हैं। इसी दृष्टि से मन्त्र में कहा गया है कि "अनायुधासो असुरा अदेवाः" ऋ० ८।९६।९ अर्थात् वे असुर जो देव नहीं हैं (अदेवाः) वे आयुध रहित हो गये ऐसा वर्णन आता है। यहां हमें अनित्य इतिहास न देखकर संसार की क्रमिक वृद्धि व ह्रास व क्रमिक परिवर्तन जो कि सभी सृष्टियों में स्वाभाविक है उसका दिग्दर्शन समझना चाहिए। इससे एक यह भी ध्वनि निकलती है कि श्रेष्ठता व उपादेयता के लिए असुरत्व के साथ-साथ देवत्व का होना भी आवश्यक है। जहां असुरत्व के साथ देवत्व नहीं है वहां 'असुर' शब्द बुरे अर्थों में प्रयुक्त समझना चाहिए। इसलिये असुर शब्द बुरे अर्थों में भी प्रयुक्त हुआ है यथा "निर्माया उ त्ये असुरा अभूवन्" ऋ० १०।१२४।५ आदि प्रयोग हुए हैं। इसलिए जो पूर्वे देव असुरत्व के लिए प्रयत्न करने लगे और अपने देवत्व रूप को भूल गये, वे ही असुर बन कर यज्ञ के विघातक बने। उन्हें ही तैत्तरीय संहिता में 'यज्ञहनः' यज्ञमुषः' आदि पदों द्वारा स्मरण किया गया है। किन्तु इससे यह परिणाम नहीं निकालना चाहिए कि असुर मनुष्यों से भी क्षीण शक्ति वाले व अत्यन्त

---

१ ऋ० ३।३।४,१।५।४।३,३।३५।७,१०, २।२७।१० आदि।

२ ये देवा यज्ञहनो यज्ञमुषः पथिव्यामध्यासते। ,, ,, ,, अन्तरिक्षे"। ,, ,, दिवि ,, तै. सं. ३।५।४।

३ देवाश्चित् ते असुर्याय पूर्वे०। ऋ. ७।२१।७

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

हेय हैं। वे देवों के तुल्य सूक्ष्म शक्ति हैं। उनकी स्पर्धा देवों से ही है मनुष्यों से नहीं। श.प. ब्रा. ११।१।६।७,८ में देवप्राण और असुर प्राण का भेद बताया है जो कि निम्न शब्दों में है "तस्यै ससृजानाय दिवेवास तद्वेव देवानां देवत्वम् अथ योऽयमवाङ् प्राणः तेनासुरानसृजत तस्यै ससृजानाय तम इवास" अर्थात् देवों के सर्जन में द्यु है प्रकाश है ज्योति है असुरों के सर्जन में तम है। दिवेवास तदहरकुरुत.. तम इवास तां रात्रिमकुरुत" जो दिन में कार्य करते हैं ज्योतिरूप हैं वे देवकोटि में आते हैं श.प. ११।१।६।११ और जिन व्यक्तियों का तथा हिंस्र पशुओं आदि का स्वाभाविक कार्य रात्रि में होता है वे आसुरी कोटि में आते हैं। एक मन्त्र में विश्वकर्मा भगवान् को देवों व असुरों से परे बतलाया गया है। "परो देवेभिरसुरैर्यदस्ति" ऋ० १०।८२।५ अर्थात् वह विश्वकर्मा भगवान् देवों और असुरों दोनों से परे है। इस मन्त्र से यह स्पष्ट है कि भगवान् के परत्व अर्थात् श्रेष्ठत्व के दिखाने के लिए देवों के साथ असुरों का भी ग्रहण किया है। इस प्रकार संक्षेप में हमने देव और असुर पर विचार किया। वेदों व वैदिक साहित्य के आधार पर इनसे संबन्धित अनेकों विषयों पर विचार हो सकता है। पर ऋषियों की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए यहां इतना ही पर्याप्त है। हां, असुर प्रमुख रूप से प्राण की शक्तियां हैं यह अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए।

देव–ऋषि–मनुष्य

मनुष्य मनु की सन्तान है। पर प्रायः मनुष्य मन के अतिस्थूल स्तर पर निवास करते हैं। प्राण वासनाओं से ताड़ित हो इधर उधर मारे-मारे फिरते हैं। वे पंचभौतिक स्थूल शरीर से आबद्ध होते हैं पर ऋषि और देव नहीं। ऋषियों और देवों का सूक्ष्म शरीर व्यापक होता है और वह सक्रिय होता है। मनुष्य की ऐन्द्रियिक शक्ति सीमित व परिमित होती है पर ऋषियों और देवों की अपरिमित व निःसीम होती है। इनका ऐन्द्रियिक ज्ञान,देश,काल व वस्तु आदि से परिच्छिन्न नहीं होता। परन्तु देव ऋषि, और मनुष्य का वास्तविक स्तर व भेद हम दिखाना चाहें तो यह कह सकते हैं कि ऋषि देवों और मनुष्यों के मध्य की श्रेणी है। जिस प्रकार वेदों में ऋषि देवताओं को दिखाने के लिए ऐनक का काम करते हैं, उसी प्रकार चेतन सृष्टि में ऋषि लोग मनुष्यों को देवों का ज्ञान कराते हैं। वेद में इन्हें देवों का 'सधमाद' कहा गया है। [1]सधमाद का भाव यह है कि वे देवों के साथ दिव्य आनन्द का उपभोग करते हैं। जैसे कि हम पूर्व में निर्देश कर चुके हैं कि देवप्राण की गति ऊर्ध्व को है अतः देवों का निवास ऊर्ध्व में द्युलोक में है। और ऋषि प्राण का अर्वाङ् अयन है, अर्थात् ऋषि ऊर्ध्व से, देवों के पास से शक्ति, ज्ञान आदि ले कर मनुष्यों की ओर आते हैं। अत एव ब्राह्मण के अनुसार ऋषि की पहचान यह है कि देव उसे जानते हों। एक समय की बात है कि "[2]सरस्वती नदी के किनारे भृगु, अंगिरा आदि ऋषि सत्र नामक यज्ञ में विराजमान थे। वहां इलूषा का पुत्र कवष भी आ पहुंचा। उन्होंने उसको सोमयज्ञ से यह कह कर बाहिर निकाल दिया कि यह दासीपुत्र, जुआरी अब्राह्मण हमारे मध्य में कैसे दीक्षा प्राप्त कर सकेगा? यह विचार कर उन्होंने उसे रेगिस्तान

---

१ त इद्देवानां सधमाद आसन्नृतावानः कवयः पूर्व्यासः ऋ० ७।७६।४।

२ ऋषयो वै सरस्वत्यां सत्रमासत०। ऐ० ब्रा० २।१९

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में पहुंचा दिया जिससे कि प्यासा वह तड़प तड़प कर मृत्यु मुख में पहुंच जाये और सरस्वती का पवित्र जल वह न पी सके। रेगिस्तान में पिपासाकुलित हो उसने "अपोनप्त्रीय" मन्त्रों का साक्षात् दर्शन किया। इससे वह जलों के प्रियधाम को प्राप्त हुआ। जल उसके निकट पहुंचे और सरस्वती भी दौड़कर उसके चारों ओर प्रवाहित होने लगी। ऋषियों ने जब यह देखा तो वे बोले कि देवता इसे जानते हैं, (ते वा ऋषयोऽब्रुवन् विदुर्वा इमं देवाः ऐ० ब्रा० १-१९) लाओ! इसे बुला लेवें। इसी कारण इन अपोनप्त्रीय आदि कई सूक्तों का यह 'कवष ऐलूष' ऋषि माना जाता है। यह इसलिए कि वह मन्त्रों के रहस्य को जानता है। देवताओं को जानता है और देवता इसे जानते हैं और यह ब्रह्माण्ड व पिण्ड में मन्त्रोक्त कार्य करवाने की क्षमता रखता है। इस कथानक से निम्न बातें स्पष्ट होती हैं—

एक तो केवल बौद्धिक मन्त्रार्थ-ज्ञान व देवता-ज्ञान पर्याप्त नहीं है। मन्त्रदर्शन का जो भाव आजकल लिया जाता है वह ठीक नहीं है। मन्त्रों में शक्ति है, मन्त्र में प्रतिपादित देवता रहस्य को जानकर साधना द्वारा मन्त्र-निहित-शक्ति को आत्मसात् करना और उस शक्ति को क्रियारूप में परिणत कर सकना, देवता सम्बन्धी पूर्णज्ञान की सच्ची परख है। इसी तथ्य को ऐतरेय ब्राह्मण[1] ६।३ में परिपुष्ट किया गया। वहां आता है कि ऋषि सत्र में विद्यमान थे उन में जो वृद्धतम व सर्वश्रेष्ठ था उससे बोले कि हे भगवन्! तुम सुब्रह्मण्या को आवाहन करो! क्योंकि तुम देवों को अत्यन्त निकट से आवाहन कर सकते हो।

इस आधार पर मन्त्रदर्शन, देवता-ज्ञान, तथा मन्त्रार्थ-ज्ञान का वास्तविक भाव क्या है यह हमें खूब अच्छी प्रकार जान लेना चाहिये।

देवता असुर पितर और पशु आदि कोई भी मानवेतर प्रजा प्राजापत्य नियमों का अतिक्रमण नहीं करती है केवल एक मनुष्य ही है जो कि अतिक्रमण करता है। कहा भी है—"ता इमाः प्रजास्तथेवोपजीवन्ति यथैवाभ्यः प्रजापतिर्व्यदधात्। नैव देवा अतिक्रामन्ति न पितरः न पशवः। मनुष्या एवैकेऽतिक्रामन्ति।श.प.।२।४।२।५,६

अग्नि और ऋषि

अग्नि द्वारा ऋषित्व की प्राप्ति

अग्नि बहुत व्यापक देवता है। सभी देवता इसी के विभिन्न रूप हैं (ऋ.२।१सू.)। ब्रह्माण्डगत शक्तियों अर्थात् देवी देवताओं को समझने, उन्हें प्राप्त करने के लिये भी अग्नि से ही प्रार्थना करनी पड़ती है। पृथिवी पर जन्म धारण करने के लिये जीवात्मा को सब से पूर्व अग्नि की स्तुति करनी होती है (अग्नेर्वयं प्रथमस्यामृतानां मनामहे चारु देवस्य नाम ऋ. १।२३।२)। वेदों में प्रवेश पाने के लिये भी सर्वप्रथम अग्नि का ही द्वार खटखटाया जाता है। कहने का भाव यह है कि इस ब्रह्माण्ड में यह अग्नि अनेकों रूपों में प्रकट हो रही है। मानव शरीर में भी यह अग्नि विविध स्थानों में विविध रूपों को धारण किये हुये है। (अग्ने धामानि बिभृता पुरुत्रा ऋ. १०।८०।४)। इस प्रकार ब्रह्माण्ड और पिण्ड में अग्नि के विविध

---

१ ऋषयो वै सत्रमासत तेषां यो वर्षिष्ठ आसीत्तमब्रुवन्। सुब्रह्मण्यामाह्वय त्वं नो नेदिष्ठाद्देवान् ह्वयिष्यसीति। ऐ० ब्रा० ६।३।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

रूपों का दर्शन हमें वेद द्वारा होता है। अग्नि का कौनसा विशिष्ट रूप सृष्टि में कहां कार्य कर रहा है, इसका निर्णय हम ऋषि और छन्द की सहायता से कर सकते हैं। अग्नि के किस विशिष्ट रूप को ऋषि अपने में समिद्ध व प्रदीप्त करना चाहता है, यह उस ऋषि के स्वरूप निर्धारण से ही स्पष्ट हो सकता है। इस लिये ऋषित्व प्राप्ति के रहस्य को समझने के लिये सर्वप्रथम हम अग्नि पर ही विचार करते हैं अग्नि के आविर्भाव व उस को समिद्ध व प्रदीप्त करने के अनेकों उपाय वैदिक साहित्य में भरे पड़े हैं। परन्तु हम यहां उन सब पर विचार न कर जिन मन्त्रों में ऋषि शब्द आ गया है, उन्हीं को लेकर देवता और ऋषि के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत करते हैं।

अग्नि देवता

मनुष्य को ऋषि बनाने में अग्नि का प्रमुख स्थान है। सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक जितने भी ऋषि कोटि के व्यक्ति हुये हैं, उन सब ने अग्नि की उपासना अवश्य ही की है। ऋचा कहती है कि "उस [1]अग्नि की पूर्व ऋषियों ने स्तुति की और नवीन ऋषि भी उस की स्तुति करते हैं, किस लिये? क्योंकि वह देवों अर्थात् दिव्य शक्तियों को धारण कराता है।" दूसरे शब्दों में हम यह कह सकते हैं कि अग्नि[2] व सोम[3] आदि देवता ही वास्तव में ऋषि हैं। ये देवता मनुष्य के अन्दर अंश रूप में अत्यन्त सूक्ष्मावस्था में रहते हैं। मनुष्य स्तुति, प्रार्थना, उपासना व अन्य साधनों द्वारा उन्हें आविर्भूत करता है। कालान्तर में अत्यन्त प्रवृद्ध अवस्था में पहुंच कर ये अग्नि, इन्द्र, आदि देवता ही ऋषि अर्थात् साक्षात्कर्ता बनते हैं और मनुष्यों को ऋषि बनाते हैं। मनुष्य में अग्नि की स्थिति स्थूल रूप से लेकर सूक्ष्म, सूक्ष्मतर व सूक्ष्मतम रूपों में परिवर्तित होती चली गई है। स्थूलरूप में जहां अग्नि अन्न के पाचन करने वाला होता है, वहां उस का सूक्ष्मतम रूप दिव्य संकल्प का होता है जो कि संसार की समग्र, गतिविधियों का नियामक होता है। प्राण में वह पवित्रतम सक्रिय जीवनशक्ति है। और बौद्धिक क्षेत्र में सत्य ज्ञान के रूप में, ऋत रूप में प्रकट होती है। ऋषि लोग इन्हीं क्षेत्रों में विद्यमान् अग्नि का समिन्धन करते हैं और अत्यन्त उग्र, व बलशाली रूप में उस को पहुंचाते हैं।

प्राण में अग्नि

यह दिव्य संकल्प रूप अग्नि प्राण में प्रविष्ट हो, प्राण का रूपान्तर करती है। सामान्य मनुष्य का प्राण वासनाओं से आच्छादित रहता है। परन्तु इस दिव्य संकल्प रूप अग्नि से प्रेरित हो वह पवित्रतम बनता है, मनुष्य में सतत क्रियाशील व अत्युच्च जीवन-शक्ति को पैदा करता है। वेद मन्त्र कहता है—

अग्निर्ऋषिः पवमानः पांचजन्यः पुरोहितः।
तमीमहे महागयम्॥ ऋ. ९।६६।२०।

यह अग्नि-ऋषि पवित्र है और अन्यों को

---

१. अग्निः पूर्वेभि ऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत। स देवां एह वक्षति॥ ऋ. १।१।२

२. त्वमग्ने प्रथमो अंगिरा ऋषिः। ऋषिः श्रेष्ठः समिध्यसे। ऋ. ३।२१।३ अग्निर्वेधस्तम ऋषिः। ऋ. ६।१४।२

३. ऋ. ९।३५।४. १०७।७. ऋ. ८।७९।१

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पवित्र करने वाला है। पंचजनों का हितकारी है। पुरोहित बन सर्वश्रेष्ठ कार्यों में अग्रणी बनता है। इस महाप्राण (महागयम्) अग्नि की हम स्तुति करते हैं व याचना करते हैं।

इसी प्रकार अग्नि के प्राणरूप को प्रदर्शित करने वाले अनेकों मन्त्र वेदों में विद्यमान हैं। प्राण में अग्नि की धारणा व उपासना करने वाले व्यक्तियों का जीवन आलस्य व प्रमाद से रहित होकर सक्रिय बन जाता है। उन में अकर्मण्यता का अंश लेशमात्र भी नहीं रहता। एक प्रकार से वे कर्मयोगी बन जाते हैं।

मन में अग्नि

मन में यह अग्नि श्रेष्ठ अभीप्सा के रूप में जागृत होती है। प्राण में पहुंचकर यह अग्नि जहां सतत सक्रिय अवस्था को पैदा करती है, वहां मन में पहुंचकर दिव्यता प्राप्ति व भगवत् प्राप्ति की अटूट अभीप्सा को उद्बुद्ध कर देती है। ऐसा अग्निमय व्यक्ति सब को सचेत (प्रचेताः) करने वाला साहस का पुत्र (सहसः पुत्रः) बन जाता है। मन्त्र में आता है, हे अग्नि ! तू मन में ओत-प्रोत होने वाले देवों में प्रथम है (त्वं ह्यग्ने प्रथमो मनोता =मनसि ओता ऋ. ६।१।१)।

हे अभीप्सा रूप अग्ने ! हम अभीप्सा वालों (उशतः) को तू देवों से मिला (उशन्नग्न उशतो यक्षि देवान्। ऋ. ६।४।१)।

इसी प्रकार इस सम्बन्ध में ऋ. ६।९।५-६ मन्त्र भी विशेष रूप से अवलोकनीय हैं।

मन की सीमा में संपूर्ण भौतिक संसार समाविष्ट हो सकता है। कोई भी ऐसा पदार्थ व शक्ति नहीं जो कि इस मन की कामना से दूर हो। परन्तु यह दिव्य अग्नि जब मन में उद्बुद्ध व प्रादुर्भूत हो जाती है तब मन से दिव्यता की ही कामना करवाती है और निकृष्ट कोटि की कामना वहां समाप्त हो जाती है।

बुद्धि में अग्नि

बुद्धि के क्षेत्र में पदार्पण कर यह अग्नि प्रकाशित विचार व दिव्यज्ञान की उद्बोधक होती है। ऐसे व्यक्ति दिव्यज्ञान के उपासक बनते हैं, और संसार में ज्ञानयोगी कहे जाते हैं। यह ज्ञान पुस्तकी ज्ञान नहीं है, और नाहीं आधुनिक प्रकार का अधूरा भौतिक ज्ञान है। यह तो बौद्धिक क्षेत्र में अवतरण करने वाला ऋत नामक दिव्य ज्ञान है, जो कि पर-अपर को समग्र रूप में ग्रहण करने वाला है।

दिव्य अग्नि

हम पूर्व में यह विचार अभिव्यक्त कर चुके हैं कि मनुष्यों को ऋषि बनाने वाले तत्त्वों में अग्नि तत्त्व सर्वप्रथम है। यह अग्नि मनुष्य में उत्पन्न होकर समिद्ध व प्रदीप्त होकर जब दिव्य रूप धारण कर लेती हैं तब यह दिव्य दृष्टि होकर ऋषि नाम से प्रख्यात होती है। इस के दिव्य दृष्टि होने से मनुष्य भी ऋषि कहलाने लगता है। इसी दृष्टि से सूक्ष्म व दिव्य रूप वाले प्राणों (प्राणा वाव ऋषयः) को ही शास्त्रों में ऋषि कहा गया है। मनुष्य को ऋषि बनने के लिये अग्नि को समिद्ध व प्रदीप्त करने की आवश्यकता है।

देवों का दूत

अग्नि को वेदों में अनेकों स्थलों पर देवों का दूत कहा गया है। अग्नि को देवों का दूत कहने का तात्पर्य यह है कि यह अग्नि मनुष्यों में निहित देवों के पास से मानस स्तर पर विराजमान मनुष्य के पास पहुंचती है और मनुष्य को यह जताती है कि अमुक २ देवता शरीर में विद्यमान हैं। उनकी शक्ति, स्वरूप व उनके आविर्भाव आदि का उपाय इत्यादि तत्सम्बन्धी सर्वप्रकार का ज्ञान मनुष्य को अग्नि-द्वारा प्राप्त होता है और इसी प्रकार मानस

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्तर पर विद्यमान मनुष्य में क्या शक्ति है, क्या योग्यता है, देवताओं के बैठने के लिये उपयुक्त वेदी तैयार है कि नहीं इत्यादि बातों का ज्ञान भी वह देवों व दिव्यशक्तियों को कराती है। एक प्रकार से यह अग्नि मनुष्य के मानस स्तर व दिव्य स्तर के मध्य में कड़ी व जोड़ने (Link) का काम करती है। दिव्यशक्तियों को मानसस्तर पर उतारकर लाती है और मानस स्तर की वेदि बनाना व उसकी साज-सज्जा भी वह स्वयं करती है। इस प्रकार मनुष्य को ऋषि व देव बनाने में अग्नि सर्वप्रमुख है। अतः ऋषि बनने के लिये सर्वप्रथम अग्नि का समिन्धन होना चाहिये उसे जागृत करना चाहिए।

मन्त्र कहता है कि "अग्निं मनुष्या ऋषयः समीधिरे" ऋ. १०।१५०।४ अर्थात् मनुष्य ऋषि अग्नि को समिद्ध व प्रदीप्त किया करते हैं। अब प्रश्न यह है कि इस अग्नि को अपने अन्दर किस प्रकार उत्पन्न किया जाये और उसे समिद्ध व प्रदीप्त कर दिव्य बनाया जाये। इस का समाधान वेद मन्त्रों में अनेकों प्रकार से किया गया है। उन सब का विस्तृत स्पष्टीकरण कर सकना तो असम्भव है, पर संक्षेप में कुछ थोड़ा बहुत अग्नि की उत्पत्ति व उस के समिन्धन पर हम यहां विचार करते हैं।

अथर्वा ऋषि द्वारा अग्नि मन्थन

अब हम इसी प्रकरण में विद्यमान दो एक ऋषियों द्वारा किये गये अग्नि मन्थन व अग्नि समिन्धन पर संक्षिप्त विचार प्रस्तुत करते हैं।

पुरीष्योऽसि विश्वभरा अथर्वा त्वा प्रथमो निरमन्थदग्ने।

त्वामग्ने पुष्करादध्यथर्वा निरमन्थत। मूर्ध्नो विश्वस्य वाघतः।

यजु. ११:३२।

(विश्वभरा) विश्व अर्थात् संपूर्ण संसार का भरणपोषण करने वाली हे अग्नि! तू मानव शरीर में (पुरीष्यः असि) प्राण के अन्दर निहित है अथवा प्राण नाम वाले इन्द्रिय केन्द्रों में रहती है। हे अग्नि! (प्रथमः अथर्वा) पहिला अथर्वा (त्वा निरमन्थत) तेरा मन्थन करता है। प्रश्न पैदा होता है कि यह अथर्वा किस स्थान पर अग्नि का मन्थन करता है? इस का उत्तर मन्त्र के उत्तरार्ध में इस प्रकार दिया है। हे अग्नि! यह अथर्वा (विश्वस्य वाघतः मूर्ध्नः) संपूर्ण शरीर का वहन करने वाले मूर्धा के (पुष्करात् अधि निरमन्थत) पुष्कर स्थान से मन्थन करता है।

उपर्युक्त मन्त्र में अग्नि को 'विश्वभर' और 'पुरीष्य' नाम से सम्बोधित किया गया है। यह विश्वभर अग्नि जिस प्रकार समग्र, विश्व का भरणपोषण करती है, उसी प्रकार मनुष्य शरीर का पालन-पोषण करती है। इस का दूसरा विशेषण पुरीष्य,[1] है अर्थात् यह अग्नि पुरीष्य में रहती है। पुरीष्य के भी कई अर्थ हैं। उन में एक प्रमुख अर्थ प्राण[2] है। इस का भाव यह हुआ कि संपूर्ण शरीर का भरण पोषण करने वाली यह पुरीष्य नामक अग्नि मनुष्य के सर्वशरीरव्यापी प्राण में निवास करती है। परन्तु सर्वशरीरव्यापी इस प्राणाग्नि को मन्थन करके प्रदीप्त करने का मन्त्र में जो स्थान बताया गया है वह मूर्धा का पुष्कर स्थान है। अर्थात् मूर्धा के पुष्कर स्थान से यह अग्नि मन्थन द्वारा पैदा की जाती है। इसी लिये शास्त्रों में [3]पुष्कर को अग्निका उत्पत्ति स्थान बताया है। मस्तिष्क में यह पुष्कर स्थान मस्तिष्क-द्रव

---

१ पुरीषे साधु वा पुरीषे भवः

२ स एष प्राण एव यत् पुरीषम्। श.प. ८।७।३।६

३ योनिर्वा अग्नेः पुष्करपर्णम् तै.सं. ५।५।१।४

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(Cerebro-spinal fluid) में है। अथवा यूं भी कह सकते हैं कि यह पुष्करपर्ण १ मस्तिष्क-द्रव का पृष्ठ अर्थात् आधार है। शतपथ २ ब्राह्मण में पुष्कर को द्रव ही कह दिया है। कहने का तात्पर्य यह है कि पुष्कर मस्तिष्क का द्रव-संयुक्त भाग है। इस में अग्नि रहती है इस मस्तिष्क द्रव को विलोडन कर अग्नि रूप मक्खन को बाहिर निकालना है। अग्नि रूप मक्खन को मथकर निकालने वाला अथर्वा है। अथर्वा गति रहित व निष्कम्प अवस्था वाले को कहते हैं। यह कितना अद्भुत मन्थन है जिसमें कि किसी प्रकार की गति व हरकत नहीं है। शतपथ ब्राह्मण में ३अथर्वा प्राण को बताया है। तैत्तिरीय व मैत्रायणी संहिताओं में ४प्रजापति माना है। इस सम्बन्ध में हमारा विचार यह है कि अथर्वा पद से चाहे प्रजापति का अर्थ ग्रहण किया जाय चाहे प्राण का अथवा अन्य किसी का ग्रहण किया जाये देखना यह है कि अथर्वा की व्युत्पत्ति क्या निर्देश करती है? इस की निम्न दो व्युत्पत्तियां हो सकती हैं :—

१. अथर्वा=न+ थर्वा=निश्चल निष्कम्प
२. अथर्वा=अथ अर्वाङ्नमेतास्वेवाप्स्वन्विच्छ। गो प्र. १।१।४।

अर्थात् इस प्रच्छन्न अग्नि को मस्तिष्क-द्रव व हृदय सरोवर में ढूंढो और 'अर्वाङ्' स्थूलता में आविर्भाव के लिये प्रेरित करो।

अथवा प्राण जब इन्द्रियों द्वारा बाहिर की ओर विषयों में जाते हैं तब वे बहिर्मुखी होते हैं। परन्तु जब उन्हें मस्तिष्क में विद्यमान ऐन्द्रियिक रसों की ओर (अर्वाङ्) मोड़ देते हैं, तब वे अन्तर्मुखी कहलाते हैं। इस का तात्पर्य यह हुआ कि प्राण जब अन्तर्मुख होकर निश्चल व निष्कम्प हो जाते हैं, तब मस्तिष्क में स्थित पुष्कर स्थान में दिव्य अग्नि का मन्थन प्रारम्भ हो जाता है।

अग्नि में तेजस्विता.. दध्यङ् ऋषि...

हम ऊपर यह देख चुके हैं कि मनुष्य के प्राण की अथर्वा अर्थात् निश्चल नीरवता की अवस्था में मस्तिष्क की अग्नि का मन्थन होता है, और मन्थन द्वारा वह पैदा की जाती है। इस से आगामी अवस्था अग्नि के ध्यान-प्रवणता की आती है। प्राण-अग्नि की वह ध्यानपरायणता जिस अवस्था में होती है, उसे वेद में दध्यङ् कहा गया है। प्राण की यह दध्यङ् अवस्था अथर्वा के बाद की अवस्था है और अथर्वा से ही पैदा होती है। इस लिये वेदों की अपनी शैली में इसे अथर्वा का पुत्र कह दिया गया है। वह मन्त्र इस प्रकार है :—

तमु त्वा दध्यङ्ङृषिः पुत्र ईधे अथर्वणः।
वृत्रहणं पुरन्दरम्। यजु. ११।३३।

(अथर्वणः) अथर्वा अर्थात् निष्कम्प व निश्चल नीरवता का (पुत्रः) पुत्र (दध्यङ् ऋषिः) अतिशय ध्यानावस्था का तेजस्वी ऋषि प्राण (वृत्रहणं) वृत्रादि आसुरी शक्ति के विनाशक तथा (पुरन्दरं) आसुरी स्थानों के विदारक (तमु त्वा) उस तुझ अग्नि को (ईधे) प्रदीप्त करता है।

१अथर्वा अर्थात् मनुष्य का प्राण अन्तर्मुखी अवस्था में जब अत्यन्त निश्चल नीरव व शान्त हो जाता है तब मनुष्यों का ध्यान (दध्यङ्) उत्कृष्ट होता है। दध्यङ् ध्यान में लवलीन मनुष्य

---

१ अपां वा एतत् पृष्ठं यत् पुष्करपर्णम्। तै.सं. ८।३।१।४
२ आपो वै पुष्करम्। श प. ६।४।२।२।
३ प्राणोथर्वा। श.प. ६।४।२।२
४ प्रजापतिर्वा अथर्वा। मै. ३।१।५

१ प्रत्यक्तो ध्यानमिति वा प्रत्यक्तमस्मिन् ध्यानमिति वा। नि. दै. १२।३३।२१

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

को कहते हैं। यजुर्वेद की शाखा संहिताओं में दध्यङ् को तेजस्वी कहा गया है (दध्यङ् वा अथर्वा तेजस्व्यासीत्। तै. सं. ५।१।४।४ कपि ३०।२।

इस प्रकार मन्त्र में अग्नि के प्रदीप्त करने का उपाय यह बताया कि सर्वप्रथम निश्चल नीरवता, समता व स्थिरता की स्थिति पैदा करो और फिर मस्तिष्क में ध्यानावस्थित हो जाओ तो एकाग्रता में वह दिव्य अग्नि पैदा हो जायगी जो कि ऋषि नाम के प्राण को उद्बोधन करने वाली होगी। दध्यङ् के सम्बन्ध में हमने अपनी 'ऋषि-रहस्य' पुस्तक में विस्तार से विचार किया है। प्राण की इस दध्यङ् अवस्था से अगली अवस्था 'पाथ्यो वृषा' की आती है। वह मन्त्र इस प्रकार है :—

तमु त्वा पाथ्यो वृषा समीधे दस्युहन्तमम्।
धनंजयं रणे रणे। यजु. ११।३४।

हे अभीद्ध अग्नि ! (दस्युहन्तमं) पापादि दस्युओं का नाश करने वाले तथा (रणे रणे) प्रत्येक संग्राम में (धनंजयं) दिव्य ऐश्वर्य रूपी धन को जिताने वाले (तम् उत्वा) उस तुझ अग्नि को (पाथ्यो वृषा) अध्यात्म मार्ग में पाथेय सदृश अन्न की वृष्टि करने वाला यह मन (समीधे) सम्यक् रूप से प्रदीप्त करता है।

अध्यात्म मार्ग में चलते हुये मनुष्य को दो बातों की आवश्यकता है। एक तो मार्ग में बाधा बनकर आये हुये वृत्रादि आसुरी शक्तियों का विनाश हो और दूसरा अव्याहत गति के लिये तदनुकूल बल व अन्न प्राप्त हो। इन दोनों आवश्यकताओं की पूर्ति 'पाथ्यो वृषा' शब्दों में निर्दिष्ट हुई है। 'पाथ्यः' की व्युत्पत्ति निम्न प्रकार हो सकती है। (पाथस्सु साधुः, पथिषु भवः, पाथः पाति शरीरमात्मानं येन तदन्नं बलं वा)।

यह हमारा मन ही अभीष्ट मार्ग पर ले चलता है और मार्ग में आये शत्रुओं को विनष्ट करने के लिये बलशाली प्राण का प्रयोग करता है। शतपथ ब्राह्मण में 'पाथ्यो वृषा' मन को बताया गया है। (श.प. ६।४।२।४)।

इस प्रकार मनुष्य को ऋषि बनाने में अग्नि का कितना स्थान है, यह हमने देखा। इसी प्रकार अग्नि के समिन्धन के और भी उपाय हो सकते हैं।

सब का सार यही है जैसा कि निम्न मन्त्र कहता है :—

अग्निं मनुष्या ऋषयः समीधरे।
ऋ. १०।१५०।४।

अर्थात् मनुष्य ऋषि अग्नि को समिद्ध व प्रदीप्त किया करते हैं।

वाणी द्वारा अग्नि-प्राप्ति

ऋ. १०।९८।९ मन्त्र में कहा गया है कि 'हे [1]अग्निः पुराकाल में ऋषि लोग वाणी द्वारा तुझे प्राप्त करते रहे हैं।' इसका भाव यह है कि वाणी द्वारा स्तुति कर आन्तरिक अग्नि को उद्बुद्ध व प्रदीप्त किया जा सकता है। उस की प्रक्रिया यह है कि आध्यात्मिक यात्रा (अध्वरेषु) अध्व मार्ग में अनेक वार अग्नि का आह्वान (पुरुहूत) किया जाये। इस से हृदयाकाश में वह अग्नि शनैः शनैः रोहण (रोहिदश्व) करती जायेगी। इसी प्रक्रिया को बताने के लिये उपर्युक्त मन्त्र में अग्नि को पुरुहूत (बहुत आह्वान करना) और रोहिदश्व (रोहित+अश्व—जिस के अश्व अर्थात् व्याप्तिशील शक्तियां ऊपर को रोहण कर रही हैं) आदि विशेषणों से सम्बोधित किया गया है। इसी प्रकार एक और मन्त्र है, जिस में कहा गया है कि "ऋषि-

१ त्वां पूर्वऋषयो गीर्भिरायन् त्वामध्वरेषु पुरुहूत विश्वे। ऋ. १०।९८।९

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

लोग इस अग्नि को उक्थ नामक स्तोत्रों द्वारा विविध प्रकार से आह्वान करते हैं।" उक्थ[1] उत्थान करने वाले स्तोत्र व साधन कहलाते हैं। हृदय में प्रसुप्त अग्नि को वे इन उक्थ नामक स्तोत्रों व साधनों द्वारा उठाते हैं और प्रदीप्त करते हैं।

ऋषि को अग्नि की देन—

"अग्नि वीरता युक्त ऐश्वर्य प्रदान करता है। अग्नि उस ऋषि को जन्म देता है जो कि सहस्र-शक्तियों से युक्त होता है। यह अग्नि आकाश में हवि को तानता है, फैलाता है। इस अग्नि के धाम बहुत स्थानों पर विविध रूप में विद्यमान हैं।"

[1]यज्ञ में प्रक्षिप्त आहुति को सूक्ष्म रूप कर आकाश में तानने वाला भौतिक स्थूल अग्नि, ऋषि में अतीन्द्रियदर्शन आदि सहस्रों दिव्यशक्तियों का उत्पन्न करने वाला अग्नि, और नानाविध ऐश्वर्यों का प्रदान करने वाला अग्नि एक ही है। स्थूल सूक्ष्म आदि विविध आयतनों से वह विविध रूप वाला कहा जाता है। (धामानि बिभृता पुरुत्रा) इस लिये इस भौतिक स्थूल अग्नि को भी तुच्छ समझ-कर इस का अपमान नहीं करना चाहिये। मन्त्र कहता है कि ऋषि में जो सहस्रों दिव्यशक्तियां व विभूतियां पैदा होती हैं वह इसी अग्नि के कारण हैं। इस मन्त्र पर हमें खूब गम्भीरतापूर्वक विचार करना चाहिये। हमें मन्त्र से यह इंगित होता है कि मन्त्र का किसी और ही अग्नि की ओर संकेत है जो कि स्थूल सूक्ष्म आयतनों में प्रविष्ट है। परन्तु उसका वर्णन स्थूल, सूक्ष्म आदि अग्नि के आयतनों व उनमें प्रविष्ट अग्नि को एक ही मानकर अभेद बुद्धि से कर दिया गया है।

सब अग्नियां एक ही हैं—

सर्वत्र व्याप्त अग्निरूप भगवान् और उस का आयतन व प्रतीक स्थूल, सूक्ष्म आदि भौतिक अग्नियां इन सब को निम्न मन्त्र में अभिन्न-रूप में वर्णन किया गया है।

"हे [1]अग्नि! नियमानुकूल व सम्यक् परिमाण (समाः) में रहती हुई ऋतुएं तुझे बढ़ावें, संवत्सर तुझे बढ़ावे, ऋषि लोग और जितने भी सत्यकर्म हैं, वे तेरी वृद्धि करें। तू दिव्यरोचन से सम्यक् प्रकाशित हो और चारों दिशाओं व प्रदिशाओं को अपने दिव्य प्रकाश से आभासित कर दे।

इस मन्त्र में अग्नि के 'दिव्य-रोचन' और उस को प्रदीप्त करने वाले 'ऋतवः, सम्वत्सर, ऋषयः और यानि सत्या 'इत्यादि साधनों पर गम्भीर विचार किया जाये तो हमें यह स्पष्ट प्रतीत होगा कि ये साधन दो प्रकार के हैं, जो कि विभिन्न २ अग्नियों को प्रदीप्त करने वाले हैं। ऋतु और सम्वत्सर ये दो साधन भौतिक अग्नि की ओर संकेत कर रहे हैं। और 'ऋषयः' तथा 'यानि सत्या' अर्थात् ऋषि और जितने सत्य कर्म हैं, ये आन्तरिक अग्नि की ओर संकेत करते हैं। इस लिये इन दो प्रकार के साधनों से यही प्रतीत होता है कि ये दो विभिन्न प्रकार की अग्नियां हैं। परन्तु मन्त्र में ऐसा विभाग नहीं किया। वहां एक ही अग्नि माना है। इस को हम यूं समझ सकते हैं कि जो अग्नि फल, फूल व अन्नादि को परिपक्व करती है, वही हमारे शरीर में अन्न द्वारा पहुंच कर इन्द्रियां, प्राण, मन, बुद्धि आदि शारीरिक व आन्त-

---

१ अग्निमुक्थै र्ऋषयो विह्वयन्ते। ऋ. १०।८०।५

२ अग्निर्दाद् द्रविणं वीरपेशा अग्नि र्ऋषिं यः सहस्रा सनोति, अग्निर्दिवि हव्यमाततानाग्ने धामानि बिभृता पुरुत्रा। ऋ. १०।८०।४

१ समास्त्वाग्न ऋतवो वर्धयन्तु सम्वत्सरा ऋषयो यानि सत्या। संदिव्येन दीदिहि रोचनेन विश्वा आभाहि प्रदिशश्चतस्रः। अथर्व. २।६।१

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

रिक घटकों का निर्माण पालन व पोषण करती है। व्यापक दृष्टि में सोचा जाये तो अधिभूत व अध्यात्म आदि भेद तो ऋषियों ने मनुष्यों को समझाने के लिए किये हैं। वस्तुतः भेद कुछ नहीं है, केवल स्थान व आयतनों के भेद से उन में भेद है। आत्म-विदों की दृष्टि में तो भगवान् की ही शक्ति इन विभिन्न २ स्थानों व आयतनों में प्रकट हो रही है। 'जो अग्नि[1] ब्रह्माण्ड में सर्वत्र अभिव्याप्त है, उसी के प्रचेता स्वरूप से सम्पर्क कर ऋषि लोग अपने ब्रह्मबल व आध्यात्मिक बल को प्रदीप्त करते हैं जिस से कि उन के अन्दर विद्यमान वृत्रादि की आसुरीमाया छिन्न-भिन्न हो जाती है' वही अग्नि स्थूल रूप में "[2]हव्य का वहन करती है और यज्ञ को समर्थ बनाती है। वास्तव में अग्नि सूक्ष्म है, सूत्र रूप है, सर्वत्र व्याप्त है। आयतनों के भेद से उस में भेद माना जाता है। इस लिये मन्त्रों में कई स्थलों पर आयतनों के भेद व क्षेत्र भेद से कई अग्नियों का वर्णन हुआ है, तो कई स्थलों पर कई क्षेत्रों की अग्नियों को एक ही अग्नि मानकर वर्णन हुआ है। परन्तु इन दोनों प्रकार के वर्णनों में हमें पारस्परिक विरोध नहीं समझना चाहिये।

स्थूल अग्नि में एक और अग्नि प्रविष्ट है—

अथर्व ४।३९।९ में निर्देश आता है कि इस भौतिक अग्नि में एक और अग्नि प्रविष्ट है। उस का क्या स्वरूप है, और क्या कार्य है इत्यादि बातों को समझने के लिये हम मन्त्र का सम्पूर्ण भाव यहां दर्शाते हैं।

"[1]इस भौतिक अग्नि में एक और अग्नि प्रविष्ट है। वह ऋषियों का पुत्र है। अपने प्रशंसक व स्तोता का वह रक्षक है। हे अग्नि! (नमस्कारेण नमसा) नमः के उच्चारण के सहित कुछ नम्र होकर मैं तेरे प्रति आहुति डालता हूं। जिस से कि देवों के कर्मभाग अर्थात् उन के प्रति अपने कर्त्तव्य कर्म को मिथ्या न कर सकूं।"

इस मन्त्र में दो बातें विशेष विचारणीय हैं। एक तो इस अग्नि में प्रविष्ट दूसरी अग्नि क्या है? दूसरे क्या इस स्थूल अग्नि के प्रति 'नमः' का उच्चारण करते हुये कुछ नमन करना चाहिये? ये दो बातें बहुत विवादास्पद हैं। प्रथम समस्या का हल हम इस प्रकार कर सकते हैं कि इस भौतिक अग्नि में वह अग्नि रूप भगवान् प्रविष्ट है। यह अग्नि उस अरूपी भगवान् का रूप है। अमूर्त की मूर्ति है। इस मूर्त अग्नि के प्रति नम्रीभाव से नमस्कार करना व उस की प्रदक्षिणा करना इस स्थूल अग्नि रूप शरीर के प्रति नहीं है। अपितु उस अमूर्त भगवान् के प्रति है। जिस प्रकार किसी पिता माता व गुरु आदि बुजुर्गों के प्रति नमन किया जाता है, वह उन के शरीर के लिये नहीं होता, अपितु शरीरान्तर्गत उन के आत्मतत्व के प्रति होता है। उसी प्रकार यहां भी समझना चाहिये। यही भाव निम्न मन्त्र-पदों में अभिव्यक्त हुआ है। "उत्तानहस्तो नमसा विवासेत ऋ. ६।१६।४६ 'उत्तानहस्ता नमसोपसद्य' ऋ. ३।१४।५ अर्थात् दोनों हाथों को ऊंचा तान कर अग्नि को नमस्कार करना चाहिये। दोनों हाथों को जोड़कर नमस्कार करना किसी

---

१ येन ऋषयो बलमद्योतयन् युजा येनासुराणाम-युवन्त मायाः।

२ यथा हव्यं वहसि जातवेदो यथा यज्ञं कल्पयसि प्रजानन्। अथर्व ४।२३।५।

१ अग्नावग्निश्चरति प्रविष्ट ऋषीणां पुत्रो अभि-शस्तिपाउ। नमस्कारेण नमसा ते जुहोमि मा देवानां मिथुया कर्मभागम्। अथर्व ४।३९।९

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मूर्तपदार्थ के सामने ही हो सकता है। अग्नि के प्रति नम्रीभाव का रहस्य कुछ २ इस प्रकार समझ में आता है कि जैसे नृत्य में आन्तरिक किसी विशिष्ट भाव को शारीरिक अंगों द्वारा अभिव्यक्त करने का प्रयत्न किया जाता है। इस से वह भाव भी घनीभूत होकर पूर्णता को प्राप्त होता है। और अन्तः-शरीर व बाह्य-शरीर ये दोनों एक ही भाव में ओत-प्रोत व समस्वर हो जाते हैं। उसी प्रकार अमूर्त भगवान् के प्रति भक्ति के पूर्णभाव को लाने के लिये उस की शक्तियों के प्रति यह नम्रीभाव है। इस से भक्ति अभिव्यचारी हो जाती है। हमारा यह नमस्कार तन्मयता व लवलीनता को उत्पन्न करे, क्योंकि देवों व भगवान् के भजन करने का तभी लाभ है, जब कि तन्मयता की अवस्था हो। मन्त्र कहता है "यक्षि देवान् यजिष्ठेन मनसा" अर्थात् देवों का यजन युक्ततम मन से करो। इस स्थूलाग्नि के अन्दर विद्यमान गुह्य अग्नि को ऋषियों का पुत्र कहा है। क्योंकि ऋषि लोग अपने तपोबल से उसे पैदा करते हैं। यह अग्नि सर्वत्र व्याप्त है। मनुष्य के अन्दर भी है। इस आन्तरिक अग्नि को ऋषि लोग प्रदीप्त करते हैं। मन्त्र में आता है :—

[1]ऋषि लोग इस आन्तरिक अग्नि को प्रदीप्त करते हुये जिस तपोबल से सत्र में पहुंचते हैं, उस अग्नि से उन के मस्तिष्क में प्रकाश भर जाता है (स्वराभरन्तः)। ऋषियों द्वारा प्रदीप्त उस अग्नि को मैं मस्तिष्क रूपी स्वर्गस्थान (नाक) में स्थापित करता हूं। इस अग्नि को मनु अर्थात् दिव्य मन वाले व्यक्ति 'स्तीर्णबर्हि" नाम देते हैं।"

अर्थात् इस प्रदीप्त व प्रकाशित अग्नि को वहन किये हुये ऋषि सत्य-विज्ञान के उद्गम की स्थली (सत्र) मस्तिष्क में पहुंचते हैं। और इस मस्तिष्क रूपी यज्ञस्थली जिसे कि पिण्ड का स्वर्गस्थान (नाक) कहा जाता है – में इस प्रदीप्त अग्नि की स्थापना कर देते हैं। इस अग्नि को दिव्य मन वाले व्यक्ति (मनवः) स्तीर्णबर्हि नाम देते हैं। अर्थात् इस अग्नि ने हृदय रूपी आसन को आच्छादित किया हुआ है। क्योंकि यह अग्नि हृदय से ही ऊर्ध्व की ओर आरोहण किया करती है। अब प्रश्न यह है कि इस हृदयस्थ अग्नि को स्वर्ग अर्थात् मस्तिष्क में किस प्रकार पहुंचाये ? इस का उपाय यजु० १८।५१ मन्त्र में बताया गया है। वहां आता है—

[1]यह अग्नि सुपर्ण है, अर्थात् उत्तम पंखों वाला है, दिव्य है, और अपने ताने-बाने (वयसा-वेञ् तन्तु-सन्ताने) के कारण महान् है। ऐसी इस सुपर्ण अग्नि को घृत के बल से युक्त करता हूं (घृतं-वीर्यम्-वीर्य शाली पुरुष में ही अग्नि धधकती है निर्वीर्य में नहीं)। इस प्रकार स्वर अर्थात् स्वर्ग की ओर आरोहण करते हुए पिण्ड व ब्रह्माण्ड का जो मूलस्थान (ब्रह्म) है, जिसे कि विष्टप कहते हैं, उस में हम जा पहुंचे।"

अब प्रश्न यह है कि इस सुपर्ण नामक अग्नि के पंख कौन से हैं, जिन से यह अग्नि उड़ान भरती है। इस सब पर शतपथ-ब्राह्मण व यजुर्वेद की शाखा-संहिताओं में विचार किया गया है। [2]शत-

---

१ येन ऋषयस्तपसा सत्रमायन्निन्धाना अग्निं स्वराभरन्तः। तस्मिन्नहं निदधे नाके अग्निं यमाहुर्मनवस्तीर्णबर्हिषम्। यजु १५।४९

१ अग्निं युनज्मि शवसा घृतेन दिव्यं सुपर्णं वयसा बृहन्तम्। तेन वयं गमेम ब्रध्नस्य विष्टपं स्वो रुहाणा अधिनाकमुत्तमम्। यजु १८।५१

२ तद्यन्मध्यमं यजुः। स आत्माऽथ ये अभितस्तौ पक्षौ। श.प. ९।४।४।६

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पथ-ब्राह्मण में यजु. १८।५१ मन्त्र (अग्निं युनज्मि०) को ही अग्नि रूप सुपर्ण का आत्मा मान लिया है। और इस से अगले दो मन्त्र (१८।५२,५३) अग्नि-रूप सुपर्ण के दो पंख मान लिये हैं। इस सब का स्पष्टीकरण सायणभाष्य में किया गया है। वास्तव में मन्त्रगत वर्णनीय विषय ही पक्षी की आत्मा व पंख आदि के अलंकार की असली सामग्री है। मन्त्रों को जो पक्षी व पंखों की उपमा दी गई है वह मन्त्र और मन्त्रगत विषय में अभेद-बुद्धि मानकर ही है। यदि सूक्ष्म-दृष्टि से देखा जाये तो मन्त्रों का संकेत शरीरान्तर्गत अग्नि से है, जिस के हृदय और मस्तिष्क ये दो पंख हैं। ये दोनों ही (हृदय और मस्तिष्क) इसी अध्याय के पूर्ववर्ती मन्त्रों में ब्रह्म और क्षत्र नाम से कहे गये हैं। (स न इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु)। ब्रह्म और क्षत्र हृदय और मस्तिष्क की शक्तियां हैं। अतः हम यह कह सकते हैं कि अग्निमय पुरुष अपने हृदय और मस्तिष्क रूपी दोनों पंखों के ब्रह्मबल व क्षत्रबल से प्रेरित हो ऊर्ध्व की ओर उड़ान भरता है। अब हम पंख रूपी मन्त्रों का संक्षिप्त भाव यहां दिखाते हैं।

[1]हे अग्नि, ये तेरे फड़फड़ाने वाले दोनों पंख, जिन से तू पाप व आसुरी भावों (रक्षांसि) का हनन करती है। इन पंखों द्वारा हम पुण्यशालियों के लोक में जा पहुंचे, जहां कि हमारे पूर्वज आदि-युगीन ऋषि पहुंचे हुए हैं।"

[2]"हे अग्नि! तू सोम-रस से युक्त है। दक्ष है और ऋतसम्पन्न है। अमृतमय पंखों वाली, शक्तिशाली व भरणपोषण करने वाली है। तूं मस्तिष्क रूपी महान् सधस्थ में ध्रुव रूप में विराजमान है। तुझे नमस्कार है, तू हमारी हिंसा मत कर।

अग्नि के निम्न तीन रूप भी बताये गये हैं पृथिवी अन्तरिक्ष तथा द्युलोक इन तीन स्थानों की दृष्टि से ये तीन रूप हैं। तालिका में वे इस प्रकार रक्खे जा सकते हैं।

१	पार्थिव–पवमान– (शरीर प्रधान)	स यदग्नये पवमानाय निर्वपति यदेवास्यास्यां पृथिव्यां रूपं तदेवास्यैतेनाप्नोति। श. २।२।१।१५ यदस्य पवमानं रूपमासीत् तदस्यां पृथिव्यां न्यधत्त। श. २।२।१।१४
२	आन्तरिक्ष्य-पावक- (क्रिया प्रधान)	अथ यदग्नये पावकाय निर्वपति यदेवास्यान्तरिक्षे रूपं तदेवास्यैतेनाप्नोति। श. २।२।१।१५ यत् पावकं तदन्तरिक्षे न्यधत्त श. २।२।१।१४
३	दिव्य – शुचि– (ज्ञानप्रधान)	अथ यदग्नये शुचये निर्वपति यदेवास्य दिवि रूपं तदेवास्यैतेनाप्नोति। श. २।२।१।१५ अथ यत् शुचिस्तद्दिवि (न्यधत्त) श. २।२।१।१४

अध्यात्म क्षेत्र में स्थूल शरीर से सम्बद्ध प्राणाग्नि तथा उदराग्नि पवमान अग्नि कही जा सकती है। सूक्ष्मशरीर सम्बन्धी व हृत्प्रतिष्ठ प्राणाग्नि पावक अग्नि हो सकती है। और मस्तिष्कान्तर्गत विज्ञानाग्नि शुचि अग्नि होती है। इन तीनों प्रकार की अग्नियों को प्रबुद्ध करके तथा सक्रिय बनाकर मनुष्य ऋषित्व को प्राप्त कर सकता है। (अग्निर्ऋषिः पवमानः)।

---

१ इमौ ते पक्षावजरौ पतत्रिणौ याभ्यां रक्षांस्यपहंस्यग्ने। ताभ्यां पतेम सुकृतामु लोकं यत्र ऋषयो जग्मुः प्रथमजाः पुराणाः।

२ इन्दुर्दक्षः श्येन ऋतावा हिरण्यपक्षः शकुनो भुरण्युः। महान्त्सधस्थे ध्रुव आ निषत्तो नमस्ते अस्तु मा मा हिंसीः। यजु १८।५२-५३

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अग्नि चयन

वेद में आता है कि "अग्निं मनुष्या ऋषयः समीधिरे" अर्थात् मनुष्य ऋषि अग्नि को प्रदीप्त किया करते हैं। किन साधनों व उपायों से अग्नि प्रदीप्त होती है, इसका सूक्ष्म से सूक्ष्म विवेचन ब्राह्मणग्रन्थों के अग्न्याधेय, अग्निहोत्र, अग्निचयन आदि यज्ञ यागों में किया गया है। अग्निद्वारा ऋषित्व की प्राप्ति किस प्रकार होती है इसके ज्ञान के लिए इन यज्ञ यागों पर भी विचार किया जाये तो यह विषय स्पष्ट हो सकता है। परन्तु इन यज्ञों के सब अंगों, सब विधिविधानों को पूर्णरूप से हृदयंगम कर सकना अति कठिन है। बाह्य-कर्मकाण्ड की सब क्रियाओं को युक्ति की कसौटी पर बुद्धिगम्य कर सकना अशक्य है। परन्तु यह निश्चित है कि ये सब बाह्य-यज्ञ आन्तरिक यज्ञोंके प्रतिनिधि हैं, सहायक हैं। प्रमुखता आध्यात्मिक यज्ञों की है। ये बाह्य यज्ञ हमारे आन्तरिक यज्ञों की पूर्णता व निष्पन्नता में सहायक हैं। यह विषय बहुत व्यापक है। अतः इस पर विशेष विचार न कर हम यह देखने का प्रयत्न करते हैं कि मनुष्य आन्तरिक अग्नि को प्रदीप्त करने तथा तद्द्वारा ऋषित्व की प्राप्ति के लिए याज्ञिक दृष्टि से क्या उपाय कर सकता है? उदाहरण के लिए अग्निचयन का आध्यात्मिक भाव क्या हो सकता है यह कुछ प्रमाणों व संकेतों के आधार पर दर्शाने का प्रयत्न करते हैं।

यजुर्वेद के ११वें अध्याय से १८वें अध्याय तक अग्निचयन सम्बन्धी मन्त्रों द्वारा अग्निचिति का वर्णन किया गया है। अग्निचयन का अर्थ है अग्नि का चिनना१ अमुक२ स्थान पर अग्नि का रखना। अग्नि की उत्पत्ति भी इस अग्निचयन में समाविष्ट है। विस्रंसित१ व पृथक्-पृथक् अंगोंका परस्पर सन्धान करना, उन्हें एक सूत्रता में बांधना भी इसका कार्य है। यह अग्नि का चयन ब्रह्माण्ड व पिण्ड दोनों क्षेत्रों में होता है। अग्निचयन सम्बन्धी ये मन्त्र मानव में दिव्य उत्पत्ति, द्वितीय जन्म (द्विजत्व) व आध्यात्मिक शक्तियों की ओर भी संकेत करते हैं। श.प. ६।१।२।३५ में आता है कि 'किस कामना से मनुष्य अग्नि का चयन करता है? इस सम्बन्ध में एक मत तो यह है कि "सुपर्णो भा भूत्वा दिवं वहादित्यु हैक आहुः" अर्थात् यह अग्नि सुपर्ण बनकर मुझे द्युलोक में वहन करके ले जाये। परन्तु याज्ञवल्क्य का पक्ष दूसरा है। उसका कथन यह है कि अग्निचयन२ से प्राण प्रजापति का रूप धारण करते हैं। तदनन्तर प्रजापति देवों, दिव्यशक्तियों व इन्द्रियों में देवत्व का सर्जन करता है और अग्नि के प्रभाव में विद्यमान दिव्यशक्तियां अमर हो जाती हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि अग्निचयन से मनुष्य अमर हो जाता है। यही उसका दिव्य जन्म है। द्वितीय जन्म व द्विजत्व भी यही है। यहां यह बात ध्यान देने की है कि जैसी अग्नि होगी और जितनी मात्रामें३ होगी उतना ही उस अग्नि का तथा तत्सम्बन्धी दिव्यशक्तियों का चयन होगा। अध्यात्म में भी क्षेत्र भेद से अनेकों प्रकार की अग्नियां हो सकती हैं। वाक् अग्नि, चक्षु अग्नि, मस्तिष्क सम्बन्धी, मन व हृदय सम्बन्धी

---

१ यच्चिनोति तस्मात् चितयः। श.प. ६।१।२।१७–१९ अथ यश्चितेऽग्निः०। श.प. ६।१।२।२०।

१ श.प. ६।१।२।१२–२९।

२ न तथा विद्यात्०–श.प. ६।१।२।३५।

३ यावानग्नि र्यावत्यस्य मात्रा तावतैवैनमेतच्चिनोति। श.प. ६।१।२।२८।
बहवो ह्येतेऽग्नयो यदेताश्चितयोऽथ यत् कामायेति० श.प. ६।१।२।१९।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अग्नि। इस प्रकार अनेकों अग्नियां हमारे शरीर में हैं। इन सब पर विचार न करके यहां इस लघु लेख में सामान्य रूप से अग्निचयन व सावित्र होम द्वारा आध्यात्मिक व दिव्य उत्पत्ति का संक्षेप में दिग्दर्शन कराते हैं। यजुर्वेद के इन अग्निचयन सम्बन्धी मन्त्रों की व्याख्या शतपथ ब्राह्मण के षष्ठ काण्ड से प्रारम्भ होती है और प्रारम्भ में सृष्टि के आद्य१ ऋषिप्राणों की ओर ही संकेत किया गया है। अतः सृष्टि के आद्य-ऋषियों तथा मानव में उनके प्रादुर्भाव की प्रक्रिया व स्वरूप-निर्धारण के लिए शतपथ ब्राह्मण के इस षष्ठ काण्ड का स्पष्टीकरण अत्यन्त आवश्यक है। इसका ब्रह्माण्ड व पिण्ड इन दोनों क्षेत्रों में व्यौरेवार पूर्णरूप से स्पष्टीकरण तो कठिन है पर अध्यात्म क्षेत्र में कुछ संक्षिप्त विचार करते हैं।

शतपथ ब्राह्मण का यह षष्ठ काण्ड 'उखा सम्भरण' नाम से प्रसिद्ध है। इस काण्ड में वर्णित विषय तैत्तिरीय संहिता में 'उख्याग्निकथनम्' नाम से आता है। मैत्रायणी आदि संहिताओं में 'अग्निचिति ब्राह्मणम्' नाम से वर्णित हुआ है। इन सबका तात्पर्य यही है कि ब्रह्माण्ड व पिण्ड में 'उखा' नाम से प्रसिद्ध स्थानों में अग्नि का चयन तथा तत्सम्बन्धी सृष्टि की उत्पत्ति करनी है।

अग्निचयन को यहां नीचे से लेकर ऊर्ध्व तक पांच चितियों में विभक्त किया गया है। इसमें पुरुष, अश्व, गौ, अवि और अज इन पांच पशुओं का भी आलम्भन होता है। ये पांच पशु पारिभाषिक व आलंकारिक रूप के हैं। हमारे विचार में ये पशु मनुष्य के आभ्यन्तर अंगों से सम्बन्ध हैं। इस चयन-यज्ञ का प्रारम्भ मुख से होता है। (मुखतो वा एतद् यज्ञमालब्ध० मै.सं. ३।१।१)। क्योंकि सर्वप्रथम अग्नि का चयन मुख से होता है।

१ असद्वा इदमग्र आसीत्०·श.प.६।१।१।१।

मुखाग्नि द्वारा अन्न-भक्षण से स्थूल शारीरिक अग्नि तथा ब्रह्मचर्य काल में शिक्षा आदि द्वारा सूक्ष्म-अग्नि प्रबुद्ध व प्रादुर्भूत की जाती है। इस प्रकार स्थूल व सूक्ष्म दोनों प्रकार की अग्नियों का चयन मुख से होता है। मुख ही प्रधान कारण होता है क्योंकि ब्रह्मचर्य काल में विद्याध्ययन करते हुए मुखद्वारा त्रयी विद्या का अध्ययन किया जाता है। इसलिए ब्रह्म की उत्पत्ति को दूसरे शब्दों में मुख की उत्पत्ति कहा गया है। ऐसा व्यक्ति अनूचान अर्थात् अग्नि के सदृश देदीप्यमान होता है। शास्त्र में इसे अग्निकल्प कहा गया है। यह ब्रह्म ही अग्नि का मुख है अथवा यह अग्नि ब्रह्म का मुख है। इसी दृष्टि से ऋग्वेद आदि शब्द ब्रह्म, का प्रारम्भ अग्नि देवता से होता है। (मुखं ह्येतदग्ने यद् ब्रह्म)। आगे सब दिव्यशक्तियों की उत्पत्ति का सिलसिला सर्वप्रथम अग्नि की उत्पत्ति१ से चालू होता है।

अग्निचयन में सर्वप्रथम ऋषियों२ को स्मरण किया गया है। ये ऋषि सृष्टि के विभिन्न स्तरों के आद्य प्राण हैं। किस चिति में कौन सा ऋषि है वह तालिका में निम्न प्रकार है :—

	चिति		ऋषि
१	प्रथमा	---	प्रजापति
२	द्वितीया	---	देव
३	तृतीया	---	इन्द्राग्नी, विश्वकर्मा
४	चतुर्थी	---	ऋषयः
५	पंचमी	---	परमेष्ठी

इस प्रकार उपर्युक्त चितियों के ये प्रजापति आदि ऋषि हैं। ये विभिन्न स्तरों के प्राण हैं। इनका पिण्ड की दृष्टि से संक्षिप्त भाव यह है कि

१ स (अग्निः) यदस्य सर्वस्याग्रमसृज्यत तस्मादग्रिरग्रिर्ह वै तमग्निरित्याचक्षते। श.प. ६।१।१।११

२ असद्वा इदमग्र आसीत्० श.प. ६।१।१।१।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

प्रथम चिति के समय मानव की गर्भावस्था व शैशव काल में प्रजापति प्राण सक्रिय होते हैं। द्वितीय जन्म व आध्यात्मिक उत्पत्ति में भी प्रजापति का दिव्य रूप सक्रिय होता है। उसी प्रकार द्वितीय चिति में देव अर्थात् इन्द्रिय शक्तियां उद्बद्ध होती हैं। आध्यात्मिक उत्पत्ति में उनका दिव्य रूप प्रकट होता है। तृतीय चिति में इन्द्र और अग्नि तथा विश्वकर्मा रूप होता है। चतुर्थ चिति में स्वयं ऋषित्व सक्रिय व उद्बुद्ध होता है है और अन्त में पंचमी चिति में परमेष्ठी जागृत हो जाता है। इन सब ऋषि प्राणों को प्रदीप्त करने वाला मध्य का केन्द्रीय प्राण १ इन्द्र नाम से कहा गया है।

इन चितियों का ब्रह्माण्ड व पिण्ड में क्या महत्व है, किन २ अग्नियों का चयन होता है, इत्यादि बातें गुह्य रूप की हैं। परन्तु प्रजापतित्व व देवत्व आदि के ज्ञान व उनकी प्राप्ति के लिए इन चितियों के स्वरूप व उनकी सूक्ष्मता को जानना भी अत्यन्त आवश्यक हो जाता है। शतपथ ब्राह्मण में आता है कि पिण्ड में प्राणों की दृष्टि से पुरुष शरीर के सात विभाग किये गये हैं। यथा नाभि से नीचे के दो, नाभि से ऊपर के दो, पार्श्व (पक्ष) दो तथा प्रतिष्ठा स्थान एक। शिष्य के द्वितीय जन्म तथा उसमें देवत्व की उत्पत्ति के लिए आचार्य इन सातों अंगों की श्री२ (रस) को ऊर्ध्व में सिर की ओर प्रेरित करता है। सिर को शिर इसलिए कहते हैं कि इसमें सब देवशक्तियां व इन्द्रियां आश्रय लिए हुए हैं। समग्र शरीर की श्री ब्रह्मचर्य के द्वारा ही ऊर्ध्व में सिर की ओर गति करती है। हमें यह स्मरण रखना चाहिये कि शरीर के सब यज्ञ व समग्र देवशक्तियां ब्रह्मचर्य पर ही आश्रित हैं। ब्रह्मचर्य से ही इनका यज्ञ सुचारु रूप से चालू रहता है। परन्तु वीर्य रूपी रस के अधः पतन से यह श्री विनष्ट हो जाती है। सब आन्तरिक यज्ञ विनाशोन्मुख हो जाते हैं और देवशक्तियां भी प्रसुप्त व प्रच्छन्न पड़ी रहती हैं। जब ब्रह्मचर्य द्वारा मनुष्य ऊर्ध्वरेतस् बन जाता है तब सम्पूर्ण शरीर की श्री भी ऊर्ध्वगति वाली हो जाती है। (समुदूहन्ति) इस अवस्था में विद्याप्राप्ति का रुझान हो जाता है और ध्यान में मन लगता है। ध्यानावस्था में कुछ और श्रम व तप करने से त्रयी रूप ब्रह्म की उत्पत्ति होती है। वेदप्रतिभासित होने लगते हैं। इस अवस्था में पहुंचकर मनुष्य का प्रतिष्ठित स्थान ब्रह्म ही बन जाता है।

आगे इस अग्नि को आधार बनाकर पृथ्वी, अन्तरिक्ष द्यु तथा दिशाओं सम्बन्धी सृष्टियों का वर्णन हुआ है। ये सब अग्नि की चितियां हैं। इन चितियों की पूर्णता व निष्पन्नता में सविता का प्रमुख स्थान है। सविता ने इन चितियों को देखा।१ उत्पत्ति के लिए प्रेरित किया। इसलिए सविता द्वारा निष्पन्न कार्यों को सावित्र-होम भी कहा जाता है। इससे यह स्पष्ट है कि मनुष्य में अग्नि की उत्पत्ति व उसका विविध स्थानों में चयन बार २ की आन्तरिक प्रेरणा (सावित्राणि--षु प्रसवैश्वर्ययोः-प्रसवोऽभ्यनुज्ञानम् प्रेरणम्) पर निर्भर करता है।

---

१ स योऽयं मध्ये प्राणः। एष एवेन्द्रस्तानेष प्राणान्मध्यत इन्द्रियेणैन्द्ध यदैन्द्ध तस्मादिन्ध इन्धो ह वै तमिन्द्र इत्याचक्षते परोक्षम्। श.प. ६।१।१।२।

२ यैवैतेषां सप्तानां पुरुषाणां श्रीर्यो रसस्तमेतदूर्ध्वं समुदूहन्ति तदस्यैतच्छिरस्तस्मिन्नेतस्मिन् सर्वे देवाः श्रिताः। अत्र हि सर्वेभ्यो देवेभ्यो जुह्वति तस्माद्वेवैतच्छिरः। श.प. ६।१।१।७

१ तेषां चेतयमानानां सवितैतानि सावित्राण्यपश्यत्—तस्मात् सावित्राणि, यत्सावित्राणि हूयन्ते प्रसूत्या। श. प. ६।३।१।१। मै.सं.,

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

शास्त्रों में सविता का धाम ऊर्ध्वतम लोक माना है अर्थात् ऊर्ध्वतम लोक में स्थित हो यह सविता सब देव शक्तियों को प्रेरित करता है। यह हम गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से प्रकाशित 'आत्म-समर्पण' नामक पुस्तक में प्रदर्शित कर चुके हैं। सावित्र कर्म अनेकों प्रकार के दर्शाए गये हैं। इस सावित्र-होम में अग्नि आदि दिव्यशक्तियों की उत्पत्ति के लिए सविता सम्बन्धी प्रेरणायें आहुति रूप में पड़ती रहती हैं। इससे यह स्पष्ट है कि ब्रह्माण्ड में सविता भगवान् की प्रेरणा से तथा पिण्ड में सविता स्थानीय आन्तरिक (मन) प्रेरणा से अग्निप्रधान दिव्य जीवन की उत्पत्ति होती है। दैनिक अग्नि होत्र भी यदि मानव में अग्नि उत्पत्ति का साधन बनता है तो यह भी सावित्र कर्म के अन्तर्गत परिगणित किया जायेगा। उदाहरण के तौर पर मन के सवितृरूप को तथा तत्सम्बन्धी सावित्र-कर्म को हम यहां प्रदर्शित करते हैं।

मन सविता है। क्योंकि मानसिक इच्छा ही कार्य को करने के लिए प्रेरणा देती है। प्रेरणा देने के पश्चात् यह मन स्वयं रेतस् रूप में आहुति भाव को प्राप्त कर प्राण रूपी चमस द्वारा वाक् रूपी योषा (स्त्री) में जाकर पड़ती है। ब्राह्मण ग्रन्थ के पारिभाषिक शब्दों में वाक् स्रुक् है प्राण स्रुव है। स्रुक् योषा है (स्त्री है) स्रुव पुरुष है मन रेतस् है। आधुनिक भाषा में उपर्युक्त कथन को इस प्रकार स्पष्ट कर सकते हैं कि यह मनरूपी सविता स्वयं रेतस् रूप को धारण कर अपने आप को प्राण रूप स्रुवा (चमचा) द्वारा वाक् अग्नि में सिञ्चित करता रहता है। इससे वाक् अग्नि प्रबुद्ध व प्रवृद्ध होती है। अर्थात् मन प्राण के साथ सम्पर्क कर संकल्प रूप को धारण करता है यदि मन के साथ प्राण का सम्पर्क नहीं है तो यह मन केवल इच्छामात्र रह जाता है। इच्छामात्र से कोई काम सिद्ध नहीं होता, सिद्धि के लिये प्रबल संकल्प चाहिये। प्रबल संकल्प उसी समय जागृत होता है जब मन का प्राण के साथ सम्पर्क होता है। पारिभाषिक शब्दों में मन रेतस् है प्राण इस रेतस् को धारण करने वाला स्रुव (चमस) है और वाक् रूप योषा में यह मन रूपी रेतस् पड़ता रहता है। इस प्रक्रिया से वाक् अग्नि प्रवृद्ध होती है। अब जिस समय मन प्राण के साथ सम्पर्क कर संकल्प रूप धारण कर लेता है तब यह आहुति हो जाती है। उस समय एक और वस्तु इस आहुति द्रव्य में आ मिलती है, वह ऋत रूप जल है जो कि मस्तिष्क में विद्यमान वाक् लोक[1] से उत्पन्न होकर इस संकल्प में आ मिलता है। जब 'ऋत जल' आ मिला तब 'त्रयी विद्या'[2] भी आ धमकती है। तदनन्तर सब देवों का प्रजनन करने वाला प्रजापति भी आ पहुंचता है। इस प्रकार मनुष्य में ये सब शक्तियां उद्बुद्ध हो जाती हैं। इसका तात्पर्य यह हुआ कि प्राण सम्पृक्त मन में इतना प्रबल संकल्प होना चाहिये कि कुछ काल पश्चात् मस्तिष्क में ऋत रूप जल (आपः) का उद्गम होने लगे, और ऋत-म्भरा प्रज्ञा पैदा हो जाये। इस पारदर्शक ऋत रूपी जल में त्रयी विद्या के साथ देवशक्तियों का प्रजनन

---

१ अथ यास्ता आप आयन् वाचो लोकादेतास्ताः। श.प. ६।३।१।९-१०।

२ ब्रह्मैव प्रथममसृजत त्रयीमेव विद्यां सैवास्मा प्रतिष्ठाऽभवत् तस्मादाहु र्ब्रह्मास्य सर्वस्य प्रतिष्ठेति तस्मादनूच्य प्रतितिष्ठति प्रतिष्ठा ह्येषा यद् ब्रह्म तस्यां प्रतिष्ठायां प्रतिष्ठितोऽतप्यत। श.प. ६।१।१।८।
सोऽनया त्रय्या विद्यया सहापः प्राविशत्० श.प. ।६।१।१।१०।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

करने वाला प्रजापति भी उद्बुद्ध हो जाये तब ये सब मिलकर एक आहुति बनती है। प्राचीन समय में आचार्य अपने शिष्यों में उपर्युक्त आहुति को डालते थे। यह आहुति वाक् में पड़ती थी और वेदों के विद्वान् बनने के साथ साथ उनमें दिव्यता व आध्यात्मिकता का भी प्रादुर्भाव होता था।

इस प्रकार वाक् का बड़ा महत्व है शास्त्रों में वाक् को ही पृथ्वी माना है[1]। पृथ्वी में अग्नि समाविष्ट है अतः मुखस्थ वाक्-अग्नि को पार्थिवाग्नि कह सकते हैं। यह वाक् अग्नि नाभि से नीचे के उदर व उपस्थ आदि अंगों में भी पहुंचती है। परन्तु जब वाक्-अग्नि गायत्री का रूप धारण करती है तब उसका वह दिव्य रूप होता है और मुख से उत्पन्न होकर यह गायत्री रूप अग्नि, उदर उपस्थ आदि नीचे के अंगों को अभिव्याप्त कर उन्हें वासना रहित करती है। सामान्य अग्नि और गायत्री अग्नि में एक भेद यह भी है कि गायत्री अग्नि पृथ्वी पर रमण नहीं करती वह ऊर्ध्वगति वाली होती है। इस अवस्था में पुरुष ऊर्ध्वरेतस् बनता है।

यह विषय हम 'विष्णुदेवता' नामक पुस्तक में विस्तार से दर्शा चुके हैं। इस प्रकार वाक् अग्नि और उपस्थ आदि की अग्नि एक ही है। जो व्यक्ति ब्रह्मचर्य धारण न कर शिश्न आदि के दुरुपयोग द्वारा इस अग्नि को विनष्ट कर देता है उसकी वाक् अग्नि भी विनष्ट हो जाती है। उसकी वाणी में तेज व ओज नहीं रहता। विद्या भी क्षीणता को प्राप्त हो जाती है। इस कारण वाक् अग्नि और उपस्थ अग्नि एक ही हैं। इन दोनों अग्नियों को धारण करने वाले अंग पृथिवी कहे गये हैं। इस दृष्टि को ध्यान में रखकर याज्ञिकों ने 'प्राजापत्याहुति' को मौन होकर देने का विधान किया है। क्योंकि प्राजापत्य कर्म में अग्नि मुख में न रह कर सम्पूर्ण रूप में योनि व शिश्न में उपस्थित रहनी चाहिये। यही रहस्य उपनिषद् में मन और वाक् के पारस्परिक संघर्ष में प्रजापति द्वारा मन का पक्ष लिये जाने पर वाक् का प्राजापत्य आहुति के समय मौनावलम्बन का प्रण लेने में स्पष्ट किया गया है।

यह सावित्र-होम यजुर्वेद के ११वें अध्याय में वर्णित हुआ है। वहां आता है कि सविता सर्वप्रथम यह निश्चय करता है कि किस अग्नि को खोदकर बाहर निकालना है। यह निश्चय करके वह वाणी रूपी कुदाल (अभ्रि) द्वारा पृथ्वी के सधस्थ से अग्नि की खुदाई करता है और ऊर्ध्व में मस्तिष्क की ओर उसे प्रेरित करता है। सविता की प्रेरणा से यह अग्नि की ज्योतिः शिखा रूप में मस्तिष्क में पहुंच तत्रस्थ ऐन्द्रियिक शक्तियों को फैलाती, उद्बुध करती व दिव्य बनाती है। यह गायत्री अग्नि त्रिपदी कहलाती है। शरीर में ये तीन पाद-मुख, नाभि तथा मस्तिष्क हो सकते हैं। पार्थिव क्षेत्र से उद्बुद्ध हो यह अग्नि जिस २ मार्ग का अवलम्बन करती है उस २ मार्ग को सविता देखता रहता है।

अष्टपदा गायत्री नाम से प्रख्यात यह ज्योति कईयों की दृष्टि में अष्टचक्रों में गति करने वाली कुण्डलिनी भी हो सकती है। मुख से उत्पन्न हो यह गायत्री नीचे के अंगों को अभिव्याप्त कर लेती है परन्तु यह नीचे रमण नहीं करती। पृथ्वी स्थानीय नाभि प्रदेश से ऊर्ध्व की ओर प्रयाण करती है और दीपशिखा की भांति योगी पुरुषों को दृष्टिगोचर होती है।

अग्नि का उत्खनन

वाक् रूपी (अभ्रि) कुदाल द्वारा अग्नि का उत्खनन शरीर के उदर हृदय तथा मस्तिष्क इन

---

१ इयं (पृथिवी) वाक्। ऐ.ब्रा. ३,।३।१।१०।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

तीनों स्थानों पर होता है। यह उत्खनन अमुक स्थान पर ध्यान को केन्द्रित कर संकल्प वाली वाक् का प्रयोग करने से होता है। शरीर व शिर आदि को उखा इसलिये कहा जाता है कि इनमें विद्यमान अग्नि को खोदना होता है। उखा शब्द 'उत्खा'[1] उत्खनन से बना है। अग्नि के उत्खनन के लिए सविता की प्रेरणा आवश्यक है। सविता का स्थान मस्तिष्क है यहां से शरीर के सब अंगों को प्रेरणा जाती है। यजुर्वेद के ११वें अध्याय के प्रथम ८मन्त्र सविता की प्रेरणा से सम्बन्ध रखते हैं। इनके प्रेरणारूपी कार्यकलाप को शतपथब्राह्मण में सावित्र होम भी कहा गया है। अब हम इन मन्त्रों के आधार पर सावित्र होम का संक्षिप्त रूप प्रदर्शित करते हैं।

[2]सर्वप्रथम हमें यह दृढ़ निश्चय कर लेना चाहिये (निचाय्य) कि दिव्य अग्नि की ज्योति पृथिवी से खोदकर ऊर्ध्व में ले जानी है। इसके लिये प्रथम कर्त्तव्य यह है कि मन का धी के साथ योग किया जाये (युंजते मन उत युंजते धियः)। मस्तिष्क का अधिपति सविता यह कार्य करता है। धी प्रज्ञाकेन्द्रों (Brain Centres) को कहते हैं। याज्ञवल्क्य ने इन्हें [3]प्राण नाम दिया है। वास्तव में प्राण, प्राणायतन, प्रज्ञाकेन्द्र, धी व इन्द्रियां आदि संज्ञायें एक ही तत्त्व के द्योतक हैं। मन्त्र कहता है कि सर्वप्रथम हमें मन का इन प्रज्ञाकेन्द्रों (धी) के साथ योग करना चाहिये। प्रज्ञाकेन्द्रों से संयुक्त मन को 'युक्तमन' कहा गया है। क्योंकि संसार के सभी कार्य युक्तमन से ही सफल होते हैं। [1]अयुक्तमन से संसार का कोई भी कार्य सुचारु रूप से नहीं हो सकता। और दिव्य अग्नि की उत्पत्ति तो बिना युक्तमन के नितरां असम्भव है। इस लिये अग्नि की उत्पत्ति के लिए सर्वप्रथम मन को प्राणों व प्रज्ञा केन्द्रों से युक्त करे। मन की इस युक्तावस्था को बनाये रखने के लिये यह आवश्यक है कि [2]सविता की प्रेरणा निरन्तर होती रहे (सवितुः सवे)। तदनन्तर प्राणसंयुक्त सम्पूर्ण मानसिक शक्ति से द्युलोक की ओर ऊर्ध्वारोहण (स्वर्ग्याय शक्त्या) करने का प्रयत्न करे। हे [3]ऋषियो! द्युलोक में आरोहण कर जाओ, भयभीत मत होओ।

इस[4] ऊर्ध्वारोहण के समय ये देव-दिव्य-इन्द्रियां सविता की प्रेरणा से धी-बुद्धिकेन्द्रों से युक्त होकर मस्तिष्क व मस्तिष्क से भी ऊपर द्युलोक की ओर प्रयाण करते हुए एक महान् व दिव्य ज्योतिः व प्रकाश पुञ्ज को उत्पन्न करने लगते हैं यह सब सविता देव की प्रेरणा का परिणाम है। आध्यात्मिक क्षेत्र में एक स्थिति ऐसी आती है जब कि मस्तिष्क में विद्यमान सविता की प्रेरणायें स्वतः होती हैं उनके लिये प्रयत्न करने की आव-

---

१ इमांल्लोकानुदखनन्यदुदखनंस्तस्मादुत्खोत्खा ह वै तमुखेत्याचक्षते। श. प. ६।७।१।२३।

२ युञ्जानः प्रथमं मनस्तत्वाय सविता धियः। अग्नेर्ज्योति निचाय्य पृथिव्या अध्याभरत्। यजु. ११।१।

३ प्राणा धियः। श.प. ६।३।१।१३।

१ न ह्ययुक्तेन मनसा किंचन सम्प्रति शक्नोति कर्तुम्। श. प. ६।३।१।१४।

२ युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितुः सवे। स्वर्ग्याय शक्त्या। यजु. ११।२।

३ आरोहत दिवमुत्तमामृषयो मा विभीतन। अथर्व. १८।३।६४।

४ युक्त्वाय सविता देवान्त्स्वर्यतो धिया दिवम्। बृहज्ज्योतिः करिष्यतः सविता प्रसुवाति तान्॥ यजु० ११।३

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

श्यकता नहीं रहती। आगे १चतुर्थ मन्त्र में आता है कि विप्र लोग उस महान् विप्र भगवान् के अन्दर मन को युक्त करते हैं और फिर धी को युक्त करते हैं। मस्तिष्क में विद्यमान सबके ज्ञान व कर्मों के ज्ञाता (वयुनावित्) सविता का एक कार्य यह भी है कि वह सब अंगों (होत्रा) को एकरूप (एक इत्) में कर देता है अर्थात् इन का वैविध्य समाप्त होकर इनमें एकता व एकतानता आजाती है यह सविता देव का महान् स्तुति के योग्य कार्य है।

आगे ५ वें मन्त्र २ में अगली भूमिका का चित्र इस प्रकार खींचा गया है कि सविता रूप मन और इन्द्रियों की इस एकत्व की स्थिति में दिव्यज्ञान को उत्पन्न करने वाले सोम रूपी अन्नों के साथ इन का योग होता है। सोम भक्षण से इन मन व इन्द्रियों में सब से पूर्व जिस शक्ति का प्रकाश व प्रकटीकरण होता है, वह ब्रह्म है। यह ब्रह्म त्रयीविद्या व शरीर में ऐन्द्रियिक दिव्य ज्ञान है। सोम भक्षण से उत्पन्न हुआ यह ब्रह्मज्ञान इन मन व इन्द्रियों का प्राण३ बन जाता है। सोम के लिये मन्त्र में 'नमः' शब्द का प्रयोग हुआ है। क्योंकि सोम की वृद्धि से मनुष्य सौम्य बनता है। उस में नम्रता पैदा होती है। अतः सोम का एक नाम 'नमः' भी है। इस प्रकार मन व इन्द्रियों की एकता में सोम के सम्पर्क से जो ब्रह्म सम्बन्धी दिव्यज्ञान की उत्पत्ति होती है, उसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य लोक में तो उस की कीर्ति फैलती ही है, पर दिव्यलोकों में विद्यमान अमर देवों में भी उस की कीर्ति जा पहुंचती है। जिस प्रकार १राजा के प्रयाण करने पर राजसभा के सब सभासद भी राजा का अनुगमन करते ह, उसी प्रकार मनुष्य की इन्द्रियां व मन आदि सम्पूर्ण शक्तियां ऊर्ध्वारोहण में सविता का अनुगमन करती हैं। जितने भी पार्थिव अर्थात् शारीरिक संस्थान हैं, उन सब का यह सविता अपने ओज से पुर्ननिर्माण करता है। अन्त में सर्वप्रेरक सविता प्रभु से प्रार्थना है कि "हे२ सर्वप्रेरक सविता देव! तू इस सावित्र-यज्ञ को प्रेरित कर, इसे पूर्ण कर, दिव्य ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये इस यज्ञपति को तू सदा प्रेरित करता रहे। ज्ञान को पवित्र करने वाला यह दिव्य गन्धर्व हमारे ज्ञान को पवित्र करे। और वाणियों का स्वामी हमारी वाणी को दिव्यज्ञान से मधुर बनावे।" "यह३ सावित्र-यज्ञ देवों का रक्षक है। जीवात्मा के सच्चे सखा भगवान् को प्राप्त कराने वाला है आन्तरिक स्थानों को जिताने वाला, ऐश्वर्यों को जिताने वाला तथा स्वर्ग को प्राप्त कराने वाला है।"

---

१ युञ्जते मन उत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः। वि होत्रा दधे वयुनाविदेक इन्मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः। यजु० ११।४

२ युजे वां ब्रह्म पूर्व्यं नमोभिर्वि श्लोकऽएतु पथ्येव सूरेः।
शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आ ये धामानि दिव्यानि तस्थुः॥ यजु. ११।५।

३ प्राणो वै ब्रह्म पूर्व्यमन्नं नमस्तत्तदेषैवाहुतिरन्नमेतयैव तदाहुत्यैतेनान्नेन प्राणानेतस्मै कर्मणे युंक्ते। श. प. ६।३।१।१७।

१ यस्य प्रयाणमन्वन्य इद् ययुर्देवा देवस्य महिमानमोजसा। यः पार्थिवानि विममे स एतशो रजांसि देवः सविता महित्वना। यजु. ११।६

२ देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं भगाय दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतं नः पुनातु वाचस्पतिर्वाचं नः स्वदतु। यजु. ११।७।

३ इमं नो देव सवितर्यज्ञं प्रणय देवाव्यं सखिविदं सत्राजितं धनजितं स्वर्जितम्। ऋचा स्तोमं समर्धय गायत्रेण रथन्तरं बृहद् गायत्रवर्तनिं स्वाहा। यजु. ११।८।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ये उपर्युक्त आठयजुर्मन्त्र हैं। इन से सावित्र-होम किया जाता है। सावित्रहोम को दूसरे शब्दों में सविता की प्रेरणायें व सावित्र कर्म कहा गया है। इस सावित्रहोम व सविता की प्रेरणाओं का क्या स्वरूप है यह उपर्युक्त आठ मन्त्रों के आधार पर जाना जा सकता है। एक वाक्य में यह कहा जा सकता है कि मन व इन्द्रियां आदि शारीरिक शक्तियों को चहुं ओर से समेट कर ऊर्ध्वारोहण करते हुए मस्तिष्क में एकाग्र करना और इतना एकाग्र करना कि इन का वैविध्य समाप्त होकर एक चेतना प्रवाह ही अवशिष्ट रहे यह सावित्र-होम का एक स्वरूप है। इस सावित्रहोम के द्वारा मस्तिष्क की अग्नियों को प्रदीप्त किया जाता है। अग्नि की प्रदीप्ति के लिये आगे मन्त्रों में कुछ साधन बताये गये हैं, जिन पर केवल हम संक्षिप्त टिप्पणी ही प्रस्तुत करते हैं।

आठ मन्त्रों से एक आहुति—

१इन आठ मन्त्रों से केवल एक ही आहुति दनी है पृथक २ नहीं। यह ही समृद्धि २व सफलता का सूचक है। इस का भाव यह है कि इन आठ मन्त्रों में जो जो बातें कही गई हैं उन सबको एक बार में ही करना है। कोई क्रिया कभी कर ली कोई कभी या तोड़ २ कर की तो इस से सफलता नहीं मिल सकती। ऐसा समझना चाहिये कि इस शिरोयज्ञ में आठ मन्त्रों वाली यह एक ही आहुति है।

१ यं कामयेत ऋध्नुयादिति तस्य सकृत् सर्वाण्यनुद्रुत्य जुहुयात् ऋध्नोति। अथ यं कामयेत पापीयान्त्स्यादिति तस्य नाना जुहुयात्।

२ अथ यदेकामाहुतिमष्टाभि र्यजुर्भिर्जुहोति तस्मादेकस्मै सते बहवो बलिं हरन्ति बहवो हास्य बलिहृतो भवन्ति ॥ मै. सं. ३।१।१। तस्मादियेका सत्यष्टधा विहिता। श. प. ६।३।१।३।

सन्तत होम—

दूसरे यह होम अविच्छिन्न धारा रूप में होना चाहिये। अर्थात् मन व इन्द्रियां आदि की एकाग्रता की अवस्था निरन्तर बनी रहनी चाहिये। मध्य में अवकाश होने पर अन्य विघातक विचार प्रविष्ट होकर इस के उद्देश्य को विनष्ट कर देंगे।

१देवताओं को भय हुआ कि कहीं हमारे इस यज्ञ के विघातक राक्षस अनुप्रविष्ट न हो जावें। इस लिये उन्होंने इस सावित्रहोम को सततरूप (सन्ततहोम) में किया।

अषाढा—

इस प्रकार इस सावित्रहोम को निरन्तर धारा रूप में करते रहनें पर विघातक आसुरी विचार प्रविष्ट नहीं हो सकते। क्योंकि वे इस 'सन्ततहोम' की तेज धारा को सहन नहीं कर सकते। इसी लिये इसे आषाढ़ा२ भी कहा गया है।

ऊर्ध्व धारा—

मन व इन्द्रियों की एकाग्रता की अवस्था में निरन्तर ऊर्ध्व की ओर प्रवाहित होने वाली यह चेतना की धारा ऊर्ध्वधारा कहलाती है। श. प. ६।३।१।१४ में कहा है कि "तामूर्ध्वामुद्गृहणन्जुहोति। इमां तदूर्ध्वां रुपैरुद्गृह्णाति। तस्मादियमूर्ध्वा रूपैः।

१ तां सन्ततां जुहोति। एतद्वै देवा अबिभयुर्यद्वै न इह रक्षांसि नाष्ट्रा नान्वयेयुरिति त एतं सन्ततहोममपश्यन् रक्षसां नाष्ट्राणामनन्ववायनाय तस्मात् सन्ततां जुहोति। श. प. ६।३।१।५।

२ तामुपाधायासुरान्त्सपत्नान् भ्रातृव्यानस्मात् सर्वस्मात् असहन्त। यदसहन्त तस्मादषाढा श. प. ७।४।२।३३।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अर्थात् आठ मन्त्रों से दी जाने वाली यह आहुति धारा रूप में ऊर्ध्व की ओर प्रवाहित की जाती है। यह ऊर्ध्वारोहण का संकेत मन्त्रों में 'स्वर्ग्याय शक्त्या' तथा 'स्वर्यतो धिया दिवम्' वाक्यों द्वारा निर्दिष्ट हुआ है।

आहुति साधन वाक् और प्राण—

१इस शिरोयज्ञ में आहुति के साधन वाक् और प्राण हैं। कर्मकाण्ड की भाषा में ये दोनों स्रुव व स्रुग् कहलाते हैं। प्रजनन की भाषा में इन्हें प्रजापति और योषा नाम दिया गया है। वाक् योषा है और प्राण प्रजापति है। यह वाक् मस्तिष्क के विश्वरूप यश (जल= मस्तिष्क द्रव) में तैरते हुए ब्रह्मरूपी हंस की वाक् है। यह 'वाचो लोक' कहलाता है। प्राण और इस वाक् लोक के सम्पर्क से एक रस पैदा होता है। (आप आयन्वाचो लोकादेतास्ताः)। इसी रस को ये ऐन्द्रियिक शक्तियां यज्ञ में डालती रहती हैं और अपने २ कार्य का निर्वाह करती हैं। इस वाक् और प्राण के सम्पर्क से एक चिनगारी, विद्युत् व अग्नि पैदा होती है, जो कि ऐन्द्रियिक बल्वों (गोलकों) को प्रज्वलित कर देती है। इन्द्रियों के कार्य करने का यह प्राचीन वर्णन है। इसी रस (आपः) में यह प्राण प्रजापति त्रयी-विद्या द्वारा प्रविष्ट होता है, जिससे कि मनुष्य को त्रयी-विद्या में निहित तद् द्वारा प्रतिपादित सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का ज्ञान हो जाता है। सावित्रहोम सम्बन्धी आठ मन्त्रों से सततरूप में एक आहुति देने पर इन्द्रियों में अग्नि की उत्पत्ति होती है। शतपथ ब्राह्मण में आता है कि "१अग्नि देवों से उत्क्रमण कर गई। उन देवों ने कहा कि यह अग्नि पशु है। पशु पशुओं के संघ में ही जाता है। अतः इस पशु-अग्नि को पशुरूपी इन्द्रिय-गोलकों में प्राप्त करते हैं। क्योंकि यह पशु अग्नि अपने पशुरूप में प्रकट होती है। वे पशु गौ, अश्व और पुरुष हैं।" हमें यहां पर स्मरण रखना चाहिये कि ये तीन पशु गुह्यभाषा में मनुष्य के आन्तरिक अवयव हैं। अब विचारणीय यह है कि ये गौ, अश्व और पुरुष मनुष्य के आन्तरिक अवयव किस प्रकार हैं? हम और पशुओं पर विचार न करके उदाहरणार्थ अश्व पर विचार करते हैं। अश्व आन्तरिक सूर्य है जिस की सप्तरश्मियां सिर में सप्तप्राणों द्वारा चहुंओर बिखर रही हैं। परन्तु प्रमुख रूप से यह अश्व चक्षु द्वारा बाहिर की ओर को गति करता है। इसलिये चक्षु को हम अश्व मानकर ही यहां विचार करते हैं। इस चक्षु रूपी अश्व की सहायता से चक्षु गोलक में दिव्य अग्नि की उत्पत्ति किस प्रकार होती है? यह भी स्पष्ट करने का प्रयत्न करते हैं।

चक्षु सम्बन्धी दिव्य अग्नि का खनन

जिस प्रकार अग्नि के आदि स्रोत व भण्डार इस सूर्य से पृथिवी पर अग्नि आती है (सूर्योऽग्नेर्योनिरायतनम् तै.ब्रा. ३।९।२१।२) और वह यहां औषधि, वनस्पति तथा अन्य प्राणियों की उत्पत्ति में कारण बनती है। उन में फिर नये रूप में प्रकट होती है। उसी प्रकार मनुष्य के मस्तिष्क में विद्यमान सूर्य से सप्तरश्मियों, सप्तकिरणों, सप्तेन्द्रियों के रूप में जो शक्ति इन्द्रिय-गोलकों

---

१ प्राणो वै स्रुवः प्राणः प्रजापतिरथ या सा वागासीत् एषा सा स्रुग् योषा वै वाग् योषा स्रुग् अथ यास्ता आप आयन् वाचोलोकादेतास्ताः यामेतामाहुतिं जुहोति। श.प. ६।३।१।९ अथ यः स प्रजापति स्त्रय्या विद्यया सहापः प्राविशद्। श.प. ६।३।३।१

१ अग्निर्देवेभ्यउद्क्रामत् ते देवा अब्रुवन् पशुर्वा अग्निः पशुभिरिममन्विच्छाम स स्वाय रूपाया विर्भविष्यतीति। श.प. ६।३।१।२२।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में पहुंचती है, वह अग्नि है। इन इन्द्रिय-गोलकों में इस अग्नि को अत्यधिक मात्रा में प्रकट करना अर्थात् इसे दिव्य बनाना ही इस अग्नि-खनन का वास्तविक प्रयोजन है। यहां हम सब इन्द्रियों का ग्रहण न कर चक्षु सम्बन्धी इन्द्रिय में ही दिव्य अग्नि के पैदा करने के साधनों पर विचार करते हैं। चक्षु को अपने केन्द्र (Brain centres) से बाह्यवस्तु तक पहुंचने में तीन क्षेत्र पार करने पड़ते हैं। एक तो मस्तिष्क-द्रव से चक्षु केन्द्र तक दूसरा चक्षुकेन्द्र से गोलक तक तीसरा गोलक से बाह्य विषय तक ये तीन क्षेत्र हैं। इन्हीं तीनों क्षेत्रों के आधार पर चक्षु को तीन नाम दिये गये हैं और वे भी पशुओं के नाम रखे गये हैं। वे नाम इस प्रकार हैं अश्व, रासभ और अज। अब सब से पूर्व हम अश्व पर विचार करते हैं।

अश्व —

इस सौर मण्डल का अधिपति आदित्य अर्थात् सूर्य है। इससे प्रसृत होने वाली १ सैकड़ों व सहस्रों किरणें वेदों में अश्व कही गई हैं। परन्तु इन किरणों का अश्व नाम उसी समय होता है, जब कि वे अग्नि रूप में संपूर्ण पृथिवी को अभिव्याप्त (अशूङ व्याप्तौ) कर लेती हैं। इसी प्रकार मानव शरीर में मस्तिष्कान्तर्गत विज्ञानात्मा भी सूर्य है। जिस से सैकड़ों व सहस्रों नस नाड़ियों के माध्यम द्वारा ऐन्द्रियिक शक्तिएं शरीर में चहुं ओर प्रसृत हो रही हैं। जिस प्रकार भौतिक सूर्य की ये सैकड़ों व सहस्रों किरणें स्वरूप की दृष्टि से ७ प्रकार की हैं। इसी प्रकार ये सैकड़ों नस नाड़ियां भी सात२ इन्द्रियकेन्द्रों में विभक्त करने पर ७ प्रकार की कहलाती हैं। ये अपने गोलकों व विषयों में व्याप्त होने के कारण अश्व नाम से कही जाती हैं। यह भौतिक सूर्य ही आदित्य है। यही सूर्यकिरणों के रूप में १ अश्व नाम को धारण करता है। इस अश्व२ का दिव्य जन्म द्युलोक में है। अन्तरिक्ष इस का मध्यबिन्दु है और पृथिवी इस की योनि है। यह पार्थिवाग्नि भी इसी का प्रसृत व व्याप्त रूप है। इस लिये आदित्य, अग्नि और अश्व ये सब नाम एक ही तत्त्व के द्योतक हैं, और सूर्य के विभिन्न रूप हैं। परन्तु हमें यह स्मरण रखना चाहिये कि सूर्य के ये सब रूप रहते हुये भी उस का प्रमुख रूप ३चक्षु है जो कि सम्पूर्ण भुवन का दिखाने वाला है। इसी प्रकार शरीर में भी मस्तिष्क-सूर्य सप्तेन्द्रियों द्वारा अभिव्याप्त होने से अश्व कहलाता है। परन्तु इस का प्रमुख रूप चक्षु में है। मानव शरीर में यह चक्षु भी सूर्य व आदित्य का ही ४अंशावतार है। इस लिये हम यहां आदित्य को चक्षु मानकर उस के अश्वरूप को प्रदर्शित करते हैं? वास्तव में सम्पूर्ण चक्षु का नाम अश्व है। परन्तु सूक्ष्म विवेचन के लिये उस के तीन विभाग किये गये हैं। और वे तीन विभाग भी तीन पशुओं के नाम से हैं। इन में इन्द्रिय गोलक से

---

१ यं ते वहन्ति हरितो वहिष्ठाः शतमश्वा यदि वा सप्त बह्वीः। अथर्व. १३।२।६.७
सूर्यस्याश्वाः हरयः। अथर्व. १३।१।२४।

२ सप्तादित्य=सप्तेन्द्रिय।

१ असौ वा आदित्य एषोऽश्वः। श.प.६।३।१।२९।
असौ वा आदित्य एषोऽग्निः। श.प. ६।४।३।१०।
अग्निर्वा अश्वः। श.प.३।६।२।५।

२ दिवि ते जन्म परममन्तरिक्षे तव नाभिः पृथिव्यामधि योनिरित्। यजु.११।१२।

३ सूर्यो भूतस्यैकं चक्षुः। अथर्व १३।१।४५

४ सूर्यो मे चक्षुषि श्रितः। तै.ब्रा.३।१०।८।५

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

बाहिर भूमि पर विद्यमान वस्तु को घेरने वाली चक्षु-किरण ही अश्व कहलाती है (भूम्या वृत्वाय यजु० ११।१९) अश्व के इस रूप को शास्त्रों में इस प्रकार दर्शाया गया है "१प्रजापति की आंख बढ़ी और परे जाकर गिरी उस ने वस्तु को व्याप्त किया और वह अश्व कहलाई।" इस उपर्युक्त उद्धरण में "परापतत्" प्रयोग से यह स्पष्ट है कि चक्षु-गोलक से निकलकर पदार्थ पर गिरने वाली और वस्तु को अभिव्याप्त करने वाली चक्षु-किरण ही अश्व नाम से कही जाती है। अग्नि-खनन के लिये यह आवश्यक है कि चक्षु-किरण निरन्तर वस्तु को देखे। पृथिवी पर विद्यमान वस्तु को निरन्तर देखना, मस्तिष्क में विद्यमान अग्नि को खोदना है, जिससे चक्षु दिव्य बनती है। इसी बात को मन्त्र में कहा है कि "वह २वाजी पृथ्वी पर आते हुए मार्ग के सब शत्रुओं को कंपा देता है। और महत् सधस्थ अर्थात् मस्तिष्क में विद्यमान अग्नि को चक्षु से देख लेता है।" इस प्रकार मन्त्र के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि चक्षु से देखते तो हम पृथ्वी पर हैं, पर अग्नि जागृत होती है मस्तिष्क में चक्षु केन्द्र की। परन्तु कहा यह जाता है कि अग्नि पृथ्वी के सधस्थ से खोदी गई। पृथ्वी पर निरन्तर देखते रहने पर होता यह है कि चक्षु पृथ्वी को देखते हुए भी नहीं देखती। वह कुछ समय पश्चात् अपने केन्द्र में आरोहण कर जाती है। इसी तथ्य को मन्त्र में इस प्रकार कहा है कि "स्व की ओर आरोहण करते हुए हम उत्तम १नाक अर्थात् मस्तिष्क में शुभ लक्षणों वाली अथवा श्रेष्ठ ज्ञान कराने वाली अग्नि का खनन करते हैं।"

इस प्रकार प्रमाणों से हमने यह देखा कि चक्षु का वह रूप या वह किरण अश्व है, जो कि इन्द्रिय-गोलक से निकलकर पृथ्वी पर बाह्य वस्तु को अभिव्याप्त कर लेती है। अब हम चक्षु के अज रूप पर भी विचार करते हैं।

अज

कपाल के अन्दर विद्यमान २रस (आपः= Cerebro Spinal Fluid) अज है। वस्तुतः इस रस को अज नहीं कहते, इस रस में जो गति व क्षेपण (अज गतिक्षेपणयोः) का गुण है, वही अज है। यह आदित्य व सूर्य का स्थान है अर्थात् द्युलोक है। इस रस के चारों ओर सिर के अन्दर विद्यमान सप्तऋषि अपना २ आश्रम बनाकर विराजमान हैं। इस रस-स्थान से सब इन्द्रियों व संपूर्ण शरीर की नस-नाड़ियों को आज्ञाप्रदान करना, प्रेरित करना तथा उन्हें अग्नि पहुंचाना आदि काम इस अज रूपी रस, का ही है। इस लिये इस अज को आग्नेय भी कहा गया है। सब इन्द्रिय-गोलकों, वेद की भाषा में सब ऐन्द्रियिक पशुओं को उसी अज केन्द्र से अग्नि, रस व शक्ति आदि आती जाती है। इसलिये ३अज को सब पशुओं का रूप बताया गया

---

३ प्रजापतेरक्ष्यश्वयत्। तत्परापतत्ततोश्वः समभवद् यदश्वयत् तदश्वस्याश्वत्वम्। चक्षुषोऽश्वम्—श.प. ७।५।२।६ श. १३।३।१।१। तै.ब्रा. १।१।५।४।

४ आगत्य वाज्यध्वानं सर्वा मृधो विधूनुते। अग्निं सधस्थे महति चक्षुषा निचिकीषते। यजु. ११।१८

१ ततः खनेम सुप्रतीकमग्निं स्वो रुहाणा अधि नाकमुत्तमम्। यजु. ११।२२।

२ अथ यः कपाले रसो लिप्त आसीत् सोऽजोऽभवत्। श.प. ६।१।१।१।११

३ अजे हि सर्वेषां पशूनां रूपम्। श.प. ६।५।१।४।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

है। १वाक् और ब्रह्म भी यही अज है। यह वाक् ब्रह्मसंवलित वाक् है जो कि सप्तेन्द्रिय द्वारों में विभक्त होती है। जब यह २वाक् गति व क्षेपण गुण प्राप्त कर सब इन्द्रिय-द्वारों में पहुंचती है, तब गति के कारण इस वाक् को भी अज कह देते हैं। चक्षुशक्ति को बाहर गोलकों के प्रति प्रेरित करना इसी अज का काम है।

रासभ

हम पूर्व में यह दर्शा चुके हैं कि अज और अश्व मानव शरीर में विद्यमान ऐन्द्रियिक शक्तियां हैं, तो इससे यह स्पष्ट है कि रासभ भी मनुष्य की कोई आन्तरिक शक्ति ही होनी चाहिये। इसे हम इस प्रकार समझ सकते हैं कि कपाल में विद्यमान रस अज है, जो कि चक्षुकेन्द्र को गति देता है। आगे चक्षु केन्द्र से चक्षुगोलक तक ऐन्द्रियिक शक्ति को वहन करके लाने वाला रासभ है। और गोलक से बाहिर पृथिवी पर आकर वस्तु को घेरने वाली चक्षुकिरण अश्व है। यह चक्षु-किरण जब तक गोलक में ही रहती है, तब तक उसे रासभ वहन करता है। रासभ से यहां खच्चर व गर्दभ पशु का ग्रहण नहीं करना है। यह तै.सं. के निम्न वाक्य से ध्वनित हो रहा है। वहां आता है कि जो ३पुरीष्य अग्नि को धारण करने वाला अवयव है, उसे ऋषि लोग "रासभ" कहते हैं। इससे यह स्पष्ट है कि रासभ खच्चर व गर्दभ पशु नहीं है। हां, रासभ पशु से कुछ २ गुण व क्रिया का साम्य हो सकता है। चक्षुकेन्द्र से चक्षुगोलक तक अश्वियों के क्षेत्र हैं। इन्हें ही अश्वियों के १बाहू कहते हैं। रासभ अश्वियों का वाहन है। इस प्रकार चक्षु के तीन विभाग किये गये हैं, जो कि आनुपूर्वी क्रम से इस प्रकार हैं अर्थात् पहले २अश्व फिर रासभ और फिर अज। यह आनुपूर्वी क्रम बाहिर की ओर से अन्दर की ओर को है। अर्थात् अश्व के पैर भूमि पर आकर पड़ते हैं (भूम्या वृत्वाय)। और रासभ के पैर चक्षु-गोलक पर। इसी दृष्टि से सायणाचार्य ने कात्यायन श्रौत सूत्र की निम्न प्रकार व्याख्या की है। ३"पहले अश्व मध्य में रासभ और फिर अज यह आनुपूर्वी क्रम से समझने चाहिये।" यह क्रम बाहिर की ओर से अन्दर की ओर को है। भूमि पर विद्यमान वस्तु पर चक्षु-इन्द्रिय के पैर पड़ते हैं। पैर वस्तु पर हैं तो सिर की ओर से अन्दर की ओर को प्रयाण करना होता है। इसी दृष्टि से सायणाचार्य ने सूत्र की व्याख्या करते हुए लिखा है कि यह पूर्वापर पैरों की ओर से लेना है। अश्व के पैर भूमि पर पड़कर वस्तु को अभिव्याप्त कर लेते हैं, और फिर इन्द्रिय-गोलक की ओर प्रयाण करने पर रासभ के पैर चक्षुगोलक पर मिलते हैं। इस प्रकार अन्दर की ओर प्रयाण करते हुये इन्द्रियों के केन्द्र स्थान में पहुंच जाते हैं।

---

१ वाग्वा अजः, ब्रह्म वा अजः। श.प. ७।५।२।२१,६।४।४।१५।

२ वाचोऽजं निरमिमीत। श.प.७।५।२।६।

३ नानदद्रासभः पत्वा इत्याह रासभ इति ह्येतमृषयोऽवदन् भरन्नग्निं पुरीष्यमित्याहाग्निं ह्येष भरति। तै.सं.५।१।५।

१ युञ्जाथां रासभं युवम्० यजु० ११।१३।

२ अश्वः प्रथमोऽथ रासभोऽथाज एवं ह्येतेऽनुपूर्वम्। श.प.६।३।१।२८।

३ प्रांचोऽश्वगर्दभाजाः पूर्वापरा रासभो मध्येऽश्वपूर्वाः। का.श्रौ.१६।४७।
अश्वपूर्वा पद्भ्यां पूर्वापराः सन्तः प्राञ्चः प्राङ् मुखाः तिष्ठन्तीति।
सायण श.प.६।३।१।२७

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अश्व का पूर्वयोग—

अब विचारणीय यह है कि अश्व का पूर्वयोग क्यों किया जाता है ? और अश्व, रासभ और अज को पूर्वोत्तर क्रम से योग करने का क्या तात्पर्य है ? इत्यादि बातें गम्भीर विवेचन की अपेक्षा रखती हैं। हमारे विचार में यह ध्यानयोग सम्बन्धी एक गुह्य प्रक्रिया है। चक्षु में दिव्य अग्नि के आविर्भाव व दिव्यशक्ति की उत्पत्ति के लिये एक प्रच्छन्न साधन है। अश्व के पूर्वयोग का तात्पर्य यह है कि सब से पूर्व वस्तु को एकाग्र दृष्टि से निरन्तर देखना। इस अवस्था में दृष्टिशक्ति वस्तु को अभिव्याप्त कर लेती है। यह अश्व का पूर्वयोग है। यहां यह प्रश्न पैदा होता है कि अश्व का पूर्वयोग क्यों करें ? अर्थात् सब से पूर्व बाह्य वस्तु पर ध्यान को केन्द्रित क्यों किया जाये ? इस का समाधान यह है कि मनुष्य का ध्यान बाह्य वस्तु पर ही अधिक केन्द्रित होता है। रासभ की अवस्था अर्थात् इन्द्रियगोलकों में ध्यान लग ही नहीं सकता। क्योंकि इस अवस्था में ध्यान का कोई लक्ष्य नहीं होता। इस लिये मन अपने स्वभाव के अनुसार इधर उधर उछाल भरता रहता है। मन में नाना प्रकार के विचार उद्बुद्ध होते रहते हैं। परन्तु यदि पहले ही किसी बाह्य वस्तु पर दृष्टि शक्ति को बांध दिया जाये तो मन ही स्वभाव से बंध जाता है। यह बाह्य वस्तु मन रूपी पशु के लिये यूप का काम करती है। अश्व का पूर्वयोग "योगदर्शन की परिभाषा में सम्बन्ध-संयम' का रूप है। एक वस्तु पर ध्यान को निरन्तर केन्द्रित करने पर ध्यान स्वयं ही शनैः शनैः अन्दर की ओर प्रयाण करता है। और अश्व रासभ व अज का स्वयं ही योग होता चला जाता है। बहिर्मुखी अवस्था से अन्तर्मुखी अवस्था हो जाती है। १अश्व और रासभ के योग का फल शास्त्रों में इस प्रकार बताया है कि अश्व का पूर्वयोग और गर्दभ का अपरयोग पाप विचार की निवृत्ति के लिये होता है। अश्व से अन्दर की ओर प्रयाण करना अग्नि के खनन१ के लिये हैं और पापादि २विचारों व संहारक भावों के अभिभव के लिये है। ये आसुरी शक्तियां बहुमुखी होती हैं और पाप का आंशसन करने वाली होती हैं। इस प्रकार बहुमुखी और बहिर्मुखी वृत्ति को पाप व भ्रातृव्य कहा गया है। यह बहुमुखी वृत्ति उस समय समाप्त हो जाती है, जब कि मनुष्य बाह्य वस्तु को एकटक होकर देखता है। यह अश्व का पूर्वयोग है। इस के अनन्तर शनैः २ मनुष्य का ध्यान वस्तु से हटकर इन्द्रिय-गोलकों में आ केन्द्रित हो जाता है। यह अश्वियों का क्षेत्र है। मन्त्र में अश्वियों से कहा है 'युञ्जाथां रासभं युवम्' हे अश्वियों ! तुम रासभ को युक्त करो। इस के पश्चात् ध्यान को मस्तिष्क में केन्द्रित करना होता है। ध्यान को मस्तिष्क में केन्द्रित करना 'अज' में केन्द्रित करना है। यहां पहुंचकर दिव्य अग्नि का खनन किया जाता है। यह सब प्रक्रिया स्वयं होती जाती है। मनुष्य का केवल प्रयत्न यह होना चाहिये कि वह बहुमुखी विचार को उद्बुद्ध न होने दें। और यह बहुमुखी विचार भी मनुष्य को आक्रान्त नहीं कर सकता, यदि वह अश्व का पूर्वयोग पूर्ण रूप से करता है।

---

१ अश्वं पूर्वं नयन्ति गर्दभमपरं पापवसीयसस्य व्यावृत्त्यै। मै. सं. ३।१।२।

१ यदश्वेन यन्त्यग्नेरेवानुख्यात्यै। मै. सं. ३।१।३

२ यदश्वेन भ्रातृव्यस्याभिभूत्यै। एतं वै रक्षांसि नातरन् बहु वै भ्रातृव्यः पापमाशस्तिः भ्रातृव्यः। कपि २९।८।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अग्नि का खनन व उसके साधन—

वेद में अग्नि को खोदने का १साधन अभ्रि बताया गया है। अभ्रि एक प्रकार की कुदाल है, जिस से अग्नि खोदी जाती है। २सविता इस अभ्रि को अपने हाथ में धारण करता है और अग्नि को खोदता है। यहां सविता ३मन को बताया गया है और अभ्रि छन्दोमयी ४वाक् है। इसका भाव यह है कि चक्षु केन्द्र में पहुंच कर मनोयोग द्वारा जब हम छन्दोमयी वाणी का बार २ प्रहार करते हैं तो यह केन्द्र स्थित अग्नि खोदी जाती है। वेद की भाषा में यह कहा जा सकता है कि मन रूपी सविता ने वाणीरूपी अभ्रि को पकड़ा हुआ है। सविता प्रेरक को कहते हैं। मन भी वाणी को बार २ प्रेरित करता है अतः मन सविता है। मन रूपी सविता तीन मन्त्रों द्वारा इस वाक् रूपी अभ्रि को पकड़ता है। वे मन्त्र यजु. ११।९-११ हैं। इस प्रकार चाक्षुष अग्नि के प्रज्वलित करने, चक्षु-इन्द्रिय में दिव्यशक्ति पैदा करने के लिये अश्व रासभ और अज के क्रम से चक्षुकेन्द्र में पहुंच कर पूर्ण मनोयोग पूर्वक उपर्युक्त मन्त्रों का उच्चारण व जप करना चाहिये। इस प्रकार करने से चक्षु इन्द्रिय में दिव्य अग्नि की उत्पत्ति हो जायेगी। इसी प्रकार सभी इन्द्रियों की अग्नियों को प्रदीप्त किया जा सकता है। "प्रदीप्ता एते अग्नयो भवन्ति" श. प. ६।३।३।१। इन ऐन्द्रियिक अग्नियों की प्रदीप्ति व दिव्यीकरण की प्रक्रियायें बड़ी सूक्ष्म व गहन हैं। इन का एक २ क्रम व पद-विन्यास बहुत सम्भल कर करने की आवश्यकता है। यह सब ब्राह्मण ग्रन्थों व यजु शाखाओं में अतिविस्तार से देखा है। हमने संक्षेप में इस विस्तृत प्रकरण की केवल व्याख्या शैली ही प्रदर्शित की है। इन अग्नियों के प्रदीप्त होने व दिव्यीकरण से मनुष्य ऋषि बन जाता है।

इन्द्र और ऋषि

मानव जगत् में स्वभावतः वर्णव्यवस्था चार भागों में विभक्त है। भारतीय परम्परा के अनुसार ये चार वर्ण ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र नाम से कहे जाते हैं। इन वर्णों में पूर्व वर्ण उत्तर वर्ण से उत्कृष्ट होता चला गया है। अर्थात् शूद्र से वैश्य उत्कृष्ट है, वैश्य से क्षत्रिय और क्षत्रिय से ब्राह्मण उत्कृष्ट है। मानवोन्नति की चरमसीमा के लिये वैश्य यदि प्रथम सोपान है तो ब्राह्मण अन्तिम सोपान है। परन्तु आध्यात्मिक जगत् में प्रवेश करते ही ब्राह्मण प्रथम सोपान बन जाता है। ब्रह्म शक्ति अर्थात् अग्नि को सर्वप्रथम उद्बुद्ध करना पड़ता है। इस आध्यात्मिक जगत् में ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि नामों से व्यवहार नहीं होता अपितु अन्य कई तद्वाचक पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। उदाहरणार्थ १अग्नि, इन्द्र और विश्वे-

---

१ अभ्रिरसि नार्यसि त्वया वयमग्निं शकेम खनितुं सधस्थ आ ६।३।१।४१ यजु. ११।१०।

२ हस्त आधाय सविता विभ्रदभ्रिं हिरण्ययीम्। यजु. ११।११ श. प. ६।३।१।४१।

३ मनो वै सविता प्राणा धियः। श. प. ६।३।१।१३।

४ हिरण्मयी ह्येषा या छन्दोमयी, तान्येतान्येव छन्दांस्येषा अभ्रिः। श. प. ६।३।१।४१। वाग् वा अभ्रि—वाचा वा एतमभ्र्या देवा अखनंस्तथैवैनमयमेतद्वाचैवाभ्र्या खनति। श. प. ६।४।१।५।

१ अयमग्निर्ब्रह्म। यजु. १७।१४, ब्रह्म ह्यग्निः। श. प. १।५।१।११ आग्नेयोब्राह्मणः ता. ब्रा. १५।४।८ तै. २।७।३।१ ब्रह्म ह्यग्निस्तस्मादाह ब्राह्मणेति श. प. १।४।२।८ क्षत्रं वा इन्द्रः। श. प. २।५।२।२७ ऐन्द्रो वै राजन्यः। तै. ३।८।२३।२ वैश्वदेवो हि वैश्यः, तै. २।७।२।२ विडु वैश्वदेवाः श. प. १०।४।१।१९

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

देव आदि कई वैदिक शब्द हैं जो कि आध्यात्मिक क्षेत्र में वर्णों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन में अग्नि आध्यात्मिकता के लिये प्रथम शर्त है, प्रथम परिश्रम है, प्रातः सवन है, गति का प्रारम्भ है, अभियान का प्रारम्भ व सेना का प्रयाण है। अग्नि रथ व वाहन है, जो कि यजमान को इन्द्रादि देवों के पास पहुंचाती है। अग्नि पुरोहित है, सामने विद्यमान है पर इन्द्र पुरुहूत है। अत्यधिक आह्वान करने पर प्राप्त होता है। अग्नि प्रवेशद्वार है तो इन्द्र राजभवन के अन्दर राजसिंहासन पर आसीन है। अग्नि मृदु हृदय वाला है तो इन्द्र अद्रि व उग्र है। अग्नि अमरदेवों की पंक्ति में प्रथम है तो इन्द्र का स्थान दूसरा है। अग्नि में रक्षागुण (Defence) है तो इन्द्र में आक्रामक भाव (Offence) है। इसी लिये यह वज्री, वज्रभृत् वज्रबाहु आदि नामों से सम्बोधित हुआ है। अग्नि को वीर्यरूपी घृत की आहुति दी जाती है जिस से कि वह मनुष्य में समिद्ध व प्रदीप्त होकर ऊर्ध्व की ओर गति करती है। इन्द्र सोमपान करता है और चहुं ओर समुद्र की तरह फैलता है। अग्नि जातवेदा अर्थात् उत्पन्न मात्र पदार्थ में विद्यमान है। उस का प्राप्त करना व स्तुति करना सरल है, पर इन्द्र उग्र होने से सब को सुलभ नहीं है। ऋषि ही उस को प्राप्त कर सकते हैं। अग्नि उषाकाल की मृदुकिरणों वाला सूर्य है तो इन्द्र प्रचण्ड व प्रखर किरणों वाला मध्यान्ह का सूर्य है। अग्नि दूत बनकर भक्त का संदेशा देवों के पास पहुंचाती है, उन की हवियों का वहन करती है तो इन्द्र भक्त व यजमान के पास पहुंच कर सुख व ऐश्वर्य की वर्षा करता है। अग्नि ब्रह्मशक्ति है तो इन्द्र क्षात्रशक्ति है, इस प्रकार अग्नि और इन्द्र की पारस्परिक समताओं और विभिन्नताओं का हमने दिग्दर्शन कराया। इसी प्रकार और भी विशेषतायें दिखाई जा सकती हैं। इन की कुछ विशेषतायें हमने आत्मसमर्पण नामक पुस्तक में भी दिखाई है।

अग्नि ही सब देवों का रूप धारण करती है

वेदान्तर्गत मन्त्रों पर सूक्ष्मदृष्टि से विवेचन करने पर हमें यह ज्ञात होता है कि अग्नि ही सब देवों के रूप धारण करती है। उदाहरणार्थ २य मण्डल का १म सूक्त देखा जा सकता है। क्योंकि अग्नि ही सब देवों के रूप धारण करती है अतः अग्नि के बहुत से गुण उन देवों में भी दृष्टिगोचर होते हैं। यह निश्चित है कि अन्य देवरूपों में परिणत हो अग्नि के कुछ गुण गौण हो जाते हैं, नये गुण व विशिष्ट शक्तियां प्रादुर्भूत हो जाती हैं। ऊपर हमने अग्नि और इन्द्र के जो विभेदक गुण प्रदर्शित किये हैं, वे पूर्णरूप से विभेदक हैं, ऐसा नहीं समझना चाहिये। उन में बहुत से गुण व विशेषतायें दोनों में सामान्य रूप से मिलती हैं पर वे भी एक में प्रमुख हैं और दूसरे में गौण। उदाहरणार्थ अग्नि और इन्द्र के कुछ गुण हम यहां प्रदर्शित करते हैं।

	अग्नि	इन्द्र
१. उग्र	न्यून	प्रभूत
२. धृष्णु	,,	,,
३. पति	,,	,,
४. पुरुहूत	,,	,,
५. पुरुष्टुत्	,,	,,
६. पावक	प्रभूत	न्यून
७. जातवेदा	,,	नहीं
८. द्वारः देवी	,,	,,
९. नराशंस	,,	,,

इस प्रकार अग्नि और इन्द्र के कुछ विशेषण हमने ऊपर प्रदर्शित किये। अग्नि अत्यधिक जाज्वल्यमान व प्रबुद्ध होकर जब उग्र बन जाती है, तब

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वह इन्द्र का रूप धारण करती है। अग्नि अपने पूर्व रूप में रहती हुई पाप आदि शत्रुओं का धर्षण कम करती है, परन्तु इन्द्र रूप में होकर शत्रुओं का धर्षण करना उस का प्रमुख कार्य होता है। अग्नि में नेतृत्व गुण है, तो इन्द्र में पति व शासक के गुण हैं। नेतृत्व में मनुष्यों से प्रशंसा प्राप्त होती है, इसलिये अग्नि को नराशंस कहा गया है। पर वही अग्नि इन्द्र रूप में होकर मनुष्यों से अगम्य होती है। वहां प्रशंसा भाव इतना नहीं होता जितना कि भयमिश्रित तेजस्विता व रोब से मनुष्य आक्रान्त होता है। इसी कारण अग्नि को पतिरूप में स्वल्प-स्थानों में स्मरण किया है, और इन्द्र को बहुत स्थानों में। अग्नि द्वार पर उपस्थित रहने वाली देवी है, इस लिये प्रत्येक व्यक्ति सब से पूर्व उसी के पास पहुंचता है। इन्द्र द्वार पर कभी आता ही नहीं। उसे तो गुह्य में पहुंचकर प्राप्त करना होता है। जो व्यक्ति अग्नि के सम्पर्क में आता है, उस को वह सर्वप्रथम पवित्र करती है। इसलिये अग्नि को पावक अनेकों स्थलों पर कहा गया है। परन्तु अग्नि द्वारा जो मल भस्म न हो सका उस को इन्द्र अपने वज्रप्रहार द्वारा विनष्ट करता है। इस कारण इन्द्र का पावक रूप अति गौण है। यही भाव पुरुहूत व पुरुष्टुत शब्दों में है।

पुरुहूत इन्द्र

हम ऊपर यह देख चुके हैं कि अग्नि पुरोहित है। सब के समक्ष उपस्थित रहती है (पुरः–हित)। परन्तु इन्द्र पुरुहूत व पुरुष्टुत् है। इस का भाव यह है है कि इन्द्र की प्राप्ति सुगम नहीं है। उसे प्रभूत मात्रा में आह्वान करना पड़ता है। उसकी अत्य-धिक मात्रा में स्तुति करनी पड़ती है, तब कहीं वह प्रसन्न होकर दर्शन देता है। अतः प्रायः इन्द्र के लिये ही पुरुहूत व पुरुष्टुत शब्दों का प्रयोग हुआ है। क्योंकि अग्नि के बाद ही इन्द्र का स्थान आता है। अतः जब तक अग्नि मनुष्य में उद्बुद्ध होकर समिद्ध व प्रदीप्त न हो तब तक इन्द्र की स्तुति का कोई विशेष लाभ नहीं है। यदि सामान्य जन बिना अग्नि धारण किये इन्द्र सम्बन्धी मन्त्रों द्वारा स्तुति करता है, तो वह व्यर्थ है, क्योंकि उन स्तुतियों को इन्द्र तक पहुंचाने के लिये अग्नि तो है ही नहीं। यह अग्नि ही दूत व हव्यवाहन बन कर देवों के पास पहुंचती है। जब तक हम इस रहस्य को न समझेंगे तब तक मन्त्रों द्वारा की गई स्तुति निष्फल रहेगी। स्तुति की वास्तविकता सफलता ऋषि कोटि पहुंच कर होती है। ऋषियों की स्तुति में ही वह सामर्थ्य है कि वे इन्द्र को सामने ला उपस्थित करती है। इसी लिये मन्त्र में कहा है कि वह इन्द्र ऋषियों की स्तुतियों (ऋषीणां स्तुतिः ऋ. १। ८४।२) में पहुंचता है। कारण यह है कि वे ऋषि अग्नि अवस्था को पार कर चुके होते हैं। उन में अग्नि अत्यधिक उद्बुद्ध व समिद्ध होती है, जिस के बल से दूर से दूर स्थान पर विद्यमान इन्द्र को स्तुति रूप हवि जा पहुंचती है। अतः पुरुष्टुत का भाव यह है कि स्तुति की बहुतायत होना और स्तुति में ओजस्विता व शक्तिसम्पन्नता का होना। इन्द्र की स्तुति का स्वरूप और उस स्तुति की सफलता का रहस्य क्या है, यह निम्न मन्त्र में ध्वनित हो रहा है।

"वह इन्द्र नये २ ऋषियों द्वारा विविध प्रकार से बहुत स्तुति किया जाता है। वह इन्द्र परिपक्व फल वाले वृक्ष के समान है। प्रशस्त आयुधों से युक्त विजयी वीर के समान शत्रुओं को जीतने वाला है। जिस प्रकार स्त्री को बहुत मानने वाला पुरुष स्त्री की प्रशंसा व खुशामद करता रहता है उसी प्रकार

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मैं उस पुरुहूत इन्द्र की स्तुति करता हूं ।"१

सामूहिक स्तुति

स्तुति दो प्रकार से हो सकती है एक सामूहिक स्तुति और दूसरी वैयक्तिक स्तुति । वैयक्तिक स्तुति की अपेक्षा सामूहिक स्तुति अधिक बलशालिनी व आशुफलदायिनी होती है । वैयक्तिक स्तुति में आसुरी शक्तियां व्यक्ति के मन को आसानी से आक्रान्त कर लेती हैं, पर सामूहिक स्तुति के सामने वे भी नहीं टिक सकतीं । क्योंकि उन में एक उद्देश्य के प्रति सामूहिक प्रयत्न व सामूहिक शक्ति होती है । उन में परस्पर आकर्षण होता है । वे एक दूसरे को सहारा देते हुये अभीष्ट मार्ग पर सुगमतया जाती हैं । निम्न मन्त्र में ऋषियों द्वारा विहित सामूहिक स्तुति का इस प्रकार वर्णन हुआ है --

"हे२ सर्वपूज्य व महिमाशाली इन्द्र ! हृदयासन को बिछाये हुए बहुत से ऋषियों द्वारा तेरी मिलकर स्तुति की जाती है । हे शत्रुहिंसक ! इस प्रकार स्तुत होकर तू ऋषियों को उन की दिव्य गौओं से उसी प्रकार मिला देता है जिस प्रकार बछड़ों को गौओं के पास पहुंचा दिया जाता है ।"

मन्त्र में कहा गया है कि जिस प्रकार बछड़ों को स्तन्यपान के लिये गौओं के पास ले जाया जाता है, उसी प्रकार ऋषियों को दिव्यज्ञान रूपी दुग्धपान के लिये वह इन्द्र दिव्य गौओं से मिला देता है । यह सामूहिक स्तुति का प्रभाव है । इसी प्रकार एक और मन्त्र है, जहां कि इन्द्र को उस के वाहन हरी ऋषियों की स्तुतियों में ले जाते हैं । यह भी सामूहिक स्तुति है । मन्त्र इस प्रकार है–१"अदम्य बल वाले इन्द्र को हरी ऋषियों की स्तुति में और मनुष्यों के यज्ञ में वहन करके ले जाते हैं ।"

इस प्रकार वेद मन्त्रों में इन्द्र की सामूहिक स्तुति का विधान है । सामूहिक स्तुति से प्रवृद्ध हो वह इन्द्र समुद्र समान सर्वत्र फैल जाता है । इस में यह आवश्यक नहीं कि एक ही स्थान पर सहस्रों ऋषि विद्यमान हों । उन के दूर २ रहते हुए भी सामूहिक स्तुति हो सकती है । क्योंकि ऋषि कोटि में पहुंच कर स्थान की दूरी का कोई महत्व नहीं रहता । अध्यात्म सम्बन्धी सूक्ष्म जगत् की दूरियां व स्थूल समय कोई मूल्य नहीं रखते । वे ऋषि दूर होते हुए भी समीप ही हैं पर साधारणजनों के लिये ऐसा नहीं कहा जा सकता । उन्हें तो भगवान् की स्तुति करते हुए भौतिक दृष्टि से समीप होना ही चाहिये ।

वह इन्द्र ऋषियों की स्तुति से प्रवृद्ध होकर समुद्र की तरह फैलता है अर्थात् भूतल का सम्पूर्ण वातावरण इन्द्रमय बन जाता है । और सामान्य मनुष्य भी इस से प्रभावित होता है ।

इन्द्र की स्तुति में ऋषियों की स्पर्धा

एक मन्त्र में कहा गया है कि ऋषि लोग इन्द्र की स्तुति में स्पर्द्धा कर बैठते हैं । स्पर्द्धा में ईर्ष्या, द्वेष नहीं है । यदि ईर्ष्या व द्वेष हो तो वे ऋषि ही न कहलायें और उन की इन्द्रियां कभी भी

---

१ वि यो ररप्श ऋषिभिर्नवेभि र्वृक्षो न पक्वः सृण्यो न जेता । मर्यो न योषामभिमन्यमानोऽच्छा विवक्मि पुरुहूतमिन्द्रम् । ऋ. ४।२०।५

२ भूरिभिः समह ऋषिभि र्बर्हिष्मद्भिः स्तविष्यसे । यदित्थमेकमेकमिच्छर वत्सान् परादद: । ऋ० ८।७०।१४

१ इन्द्रमिद्धरी वहतोऽप्रतिधृष्टशवसम् । ऋषीणां च स्तुतीरुप यज्ञं च मानुषाणाम् । ऋ. १।८४।२ ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अर्क व उक्थ न बन सकें। अतः इस के विपरीत यह कहा जा सकता है कि परस्पर सहायता में स्पर्द्धा है। मन्त्र इस प्रकार है :—

"[1]हे इन्द्र ! (पूर्वी गिरः) प्राचीन मन्त्रात्मक स्तुतियां तेरे प्रति सम्यक् प्रकार से जाती हैं। और तुझ से विविध प्रकार की व्यापक मनीषाएं उन स्तोताओं को प्राप्त होती हैं। पुराकाल में (उक्थार्का) उत्कृष्ट इन्द्रियों वाली स्तुतियां इन्द्र को लक्ष्य कर परस्पर स्पर्द्धा करती थीं।"

मन्त्र में "पुरा" शब्द आदियुग सत्ययुग का निर्देशक है जिस में कि ऋषियों की अधिकता होती है यहां यह भी स्मरण रखना चाहिये कि यह अनित्य इतिहास का द्योतक नहीं है। सब कल्पों के इसी प्रकार के स्वाभाविक पौर्वापर्य का यह निदर्शक है।

स्तुति में इन्द्र की महिमा

एक मन्त्र में ऐसा भी निर्देश है कि इन्द्र की स्तुति में उस की महिमा का ही बखान होना चाहिये। वह इस प्रकार है :—

[2]"हे शक्तिशाली इन्द्र ! तू जब ऋषियों के ब्रह्मबल की रक्षा करता है तब उन के आह्वान में तेरी महिमा ही व्याप्त हो जाती है अर्थात् सब ओर से तेरी महिमा को बखान करने वाले आह्वान होने लगते हैं।

ऋषि ही इन्द्र को प्राप्त कर सकते हैं

जैसा कि हम पूर्व में दर्शा चुके हैं कि सामान्य जन इन्द्र को प्राप्त नहीं कर सकते। एक प्रकार से वे उस की स्तुति के भी अधिकारी नहीं हैं। क्योंकि अग्नि के अभाव में उन की स्तुति इन्द्र तक नहीं पहुंच सकती और व्यर्थ जाती है। अतः इन्द्र को प्राप्त करने के अधिकारी ऋषि हैं। मन्त्र में आता है कि "वह [1]इन्द्र कहां सुना जाता है ? आज किस मनुष्य में मित्र के समान रहता हुआ सुना जाता है ?

उत्तर में कहा कि इन्द्र ऋषियों के घर में हृदय गुहाओं में वाणी द्वारा आकृष्ट होकर पहुंचता है।" [2]कौनसा बुद्धिमान ऋषि तुझे वहन कर सकता है अर्थात् कोई विरला ही ऋषि तुझे धारण करने में समर्थ है।"

पूर्व ऋषि भी इन्द्र की संपूर्ण महिमा न जान सके

"[3]हे इन्द्र! तेरी सम्पूर्ण महिमा का अन्त पूर्वऋषि भी नहीं पा सके। क्योंकि तूने अपने शरीर से द्यावा पृथिवी रूप हमारे माता पिता को एक साथ उत्पन्न कर दिया था।"

उपर्युक्त मन्त्र से दो तीन बातें ध्वनित होती हैं एक तो यह कि पूर्व ऋषि सृष्टि-निर्माण से भी पूर्व सज्ञान थे। वे सूक्ष्म जगत् के निर्माण के समय ही सूक्ष्म शरीर में ही उत्पन्न हो चुके थे। मन्त्र कहता है कि वे ऋषि भी इन्द्र की सम्पूर्ण महिमा न जान सके क्योंकि सृष्टि का निर्माण सर्वत्र एक साथ ही प्रारम्भ हो गया था। इस अवस्था में इस व्यापक

---

१ सं च त्वे जग्मुर्गिर इन्द्र पूर्वीर्वि च त्वद् यन्ति विभ्वो मनीषाः। पुरा नूनं च स्तुतय ऋषीणां पस्पृध्र इन्द्रे अध्युक्थार्का। ऋ. ६।३४।१

२ हवं त इन्द्र महिमा व्यानड् ब्रह्म यत् पासि शवसिन्नृषीणाम्। ऋ. ७।२८।२।

१ कुह श्रुत इन्द्रः कस्मिन्नद्य जने मित्रो न श्रूयते। ऋषीणां वा यः क्षये गुहा वा चर्कृषे गिरा। ऋ. १०।२२।१।

२ ऋषिः को विप्र ओहते। ऋ. ८।३।१४।

३ क उ नु ते महिमनः समस्यास्मत् पूर्वऋषयोऽन्तमापुः। यन्मातरं च पितरं च साकमजनयथास्तन्वः स्वायाः। ऋ. १०।५४।३।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

व अनन्त वैचित्र्य परिपूर्ण सृष्टि का जानना ऋषियों के लिये भी दुष्कर था। इसी लिये कहा है कि पूर्व ऋषि भी जो कि जीवों में सर्वाधिक ज्ञान सम्पन्न व शक्तिशाली थे वे भी इन्द्र के अन्त को न पा सके।

इन्द्र का समुद्र सदृश फैलाव

१"यह इन्द्र सहस्रों ऋषियों द्वारा प्रबुद्ध हो समुद्र समान फैलता है। यज्ञों में और ज्ञानी ब्राह्मणों के राज्य में उस की सत्य महिमा तथा बल का बखान किया जाता है।"

२"जिस प्रकार नदियें समुद्र की ओर जाती हैं उसी प्रकार उक्थ नामक स्तोत्र इन्द्र की ओर जाते हैं।"

ऋषि ब्रह्म द्वारा इन्द्र की वृद्धि करते हैं

३"हे इन्द्र ! ऋषि लोग ब्रह्म (मन्त्र व ब्रह्म-शक्ति) से तुझे प्रवृद्ध करते हुए और तुझे से याचना करते हुए सत्रयज्ञ में आसीन हुए हैं। हे सर्वव्यापक इन्द्र ! तेरी वीर्यशक्ति बहुत प्रकार की है। तू हमें नानारूपों वाले पशुओं अर्थात् अनेकविध ऐन्द्रियिक शक्तियों से हमारा प्रीणन कर और परम-व्योम स्थान में विद्यमान सुधासागर में मुझे धारण कर।"

---

१ अयं सहस्रमृषिभिः सहस्कृतः समुद्र इव पप्रथे। सत्यः सो अस्य महिमा गृणे शवो यज्ञेषु विप्र-राज्ये। ऋ. ८।३।४।

२ इन्द्रमुक्थानि वावृधुः समुद्रमिव सिन्धवः ऋ. ८।६।३५।

३ त्वामिन्द्र ब्रह्मणा वर्धयन्तःसत्रं निषेदुर्ऋषयो नाधमानास्तवेद्विष्णो बहुधा वीर्याणि। त्वं नः पृणीहि पशुभिर्विश्वरूपैः सुधायां मा धेहि परमे व्योमन्। अथर्व १७।१।१४।

उपर्युक्त मन्त्र में निम्न ३,४ शब्द विशेष रूप में विवेचनीय हैं। सत्र, नाधमाना, विष्णो और विश्वरूप पशु।

सत्र—सत्र बहुधा यज्ञ अर्थ में प्रयुक्त होता है। परन्तु यह यज्ञ सामान्य यज्ञ नहीं है। यह आत्म दक्षिणा वाला यज्ञ है अर्थात् जिस में आत्मा अथवा शरीर का कोई अंग दक्षिणा रूप में दिया जाये। १शांखायन ब्राह्मण १५।१ में आता है कि दक्षिणाओं के द्वारा यज्ञको दक्षतायुक्त किया जाता है। इन दक्षिणा वाले यज्ञों में सत्र नामक यज्ञ आत्मदक्षिणा वाला होता है। इसलिये प्रतिदिन यह जप करे कि मैं अपने आप को कल्याणमयी कीर्ति, स्वर्गलोक व अमृतप्राप्ति के लिये दक्षिणा रूप में प्रदान करता हूं। इस प्रकार यह यज्ञ पूर्ण होता है। यह आत्मदक्षिणा यज्ञ आत्मसमर्पण ही है। यदि पूर्व आत्मदान संभव नहीं है तो आव-श्यकतानुसार शरीर का भी कोई अंग शरीर से पृथक् कर दक्षिणा रूप में दिया जा सकता है। आजकल रक्तदान रूपी यज्ञ प्रचलित है। यह भी एक प्रकार का सत्र यज्ञ है। क्योंकि यह रक्तदान रूपी यज्ञ भागवत जीवों के लिये होता है। इसी प्रकार शरीर के किसी भी अंग को शरीर से पृथक् कर आवश्यकता वाले मनुष्यों प्राणियों, समाज व राष्ट्र के लिये प्रदान करना आत्मदक्षिणा वाला सत्र यज्ञ ही हैं। सत्र नामक याग का एक स्वरूप 'ताण्ड्य महा ब्राह्मण' में इस प्रकार वर्णित हुआ है।

"आत्मदक्षिणं वा उ तद् यत् सत्रम्" यदा वै पुरुष आत्मनोऽवद्यति यं कामं कामयते तमभ्यश्नुते।" "द्वाभ्यां लोमावद्यति द्वाभ्यां त्वचं द्वाभ्यां मांसं द्वाभ्यामस्थि द्वाभ्यां मज्जानं द्वाभ्यां पीवश्च लोहितश्च। ता. ४।९,१९।२१

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

[1]यह सत्र नामक यज्ञ आत्म दक्षिण वाला यज्ञ कहलाता है। इस यज्ञ में कामनावश आत्मा व शरीर के किसी भी अंग को काटकर देवार्पण किया जाता है। इस से अभीष्ट कामना पूर्ण हो जाती है। उदाहरणार्थ यदि राष्ट्र को आवश्यकता है केशों की तो सत्रयज्ञ की भावना वाला व्यक्ति अपने केशों को काटकर या उखेड़ कर राष्ट्र के अर्पण कर देता है। इसी प्रकार रक्त, मांस मज्जा, आदि भी दिये जा सकते हैं। ऊपर के प्रकरण में यह सत्र सांवत्सरिक मानकर वर्णित हुआ है। और शरीर के अंग को दो महीनों की अवधि में देवार्पण करने का विधान किया है। अर्थात् लोम और त्वचा के देवार्पण में दो महीने का व्यवधान होना चाहिये। इसी प्रकार मांस, अस्थि, मज्जा, रक्त व पीप आदि के देवार्पण में दो २ मास का व्यवधान आवश्यक है। इस प्रकार दो २ महीनों के व्यवधान से यह वर्षभर चलने वाला सांवत्सरिक सत्र नामक यज्ञ है। हमारे विचार में दो मास की अवधि इस लिये रखी कि दान से हुई क्षति पूरी होती रहे। यह सत्र नामक यज्ञ का स्वरूप है। ऋषि लोग इस सत्र में आसीन होते हैं। और भगवान् को आत्मार्पण करते हैं।

दूसरा शब्द है नाधमानाः। इस का अर्थ प्रायः 'याचना' किया जाता है। परन्तु हमें यह ध्यान देना चाहिये कि यह इस का गौण प्रयोग है। इस का केन्द्रीय प्रयोग तो अनाथ से सनाथ होने में है। अर्थात् भक्त व ऋषि जब प्रकृति व उस के बाह्य घटकों से सम्बन्ध तोड़ते हैं तो भगवान् की ओर प्रयाण करने में एक समय ऐसा आता है जब कि वह अपने को अनाथ समझता है। उस समय उस की यह याचना है कि मैं सनाथ हो जाऊं। जिस प्रकार पत्नी पति से सनाथ होती है मजदूर मालिक से सनाथ होता है, उसी प्रकार ऋषि भगवान् से सनाथ होते हैं। नाधमाना का केन्द्रीय भाव यही है। जिन्होंने 'सत्र' में भगवान् को आत्मार्पण कर दिया वे ऋषि भगवान् को नाथ रूप में चाह रहे हैं।

अगला विवेचनीय शब्द विष्णो हैं। समस्या यह है कि जब देवता इन्द्र है तब मध्य में विष्णु का आ टपकना कहां तक संगत है? यदि यह कहा जाये कि विष्णु भी इन्द्र का ही दूसरा नाम है तो इस से भी समस्या हल नहीं होती है। चाहे सब नाम अन्ततोगत्वा भगवान् के ही हैं परन्तु वर्णन में व्यवस्था रहनी ही चाहिये। यहां इन्द्र को विष्णु नाम से सम्बोधित करने का क्या प्रयोजन है? यह हम इस प्रकार समझते हैं कि भगवान् सर्वव्यापक होता हुआ भी सर्वदिशाओं में विभिन्न नामों से वर्णित हुआ है। विष्णु की दिशा नीचे की "ध्रुवा" दिशा है। पृथिवी इस का स्थान है। पृथिवी पर रहता हुआ ही वह पराक्रम से सर्वव्यापक बनता है। तीन पादों में सर्वलोकों को आक्रान्त करने वाला विष्णु निचली दिशा से ऊर्ध्व को आरोहण करता है। इस दृष्टि से इन्द्र के अनेक प्रकार के वीर्यों का संस्मरण विष्णु रूप द्वारा ऊर्ध्वारोहण के प्रयोजन से किया गया है। और 'सुधायां मा धेहि परमेव्योमन्' मुझे अमृत स्थानी परम व्योम में ले जा। इस प्रकरण के सब मन्त्रों की यही टेक है। भक्त मनुष्य के ये उद्गार हैं वह ऊपर परम व्योम में आरोहण करना चाहता है। आगे मन्त्र में विश्वरूप पशु पद है। ये पशु भी सामान्य नहीं है। जहां अमृत स्थानी परमव्योम

---

१ दक्षिणाभि र्वै यज्ञं दक्षयति तद् 'यद् दक्षिणाभिर्यज्ञं दक्षयति तस्माद् दक्षिणानामात्मदक्षिणं वै सत्रं तस्मादहरहर्जपेयुरिदमहं मां कल्याण्यै कीर्त्यै स्वर्गाय लोकायामृतत्वाय दक्षिणान्नयानि। शां. ब्रा. १५।१।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में आरोहण की प्रार्थना है वहां पशु भी तदनुसार दिव्य पशु होने चाहियें। और वे ऐन्द्रियिक दिव्य पशु हो सकते हैं।

इन्द्र की देन

इन्द्र ऋषियों को अनन्त ऐश्वर्य व अनन्त शक्तियां प्रदान करता है। इन्द्र शत्रु का मुकाबला करने और उस पर विजय प्राप्त करने के लिये ऋषि को प्रेरित करता है। इसी दृष्टि से इन्द्र का एक विशेषण 'ऋषिचोदनः' भी है। ऋषि पर जब असुर व दस्यु आक्रमण करते हैं तो रक्षा का काम इन्द्र का है। इन्द्र ऋषियों की रक्षा करता है। अग्नि भी रक्षा करती है पर इन दोनों की रक्षा में भेद है। अग्नि आपत्तियों को सहते हुए अभीष्ट मार्ग पर ले चलती है पर इन्द्र की छत्रछाया ऋषि को आक्रमणकारी बनाती है। ऋ. ८।५१।२ में मन्त्र आता है जहां कि इन्द्र ने ऋषि को वृक अर्थात् शत्रु के प्रति भेड़िया बना दिया है। वह इस प्रकार है--

सहस्राण्यसिषासद् गवामृषिस्त्वोतो दस्यवे वृकः। ऋ. ८।५१।२

हे इन्द्र! तुझ से रक्षित प्रस्कण्व ऋषि ने दस्यु के प्रति वृक अर्थात् भेड़िया बनकर तत्सम्बन्धी सहस्रों गौयें ले लीं।

प्रियमेधा ऋषियों की इन्द्र से याचना

प्रियमेधा ऋषि वे हैं जिन को मेधा अति प्यारी है। वे इन्द्र से क्या याचना करते हैं यह निम्न मन्त्र में दर्शाया गया है--

१"श्रेष्ठ पंखों वाले पक्षियों के समान दिव्यता की ओर उड़ान भरते हुये प्रियमेधा ऋषि इन्द्र के पास पहुंचे और यह याचना की कि हे इन्द्र! अन्धकार दूर करो, चक्षु को दिव्य प्रकाश से परिपूर्ण कर दो और पाशों में बद्ध हम को छुड़ाओ।"

अन्न-याचना

१"हे पुरुष्टुत इन्द्र? आर्ष स्तुतियों द्वारा प्राप्तव्य रक्षाओं से तू हमें बढ़ा। और अत्यन्त प्रवृद्ध अन्न को हमारे प्रति दोहन कर।"

आयुवृद्धि और सहस्र दान

२"हे इन्द्र! तू ऋषि की नवीन आयु का सम्यक् प्रकार से विस्तार कर और ऋषि को सहस्रों प्रकार के ऐश्वर्यों व शक्ति से युक्त कर अथवा ऋषि को सहस्रों प्रकार के ऐश्वर्य देने वाला बना।"

१. सहस्रसाम्--सहस्रं सनुते ददाति= सहस्रों प्रकार के ऐश्वर्य दूसरों को देने वाला (षणु दाने)।

२. सहस्रसाम्--सहस्राणि सम्भजते= सहस्रों प्रकार के ऐश्वर्य का सेवन करने वाला (षण सम्भक्तौ)।

एक और मन्त्र है.....३हम ऋषियों से सहस्रों प्रकार के ऐश्वर्य प्राप्त करें और अन्न, बल और दीर्घजीवन का लाभ करें।"

---

१ वयः सुवर्णा उपसेदुरिन्द्रं प्रियमेधा ऋषयो नाधमानाः। अपध्वान्तमूर्णुहि पूर्धि चक्षुर्मुमुग्ध्यस्मान्निधयेव बद्धान्। ऋ. १०।७३।११।

१ वर्धस्वा सु पुरुष्टुत ऋषिष्टुताभिरूतिभिः। धृक्षस्व पिप्युषीभिषमवा च नः। ऋ. ८। १३। २५।

२ नव्यमायुः प्र सू तिर कृधी सहस्रसामृषिम्। ऋ. १।१०।११।

३ वयं सहस्रमृषिभिः सनेम विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम्। ऋ. १।१८९।८।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सोम और ऋषि

गुरुकुल कांगड़ी से प्रकाशित 'आत्मसमर्पण' नामक पुस्तक में हमने सोम पर कुछ विस्तृत विवेचन किया हुआ है। अतः प्रस्तुत लेख में सोम पर सामान्य विचार न कर ऋषि के सम्बन्ध से ही उस पर कुछ नवीन विचार प्रस्तुत करते हैं। सोम से ऋषित्व की प्राप्ति किस भांति होती है यह विचारणीय विषय है। उस पुस्तक में हम यह दर्शा चुके हैं कि सोम एक आकाशीय द्युलोकस्थ तत्त्व है जो कि सूर्य और चन्द्रमा की किरणों द्वारा पृथिवी पर आता है, वायु व जल द्वारा भी पृथिवी पर बरसता है। और स्वयं तरंगों के रूप में भी पृथिवी की ओर प्रवाहित होता है। मनुष्य इस सोम को सूर्य, चन्द्रमा, जल, वायु, औषधि, वनस्पति आदि सब साधनों द्वारा निरन्तर ग्रहण कर रहा है। पर इन सब साधनों द्वारा ग्रहण किया हुआ सोम एक तो प्रत्येक मनुष्य को अपनी शक्ति व परिस्थिति के अनुसार न्यून व प्रचुर मात्रा में प्राप्त होता है। और दूसरे यह मिश्रित होता है। इस का पवमान अर्थात् परम पवित्ररूप नहीं होता। सोम की वेदों में जो इतनी महिमा गायी गई है कि इतस्ततः उपलब्ध सोम सूक्तों के अतिरिक्त ऋग्वेद का एक पूरा का पूरा नवां मण्डल सोम के लिये दिया गया है। वह महिमा सामान्य सोम की नहीं है, 'पवमान सोम' की है। ऋषित्व को प्रदान करने वाला यह पवमान सोम ही है। इस लिये सोम के सम्बन्ध में सब से बड़ी समस्या यही है कि इसे पवमान अर्थात् परमपवित्र कैसे किया जाये? इस लेख में हमारा प्रमुख विषय यही होगा।

पवमान सोम ही ऋषित्व का प्रदान करने वाला है—

वेद मन्त्र कहता है "[1]यह सोम मनुष्य में ऋषित्व का अवबोधक व उद्बोधक है। मनुष्य को ऋषि बनाता है और ऋषित्व की ओर प्रेरणा देने में यह सर्वश्रेष्ठ है।" इसी प्रकार एक और स्थल पर कहा गया है कि "[2]ऋषि लोग सोम के द्वारा तीक्ष्ण होते हैं अर्थात् उन की इन्द्रियां, प्राण, मन, बुद्धि आदि में तीक्ष्णता पैदा होती है।"

ऋ. ९।८६।४ में इस पवमान सोम को 'ऋषिषाण' शब्द से सम्बोधित किया गया है। इस का भाव यह है कि यह सोम ऋषित्व (ऋषि षणु दाने) का प्रदान करने वाला है। और फिर इस सोम के साथ अर्ष-ऋष धातु का बहुत प्रयोग हुआ है। यह धातु ऋषित्व को प्रदान करने वाली गति को सूचित करती है सामान्य गति को नहीं। यह अर्ष गति क्या है यह हम पूर्व में विचार कर चुके हैं।

सोम दिव्य अन्न है—

अग्नि, इन्द्र आदि देवों के समान यह सोम भी वेद का एक देवता है। परन्तु अन्य देवों से इस का भेद यह है कि वे अत्ता हैं तो यह आद्य है। वे अन्नाद हैं तो यह अन्न है। अन्य देव इस सोमरूपी दिव्य अन्न का भक्षण करते हैं और वृद्धिंगत होते हैं। उन में सूक्ष्मता, दिव्यता व प्रकाश की वृद्धि होती है। इस सोम रूपी दिव्य अन्न का भक्षण करके मनुष्य क्या बन सकता है? यह हम उदाहरणार्थ एक मन्त्र द्वारा स्पष्ट करते हैं।

---

१ ऋषिमना य ऋषिकृत् स्वर्षाः ॥

ऋ. ९।९६।१८।

२ एह गमन्नृषयः सोमशिताः। ऋ. १०।१०८।८

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

"[1]देवों में ब्रह्मा, क्रान्तदर्शी कवियों में श्रेष्ठतम पदविन्यास करने वाला, विप्रों अर्थात् मेधावियों में ऋषि, मृगों में महिष अर्थात् महान् सिंह, गृध्रों में श्येन, वनों में स्वधिति अथवा मृगों में सिंह के समान पराक्रमी, गृद्धदृष्टि में श्येन के समान, आन्तरिक वनों में स्वधिति (स्वधिति) अर्थात् आत्मा को धारण करने वाला यह सोम होता है। कब ? जब कि वह पवित्र (छलनी) से बाहिर आकर शब्द करता हुआ संपूर्ण शरीर में गति करता है।"

[2]यह सोम पवित्र होकर सब प्रकार की मतियों को उत्पन्न करता है। द्युलोक व पृथिवीलोक का उत्पादक है। अग्नि, सूर्य, इन्द्र और विष्णु का उत्पादक है।"

जिस प्रकार यह सोम बाह्य ब्रह्माण्ड के सब देवों को उत्पन्न करता है, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा अपने साधनाबल से पवित्र किये जाने पर यह दिव्य व पवित्र सोम पिण्ड में विद्यमान सब देवांशों को उद्बुद्ध कर देता है। मनुष्य सब देवों का आगार बन जाता है। एक प्रकार से ब्रह्म हो जाता है। (तस्माद्वै विद्वान् पुरुषमिदं ब्रह्मेति मन्यते) यह आथर्वणी उक्ति इसी समय के लिये है। वह परब्रह्म तो नहीं है पर इतना महान् हो जाता है कि विद्वान् उसे ब्रह्म ही कहने लगते हैं। प्रश्न होता है कि कब ब्रह्म कहते हैं ? इस का उत्तर मन्त्र के उत्तरार्थ में दिया है और वह यह कि "[3]इस मनुष्य में सब देवता इस भांति आ विराजते हैं जिस प्रकार गौयें गोशाला में आ बैठती हैं" यह उक्ति साधारण जन के लिये नहीं है। क्योंकि साधारण जन में देवताओं का वास नहीं होता। प्रायः साधारण मनुष्य आसुरी शक्तियों के अधीन होता है। जहां आसुरी शक्ति है वहां देव कहां ? इस लिये मनुष्य को अपने अन्दर देवत्व के उद्बोधन के लिये सदा सोम का भक्षण करना चाहिये और उसे निरन्तर पवित्र करते रहना चाहिये। इस से मनुष्य ऋषि बन सकता है। देव बन सकता है। कहने का भाव यह है कि मनुष्य में सब देव विद्यमान् तो होते हैं, पर आसुरी शक्ति से अभिभूत व प्रसुप्त होते हैं। इन का जागृत होना सोम के ही कारण संभव है। अब प्रश्न यह है कि सोम को पवित्र कैसे किया जाये ? वेद में सोम के पवित्रीकरण के जो साधन बताये गये हैं उन में से कुछ साधनों का वर्णन हम यहां करते हैं।

सोम का मार्जन व पवित्रीकरण

ऋषि लोग सोम का मार्जन व पवित्रीकरण करते रहते हैं। इस सम्बन्ध में अनेकों मन्त्र दिखायें जा सकते हैं। उदाहरणार्थ एक मन्त्र इस प्रकार है :—

[1]हे पवमान सोम ! बुद्धियों को वेग प्रदान करने वाली तेरी व्याप्तिशील दिव्य धारायें सोमधारक (धरीमणि) मस्तिष्क में आन्तरिक रस (पय) द्वारा विसर्जित होती हैं। हे ऋषित्व के प्रदान करने वाले सोम ! जो ज्ञानी ऋषि तुझे शुद्ध करते रहते हैं, वे अपने अन्दर सोम की स्थिर व निरन्तर धारायें प्रवाहित करते रहते हैं।

इस मन्त्र में दो बातें विशेष ध्यान देने की हैं,

---

१ ब्रह्मा देवानां पदवीः कवीनामृषिर्विप्राणां महिषो मृगाणाम्। श्येनो गृध्राणां स्वधितिर्वनानां सोमः पवित्रमत्येति रेभन्।
ऋ. ९।९६।६।

२ सोमः पवते जनिता मतीनां जनिता दिवो जनिता पृथिव्याः। जनिताग्नेर्जनिता सूर्यस्य जनितेन्द्रस्य जनितोत विष्णोः। ऋ. ९।९६ ५

३ सर्वा ह्यस्मिन् देवता गावो गोष्ठ इवासते।
अथर्व. ११।८।३०।

१ प्र त आश्विनीः पवमान धीजुवो दिव्या असृग्रन् पयसा धरीमणि। प्रान्तर्ऋषयः स्थाविरीरसृक्षत ये त्वा मृजन्त्यृषिषाण वेधसः।
ऋ. ९।८६।४।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

एक तो ऋषि सोम को शुद्ध करते रहते हैं और दूसरे उस सोम की दिव्य धारायें ऋषियों के मस्तिष्क में स्थिर रूप में प्रवाहित होती रहती हैं।

सोमात्मक ओज और उसका पवित्रीकरण—

सोम के पवित्रीकरण व पवमान बनाने के अनेकों साधन वेदों में दर्शायें गये हैं। सोम दिव्य अन्न है, जो कि पृथ्वी पर आकर वनस्पति, ओषधि व रसात्मक रूप को धारण करता है। मनुष्य जो स्थूल अन्न भक्षण करता है, उस से भी मनुष्य में सोम का प्रवेश होता है। जो अन्न वह भक्षण करता है वह रस रक्त आदि रूपों में परिवर्तित, परिमार्जित व सूक्ष्म रूप होता हुआ ओज नामक अष्टम धातु में परिणत होता है। [1]मानव शरीर में यह ओज ही सोम है ऐसा हम कह सकते हैं। [2]दूध में जैसे घी समाया होता है वैसे ही रस रक्तादि शुक्रपर्यन्त सात धातुओं में यह ओजरूपी सोम व्याप्त रहता है। इस दृष्टि से यह ओज सम्पूर्ण शरीरव्यापी है। परन्तु सर्वत्र शरीर में व्याप्त होते हुये भी इस का प्रमुख स्थान [3]हृदय कहा जाता है। इस ओजरूपी सोम को हृदयस्थित इन्द्र अर्थात् दिव्य मन (Divine mind) भक्षण करता है। इस सोम के भक्षण से ही इन्द्र, [1]बल के कार्य करता है। ओज में भी शरीर का [2]संपूर्णबल सन्निहित है। सोम के सम्बन्ध में कई विद्वानों का ऐसा भी मन्तव्य है कि सृष्टि में जितना भी रसात्मक[3] तत्त्व है, वह सोम है। इस दृष्टि से शरीरान्तर्गत रस रक्तादि भी सोम ही है। इस पर हमारा विचार यह है कि सोम के सर्वशरीरव्यापी होने के कारण रस रक्तादियों को गौणवृत्ति से सोम मानते हुये भी शरीर में प्रमुख सोम ओज ही है।

सोम ओज का भी सार है

यदि हम वेद व अन्य शास्त्रों के आधार पर सूक्ष्मदृष्टि से विचार करें तो हम वहां यह संकेत पाते हैं कि सोम ओज से पृथक् है और वह ओज का भी सार है। यदि सोम को ओज का सार न भी मानें तो यह तो अवश्य कहा जा सकता है कि ओज रस रक्तादियों के समान ही सोमाश्रय है, सोमायतन है। वह सोम जो कि शरीर में सर्वत्र व्याप्त होता हुआ ओज में भी व्याप्त है, ओज का नियन्त्रण व नियमनआदि करता है। वेद में आता है कि[4] "वह पवमान सोम इन्द्र में ओज धारण करता है" इस से यह स्पष्ट है कि पवमान सोम ओज से पृथक् है। और वह ओज को उत्पन्न करने व नियन्त्रित करने वाला है। वह ओज में उसी प्रकार व्याप्त

---

१ ओजः सोमात्मकं स्निग्धं शुक्लं शीतं स्थिरं सरम्। ४ सु.सू. १५।२१।
स्निग्धं सोमात्मकं शुद्धमील्लोहितपीतकम्। अ.सू. ११।३८।

२ यस्माद्रसादोजो भवति स रसः सर्वधातुस्थानगतत्वात् तत्तद् धातुवन् मन्यत इति सर्वधातूनां स्नेह ओजः क्षीरे घृतमिव। भावप्रकाश।

३ तत्परस्यौजसः स्थानं तत्र चैतन्यसंग्रहः। हृदयं . . च.सू. ३०।७।

१ अस्य मदे अहिमिन्द्रो जघान। ऋ. २।१५।१।
सोमस्य ता मद इन्द्रश्चकार।
ऋ. २।१५।२, ऋ. ३।६४।४।

२ रसादीनां शुक्रान्तानां धातूनां यत् परं तेजस्तत् खल्वोजस्तदेव बलमुच्यते। सु.सू. १५।१९।

३ सोमो भूत्वा रसात्मकः। गीता।
यदार्द्रं तत्सौम्यम्।

४ अदधादिन्द्रे पवमान ओजो०। ऋ. ९।९७।४१।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

है जिस प्रकार ओज अन्य धातुओं में अभिव्याप्त है। सब [1]धातुओं में व्याप्त ओज जिस प्रकार उस-उस धातु से गृहीत होता है उसी प्रकार पृथक् होता हुआ सोम भी तत्तत् वस्तु के आश्रय से तत्तत् वस्तु के नाम से ही गृहीत होता है। इस दृष्टि से शरीर में रस रक्तादि ओज पर्यन्त सब धातु गौणी-वृत्ति से सोम ही हैं। पर तात्त्विक दृष्टि से सोम इनसे पृथक् है और इन सब में ओत-प्रोत है। यह सोम क्योंकि इन्द्रियातीत तत्त्व है, अतः वैद्यक शास्त्र का यह विषय नहीं है। वहां सोम का पृथक् वर्णन व विवेचन न होकर स्वाभीष्ट ओषधीविशेष तथा रस रक्तादि सोमायतनों के वर्णन व विवेचन से ही इस का ग्रहण हुआ है। वेद में दोनों प्रकार से वर्णन हुआ है केवल सोम का और आयतन सहित सोम का। वेद में सोम को एक स्थल पर [2]इन्द्रिय-रस कहा है तो दूसरे स्थल पर [3]इन्द्रिय रस से इसे पृथक् माना है। यह हम 'आत्मसमर्पण' नामक पुस्तक में भी दर्शा चुके हैं। इस लिये सोम के सत्य स्वरूप का दर्शन दिव्य दृष्टि प्राप्त होने पर हो सकता है। परन्तु सोम के पवित्रीकरण की प्रक्रिया ओज के सदृश रस रक्तादि स्थूल सोमाश्रयों के पवित्रीकरण पर भी निर्भर है। इस लिये दिव्यता के इच्छुक पुरुष का यह प्रयत्न होना चाहिये कि इसे शास्त्रोक्त साधनों द्वारा पूर्ण शुद्ध बनाये और इसकी शुद्धि व वृद्धि साधारण अन्न की शुद्धि व सात्त्विकता से ही प्रारम्भ होनी चाहिये। जितना शुद्ध सात्त्विक व ओजो-बहुल अन्न भक्षण किया जायेगा उतना ही ओज रूप सोम शुद्ध होगा और असली सोम भी हमारे अन्दर दिव्य बनेगा।

सोम पवित्र (छलनी)

सोम को परिशुद्ध व परिमार्जित करने वाली कुछ छलनियों (पवित्र) का वेद में वर्णन हुआ है। वहां इन्हें 'पवित्र' कहा गया है। सोम जिस समय जिस आयतन में विद्यमान होता है उसी आयतन से सम्बद्ध छलनी भी होती है अर्थात् सूर्य में सौर्य छलनी अग्नि में आग्नेय, वायु में वायवीय, जल में जलीय और कर्मकाण्ड में ओषधि वनस्पति निःस्यूत रस को छानने के लिये तदनुकूल छलनी होती है। इसी प्रकार मानव शरीर में भी विभिन्न रसों में ओतप्रोत सोम को छानने व पवित्र करने के लिये अनेकों छलनियां हैं। अब हम संक्षेप में कुछ छलनियों का दिग्दर्शन कराते हैं।

आग्नेय पवित्र

अग्नि की छलनी अग्नि की ज्वालाओं में विद्यमान होती है। मन्त्र कहता है "हे अग्नि ![1] जो तेरी ज्वालाओं के अन्दर सोम शोधक छलनी व्याप्त है या तनी हुई है उससे तू हमारे सोम को पवित्र कर।"

अग्नि की ज्वालाओं में सोम को पवित्र करने की असीम शक्ति होती है। बाह्य जगत् में अग्नि के द्वारा सोम का पवित्रीकरण निरन्तर होता रहता है। इस मन्त्र का समन्वय शरीरान्तर्गत अग्नि में भी सुचारु रूप से हो जाता है। क्योंकि इस अग्नि द्वारा उस सोम को पवित्र करने का विधान है जो कि हमारे अन्दर ब्रह्म रूप को धारण कर

---

१ सर्वधातुस्थानगतत्वात् तत्तद्धातुवन्मन्यते। चरक

२ आत् सोम इन्द्रियो रसः। ऋ. ९।४७।३।

३ सोमो अर्षति दधान इन्द्रियं रसम्। ऋ. ९।२३।४।

१ यत् ते पवित्रमर्चिष्यग्ने विततमन्तरा ब्रह्म तेन पुनीहि नः। ऋ. ९।६७।२३।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

चुका है। और यह अग्नि संकल्प रूप अग्नि प्रतीत होती है।

आयवः पवित्र

ऋग्वेद के नवम मण्डल के अनेकों मन्त्रों में यह आता है कि 'आयु' सोम को शुद्ध करते हैं। सायणाचार्य इस आयु पद का अर्थ मनुष्य करता है क्योंकि निरुक्त शास्त्र में यह आयु पद मनुष्य नामों में पठित है। इसका भाव यह हुआ कि मनुष्य सोम को शुद्ध करते हैं। यदि हम इस बात का सूक्ष्म विवेचन करें कि मनुष्य को आयु क्यों कहा जाता है तो हम इस परिणाम पर पहुंचते हैं कि 'आयु' मनुष्य के आन्तरिक रस हैं। जिनके आन्तरिक स्थान पर मिलने से भक्षित अन्नमें मिश्रण और अमिश्रण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है। जिससे अन्न के अन्तर्गत सोम विभक्त व शुद्ध होता रहता है। इन रसों को आयु (आ+यु–मिश्रण–अमिश्रणयोः) कहते हैं। क्योंकि ये मनुष्य के अन्तर्गत हैं, अतः मनुष्य को ही आयु कहने लग गये। वे 'आयवः' नामक रस जब स्वयं शुद्ध पवित्र होकर इन्द्रियों के रस बनते हैं, तब ये दिव्य ज्ञान की उत्पत्ति के कारण बनते हैं। वेद का एक मन्त्र है जिस से यह सिद्ध होता है कि 'आयु' का मनुष्य अर्थ आवश्यक नहीं है। उस का भाव यह है कि "बार[1] बार शुद्ध किये जाते हुए रस रूप सोम (आयवः इन्दवः) दिव्यज्ञान के उत्पत्ति स्थान समुद्र में अनायास आ पहुंचते हैं।"

उपर्युक्त मन्त्र में हमने आयु का अर्थ शरीर के विभिन्न रस किया है। निरुक्त में भी 'आयु' के अयन, मनुष्य, ज्योति, और उदक अर्थ किये हैं। उदक रस ही है। शरीर के विभिन्न स्थानों में अनेकों रस उत्पन्न होते हैं जो कि अन्न का परिपाक भी करते हैं। मनुष्य की आयुष्य के लिये आयु पद का प्रयोग शारीरिक रसोंके मिश्रण अमिश्रण का परिणाम है। जब तक शरीरमें इन रसोंका निर्माण मिश्रण व पार्थक्य आदि सुचारुरूप से चलता है, तब तक मनुष्य का स्वास्थ्य उत्तम रहता है और आयु भी दीर्घ होती है। और जब इन रसों का निर्माण व कार्य ठीक नहीं होता तब स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहता और आयु भी क्षीण होती है। इस लिये आयु का वास्तविक अर्थ शरीरान्तर्गत रस ही है। आयुष्य तो उस का परिणाम है। उपर्युक्त मन्त्र में आयु पद इन्दु का विशेषण होकर आया है। इन्दु सोम का वाचक है और वहां भी आर्द्रता और स्नेहन का भाव है। पर सोम के पवित्रीकरण में इन्दु तथा आयु पदों से ज्योति का भाव भी ग्रहण करना चाहिये। अन्नादि रसों का पवित्रीकरण तो स्थूल रूप है। यह शोधन कार्य तो प्राणिमात्र में चालू है। इसलिये हम आयु और इन्दु पदों से उन दिव्य रसों को ग्रहण करते हैं जो कि ऐन्द्रियिक रस बन कर इन्द्रिय-ज्ञान को दिव्य बनाते हैं। मन्त्र में कहा है कि ये इन्दु नामक आयु अर्थात् रस ऋत ज्ञान के उत्पत्तिस्थान समुद्र में पहुंचते रहते हैं। ये समुद्र मस्तिष्क के ४ द्रव कूप हैं। जब मनुष्य अन्तर्मुखी अवस्था में अपने को मस्तिष्क में केन्द्रित करने का प्रयत्न करता है तो ये ऐन्द्रियिक रस इन समुद्रों में जा पहुंचते हैं।

इसी प्रकार एक और मन्त्र है जहां कि 'आयु' पद स्पष्ट रूप से आन्तरिक रसों के लिये इंगित हुआ है। वह इस प्रकार है

स मर्मृजान आयुभिः प्रयस्वान् प्रयसे हितः।

---

१ ममृजानास आयवो वृथा समुद्रमिन्दवः।
अग्मन्नृतस्य योनिमा। ऋ. ९।६४।१७।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ऋ. ९।६६।२३ वह (प्रयस्वान्) अन्न वाला सोम (आयुभिः) आन्तरिक रसों द्वारा (मर्मृजानः) पूर्णरूप से शुद्ध हुआ (प्रयसे हितः) प्रीणन के लिये होता है।

यह सोम पवित्र होकर ऋतात्मक भी होता है। इस ऋतात्मक रूप को धारण कर वह ऋतायुः कहलाता है। ये ऋत नामक आन्तरिक रस भी सोम को पवित्र करने लगते हैं। इसी लिये कहा है 'शुम्भमाना ऋतायुभिः' अर्थात् ऋत रूप रसों से वे सोम पवित्र होते हैं। इस ऋत रूप को धारण करने के लिये सोम ऋत के उत्पत्ति स्थान (ऋतस्य योनिं) में पहुंचते हैं।

बुद्धि द्वारा सोम का मार्जन व पवित्रीकरण

बुद्धि द्वारा भी सोम का मार्जन व पवित्रीकरण होता है। इस सम्बन्ध में अनेकों मन्त्र दिखाये जा सकते हैं।

उदाहरणार्थ कुछ मन्त्र इस प्रकार हैं :—

"[1]हे सोम! आत्मरक्षा के इच्छुक विप्रलोग देवत्व के विस्तार के लिये नेतृगुण सम्पन्न तुझ वाजी को बुद्धियों द्वारा शुद्ध करते हैं।"

[2]"यह सोम मतियों अर्थात् बुद्धियों से पवित्र हुआ है।"

[3]"शोधन के योग्य इस क्रान्तदर्शी सोम को विप्रलोग बुद्धियों द्वारा शुद्ध करते हैं।"

[4]"विप्रलोग उस वेगवान् सोम को सूक्ष्मबुद्धि द्वारा शुद्ध करते हैं।"

जिस समय बुद्धि सूक्ष्म व अग्र्या बन जाती है तब उस में आहुति होने वाला सोम भी शुद्ध व पवित्र हो जाता है। परन्तु यह परस्पराश्रित प्रक्रिया है। अर्थात् सोम बुद्धि को सूक्ष्म बनाता है और बुद्धि सोम को पवित्र करती है। यह पवित्रीकरण उसी समय संभव है कि जब मनुष्य शरीर के अधोभाग से ऊपर उठकर बुद्धि की ओर ऊर्ध्वारोहण करता है और ऊर्ध्वरेतस् बनता है।

दशक्षिप

सायणाचार्य आदि मध्यकालीन भाष्यकार 'दशक्षिपः' का अर्थ दस अंगुलियां करते हैं। सोम ओषधी को पीसने, रस निकालने व उसके परिमार्जन आदि कार्यों में दस अंगुलियां साधन बनती हैं। अतः 'दशक्षिपः' का अर्थ दस अंगुलियां किया जाता है। परन्तु यदि हम शरीरान्तर्गत सोम की दृष्टि से इस पर विचार करें तो दशक्षिपः दस अंगुलियां न होंगी। हमारे विचार में वहां 'दशक्षिपः' से मस्तिष्क में विद्यमान पांच ज्ञानेन्द्रियों और पांच कर्मेन्द्रियों के केन्द्र लिये जा सकते हैं। मस्तिष्क की सम्पूर्ण गतिविधि को इन्हीं दस भागों में विभक्त किया जा सकता है। ये इन्द्रियकेन्द्र (Brain centres) मस्तिष्कान्तर्गत सोम द्वारा अपना २ कार्य करते हैं। इसी प्रकार इन केन्द्रों से सम्बन्ध रखने वाली आज्ञावाहक व ज्ञानवाहक नाड़ियों को भी दशक्षिपः कहा जा सकता है। 'क्षिपः' का भाव फेंकने व प्रक्षेपण का है। अर्थात् केन्द्र की ओर ज्ञान का प्रक्षेपण और केन्द्र से शरीर में चहुं ओर आज्ञा का प्रक्षेपण होता रहता है। इस प्रकार रसों के इन्द्रियों के कार्य में व्यापृत होने पर इनमें से ऐन्द्रियिक मल किट्ट नासामल आदि

---

१ तमुत्वा वाजिनं नरो धीभिर्विप्रा अवस्यवः मृजन्ति देवतातये ॥ ऋ. ९।१७।७।

२ एष स्य सोमो मतिभिः पुनानः। ऋ. ९।९६।१५।

३ कविं मृजन्ति मर्ज्यं धीभिर्विप्रा अवस्यवः। ऋ. ९।६३।२०।

४ तममृक्षन्त वाजिनं ..... विप्रासो अण्व्या धिया। ऋ. ९।२६।१।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पृथक् होते रहते हैं और इस प्रकार सोम शुद्ध होता रहता है। जितना विजातीय तत्त्व शरीर से बाहिर कर दिया जाता है उतना ही सोम शुद्ध हो जाता है। इसलिये 'दशक्षिपः' का यह भी भाव लिया जा सकता है कि मलों को बाहिर फेंकने वाली ये दस ऐन्द्रियिक नाड़ियां। 'क्षिपः' अर्थात् प्रक्षेपण का यह भी भाव है कि इन्द्रियां मस्तिष्क केन्द्र से जब बाह्य जगत् में विषयों की ओर जाती हैं तो सिर में विद्यमान सोम को बाह्य गोलकों की ओर फेंकती हैं। क्योंकि ऐन्द्रियिक शक्तियां,ऐन्द्रियिकद्रव अर्थात् सोम के माध्यम से ही गोलकों में जाती हैं। इस सम्बन्ध में एक मन्त्र है जो कि इस प्रकार है :—

अभिक्षिपः समग्मत मर्जयन्तीरिषस्पतिम्।
पृष्ठा गृभ्णत वाजिनः ॥ ऋ. ९।१४।७।

(क्षिपः) सोम को चहुं ओर फेंकने वाली ऐन्द्रियिक नाड़ियां (इषस्पतिं) अन्नों के स्वामी सोम को (मर्जयन्तीः) शुद्ध करती हुई (अभि-समग्मत) सोम से जा मिलती हैं और (वाजिनः) उस वेगवान् सोम के (पृष्ठाः) पृष्ठों को (गृभ्णत) जा पकड़ती हैं।

इस मन्त्र में यह दर्शाया गया है कि इन्द्रियां सोम से मिलती हैं और उस के पृष्ठ पर आरूढ़ होकर कार्य में जुटती हैं। इन्द्रियों का सोम से मिलना सोम की शुद्धि का एक प्रकार है। इन्द्रियां ज्योति हैं, अग्नि रूप हैं, सोम द्रव है। अग्नि द्रव से मिलकर उस के मल को जला देती है। इस सोमरस से इन्द्रियों का स्वल्पकाल के लिये ही सम्बन्ध होता है, इस से वे गरम भी नहीं होतीं। यदि सम्बन्ध-संयम व त्राटक की प्रक्रिया द्वारा अधिक समय तक इन्द्रिय रूपी अग्नि का सोम द्रव से सम्बन्ध हो तो उस का सूक्ष्म से सूक्ष्म मल भी विनष्ट हो सकता है।

विवस्वतः नप्तीः—

इन 'दशक्षिपः' इन्द्रियों को एक मन्त्र (ऋ. ९।१४।५) में विवस्वान् का 'नप्ती' अर्थात् पौत्र कहा गया है। विवस्वान् ज्ञान सूर्य अर्थात् बुद्धि है और इन्द्रियां उस बुद्धि के पौत्र हैं। इन्हें पौत्र इसलिये कहा गया है कि बुद्धि और इन्द्रियों के मध्य में मन आता है। वास्तव में नप्ती का अर्थ है 'न गिरने देने वाले। प्रश्न है कि किस को न गिरने देने वाले। उत्तर है कि बुद्धि (विवस्वान्) को न गिरने देने वाले। ये इन्द्रियां ही हैं जो कि बुद्धि के लिये संसारमें चहुं ओर से ज्ञान को संग्रह करके लाती हैं। इस से बुद्धि सूर्य (विवस्वान्) की वृद्धि होती है और पतन नहीं होता।

दश योषा

इन इन्द्रियों को 'दशयोषा' भी कहा जाता है। सोम इन का पति है और ये पत्नियां हैं। 'योषा' शब्द भी 'यु मिश्रणामिश्रणयोः' धातु से बनता है। इन में सोम से मिलना और पृथक् होना यह प्रक्रिया चलती रहती है। इन्द्रियों का जब बाह्य जगत् से सम्बन्ध होता है तब केन्द्रग सोम से इन का सम्पर्क होता है और जब ये कार्यविरत होती हैं तब ये सोम से पृथक् हो जाती हैं। 'दशयोषा' के सम्बन्ध में एक मन्त्र है जिस का भाव निम्न प्रकार है 'हे सोम! तेरी ओर दशयोषा इन्द्रियां आती हैं और तेरा स्तवन करती हैं। १तुझ से सम्पर्क करती हैं। जिस प्रकार कन्यायें जार का स्तवन करती हैं और उस से मिलती हैं। हे सोम! इस प्रकार तू शक्ति देने के लिये शुद्ध किया जाता है।"

---

१ अभि त्वा योषणो दश जारं न कन्यानूषत।
मृज्यसे सोम सातये। ऋ. ९ ५६।३।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

एक मन्त्र में आता है कि सूर्य की दुहिता सोम को पवित्र करती है। मन्त्र इस प्रकार है--

पुनाति ते परिस्रुतं सोमं सूर्यस्य दुहिता।
वारेण शश्वता तना ।। ऋ. ९।१।६।

हे सोम! तेरे परिस्रुत रूप को सूर्य की दुहिता निरन्तर तने हुए वार (वारेण शश्वता तना) से पवित्र करती है।

उपर्युक्त मन्त्र में निम्न बातें विचारणीय हैं।

१. सूर्य की दुहिता।
२. परिस्रुत सोम।
३. वार
४. शश्वता तना।

अब हम क्रमशः इन पर विचार करते हैं।

सूर्य की दुहिता

इस सौर जगत् में सूर्य की रश्मियां उस की दुहिता हैं जो कि पृथिवी पर दूर जाकर वहां के सोम को पवित्र करती हैं। इसी प्रकार पिण्ड में मनुष्य के मस्तिष्क में विद्यमान बुद्धि सूर्य है। सप्तेन्द्रिय रूपी सप्तरश्मि वाला यह बुद्धि सूर्य कहा जाता है। मस्तिष्क के केन्द्र में से जो रश्मि इन्द्रिय गोलकों में जाती है वह बुद्धि सूर्य की दुहिता है। दुहिता के दो भाव हो सकते हैं। एक तो 'दूरेहिता' मस्तिष्क सूर्य से जो दूर है। दूसरा भाव यह है कि मस्तिष्क से जो सोम का दोहन करती है।

परिस्रुत सोम

परिस्रुत (परि स्रुगतौ) सोम वह है जो इन्द्रियकेन्द्रों से गोलकों तक इन्द्रिय-ज्योति के जाने का माध्यम बनता है। इन्द्रिय-ज्योति के साथ यह सोम भी जाता है इस लिये इसे परिस्रुत कहते हैं।

वार

वार (वारयति) वह ऐन्द्रियिक नाड़ी है जिस में से होकर इन्द्रिय ज्योति गोलकों तक पहुंचती है। यह नाड़ी इन्द्रिय-ज्योति को इधर-उधर बिखरने से रोकती है। इसे 'वाल' भी कहते हैं।

शश्वता तना–निरन्तर तना हुआ होना।

अब मन्त्र का भाव यह हुआ कि सूर्य की दुहिता अर्थात् केन्द्र से गोलकों में आती हुई इन्द्रिय-रश्मि सोम को पवित्र करती है। यह तभी संभव है कि जब कि इन्द्रिय में तनाव रहे। योगदर्शन की परिभाषा में यह अवस्था सम्बन्ध-संयम की है। सम्बन्ध संयम में इन्द्रिय का विषय के साथ देर तक निरन्तर सम्बन्ध रहता है और वह इन्द्रिय तनाव की अवस्था में रहती है। इस से मनुष्य में ज्ञान व चेतना का हेतु जो सोम है वह पवित्र होता है। ब्राह्मण में आता है कि "पुनाति ते परिस्रुतमिति यजुषा पुनाति' अर्थात् इस परिस्रुत सोम को 'यजु' अर्थात् सम्बन्ध से, योग से पवित्र करता है। प्रश्न है कि किस से सम्बन्ध व योग करता है? इस का मन्त्र में यह उत्तर दिया है कि सूर्य की दुहिता अर्थात् गोलक में विद्यमान इन्द्रिय ज्योति से सम्बन्ध करता है, और निरन्तर सम्बन्ध करता है जिस से कि तनाव की अवस्था पैदा हो जाती है। योगदर्शन की परिभाषा में यही संयम की अवस्था है।

इस प्रकार दिव्यज्ञान और दिव्यशक्ति की प्राप्ति के लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि सोम को पवित्र शुद्ध व परिमार्जित किया जाये। उस के कुछ साधन हमने ऊपर प्रदर्शित किये। और भी कई साधन हो सकते हैं, पर हमने उदाहरणार्थ संक्षेप में ये प्रदर्शित किये हैं।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अर्ष धातु

इस सम्बन्ध में एक बात और विचारणीय है और वह यह कि मन्त्रों में सोम को पवित्र करने के लिये अर्षति (ऋष गतौ) धातु का प्रयोग प्रचुर मात्रा में हुआ है। यह गति सामान्य गति नहीं है। इस में ऋषित्व का भी भाव है। इस दृष्टि से 'हरिः पवित्रो अर्षति' का भाव यह होगा कि सोम पवित्र (छलनी) में पहुंचकर ऋषित्व के गुण वाला हो जाता है, उस की सम्पूर्ण गति ऋषि कोटि की हो जाती है। उस समय सोम दिव्यदृष्टि व दिव्यशक्ति सम्पन्न बन जाता है।

सोम के अन्दर महान् शक्तियां हैं, जो व्यक्ति सोम का पान करता है, वह दिव्यज्ञान व दिव्यशक्ति से सम्पन्न होता है। यह सोम पवमान बनकर मनुष्य में क्या कार्य करता है, यह हम उदाहरणार्थ निम्न मन्त्र द्वारा प्रदर्शित करते हैं।

[1]हे सोम ! हमारे में जो अज्ञान व अन्धकार हैं उन से तू युद्ध कर और पवित्र बनकर तू उन्हें विनष्ट कर।"

अब प्रश्न यह है कि वह अन्धकार को किस प्रकार विनष्ट करता है ? इस का उपाय वेद ने यह बताया कि वह सोम शरीरान्तर्गत सब घटकों व इन्द्रियों को गतिमय कर देता है, जिस से किसी भी प्रकार का मल अवशिष्ट नहीं रहता।

मरुत् और ऋषि

अग्नि, इन्द्र और सोम आदि वैदिक देवताओं की तरह यह मरुत् भी बहुत व्यापक देवता है। शास्त्रों में इसके भी अनेकार्थ दिये हैं। इन पर यहां विस्तृत विचार तो नहीं हो सकता, अतः संक्षिप्त टिप्पणी ही यहां प्रस्तुत करते हैं। जैसा कि हम 'वेदों के सूक्ष्म धरातल' में दर्शा चुके हैं कि अग्नि, इन्द्र सोम आदि सूक्ष्म तत्त्व हैं जो कि अनेकों आयतनों में ओतप्रोत हैं, उसी प्रकार यह मरुत् भी है। मरुत् शब्द के अनेकार्थ ब्राह्मणग्रन्थों, भाष्यों तथा यास्काचार्य आदि के निरुक्त ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं। प्रश्न यह है कि मरुत् के इन सब अर्थों में केन्द्रीय तत्त्व क्या है ? अथवा वह सूक्ष्मतत्त्व, सूक्ष्मगुण व सूक्ष्म कार्य क्या है, जो कि मरुत् नाम से कहे जाने वाले अनेकों आयतनों में ओतप्रोत है। हमारे विचार में मरुत् का स्वाभाविक व्युत्पत्तिजन्य अर्थ मर्+उत्=मरुत् (मृङ् प्राण त्यागे) इसका निर्णायक है। अर्थात् मरुत् वह शक्ति है जो प्राण-रहित (मर्) पदार्थ को ऊपर उठाती है। उस शक्ति को हम सूक्ष्मप्राणतत्त्व व प्राण-तन्मात्रा की सूक्ष्म सृष्टि कह सकते हैं। यह प्राणशक्ति अनेकों आयतनों में ओतप्रोत है। वायुजल आदि पांच-भौतिक तत्त्वों में भी यह प्रविष्ट है। परन्तु इनका प्रमुख आयतन व आश्रय वायु है। मरुत् स्वयं वायु नहीं है पर वायु में प्रविष्ट है। अतएव वेद में आता है "उदीरयन्त वायुभिः" "यामं यान्ति वायुभिः" ये मरुत् वायुओं के द्वारा अन्न को ऊपर पहुंचाते हैं, वायुओं के साथ गति करते हैं। इसी प्रकार मरुत् रश्मि नहीं है, पर रश्मियों में प्रविष्ट हैं। मन्त्र कहता है कि "सृजन्ति रश्मिमोजसा पन्थां सूर्याय यातवे" ऋ. ८।७।७ अर्थात् सूर्य के गमन के लिये मरुत् अपने ओज से रश्मिमय मार्ग बनाते हैं। मरुत् मनुष्यों से भी पृथक् हैं, मन्त्र कहता है। "प्र नू स मर्तः स शवसा जनां अति तस्थौ व ऊती यमावत" ऋ. १।६४।१३।

हे मरुतो ! अपने रक्षण साधन से तुम जिस मनुष्य की रक्षा करते हो वह बल में अन्य मनुष्यों को अतिक्रम कर जाता है। मरुतों की कृपा से

---

१ तमांसि सोम योध्या। तानि पुनान जंघनः ॥ ऋ. ९।७।७।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

बलशाली बन जाना इस तथ्य को स्पष्ट कर रहा है कि बलवान् पुरुष व शूरवीर योद्धा से मरुत् पृथक् हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि मरुत् सूक्ष्मप्राण की शक्तियां हैं जो कि अनेकों स्थूल आयतनों में ओतप्रोत हैं। इनका मरुत् नाम उस समय होता है जब ये निष्प्राणतत्त्व को ऊपर उठाते हैं। यथा—बीज के पृथिवी में जाते ही वह प्राण शक्ति कार्य करना शुरू करती है जिससे कि भूमि में से निष्प्राण तत्त्व अंकुररूप में ऊपर उठना प्रारम्भ होता है और एक विशालकाय वृक्ष के रूप में ऊपर खड़ा रह कर लहलहाता है। मरुतों में वह शक्ति है कि यदि बीज पर्वत के मध्य में भी गिर गया है तो उसे भी वे तोड़ देते हैं और पर्वत उन्हें रास्ता देते हैं (नि पर्वता अहासत नि यद्यामाय वो गिरिः, प्रवेपयन्ति पर्वतान्, पर्वतच्युतः) इस प्रकार सभी क्षेत्रों में मरुत् नामक सूक्ष्म प्राणशक्तियों के कार्य का स्वरूप देखा जा सकता है। जिस प्रकार सोम एक सूक्ष्म व व्यापक तत्त्व है, जिस पदार्थ में उसका अत्यधिक प्रकटीकरण होता है, वह भी सोम कहलाता है। इसी कारण चन्द्रमा, औषधी विशेष आदि सोम व सोमलता नाम से प्रसिद्ध है। इसी भांति मरुतों के सम्बन्ध में भी समझना चाहिये। मनुष्यों में मरुत् नामक योद्धाओं में इसका अत्यधिक प्रकाश होता है। इसलिये योद्धाओं को भी वेद में मरुत् नाम से कहा गया है। पृथिवी के अतिरिक्त अन्य सूक्ष्म लोकों में भी इस मरुत् शक्ति का सर्वातिशायी प्रकाश प्रकटीकरण हो सकता है जो मरुत् नाम को अधिक चरितार्थ करते हैं। इसका निर्णय सूक्ष्म-दृष्टि प्राप्त होने पर ही सम्भव है। वेद में आता है कि सूक्ष्म दृष्टि अर्थात् ऋषित्व प्राप्ति में मरुतों की सहायता होती है। एक मन्त्र है "ऋषिद्विषे मरुतः परिमन्यवे इषुं न सृजत द्विषम्।"

ऋ. १।३९।१०

हे मरुतो! प्राण वायुओ! ऋषि द्वेषी क्रोधपर तुम अपने बाण छोड़ो, जिस प्रकार मानव शत्रु पर बाण छोड़े जाते हैं।

क्रोध ऋषित्व का विघातक है। इस तथ्य को प्राचीन समय में ऋषि लोग भली भांति जानते थे। रामायण में आता है कि विश्वामित्र ऋषि ने क्रोध में भरकर रम्भा नामक अप्सरा को शाप दिया। इससे उसका तप भंग हो गया। वहां आता है—

कोपेन महातेजास्तपोऽपहरणे कृते।

बाल काण्ड सर्ग ६५।श्लोक १६।

न च क्रोधं करिष्यामि। १७ श्लोक

इसी प्रकार दशरथ की राजसभा में यज्ञ रक्षा के लिये राम और लक्ष्मण की याचना के अवसर पर उसने ये उद्धरण प्रकट किये हैं —

न च मे क्रोधमुत्स्रष्टुं बुद्धिर्भवति पार्थिव।

सर्ग १९।७

अतः ऋषित्व प्राप्ति में क्रोध एक विघातक तत्त्व है। गीता की दृष्टि में निर्मल व स्वच्छ ज्ञान के ऊपर राजसी आवरण है। इस लिये ऋषित्व के अभिलाषी पुरुषों को क्रोध का सदा परिहार करते रहना चाहिये।

इसी प्रकार मरुतों की महिमा के सम्बन्ध में एक और मन्त्र है।

न स जीयते मरुतो न हन्यते न स्रेधति न व्यथते न रिष्यति।
नास्य राय उपदस्यन्ति नोतय ऋषिं वा यं राजानं वा सुषूदथ॥ ऋ. ५।५४।७।

हे मरुतो! जिस ऋषि व राजा की तुम रक्षा करते हो, वह न जीता जाता है, न मारा जाता है, न क्षीण होता है न पीड़ित होता है, न हिंसित होता है, और न इसके ऐश्वर्य क्षीण होते हैं और न

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

रक्षाएं विनष्ट होती हैं। आगे आता है कि "यूषमृषिमवथ सामविप्रम्"

ऋ. ५।५४।१४।

हे मरुतो ! तुम सामों में मेधावी ऋषि की रक्षा करते हो। इस मन्त्र भाग से ज्ञात होता है कि सामगान में प्राणवायु की उत्कृष्टता का होना आवश्यक है।

इस प्रकार अति संक्षेप में हमने ऋषि और मरुत् के सम्बन्ध में विचार अभिव्यक्त किये।

उषा और ऋषि

उषा के साथ सब ऋषियों का घनिष्ठ सम्बन्ध है। प्रायः विद्वान् उषा से भौतिक उषा का ही ग्रहण करते हैं। परन्तु वेदों में उषा केवल भौतिक उषा ही नहीं है, वह आध्यात्मिक क्षेत्र की दिव्य उषा भी है। और कई स्थलों पर तो दिव्य उषा में ही उसकी सार्थकता होती है। स्वामी दयानन्द ने उषा से भौतिक उषा के अतिरिक्त उपमालंकार मानकर अन्य अर्थों की ओर भी संकेत किया है। श्री अरविन्द ने तो वेदों में दिव्य उषा व आन्तरिक उषा को ही प्रमुख माना है। मन्त्र में आता है कि ऋषि लोग उस उषा की स्तुति करते हैं (ऋषिष्टुता)। भौतिक उषा उस आन्तरिक उषा की उत्पत्ति में उसी अवस्था में सहायक हो सकती है जब कि उषा काल में स्तुति, ध्यान व जप आदि किया जाता है। अब हम मन्त्र दिखाते हैं—

वाजिनीवती सूर्यस्य योषा चित्रामघा राय ईशे वसूनाम्।

ऋषिष्टुता जरयन्ती मघोन्युषा उच्छति वह्निभिर्गृणाना। ऋ. ७।७५।५।

(वाजिनीवती) अत्यन्त वेग प्रदान करने वाली या अन्न प्रदान करने वाली (सूर्यस्य योषा) ज्ञानसूर्य से सम्पर्क कराने वाली (चित्रामघा) अद्भुत ऐश्वर्यवाली (वसूनां राय ईशे) वसुओं में विद्यमान ऐश्वर्य की स्वामिनी है। (ऋषिष्टुता) ऋषियों द्वारा स्तुति की गई तथा (वह्निभिः गृणाना) वहन करने वाल भक्तों से स्तुत व प्रकाशित वह (मघोनी उषा) ऐश्वर्यमयी दिव्य उषा (जरयन्ती) तम के आवरण को जलाती हुई (उच्छति) खिलती है।

उपर्युक्त मन्त्र से सम्बद्ध उषा सम्बन्धी सूक्तों तथा अन्य सूक्तों पर यदि विचार किया जाये तो हमें यह स्पष्ट पता चलेगा कि ये उषायें सामान्य भौतिक उषायें नहीं हैं। इन उषाओं का आविष्करण अर्थात् प्रकटीकरण ऋत से होता है (ऋतेनाविष्कृण्वाना)। अतः यह उषा मनुष्य के अन्दर होने वाली है, इसीलिये इसे 'मानुषि' नाम से सम्बोधित किया गया है। (देवि मर्तेषु मानुषि ऋ. ७।७५।२) इस उषा की (भानु) प्रकाश किरणें अमृत (अमृतासः) हैं कभी नष्ट नहीं होतीं। इस दिव्य उषा के सम्बन्ध में एक मन्त्र में आता है जिसमें यह कहा गया है कि उन पूर्व ऋषियों ने उषा रूपी गूढ़ज्योति को ढूंढ निकाला। वह मन्त्र इस प्रकार है :—

त इद्देवानां सधमाद आसन्नृतावानः कवयः पूर्व्यासः। गूढं ज्योतिः पितरो अन्वविन्दन्त्सत्यमन्त्रा अजनयन्नुषासम्॥ ऋ. ७।७६।४।

ऋत से युक्त वे पूर्व्य कवि निश्चय से देवों के साथ आनन्द लूटने वाले थे। उन पितरों ने उषा

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

रूपी वह गूढ़ ज्योति ढूंढ़ निकाली और सत्य मन्त्रों वाले उन्होंने इस दिव्य उषा को पैदा किया।

इस उपर्युक्त मन्त्र में यह स्पष्ट लिखा है कि ये उषायें पैदा की जाती हैं, और इन्हें पैदा करने वाले सत्यमन्त्रों वाले पूर्व्य कवि हैं। और इस गूढ व प्रच्छन्नज्योति को इन्होंने ढूंढ़ निकाला है। इस प्रकार के उद्गार सामान्य भौतिक उषा के लिये नहीं हो सकते। यह दिव्य आन्तरिक उषा ही है जो कि ज्ञानरूपी सूर्य के उदय होने की पूर्व आभा है। इसी प्रकार इस दिव्य उषा के सम्बन्ध में योगी श्रीअरविन्द ने अपने 'वेद रहस्य' में बहुत विस्तारसे लिखा है।

उषाओं के प्रकट होने पर मनुष्य में परिवर्तन

या गोमतीरुषसः सर्ववीरा व्युच्छन्ति दाशुषे मर्त्याय। वायोरिव सूनृतानामुदर्के ता अश्वदा अश्वनत् सोमसुत्वा ॥ ऋ. १।११३।१८।

(याः गोमतीः) जो दिव्य किरणों वाली (उषसः) उषाएं (सर्ववीराः) सब प्रकार के वीर भावों से युक्त होकर (दाशुषे मर्त्याय) दाश्वान् मनुष्य के लिये (व्युच्छन्ति) विकसित होती है अर्थात् खिलती हैं। (सूनृतानामुदर्के) उत्तम श्रेष्ठ वाणियों के उद् गम में (वायोः इव) प्राण वायु की तरह होती है। (अश्वदाः) व्यापक दृष्टि देने वाली (ताः) उन उषाओं को (सोमसुत्वा) सोम का सवन करने वाला व्यक्ति ही (अश्नवत्) प्राप्त करता है।

जिन मनुष्यों में ये दिव्य उषाएं खिलती हैं, एक परिवर्तन तो उनमें यह होता है कि वे वीर व साहसी बन जाते हैं। वे निर्भय व निडर हो जाते हैं। और फिर एक ही क्षेत्र में वे वीर नहीं बनते अपितु सभी क्षेत्रों में वे वीर बन जाते हैं। इसलिये इन उषाओं को 'सर्ववीराः' कहा गया है। और दूसरा परिवर्तन वाणी में होता है। मनुष्य में भद्र और अभद्र की दृष्टि से दो प्रकार की वाणियां होती हैं। भद्र वाणी को 'सूनृता' भी कहते हैं।

दूसरी अभद्रवाणी भी कई नामों से कही जाती है। सूनृता वाणी का अर्क उत्कृष्ट होता है, मनुष्य को उन्नत करने वाला होता है। परन्तु अभद्रवाणी का अधः पतन व विनाश करने वाला होता है। अर्क मानसिक अग्नि है, जो कि आंख, नाक, कान, मुंह आदि द्वारा बाहिर निकलती है। इस अर्करूपी अग्नि का उत्कृष्ट होना (उदर्क= उत्+अर्क) उन्नत होना दो साधनों से हो सकता है। एक प्राण वायु द्वारा और दूसरा दिव्य उषाओं द्वारा। जिस मनुष्य की प्राणवायु श्रेष्ठ है, बलवती है उसकी वाणी में भी तेज, व ओज होता है। इस प्रकार वाणी का अर्क उत्कृष्ट होता है। दूसरा वाणी के अर्क का उत्कृष्ट होना दिव्य उषाओं पर भी निर्भर है। जिन मनुष्यों में दिव्य उषा का प्रकाश फैल जाता है उनका आन्तरिक अन्धकार विनष्ट हो जाता है। उनकी वाणियां सूनृता अर्थात् श्रेष्ठ बन जाती हैं। और क्योंकि ये उषायें "अश्वदाः" व्यापक दृष्टि को देने वाली होती हैं। इसलिये वे सत्यासत्य का निर्णय आसानी से कर सकती हैं। ऐसी दिव्य उषाओं को प्रत्येक मनुष्य को अपने अन्दर जागृत करना चाहिये। परन्तु प्रश्न यह है कि कौन मनुष्य इन उषाओं को जागृत कर सकता है?

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मन्त्र कहता है कि "सोमसुत्वा दाश्वान्" अपने अन्दर सोम का सवन करने वाला तथा आत्म-समर्पण करने वाला पुरुष ही उन्हें जागृत कर सकता है।

एषा प्रतीची दुहिता दिवो नॄन् योषेव भद्रा निरिणीते अप्सः। व्यूर्ण्वती दाशुषे वार्याणि पुनर्ज्योतिर्युवतिः पूर्वथाकः ॥

ऋ. ५।८०।६।

(एषा) यह (प्रतीची) सामने आती हुई (दिवोदुहिता) देवलोक की दुहिता उषा (नॄन्) मनुष्यों के सामने (भद्रा योषेव) भद्र स्त्री के समान (अप्सः निरिणीते) गुह्य रूपों को प्रकाशित करती है। और (दाशुषे) दाश्वान् पुरुष के लिये (वार्याणि) वरणीय पदार्थों को (व्यूर्ण्वती) खोलती हुई (ज्योतिः) ज्योति रूप तथा (युवतिः) नवयौवन वाली उषा (पूर्वथा) पहले के समान मनुष्य में (पुनः अकः) नव ज्योति तथा नवयौवन पैदा कर देती है।

जिस प्रकार एक भद्र महिला अपने पति के सामने अपने रूप को दिखाती है उसी प्रकार यह दिव्य उषा भी दाश्वान् को अपना रूप दिखाती है। और फिर दाश्वान् के सामने उन वरणीय पदार्थों व दृश्यों पर पड़े हुए जो आवरण के पट हैं उन्हें खोलती हैं। और तीसरा काम इस उषा का यह है कि जिस मनुष्य में यह दिव्य उषा प्रादुर्भूत हो जाती है उसके अन्दर नई ज्योति व नवयौवन का पुनः सञ्चार हो जाता है। साधारण भौतिक उषा के अन्दर यह गुण विशेष रूपमें नहीं है कि वह मनुष्य को फिर युवा बना दे। परन्तु दिव्य उषा में नवयौवन प्रदान करने वाला गुण विशेष रूप में होता है।

उत् ते वयश्चिद् वसतेरपप्तन् नरश्च ये पितुभाजो व्युष्टौ। अमा सते वहसि भूरिवाम-भुषो देवि दाशुषे मर्त्याय ॥

ऋ. १।१२४।१२।

हे उषः देवि! (ते व्युष्टौ) तेरे खिलने पर (वयश्चित्) प्राणिक शक्तियां भी (वसतेः) अपने निवास स्थान से (उत् अपप्तन्) ऊपर को गति करती हैं। (च) और (ये पितुभाजः) जो अन्नार्थी (नरः) शरीर का नेतृत्व करने वाली इन्द्रियां हैं, ये भी ऊपर को निकल पड़ती हैं। (अमा सते) अपने हृदय रूपी घर में बैठे हुए (दाशुषे मर्त्याय) दाश्वान् मनुष्य के लिये हे उषो देवि! तू (भूरि वामं वहसि) बहुत से वाञ्छनीय ऐश्वर्य देती है।

इस मन्त्र में 'वयः' और 'नरः' शब्द विशेष विचारणीय हैं। आध्यात्मिक क्षेत्र में ये दोनों शरीर की ही कोई शक्तियां होनी चाहियें। ऐ. ब्रा. १।२८ में "प्राणो वै वयः" प्राण को वय कहा गया है। मनुष्य में जब दिव्य उषा का प्रादुर्भाव होता है तो मनुष्य में अनेकों शक्तियां प्रादुर्भूत होती हैं। ये शक्तियां शरीर में प्राण तत्त्व से सम्बन्ध रखने से 'वयः' नाम से कही जा सकती हैं। मन्त्र में कहा गया है कि ये शक्तियां पक्षी के समान हैं। जब तक मनुष्य अध्यात्म मार्ग में चलकर दिव्य उषा का प्रकाश नहीं प्राप्त कर लेता तब तक उसमें अन्धकार बना रहता है और ये शक्तियां मनुष्य में सुप्तावस्था में पड़ी रहती हैं, परन्तु ज्यों ही दिव्य उषा का प्रकाश फैलता है त्यों ही ये शक्तियां अपने २ स्थानों से उठ खड़ी होती हैं। इसी प्रकार 'नरः' ऐन्द्रियिक

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

शक्तियां हैं जो कि शरीर का नेतृत्व करती हैं। ये शक्तियां ब्राह्य जगत् में अन्न के लिये अपने २ विषयों में विचरती हैं। दिव्य उषा के खिलने पर इनके विचरण का क्षेत्र बहुत बढ़ जाता है। परन्तु दाश्वान् को उषा का यह ऐश्वर्य तब मिलता है जब कि वह अपने हृदय रूपी घर में विद्यमान होता है।

श्रवो वाजमिषमूर्जं वहन्तीर्नि दाशुष उषसो मर्त्याय। मघोनी वीरवत् पत्यमाना अवो धात विधते रत्नमद्य ॥ ऋग् ६।६५।३

हे (उषसः) दिव्य उषाओ (दाशुषे मर्त्याय) दाश्वान् मनुष्य के लिये तुम (श्रवः) कीर्ति (वाजम्) वेग (इषम्) अन्न तथा (ऊर्जम्) ऊर्ज को (वहन्तीः) वहन करती हुई (मघोनीः) ऐश्वर्य सम्पन्न तुम (वीरवत्) शूरवीर के समान (अवः पत्यमानाः) नीचे की ओर को आती हुई (अद्य) आज (विधते) परिचर्या करने वाले को (रत्नं धात) रत्न धारण कराओ।

जिस मनुष्य में दिव्य उषा का उदय हो जाता है। उसके अन्दर निम्न विशेषतायें पैदा हो जाती हैं। एक तो उसकी बात सब सुनना चाहते हैं (श्रवः) और जो वह कहता है उसकी चर्चा सब जगह फैल जाती है। दूसरे उसके अन्दर वेग (वाज) पैदा हो जाता है। शरीर मन, बुद्धि आदि सभी अवयवों में स्फूर्ति का सञ्चार हो जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि वह मनुष्य आधिभौतिक व आध्यात्मिक सभी प्रकार के अन्न प्राप्त करता है। और इस अन्न के सेवन से उसमें 'ऊर्ज' बल व प्राण-शक्ति का उद्गम होता है। ये चारों विशेषताएं दाश्वान् पुरुष को मिलती हैं। यह उषा दाश्वान् के पास इस अनन्त ऐश्वर्य को लेकर ऊपर से नीचे की ओर को आती हैं। अर्थात् भक्त के अन्दर आ उतरती हैं।

इदा हि वो विधते रत्नमस्तीदा वीराय दाशुष उषासः। इदा विप्राय जरते यदुक्था निष्कमावते वहथा पुराचित्। ऋ. ६।६५।४।

हे उषाओ! (इदा) अब (हि) निश्चय से (वः विधते) तुम्हारी परिचर्या करने वाले के लिये (रत्नमस्ति) ऐश्वर्य है। और (इदा) अब (वीराय दाशुषे) वीर दाश्वान् के लिये तुम स्वयं विद्यमान हो। (इदा) अब (मावते) मुझ अहंकार का त्याग करने वाले तथा (जरते विप्राय) स्तुति करने वाले विप्र के लिये (यत् उक्था) जो उत्थान के साधन हैं वे (पुरा चित्) पहले भी तुम (वहथः) प्राप्त कराते रहे हो।

इस मन्त्र में दाश्वान् के ही भिन्न २ रूप बताये हैं। कभी वह निरन्तर उषाओं का सेवन करता है कभी विप्र नाम से कहा जाता है कभी स्तोता बनता है और कभी अहंकार का त्याग करने वाला होता है। ये सब दाश्वान् की ही भिन्न २ अवस्थायें हैं। परन्तु यहां यह बात ध्यान देने की है कि दाश्वान् को यहां पर वीर कहा गया है। शुरू २ में मनुष्य से समर्पण बहुत ही थोड़ा हो पाता है। शनैः २ वह समर्पण में वृद्धि करता जाता है। परन्तु जब वह पूर्ण समर्पण करने में समर्थ हो जाता है तब उसे वीर दाश्वान् कह सकते हैं।

इस प्रकार मनुष्य में उषाओं के प्रकटीकरण पर क्या २ परिवर्तन होते हैं उनका कुछ संक्षिप्त दिग्दर्शन हमने निम्न मन्त्रों द्वारा दर्शाया है। परन्तु यह आन्तरिक दिव्य उषा सदा नहीं रहती इसका लोप भी हो जाता है तब उसकी क्या अवस्था होती है यह निम्न मन्त्र में दर्शाया गया है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

उषा का लोप

यत्त्वा पृच्छादीजानः कुहया कुहया कृते ।
एषो अपश्रितो वलो गोमतीभवतिष्ठति ।।
ऋ. ८।२४।३० ।

हे दिव्य उषा ! (यत्) जब (कुहया कुहयाकृते) कहां चली गई ? कहां चली गई ? ऐसी अवस्था तेरे द्वारा बना दिये जाने पर वह (ईजानः) आध्यात्मिक यज्ञ करने वाला व्यक्ति (त्वा पृच्छात्) तुझ से प्रार्थना कर रहा है कि (एषः) यह (अपश्रितः वलः) आश्रय से भगाया हुआ वलासुर फिर (गोमतीं अवतिष्ठति) इन्द्रियों व दिव्य किरणों के प्रवाह में आ बैठा है ।

आध्यात्मिक क्षेत्र में मनुष्य की क्या २ अवस्थायें हो सकती हैं ? उनमें से एक अवस्था का यहां चित्र खींचा गया है । प्रभु के भक्त को जब दिव्य उषा का दर्शन हो जाता है, आध्यात्मिक ज्योति की कुछ हलकी सी झलक दिखाई दे जाती है, तब वह वलासुर जिसने गौवों अर्थात् दिव्य किरणों को घेरा हुआ था छिन्न-भिन्न हो जाता है । परन्तु उन्नति की ओर पग बढ़ाने वाले मनुष्य की सदा यही अवस्था नहीं बनी रहती, जब तक वह उन्नति की किसी विशेष सीमा तक नहीं पहुंच जाता, तब तक उसके उत्थान व पतन दोनों ही होते रहते हैं । जो मनुष्य उन्नति की उस सीमा तक अभी नहीं पहुंच पाया है, जहां से कि उसका पतन न हो— उन्नति और पतन जिसके दोनों होते रहते हैं—— ऐसे मनुष्य का यहां चित्र खींचा गया है । आध्यात्मिक ज्योति की कुछ हलकी सी किरण दिखाई दी, पाप-वासना रूपी बल कुछ क्षीण हुआ, परन्तु कालान्तर में जब मनुष्य उस सीमा पर न ठहर सका, कुछ नीचे हुआ तो वलासुर ने उसे फिर आक्रान्त कर लिया । दिव्य किरणें उसने फिर आ घेरीं । इस अवस्था में मनुष्य दिव्य-उषा से प्रार्थना कर रहा है कि हे दिव्य उषा ! तुम कहां चली गई ? तुम कहां चली गई ? यह वलासुर तो फिर दिव्य किरणों की धार (गोमती) में आ बैठा है ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मेष-वाहन (मेध्यातिथि)

ओ३म् इत्था धीवन्तमद्रिवः काण्वं मेध्यातिथिम्
मेषोभूतोऽभियन्नयः । ऋ. ८।२।४० ।

(अद्रिवः) हे वज्रिन् इन्द्र ! (काण्वं मेध्यातिथिं) कण्व के पुत्र मेध्यातिथि को (मेषः भूतः) उसका मेष (मेढा) रूप वाहन बनकर (अभियन्) शत्रुओं से लड़ता हुआ तू (अयः) उसे स्वर्ग (पदार्थ के रहस्य तक) में ले गया ।

उपर्युक्त मन्त्र में इन्द्र को मेध्यातिथि का वाहन बताया गया है अर्थात् मेध्यातिथि इन्द्र पर सवार होता है । इन्द्र मेष (मेंढा) का रूप धारण करता है । इन्द्र दिव्य मन है और मेध्यातिथि अध्यात्म क्षेत्र में या प्रकृति के क्षेत्र में नये २ अन्वेषण करने वाली मेधाबुद्धि है । यह मेध्यातिथि बुद्धि दिव्य मन पर आरूढ़ हो पदार्थ के रहस्य का पता लगाने का प्रयत्न करती है । पदार्थ के रहस्यों को छिपाने वाले उसके कई प्रकार के आवरण उसके शत्रु हैं उन शत्रुओं से यह इन्द्र मेष (मिष स्पर्द्धायाम्) मेंढा बनकर लड़ता है । जब वह इन्द्र विजयी हो जाता है तब मेध्यातिथि को पदार्थ का अन्तिम रहस्य (स्वर्ग) जहां है वहां पहुंचा देता है । अर्थात् बुद्धि को अभीष्ट रहस्य का पता चल जाता है । जो व्यक्ति किसी भी प्रकार की विपत्तियों की परवाह न करके रातदिन ध्येय विषय के चिन्तन आदि में लगा रहता है और धीर बना रहता है तो अन्त में कभी न कभी रहस्य का स्पष्टीकरण अवश्य हो जाता है । अतः दिव्यमन (इन्द्र) को मेष (मेढा) बनाने की आवश्यकता है । कहा भी है मन के हारे हार है मन के जीते जीत —

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।

गरुड़ और बालखिल्य ऋषि

गुरुकुल कांगड़ी से प्रकाशित "आत्म-समर्पण" नामक पुस्तक में सोम पर लिखते हुये "सोमाहरण" प्रकरण में हम विस्तार से यह दर्शा चुके हैं कि द्युलोक से सोम लाने वाला सुपर्ण व श्येन क्या है ? और किस प्रकार वह द्युलोक से सोम लाता है ? श्येन द्वारा यह सोमाहरण प्रक्रिया वेद के आधार पर ब्राह्मण ग्रन्थों में विस्तार से दर्शायी गई है । यही सोमाहरण की प्रक्रिया महाभारत में भी कुछ और अधिक विस्तार से तथा अन्य रूप में आती है । महाभारत के आदिपर्वान्तर्गत आस्तीक पर्व के २० वें अध्याय से विनता और कद्रू का आख्यान प्रारम्भ होता है । अन्य शास्त्रों के कथानकों के सदृश यह कथानक भी शरीरान्तर्गत शक्तियों के रहस्यों को आलंकारिक रूप में वर्णन कर रहा है । सम्पूर्ण कथानक तथा तदन्तर्गत समग्र रहस्यों को तो हम यहां स्पष्ट नहीं करेंगे केवल यह दर्शाने का प्रयत्न करेंगे कि गरुड़ तथा ऋषि बालखिल्य क्या हैं ? यह सम्पूर्ण कथानक का एक अंशमात्र है । कथानक का तत्सम्बन्धी सार इस प्रकार है—

कश्यप की विनता और कद्रू ये दो पत्नियां थीं । इन दोनों में उच्चैःश्रवा अश्व की पूंछ को लेकर यह विवाद उठ खड़ा हुआ कि इस अश्व की पूंछ काली है

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

या श्वेत । और शर्त यह ठहरी कि हारने वाली दूसरी की दासी बने । अश्व की पूंछ श्वेत थी, विनता ने वही बताया । कद्रू ने दासी भाव के भय से अपने पुत्र सांपों को आदेश दिया कि तुम जाकर अश्व की पूंछ में लिपट जाओ । इस प्रकार अश्व की पूंछ काली दिखाई देने लगी । इस छल छद्म से विनता हार गई और उसे दासी भाव स्वीकार करना पड़ा । विनता कद्रू को तथा गरुड़ सांपों को वहन करके उनके अभीष्ट स्थानों को ले जाने लगे । कुछ काल पश्चात् दासीभाव से खिन्न हो गरुड़ ने इससे छुटकारे का उपाय पूछा । सांपों ने यह शर्त रक्खी कि द्युलोक से सोम लाकर दो तभी इस दासीभाव से मुक्ति होगी । यह शर्त स्वीकार कर वह विनता पुत्र गरुड़ स्वर्ग से सोम लाने के लिये उड़ान भरता है । जिस समय गरुड़ अपनी माता विनता से विदा लेकर उड़ान भरने की तैय्यारी करता है तो विनता उसके पाथेय रूप में ब्राह्मण के अतिरिक्त अन्य सब को भक्ष्य रूप में बताती है अर्थात् ब्राह्मण तेरा भक्ष्य नहीं है । उड़ान के समय दो विशालकाय गज और कच्छप परस्पर एक दूसरे से लड़ते हुये मिलते हैं उन दोनों को पंजों से पकड़ खाने के लिये कहां बैठें यह सोच ही रहा था कि रोहिण वृक्ष (पलाश व वट) दृष्टिगोचर हुआ ज्यों ही उस वृक्ष की शाखा पर बैठता है त्यों ही वह शाखा टूट जाती है । उस शाखा के नीचे लटकते हुये बालखिल्य ऋषि तपस्या कर रहे हैं उनके विनाश के भय से वह उस शाखा को मुंह से पकड़ कर उड़ता हुआ अपने पिता कश्यप के पास पहुंचता है और बालखिल्य ऋषियों के विनाश की समस्या सामने प्रस्तुत करता है । कश्यप बालखिल्यों से प्रार्थना करता है कि यह गरुड़ देवकार्य के लिये प्रस्थान कर रहा है आपकी इस पर कृपा दृष्टि हो । बालखिल्य कश्यप की प्रार्थना पर उस शाखा को त्याग कर हिमालय पर तप करने चले जाते हैं । कथानक का यह एक अंश है बीच में कई बातें और भी हैं जो कि हमने छोड़ दी हैं । यह सम्पूर्ण कथानक अध्यात्मशक्तियों का आसुरी शक्तियों से संघर्ष का एक रूपक है । यह सोमाहरण का कथानक अन्य शास्त्रों में भी आता है मैत्रायणी आदि संहिताओं तथा शतपथ ब्राह्मण में विनता के स्थान पर सुपर्णी नाम आता है । महाभारत में कद्रू के पुत्र सांप बताये हैं और विनता का गरुड़ व सुपर्ण । अब हम इस कथानक का संक्षेप में अध्यात्म क्षेत्र में स्पष्टीकरण करते हैं ।

कद्रू शरीर का अधोभाग है या अधोभाग से सम्बद्ध है जिसमें कि मल, वासनायें (कत्द्रू–द्रवति) आदि दौड़ लगाती रहती है । कद्रू भाग की यह इच्छा रहती है कि किसी तरह से ये भोगवासनायें रूपी सांप अमृत पान कर अमर बन जायें । ये सब बातें हमने विस्तार से "आत्म-समर्पण" नामक पुस्तक में दर्शा दी हैं । सुपर्णी को महाभारत में विनता कहा गया है । यह सुपर्णी अर्थात् विनता वाक् है "वागेव सुपर्णीयं कद्रूः" श.प. ३।६।२।२ अर्थात् ऊंची उड़ान भरने वाली तथा विनम्र वाक् विनता है । इस विनता वाक् में विद्यमान अग्नि सुपर्ण व गरुड़ है जो कि विनता का पुत्र है। इसे गायत्री कहा गया है जो कि श्येन का रूप धारण कर द्युलोक की ओर उड़ान भरती है । 'अग्ने सहस्राक्ष, सुपर्णोऽसि गरुत्मान्,' मै.सं. ३।३।९ यह सहस्राक्ष अग्नि याज्ञिक परिभाषा में यागनिर्वाहक चित्याग्नि है जिसे कि पक्षी का आकार दिया गया है इस अग्नि का स्थान ग्रीवा में है। यह अग्नि जब स्वर्ग की ओर उड़ान भरती है तब उसका स्वरूप कैसा होता है यह निम्न मन्त्र में दर्शाया गया है । मन्त्र इस प्रकार है—

नाके सुपर्णमुप यत् पतन्तं हृदा वेनन्तो अभ्यचक्षत त्वा । हिरण्यपक्षं वरुणस्य दूतं यमस्य योनौ शकुनं

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

भुरण्युम् । ऋ. १०।१२३।६ ।

हिरण्यमय पंखों वाले, वरुण के दूत, ऊंची उड़ान भरने में समर्थ भरणपोषण कर्ता तथा यम की योनि (ग्रीवा) में विद्यमान नाक (स्वर्ग) की ओर उड़ान भरते हुए तुझ सुपर्ण को हृदय से तेरी कामना करने वाले योगिजनों ने देखा ।

वेनन्ता-- वेनतेः कान्तिकर्मणः-वेन धातु ज्योतिर्मय दिव्य कामना के लिये आती है ।

शकुनम् – शक्नोत्युन्नेतुमात्मानम्० निरुक्त– जो किसी ऊंची उड़ान में समर्थ है, ऊंचा नाद वाला है, हीन पतित शब्दों वाला नहीं है ।

भुरण्युम्-- भुरण्युमिति भर्तेत्येतत् । श.प.८। ६।३।२० ।

यमस्य योनौ--यम की योनि ग्रीवा है । कहा भी है । "अग्निर्ललाटं यमः कृकाटम्" अथर्व. ९।७।१ अर्थात् अग्नि ललाट है और यम कृकाट है । कृकाट गर्दन के पिछले हिस्से को कहते हैं । यह सुपर्ण अग्नि यहीं से उत्पन्न व नियन्त्रित होती है ।

रोहिण (वट) वृक्ष--रोहिण वृक्ष मानव का शरीर है । महाभारत में आता है कि यह गरुड़ अर्थात् वाक्रूप सुपर्ण गज और कच्छप को खाने के लिये जिस शाखा पर बैठता है वह शाखा टूट जाती है । वह स्थान ग्रीवा में अन्न प्रणाली और श्वासप्रणाली का मिलन स्थल है । इस वागग्नि द्वारा सामान्य भौतिक अन्न के भक्षण के समय स्वरयन्त्रावरण (Epiglottis) से यह श्वास नलिका ढक जाती है जिससे क्षणभर के लिये उसका शरीर से सम्बन्ध टूट जाता है । परन्तु योगसाधनों में जब श्वास प्रश्वास बिल्कुल अवरुद्ध हो जाते हैं तब एक प्रकार से चिरकाल तक उसका शरीर से सम्बन्ध टूट जाता है । इस प्रकार फेफड़ों से लेकर ऊपर सारा ट्रेकिया टूटा होता है । यही ट्रेकिया सहित फेफड़ा इस शरीर रूपी वृक्ष की शाखा है ।

बालखिल्य

इस शाखा के नीचे बालखिल्य ऋषि लटके हुये तप कर रहे हैं । बालखिल्य प्राण हैं कहा भी है– "प्राणा वै बालखिल्याः" श.प. ८।३।४।१ ये लघुशरीरवाले माने गये हैं । महाभारत में आता है कि कश्यप द्वारा यज्ञ रचे जाने पर समिधा लाने के लिये इन्द्र, बालखिल्य तथा अन्य देवों को नियुक्त किया गया । ये बालखिल्य निराहार होने के कारण मन्द बल वाले हो रहे थे और थे भी छोटे २ शरीर वाले । वहां आता है 'क्लिश्यमानान् मन्दबलान् गोष्पदे संप्लुतोदके" अर्थात् इध्म ले जाते हुए वे जल से परिपूर्ण गोष्पद में डुबकी लगाने लगे । समिधा भी छोटी सी थी । सब मिलकर उसे ही उठा रहे थे । इन्द्र ने इस पर उनकी मजाक उड़ायी – इत्यादि वर्णन वहां आता है । यह सब वर्णन फेफड़ों में ओलवियोलाई का है । इन्हें वायुकोष (Air Cells) भी कहते हैं । इनका उपनलिकाओं से सम्बन्ध होता है ये उपनलिकाएं ही इध्म व समिधाएं हैं । यह प्राण वायु इन (Cells) में डुबकी लगा रही है । इन वायुकोषों के बीच में अत्यन्त सूक्ष्म झिल्ली की दीवार होती है । इसी को शास्त्रों में 'वालमात्रा-दसम्भिन्नाः" अर्थात् बाल=वार=दीवार मात्रा से पृथक् हैं । इस प्रकार अति संक्षेप में गरुड़ और वालखिल्यों को शरीर में स्वरूपनिर्देश किया । चित्र में वह इस प्रकार प्रदर्शित किया जा सकता है ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गरुड़



१. वाक्–अग्नि=सुपर्ण (गरुड़) ।
२. शाखा–ट्रेकिया तथा उपनलिकायें आदि
३. वालखिल्य=आलवियोलाई (Air Cells)।

स्पृष्टमात्रा तु पद्भ्यां सा गरुडेन बलीयसा ।
अभज्यत तरोः शाखा भग्नां चैनामधारयत् ।।

ऋषयो ह्यत्र लम्बन्ते न हन्यामिति तानृषीन् ।
तपोरतान् लम्बमानान् ब्रह्मर्षीनभिवीक्ष्य सः ।।

तद् विनाशसंत्रासादभिपत्य खगाधिपः ।
शाखामास्येन जग्राह तेषामेवान्ववेक्षया ।।

———ooo———

पुण्यलोक (मासिक)

यह मासिक पत्रिका वैदिक संस्थान बालावाली 'ज़िला बिजनौर' उत्तर प्रदेश से प्रतिमास प्रकाशित होती है । यदि आपने वेदादि शास्त्रों तथा भारतीय संस्कृति का विनाश करने वाली, नवयुवकों को गुमराह करने वाली तथा भोगवाद का प्रचार करने वाली 'सरिता' जैसी निकृष्ट कोटि की पत्रिका का समुचित उत्तर पढ़ना हो तो आप 'पुण्यलोक' पत्रिका को अवश्य मंगाकर पढ़ें । इसके सम्पादक वीतराग सन्यासी श्री वेदमुनि जी परिव्राजक है ।

वार्षिकशुल्क––देश में––५.००
विदेश में––८.००

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वैदिक भाषा का विकास

(डा. सुधीर कुमार गुप्त, रीडर संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर – ४)

(यह लेख लेखक के विरचयमाण नूतन ग्रन्थ "वैदिक भाषा के नैरुक्त अध्ययन की उत्पत्ति और विकास" का दूसरा अध्याय है। इससे पहले इस ग्रन्थ के तीसरे और सातवें अध्याय गुरुकुल पत्रिका १८।१।१९६५ और १९।१।१९६६ में, एक वेद-वाणी १७।१–४ में और दो विश्वम्भरा ३।२ और ४।१–२ में प्रकाशित हो चुके हैं।)

भाषा के एकाक्षरा से बह्वक्षरा में परिणति के कारण

१. एकाक्षरा भाषा भावप्रकाशन में पूर्णतया सफल नहीं होती है। वह पंगु रहती है। अतः अपने भावों को स्पष्टतया और ठीक-ठीक व्यक्त करने के लिये वक्ता को स्वर, स्थान, अन्य पदों का साहचर्य और इंगित आदि का प्रयोग करने की और अक्षरों के अर्थों सीमित-रूढ करने की आवश्यकताओं ने ही एकाक्षरा वाणी को बह्वक्षरा में विकसित होने के लिये उन्मुख किया होगा, क्योंकि उस काल में अक्षरों के अर्थ में भारी लचीलापन रहा होगा, और वक्ता विभिन्न उपायों के अवलम्ब से भी संक्षेप में और स्पष्टता से ठीक-ठीक अभिव्यक्ति को कठिन पाता होगा। भाषा को बोलने वाली समाज के भौतिक और मानसिक विकास से भी इस परिणतिक्रिया को विशेष प्रगति मिली होगी। अधिकाधिक सूक्ष्म और जटिल भावों और कर्मों के प्रकाशन और गूढ़ निर्वचनों की आवश्यकता ने इस विकास को प्रभावित किया होगा। आध्यात्मिक विमर्शों, जटिल यज्ञक्रियाओं और विधियों ने इसको त्वरित किया होगा। मानव में सरलीकरण की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। एकाक्षरा भाषा बहुत जटिल और व्यवहार में कठिन रहनी स्वाभाविक थी। इन कठिनताओं को दूर करने की आवश्यकता का अनुभव किया गया होगा। अतः सरलीकरण के लिये प्रयासों ने ही एकाक्षरा को बह्वक्षरा बनाया होगा।

२. दीर्घतमा औचथ्य के वैश्वदेव जागत दर्शन के अनुसार विश्वनिर्मात्री गौरी नामक वाक् संसार के सृजक जलों के निर्माण-विकास में एकपदी, द्विपदी और चतुष्पदी बनती है। हजारों अर्थों की बोधक (–सहस्राक्षरा)[1] वह अष्टापदी और नवपदी होने की प्रवृत्ति रखती है (–बभूवुषी।)।[2] पदों की नौ तक की संख्या इयत्तावधारक नहीं है। एक से नौ के अन्तर्गत सब संख्यायें बन जाती हैं। अतः यहां अक्षरसंख्या उपलक्षण प्रतीत होती है। जब वाक्य एक समस्त पदवत् प्रयुक्त हो तब उस के अक्षरों की संख्या और भी अधिक हो सकती है।

३. इस प्रवृत्ति के फलस्वरूप मनुष्य ने अपने-अपने स्वभाव और आवश्यकता के अनुरूप समान भाव के द्योतक अन्य वर्णों और अक्षरों को जोड़ कर भावों को स्पष्ट करना चालू किया होगा। इस मिथुनप्रक्रिया से पदों के अर्थों के बाहुल्य का व्यावर्तन हो कर अर्थ सीमित हो जाता था। यथा बह्वर्थक "इनः" को "इन इनः" पढ़ कर ईश्वर अर्थ

---

१ देखो ऋ० १।१६४।४१ का आत्मानन्द का व्याख्यान, ऋदी० १।३३५, पाटि० ६।

२ ऋ० १।१६४।४१। इस पर वेमा भा० भी देखें।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में सीमित कर दिया गया ।३ पूर्व प्रतिपादित बह्वर्थक ए और क प्रकृतियों को मिला कर एकः बनाया गया और अर्थ "एक" की संख्या में सीमित हो गया। इसी प्रकार ग् और ना से निष्पन्न ग्ना स्त्रीवाचक बना ।४

४. जैसा ऊपर कहा जा चुका है, अथर्ववेद में साम-पद की उत्पत्ति "सा" और "अम" के मिथुन से बताई गई है ।५ ये सा और अम "मैं-तुम", "ऋक्साम" और "द्यावापृथिवी" आदि जोड़ों के द्योतक हैं ।६ दोनों अक्षर मिलकर एक संसृष्ट समग्र अर्थ के द्योतक बन जाते हैं। स्वयं भी एक हो जाते हैं, और अपने अर्थों को भी एक सूत्र में बांध देते हैं।

५. अथर्ववेद के उपर्युक्त मन्त्र में पति-पत्नी की सा और अम, ऋक् और साम, तथा द्युलोक और पृथिवी लोक के समान मिलने, विकसित होने और अपना सन्तानोत्पत्ति रूप विस्तार करने की प्रतिज्ञा है। यह प्रतिज्ञा वाणी के क्षेत्र में यह द्योतित करती है कि सा–अम के समान, ऋक्–सामन् के समान, और द्यावा-पृथिवी के समान विभिन्न अक्षर मिलकर एकपद बनते हैं, उन से आगे पुनः विकास होता है और नए शब्द बनते हैं। साथ ही साम आदि पदों के समान उन नव निर्मित शब्दों के अक्षरों के अर्थों की मिथुनप्रक्रिया से अनेकविध अर्थ बनते हैं। यह मिथुन कर्म जानबूझकर अथवा अनजाने योग (कम्बीनेशन) और व्यतिहार (परम्यूटेशन) के रूप में कार्य करता है और एक-एक मूल एकाक्षर पद और उसके अर्थ असंख्य पदों और अर्थों में पर्यवसित हो जाता है।

६. उदाहरण के लिये 'ओम्' उद्गीथ में (१) ऋक् और प्राण, (२) ऋक् और साम के मिथुनों की संसृष्टि है। ये दोनों मिलकर एक दूसरे के काम (–अर्थ) को बढ़ाते हैं–प्राप्त करते हैं ।७ सब अक्षरों के अर्थ 'ओम्' के व्याख्यान हैं। इस 'ओम्' अक्षर की अपचिति के लिये महिमा और रस के कारण ही यह त्रयी विद्या है। 'ओम्' का ही आश्रवण, शंसन और उद्गायन होता है। अनेक प्रकार की विद्या, श्रद्धा और उपनिषद–जो कुछ किया जाता है, वह सब 'ओम्'–इस अक्षर का ही उपव्याख्यान है८।

७. इसी मिथुनप्रक्रिया से अष्टाक्षरा गायत्री अग्नि के साथ मिलकर स्वाहाकार रूप नवम अक्षर को उत्पन्न करती है, तथा नौ प्राणों और नौ दिशाओं की द्योतक हो जाती है। इसी प्रकार यह नवां अक्षर आहुति रूप दशम अक्षर को उत्पन्न करता है। इस प्रकार यह दशाक्षरा विराट् छन्द बनती है और दश दिशाओं और प्राणों की वाचक हो जाती है ।९

---

३ देखो अध्याय १, निघं० २।२२।४।

४ ऐसे बहुत से उदाहरण यास्कीय निर्वचन, वेवा० १७।१-४ से संकलित किए जा सकते हैं।

५ अवे० १४।२।७१।

६ वै भाप० ८।३३।

७ छाउ० १।१।५-६। १।१।२ में उद्गीथ को नासिक्य प्राण बताया गया है।

८ वही, १।१।९-१०।

९ श० ६।३।१।२१। इस वर्णन से छन्दों के विकास और उनके सृष्टि के अंगों से सम्बन्ध और उन के द्योतनसामर्थ्य का ज्ञान भी होता है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

८. अक्षरों के अर्थों की योजना में मिथुन-प्रक्रिया का परिणाम यह हुआ कि गायत्री मन्त्र के प्रत्येक अक्षर में १००८ यज्ञों को विद्यमान माना गया ।१० उस के प्रत्येक पाद को एक-एक वेद का द्योतक माना गया । पहला पाद ऋग्वेद का, दूसरा सामवेद का और तीसरा यजुर्वेद का वाचक बताया गया । गायत्री का एक चतुर्थ सूक्ष्म अव्यक्त अर्थ का प्रतिपादक पाद भी है । वह अथर्ववेद का वाचक हुआ ।११

मिथुन प्रक्रिया के आधारभूत कतिपय नियम

९. पीछे के भारतीय लेखकों ने इस मिथुन प्रक्रिया को 'समास' कहा है और उस का पर्याप्त विवेचन किया है । इस पद का अर्थ संक्षेप है । 'यह लम्बे पद-समूहों को संक्षिप्त वा छोटा करने का साधन है । समास में केवल शब्द ही एक दूसरे से संगत नहीं होते हैं, प्रत्युत उन के अर्थ भी परस्पर में इस प्रकार सम्बद्ध हो जाते हैं कि वे एक निश्चित भाव के द्योतक बन जाते हैं । एक पद का उसका अपना पृथक् अर्थ उस समय तक रहता है, जब तक वह दूसरे पद के साथ मेल को प्राप्त नहीं होता है । ज्यूं ही वह किसी दूसरे पद से संगत होता है, इस का अपना स्वतन्त्र अस्तित्व और अर्थ दोनों ही समाप्त हो जाते हैं । व्यवहार से प्रत्यक्ष है कि यद्यपि समास में दो या अधिक शब्दों का मेल होता है, तथापि वह सामान्यतः मन में केवल एक ही भाव को प्रकट करता है ।१२ सामान्यरूप से समास का प्रमुख आधार यह है कि समास के अंगभूत पदों में युक्त संयोग के लिये पारस्परिक सामर्थ्य हो ।१३

११ वही, पृ० २७। वरिवस्या-रहस्य भी देखें ।

१२ पी० सी० चक्रवर्त्ती, दी लिंग्विस्टिक स्पैक्युलेशन ऑफ दी हिन्दूज़, कलकत्ता, १९३३, पृ० ४४३ ।

१३ वही, पृ० ४४३–४४४ ।

१०. पाणिनि ने इस आधारभूत अनिवार्य स्थिति का कथन अपने सूत्र 'समर्थः पदविधिः' में किया है । इस का यह अर्थ है कि समास में केवल वे ही पद संगत हो सकते हैं, जो परस्पर में सापेक्ष (एक्स्पैक्टेंट) हों और उन के अर्थ एक दूसरे के अनुकल (=योग्य–कम्पैटिबल) हों । दो या अधिक नाम अपने अर्थों के युक्त बन्धन में उस समय बंधते हैं (–नाम्नां युक्तार्थः) जब उन में विशेष्य-विशेषण भाव सम्बन्ध हो––

'विशेष्यस्य विशेषेण मिलितं युक्तमुच्यते ।
समासाख्यं तदेव स्यात्तद्धितोत्पत्तिरेव च ।'
(दुर्ग) ।१४

११. पतञ्जलि की व्याख्या के अनुसार इस सामर्थ्य या युक्तार्थ में पारस्परिक ऐक्य (–व्यपेक्षा) और अर्थैक्य (–एकार्थीभाव) अनिवार्य हैं । पदों के इस सामर्थ्य के ये रूप होते हैं—

१. उन के अर्थ अनुकूल या मिले हुए हो सकते हैं । (संगतार्थ) ।
२. उन के अर्थ जुड़े हुए हो सकते हैं । (संसृष्टार्थ) ।
३. उन के अर्थ स्पष्ट हो सकते हैं । (संप्रेक्षितार्थ) ।
४. उन के अर्थ सम्बद्ध हो सकते हैं । (सम्बद्धार्थ) ।

इन में से पहले दो रूप अर्थैक्य (–एकार्थीभाव) से सम्बन्धित हैं और पिछले दो पारस्परिक ऐक्य (–व्यपेक्षा) के हैं ।१५

१२. परिणामतः दो पद आपस में उसी समय मिथुनी या समस्त होते हैं जब उन में पारस्प-

१४ फिसंग्राच०, पृ० २८२ ।

१५ वही, पृ० २८२–२८३ ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

रिक सम्बन्ध या अर्थ की अनुकूलता हो। अतः जो पद एक दूसरे से व्याकरण की दृष्टि से सम्बन्ध नहीं हैं प्रत्युत ऐसे पदों से सम्बद्ध हैं जो समास के अंग नहीं हैं वे समास भाव को प्राप्त नहीं हो सकते हैं। पारस्परिक उचित सम्बन्ध का यह अभाव सापेक्षत्व कहलाता है।१६

१३. इस के कुछ अपवाद भी हैं। जब कोई मुख्य पद किसी अन्य पद से (विशेषण के रूप में) सम्बद्ध हो तो इन दोनों पदों के मिथुन-भाव पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होता है—

"भवति च प्रधानस्य सापेक्षस्यापि समासः"१७

१४. ऐसे बहुत से उदाहरण हो सकते हैं जहां यह व्याख्या लागू न हो, परन्तु वहां दो पदों में समास लोक में प्रचलन द्वारा स्वीकार कर लिया गया है—

'सापेक्षत्वेऽपि गमकत्वात् समासः।'१८

१५. इस प्रकार सम्पन्न समास को विशेष अर्थ प्राप्त हो जाता है और यह समास वृत्ति कहलाता है। वृत्ति दो प्रकार की होती है—जहत्स्वार्था और अजहत्स्वार्था। प्रथम वृत्ति के अन्तर्गत समस्त हुए पद अपने व्यक्तिगत अर्थों को त्याग देते हैं और समस्त रूप एक नए अर्थ को ग्रहण कर लेता है। यह नया अर्थ शक्ति या लक्षण से प्राप्त होता है। शक्ति एकार्थीभाव को सम्पन्न करने में व्यापृत्त होती है और लक्षणा व्यपेक्षा में कार्य करती है।१९ तथापि, पद केवल उस अर्थ का ही त्याग करते हैं जो इस विशिष्ट अर्थ के विरुद्ध होते हैं (परार्थ-विरोधी)२०। उदाहरण के लिए, 'अग्नि' पद को लीजिए। इस में दो भाग हैं—'अ' और 'ग्नि।' 'अ' के बहुत से अर्थ हैं। इसी प्रकार 'ग्नि' भी बहुत से अर्थों में प्रयुक्त हुआ प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में अग्निवाचक 'अ' 'ग्नि' के साथ समस्त हुआ। इस कर्म में 'ग्नि' का 'अग्नि' अर्थ अवशिष्ट रह गया, शेष व्यावर्त्तित हो गए। जब 'अ' अर्थ 'वाक्' और वह 'ग्नि' के साथ मिथुनी हुआ, तब 'ग्नि' का केवल उतना ही अर्थ शेष रहा जितना 'वाक्' अर्थ के अनुकूल था। अब दोनों का समास हो गया। इस प्रकार 'अग्नि' रूप एक पद नहीं है, प्रत्युत इसमें अनेक पदों का समावेश है।

१६. दूसरी वृत्ति—अजहत्स्वार्था में समस्त होने वाले पद अपने पृथक्-पृथक् अर्थों को बनाये रखते हैं।२१ उदाहरण के लिये, शुक्रम् का व्याख्यान 'आशु-करम्' किया गया है। इस में इस के दोनों पदों 'शु' और 'करम्' के अपने अर्थ सुरक्षित हैं।

१७. कुछ ऐसे भी समास हैं जहां समस्त पद द्विविध अर्थों को व्यक्त करते हैं—(१) समास के विभिन्न पदों द्वारा द्योतित अर्थों को, तथा (२) समग्र पद द्वारा द्योतित अर्थ को। ऐसे पदों को नैय्यायिक योग-रूढ कहते हैं।२२

१८. कुछ विद्वानों के मत में समास भाषा की एक स्थायी इकाई है और अन्यों के अनुसार यह केवल एक वाक्य घनीभूत या संपिण्डित (कण्डैन्स्ड) रूप है। अथवा, अन्य शब्दों में संक्षेप या ठीक-ठीक (कन्साइजनैस) रूप के निमित्त वाक्य को समास के रूप में बदल दिया जाता है।२३

---

१६ वही, पृ० २८४।
१७ वही, पृ० २८५।
१८ वही, पृ० २८६।
१९ वही, पृ० २९२।
२० वही, पृ० २९४।
२१ वही, पृ० २९२।
२२ वही, पृ० ३०८।
२३ वही, पृ० २९७।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

१९. समास का प्रथम, मध्य या अन्तिम अथवा सब ही पद प्रमुख हो सकते हैं। कुछ समासों में एक ऐसे अन्य पद के अर्थका प्राधान्य भी पाया जाता है जो पद उस समास का अंग नहीं है।२४

२०. कुछ विद्वानों ने समासों को केवल दो ही वर्गों में रखा है–(१) अनित्य और (२) नित्य। अनित्य (ऐच्छिक) समासों में समास के विभिन्न पदों के साथ विभक्ति चिन्हों का प्रयोग मात्र ही अर्थ के प्रकाशन के लिये पर्याप्त है।२५ नित्य समास के अंगभूत पद अभिलषित अर्थ को प्रकाशित करने में असमर्थ होते हैं।२६ इस श्रेणी के समासों का विभिन्न अंगों में विभाजन अर्थ में आवश्यक परिवर्तन किए बिना सम्भव नहीं है। न तो उन का सामान्य ढंग पर विग्रह ही किया जा सकता है, न उन के निष्पादक अंगों द्वारा उनके अर्थ सीधे प्रकाशित किए जा सकते हैं। यहां उन के अर्थ को प्रकट करने के लिये अन्य पदों की सहायता ली जाती है।२७ इन्द्र आदि वैदिक पदों के व्याख्यान में ब्राह्मणों और निरुक्त ने बहुधा अस्वपद विग्रह के इस साधन का प्रयोग किया है।

२१. एक समास में (१) केवल एक ही उदात्त स्वर होता है, (२) इस के अंगभूत पदों का क्रम परिवर्तित नहीं किया जा सकता है (३) इस के अंगभूत इन पदों के बीच में अन्य कोई पद नहीं आ सकते हैं (४) इन पदों के बीच में कोई विभक्ति या वचन का द्योतक चिन्ह नहीं आ सकता है। कुछ समासों में समस्त पदों का अर्थ उस के विग्रह वाक्य या व्याख्यात्मक पद की अपेक्षा अधिक स्पष्ट होता है, और कभी ऐसा नहीं होता है।२८

२२. जगदीश ने बताया है कि (१) निपातों से भिन्न स्थलों में दो नामों (संज्ञाओं-पदों) के अर्थ परस्पर में इस प्रकार सम्बद्ध होते हैं, मानों वे तद्रूप (–एकही) हों,२९ (२) यदि समास में दो से अधिक पद जोड़े गए हों, तो वह समास द्वन्द्व या बहुव्रीहि होगा, (३) 'यद्' और 'तद्' आदि सर्वनाम उत्तर पद वाले 'परमसः' आदि समास भी शुद्ध हैं।३०

२३. विद्वानों के विचार में संस्कृत भाषा की प्रारम्भिक अवस्था में समास का ज्ञान स्वर से होता था यह मानने के लिये प्रमाण उपलब्ध हैं। स्वर के प्रयोग में थोड़ा सा भी दोष यजमान के लिये घातक सिद्ध हो सकता था।३१

२४. दो उदात्त स्वरों वाले पदों से ज्ञात होता है कि एकाक्षरा से बह्वक्षरा भाषा के परिवर्तन में पहला पग ऐसे दो अक्षरों को एक साथ प्रयुक्त करना रहा होगा जिन का अर्थ या तो समान होगा अथवा सम्बद्ध अर्थ होगा जो अभिलक्षित अर्थ को पुष्ट करता था अथवा एक का अर्थ अभिलक्षित का अर्थ का द्योतक था और अन्य उस के लक्ष्य या प्राप्ति का बोधक होता था।

२५. अगली अवस्था में स्वर उस अक्षर पर प्रयुक्त किया जाने लगा जो प्रमुख था और सम्भवतः पद का केन्द्र था जिस के चारों ओर संयुक्त अक्षरों

---

२४ वही, पृ० ३०३–३०४।
२५ वही, पृ० ३०५।
२६ वही, पृ० २९७।
२७ वही, पृ० २९६।
२८ वही, पृ० २८८–२८९।
२९ वही, पृ० २९९।
३० वही, पृ० ३००।
३१ वही, पृ० ३०३, तु० क०–दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह। स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्।"

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

का अर्थ गति करता था। यह ऊपर दिखाया जा चुका है कि अक्षर मुख्य अक्षर या पद के पहले, अन्त में, बीच में और कभी-कभी इन में से दो या अधिक स्थानों में जोड़े जाते थे।

२६. अगली अवस्था में कुछ द्वन्द्व समासों का प्रयोग एक ऐसे नए भाव के द्योतनार्थ किया जाता होगा जिस में पदों के व्यक्तिशः अथवा संयुक्त अर्थ अभिलक्षित अर्थ के एक अंश का ही द्योतक था। यह स्थिति 'अक्षर, 'हृदय' 'साम,' और 'उद्गीथ' आदि के व्याख्यानों में स्पष्ट लक्षित होती है।

२७. पीछे अन्य प्रकार के समास बनाये गये होंगे।

मिथुन प्रक्रिया के बह्वक्षर पदों का निर्माण

२८. इन नियमों के आधार पर विकसित पदों के कुछ उदाहरण पिछले अध्याय में दिए जा चुके हैं। कुछ अन्य उदाहरण नीचे दिये जाते हैं। इन व्याख्यानों में उदात्त स्वर युक्त अक्षर को केन्द्र या आधारभूत मूल पद माना गया है, जिसके साथ अन्य अक्षर मिथुनी हुए हैं।

२९. प्रथम : का निर्माण प्रथ से 'म' लगा कर किया गया होगा। 'म' प्रकृति की उद्भावना अन्त–अन्तम आदि में पहले ३२ प्रतिपादित की जा चुकी है। वाक् का विकास वाक् और अ से; प्रमे का प्र और मे से; युत्सु का युत् और सु से; तथा विधुम् का वि और धुम् से हुआ है। इन सब पदों में प्रधान अक्षर अन्त में आता है। दो पदों के मिलकर एक बनने में एक उदात्त पद समाप्त होगया है। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जोड़े गए दोनों पद मूल अर्थतत्त्व ही रहे होंगे। प्रारम्भ में उनमें कोई भी प्रत्यय या सहायक पद नहीं थे। मिथुनी बनने पर पीछे आने वाला अक्षर गौण होकर प्रत्यक्ष के रूप में व्याख्यात हुआ।

३०. शक्मना के शक् का शाक्मना के शाक् में, साम्राज्याय के सम् का सांवरणों के साम् में विकास क्रमशः शक् और सम् में बीच में 'आ' जोड़ कर हुआ है। भू और ना से सम्पन्न भूना से मध्य में 'म' जोड़ कर भूमना का निर्माण हुआ है।

३१. रम्ऽसुजिह्वः में रम् की रम्ऽ सु से तुलना बताती है कि सु को रम् के अन्त में जोड़ा गया है। इसी प्रकार शम् के श की शम से, और पार्थ्यः के पार्थि की पार्थिव से तुलना से पता चलता है कि श के अन्त में 'म' तथा पार्थि के अन्त में 'व' जोड़ कर ये पद बनाये गए हैं।

३२. प्रह्ये में स्वतन्त्र स्वरित से ज्ञात होता है कि यह प्र–हि–ए है। हि प्रकृति अहि आदि में मिलती है। प्रह्ये में हि उदात्त है, अतः प्र और ए इसके आदि और अन्त में जोड़े गए हैं।

अय

३३. एक स्थल पर सायण ने अया३३ को अय का तृतीया एक वचन का रूप माना है– 'अया अयेन गमनसाधनेन।' अयाः को भी वे इसी पद का रूप मानते हैं–'अयाः उपगच्छन्तः स्तोतारः।' ३४ यह अय पद अ और धातु य की प्रतिरूप नाम प्रकृति य से मिल कर बना होगा। सामर्थ्य के नियम की दृष्टि में अ का अर्थ भी गति ठैरता है।

कीजः

३४. ३५अ में सायण ने दो भाग माने हैं–की और जः। की किम् का रूप है, और जः धातु जन् से निष्पन्न है। यह इन्द्र का विशेषण है,

३२ ऊपर अध्याय १।१७६; २२६–२३० देखें।

३३ ऋ० ६।६६।४। ३४ वही, मं० ५।

३५ (अ) ऋ. ६।६६।४।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

और उसके अजन्मत्व का कथन करता है। आज के रूपों और प्रयोगों की दृष्टि में यह पद अस्वपद-विग्रह नित्य बहुव्रीहि समास है।

३५. विंशति, त्रिंशत्, चत्वारिंशत् और पञ्चाशत् से ज्ञात होता है कि पहले शत् दस की संख्या का वाचक था। उसका क्रमशः वि (द्वि का पूर्व रूप) त्रि, चत्वारि और पञ्च का द्वन्द्व समास किया गया है। पहले तीन पदों में मध्य में म् का, चौथे में आ का और प्रथम के अन्त में इ का आगम हो गया है। इस शत् से ही दस गुना के द्योतक अम् के योग से शतम् 'सौ' का विकास हुआ होगा।

इहेह

३६. पुनरुक्ति अनेक बार अर्थ के पूर्ण होने पर भी वक्ता अपने वाग्व्यवहार में शब्द की आवृत्ति कर देता है, अथवा उसी अर्थ का वाचक अन्य पद जोड़ देता है। कई बार यह अतिरिक्त पद निरर्थक भी होता है। यथा—ऐतरेयकार ने 'अयं वै लोक इहेह'३५ लिख कर इहेह को एक पद और एक ही अर्थ का द्योतक समुदाय माना है। परन्तु इस पद में प्रत्यक्षतः ही 'इह' की द्विरुक्ति है। इसी प्रकार की पुनरुक्ति चलाचलासः, जनंजनम्, जातो-जातः, जन्मन्जन्मन्, अस्मानस्मान् और अस्मा अस्मा आदि में मिलती है।

३७. कयस्य और कया की तुलना और विश्लेषण से ज्ञात होता है कि ये दोनों एक ही प्रकृति 'कय' के रूप हैं। जैसे हिन्दी में 'जो—कोई' का प्रयोग होता है उसी प्रकार इसमें भी क्व-और य—के मेल से यह पद बना है और इसका अर्थ 'जो=कोई=कोई=किस' हो गया है।

३५ ऐ० ४।३०।

उपकक्षदघ्ना

३८. यास्क ने ३६ उपकक्षासः का अर्थ उपकक्षदघ्नाः दिया है। इससे ज्ञात होता है कि कक्ष में ही दघ्न का अर्थ भी निहित है। अतः वेद में कक्षदघ्न के लिये कक्ष का ही प्रयोग किया गया है। कालान्तर में स्पष्टीकरण की दृष्टि से 'दघ्न' पद का भी प्रयोग किया जाने लगा। जैसे देव या दत्त के प्रयोग से देवदत्त का बोध हो जाता है, उसी प्रकार कक्ष या दघ्न के प्रयोग से कक्षदघ्न का बोध हो जाना अस्वाभाविक नहीं था।

३९. जोर देने, वीप्सा और भृश अर्थ के प्रकाशन के लिये भी पुनरुक्ति का प्रयोग नंनमीति, चर्कर्मि, चर्किराम, और चर्कृषत् आदि यङन्त रूपों में, वने वने आदि आम्रेडित रूपों में, णमुल् के प्रयोगों में और लोक में 'कुरु कुरु इति कुरुत' आदि प्रयोगों में लक्षित होता है।३७

प्रकृति और प्रत्यय

४०. एकाक्षरा भाषाओं में सम्बन्ध तत्त्व पृथक् नहीं होते। मूल पद ही यह कार्य भी करते हैं। पद स्थान और स्वर के भेद से प्रकृति और प्रत्यय या सम्बन्धतत्त्व आदि के रूप में भासित होते हैं। जब भाषा में बह्वक्षरा होने की प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई और वह उत्तरोत्तर बढ़ती गई तब सम्बन्धतत्त्व आदि का कार्य करने वाले पदों की स्थिति गौण बनती गई और उनकी स्वतन्त्रप्रयोगशक्ति लुप्त होते-होते वे प्रकृति के साथ प्रयुक्तहोने लगे।

४१. परन्तु इन सम्बन्धतत्त्वों का अर्थ अक्षुण्ण बना रहा जिसके कारण प्रकृति उन से मिलकर अपना और उनका—दोनों का अर्थ प्रकाशित करने

३६ नि० १।९।

३७ पाठ ८।१।४ भी देखें।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में समर्थ हो सकी। बह्वक्षरा भाषा में प्रत्यय और विभक्ति आदि के रूप में व्यवहृत सम्बन्धतत्त्वों और प्रकृति में अर्थ का साम्य या एकता भी रही होगी अन्यथा उनका मेल सम्भव नहीं हो सकता था।३८

४२. वैयाकरण भी कुछ ऐसा ही विचार रखते प्रतीत होते हैं। उनके मत में अर्थ को प्रकाशित करने वाला अथवा समझा जाने वाला प्रत्यय होता है।३९ प्रकृतियों के ज्ञान के लिये धातु और प्रातिपदिक पाठ मिलते हैं। परन्तु प्रत्ययों का ऐसा पाठ न होने से उनका निःशेष ज्ञान संभव नहीं है। अतः प्रत्यय प्रकृति की अपेक्षा 'प्रधान' है।४०

४३. विकार और आगम प्रकृति और प्रत्यय दोनों से सम्बन्ध रखते हैं, पदों की रचना के सूक्ष्म अध्ययन से यह तथ्य सुव्यक्त हो जाता है। ये विकार और आगम प्रत्ययों के समस्त गुणों के धारक मालूम पड़ते हैं। प्रत्ययों के समान इनका भी कोई पृथक् पाठ उपलब्ध नहीं है।

४४. प्रत्यय साभिप्राय हैं। स्वार्थ में विहित प्रत्यय निरर्थक प्रतीत होता है, तथापि वह भी प्रातिपादिक के अर्थ का ही प्रकाशक होने से साभिप्राय ही है। परन्तु विकार और आगम का कोई अभिप्राय नहीं है। यद्यपि पद अपने अखण्डरूप में ही अर्थ का प्रकाशक होता है, तथापि अन्वय-व्यतिरेक से प्रकृति और प्रत्यय का अर्थ अलग-अलग ज्ञात हो जाता है।४१

४५. सामान्य शब्दों के सम्बन्ध में प्रकृति और प्रत्यय में से किसी एक को दोनों के ही अर्थों का प्रकाशक अथवा प्रकृति को सार्थक और प्रत्यय को केवल द्योतक माना जा सकता है। परन्तु वृक्षः आदि अन्य शब्दों के विषय में ऐसा मानना सम्भव नहीं है। वहां प्रकृति और प्रत्यय दोनों के ही अलग-अलग अर्थ हैं, वे एक दूसरे से अनुकूलता से सम्बद्ध हैं और एक अखण्ड अर्थ को प्रकाशित करते हैं। इन पदों में प्रकृति स्थूल पदार्थ की और प्रत्यय एकत्व का द्योतक है। प्रत्यय को एकत्व आदि वचन और कर्मत्व का प्रकाशक भी माना गया है।४२

४६. विभिन्न व्याकरण सम्प्रदायों में प्रकृति और प्रत्ययों की एकरूपता उपलब्ध न होने से स्फोटवादी पद और पदार्थ को असत्य या मिथ्या मानते हैं। भर्तृहरि वाक्य से बाहर पद की कोई सत्ता नहीं मानते हैं। वह स्वरूप से निश्चित न कोई वस्तु है, न कोई अर्थज्ञान कराता है।४३

उपसर्ग और निपात

४७. उपसर्ग और निपात स्वतन्त्र अर्थों और सम्बन्ध तत्वों के प्रकाशक स्वतन्त्र प्रयुक्त पद थे। और जैसा गार्ग्य मानते हैं, इनके अनेकविध अर्थ थे। जब भाषा बह्वक्षरा होने लगी तो इनमें भी विकार आया। कुछ उपसर्ग और निपात एकाक्षर से द्व्यक्षर बह्वक्षर बन गए। उपसर्ग क्रिया के योग में ही भाव-प्रधान रह गए। निपातों की स्वतन्त्ररूप में न सत्त्व-प्रधानता रही, न भावप्रधानता। वे यथास्थिति दूसरों के नाम और आख्यात के साहचर्य में ही दोनों सत्त्वप्रधान और भावप्रधान अर्थों को बताने में समर्थ रह गए। इस प्रकार उपसर्गों और निपातों

३८ तु० क० 'समर्थः पदविधिः'।

३९ फिसंग्राच०, पृ० १४४।

४० वही, पृ० १४३–४५।

४१ वही, पृ० १४६।

४२ वही, पृ० १४७–१४८।

४३ वही, पृ० १४२–१४८।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

के अर्थों में इतना भेद हुआ कि उनकी स्वतन्त्र रूप से अर्थ-प्रकाशन शक्ति समाप्त हो गई तथा कुछ के अर्थ सीमित भी हो गए। शेष के अर्थ अक्षुण्ण रहे। अतः उपसर्गों के द्योतकत्व बाधक-पोषक रूप विशेषकत्व, सहकारित्व, आदि विचारों का उद्भव हुआ। सब ही कुछ सीमा तक मूल स्थिति तक पहुंचते हैं। ऊपर के वर्णनों की दृष्टि में गार्ग्य का मत ही समीचीन है। दयानन्दभाष्य इसी का अनुयायी है।

सर्वनाम

४८. एकाक्षरा से बह्वक्षरा भाषा बनने में कतिपय सर्वनामसंज्ञक पदों का संज्ञात्व विस्मृत हो गया और वे आधुनिक अर्थ में सर्वनाम (प्रोनाऊन) समझे जाने लगे। पाणिनि ने 'सर्वादीनि सर्वनामानि'४४ में केवल रूपों की दृष्टि से सर्वनाम संज्ञा का विधान कर इस तथ्य को व्यक्त किया है। उन्होंने इस सर्वादिगण में एक और द्वि, ये दो संख्यावाचक पद पढ़े हैं और कुछ दिशावाचक पद भी हैं।

४९. ऋग्वेद में कुछ ऐसे स्थल भी मिलते हैं जहां सर्वनाम पद संज्ञावत् प्रयुक्त हुए प्रतीत होते हैं। यथा "यः शश्वतो अदाशुषो गयस्य प्रयन्तासि४५ में पदकार ने 'यः' को सर्वनाम न मान कर संज्ञापद माना है, क्योंकि उनके पदपाठ में असि निघात है। यदि वे 'यः' को सर्वनाम (प्रोनाऊन) मानते होते तो असि पदच्छेद करते। यहां दोनों ही पदच्छेद सम्भव हैं।

५०. इस विकास में और भी बहुत से परिवर्तन आ गए। मूल प्रकृतियां विभक्ति-युक्त पदों में परिवर्तित हो गईं। विभक्तियों के अर्थ बदल गए। क्रियाओं के रूपों में भी बहुत विकास हुआ। वह सब प्रत्यक्ष है। यहां प्रत्येक का विस्तार करना अनावश्यक है।

वैदिक भाषा के विकास में भाषा-विज्ञान में निर्धारित विकास कारणों का योग

५१. भाषा का विकास ध्वनि, शब्द, रूप, अर्थ और वाक्य—इन पांचों तत्त्वों में होता है। यह विकास दो धाराओं में होता है—आभ्यन्तर और बाह्य। प्रथम श्रेणी में भाषा अपनी स्वाभाविक गति तथा प्रयोक्ता की शारीरिक और मानसिक योग्यता आदि से उत्पन्न परिवर्तन आते हैं। बाह्य-वर्ग में भाषा पर पड़ने वाले बाह्य प्रभावों से उत्पन्न परिवर्तन आते हैं।

५२. आभ्यन्तर परिवर्तनों में भाषागत शब्दों का प्रयोग से घिस जाना, बलाघात से निघात ध्वनियों का लुप्त हो जाना, प्रयत्नलाघव की प्रवृत्ति वक्ता के मानसिक स्तर में परिवर्तन और अनुकरण की अपूर्णता आते हैं। बाह्य कारणों में भौतिक वातावरण का प्रभाव, सांस्कृतिक प्रभाव, समाज की व्यवस्था, बोलने वालों की उन्नति और सादृश्य का ग्रहण होता है।

५३. जब वैदिक भाषा का विकास हो रहा था, तब उसके बोलने वाले किस-किस के सम्पर्क में आए और उनका आर्यों पर क्या प्रभाव पड़ा यह निर्णयात्मक रूप से बताना असम्भव नहीं, तो दुष्कर अवश्य है। आज की मान्यता है कि देश में सुदूर प्राचीन युग में पहले मुण्डा भाषी आए और फिर द्रविड़। आर्य सबसे पीछे और सम्भवतः दो धाराओं में आए। आज भाषा वैज्ञानिकों की धारणा है कि वैदिक भाषा ने मुण्डा भाषा के कुछ शब्द उधार ले कर अपना लिए हैं। द्रविड़ भाषाओं से भी कुछ

४४ पा० १।१।२७।
४५ ऋ० ७।१९।१।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पद ग्रहण किए हैं। तत्कालीन लोक-भाषाओं का भी उस पर प्रभाव माना जाता है। टवर्ग का आगमन, प्र उग आदि पद इसी श्रेणी में आते हैं।

५४. यहां के आदिनिवासियों की संस्कृति का वैदिक भाषा के स्वरूप पर क्या प्रभाव पड़ा यह आज सुनिश्चित नहीं है। विद्वानों के एतद्विषयक विचार कल्पना और अनुमान पर ही आश्रित हैं। कतिपय विद्वानों ने आर्य और द्रविड़ आदि भेदों की यथार्थता और वैज्ञानिकता पर संसार विश्वासावह सन्देह व्यक्त किया है।४६ विद्वानों ने इस सन्देह की ओर समुचित ध्यान नहीं दिया है।

५५. एकाक्षरा युग में अथवा पीछे वैदिक जन कहां-कहां रहे, किन-किन भौगोलिक परिस्थितियों का उन पर प्रभाव पड़ा यह भी निर्विवाद रूप से कहना सम्भव नहीं। इतना निश्चित है कि वैदिक भाषा का जो स्वरूप आज उपलब्ध है, वह भारत में प्रस्तुत हुआ। यहां के वातावरण में दार्शनिक प्रवृत्ति, कल्पना, संगति और समाज की समृद्धि है। अतः हो सकता है कि इसी वातावरण में मिथुन-प्रक्रिया की कल्पना द्वारा भाषा का एकाक्षरा से बह्वक्षरा में विकास हुआ हो। इस भाषा में भारत की स्थितियां सुलक्षित होती हैं।

५६. इस भाषा के विकास में आर्यों की सामाजिक व्यवस्था और संस्कृति तथा उन्नति का प्रभाव निश्चित रूप से पड़ा है। इसी के फलस्वरूप इस भाषा का उपलब्ध रूप है।

५७. आभ्यन्तर परिवर्तनों की सीमा का निर्णय करना भी असम्भव सा है। ब्राह्मण ग्रन्थों में अनेक बार यदि पदों के प्रत्यक्ष रूप और परोक्ष रूप को उनकी पदावली की दृष्टि में ही यथावत् ग्रहण किया जाए तो समीकरण, विषमीकरण, अल्पप्राणीकरण, महाप्राणीकरण, स्वरों का आदि, मध्य और अन्त में आगमन, लोप, विपर्यय आदि सब का योग कुछ-न-कुछ सीमा तक मानना पड़ेगा। परन्तु ब्राह्मणों के इन कथनों को उलटी धारा में समझना आवश्यक है, क्योंकि उनका परोक्ष रूप ही वैदिक रूप है, प्रत्यक्ष रूप धातुओं और प्रत्ययों की कल्पना के बाद का अप्रयुक्त वैयाकरण प्रतिरूप है। अतः इन ध्वनिपरिवर्तन के नियमों का इस धारा में योग भी अस्वाभाविक है, कल्पना प्रसूत और अयथार्थ है।

५८. तथापि जब भाषा एकाक्षरा से बह्वक्षरा बन रही थी—यह विकास दीर्घकालीन रहा होगा—तब बलाघात से निर्बल स्वर और व्यञ्जनोंका लोप, अनुकरण में अपूर्णता, प्रयोग से शब्दों का घिसना और प्रयत्नलाघव की प्रवृत्ति से उत्पन्न विकारों आदि का पूर्ण योग रहा होगा। वक्ता के मानसिक परिवर्तनों का भी भाषा के विकास पर प्रभाव अनिवार्य रहा होगा। परन्तु वैदिक भाषा के एकाक्षरा प्रारूप के आज उपलब्ध न होने से इन कारणों का ठीक-ठीक प्रभाव जानना सम्भव नहीं। नैरुक्तों ने और वैयाकरणों ने वैदिक पदों का जो विश्लेषण दिया है, उस के मूल में धातुओं की कल्पना है। ये धातु कामचलाऊ तो हैं, परन्तु सर्वत्र मूल रूप नहीं है। अतः वैयाकरणों के लोप, आगम, वर्ण-विकार और विपर्यय के निर्धारण शब्दरूपों के साधक मात्र हैं, यथार्थ के चित्रक नहीं हैं।

५९. ऊपर मिथुन प्रक्रिया या समास के जो नियम दिये गए हैं, उनसे यह सुव्यक्त है, कि समानार्थक पद ही मिथुनी हुए। सम्बन्धतत्त्व या स्थिरभेदक पद मूल अर्थतत्त्व के प्रकाशक, परिष्का-

---

४६ अरविन्द घोष—औन दी वेद, परिशिष्ट।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

रक और भेदक होने से अर्थतत्व के साथ मिथुनी होने में समर्थ थे। इन दोनों प्रकार के पदों के योग से शब्द बने हैं। इनके अतिरिक्त जो आगम आदि विकार हुए हैं, वे अर्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं हैं, और निरर्थक हैं।

६०. आधुनिक भाषाविद् वैदिक संस्कृत को भारोपीय भाषा से विकसित मानते हैं। इस मूल भाषा की कोई यथार्थ सत्ता अभी तक ज्ञात नहीं है। लिथुएनियन को इस के समीप-तम माना जाता है, परन्तु वह संस्कृत से अर्वाचीन प्रतीत होती है। दोनों भाषाओं की सांगोपांग तुलना यहां संभव नहीं। ब्रुगमैन की व्याकरण आदि से संकलित अधोदत्त कतिपय शब्दों की तुलना से ही दोनों भाषाओं के पौर्वापर्य का अनुमान किया जा सकेगा। संस्कृत पदों में उदात्त अचिन्हित है और लिथुएनियन में नीचे पड़ी रेखा से दिखाया गया है—

संस्कृत	लिथुएनियन
लिम्पति	लिम्पु (लिपऊ)
दक्षिण	देस्जने
त्रि–षु	त्रि–से
सू–नु–ष्	सू–नु–स्
तूल–(नपुं०)	तुल–स् (विशेषण, मूलतः संज्ञा)
वहामि	वेजु (व्युएघो)
चत्वार्–अस्	केतुरि
दश	देस्जिम्त्
प्लोतु–म् (प्लवते से)	प्लउतु (प्लउ–ति से)
वृकः	विल्क–स् (भेडिया) चतुर्थीबहु०–विल्क–म्स्
दाति	दो–ति
अर्घः	अल्ग
देवरः	देवेर्–इ–स्
नास–आ (नासा)	नीसि–स्
या–म्	जा
या–मि	जो–जु
यकृत्	जेवनोस् (= जिगर) पृ० १३०
यूयम्	जूस्
वयामि	वेजु
द्वय–	द्वेजि
रोदिमि	रोदिम
सीदति	सेदे–ति
नक्तम्	नक्ति–स् ऋग्वेद में नक्तम् संज्ञापद भी है।
मन्ये	मिनिउ
वाति वायु–ष्	वेज–स् (वायु)
वर्ष–इष्ठ	विर्स्जु–स्
क्रव्–य–म्	क्रुव्–इन–स्

स्वर का भी बहुशः स्थानान्तरण और विकार पाया जाता है। ब्रुगमैन के मत में यह स्वरविकार पीछे का है।

६१. लैटिन भाषा का इतिहास ईसा पूर्व की पांचवीं शती से प्रारम्भ होता है। इस काल में यह भाषा विषम, प्रारम्भिक, सैनिककृषक संस्कृति की द्योतक थी। इस में उतनी कारक और पद

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

समृद्धि के संस्कार नहीं थे, जितने पीछे के युग में आए। तो भी इसमें भारोपीय भाषा की समस्त वाक्यरचना की प्रतिनिधि जटिलतायें थीं।४७ साहित्यिक लैटिन, कतिपय विद्वानों के मत में, एक कृत्रिम साधन थी जो लिखने के लिये शिक्षितों द्वारा प्रयुक्त की जाती थी।४८

६२. फ्रांस में पहले लैटिन भाषा थी। नवीं शती ईसा के अन्त के समीप पुरानी फ्रांसीसी भाषा पूर्ण उन्नति पर पहुंची। ग्यारहवीं शती तक उसने एक समृद्ध वीरकाव्य साहित्य को जन्म दिया।४९

६३. इसी प्रकार हित्ती तथा अन्य भारोपीय भाषाओं की तुलना से यह अनायास ही सिद्ध हो जाता है कि संस्कृत के रूप सामान्यतः प्राचीनतम हैं। एकाक्षरा भाषा से बह्वक्षरा भाषा का जो विकासक्रम और प्रक्रिया ऊपर दिखाई गई है, उसकी दृष्टि में अन्य भारोपीय भाषाओं के कुछ रूप अवश्य ही प्राचीन अथवा वैदिक रूपों के प्रारूप प्रतीत होते हैं। इनमें तीन स्थितियां सम्भव हैं— (१) वैदिक प्रारूप ही वहां सुरक्षित है। वे उस भाषा में आधुनिक वैदिक रूपों की निष्पत्ति से पूर्व ही चले गए थे। (२) ये रूप वैदिक भाषा में भी उपलब्ध वैदिक रूपों के साथ-साथ प्रयुक्त होते थे। उनमें से संक्षिप्त या प्रारूप लुप्त हो गए हैं। (३) ध्वनि और भाषा के लोप, वर्णविकार और विपर्यय आदि विकासक्रमों से उनमें विकार आ कर वे प्राचीन रूपवत् प्रतीत होते हैं। इन भाषाओं में अर्वाचीन विकासों की बहुलता की दृष्टि में अन्तिम स्थिति पर्याप्त सम्भव जान पड़ती है।

भारतीय मूल भाषा का स्वरूप

६४. इस वर्णन से यह अनायास समझा जा सकता है कि भारोपीय मूल भाषा के निर्माण के लगभग समस्त आधार विभिन्न भाषाओं के अर्वाचीन विकृत रूप हैं। इन रूपों की दृष्टि में ग्रिम, ग्रासमैन, वरनर, कौल्टिज़, फौरच्युनेटक आदि के ध्वनि-नियम बनाये गए हैं, तथा इन भाषाओं के आधार पर जो अर्थविज्ञान के नियम निर्धारित किए हुए हैं, वे निरापद् नहीं। उनके आधार पर कल्पित भाषा वैज्ञानिक और शुद्ध नहीं हो सकती। वह विकासपूर्ण ही होगी।५० अतः उसकी दृष्टि में वैदिक भाषा के ध्वनि, अर्थ, शब्द रूप और वाक्य विकासों को जांचना उचित प्रतीत नहीं होता है। ऊपर वर्णित वैदिक भाषा की उत्पत्ति और विकास के क्रम में इस भाषा का कोई स्थान लक्षित नहीं होता है।

---

४७ मपसल०, पृ०३४।

४८ वही, पृ० ३६।

४९ वही, पृ० ४।

५० ब्रुकग्रासल, १, भूमिका, पृ०२, संदर्भ संख्या ३ तथा सं० सं० ३८०, ४२७ में इस भाषा में विभिन्न बोलियों की सत्ता मानते हैं और कुछ ध्वनियों का भेद भी मानते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

वेदोद्यान के चुने हुए फूल (सजिल्द)	५.००
वेद का राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.००
मेरा धर्म (सजिल्द)	७.००
वरुण की नौका (दो भाग)	६.००
अग्निहोत्र (सजिल्द)	२.२५
आत्म-समर्पण	१.५०
वैदिक स्वप्न विज्ञान	२.००
वैदिक अध्यात्म विद्या	१.७५
वैदिक सूक्तियां	१.७५
ब्राह्मण की गौ (सजिल्द)	.७५
वैदिक ब्रह्मचर्य गीत	२.००
वैदिक विनय (तीन भाग)	६.००
वेद गीतांजलि	२.००
सोम सरोवर (सजिल्द)	२.००
वैदिक कर्त्तव्य शास्त्र	१.५०
सन्ध्या सुमन	१.५०
स्वामी श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३.७५
आत्म मीमांसा	२.००
वै. पशु यज्ञमीमांसा	१.००
सन्ध्या रहस्य	२.००
अथर्ववेदीय मन्त्रविद्या	१.५०
ईशोपनिषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
अध्यात्म रोगों की चिकित्सा	२.५०
ब्रह्मचर्य संदेश	४.५०
आर्य संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
स्त्रियों की स्थिति	४.००
एकादशोपनिषद्	१२.००
विष्णु देवता	२.००
ऋषिरहस्य	२.००
हमारी कामधेनु	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३य भाग	४.५०
बृहत्तर भारत	७.००
योगेश्वर कृष्ण	४.००
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	१.२५
स्वामी दयानन्द का पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५०
अपने देश की कथा	१.३७
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	३.००
एंशियण्ट फ्रीडम	५.७०

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.००
प्रमेह श्वास अर्शरोग	१.२५
जल चिकित्सा विज्ञान	१.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५०
आसवारिष्ट	२.५०
आहार	५.००

संस्कृत ग्रन्थ

संस्कृत प्रवेशिका प्रथम भाग	.८७
संस्कृत प्रवेशिका २य भाग	.८७
बालनीति कथा माला	१.७५
साहित्य सुधा संग्रह	१.२५
पाणिनीयाष्टकम् (दो भाग)	प्रतिभाग ७.००
पंचतन्त्र पूर्वार्द्ध (सजिल्द)	२.५०
पंचतन्त्र उत्तरार्द्ध, सजिल्द	२.००
सरल शब्द रूपावली	१.२५
सरल धातु रूपावली	१.६०
सस्कृत ट्रांसलेशन	१.२५
पंचतंत्र (मित्र सम्प्राप्ति)	.७५
पंचतंत्र (मित्र भेद)	१.५०
संक्षिप्त मनुस्मृति	.५०
रघुवंशीय सर्गत्रयम्	.२५

पुस्तकों का बड़ा सूचीपत्र मुफ्त मंगाइये। धार्मिक संस्थाओं के लिये विशेष रियायत का भी नियम है।

पुस्तक भण्डार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (जि० सहारनपुर)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी, हरिद्वार की

विशुद्ध आयुर्वेदिक ओषधियां सेवन कर

स्वास्थ्य उत्तम करें

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालङ्कार । प्रबन्धक : प्रेमदेव ।

प्रकाशक : धर्मपाल विद्यालङ्कार, प्रशासक : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल पत्रिका

सम्पादक
श्री भगवद्दत्त वेदालंकार

वर्ष : २०
अङ्क : ३
पूर्णाङ्क : २३१

अक्टूबर-नवम्बर '६७, कार्तिक २०२

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
स्थापना १९५९ विक्रमाब्द
2005-2006
DIGITIZED BY

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल-पत्रिका

कार्तिक मासः २०२४

अक्टूबर-नवम्बर १९६७

पूर्णांकः २३१

प्रकाशकः

श्री धर्मपालो विद्यालंकारः

स० मुख्याधिष्ठाता

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य

सम्पादकः—श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः

उपसम्पादकः—श्री प्रो० बुद्धदेव एम. ए.

विषयाः	लेखकाः	पृ० सं०
श्रुतिसुधा		१९३
स्वाभिमानः	विद्याभूषणः श्रीगणेशरामशर्मा, डूंगरपुर	१९४
चैतन्यनीतिशतकम्	श्री "चैतन्यः"	१९७
मम संस्कृतोत्कर्षवृत्तान्तः	श्री विश्वनाथ केशव छत्रे, जोगेलकरवाडा,	२०२
देवतास्वरूपमीमांसा	श्री अरविन्दः, अनु० श्री जगन्नाथो वेदालंकारः	२०६
सम्पादकीय टिप्पण्यः	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	२११
साहित्य-समीक्षा	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	२१२
अग्न्याधेय	श्रीअभयदेव शर्मा एम ए. (हिन्दी, संस्कृत)	२१३
शतपथ ब्राह्मण में गायत्री	श्री कु. सुकेशी रानी गुप्ता एम.ए.	२१८
तब क्यों हम अपनी हिन्दी को अपनाने से कतराते हैं	श्री सालिकराम शर्मा, "विमल", बी० ए०	२२३
दान और याचना	श्री स्वामिनाथ पाण्डेय (व्याख्याता)	२२४
सप्त-ऋषि	श्री भगवद्दत्त वेदालंकार	२२७
दीपमाला-शुभकामना	श्री आचार्य नारायण शास्त्री काङ्करः	२३९
महर्षिर्दयानन्दः	श्री पं० धर्मदेवो विद्यामार्तण्डः	२३९
शोक समाचार	स० मुख्याधिष्ठाता, गुरुकुल कांगड़ी	२४०

वार्षिकशुल्कम्
देशे ४), विदेशे ६)

मूल्यं
४० पैसे

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

कार्तिक २०२४, अक्टूबर-नवम्बर १९६७, वर्षम् २०, अङ्कः ३, पूर्णाङ्क २३१

श्रुति-सुधा

(ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः । देवता—सविता । छन्दः—गायत्री)

ओ३म् हिरण्यपाणिमूतये सवितारमुपह्वये ।
स चेत्ता देवता पदम् ॥

(ऋ. १।२२।५)

(हिरण्यपाणिं) सुवर्णीय हाथों वाले (सवितारं) सविता देवता को (ऊतये) ऊर्ध्वारोहण में रक्षा व वृद्धि के लिये (उपह्वये) आह्वान करता हूं । (स) वह सवितादेव (चेत्ता) चिताने वाला वा जताने वाला है वह ही (देवता) सर्वदेवमय है, वह ही (पदम्) गन्तव्य व प्राप्तव्य है ।

मनुष्य के लिए ऊर्ध्वारोहण तथा सोमसवन करने वाले भक्त की (गृह) हृदय की गहराईयों में बैठना महान् कठिन है । इस में भय भी बहुत है । इसी दृष्टि से एक अन्य मन्त्र में कहा है—

'आरोहत दिवमुत्तमामृषयो मा बिभीतन'

हे ऋषियो ! उत्तम द्युलोक में आरोहण कर जाओ, डरो मत । यतः ऊर्ध्वारोहण में महान् भय है । परन्तु इस आरोहण में रक्षा का कार्य वह हिरण्यपाणि सविता देव करता है । वह चेता स्वयं ज्ञाता और मार्ग का जताने वाला है । यही गन्तव्य स्थान है । इसी प्रकार हृदय की गहराईयों में डुबकी लगाने वाले की यह सविता ही रक्षा करता है ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्वाभिमानः

विद्याभूषणः श्रीगणेशरामशर्मा, डूंगरपुर (राजस्थान)

अद्य तावल्लक्ष्मीचन्द्रस्य वणिजो भवने महामहोत्सवो वर्तते । सम्पन्नेन महाजनेनानेन नागरिकेन लक्ष्मीचन्द्रवैष्णवेन स्वपुरोहिताय नारायणशर्मणे पूर्वं गृहदानं सङ्कल्पितमभूत् । तदनुरोधादद्यैव गृहदाननिमित्तमुत्सवोऽयमायोजितोऽस्ति । इतः सप्ताहात् पूर्वं वणिजा लक्ष्मीचन्द्रेण श्रीमद्भागवतमहापुराणस्य कथापारायणं स्वपुरोधसा नारायणशर्मणा कृतमश्रावि । पारायणसप्ताहे महाधनस्य लक्ष्मीचन्द्रवैष्णवस्य गृहे नित्यमेव हि तत्सम्बन्धिनः कौटुम्बिका ज्ञातयो नागरिकाः सुहृदः सखायः परिचिता जनाः कथाश्रवणार्थं समाजग्मुः । सर्वेऽपि च ते खल्वास्तिका भक्तजना लक्ष्मीचन्द्रवणिजस्तमिमं शुभसङ्कल्पं, तस्य वदान्यताभावं, दानशीलतां, त्यागं, श्रद्धामास्थां निष्ठां च बहुप्रशंसन्त आसन् । लक्ष्मीचन्द्रोऽपि पुण्यमर्जयन् मनसि मोमुद्यमानोऽवर्तत ।

पं नारायणशर्मा पुरोहितस्तत्रत्यानां सर्वेषामेव वैष्णवमहाजनानां ज्ञातिसमाजसमष्टेः स्वकुलपरम्पराप्राप्तं पौरोहित्यं कुर्वाणः समभूत् । स हि शांतो दांतो विनीतः शास्त्रेष्वतितरां व्युत्पन्नः कर्मकाण्डक्रियाकलापप्रक्रियासु सहस्तलाघवं निष्णातो यदृच्छालाभसन्तुष्टश्च बभूव । सत्यपि चैवं प्रायेण विद्वांसो बटव इव नारायणोऽपि च भाग्यकृतदोषादतीव निर्धनो दीनदीनः सम्पद्विहीनश्चाभूत् । ब्राह्मणोऽसौ नारायणशर्माऽतीव निर्धनोऽपि स्वात्मगौरवशाली स्वाभिमानधनो महत्त्वाकांक्षी चापि भौतिकपरिग्रहे नितान्तं निःस्पृहो वितृष्णश्चासीत् । यतस्तस्येदमर्थं शास्त्रसारसर्वस्वमभूद्——

"अकृत्वा परसन्तापमगत्वा खलमन्दिरम् ।
अक्लेशयित्वा चात्मानं यद्भवेत्तद्धनं बहु ।१।

इति । पुरोहितवृत्तिं निर्वहन्नपि नारायणशर्मा न कदापि कमपि धनादिकं ययाचे । यावल्लब्धेनैव धनलाभेन स्वकुटुम्बस्य परिपोषणं चक्रे । तस्य गृहे वृद्धौ पितरौ, द्वे विधवे भगिन्यौ, पञ्चकुमारिकाः कन्यका, द्वौ पुत्रौ, मायानाम्नी तज्जाया चेत्येते तत्पोष्याः सदस्या अभूवन् । अथैकलस्य नारायणशर्मणः परिश्रमेणोद्योगेनैव चामीषां सर्वेषां कथमपि कष्टेन निर्वाहो भवति स्म । इत्थं वर्तमानस्य नारायणशर्मणो बतार्थिकीं स्थितिं दुर्बलां जानानेन लक्ष्मीचन्द्रेण वणिजा धनिकेन तदिदं गृहदानमेकदा पुण्ये पर्वणि प्रतिज्ञातमभूत् ।

अथ सप्ताहात् पूर्वमेव लक्ष्मीचन्द्रस्य गृहे कथापारायणप्रसङ्गतो नित्यमेव हि नवनवोत्सवा भजनकीर्तनानि महतोत्साहेनाडम्बरेण च सम्पद्यमानान्यासन् । तस्य सजातीयाः सहधर्माणो वैष्णवास्तत्सम्प्रदायानुयायिनस्तथाऽन्येऽपि चास्तिकाः सनातनवर्णाश्रमधर्मानुयायिनो भक्ताः कथाश्रवणानुरागिणो नागरिकाश्च लक्ष्मीचन्द्रस्यास्मिन्नवनिर्मिते प्रासादोपमे गृहे सम्भूय नारायणशर्मणो मुखाद्वाच्यमानां सरसां मधुरां नवरसमयीं कर्णपुटेषु पीयूषवर्षिणीं श्रीमद्भागवतीं कथां शृण्वाना आनन्दस्य परां कोटिमिवानुबभूवुः । भक्तिभावोद्रेकात् परमां निर्वृतिं सुखं शांतिं च विन्दमानास्ते सर्वे श्रोतारो नागरिका नारायणशर्मपण्डितस्य कथावाचनशैलीं सुललितां मनोमोहिनीं, तत्त्वार्थनिरूपणप्रौढीं, शास्त्रार्थप्रवचनचातुरीं, तन्मर्मज्ञतां, तद्वैदुष्यं, गुणवत्तां चातितरां प्राशंसन् । दीनहीनार्थिकस्थितेरपि नारायणशर्मणो ज्ञानगम्भीरां मर्मस्पर्शिणीं विद्वत्तां सर्वेऽप्युन्मुक्तकण्ठं हृदयेनाश्लाघन्त । वस्तुतस्तत्समाजे नारायणशर्मणः किमपि स्वयंसिद्धं वर्चस्वित्वं, महत्त्वपूर्णा प्रतिपत्तिः, प्रभावः, प्रतिष्ठा च समभूत् ।

अथ च समाप्तिं गते श्रीमद्भागवतपारायणे,

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

तैब्रा के अनुसार समिदाधान घृतवती ऋचों

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

का उच्चारण करके किया जाता है। 'घृत' अग्नि का प्रिय धाम है। ऐसा करना अग्नि को उसका प्रिय धाम प्राप्त कराकर, तेज से उसे समृद्ध करना है। तदनुसार घृतवती ऋचें ब्राह्मण-राजन्य-वैश्य यजमानों के लिए क्रमशः गायत्री, त्रिष्टुप्, जगती छंदों में होनी चाहिए।

मै, काठ, कपि, गो के अनुसार अग्न्याधान के फलस्वरूप आदित्य स्वर्ग को चले गये थे। वे देवयान पथों के रक्षक हैं। यदि घृताभ्यक्त समिधों का आधान किया जाए तो 'उच्छिष्ट भाग'—आदित्य यजमान को स्वर्ग से धकेल देते हैं। घृताभ्यक्त समिदाधान आदित्यों को यजमान के अग्न्याधेय कर्म की सूचना देना है। उन्हें सूचित करके ही स्वर्गगमन संभव है।

काठ, गो, के अनुसार पुरुष 'अभक्तर्तु' है। उसे अग्निजन्म के नक्षत्र और ऋतु का ज्ञान नही होता है। समिदाधान से यजमान को इसका अनुमान हो जाता है।

का के अनुसार समिदाधानोपरांत ऋत्विक् ोदनप्राशन करके, 'राद्धस्ते ओदनः' से प्रशंसा रते हैं। यजमान उन्हें वर देता है।

बौ के अनुसार यजमान, समिदाधानोपरांत, अध्वर्यु को एक वत्सतरी, आपके अनुसार तीन वत्सतरी, पर वै के अनुसार एक असिक्तरेत सांड और एक वत्सतरी के युग्म का दान करता है।

(ला के अनुसार अध्वर्यु के यजमान को अरणिप्रदान कर देने पर, ब्रह्मा अगार से बाहर निष्क्रमण करता है।)

सब श्रौतसूत्रों के अनुसार ब्रह्मौदनिकाग्नि का संवत्सरपर्यन्त, वा अन्य विकल्पानुसार अवधि-विशेष पर्यन्त अजस्ररूप में भरण किया जाता है। तैब्रा, मै, काठ, कपि, गो के अनुसार ऐसा करने से अग्नि संवत्सर-संपत्ति से युक्त हो जाता है। रेत गर्भ में संवत्सर पर्यन्त वृद्धिमान् होकर ही जन्म लेता है।

इस अवधि में, सब श्रौत सूत्रों के अनुसार, यजमान के गृह से अग्नि का अन्यत्र हरण, तथा अन्यतः अग्नि का गृह में आहरण, दोनों निषिद्ध हैं। मै ने भी इस नियम का उल्लेख किया है। गर्भकाल में गर्भ में अन्यतः प्रवेश करके अन्य कोई रेत स्थिर नहीं हो सकता है, और न गर्भीभूत रेत का कोई अंश गर्भ से बाहर जा सकता है। यह नियम इसी का स्मरण कराने के लिए है। मै, काठ, गो के अनुसार संवत्सरोपरांत अग्नि का आधान प्रजात और वृद्ध (चित्र शिशु'-रूप) अग्नि का स्थापन होगा, गर्भीभूत का नहीं।[१] काठ, कपि, गो के अनुसार भी 'निर्मार्ग' अग्नि का आधान अपगूर्ति (=अधोगमन, प्रजनन) के प्रयोजन से किया जाता है। संवत्सरपर्यन्त निर्मार्गित गर्भ स्वत एव अपगूर्त हो जाता है; उसका पृथिवी पर आधान हो जाता है।

भा, आप, वै, मा, वा के अनुसार यजमान अग्निभरण-काल में निम्नलिखित व्रतों का आचरण करता है।

(१) मांस-भक्षण न करना, (२) स्त्री-उपायन (स्त्री-मैथुन) न करना। (३) प्रवास में न जाना, (४) मा, वा के अनुसार अनृत-भाषण न करना, (५) वा के अनुसार क्षार से वस्त्र नहीं धोना। तैब्रा के अनुसार भी संवत्सर पर्यन्त मांस-भक्षण और स्त्र्युपायन नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से उसके निर्वीर्य होने की सम्भावना प्रकट की गई है, तथा उसे अग्नि की उपलब्धि नहीं होगी। अग्न्याधेय कर लेने पर भी उसके अतिशय से वह हीन रहेगा।

ब्रह्मौदनिकाग्नि के बुझ जाने, वा यजमान के प्रवास में जाने पर बौ, भा, आप, स, वै, वा के अनुसार पुनः ब्रह्मौदनिकाग्नि के स्थान से लेकर समिदाधान-पर्यन्त कर्म करना जाहिए। यह प्राय-

---

१ प्रजातमेनं वृद्धमाधत्तें। (मै० १. ६. १२)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

श्चित-रूप कर्म है। बौ के अनुसार पुनः ये कर्म करने पर भी यजमान केशश्मश्रुवापन न कराए। फिर बौ, भा, के अनुसार ब्रह्मौदनिकाग्न्याधान से गणना करके, पूर्वनिश्चयानुसार ही, यथा समय 'अग्न्याधेय' कर्म करना चाहिए। संवत्सर के मध्य में जब-जब ब्रह्मौदनिकाग्नि बुझ जाय वा यजमान को प्रवास में जाना पड़े, तब-तब यह प्रायश्चित कर्म पुनः-पुनः करना चाहिए।

बौ, भा, आप, स, वै के अनुसार यदि यजमान संवत्सरोपरांत अग्न्याधेय न कर सके तो ब्रह्मौदनिकाग्नि की स्थापना से समिदाधान-पर्यन्त कर्म पुनः करना चाहिए। फिर, आप के अनुसार, नवीन अवधि निश्चित करके, तदनन्तर अग्न्याधेय करना चाहिए। इस द्वितीय अवधि में ब्रह्मौदनिकाग्नि का भरण तथा व्रताचरण ऐच्छिक है। आप के अनुसार प्रायश्चिन्तोपरांत, आधेय दिन से पूर्व १२ व १ दिन तक व्रताचरण करना चाहिए। स के अनुसार प्रायश्चित्तोपरांत जब सम्भव हो तभी आधेयकर्म कर लेना चाहिए।

बौ के अनुसार अग्नि के अजस्रधारण-काल यजमान को उन सबसे पुनः मैत्री कर लेनी चाहिए जिनसे उसका मनोमालिन्य हो। अपने ऋण को यथाकाल चुका देना चाहिए वा उनके चुकाने की अवधि बढ़वा लेनी चाहिए।

------ooo------

श्री पं० आत्माराम जन्म-शताब्दि

आत्माराम सांस्कृतिक प्रतिष्ठान एक लाख रुपया एकत्रित करेगा

श्री आत्माराम सांस्कृतिक प्रतिष्ठान (Shri Atmaram Ji Cultural Foundation) की ओर से उनकी जन्म-शताब्दिक अवसर पर एक लाख रुपया एकत्रित कर निम्नलिखित कार्य करने का विचार है :—

(१) उनके सब ग्रन्थों का प्रकाशन जिसमें "संस्कार-चन्द्रिका", "वैदिक-विवाहार्थ", "सृष्टि-विज्ञान", "ब्रह्मयज्ञ" प्रमुख हैं। इस पर लगभग रु० २५००) व्यय होगा।

(२) उनका बड़ा चित्र छापकर बांटना, तीन हजार प्रतियां छपवाने पर लगभग रु० ५००) व्यय होगा।

(३) उनकी स्मृति में वेद-अनुसन्धान-विभाग खोलना, मकान बनाना तथा उसकी व्यवस्था पर रु० ५००००) व्यय होगा।

(४) उनका जीवन चरित्र लिखवाना तथा छपवाना रु० १०००) व्यय होगा।

(५) उनकी जन्म शताब्दी समारोह मनाना, विभिन्न स्थानों पर १००००) व्यय होगा।

(६) वैतनिक प्रचारक रख कर प्रचार कराना रु० १५०००) व्यय होगा।

हम आशा करते हैं कि आर्य-जगत अपने एक महान नेता की जन्म शताब्दि मनाने के कार्य में हमारा हाथ बटायेगा।

विनीत

आनन्दप्रिय

व्यवस्थापक

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

[जुलाई-अगस्त ६७ से आगे]

शतपथ ब्राह्मण में गायत्री

श्री कु० सुकेशी रानी गुप्ता एम.ए.; शोध छात्रा, संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

३५. परंतु संवत्सर अग्नि है। अग्नि का परिमाण और मात्राएं ही उसकी रक्षा कर सकती हैं, ऐन्द्री ऋचाएं नहीं। अतः ब्राह्मणकार बताते हैं कि इन १२ त्रिष्टुभ् मंत्रों की २२ गायत्री ऋचाएं बन जाती हैं।४१ उनकी गणना यह है कि १२ त्रिष्टुभों में १२× (११×४)=५२८ और २२ गायत्रियों में २२×२४ (८×३)= ५२८ अक्षर होते हैं। अतः दोनों में कोई वैषम्य नहीं है, दोनों एक ही हैं। ये २२ ऋचाएं अग्नि की हो जाती हैं। अतः यज्ञ-संवत्सर की रक्षा अपनी ऋचाओं गायत्री से ही की जाती हैं। यहां अग्नि और गायत्री को एक प्रतीक मान कर उन्हें प्राण और तज्जन्य रक्षा का वाचक माना गया है।

३६. यविष्ठ पद से युक्त ऋचा से उपस्थान इसलिए किया जाता है कि यविष्ठ अग्नि का प्रिय धाम है। इस पद से युक्त ऋचा के प्रयोग द्वारा उस सबको प्राप्त किया जाता है जो इस पद से रहित आग्नेयी ऋचा४२ द्वारा अप्राप्त रहता है। गायत्री से अग्निकर्म सम्पन्न होता है क्योंकि अग्नि गायत्र (–गायत्री का उत्पादक) है। अग्नि का जितना परिमाण और जितनी मात्रा होती है उतनी ही गायत्री की मात्रा और परिमाण होते हैं।४३

३७. अग्नि के आठ नामों और रूपों तथा गायत्री के आठ अक्षरों (=क्षरणों) का अभिन्नत्व शतपथकार पहले प्रतिपादित कर चुके हैं। यहां भी गायत्री छंद को अग्नि का प्रतीक माना गया है।

३८. यज्ञ विष्णु को तीन भागों में विभक्त किया। वसुओं ने प्रातः सवन, रुद्रों ने माध्यन्दिन सवन और आदित्यों ने तृतीय सवन को लिया। देवों में क्रम से अग्नि, इन्द्र और विश्वेदेवों ने और छंदों में क्रम से गायत्री, त्रिष्टुभ् और जगती ने इन सवनों को अपनाया।४४ वसु अग्नि देवताक हैं। वे आठ कपालों से हवि देते हैं।४५ गायत्री भी अग्नि है। अतः इस वर्णन में गायत्री अग्नि का ही छन्दः प्रतीक है। अन्यत्र गायत्री एकाकी और अनेकाकी प्रातःसवन और अन्यों के साथ माध्यंदिन और तृतीय सवन को धारण करती कही गई है।४६ यहां भी गायत्री अग्नि की ही प्रतीक है।

३९. गायत्री को प्रातः सवन और सभी सवनों से सम्बद्ध करने वाला एक आख्यान मिलता है कि––पहले छंदों में चार ही अक्षर थे। जगती सोम लेने गया। वह तीन अक्षरों को छोड़ कर आ गया। तब त्रिष्टुप् गया। वह एक अक्षर छोड़ कर आ गया। इसके बाद गायत्री गई और सोम के साथ-साथ जगती

---

४१. श. ९।२।३।६॥

४२. सायण आग्नेय्या को गायत्र्या के साथ लेते हैं।

४३. श. १०।१।३।११॥

४४. श. १४।१।१।१५-१७॥

४५. तै० सं. १।५।११।३॥

४६. श. ४।२।५।२०-२१॥

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

व त्रिष्टुप् द्वारा छोड़े गए अक्षरों को भी ले आई। अतः वह अष्टाक्षरा कहलाई। इस अष्टाक्षरा गायत्री से प्रातः सवन का वितान किया। इसीलिए प्रातः सवन गायत्री का कहलाता है। इसी से माध्यंदिन सवन का वितान किया। तब त्रिष्टुप् ने कहा कि--तुम तीन अक्षर वाले मुझ को यज्ञ में आमंत्रित करो। मैं तुम्हारे पास आ जाऊंगा। मुझको यज्ञ से बहिष्कृत मत करो। गायत्री ने उसको बुला लिया। अतः त्रिष्टुप् ११ अक्षरों वाला हो गया। उसी गायत्री द्वारा तृतीय सवन का वितान किया गया। तब जगती ने कहा--मैं तुम्हारे पास आ जाऊंगा, तुम एक अक्षर वाले मुझ को आमंत्रित करो। मुझे यज्ञ से विलग मत करो। गायत्री ने उसे भी बुला लिया। इससे जगती १२ अक्षरों वाला हुआ। इसी लिए तृतीय सवन जगती से सम्बद्ध कहलाया।४७

४०. इसीलिए कहा जाता है कि सभी सवन गायत्री से सम्बद्ध हैं क्योंकि गायत्री ने ही छन्दों के अन्तःसंबंधी अक्षरों से उपसृष्ट होकर सवनान्तर को प्राप्त कर लिया। चूंकि सोमहरणार्थ जाकर गायत्री अपने अक्षरों के परित्याग और विकार के बिना ही आ गई अतः गायत्र प्रातःसवन में अविकृत विधास्यमान "ओ३म्" से स्तुति करनी चाहिए। यह विधान तभी रूपसमृद्ध हो सकता है। जब गायत्री को अविकृत ओ३म् का प्रतीक माना जाए। यहां यह भी ध्यातव्य है कि ओ३म् 'अव्' रक्षा करना का रूप है और गायत्री में उत्तरपद 'त्री' भी त्रै रक्षा करना से बना है। संभवतः गाय स्वार्थ में आगत अंश है। प्राण अग्नि और पृथिवी आदि प्रतीकों में भी गायत्री का रक्षण पक्ष सामने आता है।४८

४१. ग्रहयाग में "स प्रहरति त्रिरभिषुणोति" में विहित तीन अभिषव पर्यायों के मध्य प्रथम पर्याय में आठ बार प्रहार करता है। गायत्री में भी आठ क्षरण-अक्षर होते हैं। अतः ये प्रहार गायत्री के क्षरणों के प्रतीक हैं। साथ ही प्रातः सवन गायत्री से सम्बद्ध है, अतः यह प्रहार कर्म प्रातः सवन में किया जाता है।४९

४२. वायु देवताओं के पास से पशुओं के साथ चला गया। देवों ने प्रातः सवन में उसे आमंत्रित किया। परंतु वह नहीं आया। माध्यंदिन सवन में आमंत्रित करने पर भी वह नहीं आया। तब उसे तृतीय सवन में आमंत्रित किया। उसने लौट कर कहा कि--यदि मैं लौट आऊं तो मेरा क्या भाग होगा? देवताओं ने कहा कि--ये पात्र तुम्हारे लिए ही प्रयुक्त किये जाएंगें और विमुक्त होंगे। वह प्रातः सवन में लौट आया। प्रातः सवन गायत्री से सम्बद्ध है। इसका विवेचन ऊपर किया जा चुका है। अपि-च ब्रह्म ही गायत्री है। ब्रह्म ही ब्राह्मण है अतः ब्राह्मणों में ही पशु हो गए।५०

४३. सामने २४ विक्रम होते हैं। गायत्री २४ अक्षरों वाली है। यज्ञ का पूर्वार्द्ध ही गायत्री है।५१ यह गायत्री अग्नि ही है। इस अग्नि के २४ क्षरण मृग्य हैं। अन्यत्र गायत्री के १२ शस्त्र और १२ स्तोत्र=कुल २४ अक्षर माने गए हैं।५२

४७. श. ४।३।२।८-९।।

४८. श. ४।३।२।१०।।

४९. श. ४।१।१।८।।

५०. श. ४।४।१।१८।।

५१. श. ३।५।१।१०।।

५२. श. ४।२।४।४०।।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

४४. यज्ञ की रक्षा करते हैं। गायत्री इसका शिर है। १२ स्तोत्र और १२ शस्त्र= २४ होते हैं। गायत्री २४ अक्षरों वाली है। इस प्रकार गायत्री इसका शिर है। इसलिए श्री ही गायत्री है।५३ डा० अग्रवाल लिखते हैं कि सिर सब प्राणात्मक देवताओं का केन्द्र है। अतएव वही गायत्री छंद है। शिर के बिना शेष सब प्राण शून्य है।५४ इसी कारण कौषीतकि और ताण्ड्य ब्राह्मण में गायत्री को मुख भी कहा है। ऊपर लिखा जा चुका है कि समस्त सृष्टि प्राण से विकसित हुई है। यह प्राण ही गायत्री है। तथापि गायत्री के २४ अक्षरों की २४ प्रतीकें मृग्य हैं।

४५. यज्ञगत ध्रुवग्रह गायत्री के लिए वत्स के समान है। यज्ञ ही गायत्री है। इसमें १२ स्तोत्र और १२ शस्त्र=२४ होते हैं और गायत्री में भी २४ अक्षर हैं। अतः यज्ञ ही गायत्री है। यह गायत्री यजमान की ध्रुवग्रह द्वारा सब कामनाओं को पूर्ण करती है।५५

४६. आहवनीय के उद्धार के पश्चात् पूर्णाहुति के प्रसंग में पवमान अग्नि, पावक अग्नि और शुचि अग्नि को आहुति देने का वर्णन है। पवमान अग्नि प्राण है, पावक अग्नि अन्न है और शुचि अग्नि वीर्य है। इन तीनों अग्नियों का रूप क्रमशः पृथिवी, अंतरिक्ष और द्युलोक में स्थापित किया गया है।५६

४७. अग्नि का पुरोडाश आठ कपालों का होता है।५७ अतः प्रत्येक अग्नि के पुरोडाश गायत्री के आठ क्षरणों के द्योतक हैं। गायत्री और अग्नि एक होने से गायत्री छंद अग्नि का है। उसके तीन पादों में २४ अक्षर होते हैं। इन सब कपालों की संख्या भी चौबीस होती है। अतः प्रत्येक कपाल गायत्री के एक-एक अक्षर –क्षरण का प्रतीक है। यहां पर पवमान आदि अग्नियों की प्रतीकों के विषयों के अष्टविधत्व का विस्तार नहीं दिया गया है। इस प्रतीक के कारण ही याज्या और अनुवाक्या गायत्री छंद में होती हैं, तभी अग्नि का आधान अपने छंद गायत्री से संभव हो पाता है।५८ आग्नेय अष्टकपाल पुरोडाश का निर्वपन मानों परोक्ष है।५९

४८. गायत्री के त्रिपदीय स्वरूप को भी रहस्यात्मक बताया गया है–भूमिरन्तरिक्षं द्यौः–– ये आठ अक्षर हैं और गायत्री का एक पद है। ऋक्, यजुः व साम––ये आठ गायत्री का दूसरा पद हैं। प्राण, अपान, व्यान–ये आठ. गायत्री का तृतीय पद हैं। इस पद में संसार के सारे प्राणि–समूह समा गए। ये तीनों प्रकार की सृष्टियां प्राण रूप असत् से प्रक्त होती हैं। अतः सब सृष्टि प्राणरूप है। गायत्री यही प्राण है।६०

४९. प्राणभृत् इष्टकोपधान प्रकरण में आया है कि प्राण ही अग्नि रूप में यह सब कुछ होता है। अतः इसे भुवः कहते हैं।६१ इस अग्नि

---

५३. श. ४।२।४।२०।।

५४. "गायत्री"––डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, वेदवाणी, वर्ष १६, वेदाङ्क १२,

५५. श. ४।२।४।२१।।

५६. श. २।२।१।६-१५।।

५७. श. २।५।१।८।।

५८. श. २।२।१।१७-१८।।

५९. श. २।२।१।२२।।

६०. श. १४।८।१५।१-३।।

६१. श. १०।३।२।१।।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

से प्राण आदि की उत्पत्ति अधोदत्त चित्र से सुस्पष्ट हो जाती है--

अग्नि
|
प्राण
|
वसन्त
|
गायत्री
|
गायत्रसाम
|
उपांशुग्रह
|
त्रिवृत्
|
रथन्तर

यहां शतपथकार ने गायत्री को अग्नि आदि कोई प्रतीक नहीं दिया है। तथापि उसे यहां गायत्री के अग्नित्व, ऋतुत्व और वाक्त्व अभीष्ट हैं।

५०. समिध्यमान अग्नि के लिए १५ गायत्री छंदस्क आग्नेयी सामिधेनी ऋचाएं बोली जाती हैं। प्रत्येक गायत्र मंत्र में २४ अक्षर होते हैं। १५ गायत्रियों में ३६० अक्षर होते हैं। संवत्सर में भी ३६० दिन होते हैं। सामिधेनी पाठ द्वारा यजमान दिनों को प्राप्त करता है। दिनों से संवत्सर बनता है। अतः वह संवत्सर को भी प्राप्त कर लेता है।६२ अतः शतपथकार के मत में सामिधेनी ऋचाओं का प्रत्येक अक्षर एक-एक दिन का बोधक या प्रतीक है। इस प्रकार गायत्री स्वयं संवत्सर की और इस कारण काल की प्रतीक बन जाती है। काल प्राण है क्योंकि काल ही एकमात्र सबका उत्पादक और संग्राहक है--

कालो अश्वो वहति सप्तरश्मिः,
सहस्राक्षो अजरो भूरिरेताः।
तमारोहन्ति कवयो विपश्चित-
स्तस्य चक्रा भुवनानि विश्वा ॥१॥

सप्त चक्रान् वहति काल एष,
सप्तास्य नाभीरमृतं न्वक्षः।
स इमा विश्वा भुवनान्यञ्जत्,
कालः स ईयते प्रथमो नु देवः ॥२॥

पूर्णः कुम्भोऽधि काल आहित-
स्तं वै पश्यामो बहुधा नु सन्तः।
स इमा विश्वा भुवनानि प्रत्यङ्,
कालं तमाहुः परमे व्योमन् ॥३॥

स एव सं भुवनान्यभवत्,
एव सं भवनानि पर्यैत्।
पिता सन्नभवत् पुत्र एषां,
तस्माद् वै नान्यत् परमस्ति तेजः ॥४॥

कालोऽमूं दिवमजनयत्,
काल इमा पृथिवीरुत।
काले ह भूतं भव्यं,
चेषितं ह वितिष्ठते ॥५॥

कालो भूतिमसृजत, काले तपति सूर्यः।
काले ह विश्वा भूतानि काले चक्षुर्विपश्यति ॥६॥
काले मनः काले प्राणः काले नाम समाहितम्।
कालेन सर्वा नन्दन्त्यागतेन प्रजा इमाः ॥७॥
काले तपः काले ज्येष्ठं काले ब्रह्म समाहितम्।
कालो ह सर्वस्येश्वरो यः पितासीत् प्रजापतेः ॥८॥
तेनेषितं तेन जातं तदु तस्मिन् प्रतिष्ठितम्।
कालो ह ब्रह्म भूत्वा बिभर्ति परमेष्ठिनम् ॥९॥

६२. श० १।३।५।९।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

कालः प्रजा असृजत,
कालो अग्रे प्रजापतिम् ।
स्वयम्भूः कश्यपः कालात्,
तपः कालादजायत् ।।१०।। ६३
कालादापः समभवन्,
कालाद् ब्रह्म तपो दिशः ।
कालेनोदेति सूर्यः,
काले निविशते पुनः ।।१।।
कालेन वातः पवते,
कालेन पृथिवि मही ।
द्यौर्मही काल आहिता, ।।२।।
कालो ह भूतं भव्यं च,
पुत्रो अजनयत् पुरा ।
कालादृचः समभवन्,
यजुः कालादजायत ।।३।।
कालो यज्ञं समैरयद्,
देवेभ्यो भागमक्षितम् ।
काले गन्धर्वाप्सरसः,
काले लोकाः प्रतिष्ठिताः ।।४।।
इमं च लोकं परमं च लोकं,
पुण्यांश्च लोकान् विधृतीश्च पुण्याः ।
सर्वांल्लोकानभिजित्य ब्रह्मणा कालः,
स ईयते परमो नु देवः ।।५।। ६४

५१. मरुत् संबंधी सप्तपदों में जो पहले ३ पद हैं वे प्राणमरुत् वायु ही हैं। अतः मारुत् हवन से प्राणों का आधान होता है। ये प्राण सात हैं और मरुतों के पद भी सात हैं। अतः प्रत्येक पद प्राणों का द्योतक है।६५ ब्राह्मणकार भी यह स्वीकार करता है। वह इनमें से प्रथम तीन पदों को गायत्री कहता है। इसलिए पहले तीन प्राण गायत्री हैं। अग्निचयन में जिन मंत्रों का प्रयोग होता है वे सब छंदों में हैं। इन मंत्रों को इष्टका कहते हैं। इष्टका में तीन अक्षर होते हैं। मृदाप में भी तीन अक्षर हैं। गायत्री में भी ३ पद हैं। अतः इष्टका और इस कर्म में प्रयुज्यमान मृत् और आप गायत्री–प्राण के प्रतीक हैं।६६

५२. दीर्घायुत्व, सुप्रजास्त्व, भूयो हविष्करण, सजातवनस्या और दिव्यधाम–ये पांच आशिष और तीन इडाएं–देवयज्या, हविष्करण और देवों द्वारा हविःसेवन मिलकर आठ बन जाती हैं। गायत्री भी आठ अक्षरों–क्षरणों वाली है। वीर्य ही गायत्री है। प्राण ही पशुमात्र में शक्ति, वीर्य का आधान करते हैं। इसलिए प्राण ही वीर्य है। प्राण गायत्री का अपर नाम है। अतः इन आशिषों और इडा का सम्पादन वीर्य को धारण करने की भावना का प्रतीक है।६७

६३. अवे० १९।५३ ।।
६४. अवे० १९।५४ ।।
६५. श० ९।३।१।१७ ।।
६६. श० १०।५।४।८ ।।
६७. श० १।९।१।१७ ।।

(क्रमशः)

—०—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

तब क्यों हम अपनी हिन्दी को अपनाने से कतराते हैं

श्री सालिकराम शर्मा, "विमल", बी० ए०

अँगरेजी के मोह जाल में घिरे रहेंगे हम कब तक ।
कब तक हम हिन्दी भाषा को अति दूर फेंकते जायेंगे ।
इतना तो सच है कभी एक दिन हिन्दी निज भाषा होगी ।
इसका अपना पहलू होगा, निज ही की परिभाषा होगी ।
जो आज घूमती गलियों में वह कभी बनेगी महरानी ।
फूलेगी और फलेगी यह, निज प्रगति करेगी मनमानी ।
परदेसिन जो सिंहासनारूढ़ है, बनी हुई है महरानी ।
जो आज हमारे ही ऊपर दिखलाती अपनी मनमानी ।
वह कभी धूल चाटेगी फिर, मिट जायेगी उसकी सत्ता ।
या छोड़ जायेगी भारत को, कट जायेगा उसका पत्ता ।
पर यह तब होगा जब हम फिर अपने पन का परिचय देंगे ।
होकर कटिबद्ध प्राणपण से हिन्दी को ही अपनायेंगे ।।१।।
उत्पन्न हुए जब भारत में, भारत का ही हम खाते है ।
अपनी जरुरतों को जो हम भारत से ही भर पाते हैं ।
जब रहन-सहन औ' खान-पान, सभ्यता-संस्कृति भारत की ।
हम अपनाते हैं, गाते हैं गुणराशि, कीर्ति यश भारत की ।
जब अपनी भाषा शुद्ध सरल है, सहज, मधुर, सीधी सादी ।
है कहीं न अटपट और क्लिष्ट, पढ़ने लिखने में आजादी ।
तब किस गुण पर परदेसिन के हम बने हुए हैं दीवाने ।
जो है दुरूह, अटपट, अजान, जो क्लिष्ट रखा करती माने ।
तब तक अपनी जागरण-प्रगति-चेतना रहेगी खतरे में ।
जब तलक न हम परदेसिन को सीमा से दूर भगायेंगे ।।२।।
जब चीन और जापान रूस अपनी भाषा अपनाते हैं ।
तब क्यों हम अपनी हिन्दी को अपनाने से कतराते हैं ।
क्या अभी और परिचय देंगे अपनी दासता गुलामी का ।
अपनीं हीनता, नीचता का, अपनी दुर्बुद्धि निशानी का ।
है समय अभी, हम हों तत्पर हिन्दी भाषा अपनाने में ।
इसको शिखरस्थ बनाने में, इसको नवदिशा दिलाने में ।
हम उत्तर दक्षिण पश्चिम के, पूरब के भेदभाव भूलें ।
बस लक्ष्य रहे केवल अपना, हम हिन्दीं के नव पथ खोलें ।
अन्यथा हमारा और पतन क्या शेष रहेगा धरती पर ।
जब हम अपनी हिन्दी भाषा से दूर भटकते जायेंगे ।।३।।

—०—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(जुलाई-अगस्त ६७ से आगे)

दान और याचना

श्री स्वामिनाथ पाण्डेय (व्याख्याता), मु० पो० सिहपुर, जिला–नरसिंहपुर (म० प्र०)

७ कन्या-दान' : वृद्धि में दान का सर्वोपरि दृष्टान्त—

संसार में कामिनी काञ्चन में मनुष्य शीघ्र फँसता है या उनसे प्रभावित होता है। घर में युवती लड़की हुई, और उसके सभी हितैषी उसके विवाह या कन्यादान की चिन्ता में पड़े, योग्यतम वर-घर देख कर, वहां दान करके ही माता-पिता आदि शान्त होते हैं। इसमें कोई बुरा नही मानता। कन्या का अपने घर में रखना ही बुरा माना जाता है। कन्या दान ही सर्व-सुख-दायक है। जो उचित समय पर कन्या दान नहीं करता वह समाज में पतित होता है, उसकी प्रतिष्ठा घट जाती है, वह नाना बुराइयों का अखाड़ा बनाने वाला माना जाता है। अतः किसी भी परिस्थिति में माता-पिता इत्यादि कन्या का विवाह योग्य वर-घर में करना ही श्रेयकर समझते हैं। प्राचीन-काल में स्वयंवर-विवाह द्वारा कन्या की स्वतंत्रता एवं इच्छा को रक्षा की जाती थी। माता-पिता अपना कन्या पर से अधिकार छोड़कर जामाता को कन्या का सारा भार दे देते हैं, अतः कन्या-दान ही पवित्रतम शब्द इसके लिए अभिहित किया गया है। 'कन्या-दान, शब्द से कुछ लोग विदकते हुए दीखते हैं और इसे नारी स्वतंत्रता पर प्रहार मानते हैं, पर उन्हें ठन्डे दिल से कन्या-दान की महिमा और अनिवार्यता को समझना चाहिए। सदाचार की प्रतिष्ठा और कदाचार के उन्मूलन-हेतु कन्यादान ही सर्वोत्तम ढंग है। कन्यादान जन्य लाभों एवं कन्यादान न करने की हानियों को संसार प्रत्यक्ष और शीघ्र देख लेता है, अतः पुरुषार्थ के चतुर्थ अंग की महिमा को आंखें बन्द करके मान लेता है। परन्तु कन्येतर धन, विद्या, शक्ति या अन्यान्य वस्तुओं के दान न करने के दुष्परिणाम शीघ्र प्रत्यक्ष नहीं होते, सर्व साधारण की निगाहों से नहीं दीखता अतः लोग कन्येतर चीजों के दान में कन्या-दान जैसा उत्साह नहीं दिखाते। फलतः चोरी, लूट-खसोट, दगा, फरेब, डाका, रहजनी, बेईमानी, जुआ, शराब तथा अनेकानेक दुर्व्यसनों के भयंकर जाल में फँसकर दिन पर दिन सुलझने और शान्त होने के बजाय बुरी तरह उलझते और अशान्त रहते हैं। समस्त दुःखों के कारणों में कामिनी-काञ्चन का दुरुपयोग ही मूल कारण हैं। किसी ने ठीक ही कहा है—

पानी बाढे नाव में, घर में बाढे दाम।
दोनों हाथ उलीचिये, यही सयानो काम॥

नौका में पानी बढ़ता जाय, उसे उलीचा न जाय, तो नाव अवश्य मारी जायेगी और सभी बैठे मुसाफिर भी डूब मरेंगे। 'दाम' की भी यही अवस्था है–यदि उचित ढंग से सर्व-जन-हिताय उसका उपयोग न किया गया, तो वह रखने वाले को डुबो देगा। वह उसके साथ बराबर बना भी नही रहेगा। नश्वर जगत् में नश्वर वस्तुओं का प्रयोगाधिकार-मात्र करके अविनश्वरप्रभु के परम पद को प्राप्त कर लिया जाय। मुक्ति पाने तक पुनः पुनः संसार में आना पड़ता है। यदि मनुष्य उत्तरोत्तर सुन्दर से सुन्दरतर एवं सुन्दरतम संसार अपने पीछे छोड़ता जायेगा, तो वह शीघ्र मुक्ति पा ही लेगा, संसार के अनेकानेक प्राणी भी परम पद के सही पथिक बनते हुये शीघ्र उसे प्राप्त कर लेंगे। इस व्यापक भावना के साथ अनेकानेक कष्टों को सहकर भी संसार को रम्य बनाना ही परम धर्म है और परम धर्म का सर्वोत्तम कार्य-क्रम वृद्धि में 'दान' ही है। प्रकृति के पावन, असीम एवं निष्पक्ष प्रांगण में सर्वत्र वृद्धि

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में 'दान' का महत्व-पूर्ण कार्यक्रम निर्विघ्न चल रहा है। शरीर धारियों में सर्वश्रेष्ठ प्राणी मानव उसको ठीक-ठीक देखकर सजग और कर्मठ हो सकता है। 'यह कहना कि हम दूसरों की सहायता करते हैं।' पारमार्थिक दृष्टि से ठीक नहीं है। हम अपनी ही सहायता के लिए सतत सत्य-न्याय-पूर्ण कार्य करते हैं। यह कहना पारमार्थिक दृष्टि से सोलहों आने ठीक है। प्रथम कथन व्यावहारिक दृष्टि से ठीक हो सकता है फिर भी व्यावहारिक दृष्टि से भी यह कहते सुनते हैं कि आदमी एक हाथ से देता है और दूसरे हाथ से पाता है। आदमी अपना पिसा हुआ ही उठाता है।

८. चतुर्थ पुरुषार्थ की एकमात्र रक्षिका 'याचना' है :—

जहां वृद्धि में दान के महत्त्व को जग भूल जाता है, वहां उसकी सुस्थापना-हेतु समाज के दूरदर्शी व्यक्ति नम्रता से, विनयशीलता से, प्रार्थना से, त्याग-भाव से, निष्काम-भाव से तपःपूत जीवन-यापन करते हुये झोली लेकर निकल पड़ते हैं और 'परहित के कारणे, मोंहिन आवत लाज' को समक्ष रखकर याचना का कार्यक्रम प्रारम्भ कर देते हैं। शनैः शनैः समाज का विशाल-भाव प्रकाशित होता है। धड़ाधड़ वृद्धि में दान होने लगता है। समाज में संतुलन आने लगता है। फिर बहुत समय तक सभी लोग पुरुषार्थ चतुष्टय द्वारा जीवन को स्वर्गीय बनाने का स्वस्थ वातावरण निर्मित करने में ही परम सन्तुष्ट दीखते हैं।

जब वृद्धि में 'दान' को भुला देते हैं, तभी हमारी स्वतन्त्रता छिन जाती है, हम परतन्त्र हो जाते हैं, नारकीय जीवन बिताने लगते हैं, नाना कष्टों से कराह उठते हैं, फिर प्रकाश की कामना जागती है, भूल ज्ञात होती है, याचक की झोली भरने के लिए तैयार हो जाते हैं। जन-धन सबसे हम दान देने लगते हैं, स्वतन्त्रता मिल जाती है। परतन्त्र करने वाला भाग जाता है, उसे भी अपने ढंग की ढिलाई मालूम हो जाती है। वह फिर किसी को गुलाम बनाने की बात नहीं सोचता। समय-समय पर जो युग-पुरुष होते हैं, नेता आते हैं, वे ही सच्चे 'याचक' होते हैं, जो वृद्धि में 'दान' की महिमां बताकर जीवन का महत्व हृदयङ्गम करा देते हैं। भगवान् इन्हीं जीवन धारी मनीषियों द्वारा 'याचना' करता है और सर्वत्र कर्मठता की पावन-गंगा बहाकर सबको पाप-मुक्त कर देता है, किसी को कोई कष्ट नहीं होता। मनुष्य नाना प्रकार के पावन विधानों के बीच अपने ठोस जीवन का प्रकाश छोड़ता, सुखी रहता, और सुखी संसार छोड़कर इह-लीला पूर्ण करता है।

९—'दान' के त्रिविध रूप : सात्विक रूप ही वांछनीय—

गीता में भगवान् कृष्ण ने दान के तीन रूप बताये हैं। यथा सात्विक, राजस एवं तामस। प्रत्येक के निम्नलिखित लक्षण हैं—

दातव्यमिति यद्दानं दीयतेऽनुपकारिणे।
देशे काले च पात्रे च तद्दानं सात्विकं विदुः ॥१॥
यत्तु प्रत्युपकारार्थं फलमुद्दिश्य वा पुनः।
दीयते च परिक्लिष्टं तद्दानं राजसं विदुः ॥२॥
अदेश-काले यद्दानमपात्रेभ्यश्च दीयते।
असत्कृतमवज्ञातं तत्तामसमुदाहृतम् ॥३॥

गीता अध्याय १७।श्लोक २०।२१।२२।

हिन्दी अर्थ :

१. **सात्विक दान की पहिचान :** योग्य देश काल-पात्र में देना कर्तव्य है, इस बुद्धि से ऐसे व्यक्ति को, जिससे प्रत्युपकार की आशा न हो, जो दान दिया जाय, वह दान सात्विक कहलाता है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

२. राजस दान की पहचान : प्रत्युपकार और फल की आशा से क्लेश के साथ जो दान दिया जाता है, वह राजस दान है और ३. **तामस दान की पहिचान** : अयोग्य देश कालपात्र में सत्कार शून्य और अवज्ञा भाव से दिया हुआ दान तामस दान है।

भाव की गहराई के आधार पर वृद्धि में 'दान' के कम से कम तीन-भेद मुख्य है। कर्तव्य भाव से प्रेरित व्यक्ति सात्विक भाव से भरपूर होता है। वह यश के लिए नहीं, प्रत्युत दान की अनिवार्यता को समक्ष रख कर ऐसे व्यक्ति को दान देता है, जिससे पुनः बदला पाने की इच्छा भी न हो। देश, काल, पात्र के अनुकूल भी दान की अनिवार्यता महसूस हो रही होती है। इसी प्रकार के दान को सात्विक दान कहते हैं। ऐसे दानियों से याचना नहीं करनी पड़ती। यह स्वयं प्रेरित दानी होते हैं। जिनमें भाव राजसी होते हैं। फलेच्छा प्रबल होती है, प्रत्युपकार-हेतु भावना रखते हैं, वे कष्ट सहकर भी दान देते हैं, इस प्रकार के दान को राजसी दान कहते हैं। यदि लाभ की आशा न हो, तो ऐसे लोग किसी भले आदमी को, संकट ग्रस्त व्यक्ति को, देश-काल-पात्र के अनुसार दान कदापि न करें और सदा स्वार्थ का बाजार ही गरम करने की चेष्टा करें। ऐसे ही लोगों के उत्पन्न दोषों को दूर करने के लिए 'याचना' करने के लिए याचक बढ़ता है और सही मोड़ देकर सबका हित-साधता है। जहां बड़ी ही औछी भावना होती है। वहां दाता असत्कार से, अवज्ञा से, बे मौके, कुजगह और कुपात्र को दान देकर कोई मतलब सिद्ध करना चाहता है, दानियों में नाम लिखाना चाहता है। लेने वाला भी प्रायः पतित, हीन, भुक्खड़, दीन और लोभी व्यक्ति ही हो सकता है। इस प्रकार के दान को 'याचना' प्रोत्साहन नहीं देती। राजसी एवं तामसी वृत्ति से जो दान समाज में किये जाते हैं, वे सदैव अव्यवस्था और अशान्ति ही बढ़ाते हैं, स्वार्थ, प्रतिशोध, झूठे नाम की ही होड़ जन-मानस को मथती रहती है। कुदान, कुपात्र, कुकाम, कदाचार, अनाचार, व्यभिचार ही इन दानों से बढ़ते हैं। याचना निः स्वार्थ भाव से भरपूर दान अर्थात् सात्विक दान की महिमा की सदा रक्षा करती है।

१० वामन और बलि की पौराणिक कथा—

अनेकशः वृहद् यज्ञों के करने के बाद भी राजा बलि में अहम्भाव विद्यमान् था। जिस इच्छा से यज्ञ पर यज्ञ किये चले जा रहे थे, वह केवल राजस-भाव से किये जा रहे थे। तामस भाव भी अभी उसमें बना था। अतः वामन ब्राह्मण के प्रति कटु वचन बोल गये, आचार्य शुक्र की बात भी अनसुनी कर दी, फलतः पराजित हुए और सभी किये कराये पर पानी फिर गया। अतः दान पवित्र भाव से हो, सात्विक भाव से हो, कर्त्तव्य मान कर किया जाय, ताकि समाज के अन्दर उचित आदर-मान, सत्साहस, उत्तम पुरुषार्थ, पवित्र कर्त्तव्य-बुद्धि सतत बनी रहे। कोई जड़ संचय से नहीं, प्रत्युत् उत्तम भाव से ही आदरणीय माना जाय। उत्तम भाव-विचार और काम ही सदा वाञ्छनीय और अनुकरणीय होने चाहिए। त्याग, तपस्या, शील, मर्यादा, सत्य इत्यादि की ही प्रतिष्ठा से समाज चिर-जीवित रहकर सुखी एवं शान्त रहता है।

शेष अगले अङ्क में....

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सप्त-ऋषि

श्री भगवद्दत्त वेदालंकार

सप्त-ऋषि क्या हैं ? यह एक विचारणीय विषय है। सृष्टि के आदि युग में उत्पन्न सप्त-ऋषियों को न लेकर हम वेदान्तर्गत सप्तऋषियों के एक विशिष्ट स्वरूप पर ही विचार करते हैं। वेद में ऋषि तो अनेकों हैं। उनके परस्पर गोत्र-सम्बन्ध व सन्तति-संबन्ध भी पूर्वाचार्यों ने निर्देश किये हैं। पर सप्त-ऋषियों का साहचर्य किस सम्बन्ध को द्योतित करता है, और इस साहचर्य की दृष्टि से उनका वास्तविक स्वरूप व कार्य क्या है यह एक अत्यन्त गहन विषय है। अधिभूत, अधिदैव व अध्यात्मादि तीनों क्षेत्रों में इस पर विचार हो सकता है, पर हम अध्यात्म क्षेत्र में ही संक्षेप में विचार करने का प्रयत्न करते हैं। सप्त ऋषियों के संबन्ध में एक मन्त्र जो कि इस प्रकार है--

तिर्यग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्नस्तस्मिन् यशो निहितं विश्वरूपम् ।
तदासत ऋषयः सप्तसाकं ये अस्य गोपा महतो बभूवुः । अथर्व० १०।८।९

यह एक चमस है जिसका बिल नीचे की ओर, और मूल ऊपर की ओर है। उसमें विश्वरूप यश भरा पड़ा है। इस चमस में सात ऋषि एक दूसरे के समीप में बैठे हुए हैं जो इसकी सदा रक्षा करते हैं।

यह मन्त्र सौरमण्डल और मानव देह दोनों में घटता है। सौरमण्डल में ऊर्ध्वबुध्न चमस सूर्य है, जिसकी किरणें नीचे की ओर प्रवाहित हो रही हैं। ये सप्तकिरणें सप्तऋषि हैं। शरीर में प्रतिष्ठित इन सप्त ऋषियों का केन्द्र शरीर का मूर्धा (सिर) है जिसे चमस कहा गया है। इस चमस (सिर) का पृष्ठ ऊपर है और छिद्र नीचे की ओर है। इस छिद्र के द्वारा मूर्धा में भरा हुआ विश्वरूप यश नीचे की ओर प्रवाहित होता है। [1]सप्तऋषि सप्तेन्द्रियां हैं, जो इसमें बैठी हुई इसकी रक्षा कर रही हैं। ये सप्तऋषि दो कान, दो नासाछिद्र, दो चक्षु गोलक, और एक मुख ये हैं। शतपथ ब्राह्मण (१४।५।२) में इस मूर्धा में रहने वाले ये ही ऋषि बताये गये हैं। और वहां यह कहा गया है कि दो कान गौतम और भारद्वाज हैं, दो नासिकाएं वसिष्ठ और कश्यप हैं, दो आंखें विश्वामित्र और जमदग्नि हैं। और मुख अत्रि है। यहां इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिये कि ये कान व नासिकादि के गोलक सप्तऋषि नहीं है, अपितु सिर में विद्यमान इनकी केन्द्रगत शक्ति ऋषि है। परन्तु इस संबन्ध में भी यह विचारणीय है कि क्या सामान्य जन की आंख, नाक, कान, आदि इन्द्रिय शक्तियां ऋषि हैं ? हमारे विचार में ऐसा नहीं है। यदि सभी मनुष्यों की ऐन्द्रियिक शक्तियां ऋषि कहलाने लगे तो सभी पारदृश्वा ऋषि हो जायेंगे। शतपथ ब्राह्मण में आता है कि सिर[2] में जो सात प्राण हैं उनके द्वारा जब स्तुति की जाती है तब सप्त-ऋषि पैदा होते हैं। ये इन्द्रियां ऋषि कब बनती हैं ? और इनकी कितनी व्यापक शक्तियां हो जाती हैं, इसका सुन्दर विवेचन शतपथ ब्राह्मण

---

१ सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे सप्त रक्षन्ति सदमप्रमादम् यजु० ३४।५५
कः सप्त खानि विततर्द शीर्षणि कर्णाविमौ नासिके चक्षिणी मुखम् ।। अथर्व १०।२।६

२ य एवेमे सप्तशीर्षन्प्राणास्तैरेव तदस्तुवत सप्तर्षयोऽत्रासृज्यन्त। श० प० ८।४।३।६

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में है। यह[1] चक्षु जब सम्पूर्ण जगत् को देखने लगती है, तब वह जमदग्नि ऋषि कहलाती है। स्वल्प प्रदेश को देखने वाली सामान्य जन की चक्षु इन्द्रिय जमदग्नि ऋषि नहीं है। जब[2] श्रोत्र अनन्त दिशाओं की दूरी से शब्द सुन लेता है, और सब ओर से मित्रवाक्यों को ही सुनता है, तब वह विश्वामित्र ऋषि कहलाता है। और वाक्[3] विश्वकर्मा ऋषि उस अवस्था में बनती है, जब कि वाणीमात्र के उच्चारण से ही सब कुछ उत्पन्न व सम्पन्न हो जावे। इसी प्रकार अन्य इन्द्रियों के संबन्ध में कहा गया है। इन्द्रियों की इस व्यापक शक्ति को हमने अयास्य ऋषि के प्रकरण में भी दिखाया है। अतः हम यह कह सकते हैं कि इन इन्द्रियों की शक्तियां जब व्यापक हो जाती हैं, अपने मूलस्रोत के समान बन जाती हैं तभी ये ऋषि कहलाती हैं। एक इन्द्रिय अनेक ऋषि बन सकती हैं--

शास्त्रों में एक इन्द्रिय को कई-कई ऋषियों के नाम दिये गये हैं। विश्वामित्र वाक् भी है श्रोत्र भी है। भरद्वाज मन भी है और कान भी है। वाक् विश्वामित्र, वसिष्ठ और विश्वकर्मा ऋषि तीनों हैं। इस प्रकार यह इस तथ्य का ज्वलन्त उदाहरण है कि ऋषि व्यक्ति नहीं है। और विशेषकर वेदों में तो ये विभिन्न-विभिन्न गुण व शक्ति आदि के वाचक बने हैं। एक ही इन्द्रिय में कई प्रकार के गुण व अनेकों शक्तियां पैदा हो सकती हैं जिससे कि वह कई नामों से स्मरण की जा सकती है। हां! इस बात से हम यहां इन्कार नहीं करते कि इन विशिष्ट गुणों व शक्तियों को धारण करने वाले ऐतिहासिक ऋषि पूर्व में हो चुके हैं। परन्तु वेदों के ऋषियों पर विचार करने के लिये हमें ऐतिहासिक ऋषि व्यक्तियों की आवश्यकता नहीं है।

सप्त ऋषि और ब्राह्मी शक्ति

सप्तर्षियों का ब्राह्मी शक्ति से विशेष संबन्ध है। इस संबन्ध में निम्न मन्त्र अवलोकनीय है--

तद्ब्रह्म च तपश्च सप्तऋषय उपजीवन्ति ब्रह्मवर्चस्युपजीवनीयो भवति य एवं वेद।

अथर्व ८।१३।१६,१०।४

अर्थात् सप्तऋषि ब्रह्म और तप से जीवित रहते हैं। इस तथ्य को जो जानता है, वह ब्रह्मवर्चस्वी और दीर्घजीवी होता है। सप्तऋषि ऐन्द्रियिक शक्तियां हैं। इनका ब्रह्म और तप क्या है इसको संक्षेप में कहना चाहें तो यह कह सकते हैं कि "मनश्चेन्द्रियाणां चैकाग्र्यं परमं तपः" मन और इन्द्रियों की एकाग्रता ही उनका परम तप है। और यही ब्रह्मप्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है। एक और मन्त्र में सप्त ऋषियों के संबन्ध में यह निर्देश हुआ है कि ये सप्तर्षि इस विराट् को ब्रह्मण्वती रूप में देखते हैं (अथर्व ८।१३।१३) अथर्व में एक और मन्त्र आता है कि--

सप्तर्षीनभ्यावर्ते, ते मे द्रविणं यच्छन्तु ते मे ब्राह्मणवर्चसम्। अथर्व १०।५।३९ मैं सप्तर्षियों के अभिमुख होता हूँ। वे मुझे द्रविण और ब्रह्मवर्चस्व प्रदान करें। एक मन्त्र है कि--"उस ब्रह्मौदन का बृहस्पति सिर है, ब्रह्म (वेद) मुख

---

१ चक्षु र्वै जमदग्निर्ऋषिर्यदेनेन जगत् पश्यति। श० प० ८।१।२।३

२ श्रोत्रं वै विश्वामित्र ऋषिर्यदेनेन सर्वतः श्रृणोत्यथो यदस्यै सर्वतोमित्रं भवति तस्माच्छोत्रं विश्वामित्र ऋषिः। श० प० ८।१।२।६

३ वाक् वै विश्वकर्मर्षि र्वाचा हीदं सर्वं कृतम्। श०प० ८।१।२।९

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

है, द्यावा पृथिवी दोनों श्रोत्र हैं, सूर्य और चन्द्रमा आंखें हैं और सप्तऋषि प्राण अपान हैं (अथर्व ११।३।५) यहां सप्तऋषियों को प्राण और अपान बताया गया है जिस पर कि ब्राह्मी तनु का सम्पूर्ण जीवन आश्रित रहता है।

ब्रह्मजाया की प्राप्ति में सप्तर्षियों का तप वाञ्छनीय होता है। ब्रह्मजाया क्या है? इस संबन्ध में हम विस्तार से तो उसी समय विचार करेंगे जब कि इस सूक्त पर स्वतंत्र रूप से लिखेंगे। परन्तु यहां इतना कहना पर्याप्त है कि यह ब्रह्मजाया मानव स्त्री नहीं है। यह ब्राह्मण में ब्रह्मत्व व ब्राह्मी तनु को उत्पन्न करने वाली वाक् शक्ति है (ब्रह्म जायते यया सा ब्रह्मजाया) क्योंकि ब्राह्मण में ही यह वाक् शक्ति होती है और उसी में ही यह ब्रह्मत्व स्वाभाविक रूप से जागृत होता है अतः वेद में इसे ब्राह्मण जाया कह दिया गया है। श्री पं० शिवशंकर शर्मा जी काव्यतीर्थ ने अपने 'वैदिक इतिहासार्थ निर्णय' में "ब्रह्मजाया" के सम्बन्ध में जो विचार अभिव्यक्त किये हैं, वे इसी प्रकार के हैं। ब्रह्मजाया के सत्य स्वरूप की उपलब्धि में उससे पर्याप्त सहायता मिलती है। सायणाचार्य ने इस ब्रह्मजाया सूक्त के प्रारम्भ में जो इतिहास दिया है वह भी इस तथ्य की ओर निर्देश कर रहा है, वहां आता है कि "जुहुरिति वाङ्नाम। सा ब्रह्मणो जाया च बृहस्पतिर्वाचस्पतित्वाद् बृहस्पतेर्जुहूर्नाम भार्या बभूव। कदाचिदस्य किल्विषमस्या दौर्भाग्यरूपेणऽऽसांचक्रे। अतएव स एनां पर्यत्याक्षीत्। अनन्तरमादित्यादयो देवा मिथो विचार्यैनामकिल्विषां कृत्वा पुनर्बृहस्पतये प्रादुरिति। सायण भाष्य ऋ० १०।१०९।१

ब्रह्मजाया के सम्बन्ध में यह एक संक्षिप्त विवेचन है। यहां ब्रह्मजाया को जुहू नामक वाक् माना है और बृहस्पति को वाचस्पति। यहां वाक् को जुहू एक विशेष प्रयोजन से कहा गया है और वह यह कि यज्ञ याग में वाणी द्वारा जो आहुति दी जाती है, उसी यज्ञ याग के प्रयोजन से वाक् के जुहू रूप का यहां ग्रहण करना है। इसका भाव यह हुआ कि यज्ञ याग आदि में वाक् को आहुति साधन बनाने और अपने सम्पूर्ण अन्तरंगों को आहुति द्वारा अन्तरग्नि में आहूत करने से ब्राह्मी तनु की उत्पत्ति होती है, ब्रह्मत्व पैदा होता है। अतएव यह वाक् ब्रह्म जाया (ब्रह्म जायते यया सा) कहलाती है।

मनुस्मृति के निम्न श्लोक में भी ब्राह्मी तनु की उत्पत्ति में होम आदि को प्रमुख साधन बताया गया है। यह श्लोक इस प्रकार है—

स्वाध्यायेन व्रतैर्होमैस्त्रैविद्येनेज्यया सुतैः।
महायज्ञैश्च यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनुः।
मनु० २।१८

स्वाध्याय, व्रत, होम, त्रैविद्या, इज्या, सोम सवन, महायज्ञ, यज्ञ आदियों से यह शरीर ब्राह्मीरूप को धारण करता है।

यहां पर यज्ञ को हमें व्यापक रूप में नहीं ग्रहण करना चाहिये। क्योंकि श्लोक में स्वाध्याय, व्रत व होम आदि का पृथक् ग्रहण हुआ है। इस प्रकार वाक् के सूक्ष्मातिसूक्ष्म रूप से लेकर स्थूल से स्थूल सम्पूर्ण वाक् को हमें आहुति साधन बनाना चाहिये। इससे ब्रह्मत्व की उत्पत्ति होती है। यह वाक् आहुति साधन अर्थात् जुहू बने इसके लिये सप्तर्षियों व सप्तेन्द्रियों को बड़े भारी तप की आवश्यकता है। अब हम मन्त्र का अर्थ प्रस्तुत करते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

देवा एतस्यामवदन्त पूर्वे सप्तऋषयस्तपसे ये निषेदुः ।
भीमा जाया ब्राह्मणस्योपनीता दुर्धां दधाति परमे व्योमन् । ऋ० १०।१०९।४

इस मन्त्र का आध्यात्मिक अर्थ इस प्रकार है–

(ये सप्तऋषयः तपसे निषेदुः) जो सप्त ऋषि तप करने बैठे 'किस प्रयोजन से' कि सप्तेन्द्रिय सम्बन्धी वाक् जुहू बन जाये । अर्थात् ब्रह्मजाया की प्राप्ति हो तो (एतस्यां) इस ब्रह्म-जाया के संबन्ध में (पूर्वे देवा अवदन्त) पूर्व के देवों ने यह कहा कि (ब्राह्मणस्य जाया) ब्राह्मण की यह ब्राह्मी शक्ति (भीमा) भयंकर है । (उपनीता) उपनीत हुई अर्थात् समीप में आयी हुई (परमेव्योमन्) परम व्योम अर्थात् मस्तिष्क में (दुर्धां दधाति) बड़ी कठिनाई से धारण की जाती है ।

इस प्रकार आध्यात्मिक क्षेत्र में सप्तर्षियों पर हमने विचार किया और यह देखा कि सामान्य जन की इन्द्रियां सप्तर्षि नहीं हैं । इनमें ऋषित्व की उत्पत्ति की जाती है । ऋषित्व के उत्पन्न होने पर ही ब्रह्मत्व पैदा होता है । और ब्रह्मत्व को पैदा करने वाली ब्राह्मी शक्ति इन सप्तर्षियों के तप के प्रभाव से पैदा होती है ।

महाभारत में सप्त-ऋषि

महाभारत अनुशासन पर्व ९३ अध्याय में सप्त ऋषियों के सम्बन्ध में एक कथानक आता है जिसका संक्षिप्त सार निम्न प्रकार है––

किसी वन में अत्रि, वसिष्ठ, कश्यप, भरद्वाज, गौतम, विश्वामित्र तथा जमदग्नि ये सात ऋषि तप कर रहे थे । उनमें अरुन्धती, उनका परिचारक पशुसख तथा उसकी गण्डा नाम की पत्नी भी थी । ये सब समाधि द्वारा ब्रह्मलोक की प्राप्ति की इच्छा से तप कर रहे थे । पहले कभी शिवि पुत्र वृषादर्भि नामक राजा ने इनसे यज्ञ करवाया था तो दक्षिणा रूप में अपना पुत्र इन ऋषियों को दे दिया था; तब कुछ काल पश्चात् अनावृष्टिजन्य बड़ा भारी दुर्भिक्ष पड़ा । इससे वह राजा का पुत्र मर गया ऋषियों के पास अपनी क्षुधा-निवृत्ति के लिए कुछ नहीं था, तब उन्होंने उस बच्चे के शव को पकाना आरम्भ किया । उसी समय बच्चे का पिता वृषादर्भि वहां आ पहुंचा । वृषादर्भि ने उन ऋषियों की दुरवस्था देख कर उनसे प्रतिग्रह के रूप में पृथ्वी, धन, खच्चर गऊवें आदि लेने की प्रार्थना की । इस पर उन ऋषियों ने कहा कि राजाओं का प्रदत्त दान मधुर आस्वाद वाला होते हुए भी विष तुल्य होता है । अतः उन्होंने लेने से इन्कार कर दिया । ऋषि उस शव को छोड़ कर वन में कन्दमूल, फल की खोज में चले । तब राजा की आज्ञा से मन्त्रियों ने गूलर में स्वर्ण रख कर उन्हें पेश किया । इस पर ऋषियों ने अत्रि द्वारा सचेत किये जाने पर धन्यवाद पूर्वक कहा कि हम पूर्ण जागरूक हैं हमें ज्ञात है कि इन फलों में स्वर्ण विद्यमान है, इसका मृत्यु के अन्त में दुष्परिणाम होता है । स्वर्ण सहस्त्रों गुणा फल देता है इसकी अत्यधिक इच्छा करने वाला व्यक्ति पापिष्ठों की गति पाता है । व्रीहि, यव, पशु, स्त्रियां आदि ये सब किसी भी मनुष्य को तृप्त करने में असमर्थ हैं । अतः विद्वान् को चाहिए कि वह शान्ति व श्रम का आचरण करे । पुरुष की कामना याचना व प्रार्थनाओं आदि की कोई सीमा व मात्रा नहीं होती । कहा भी है––

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

न तल्लोके द्रव्यमस्ति यल्लोकं प्रति पूरयेत् ।
समुद्रकल्पः पुरुषो न कदाचन पूर्यते ।।

अर्थात् लोक में ऐसा कोई द्रव्य नहीं है जो कि लोक को भरपूर कर दे । पुरुष समुद्र के तुल्य है यह कभी नहीं भरा जा सकता ।

जब मनुष्य की एक कामना पूरी हो जाती है तो स्वतः ही दूसरी कामना उत्पन्न हो जाती है । यह कामनाओं का सिलसिला सामान्य मनुष्य में अनन्त काल तक चालू रहता है कभी भी समाप्त नहीं होता । अतः इन कामनाओं की समाप्ति के लिये तपस्या ही एक उपाय है । द्रव्य प्रतिग्रह व संग्रह के विरोध में यह तपस्या मनुष्य में संयम को पैदा करती है । तपस्या द्वारा उत्पन्न यह संयम रूपी धन एक लोभी ब्राह्मण का विनष्ट हो जाता है । धर्म के लिये द्रव्य सञ्चय की अपेक्षा भी तप व संयम का सञ्चय ही श्रेष्ठ होता है ।

इस प्रकार काम, तृष्णा तथा द्रव्य संचय में दोष देख कर उन ऋषियों ने वे फल नहीं लिये और धृतव्रत वे ऋषि वहां से चले गये । इस पर वृषादर्भि राजा ने क्रोध में आ हवन द्वारा एक कृत्या नाम की राक्षसी को उत्पन्न किया और उसका यातुधानी नाम रक्खा । राजा ने उसे आज्ञा दी कि जाओ सप्त ऋषियों के नाम जान कर उनको विनष्ट कर दो और तदनन्तर जहां चाहो विचरण करो । वह राक्षसी सप्त ऋषियों के पास गई । सप्त ऋषि उस वन में फल मूल खाते हुए, विचरण करते थे उसी समय उन्होंने रक्तवर्ण के हाथ पैर, मुख वाले तथा पीतोदर स्थूलशरीर वाले परिव्राजक को कुत्ते सहित विचरते हुए देखा । अरुन्धती उस सर्वाङ्ग सुन्दर परिव्राजक को देख कर ऋषियों से बोली कि आप लोग ऐसे नहीं हैं । इस पर क्रम से ऋषियों ने यूं कहना प्रारम्भ किया ।

वसिष्ठ=हम इस समय अग्निहोत्र नहीं करते हैं, सायं-प्रातः अग्निहोत्र होना चाहिए । यह अग्निहोत्र करता है अतः पुष्ट है ।

अत्रि=क्षुधा के कारण हमारा वीर्य तथा विद्या नष्ट हो चुकी है ।

विश्वामित्र=हमारा शास्त्र का अध्ययन जीर्ण शीर्ण हो गया है और हम आलसी हो गये हैं ।

जमदग्नि=वर्ष भर का अन्न और ईंधन की चिन्ता हमें सताती है ।

कश्यप=हमारे चारों भाई देहि-देहि करके भीख मांगते रहते हैं, इसके नहीं अतः यह पुष्ट है ।

भरद्वाज=भार्या के अपवाद से हमें शोक हुआ है । इसे नहीं ।

गौतम=हमारा त्रिकौशेय वस्त्र जो कि रंकु मृग चर्म का बना है, पुराना हो गया है । इसका नहीं । इस प्रकार उन ऋषियों ने अपने कृश होने के हेतु बताये ।

वह परिव्राजक उन ऋषियों के पास पहुंच कर बोला कि तुम्हारी सेवा करने के लिए आया हूं । तब वन में विचरते हुए उन्होंने स्वच्छ जल वाला तालाब देखा जिसमें कमल खिले हुए थे । उसमें प्रवेश का एक ही द्वार था और उसकी रखवारी यातुधानी राक्षसी कर रही थी ।

प्रश्नोत्तर के अनन्तर यातुधानी बोली कि

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

तुम क्षुधार्त्त हो अतः अपना-अपना नाम बोल कर इस सरोवर से बिस ले सकते हो। ऋषि लोग राक्षसी के दुष्ट-भाव को जान गये। उन्होंने अपना सीधा नाम न बता कर अन्य प्रकार से घुमा फिरा कर बताया। सप्तर्षियों के उन नामों को हम आगे स्पष्ट करेंगे।

सप्तर्षियों के सम्बन्ध में महाभारत के अन्तर्गत कथानक का संक्षिप्त अंश हमने यहां दर्शाया। यदि समग्र रूप में हम इस कथानक पर दृष्टिपात करें तो यह कथानक आलङ्कारिक प्रतीत होता है। महाभारत की नीलकण्ठीय टीका में भी इसे आलङ्कारिक रूप दिया गया है। कई आधुनिक विद्वानों की दृष्टि में भी यह आध्यात्मिक रूप लिये हुए है। हमारे विचार में महाभारत का यह कथानक बृहदारण्यकोपनिषद् अध्याय २ ब्राह्मण २ में वर्णित मन्त्र का ही विस्तार प्रतीत होता है। अथर्ववेद १०।८।९ मन्त्र में भी इन्हीं सप्तर्षियों की ओर संकेत हुआ है।

अब हम कथानक में आये पात्रों के ऊपर विचार करते हैं--

वृषादर्भि

वृषादर्भि मन है। इसकी इस प्रकार निरुक्ति की जा सकती है--

वृषं ज्ञानवर्षणं विषयवर्षणं वा (इन्द्रिय द्वारा) आ समन्तात् दृभयति दृभतीति वा (दृभी ग्रन्थे तुदादि, दृभ सन्दर्भे (गांठना)।

अर्थात् वृषादर्भि मन का वह रूप है जो कि इन्द्रियों द्वारा गृहीत ज्ञान व विषयों का संग्रह करता है तथा उनका भोग करता है।

वृषादर्भि का पुत्र —

वृषादर्भि का पुत्र वह शिशु प्राण है जिसका वर्णन बृहदारण्यकोपनिषत् २।२ में किया गया है यह मध्यम प्राण है। सप्तेन्द्रियां (सप्तशीर्षण्य प्राण) बहिर्मुखी हो कर बाह्य जगत् से अन्न लाती हैं और इस शिशु प्राण को प्रदान किया करती हैं जिससे कि यह वृद्धि को प्राप्त करता है। परन्तु जब इन्द्रियां मुक्त होना चाहती हैं तो उनका बाह्य जगत् से सम्बन्ध छूट जाता है और एक प्रकार से अकाल पड़ जाता है। इस प्रकार बाह्य जगत् का अन्न न मिलने से वृषादर्भि रूपी मन का पुत्र यह शिशु प्राण भूख से पीड़ित हो मृत्यु को प्राप्त करता है। इस प्रकार वह शिशु प्राण निर्जीव हो जाता है सक्रिय नहीं रहता। एक प्रकार से वह शव रूप है तब वह इन इन्द्रियों की तपस्या रूपी अग्नि में परितप्त होता है। परन्तु तपस्या करते हुए भी बाह्य जगत् के विषयभोग रूपी प्रलोभन बार-बार सामने आते हैं।

वृषादर्भि द्वारा इन इन्द्रिय रूपी सप्तर्षियों को दिए गये प्रलोभन बाह्य जगत् के विषय भोग ही हैं। परन्तु जब ये सप्तर्षि इन प्रलोभनों में नहीं फंसते हैं तब कालान्तर में दिव्य भोग सामने आते हैं। ये ही दिव्य भोग उदुम्बर में हिरण्य रख कर उन्हें प्रदान किये गये हैं। प्रायः मनुष्य इन दिव्य भोगों में फंस जाते हैं और उनसे वे प्राण की सन्तुष्टि करते हैं इस प्रकार उनका अधःपतन हो जाता है। परन्तु जब ये इन्द्रियां इन दिव्य भोगों में भी नहीं फंसती तब वृषादर्भि द्वारा एक कृत्या उत्पन्न की जाती है जो कि यातुधानी कहलाती है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

यातुधानी--

यातुधानी का अर्थ है 'यातूनि दधातीति' अर्थात् जो गति (यातु) को धारण करने वाली हैं। ये गतियां निकृष्ट गतियां हैं। मुक्ति की दृष्टि से इन्द्रियों की बाह्यविषयों के प्रति गतियां निकृष्ट ही कही जासकती हैं। इन्द्रियों में गति पैदा करने वाली इन इन्द्रियों को अपनी बुभुक्षा होती है। यह बुभुक्षा अग्निहोत्र से उत्पन्न होती है। इन्द्रियां बाह्य जगत् से विषय रूपी आहुति लाकर शरीर के अन्दर होमती रहती हैं यह उनका अग्नि होत्र हैं। इससे बुभुक्षा उत्पन्न होती है। यह बुभुक्षा दूसरे शब्द में कामना है, इन्द्रियों के मुक्ति मार्ग में यह कृत्या के समान है।

पद्मिनी--

पद्मिनी शिर में विद्यमान वह सरोवर है जिसके चारों ओर ये सप्तेन्द्रिय रूपी ऋषि अपना-अपना आश्रम बना कर तप कर रहे हैं। इस सरोवर का वर्णन बृहदारण्यकोपनिषत् २।२ में 'अर्वाग् बिलश्चमस उर्ध्वबुध्नः' मन्त्र द्वारा किया गया है। इसी सरोवर में ये ऋषि बिस की इच्छा से डुबकी लगाते हैं।

बिस--

मस्तिष्क में विद्यमान सहस्रार चक्र (सहस्र-दल पद्म) की नाड़ियों को यहां बिस कहा गया है। ये सप्तेन्द्रिय रूपी ऋषि अन्तर्मुखी अवस्था में इस पद्मिनी में प्रवेश करते हैं और उन नस नाड़ियों में विद्यमान दिव्य अन्न को भक्षण करने का उपक्रम करते हैं, परन्तु ये उन बिसों का भक्षण कर भी नहीं पाते कि "शुनः सख" नामक इन्द्र उन्हें छिपा देता है।

शुनः सख--

'शुनः सख' इन्द्र है, महाभारत के इसी प्रकरण में स्पष्ट रूप से इसे इन्द्र कहा गया है। इन्द्र दिव्य मन है। मन इन्द्रियों का अधिपति है सामान्य मन वृषादर्भि है जो कि इन्द्रियों को विषयभोगों में लिप्त करता है परन्तु दिव्य मन इन्द्रियों को भोगों से विरक्त करता है। यहां इन्द्र को 'शुनः सख' कहा है। 'शुनः' प्राण का नाम है अर्थात् यह दिव्य मन दिव्य प्राण से सम्पृक्त है।

कुत्ता--

इस इन्द्र के साथ एक कुत्ता है। यह पाप व दिव्यता को सूंघने की दिव्य शक्ति है। अर्थात् गुफा में प्रच्छन्न रूप में विद्यमान वृत्र बल व पणि आदियों का यह ऐन्द्रियिक दिव्य शक्ति पता लगा लेती है। गौ रूपी दिव्य शक्तियां कहां पर विद्यमान है यह ज्ञात कर लेती है। इन्द्रियों की अन्तर्मुखी अवस्था में यह घ्राण शक्ति प्रादुर्भूत होती हैं।

अब हम अत्रि आदि सप्त ऋषियों के सम्बन्ध में विचार करते हैं।

१ अत्रि

१--अत्रि मुखस्थ प्राण हैं 'अद्भक्षणे' धातु से इसकी निष्पत्ति की गई है। मुखस्थ प्राण के मुख्य रूप से दो कार्य होते हैं एक अन्न भक्षण करना और दूसरा स्वाध्याय करना,। ये ही दोनों कार्य महाभारतान्तर्गत कथानक में पठित श्लोकों द्वारा अभिव्यक्त किए गये हैं यथा--

नैतस्येह यथाऽस्माकं क्षुधा वीर्यं समाहतम्।
कृच्छ्राधीतं प्रनष्टं च तेन पीवान् शुना सह ॥

भूख से वीर्य अर्थात् शक्ति का क्षय होना तथा कष्टाधिक्य से अधीत विद्या का विनाश होना। ये दोनों बातें इस तथ्य की ओर निर्देश

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

कर रही हैं कि यह अत्रि प्राण मुखस्थ प्राण है। अब हम इन दो कार्यों को दृष्टि में रख कर अत्रि सम्बन्धी उस श्लोक की निरुक्तियों का विवेचन करते हैं जो कि यातुधानी के प्रश्न करने पर कही गई हैं।

अरात्रिरत्रिः सा रात्रिर्यां नाधीतेऽत्रिरद्य वै।
अरात्रिरत्रिरित्येव नाम मे विद्धि शोभने ॥

अर्थात् अत्रि प्राण वह है जिसमें अरात्रिः रात्रि नहीं है अन्धकार नहीं है। रात्रि उसी समय होती है जबकी अध्ययन नहीं करता है। अर्थात् बौद्धिक कार्य नहीं होता है।

अरात्रिः अद्य वै--

अद्य यहां वर्तमान के अर्थ में आया है। वर्त्तमान काल में ही अत्रि प्राण की सत्ता है क्योंकि जब भी मुख से अध्ययन होगा वह वर्त्तमान काल ही होगा। अतः भूत व भविष्य की दृष्टि से अत्रि प्राण नहीं है। और फिर रात्रि में सोते हुए मुख बन्द होता है। इस समय न तो अन्नभक्षण का कार्य होता है और नाहीं अध्ययन होता है।

अरात्रि के और भी अर्थ हैं--रात्रिः रमणात् अर्थात् इसमें रमण नहीं है रति व रमण के समय अध्ययन व ज्ञान आदि समाप्त हो जाता है-दूसरे रति अर्थात् सम्भोग के समय मुख स्वतः बन्द हो जाता है।

२ वसिष्ठ -

वसिष्ठ ऋषि के सम्बन्ध में श. प. ८।१।१।६ में आता है कि "प्राणो वै वसिष्ठ ऋषिः" अर्थात् प्राण वसिष्ठ ऋषि हैं। इस सम्बन्ध में हमारा विचार यह है कि सबके प्राण वसिष्ठ नहीं होते। कौन सा प्राण वसिष्ठ है इसका समाधान स्वयं शतपथ ब्राह्मण में किया गया है। वहां आता है कि "यद्वै नु श्रेष्ठस्तेन वसिष्ठोऽथो यद्वस्तृतमो वसति तेनो एव वसिष्ठः" श. प. ८।१।१।६ अर्थात् प्राणों में श्रेष्ठ प्राण वसिष्ठ है जो कि वस्तृतम अर्थात् सर्वोत्तम वास का हेतु है, जिसके कारण शरीर में जीव का सुन्दर रूप में वास होता है वह प्राण वसिष्ठ है। इसी दृष्टि से महाभारत के निम्न श्लोक को पढ़ना चाहिए।

वसिष्ठोस्मि वरिष्ठोऽस्मि वसे वासगृहेष्वपि।
वसिष्ठत्वाच्च वासाच्च वसिष्ठ इति विद्धिमाम् ॥

हे यातुधानि ! मैं वस्तृतम अर्थात् सर्वोत्तम वासहेतु हूं, सर्वश्रेष्ठ हूं, शरीरान्तर्गत सभी वास-स्थानों में बसता हूं, अन्यों का वासहेतु तथा स्वयं बसने के कारण मुझे वसिष्ठ जानो।

३. कश्यप

बाह्य सौर जगत् में सूर्य से निकल कर त्रैलोक्य में व्याप्त होने वाला सौर प्राण ही कश्यप है। यह सूर्य कश्यप रूप में परिणत हो कर प्रजा का निर्माण करता है। परन्तु हमें यहां अध्यात्म क्षेत्र में कश्यप के स्वरूप को देखना है। तै. आ. १।७ में आता है कि सिर के ये सप्त प्राण कश्यप से ज्योति प्राप्त करते हैं। ये सप्त-प्राण सप्त रश्मियां हैं, इन्हें ही सप्तसूर्य या सप्तर्षि कहते हैं। तै. आ. १।८ में आता है कि 'कश्य-पादुदिताः सूर्याः' अर्थात् कश्यप से ये सप्त सूर्य उदित होते हैं। प्रश्न यह पैदा होता है कि कश्यप क्या है? इस सम्बन्ध में वहां आता है कि 'कश्यपः पश्यको भवति यत् सर्वं परिपश्यतीति

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सौक्ष्म्यात् तै. आ. १।८ अर्थात् पश्यक ही कश्यप है क्यों कि यह सूक्ष्म रूप होने से सब को देखता है। इस दृष्टि से हम यह कह सकते हैं कि मस्तिष्क की वह बौद्धिक दिव्य शक्ति कश्यप है जिसके जागृत होने पर सब इन्द्रियां सूक्ष्म जगत् के दर्शन करने वाली बन जाती हैं। जब मनुष्य में कश्यप शक्ति अर्थात् सूक्ष्म–दर्शन शक्ति जागृत हो जाती है तब वह यह देख लेता है कि अमुक कर्म से अमुक फल प्राप्त होता है। देव मनुष्य आदि उत्कृष्ट योनियां तथा पाप कर्म द्वारा कृमि कीट व स्थावर आदि निकृष्ट योनियां किन कर्मों से प्राप्त होती हैं यह वह जान जाता है ऐसी अवस्था में वह पाप में प्रवृत्त नहीं होता। इसी दृष्टि से तै. आ. १।८ में कहा कि 'अपैतं मृत्युं जयति य एवं वेद स खल्वेवंविद्ब्राह्मणः दीर्घश्रुत्तमो भवति कश्यपस्यातिथिः सिद्धगमनः सिद्धागमनः। तै. आ. १।७

अर्थात् जो कश्यप सम्बन्धी रहस्य को जानता हो वह अपमृत्यु अर्थात् अपकृष्ट निकृष्ट मृत्यु को जीत लेता है इस रहस्य का ज्ञाता ब्राह्मण दीर्घश्रुत्तम माना गया है। ऐसे दीर्घश्रुत्तम ब्राह्मण का कश्यप शक्ति के प्रति गमनागमन सिद्ध होता है अर्थात् वह अन्तर्निहित कश्यप तक पहुंचने में समर्थ होता है। अब हम महाभारत का वह कश्यप सम्बन्धी श्लोक दर्शाते हैं––

कुलं कुलं कुवमः कुवमः कश्यपो द्विजः।
काश्यः काशनिकाशत्वादेतन्म नाम धारय॥

कुलं कुलम् = प्रति प्राणि, प्रति शरीरं प्रतीन्द्रियं वा।

कुवमः = कौ पृथिव्यां शरीरे वा वमति, वर्षति, सिञ्चति उद्गिरति वा। आदित्यः, सूक्ष्मः बुद्धिसूर्यश्च।

द्विजः = द्वितीयं जन्म यस्य सः।

अध्यात्म पक्ष में सामान्य बुद्धि-सूर्य कश्यप और द्विज नही है, प्रयत्न व साधना से इस बुद्धिसूर्य का द्वितीय जन्म अर्थात् दिव्य जन्म होता है। यह शरीरान्तर्गत सूक्ष्म से भी सूक्ष्म स्थानों व शक्तियों को देख लेता है।

काश्यः––कशामर्हन्ति ते कश्याः अश्वाः इन्द्रियाणि वा तत्र भवः। कश्यानि इन्द्रियाणि पातीति कश्यपः

काशनिकाशत्वात्––काश सदृश शुभ्र नाड़ी।

४. जमदग्नि

जमदग्नि प्रज्वलित अग्नि वाले को कहते हैं। नि. ७ अ. २४ ख० में इस पद की निरुक्ति निम्न प्रकार की है––"जमदग्नयः प्रजमिताग्नयो वा प्रज्वलिताग्नयो वा" अर्थात् प्रकृष्ट गति वाली अग्नि से युक्त अथवा प्रज्वलित अग्नि से युक्त को जमदग्नि कहते हैं। श. प. ८।१।२।३ में चक्षु को जमदग्नि ऋषि बताया है। इस का तात्पर्य यह हुआ कि चक्षु इन्द्रिय में जब प्रकृष्ट गति होती है और अग्नि प्रकृष्ट ज्वलन वाली होती है तब वह चक्षु जमदग्नि नाम से कही जाती है। चक्षु में ज्योति का न होना अथवा निकृष्ट अश्लील दर्शन वाली होना जमदग्नि का रूप नहीं है। वैसे मन के साथ सभी इन्द्रियों का सम्बन्ध है पर चक्षु इन्द्रिय तो मन का ही बाह्य रूप है, इसी दृष्टि से शास्त्रों में चक्षु का मन के साथ विहार बताया है (ऐ. ब्रा. ६।२।२४)। यह विषय हम "वैदिक अध्यात्म विद्या" में दर्शा चुके हैं। किसी भी व्यक्ति के चक्षुओं को देख कर उसके मन का स्वरूप व स्तर जाना जा

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सकता है। अतः चक्षु में जमदग्नि का रूप तभी प्रकट होता है जब मानसिक यज्ञस्थली में अग्नि खूब प्रज्वलित होती है। मानस की चक्षु सम्बन्धी प्रदीप्त अग्नि जमदग्नि ऋषि है। इस दृष्टि से महाभारत के निम्न श्लोक में जमदग्नि का स्वरूप देखा जा सकता है—श्लोक इस प्रकार है—

जाजमद्यजजानेऽहं जिजाहीह जिजायिषि।
जमदग्निरिति ख्यातस्ततो मां विद्धि शोभने॥

जाजमद्यजजाने—

भूयो भूयोऽतिशयेन जमन्ति यस्मिन् (अग्नौ) ते जाजमन्तो देवास्तेषां यजनं संगठनं यत्र तत्—जाजमद्यजम् देवसदनं यज्ञस्थली वा तत्र देव-सदने जानः प्रादुर्भावो यस्याग्नेस्तस्मिन् यज्ञाग्नौ जाजमद्यजजानेऽहं जिजायिषि पुनः पुनः जनयामि।

अर्थात् जिस अग्नि में देवता लोग बार-बार अतिशय रूप में, आहुति रूप होम द्रव्य को जीमते हैं वे जाजमन्त देव कहलाते हैं, ये देव जहां एकत्रित हो कर यज्ञ रचते हैं उस यज्ञस्थली में जो अग्नि प्रादुर्भूत होती है वह जमदग्नि नाम से कही जाती है। अध्यात्म क्षेत्र में सामान्य भाषा में हम इसे यूं प्रकट कर सकते हैं कि जब व्यक्ति के मन में सदा दिव्य भाव उठते हैं, आसुरी व पाप वृत्तियों का आगार न बन सदा देवों का सदन बना रहता है ऐसे मन में जो अग्नि प्रज्वलित होती है और दिव्यदर्शन-शक्ति से जिसका सम्बन्ध होता है वह जमदग्नि ऋषि कहलाती है।

१. भूयो भूयोऽतिशयेन जमन्ति युगपदेनेकेषु यज्ञादिष्वनेकवारं पुनः पुनर्भक्षयन्ति हवींषि ते जाजमन्तो देवाः। जमुभक्षणे यङ्लुकि शत्रन्तस्य रूपम् इज्यन्ते देवता ऽस्मिन् इति यजो ऽग्निः। तेषां जानआविर्भावस्तस्मिन् जिजायिषि जातोऽस्मि। नील कण्ठीय टीका

५. भरद्वाज

राष्ट्रभाषाविषये यद् विधेयकं लोकसभायां प्रस्तुतं विद्यते तत् सर्वथाऽप्यनुचितमराष्ट्रियं भारतीयताया विघातकमिति मन्यामहे वयम्। अस्मन्मतेऽस्य प्रबलो विरोधो येनकेनाप्युपायेन कर्तुं युज्यते। अहो! महदाश्चर्यं शिववीरस्य प्रदेशे लब्धजन्मा चह्वाण आंग्लभाषायाः प्रतिष्ठापनाय बद्धपरिकरो दुराग्रहग्रहिलश्च प्रतीयते। हिन्दीप्रदेशानां सर्वकारेषु तेषां कार्यव्यवहारेषु च आंग्लभाषाया अनिवार्यता कुतो निर्धार्यते। किमांग्लभक्ताः शासनाधिरूढा औफिसरनाम्ना विख्याताः कर्मचारिणो नेतारश्च नावधीरयन्ति जनतन्त्रसारम्? अस्ति कश्चिदन्योऽपि स्वतन्त्रो देशोऽस्मिन् भूतले यत्र विदेशीया भाषा राष्ट्रभाषात्वेन सभाजिताऽवलोक्यते। कामं पठन्तु मद्रासप्रान्तवास्तव्या आंग्लभाषां व्यवहरन्तु च यथेच्छम्, परमन्येषु कुतो बलवदारोप्यते सा।

राजनीत्याजिधावनभूप्रदेशे सर्वात्मना पतितः पराजितश्च जयप्रकाशनारायणः सदैवोत्पथगामिनीं निकृष्टां हीनवृत्तिं प्रकटीकरोति। ततो भ्रष्टः सर्वोदयसमाजोपरि सम्पतितोऽतएव श्रीभावेऽपि तस्य परित्राणाय समागतः। धन्योऽसि महात्मगान्धिशिष्य! साधु सम्प्रदर्शिता महात्मनां पदवी विधेयकसम्पोषणेन त्वया।

आंग्लशासकानां समये या भारतमाताऽऽसीत्, पूर्वमेव सा खण्डशो विहीताऽऽग्लैः। बर्माप्रदेशः पृथक्भूतः, पाकिस्तानोऽपि पृथक् भूत्वा पलायितः। किमद्याप्यखण्डमवतिष्ठते भारतम्? यदि मद्रासप्रान्तः कश्चिदन्यो वा पृथक् बुभूषति कामं भवतु, काऽस्माकं हानिः। भारमातुर्यच्चित्रमतथ्यकल्पनाप्रसूतं प्रकाश्यते किं तदांग्लशासनात् पूर्वमासीत्? सुदूरेऽपि भूतकाले राजनीतिकदृष्ट्या न तत्तथाऽवलोक्यते।

मन्ये, देववाणीदृष्ट्या वैदिकधर्मदृष्ट्या वा तत् चित्रं कथङ्कारं तूलिकया निर्मातुं शक्यते परं न कोऽपि भाग्यशाली तां देववाणीं राष्ट्रभाषात्वेन प्रतिष्ठापयितुं प्रयतते। सर्वासामार्यभाषाणां जननीयं देववाणी राष्ट्रभाषासिंहासनमधितिष्ठत्वेष एव प्रयत्नोऽस्माभिर्विधेयः। शौनःशेपाख्याने निगदितात् पितुः शासनलंघनात् यदि पञ्चाशत् विश्वामित्रपुत्रा द्रविडतां सम्प्राप्ताः किं ते आर्यस्रोतसः सम्प्रसूता न? आर्यजातेः पृथक् सन्ति द्राविडा इत्यांग्लानामुद्घोषः कूटनीतिपरायणानां छद्मवचः। विदेशेऽधीताः विदेशीयसंस्कृतिछायायां बाल्यात् सम्प्रवर्धिताः संस्कृतभाषाज्ञानशून्या नेतारो यावदस्य देशस्य शासनधुरां वहन्ति तावद् भारतीयसंस्कृतेः संस्कृतस्य चाभ्युत्थानमसम्भवमेवेति निश्चप्रचमिव जोघुष्यतेऽस्माभिः। अस्मन्मते तु यदि स्वदेशभाषा विनष्टा तत् सर्वं विनष्टमिति मन्यामहे वयम्।

स्वा० श्रद्धानन्दमहाभागानां बलिदानजयन्ती

प्रतिवर्षं दिसम्बरमासस्य २३ दिनांके श्रद्धाव्रतधारिणां श्रद्धानन्दमहाभागानां बलिदानजयन्ती सर्वत्र परमपावनपर्वरूपेण मान्यते। श्रुत्यनुसारं साधुवृत्तानुरूपं च स्वजीवनं यापयन्तस्ते भारतीयसंस्कृतेराधारभूतायाः सर्वाङ्गपरिपूर्णाया देववाण्याः श्रुतीनां च पुनरुद्धाराय गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयस्य स्थापना व्यदधुः। एवमन्यान्यपि बहूनि कार्यक्षेत्राणि तेषां संन्यासिप्रवराणां सन्ति। एवमेवाचार्यप्रवराणां रामदेवमहोदयानामपि दिसम्बरमासस्य ९ दिनांके १९३९ ईस्वीये निधनदिनं विद्यते। गुरुकुलकांगड़ीविश्वविद्यालयमभिलक्ष्य स्वामिश्रद्धानन्दानन्तरमेवाचार्यवर्याणां स्थानं विद्यते। अतोऽस्मिन् पर्वणि गुरुकुलवासिभिरार्यसामाजिकनेतृभिर्विचारणीयमेतत् यत् गुरुकुलं किं स्वस्थानान्न परिभ्रष्टम्, यत्किञ्चित् परिवर्तनमत्र संल्लक्ष्यते किं तदुचितमिति। वयं तेभ्यो गुरुकुलप्रासादस्याधारभूतेभ्यस्तपस्त्यागादिमूर्तिरूपेभ्यो वारं वारं प्रणोनुमः। सप्रश्रयं सश्रद्धं श्रद्धाञ्जलिं समर्पयामः।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

साहित्य समीक्षा

धर्मशिक्षा, हमारी कहानी, आर्यसमाज के १२ रत्न।

लेखक—श्री मित्रसेन आर्य, एम. ए.

'सन्ध्या गायन' (ले० श्री विद्याधर आर्य)

प्रकाशक—भारतवर्षीय वैदिकसिद्धान्तपरिषद्, सेवासदन, कटरा अलीगढ़।

ये तीनों लघु पुस्तिकाएं श्री मित्रसेन जी आर्य द्वारा लिखित हैं। छोटे बच्चों को उद्देश्य करके लिखी गई हैं। आज के भारत के नौजवान अपने धर्म, सभ्यता व संस्कृति को भूलते जाते हैं। अतः आवश्यकता इस बात की है कि नव-सन्तति को भारतीय, सभ्य व सुसंस्कृत कैसे किया जाये ? हमारे विचार में उपर्युक्त पुस्तिकाएं इस उद्देश्य की पूर्ति में सहायक हो सकती हैं। छोटे बच्चों को ये पुस्तकें पढ़ने को देनी चाहियें।

इसी भांति 'सन्ध्या गायन' श्री विद्याधर आर्य द्वारा रचित है, जिसमें सन्ध्या-मन्त्रों का कविता में अर्थ दर्शाया गया है। यह सन्ध्या के मन्त्रों के अर्थों को बच्चों के मस्तिष्क में बैठाने के लिये उपयोगी साधन है।

भगवद्दत्त वेदालङ्कार

०—०

(पृष्ठ २८० का शेष)

महाविद्यालय के प्रार्थना भवन में अध्यक्ष, आर्ट्स कालिज श्री सुखदेव जी विद्यावाचस्पति की अध्यक्षता में अभिनन्दन-सभा आयोजित हुई।

वादविवाद प्रतियोगिता में श्री वेदप्रकाश एम० ए० संस्कृत द्वितीय वर्षसर्व प्रथम रहे। उन्हें प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ स्वर्ण पदक एवं रजत पदक प्राप्त हुए। केवल इतना ही नहीं अपितु उनकी धाराप्रवाह संस्कृत को देख कर एक श्रोता एकादश रुपए पुरस्कारस्वरूप प्रदान किए।

निबन्ध प्रतियोगिता में श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार एम० ए० का स्थान सर्वप्रथम रहा। आपको पुरुस्कारस्वरूप प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ सौ रुपए प्रदान किए गए।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय स्तर की भाषण प्रतियोगिता में 'महर्षि दयानन्द की देन' विषय को लेकर श्री रघुवीर 'मुमुक्षु' वेदालंकार अन्तिम वर्ष का द्वितीय स्थान रहा।

उपरोक्त तीनों छात्रों के अभिनन्दनार्थ आयोजित सभा में अनेक उपाध्यायों तथा छात्रों ने पुरस्कृत होने पर अपार प्रसन्नता अनुभव की। हम विश्वविद्यालय की ओर से उपरोक्त छात्रों का पुनः अभिनन्दन करते हुए बधाई देते हैं।

स्वास्थ्य-मंत्री गुरुकुल में

२१ नवम्बर को उत्तरप्रदेश के स्वास्थ्यमंत्री श्री प्रतापसिंह जी गुरुकुल में पधारे। आपने गुरुकुल के समस्त विभागों को देखकर अपार प्रसन्नता अनुभव की। आपको विश्वविद्यालय की ओर से अभिनन्दन पत्र भेंट किया गया। आपसे आशा की गई कि आप इस संस्था को अपनी संस्था समझेंगे। स्वागतसभा में आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्रों ने सरकार से मिलने वाले-अनुदान की ओर इंगित किया। मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया कि इस पर मैं ध्यान दूंगा। विश्वविद्यालय मंत्री महोदय का अभिनन्दन करता है।

०—०

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विवाहसमये वधूवराभ्याम् आशिषः

कविः – विश्वनाथ केशव छत्रे द्वारा श्री० भावे, ५२ सेंचरी रेआन 'डी' क्वार्टर्स
धोबी घाट, पो० शहाड (ठाणें)

आनन्देन वधूवरौ ! सहचरौ स्वायुःपथे स्वेच्छया
संबद्धौ भवतो युवां सुमृदुलस्नेहस्य दाम्ना दृढम् ।
भूयाज्जीवनमुज्ज्वलं सुखमयं शांतिप्रपूर्णं च वाम्
दत्त्वेत्याशिषमीशमंगलनिधिः कुर्यात्सदा मंगलम् ।।

हे वधु और वर ! तुम दोनों अपने जीवन-पथ में स्वेच्छा से आनन्दपूर्वक सहचर बने हो । तुम दोनों सुकोमल स्नेहरूपी रज्जु द्वारा विवाह-बन्धन में दृढ़ता से बंध गये हो । तुम दोनों का जीवन उज्ज्वल, सुखमय तथा शान्ति से भरपूर हो । यह मङ्गलनिधि ईश आशीर्वाद द्वारा सदा तुम्हारा मंगल करता रहे ।

यास्यत्यादिम आश्रमोऽन्तमुभयोः स ब्रह्मचर्याभिधः
संगाद्यैक्यविवेकसख्यमधुना पाल्यो गृहस्थाश्रमः ।
चक्रे यावदहो ! समं प्रचलतस्तावद्रथस्थः सुखी
ज्ञात्वेत्याचरतोः स्वकर्म भगवान्कुर्याद्द्वयोर्मंगलम् ।।

तुम दोनों का यह ब्रह्मचर्याश्रम अब समाप्त हो रहा है, अब तुम एक हो, इस विवेक के सहित मित्र बन गृहस्थाश्रम का पालन करना । रथ में जुते दो बैल जब तक एकसाथ समान गति से चलते हैं तब तक रथ में स्थित व्यक्ति सुखी रहता है, उसी प्रकार गृहस्थरूपी रथ में तुम दोनों परस्पर सम्बद्ध हो यदि एक समानभाव से स्वकर्म का आचरण करने वाले बनोगे तो सुखी रहोगे । वह भगवान् तुम दोनों का सदा कल्याण करे ।

ध्येयं निश्चितमायुषस्तु सुचिरं संपाद्यतां यत्नतः
सन्मार्गेण धनं समर्ज्य विमलैः कृत्यैः क्षयं नीयताम् ।
यायाद्दिक्षु यथा कुलद्वययशः सैव क्रियाऽऽचर्यतां
प्रीत्यै यस्य शुचिक्रियाः स भगवान्कुर्याद्द्वयोर्मंगलम्।।

जीवन का जो निश्चित ध्येय है चिरकाल तक उसे पूर्ण करने का यत्न करते रहो । सन्मार्ग द्वारा धन-संग्रह करके निर्मल व स्वच्छ कृत्यों में उसका व्यय करो । जिस काम के करने से दोनों कुलों का यश दिगदिगन्तरों में फैले वही काम करना, जिसको प्रसन्न करने के लिए ये सब शुद्ध व निर्मल कर्म किये जाते हैं वह भगवान् तुम दोनों का मंगल करे ।

सत्संगे क्रियतां सदैव वसतिर्विस्मर्यतां न प्रभुः
कर्तव्येष्ववधीयतामविरतं मा स वैभवैर्माद्यताम् ।
भुंजतां विषयाः सुखेन तु सदा संश्रीयतां संयमो
व्याप्तं येन चराचरं स भगवान्कुर्यात्सदा मंगलम् ।।

अपना वास सदा सत्संग में रखना, उस परम प्रभु को कभी न विसारना, कर्तव्यों के प्रति सदा जागरूक रहना, प्रभूत ऐश्वर्य के कारण कभी मदमस्त न होना, सुखपूर्वक विषयों का उपभोग करते हुए भी संयम का आश्रय कभी न त्यागना, चराचर में व्याप्त वह भगवान् सदा तुम्हारा मंगल करे ।

लभ्यन्तां सुतकन्यकाः समुचितं संरक्ष्य कालं द्वयोः
प्रेम्णा दक्षतया च बालकजनः सर्वोऽपि संवर्ध्यताम् ।
वंशस्याभरणं तथा जनिभुवः सर्वे भवेयुर्यथा
शिक्ष्यन्तां चिरमप्रमाद्य भगवान्कुर्याद्द्वयोर्मंगलम् ।।

तुम दोनों के पुत्र-पुत्रियां यथासमय समुचित संरक्षण को प्राप्त हों तथा प्रेम व दक्षता से उन का संवर्धन हो कि जिससे वे कुल तथा जन्मभूमि के अलंकरण बन सकें । इस प्रकार चिरकाल तक बिना प्रमाद के उन्हें शिक्षित करते रहना । वह भगवान् तुम दोनों का मंगल करे ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

धर्मं स्वं भुवि तत्त्वचिंतकवरैर्नित्यं स्तुतं रक्षितुं
यत्नैर्देशमपि प्रसंग उदिते वां प्रेरयत्वीश्वरः ।
लोकेऽज्ञानतमोऽपसार्य शिवकृन्मार्गः समुज्ज्वाल्यतां
तुष्टो दुःखितसेवया स भगवान्कुर्यात्सदा मंगलम् ।।

वरणीय व श्रेष्ठ तत्त्वचिन्तकों द्वारा नित्य-स्तुत स्वधर्म की तथा स्वदेश की रक्षा के प्रयत्न में वह ईश्वर सदा तुम्हें प्रेरित करता रहे । इस संसार से अज्ञानरूपी तम को दूर कर मंगलकारी मार्ग का सम्यक् प्रकार से प्रकाशन करते रहना । दुःखी व पीड़ित प्राणियों की सेवा से सन्तुष्ट हुआ वह भगवान् तुम्हारा कल्याण करे ।

संवृत्तं नरजीवनं भृशमिहेदानीं तु कष्टप्रदं
श्रेतव्यः सुपथोऽथवेतर इति भ्रांतोऽनिशं मानवः ।
श्रीगीतापथ ईदृशे समुदिते कृच्छ्रे समालंब्यतां
कल्याणं हि ततो ध्रुवं प्रभुवरः कुर्यात्द्वयोर्मंगलम् ।।

आजकल इस पृथिवी पर यह मानव-जीवन अत्यधिक कष्टमय हो गया है । सुमार्ग का अवलम्बन करे या तद्विपरीत का इसी में मनुष्य भ्रमित हो रहा है । अतः कृच्छ्र के आने पर तुम दोनों गीतोक्त (अनासक्ति व समर्पण) मार्ग का अवलम्बन करना, इससे तुम्हारा निश्चय से कल्याण होगा । वह प्रभुवर, तुम दोनों का कल्याण करे ।

आयुर्दीर्घनिरामयं सुखमयं शान्तं तथा लभ्यतां
सानन्दं वसतां गृहे च युवयोः श्री-शारदे सन्ततम् ।
युष्मत्सर्वमनोरथान् प्रभुकृपा संपूरयत्वाशु च
भक्तिप्रेमवशः सदैव भगवान्कुर्याद्द्वयोर्मंगलम् ।।

नीरोग, सुखी तथा शमप्रधान दीर्घायुष्य को तुम दोनों प्राप्त होओ । तुम्हारे घर में श्री तथा शारदा इन दोनों का सतत निवास हो । तुम्हारे सब मनोरथों को वह भगवान् शीघ्र पूर्ण करे । भक्ति व प्रेम के वशीभूत होकर वह भगवान् तुम्हारा मंगल करे ।

कन्या भर्तृगृहं प्रहीय सदनं चानीय काले स्नुषास्
ताभ्यः स्वीयगृहाधिकारमखिलं दत्त्वा शनैर्भर्तृभिः ।
प्रारब्धो निजयौवने स्थिरधिया स्वात्मावबोधोद्यमो
नीत्वाग्रे क्रियतामिहेव सफलः कुर्यात्प्रभुर्मंगलम् ।।

माता-पिता कन्याओं को पतिगृह भेजते हैं, उस समय पति उन्हें घर में लायें और अपना समस्त गृहाधिकार उन्हें सौंपें तथा यौवन में उन्हें अग्रणी बना कर प्रारम्भ किये हुए स्वात्मावबोधोद्यम को सफल करें । प्रभु तुम दोनों का मंगल करे ।

(हिन्दी रूपान्तरकर्ता—भगवद्दत्त)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वधूवरों को वैदिक शुभ आशीर्वाद

श्री० दा० सातवलेकर, अध्यक्ष–स्वाध्याय मंडल, पारडी, जिला–सूरत

ॐ अभि वर्धतां पयसाभि राष्ट्रेण वर्धताम् ।
रय्या सहस्रवर्चसेमौ स्तामनुपक्षितौ ।।
त्वष्टा जायामजनयत्त्वष्टास्यै त्वां पतिम् ।
त्वष्टा सहस्रमायूँषि दीर्घमायुः कृणोतु वाम् ।।

अथर्व० ६।७८।२–३

ये नवविवाहित 'वधू तथा वर' दोनों गौ का दूध, दही और घी पी कर हृष्ट, पुष्ट, बलिष्ठ, नीरोग और दीर्घजीवी बनें । ये दोनों वधू और वर अपने राष्ट्र के साथ रह कर अर्थात् अपने राष्ट्रहित का विरोध न करते हुए, सब प्रकार से अपनी उन्नति का साधन करते रहें और इनको हजारों प्रकार की सम्पत्तियां विपुल प्रमाण में प्राप्त होती रहें और वे प्राप्त हुई सम्पत्तियां इन के पास अक्षय रीति से रहें । जिस प्रभु ने यह विश्व उत्पन्न किया है, उसीने सौभाग्यकी इच्छा करने वाली यह वधू भी उत्पन्न की है और उसीने इस सुयोग्य पति के साथ इसका विवाह-सम्बन्ध जोड़ा है । हे वधूवरो ! तुम दोनों इस बात को ठीक तरह से ध्यान में रखो । तुम दोनों को वही परमेश्वर हजारों प्रकार के धन और ऐश्वर्य, वीर सन्तान और उत्तम नीरोगमय दीर्घ आयुष्य देवे यह हम सब यहां उपस्थित लोग इच्छा करते हैं ।

इहैव स्तं मा वि यौष्टं विश्वमायुर्व्यऽश्नुतम् ।
क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वस्तकौ ।।

अथर्व० १४।१।२२

हे वधूवरो ! तुम यहां इकट्ठे ही आनन्द से रहो, विभक्त न होवो । पूर्ण दीर्घ आयु तक तुम दोनों एक शुभविचार से मिल कर रहो । अपने पुत्रपौत्रों के साथ आनन्द से खेलते हुए, अपने सुन्दर घर में आनन्द से निवास करो ।

आशासाना सौमनसं प्रजां सौभाग्यं रयिम् ।
पत्युरनुव्रता भूत्वा सं नह्यस्वामृताय कम् ।।

अथर्व० १४।१।४२

हे वधू ! तुम अपना मन उत्तम सुविचार-मय रखो, अपनी प्रजा उत्तम हो ऐसी इच्छा करो, अपने सौभाग्य और ऐश्वर्य की इच्छा करो, अपने पति के अनुकूल बर्ताव करो और अपने दोनों के अमरत्व प्राप्तिपूर्वक आनन्द प्राप्त करने की इच्छा करो ।

एवा त्वं सम्राज्ञ्येधि पत्युरस्तं परेत्य ।
सम्राज्ञ्येधि श्वशुरेषु सम्राज्ञ्युत देवृषु ।
ननान्दु सम्राज्ञ्येधि सम्राज्ञ्युत श्वश्र्वाः ।।

अथर्व० १४।१।४३–४४

हे वधू ! तुम अब पति के घर जा कर वहां महारानी बन कर विराजो । पति के घर श्वशुर, श्वशुरी, देवर, ननन्द आदि जो पति के परिवार के लोग हों, उनमें तुम महारानी जैसी विराजमान हो ।

इस प्रकार आप दोनों वधूवरों का अत्यन्त उत्तम कल्याण हो । हे वधूवरो ! तुम दोनों आज इस शुभमंगल विवाह-संस्कार से सुसंस्कृत हो कर इस मंगलमय गृहस्थाश्रम में प्रविष्ट हो गये हो । इस कारण अपने भारत राष्ट्र का भवितव्य सुशोभित करने का दायित्व आज से

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

तुम्हारे ऊपर आ गया है। तुमने जो विद्या प्राप्त की है और जो ज्ञान तुम इसके पश्चात् प्राप्त करोगे उस ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित होकर तुम किसी प्रलोभन में न फंस कर, सुयोग्य परिशुद्ध मार्ग से अपना कर्तव्य उत्तम रीति से करके उन्नति को प्राप्त करो। तुम सतत उत्तम ज्ञान प्राप्त करते रहो। तुम दोनों ने इस विवाह-संस्कार में जो वैदिक प्रतिज्ञाएं की हैं, उनको समझकर स्मरण में रक्खो। उनको भूलो मत। तुम दोनों काया-वाचा-मन से तथा परिशुद्ध भाव से शुद्ध रहो और परस्पर को निर्दोष और पूर्ण करने का यत्न निष्कपट भाव से करते रहो। जिस परमेश्वर ने यह विवाह का शुभ संयोग बनाया वही तुम्हारा मार्गदर्शक है, यह भूलना नहीं। सब प्रकार की अवस्थाओं में ईश्वरको, स्वधर्म को और स्वदेशको मत भूलो इससे तुम सदा यशस्वी होते रहोगे। जगन्नियन्ता परमेश्वर तुम्हारा सब प्रकार से कल्याण करे।

परमेश्वर करे और ये आशीर्वाद सफल और सुफल हों और इन वधूवरों की अभ्युदयपूर्वक उन्नति हो।

॥ शुभं भवतु ॥

—०—

वैवाहिक मंगल कामना

श्री शङ्करसिंह वेदालंकार, एम० ए०

पद-पद पर विकसें जीवन की
मधुर - मधुर कलिकायें।
गुन-गुन करते भृंग तुम्हारे
यश की गाथा गायें।
रहे दिशा विदिशाओं में
शुभ - मंगल - गान तुम्हारा।
कल कण्ठी खग कलरव करते
भरें श्रोत्र - पुट प्यारा ॥१॥

हो समृद्धि, नवसिद्धि प्रनिधि
नित चरण तुम्हारे चापैं।
प्रभा - प्रपूर्ण प्रदेश सत्ययुत
मिलैं न अशुचि अलापैं॥
भाव - भरित भारती विचारी
शुचि आरती सजावै।
करै वन्दना प्रेम भरत की
राय न रीती जावै ॥२॥

१वृषभ २पीठ आरूढ़ सुशङ्कर
संरक्षण हित टहलें।
आशुतोष वरदानी तुमको
देते रहें न कुछ लें॥
भगवद्दत्त ऽऽत्मजे सुभगे
शान्ति प्रसूता दुहिते।
श्वसुर सदन में साम्राज्ञी बन
रहो उच्च नित सबसे ॥३॥

कर्मकला में विमल माधवी
सा मरन्द टपकाओ।
हरो प्राणपति का श्रम हंसकर
मधुर - मधुर मुसकाओ॥

१ पोषण, अभिवर्षण। २ चलता फिरता मञ्च।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

श्वेत हंसिनी सी मानस में
तिरो चुगो नित मोती ।
वेगवती वरुणा धारा सी
रहो पाप सब धोती ।।४।।
पल-पल पलकें ललक२ कर
झलक तुम्हारी देखें ।
ढरें दृगम्बु प्रणय उर सलकें,
शिवा शक्तियां पेखें ।।
सरस सारसों की यह जोड़ी
बनी रहे ध्वनि करती ।
हो न वियुक्त कभी जीवन में
बन्धन रहित विचरती ।।५।।

प्रभा सूर्य की जब तक फैली
भू पर चन्द्र – चांदनी ।
समुच्छलित हो जब तक बहती
सुरधुनि मधुर नादिनी ।।
जब तक अम्बुधि उमड़ रहे
है रत्नावली बिखेरें ।
तावत् बने रहो तुम दोनों
यश की उठें हिलोरें ।।६।।

अमर रहे इतिहास तुम्हारा
ऐसी ज्योति जगाओ ।
जग अनुकरण करे मन से
तव ऐसा सुरस पिलाओ ।।
जिह्वाओं पर गान रहे बस
तुझ दम्पति का न्यारा ।
नेत्रों में अञ्जन सी लगती
रहो सदा जग वारा ।।७।।

देवो आज पुष्प बरसा लो
मंगल – गायन गा लो ।
ओ नन्दन वन की बालाओ
तुम भी हर्ष मना लो ।।
आज शुक्ल शुभ पक्ष
चतुर्दिक् छिटकाता उजियाली ।
मानस कल्मष ध्वंस हो रहा
उमग रही हरियाली ।।८।।
परिणय पर्व महामंगल की
लहरे लोल पताका ।
सरस्वती वीणा वादन कर
वन्दन करे सभी का ।।
सब स्वागत के स्वर में
बोलें गृहदेवियां सुकण्ठा ।
नव२ भाव पुलक कर फुदकें
रहे न कुत्सित कुण्ठा ।।९।।

विदा वेला—

सुख-दुख की सम्मिलन सन्धियां
यहीं सदा इठलातीं ।
अश्रु ऊर्मियां उमड़२ कर
आतीं पोछीं जातीं ।।
जिसको गोदी में ले२ कर
उर - पय नित्य पिलाया ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

रुज में जिसके जाग२ कर
निशि सुख स्वप्न भुलाया ।।१०।।
आज वही उर वत्सा मेरी
मुझसे छूटी जाती ।
विलख २ कर हा मां
कह कह रोती मग में जाती ।।
अनिर्वाच्य है घड़ी न इसको
कोई कुछ कह सकता ।
जो कहने का साहस करता
वह भी कहता रुकता ।।११।।

अनुमतिः—

जाओ निज पति गृह में प्यारी
उसका सदन बसाओ ।
जन्मी उसी भवन के हित तुम
मत मन को कलपाओ ।।
प्रकृति कुसुम लेकर अभिनन्दन
करने चली तुम्हारा ।
साधुवाद दे रहे सुबुधगण
लिए ऋचा का नारा ।१२।।
।। इत्यो३म् ।।

—०—

आर्य सामाजिक नेता तथा वेदों के विद्वान्

श्री जगदेवसिंह जी सिद्धान्ती

की "वेदाङ्क" के सम्बन्ध में

शुभ-सम्मति

सम्राट् प्रेस, पहाड़ी धीरज
देहली—६
२२-११-६७

आदरणीय श्रीयुत सम्पादक जी !

नमस्ते,

आप द्वारा प्रेषित गुरुकुल पत्रिका का "विशेष अङ्क=वेदाङ्क" मिला । बहुत आभारी हूं, इस उत्तम कृति के लिये बधाई स्वीकार कीजिये । भिन्न-भिन्न रूप में वेद के सम्बन्ध में पठनीय एवं मननीय सामग्री इसमें जुटाई गई है । । दो-तीन लेख पढ़ चुका हूं । शनैः-शनैः सब लेखों का ध्यान से पारायण करूंगा । इससे मेरे स्वाध्याय में वृद्धि होगी—ऐसी मुझे पूरी आशा है । सौजन्य के लिये कृतज्ञ हूं ।

विनीत
जगदेवसिंह सिद्धान्ती

—०—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(अक्टूबर-नवम्बर ६७ से आगे)

शतपथ ब्राह्मण में गायत्री

श्री कुमारी सुकेशी रानी गुप्ता एम० ए०, शोध छात्रा, संस्कृत विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

५३. देवों व असुरों में स्पर्धा हुई। स्पर्धा करते हुए उनके मध्य में गायत्री आ गई। यह गायत्री पृथिवी ही है। दोनों पक्षों ने अनुभव किया कि जिसके पक्ष में पृथिवी–गायत्री होगी, वह पक्ष जीतेगा। देवों ने अग्नि को दूत बनाया। पृथिवी–गायत्री अग्नि के पास आई। इस प्रतीक रूप में "अग्निं दूतं वृणीमहे" का पाठ करते हैं।६८ गायत्री अग्नि के समान शीलवाली–सृजक–शक्ति की वाचक है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल ने ६९ ठीक ही लिखा है कि गायत्री एक शक्ति है जिसके मूल में प्राण का स्पंदन है। यही स्वरूप पृथिवी का है। मातृत्व की संज्ञा पृथिवी है। इसी स्पंदन के कारण पृथिवी की कुक्षि में वीर्य अंकुरित होता है। और उसके सदृश अनंत उत्पादन शक्ति पृथिवी मातृत्व है जो अनादि काल से है। हमारे इस भूगोल की सीमित पृथिवी जैसे विश्व की माता है वैसे ही अनंत ब्रह्माण्ड की जो माता है वह महापृथ्वी भी गायत्री का ही रूप है। क्योंकि गायत्री सूर्य की शक्ति है और सूर्य साक्षात् ब्रह्म का प्रतीक है। पृथ्वी का तात्पर्य स्थूल भूत से नहीं किन्तु प्राण सम्पन्न भूत से है।

५४. दर्शपौर्णमास में विष्णुक्रमों में पृथिवी लोक की विक्रान्ति में गायत्र छंद का पाठ किया जाता है। ७० इस पाठ में भी पृथिवी के इस उपर्युक्त गायत्री स्वरूप को लक्ष्य कर के गायत्री छंद का प्रयोग किया गया है। अन्य शब्दों में गायत्री छंद यहां पृथिवी का प्रतीक है।

५५. अनुमति और निर्ऋति के लिए आठ कपालों का पुरोडाश प्रस्तुत किया जाता है। पृथिवी ही सब कर्मों को अनुमत करने के कारण अनुमति है और सब पापों को कष्टयुक्त करने के कारण निर्ऋति है। अतः इन दोनों के लिए श्रपित अष्टकपाल पुरोडाश पृथिवी के निमित्त होता है। पुरोडाश के ये आठ कपाल गायत्री के आठ अक्षरों–चरणों के प्रतीक हैं। इस आठ अक्षरों वाली गायत्री–सृजन- प्रक्रिया को ही पृथिवी कहते हैं।७१

५६. आदित्य के प्रतीक अश्वमेध के बध्न अरुष अश्व के नियोजन और वायु के प्रतीक स्तोता द्वारा धारण किए जाने पर महिषी आज्य से उसका अभ्यञ्जन करती हुई "वसवस्त्वाञ्जन्तु। गायत्रेण छंदसा" मंत्र बोलती है। ७२ ऊपर वसुओं, गायत्री और अग्नि का सम्बन्ध और एकार्थवाचकता दिखाई जा चुकी हैं। अग्नि ही तेज है। यह तेज आज्य में ओतप्रोत है, अतः दोनों

---

६८ श. १।४।१।३४।।

६९ "गायत्री"–डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, वेदवाणी, वर्ष १६, वेदाङ्क १२।।

७० श० १।९।३।९, १०।।

७१ श० ५।२।३।५।।

७२ श. १३।२।६।१-४।।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

एक ही अर्थ के दो पर्याय हैं। फलतः गायत्री पद तेज का वाचक बन जाता है। गायत्री छंद इसका प्रतीक है। वसुओं के गायत्र छंद से अभ्यञ्जन की कामना कर आदित्य के प्रतीक अश्व को तेजः-सम्पन्न करते हैं। संभवतः शतपथकार "तेजो वा आज्यम् तेजो गायत्री तेजसी एवास्मिन् दधाति" में तेजसी के द्विवचनांत प्रयोग से वसवः को भी तेज का वाचक मान रहे हैं। इस अर्थ की ऊहा अग्नि के माध्यम से सुगमता से की जा सकती है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल इस गायत्र और वासव तेज को ऊष्मा के रूप में विश्व का मूल मानते हैं। सूर्य गायत्री तेज का सबसे बड़ा भंडार है और विश्वनिर्माण में सब से बड़ा कारण है। ७३

५७. शतपथकार गायत्री आदि सातों छंदों को प्राणी के प्राणों का प्रतीक या वाचक मानते हैं। प्राण की जो महिमा और वीर्य सहस्र अतुलनीय है। इसी लिए चयन काल में ही यदि चयनकर्त्ता के प्राण निकल जाएं (उत्क्रामेत्) तो अग्नि का चयन नहीं किया जाता है। प्राण के (?) इस रूप के कारण यह हजार गायत्री (रूप प्राण) संचित हो जाता है। ७४

५८. गायत्री के एक पाद में आठ अक्षर होते हैं। ये अक्षर अनेक प्रकार से बताए गए हैं—

१ भू–मि–रन्–त–रि–क्षन्–दि–औः

२ ऋ–चो–य–जूं–षि–सा–मा–नि

३ प्रा–णो–अ–पा–नो–वि–आ–नः।

इनको जान लेने पर ज्ञाता तीनों लोकों, त्रयी विद्या और प्राणियों को जीत लेता है। ये गायत्री के तीन पाद हैं। इसका चौथा पाद परोरजा दृश्यमान आदित्य है। यह सत्य है। सत्य में ही बल है। प्राण ही बल है। बल प्राण में ही प्रतिष्ठित है। अतः बल सत्य से अधिक ओजस्वी होता है।

५९. गायत्री गय–प्राणों की रक्षा करती है (त्रे) इस लिए उसे गायत्री कहते हैं। जिस गायत्री का पाठ किया जाता है वह यही प्राणरक्षक गायत्री होती है और उसके प्राणों की रक्षा करती है जिसके लिए इस गायत्री का अनुवचन किया जाता है।७५

६०. गायत्री छंदस्क अंतिम सामिधेनी ऋचा का तीन बार पाठ करके पुरुष के शरीरस्थ प्राण, अपान और व्यान नामक तीन प्राणों को सन्तत और अव्यवच्छिन्न रूप में यजमान में आहित करता है।७६ क्योंकि गायत्री प्राण का प्रतीक है–वह प्राण ही है।

६१. प्राण गायत्री है और आत्मा त्रिष्टुभ् है। प्राण का समिन्धन गायत्री से और आत्मा का त्रिष्टुभ् से होता है। बीच में आत्मा होती है और चारों ओर प्राण। इसी कारण बीच में त्रिष्टुभ् (आत्मा) होता है और चारों ओर गायत्री (प्राण)। सामने यह गायत्री अधिक होती है और ऊपर की ओर कम। ये प्राण भी आगे अधिक होते हैं और ऊपर कम। इसी लिए प्राणों और आत्मा के प्रतीक रूप गायत्री और त्रिष्टुभ् छंदों वाली ऋचाओं का अनुवचन होता है। ७७

---

७३ "गायत्री"–डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, वेदवाणी, वर्ष १६, वेदाङ्क–१२॥

७४ श० १०।३।१।१-२॥

७५ श० १४।८।१५।१-७॥

७६ श० १।३।५।१३॥

७७ श० ६।२।१।२४॥

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

६२. मृत्पिण्ड के अभिमर्शनि में तीन गायत्री ऋचाओं का प्रयोग किया जाता है क्योंकि प्राण ही गायत्री है। इन गायत्रियों से पिण्ड में प्राणों की स्थापना की जाती है। यहां तीन ऋचाएं बोली जाती हैं। प्राण भी तीन हैं—प्राण, उदान, व्यान। अतः इन तीनों को ही मृत्पिण्ड में स्थापित किया जाता है। तीन गायत्री ऋचाओं में नौ पाद होते हैं। प्राण भी नौ होते हैं ७ शिर में और दो नीचे (अवाञ्चौ) की ओर। अतः इन ऋचाओं का पाठ पिण्ड में प्राणों के आधान का प्रतीक हैं। ७८

६३. इन लेखों से डा० सत्यकाम भरद्वाज यह निष्कर्ष निकालते हैं कि गायत्री आधिदैविक रूप में परमात्मा का वह विधान है जिस के द्वारा संसार में विश्व को चलाने वाले प्राणों को नियमित कर प्राणियों की रक्षा हो रही है।७९

६४ डा० वासुदेवशरण अग्रवाल भी कुछ ऐसी ही मान्यता प्रस्तुत करते हैं। उनके विचार में मानव-जीवन और विश्व दोनों में प्राणों की त्रेधा स्पंदित गति है। अतएव सारा विश्व ही गायत्री छंद है। यतः गायत्री तीन स्कन्दों में व्यक्त होने वाला एक छन्द है। और सारे विश्व के मूल में जो छंदित गति है वही गायत्र प्राण है। पंचभूतों से बना हुआ मानव-शरीर नितांत प्राकृत है। यह मर्त्य गायत्री है। मन, प्राण, वायु—इसके ही तीन चरण हैं। जैसे मुख से उच्चरित होने वाले २४ अक्षरों वाली शब्दमयी गायत्री मर्त्य हैं। वैसे ही यह शरीर मर्त्य है। इसका एक चरण पंचभूतमय या वाङ्मय है क्योंकि पंचभूतों की एकत्र संज्ञा वाक् है। इसका दूसरा चरण पंचप्राणमय है परन्तु यह भौतिक प्राण है। इसका तीसरा चरण मनोमय है। इन तीनों के मिलने से जो संस्थान बनता है उसे अपरा प्रकृति, प्राकृत, अण्ड या भौतिक देह कहते हैं। बिना अमृत चैतन्य प्राण के इसमें चेष्टा नहीं आती। वही चैतन्य तत्व गायत्र प्राण है। अतएव इस गायत्र एक शब्द में ही प्राण या त्रिक शक्ति का समग्र रूप आ जाता है। ८०

६५. इसी प्रकार गायत्री के अन्य प्राची दिशा, संवत्सर, पुरोनुवाक्या, ब्रह्म, पर्याय—समूह, पुरुष, इष्टका, वीर्य, वेदि और पृथिवी आदि इस सीमित लेख में अव्याख्यात पर्यायों के मूल में भी सृष्टि-प्रक्रिया या सृजन—शक्ति रूप मूल तत्व और उसके प्रतीक का व्याख्यान खोजा जा सकता है। यही मूल तत्व गायत्रीसम्बद्ध आख्यानों की पृष्ठभूमि में मालूम पड़ता है। शतपथकार ने गायत्री के सम्बन्ध में कई आख्यान दिए हैं। परन्तु उनमें मूल आख्यान तो यही है कि श्येन के रूप में गायत्री सोम को लाने गई। सोमानयन में इसका या सोम का एक पंख गिर गया, वही पर्ण बन गया। ८१ इसी लिए गायत्री श्येन सोमभृत् कहलाती है।८२

६६. इसी आख्यान को दूसरे रूप में बताया है कि—जब गायत्री सोम लेकर आरही थी तब गन्धर्व विश्वावसु ने उसको रोक लिया। देवता चिंतित हो गए। उन्होंने सोचा कि—गंधर्व

---

७८ श. ६।४।२।५; ७।५।१।२१।।

७९ "गायत्री"-डा० सत्यकाम भरद्वाज, वेदवाणी, वर्ष १३, वेदाङ्क ९।।

८० "गायत्री"-डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, वेदवाणी, वर्ष १६, वेदाङ्क-१२।।

८१ श० १।७।१।१; ३।३।४।१०, ११।७।२।८।,

८२ श० ४।५।१०।३, ३।४।१।१२, ३।९।४।१०।।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्त्री-प्रिय होते हैं। अतः उन्होंने वाणी को गन्धर्वों के पास भेजा। वह सोम को ले आई।८३

६७. एक अन्य आख्यान भी मिलता है कि प्रजापति के अंगों से पशु छंदों के रूप में निकल गए। प्रजापति ने गायत्री छंद रूप होकर निर्गत पशुओं के परिमाण में परिणत होकर उन सब को अपने में व्याप्त कर लिया। ८४

६८. निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि गायत्री का मूल अर्थ और भाव सृजन शक्ति है जो इस विश्व में प्राण के माध्यम से अनेकविध रूपों में व्यक्त होती है। ये विविध अभिव्यक्तियां ही गायत्री के अक्षर हैं। अक्षर में "अ" क्षर के भाव का ही व्यञ्जक है, निषेधार्थक नहीं है। गायत्री पद स्वयं गय और त्री (त्रै धातु) का मिथुन रूप है। गय में स्वार्थ में आदि स्वर की वृद्धि हुई है। गायत्री का छंदस्त्व भी इन अभिव्यक्तियों में से एक है और नितांत गौण है। उसे मूल गायत्री तत्व का प्रतीक मानकर ही उसका महत्व और प्रयोग बाहुल्य का व्याख्यान किया गया है। इस प्रतीक के बिना वह व्यर्थ और निष्प्राण है, उसका अग्नि, वसुओं और पृथिवी आदि से सम्बन्ध निरर्थक है। यह स्थिति अन्य छंदोनामों की है। छन्दों और देवों आदि के सम्बन्ध का भी मूल इसी प्रतीकवाद में है। इसी प्रतीक के कारण छंदों के ज्ञान का वेदार्थ में उपयोग माना गया प्रतीत होता है। इसको न समझने के कारण ही स्कन्दस्वामी ने वेदार्थ में छंदों की अनुपयोगिता मानी है। छन्दों की अक्षरगणना का यथार्थ में वैदिक विज्ञान में कोई विशेष महत्व ज्ञात नहीं होता है। वहां छंदों के अक्षर का भाव ही भिन्न लिया गया है। हो सकता है, इन छंदों के प्रतीकों के अध्ययन और अनुसंधान में वेदार्थ को एक और दृष्टि प्राप्त हो जाए जो मंत्रों के सूक्ष्म अर्थों को अनावृत करने में सहायक हो सके।

---

८३ श० ३।२।४।२॥

८४ श० ८।२।३।९॥

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गतांक से आगे--

दान और याचना

श्री स्वामीनाथ पाण्डेय (व्याख्याता) मु० पो०--सिंहपुर जिला--नरसिंहपुर (म० प्र०)

११ फिर भी 'दान' व्यक्तिगत जीवन-हेतु निकृष्ट हैं

महर्षि मनु ने समाज के सर्वोपरि मान्य-वर्ग ब्राह्मण के लिए, विद्वान् के लिए, त्यागी के लिए, तपस्वी के लिए, 'दान-लेना' जीविका-साधनों में निकृष्ट बताया है। विद्याप्रधान वर्ग के लोग याजन और अध्यापन द्वारा ही अपनी रोजी-रोटी की व्यवस्था करें। प्रतिग्रह निकृष्ट साधन है। यह उसके परलोक को बिगाड़ता है। अध्यापन एवं याजन ये उपनयनादि किये हुये व्यक्तियों के यहां ही किये जा सकते हैं, परन्तु शूद्रों के यहां न अध्यापन ही किया जा सकता है और न याजन ही, अतः उनसे 'दान' लेने से ब्राह्मण का परलोक अर्थात् अगला जन्म बिगड़ता है। बिना परिश्रम के किसी के यहां से भी कुछ लेकर खाने से परलोक बिगड़ता है। मुफ्तखोरी मनुष्य के जन्मों को बिगाड़ती है। मुफ्तखोर आदमी पुरुषार्थ-हीन एवं गलत चीजों का समर्थक भी बन जाता है। अतः भविष्य-जीवन-निर्माण से भूल करने लगता है और पर-लोक बिगाड़ लेता है। पवित्रतम साधनों से ही पवित्रतम रोजी पैदा होती है और उसी से आदमी के अन्दर सात्विक-गुण-कर्म-स्वभाव की वृद्धि होती है। अतः सर्वदा मन-वचन-कर्म से अपने कर्त्तव्य-कर्म के पालन द्वारा जो कुछ सात्विक भोग, इष्ट भोग प्राप्त हो सके, उसीसे जीवन-यापन करते हुये चलना चाहिए। ज्ञान प्रधान विद्वान् अधिक जानता है, अतः उसके जीवन में गिरावट न हो और उसकी देखा-देखी समाज भी अधिक गिरावट की ओर न झुके, अतः पवित्रतम रोजी का विधान उत्तम बताया गया है। वाणिज्य-व्यवसाय, शासन-व्यवस्था एवं सेवादि कामों से दूर रहने वाला विद्वान् ही 'दान' लेने का हक रखता है। अतः दान द्वारा जीवन-यापन को बुरा बताया गया है। जो कम समझ के होते हैं, उनके दान में भी अपवित्रता रहती है, यदि ऐसे लोगों से दान अच्छा व्यक्ति लेने लगे, तो वे बनावटी यश के लिए या दान लेने वाले के लोभ से उकसाये जाने पर विशेष भूलें करने लगेंगे। अनेकानेक अनर्थ सम्भव है। अतः दान-द्वारा जीवनयापन करना समझदार के लिए अनुचित है। जो दूसरों की आंखों में धूल झोंककर अपने पेट पालते तथा नशे में चूर रहते हैं, उनको चेतना चाहिए, जागना चाहिए, अन्यथा जीवन के सायंकाल में सब कुछ छोड़ कर चलना पड़ेगा, साथ में कानी कौड़ी भी नहीं जायेगी; जिन पर नाज था, वे भी नहीं साथ देंगे। अपने भावविचार ही, सत्य-न्याय ही

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

साथ देंगे । किसी को पीड़ा न देते हुये ही सत्य-न्याय स अपनी जीविका कमाना लक्ष्यप्रापक एवं शान्तिकारक है ।

प्रमाणार्थ महर्षि मनु के श्लोक निम्नलिखित द्रष्टव्य एवं विचारणीय हैं--

प्रतिग्रहाद् याजनाद्वा तथैवाध्यापनाद् अपि ।।
प्रतिग्रहः प्रत्यवरः प्रेत्य विप्रस्य गर्हितः ।।१।।
याजनाध्यापने नित्यं क्रियेते संस्कृतात्मनाम् ।।
प्रतिग्रहस्तु क्रियते शूद्रादप्यन्त्यजन्मनः ।।२।।
(मनु० १०।१०९,११०)

हिन्दी:—प्रतिग्रह, याजन तथा अध्यापन से रोजी चलानी चाहिए । प्रतिग्रहः अवर है । परलोकनाशक है अध्यापन एवं याजन उपनयनादि संस्कार कराने वालों के यहां किया जाता है, परन्तु प्रतिग्रह केवल शूद्र से ही लिया जा सकता है ।

१२ गलत ढंग से प्राप्त रोजी के पाप की पवित्रता कैसे हो

महर्षि मनु ने गलत ढंग से उपार्जित रोजी के पाप को शमित करने का साधन भी बताया है । गलत ढंग से याजन एवं अध्यापन करने वाला ब्राह्मण होम एवं जप से पवित्र होता है । याजन की कमी को होम से तथा अध्यापन की त्रुटि को जप से, चिन्तन से ही दूर किया जा सकता है । परन्तु शूद्र से जो दान लेकर पाप कर दिया गया है, वह तो लोभ-हीनता से, त्याग-भाव से श्रम से, तपस्या से, स्वयं हाथ-पांव चलाकर पावन जीविकोपार्जन से ही दूर हो सकेगा । यथा निम्नलिखित श्लोक मननीय है—

जप-होमैरपैत्येनो याजनाध्यापनैः कृतम् ।।
प्रतिग्रहनिमित्तं तु त्यागेन तपसैव च ।।
(मनु० १०—११०)

(याजन—अध्यापनजनित दोष को जप एवं होम से दूर किया जा सकता है । परन्तु प्रतिग्रह-जनित दोष को त्याग तपस्या से ही दूर किया जा सकता है ।)

ब्राह्मणेतर वर्णों में संसार की चीजों के लिए कामिनी-काञ्चन के लिए उसकी अपेक्षा विशेष आसक्ति होती है, अतः ये लोग पवित्रतम नेता ब्राह्मण के सुनेतृत्व में सही राह का निर्देश यथा-स्थान यथासमय यथापात्र पाते रहेंगे, अतः ब्राह्मण या नेता को ही सर्वप्रथम सर्वविधिना पवित्र रहना चाहिए । समाज भी पवित्र होता जायेगा ।

१३. 'दान' एवं 'याचना' मानव पुरुषार्थ के सूर्य-चन्द्र हैं

जिस प्रकार चतुर्थ पुरुषार्थ वृद्धि में सात्विक दान पुरुषार्थ को चमका देता है, तमोपहारी सूर्य के समान मानव-शक्ति को विकसित कर देता है, चमकमा देता है, उसी प्रकार उचित याचना भी निष्प्राण पुरुषार्थ में शक्ति का संचार कर जीवन-दायिनी सुधा द्वारा मानव पुरुषार्थ को पुनः चमका देती है । ये दोनों चीजें देश, काल, पात्र के हिसाब से अपने पवित्र रूप में सदा से अनिवार्य रहती आयी हैं, रहेंगी भी । बिना इन दोनों के समाज का शक्ति-सन्तुलन स्थिर नहीं रह सकता । सात्विक गुण सम्पन्न दिन में सूर्य का राज्य रहता है । सात्विक पुरुषार्थी व्यक्ति के जीवन में सात्विक दान की महिमा होती है । अतः 'दान' सूर्य है । रात में अन्धकार होता है, राजसी तथा तामसी वृत्तियां विशेष होती हैं, चन्द्रमा अपनी

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

शीतल ज्योत्स्ना से इन वृत्तियों को सात्विकता देना चाहता है। 'याचना' भी चन्द्रमा-तुल्य स्थान ग्रहण करके विनयशीलता से नर की राजसी एवं तामसी शक्तियों के कारण अवरुद्ध दान की गति में वेग, गति, प्रकाश देने की चेष्टा करती है, सुप्त पुरुषार्थ रजनी में चन्द्रिका के समान याचना की किरणें प्रकाश देकर कुछ-कुछ मार्ग-दर्शन कर देती हैं, पूर्ण मार्ग-दर्शन तो 'दान' द्वारा ही सम्भव है। अतएव 'दान' एवं याचन (याचना) मानव-पुरुषार्थ के लिए सूर्य-चन्द्र हैं।

१४ संक्षेपतः विचारणीय

संस्कृत-कवि सत्य ही गुन गुना रहा है, जो श्रवणीय एवं मननीय है।

यथा--

चतुर्षु पुरुषार्थेषु, दानं सर्वोत्तमं मतम् ॥
दानेनैव सदा भाति, मानवशक्तिस्तु मुक्तिदा ॥१॥
यदा दाने ह्युदासीनो, नरः कार्पण्यमेति वै ॥
तदा त्यागे सुलीनेन, याचना क्रियते शुभा ॥२॥
याचना हि मनुष्याणां, शक्तिदा मतिदायिनी ॥
सा शशीव सदैवास्ति, दानं तु सवितेव हि ॥३॥
यथा सूर्यश्च चन्द्रश्च, दिवा नक्तं पुनः पुनः ॥
स्व-स्व-प्रकाशदानेन, सुविकासयतो जगत् ॥४॥
सूर्य इव शुभं दानं, चन्द्र इवेह याचना ॥
समये समये नित्यं, सुविकासयतो नरम् ॥५॥
अतएव शुभं दानं, शुभा चैव तु याचना ॥
नित्यं मान्ये मनुष्याणां, लोकमङ्गलकांक्षिणाम् ॥६॥

॥ इत्योऽम् शम् ॥

पुण्यलोक (मासिक)

यह मासिक पत्रिका वैदिक संस्थान बालावाली 'ज़िला बिजनौर' उत्तर प्रदेश से प्रतिमास प्रकाशित होती है। यदि आपने वेदादि शास्त्रों तथा भारतीय संस्कृति का विनाश करने वाली, नवयुवकों को गुमराह करने वाली तथा भोगवाद का प्रचार करने वाली 'सरिता' जैसी निकृष्ट कोटि की पत्रिका का समुचित उत्तर पढ़ना हो तो आप 'पुण्यलोक' पत्रिका को अवश्य मंगाकर पढ़ें। इसके सम्पादक वीतराग सन्यासी श्री वेदमुनि जी परिव्राजक हैं।

वार्षिकशुल्क--देश में--५.००
विदेश में--८.००

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मनःपूतं समाचरेत्

डॉ बद्रीप्रसाद पंचोली विजय निवास, मदनगंज किशनगढ़ (राजस्थान)

सूर्यो नो दिवस्पातु वातो अन्तरिक्षात् ।
अग्निर्नः पार्थिवेभ्यः ।।
जोषा सवितर्यस्य ते हरः शतं सवां अर्हति ।
पाहि नो दिद्युतः पतन्त्या ।।१।।
(ऋ० १०।१५८।१-२)

(दिवः न सूर्यः पातु) द्युलोक से हमें सर्वोत्पादक सूर्य बचावे । (अन्तरिक्षात् वातः) अन्तरिक्ष से वायु बचावे । (अग्निः न पार्थिवेभ्यः) पार्थिवों से हमें अग्नि बचावे ।

(सवितः) हे सर्वोत्पादक--सविता (यस्य ते हरः शतं सवान् अर्हति) जिस तेरा तेज शत-सवों के योग्य है, वह तू (पतन्त्याः दिद्युतः न पाहि) गिरती हुई विद्युत् से हमें बचा । (जोषा) हमें या हमारे समर्पण को स्वीकार कर ।

ऋग्वेद के दशम मण्डल के १५८ वें सूक्त का ऋषि सौर्य चक्षु है और देवता सूर्य है । छन्द पार्थिव-जगत् से सम्बन्ध रखने वाला गायत्री है । इससे स्पष्ट है कि सूर्य-लोक की जो शक्ति पृथ्वी-मण्डल में अवतीर्ण होती उसी का उल्लेख इस सूक्त के मंत्रों में हुआ है । स्थूल दृष्टि से देखने पर सूर्य का प्रकाश पृथ्वी पर आता है और उससे प्राणियों के नेत्र विविध पदार्थों को देखने में समर्थ होते हैं । चक्षु और सूर्य का सम्बन्ध वैदिक वाङ्मय में सुज्ञात है । सूर्य को प्रजापति के चक्षु से उत्पन्न माना गया है और मानव शरीर में सूर्य के चक्षु होकर प्रवेश करने की बात भी कही गई है । वस्तुतः चक्षु और सूर्य दोनों ही पारिभाषिक शब्द हैं । सूर्य को स्थावर और जंगम की आत्मा माना गया है--सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च । सृष्टि--प्रक्रिया में सूर्य का महत्त्वपूर्ण योगदान है जड़--प्रकृति में प्राणात्मक-स्पन्दन उत्पन्न करके वह सृजन में योग देता है । सूर्य सृजकशक्ति का वह पुंजीभूत रूप है जो ब्रह्माण्ड व पिण्डाण्ड के केन्द्र में स्थित होकर सहस्र रश्मियां विकीर्ण करता हुआ परमाणुओं को गतिशील बनाये रखता है । स्थूल जगत् में यदि उसका काम प्राणात्मक स्पन्दन उत्पन्न करके ब्रह्माण्ड और पिण्डाण्ड के स्थूल स्वरूप का निर्माण करना है तो आध्यात्मिक--जगत् में सूर्य, शक्ति के तीन--इच्छा, ज्ञान और क्रिया--रूपों के समन्वितरूप की संज्ञा है, जिसका कार्य समस्त मानसिक, प्राणिक और शारीरिक व्यापारों की प्रेरणा देना है ।

'चक्षु' शब्द चक्षिङ् (व्यक्तायां वाचि, अयं दर्शनेऽपि) स्पष्ट बोलना और देखना धातु से व्युत्पन्न है और इस प्रकार इसका अर्थ है--वाणी या दर्शन रूप में व्यक्त होने या करने वाला शरीर में चक्षु विशिष्ट इन्द्रिय है । इन्द्र से सम्बद्ध होने से ही चक्षु का नाम इन्द्रिय है । चक्षु द्वारा इन्द्र स्वयं को ही व्यक्त करता है । स्थूल जगत् में सूर्य इन्द्र शक्ति का केन्द्र माना जाता है, शरीर में चक्षु भी इन्द्रशक्ति का केन्द्र है । स्थूल रूप से शरीर में दो चक्षु होते हैं, परन्तु एक तीसरा चक्षु और होता है जिसे दिव्यचक्षु कहा जाता है । इसे अप्रतिहत ज्ञाननेत्र भी कहा जाता है जो भूतभविष्यवर्तमान को जानने का साधन है । बौद्धपरम्परा में मांस--चक्षु, दिव्यचक्षु, प्रज्ञाचक्षु, धर्मचक्षु और बुद्धिचक्षु--ये पांच प्रकार के चक्षु माने गये हैं । वस्तुतः दिव्यचक्षु, प्रज्ञाचक्षु, धर्मचक्षु और बुद्धिचक्षु अभिन्न हैं । वृत्तिभेद के

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

कारण ही दिव्यचक्षु को पृथक्-पृथक् संज्ञाएं दी गई हैं। शरीरस्थ देवकोश या विज्ञानमयकोश ही दिव्यचक्षु है। मनोमयकोश इसी की शक्ति से प्राणमयकोश को प्रेरित करता है। विज्ञान, संज्ञान, प्रज्ञान, आज्ञान, मेधा, दृष्टि, मति, मनीषा, असु, क्रतु वश इसी के नाम हैं। चर और अचर में सभी में व्याप्त यह एकीभूत मनस्तत्त्व ही प्रज्ञानेत्र है जिसे मनोविज्ञान की दृष्टि से प्रमन या परोक्षमन (Unconscious Mind) कहा जा सकता है (देखिये वैदिक-दर्शन--डा० फतहसिंह, पृ. ८)।

विज्ञानमयकोश हिरण्ययकोश या आनन्दमय-कोश से शक्ति पाता है। हिरण्ययकोश में ज्योतिर्मयी आत्मा का साक्षात् अनुभव सामान्य चक्षु से न होकर इस प्रज्ञाचक्षु या दिव्यचक्षु से होता है। इसलिए प्रत्येक साधक दिव्यचक्षु प्राप्त कर लेना चाहता है। चक्षु–ऋषि–दृष्ट इस सूक्त में दिव्यचक्षु पाने के लिए प्रार्थना की गई है। चक्षु प्राणात्मक–केन्द्र सूर्य से अभिन्न है। इसलिए इस सूक्त के मन्त्रों को सूर्य–देवत माना गया है।

सूक्त के प्रथम दो मंत्रों में सूर्य–केन्द्रित साधना का उल्लेख है, अगले दो मंत्रों में चक्षु-केन्द्रित साधना का उल्लेख है और अन्तिम मंत्र में दोनों साधनाओं में अभेद–दृष्टि स्थापित की गई है। स्थूलदृष्टि से सूर्य और चक्षु पृथक् हैं और प्रकाश के माध्यम से परस्पर सम्बद्ध हैं; परन्तु परोक्षदृष्टि से इन दोनों को प्रतीक–व्यापार का अंग बना कर देववाणी में अपनाया गया है ताकि मानुषी–वाणी में वे साधक को लोक-व्यवहार में प्रेरणा दे सकें। लोक में 'सूरिन्' शब्द 'सूरिः' (सूर्य) से बना हुआ प्रयुक्त होता है जिसका अर्थ होगा–दिव्यचक्षु-प्राप्त विद्वान्। बाणभट्ट ने महर्षि जाबालि को दिव्यचक्षु–प्राप्त तथा कालिदास ने महर्षि वसिष्ठ को ज्ञानमयचक्षु वाला कहा है। भगवान् बुद्ध को चक्खुमा (चक्षुष्मान्) कहा गया है। चक्षु ऋषि बनने के लिए ऐसी दिव्य-दृष्टि पाने के लिए साधना करनी होती है। ऋषि द्रष्टा कहा जाता है। दिव्यचक्षु प्राप्त करने पर ही द्रष्टा या ऋषि कहलाने का अधिकारी बनना संभव है।

ऊपर चक्षु-ऋषि-दृष्ट पहले मंत्र में रक्षा की प्रार्थना की गई है। ज्योतिर्मयी सृजकशक्ति ब्रह्माण्ड में सूर्य, अन्तरिक्ष और पृथिवी मण्डलों में क्रमशः सूर्य, विद्युत् (या वायु) तथा अग्नि रूप में कार्य कर रही है। इस दिव्यशक्ति से रक्षण पाकर कारण-शरीर में उस दिव्यचक्षु का आविर्भाव होगा जो निर्बाध रूप से इन तीनों मण्डलों को तात्त्विक रूप से देखने में समर्थ होगा। ऐसी सामर्थ्य पाने के लिए मंत्र में प्रार्थना की गई है कि द्युलोक से वहां का सूर्य देवता, अन्तरिक्ष से वायु देवता और पार्थिवों से अग्नि-देवता हमारी रक्षा करे या हमें बचावे। रक्षा करने का उत्तम उपाय है अपनी शक्ति रक्षणीय को प्रदान कर देना। तीनों मण्डलों के उपर्युक्त देवता भी अपनी शक्ति साधक को प्रदान करके उसकी रक्षा कर सकते हैं। इसलिए दिव्य-चक्षु से सम्पन्न होने के लिए साधक इन देवताओं की शक्ति का अपने में आधान कर लेना चाहता है। अग्नि को वह अपने स्थूल शरीर में, वायु को प्राणमय शरीर में और सूर्य (की उस रश्मि को, जो चन्द्रमा को कलान्वित करती है) को मनोमय-शरीर में आधान कर लेना चाहता है जिससे इनकी इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्ति के एकीभूत रूप विज्ञानमयकोश का दिव्यचक्षु खुल जाय।

दूसरे मंत्र में साधक स्वयं को सविता के प्रति समर्पित करता है। विश्व के केन्द्र में स्थित शक्ति

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

की संज्ञा सविता है। सूर्य का क्रियाशील रूप ही सविता है। उसकी शक्ति सावित्री है। सूर्य से रश्मियों के रूप में पृथ्वी को प्राप्त होने वाली शक्ति ही सावित्री है। यही सूर्य से आकर प्राणियों में चक्षु बनती है। सावित्री पृथिवी से लौट कर–प्रत्यावर्तित होकर पुनः गायत्री रूप में सूर्य की ओर जाती है। शक्ति का यह आवर्तन–प्रत्यावर्तन ही विश्व का आधार है। मांसचक्षु में प्रत्यावर्तन की शक्ति अधिक से अधिक जगाने के लिए साधक सूर्य की आवर्तनशक्ति का अपने में आधान करना चाहता है। सूर्य का शक्ति-वितान ही सव है। साधक शक्ति-वितान के लिए सव–प्रवर्तक तेज से सम्पन्न होना चाहता है। तेज को यहां 'हरः' संज्ञा दी गई है। पौराणिक-परंपरा में 'हर' शिव का नाम है। (वश्) कान्तौ धातु से विपर्यय-पूर्वक शिव शब्द व्युत्पन्न है। दीप्तिमान् बनने के लिए सव-प्रवर्तक शक्ति को जगाना यहां साधक का अभीष्ट है। विज्ञानमयकोश में, जिसकी संज्ञा वश भी है, ऐसी दीप्ति का प्रादुर्भाव होता है। इसलिए साधक स्थूल जगत् में सूर्य के सव व्यापार के विज्ञान को समझ कर उस व्यापार को अपने आध्यात्मिक-जगत् में उद्भूत करने में प्रवृत्त होता है। इस प्रकार वह शिव रूप हो जाता है। विज्ञान-मन को शिव-गर्भित बनाने के लिए यजुर्वेद में बार-बार प्रार्थना की गई है––तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु। सारे मानसिक, प्राणिक और शारीरिक व्यापारों को विज्ञानमयकोश में समाहित या समर्पित कर देने पर ऐसा होना संभव है। प्रणत साधक इसीलिए कहता है––'स्वीकार करो सविता, हमारे समर्पण को।'

इस समर्पण के फलस्वरूप महती-समाधि-सिद्धि मिलेगी––दीप्ति का पतन रुक जायगा। शरीर में नैसर्गिक-दीप्ति है, परन्तु वह विज्ञान-मन से मनोमय, प्राणमय और अन्नमय कोशों में विभाजित होकर पतित होती रहती है। यह शक्ति का सहज प्रवाह है। साधना द्वारा इस प्रवाह का मार्ग मोड़ा जा सकता है। इस मार्ग को सिद्ध-सन्तों ने 'उलटा मार्ग' कहा है। अन्तर्मुखीवृत्ति अपनाना ही 'उलटा मार्ग' है। ऐसा करने से विज्ञान-मन की विशिष्ट द्युति (विद्युत्) का पतन रुक जाता है–वह ऊर्ध्वमुखी हो जाती है और आनन्दमयकोश-स्थित आत्मा को अपने में प्रतिबिम्बित करने में समर्थ होती है। साधक इसीलिए प्रार्थना करता है––'सविता देव' हमारे समर्पण को स्वीकार करके हमारी पतन को प्राप्त होती द्युति की रक्षा करो।

चक्षुर्नो देवः सविता चक्षुर्न उत पर्वतः।
चक्षुर्धाता दधातु नः॥
चक्षुर्नो धेहि चक्षुषे चक्षुर्विख्यै तनूभ्यः।
सं चेदं वि च पश्येम॥२॥
(ऋ० १।१५८।३-४)

(सविता देवः) सव-प्रवर्तक देव (नः चक्षुः दधातु) हमें चक्षु धारण करावे, (पर्वतः उत नः चक्षुः दधातु) तथा पर्वत हमें चक्षु धारण करावे। (धाता नः चक्षुः दधातु) सबको धारण करने वाला हमें चक्षु धारण करावे।

(नः चक्षुषे चक्षुः धेहि) हमारे चक्षु के लिए चक्षु धारण कराओ। (नः तनूभ्यः विख्यै चक्षुः धेहि) हमारे शरीरों की विशेष कान्ति के लिए चक्षु धारण कराओ। जिससे (इदं) इस जगत् को (सं पश्येम) पूर्ण को देखें (वि पश्येम च) और विविध को देखें।

(शेष अगले अंक में)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ओ३म्

गुरुवर पुण्यस्मरण

अमर धर्मवीर स्वा० श्रद्धानन्द जी को शिष्य की श्रद्धाञ्जलि
(श्रद्धाञ्जलिसमर्पक--धर्मदेव विद्यामार्तण्ड, आनन्द कुटीर, ज्वालापुर)

गुरुवर तुमको मन-मन्दिर में, श्रद्धा से बिठलाता हूँ।
दिव्य तुम्हारे गुणगण को मैं, बड़े प्रेम से गाता हूँ ॥१॥
माता पिता आचार्य तुम्हीं मम, तुम थे शिक्षक श्रेष्ठ महान्।
तुमने जो उपकार किये थे, उनका पार न पाता हूँ ॥२॥
रोम रोम है ऋणी तुम्हारा, जो कुछ भी हूँ तव करुणा।
उपकारों का स्मरण करूं जब, मैं गद् गद् हो जाता हूँ ॥३॥
श्रद्धा दिव्य सुधा का करके, पान सोम तुम बने हुए।
स्मरण तुम्हारा कर अपने को, मैं आनन्दित पाता हूँ ॥४॥
विमल तुम्हारा शुद्ध यज्ञमय, जीवनयते ! स्फूर्ति का स्रोत।
उससे मैं भी अपने अन्दर, बल को भरता जाता हूँ ॥५॥
कूट कूट कर भरी वेद में, श्रद्धा थी तुम में अविचल।
उसको पाकर वेद उदधि में, गोते नित्य लगाता हूँ ॥६॥
पञ्च महायज्ञों का करना, तुमने ही तो सिखलाया।
उनसे लाभ उठाता निशिदिन, तुमको शीश नमाता हूँ ॥७॥
निर्भयता की मूर्ति देव तुम, तुम थे सत्य सरल वक्ता।
निर्भयता को सत्यवादिता, को मैं भी अपनाता हूँ ॥८॥
धर्मवेदि पर बलि दे करके, तुम तो यतिवर ! अमर हुए।
करके स्मरण तुम्हारा अन्दर, ओज तेज भर पाता हूँ ॥९॥
स्मरण तुम्हारा आर्य जाति में, नव जीवन संचार करे।
सर्वशक्तिमय के चरणों में, विनती करता जाता हूँ ॥१०॥

★★★

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल समाचार

द्वारा श्री सूर्यप्रकाश विद्यालंकार (प्रतिष्ठित)

ऋतु रंग

दीपमाला पर दीपों द्वारा आमन्त्रण पा शरद आने को विवश हो गई। वह मौन निमत्रण जहां अमावस्या की रात दीपों को प्रदीप्त करके देती थी, वहां शरद पूर्णिमा का चन्द्रमा भी प्रतिस्पर्धा में पीछे नहीं रहा। मानव शरीर में ठण्डे तीर हड्डियों को जब चीरने लगे, तो वह कैसे चुप्पी साध सकता था, उसने गर्म कपड़ों को तीरों से रक्षा करने के लिए ढाल बनाया।

उन प्यारी-प्यारी रवि-रश्मियों को अवगाहन करने के लिए सब जन व्याकुल रहते हैं। सूर्य देवता अभी तक रुष्ट दिखाई नहीं देते क्योंकि बादलों का दुकूल अभी तक दोनों के मध्य बाधा रूप में उपस्थित नहीं हुआ। इस प्रकार समस्त प्रकृति अशोकमय हो रही है।

क्रीडांगन में सायंकाल हाकी तथा क्रिकेट का खेल होता दृष्टिगत होता है। समस्त ब्रह्मचारी तथा अध्यापक गण इसमें रुचिपूर्वक भाग लेते हैं। वे मनोरञ्जन के साथ साथ इसके कौशल को भी सीखने का प्रयास करते हैं।

विजयादशमी पर्व

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह पर्व पूर्ण उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय विभाग की ओर से अनेक क्रीड़ा-प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रायः समस्त छात्रों ने भिन्न भिन्न प्रकार के खेलों में सोत्साह भाग लिया। इनमें जो छात्र विजयी हुए वे बधाई के पात्र हैं।

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

राष्ट्रिय छात्र सेना का ६ अक्टूबर से १६ अक्टूबर ६७ तक वार्षिक प्रशिक्षण शिविर बढ़कोट समीप ऋषिकेश में आयोजित हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय की दोनों कम्पनियों ने भाग लिया। शिविर में विद्यार्थियों को उच्च सैनिक शिक्षा दी गई। इस शिविर में लगभग एक हजार सैनिक छात्रों ने प्रशिक्षण पाया। विश्वविद्यालय कम्पनी में सीनियर अण्डर आफीसर का पद श्री राजबल वेदालंकार (अन्तिम वर्ष) ने पूर्ण योग्यता से सम्भाला। लेफ्टीनेन्ट श्री सुरेश चन्द्र जी एवं सेकिण्ड लेफ्टीनेण्ट श्री वीरेन्द्र कुमार जी ने जहां प्रेम-पूर्वक छात्रों से सम्पूर्ण कार्य लिया, वहां छात्रों ने भी अपनी अनुशासनप्रियता का परिचय दिया।

ऋषि निर्वाण पर्व

१ नवम्बर को विश्वविद्यालय में ऋषि-निर्वाण पर्व मनाया गया तथा रात्रि को टिमटिमाते दीपों ने उस दिन को बुझने वाले महादीप की ओर इंगित कर विश्व की नश्वरता को सोदाहरण प्रस्तुत किया। इस पर्व के उपलक्ष में विश्वविद्यालय भवन में सायं ३ बजे यज्ञ के पश्चात् सभा हुई। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के उपकुलपति आचार्य श्री प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति ने की। सभा में गुणनिधान के गुणों को स्मरण किया गया। स्वामी जी के कार्य को पूरा करने तथा उनके स्वप्नों को साकार करने का व्रत लिया गया।

इतिहास विभाग

११ नवम्बर ६७ को सायं ३ बजे इतिहास विभाग के तत्त्वावधान में गुरुकुल विश्वविद्यालय के सुयोग्य स्नातक, भारत वर्ष के मूर्धन्य इतिहास-वेत्ता, अनेक केन्द्रिय एवं राजकीय पुरुस्कारों के प्राप्तकर्त्ता तथा विधान परिषद् के सदस्य डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार, डी० लिट् का "प्राचीन भारतीय शासन व्यवस्था" पर सारगर्भित व्याख्यान हुआ। उन्होंने मौर्य साम्राज्य की शासन व्यवस्था

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

को दृष्टिगत रखते हुए शासन व्यवस्था के अध्ययन की रीति पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि– "इतने विस्तृत तथा प्राचीन देश में एक ही शासन प्रणाली रही हो यह सम्भव नहीं । मैं समझता हूं कि जो इसको लेकर कई ग्रन्थ लिखे गए हैं उनमें एक मौलिक भूल हो गई है ।" विश्वविद्यालय आमन्त्रित विद्वान् का भविष्य में छात्रों को इस प्रकार का विशिष्ट ज्ञान देने की आशा करते हुए आभार व्यक्त करता है ।

आर्य तपस्वी तपोनिष्ठ आचार्य श्री भगवान देव जी का अभिनन्दन

१४ नवम्बर ६७ को प्रातः १० बजे वेद-मन्दिर में भारत सरकार के संस्कृत आयोग का सम्मानित सदस्य बनाए जाने पर आर्यसमाज के गौरव तपोनिष्ठ आचार्यप्रवर श्रद्धेय श्री भगवान देव जी का अभिनन्दन विश्वविद्यालय के समस्त विभागों द्वारा किया गया ।

सर्वप्रथम द्वार पर दिया गया राष्ट्रिय छात्र सैनिकों द्वारा सैनिक सम्मान आचार्य जी को नहीं अपितु गुरुकुल को ही गौरवान्वित कर रहा था । विश्वविद्यालय के उपकुलपति श्री आचार्य प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति ने आचार्य भगवानदेव जी का परिचय कराते हुए कहा कि– "मुझे जब भी कभी कहने का अवसर मिलता है तो मैं कहने से नहीं चूकता कि मैं आचार्य जी के त्याग एवं तपस्या से सत्यमेव बहुत ही प्रभावित हूं । उनकी त्याग एवं तपस्या इस संस्था के संस्थापक स्वामी श्रद्धानन्द जी की कोटि में आकर ठहरती है ।"

इसके पश्चात् विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो० गंगाराम जी ने विश्वविद्यालय की ओर से अभिनन्दन पत्र पढ़ा तथा आचार्य जी के कर-कमलों में सादर समर्पित किया । अभिनन्दनपत्र में आचार्य जी के संस्कृत आयोग के सदस्य बनाए जाने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की गई । इस सम्मान को केवल आचार्य जी का सम्मान नहीं अपितु सम्पूर्ण आर्य जगत् के सम्मान के रूप में देखा गया ।

आप से 'हरियाणा के इतिहास एवं संस्कृति' पर प्रकाश डालने की प्रार्थना की गई । आचार्य जी ने अभिनन्दन के प्रति आभार प्रकट करते हुए इसे समस्त कुलवासियों के स्नेह के फलस्वरूप ही माना ।

हरियाणा के इतिहास तथा संस्कृति पर आपने भाषण करते हुए कहा कि हरियाणा में यदि आर्यसमाज के प्रचार का श्रेय किसी को दिया जा सकता है तो वह इसी संस्था के संस्थापक स्वामी श्रद्धानन्द जी को ही प्राप्त होता है । आपने हरियाणा की अपनी विशिष्ट संस्कृति पर प्रकाश डाला । उनका यह वाक्य अब भी मानो सुनाई सा पड़ रहा हो 'देशो में देश हरियाणा, जहां दूध दही का खाना ।' क्योंकि इसमें भारत की प्राचीन संस्कृति आत्मसात् है ।

हम आचार्य जी का पुनः विश्वविद्यालय की ओर से अभिनन्दन करते हैं । वे भविष्य में सदैव यशलाभी हों, ताकि आर्यजगत् की आशा के केन्द्र-बिन्दु से हम मनोवाञ्छित लाभ प्राप्त कर सकें ।

विज्ञान व सांस्कृतिक परिषद्

बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि विज्ञान महाविद्यालय में विज्ञान व सांस्कृतिक परिषद् का छात्रों में विभिन्न साहित्यिक एवं वैज्ञानिक

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

प्रवृत्तियों का विकास करने के लिए गठ हुआ। जिसमें निर्वाचन निम्न प्रकार रहा--

अध्यक्ष--श्री सुधीरकुमार विज्ञान द्वादश

उपाध्यक्ष--श्री दलजीतराय विज्ञान द्वादश

मंत्री--श्री देवराज विज्ञान एकादश

पत्रकारिता पर पत्रकार का वक्तव्य

१५ नवम्बर ६७ को विद्यासभाभवन में सायं ४ बजे हिन्दी-विभाग के तत्त्वावधान में गुरुकुल के सुयोग्य स्नातक तथा 'नवनीत के प्रधान सम्पादक श्री सत्यकाम जी विद्यालंकार ने महाविद्यालयों के छात्रों एवं अध्यापकों से प्रश्नोत्तर रूप में वार्तालाप किया। जिसमें प्रायः पत्रकारिता सम्बन्धित प्रश्न थे। आपने वार्तालाप के मध्य कहा कि "आर्थिक समस्या के कारण हिन्दी पत्रकारिता की उन्नति हो सकना असम्भव है। राजनैतिक दृष्टि से भी कई पत्र उन्नति प्राप्त नहीं कर सकते हैं।" आपने छात्रों एवं उपाध्यायों के प्रश्नों का उत्तर बहुत ही सुन्दर रूप में दिया। आगे भी इस प्रकार के सहयोग की आशा करते हुए विश्वविद्यालय आभार व्यक्त करता है।

अंग्रेजी विरोधी आन्दोलन

बहुत ही दुःख के साथ लिखना पड़ता है कि सरकार अपनी होते हुए भी छोटी सी बात को नहीं मान रही। समस्त देश में 'अंग्रेजी विरोधी आन्दोलनों' की लहर सी दौड़ गई। परिणामस्वरूप हिन्दी की प्रारम्भ से ही स्नेह भाजन संस्था के छात्रों ने ५ दिसम्बर ६७ को 'हिन्दी विरोधी काला विधेयक' के विरोध में सांकेतिक हड़ताल की। सभी वेद, आर्ट्स, विज्ञान, आयुर्वेद तथा कृषि महाविद्यालयों के छात्रों ने प्रातः १० बजे विश्वविद्यालय के प्रांगण से जलूस निकाला। यह जलूस इण्टर कालेज ज्वालापुर, भल्लाकालेज तथा पंचपुरी में भ्रमण करता हुआ लगभग ४ बजे हरकी पैड़ी हरिद्वार पहुंचा। मार्ग में वातावरण 'राज भाषा हिन्दी हो' 'कालाविधेयक वापिस लो' आदि के जयकारों से गूंज उठा था। यह समस्त कार्यवाही बहुत ही शांतिपूर्वक हुई, यहां तक कईयों ने तो स्वयं ही अंग्रेजी के अक्षरों का सफाया कर दिया।

४ बजे सुभाषघाट पर यह जलूस सभा के रूप में परिवर्तित हो गया, जिसकी अध्यक्षता श्री जयदेव वेदालंकार एम० ए० अन्तिम वर्ष ने की। सभी छात्रों के विचार सराहनीय एवं ओजस्वी थे। कहा गया कि यदि कोई प्रान्त अंग्रेजी को पढ़ना चाहता है तो पढ़े, परन्तु सम्पूर्ण देश पर इसे लादा जाना कहां का न्याय है? यह तो सरासर पक्षपात है।

अन्त में अध्यक्ष ने प्रस्ताव पारित कर केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया कि "सरकार की दूरदर्शिता इसी में है कि इस 'हिन्दी विरोधी काले विधेयक' को अविलम्ब वापिस ले, नहीं तो भारत में खून की क्रांति हो सकती है।"

शानदार विजय

अखिल भारतीय कालिदास जयन्ती समारोह उज्जैन तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में गुरुकुल कांगड़ी के सुयोग्य छात्रों द्वारा पुरस्कार प्राप्त किए जाने पर २ नवम्बर को प्रातः ११ बजे वेद

(शेष पृष्ठ संख्या २६० पर)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

वेदोद्यान के चुने हुए फूल (सजिल्द)	५.००
वेद का राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.००
मेरा धर्म (सजिल्द)	७.००
वरुण की नौका (दो भाग)	६.००
अग्निहोत्र (सजिल्द)	२.२५
आत्म-समर्पण	१.५०
वैदिक स्वप्न विज्ञान	२.००
वैदिक अध्यात्म विद्या	१.७५
वैदिक सूक्तियां	१.७५
ब्राह्मण की गौ (सजिल्द)	.७५
वैदिक ब्रह्मचर्य गीत	२.००
वैदिक विनय (तीन भाग)	६.००
वेद गीतांजलि	२.००
सोम सरोवर (सजिल्द)	२.००
वैदिक कर्त्तव्य शास्त्र	१.५०
सन्ध्या सुमन	१.५०
स्वामी श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३.७५
आत्म मीमांसा	२.००
वै. पशु यज्ञमीमांसा	१.००
सन्ध्या रहस्य	२.००
अथर्ववेदीय मन्त्रविद्या	१.५०
ईशोपनिषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
अध्यात्म रोगों की चिकित्सा	२.५०
ब्रह्मचर्य संदेश	४.५०
आर्य संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
स्त्रियों की स्थिति	४.००
एकादशोपनिषद्	१२.००
विष्णु देवता	२.००
ऋषिरहस्य	२.००
हमारी कामधेनु	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३य भाग	४.५०
बृहत्तर भारत	७.००
योगेश्वर कृष्ण	४.००
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	१.२५
स्वामी दयानन्द का पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५०
अपने देश की कथा	१.३७
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	३.००
एंशियण्ट फ्रीडम	५.७०

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.००
प्रमेह श्वास अर्शरोग	१.२५
जल चिकित्सा विज्ञान	१.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५०
आसवारिष्ट	२.५०
आहार	५.००

संस्कृत ग्रन्थ

उर्दू के गढ़ दिल्ली से सबसे प्रथम और प्रमुख हिन्दी दैनिक निकालने का श्रेय एकमात्र इन्द्र जी को ही है। पत्रकारिता की घुट्टी तो इन्हें जन्म से ही मिली थी। इनके पिता पूज्य महात्मा मुंशीराम जी पहले उर्दू में "सद्धर्म प्रचारक" साप्ताहिक जालन्धर से निकालते थे जो पंजाब के आर्य समाज आन्दोलन का मुख पत्र था। बाद में महात्मा जी ने एक रात में ही उसे बदलकर हिन्दी में कर दिया क्योंकि आर्य समाज का लक्ष्य हिन्दी प्रचार था। इसमें उन्हें काफी घाटा उठाना पड़ा। महात्मा जी ने अपनी जालन्धर स्थित विशाल कोठी, प्रेस, पत्र, सब कुछ आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, को दान कर दिये। पत्र और प्रेस जालन्धर से गुरुकुल कांगड़ी आ गये। इन्द्र जी अपने छात्र काल में ही हाथ से लिखी पत्रिका निकाला करते थे। "सद्धर्म प्रचारक" के गुरुकुल आ जाने के बाद वह इसमें "क्ष" उपनाम से लिखने लगे। इस प्रकार छात्र काल से ही आपको पत्रकारिता का शौक रहा।

दिल्ली से प्रथम हिन्दी दैनिक "विजय"

गुरुकुल के अध्ययन काल से मुक्त हो पण्डित जी ने दिल्ली को ही अपना कार्य क्षेत्र बनाया। "सद्धर्म प्रचारक" कुछ दिन पहले गुरुकुल से उठकर दिल्ली आ गया था और इसका सम्पादन इन्द्र जी के बड़े भाई हरिश्चन्द्र जी करते थे। प्रथम महायुद्ध के दिन थे। हरिश्चन्द्र जी वृन्दावन के राजा महेन्द्र प्रताप के निजी सचिव बनकर विदेश चले गये और वहीं गदर पार्टी में शामिल हो गये। तब से कभी वापस भारत नहीं आये और बहुत गहरी और लम्बी कोशिशों के बावजूद उनका कोई विश्वासनीय पता-ठिकाना न मिल सका। बड़े भाई के जाते ही इन्द्र जी ने "प्रचारक" का सम्पादन संभाला। आपकी ज्यादा रुचि राजनीतिक क्षेत्र की ओर थी और यह पत्र धार्मिक था। इसलिए इसे अन्य हाथों में सौंप आपने "विजय" नाम से एक हिन्दी दैनिक निकाला।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

यह सन् १९१९-२० की बात है। "विजय" उन दिनों खूब चमका। उन दिनों रोटरी तो क्या स्लैन्डर मशीनें भी नहीं थीं। हाथ से ही कम्पोज और हाथ से चलाई जाने वाली मशीनों पर ही छपाई, दूसरी ओर, ब्रिटिश सरकार की समाचार पत्रों–विशेषतः देसी भाषाओं के–सिर पर कच्चे धागे में लगातार टंगी नंगी तलवार रखी थी। इन सब विपरीत स्थितियों के बावजूद "विजय" की मांग केवल दिल्ली में ही इतनी बढ़ी कि रात दिन मशीन चलने पर भी पूरी नहीं हो पाती थी। नया बाजार स्थित "विजय" कार्यालय के बाहर लोग घन्टों पत्र की प्रतिक्षा में खड़े रहते थे और जिस समय कुछ भी प्रतियां बाहर आतीं लोग ऐसे झपटते जैसे कटी हुई पतंग पर बच्चे झपटते हैं। दिल्ली की नौकरशाही का आसन तो डांवाडोल हो गया। दिल्ली तब पंजाब का हिस्सा ही समझी जाती थी। पंजाब की उन दिनों की ओडवायर-शाही का प्रभाव दिल्ली पर पड़े बिना कैसे रह सकता था। नौकरशाही के क्रूर हाथों ने अकाल में ही "विजय" का गला घोंट दिया।

दैनिक 'अर्जुन" का आरम्भ

इसके बाद सन् १९२३ में इन्द्र जी ने दिल्ली से ही "अर्जुन" दैनिक का प्रकाशन आरम्भ किया। इसका कार्यालय भी नया बाजार था। गांधी जी का सत्याग्रह आन्दोलन चोरी चौरा काण्ड के कारण धीमा पड़ गया था और उसके विपरीत जगह जगह साम्प्रदायिक झगड़े बढ़ रहे थे। उत्तर-प्रदेश के आगरा-गुड़गांवा-मथुरा-अलीगढ इत्यादि जिलों में मलकाने राजपूतों की बड़ी संख्या थी। ये नाम मात्र के मुसलमान थे पर सब हिन्दू रीति रिवाजों का पालन करते थे। राजपूत महासभा ने इनकी शुद्धि का प्रस्ताव पास किया और इस कार्य को व्यवस्थित रूप देने के लिये, महासभा की प्रेरणा से स्वामी श्रद्धानन्द जी ने "शुद्धि सभा" कायम की। इससे पहले, वर्षों से मुसलिम संस्थाएं इन मुसलमानों को इस्लाम में समेट रही थीं। "शुद्धि सभा" का कार्य केवल रक्षात्मक और जवाबी था। इस आन्दोलन के चलते ही मौलाना मुहम्मद अली, शौकत अली इत्यादि कांग्रेसी मुसलमानों ने बड़ा शोर मचाया। गांधी जी, मोतीलाल नेहरू, देशबन्धु दास इत्यादि कांग्रेसी नेताओं ने भी मुसलमानों का पक्ष लिया। स्वामी श्रद्धानन्द जी ने कांग्रेस की इस मुसलिम तुष्टीकरण नीति का विरोध किया और कांग्रेस से त्याग पत्र दे दिया। उस समय, भूलतः, हिन्दुओं के शुद्धि और संगठन आन्दोलन को पुष्ट करने के लिये स्वामी श्रद्धानन्द जी ने, कुछ समृद्ध व्यक्तियों की सहायता से उर्दू में दैनिक "तेज" और हिन्दी में "अर्जुन" दोनों पत्र निकाले। "तेज" का सम्पादन ला० देशबन्धु गुप्त और "अर्जुन" का पं० इन्द्र जी को सौंपा गया।

जब मैं 'अर्जुन" में गया

१९२४ जनवरी में जब मैं अर्जुन में आया तब उसका रूप काफी बदल चुका था। इन्द्र जी कठमुल्लापन के कट्टर विरोधी थे। उनमें राष्ट्रीयता कूट-कूट कर भरी हुई थी। धर्म को वह राष्ट्रीयता से पृथक् और दूसरे दर्जे पर समझते थे। शुद्धि और संगठन का भी वे राष्ट्रीयता की दृष्टि से, उचित सीमा तक ही, समर्थन करते थे। "अर्जुन" का यही दृष्टिकोण था। लगभग १।। साल तक मैं इस पत्र में रहा। घाटे के कारण बन्द हो जाने से मुझे भी १९२५ के

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मध्य छोड़ना पड़ा।

इस पीढ़ी के हिन्दी पत्र-देश प्रेम की भावना से ही

प्रसंगवश, यहां उन दिनों के हिन्दी दैनिक पत्रों की स्थिति के बारे में कुछ संकेत करना अनुचित न होगा। आज तो जमीन आसमान का फर्क हो गया है। कम्पोज हाथ से होकर छपाई छोटी सलैन्डर मशीनों पर ही होती थी। टाइपों के स्वरूप तीन-चार ही थे। प्रायः दो या तीन उप-सम्पादक होते थे। पूरा वेतन तो क्या तीन-तीन मास तक ईद के चांद की तरह कभी-कभी लक्ष्मी की धीमी सी झांकी मिल जाती थी। मनीआर्डरों की बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा की जाती थी, पर हिस्से में भाग्य से कुछ रुपल्ली ही आती थी। "खाओ घर हाजिर कचहरी" वाला हिसाब था। गृहस्थ की गाड़ी हमेशा कर्ज के कीचड़ में फंसी रहती थी। फिर भी हम लोग मस्त रहते थे। एक ओर अपने में देश प्रेम, त्याग और हिन्दी सेवा की भावना और दूसरी ओर जनता में स्वतः सम्पादकों के प्रति सम्मान की और इनके देश भक्त होने की दृढ़ धारणा—से ही इस बीहड़ मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली थी। उस समय हिन्दी—उर्दू के दैनिक सन्ध्याकालीन नहीं होते थे। प्रातः, पायोनियर, स्टेट्समैन, इत्यादि पत्र आ जाते थे। ब्रिटिश पोषक "एसोशिएटेड प्रेस सर्विस" ही एक मात्र संवाद समिति थी, जिसकी पूरी सर्विस ३०० रु० में और संक्षिप्त १५० रु० में मिलती थी। "अर्जुन" दूसरी सर्विस ही लेता था। टेलिप्रिन्टर तो उन दिनों थे ही नहीं, डाकियों द्वारा ही तारों से समाचार प्राप्त होते थे। रविवार को छुट्टी रहती थी। सम्पादकीय कार्य शाम को ६ बजे समाप्त हो जाता था रात को ड्यूटी का सवाल ही नहीं था।

साहित्यिक और लेखक के रूप में इन्द्र जी

इन्द्र जी "अर्जुन" कार्यालय के ऊपर के तल्ले पर ही रहते थे। नियमित रूप से प्रातः ४ बजे उठना, नित्य कार्यों से निवृत हो ५ बजे अपने दफ्तर में नीचे आ जाते और ८ बजे तक सम्पादकीय टिप्पणीयां और "वीणा की झंकार" लिखते फिर स्नान, भोजन आदि करके ११ बजे के लगभग दफ्तर में आ जाते। सायंकाल को कांग्रेस, आर्य समाज, हिन्दी साहित्य सम्मेलन इत्यादि सार्वजनिक संस्थाओं में भाग लेते। दैनिक समाचार पत्रों के पढ़ने के अतिरिक्त,इन्द्रजी हररोज इतिहास, दर्शन, साहित्य, उपन्यास इत्यादि विषयों पर देश-विदेश की पुस्तकों का नियमित स्वाध्याय करते। यह उनका दैनिक कार्य-क्रम था। यही कारण है कि दैनिक सम्पादन के अतिरिक्त इन्द्रजी ने लगभग दो दर्जन पुस्तकें जिनमें उपनिषदों के गम्भीर वियय लेकर उपन्यास, कहानी, कविता इत्यादि शामिल थे—लिखीं। जीवन ,चरित्र, संस्मरण और रेखा चित्र लिखने में आप विशेष सिद्धहस्त थे। व्यंगात्मक "वीणा की झंकार" बड़ी चटपटी और चुभने वाली लिखते थे। इसी पर तो चिढ़ कर एक बार दिल्ली पुलिस ने "अर्जुन" की जमानत जब्त करा दी थी। इन्द्र जी की लिखने की शैली बड़ी अनूठी और अपने ढंग की निराली थी। आपकी भाषा में सहज, प्रवाह, ओज, सरलता, परिपक्वता और स्पष्ट चिन्तन होता था। मौलिक चिन्तन और कठिन विषय को ऐसी भाषा में उपस्थित करना जिसे सामान्य पाठक भी अनायास समझ जाए ऐसा उनका लिखने का ढंग था। पाठक यह समझता था कि लेखक को

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अपने विषय और भाषा पर पूरा आधिपत्य है।

देश विभाजन के बाद फिर "अर्जुन" में

विविध पत्रों में काम करने के बाद देश विभाजन के कारण अनेक यातनाओं को सहते हुए जब मैं दिल्ली आया तो इन्द्र जी ने मुझे बड़ी कृपा पूर्वक "वीर अर्जुन" में सह सम्पादक का स्थान दिया। इस समय उसकी स्थिति १९२४-२५ से सर्वथा भिन्न थी। राजधानी के अन्य दैनिक पत्रों के समान ही यह था पर आर्थिक स्थिति ढीली थी। आयु का प्रभाव भी इन्द्र जी पर पड़ने लगा था। कांग्रेस आन्दोलन में दो या तीन बार जेल जाने के कारण उनका शरीर कई वर्ष से, रोग ,ग्रस्त हो गया था। एक फेफड़ा तो काम ही नहीं करता था। यद्यपि "वीर अर्जुन" श्रद्धानन्द प्रकाशन लिमिटेड के आधीन था पर हिन्दी में कई दैनिक पत्रों के हेतु वह मुकाबले में टिक नहीं रहा था। इन्द्र जी ने अपने शेयर बेच दिये थे। दो तीन व्यक्तियों के हाथों में हस्तान्तरित होता हुआ आखिर जनसंघ के हाथ में आ गया। इन्द्र जी सम्पादक के रूप से मुक्त हो चुके थे। आखिर १९५० में "वीर अर्जुन" चौथाई सदी से अधिक हिन्दी और राष्ट्र की गौरवमयी सेवा और विदेशी शक्ति का मुकाबला करने के बाद दैनिक पत्र पर प्रतिदिन प्रकाशित होने वाले महाभारत के वाक्य——

"अर्जुनस्य प्रतिज्ञे द्वे
न दैन्यं न पलायनम्"

"अर्जुन की दो प्रतिज्ञाएं हैं, दीनता नहीं और पलायन नहीं।" का अक्षरशः पालन करता हुआ इतिहास के अनन्त गर्भ में विलीन हो गया।

"जनसत्ता" दैनिक में इन्द्र जी

१९५२ में दिल्ली से हिन्दी में दैनिक "जनसत्ता" निकला। यह अंग्रेजी के दैनिक "इण्डियन एक्सप्रैस" का था। इसके स्वामियों ने इन्द्र जी की बड़ी खुशामद मिन्नत की कि वह इसका सम्पादन संभालें, वेतन १२०० रुपये था। पण्डित जी ने इस शर्त के साथ यह पद स्वीकार किया कि "मेरे सम्पादकीय काम में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।" लगभग एक साल गाड़ी ठीक चलती रही और पत्र की बिक्री बढती गई। तब मैं भी "जन सत्ता" में सह सम्पादक था। बम्बई के एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक पत्र को सरकार ने विज्ञापन देने इसलिये बन्द कर दिये थे कि वह सरकार की आलोचना करता था। इन्द्र जी ने अपने सम्पादकीय में इसका विरोध किया। श्री फिरोज गांधी जनरल मैनेजर थे। मालिकों की प्रेरणा से उन्होंने बातचीत में, प्रश्न वाचक चिन्ह के साथ वह सम्पादकीय पण्डित जी के सामने ज्यों ही अभी आधा ही रखा था कि वह उनके साथ पी जारही चाय वहीं छोड़कर सीधे घर वापस चले गये और वहां से तत्काल अपना त्याग पत्र भेज दिया। मालिक इस विषम स्थिति की कभी स्वप्न में भी आशा नहीं करते थे। उनकी ओर से कई स्पष्टीकरण आये, कुछ प्रमुख और साझे मित्रों ने मध्यस्थता भी की पर इन्द्र जी टस से मस नहीं हुए। पण्डित जी कहा करते थे कि सम्पादक का ओहदा बड़ा ऊंचा होता है। उसे सदा अक्षुण्ण रखना चाहिए। ब्रिटिश काल में कई बार उन्हें राजा-महाराजाओं और ऊंचे सरकारी अधिकारियों से मिलने का मौका मिलता था। उन्होंने न तो किसी को "हजूर" "अन्नदाता" व "सर" कहा

——शेष पृष्ठ संख्या ३१८ पर

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गतांक से आगे--

मनःपूतं समाचरेत्

डॉ बद्रीप्रसाद पंचोली विजय निवास, मदनगंज किशनगढ़ (राजस्थान)

तीसरे मंत्र में सविता, पर्वत और धाता से चक्षु धारण कराने की प्रार्थना की गई है। इस कार्य में सविता की सामर्थ्य का उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। शक्ति-वितान द्वारा सबका प्रवर्तन सविता ही करता है और चक्षु में ऐसी क्षमता वह ही उत्पन्न कर सकता है। साधक उसकी इस शक्ति का अपने में आधान करना चाहता है।

पर्वत को निरुक्तकार ने मेघ का पर्यायवाची माना है। पर्व-पर्व में निहित आवरक शक्ति ही पर्वत है। वह शक्ति के प्रवाह को रोकता है। साधक इस आवरक शक्ति को अपनी साधना में बाधक न बनने देने के लिए कृतसंकल्प है। गोस्वामी तुलसीदास ने जैसे सज्जनों के साथ दुर्जनों की वन्दना भी की है, उसी तरह इस मंत्र में साधक शक्तिवितान में बाधक बनने वाली शक्ति–पर्वत को अपने अनुकूल बनाने के लिए सम्बोधित करता है--'पर्वत, हमें चक्षु धारण कराओ।

पौराणिक–वर्णनों में पर्वत संगीतकार नारद के भ्राता हैं। वस्तुतः नारद और पर्वत दोनों ही सृष्टि प्रक्रिया में आद्य–सलिल से उद्भूत सर्ग की विशिष्ट स्थितियों की संज्ञाएं हैं जिन्हें पौराणिकशैली में देवर्षि–रूप में चित्रित किया गया है। आध्यात्मिक जगत् में चलने वाले नित्यसृजन में ये दोनों योग देते रहते हैं। सृष्टि-विज्ञान का ज्ञाता साधक पर्वत को अनुकूल बना कर साधनाक्षेत्र में आगे बढ़ता है।

धाता अन्तरिक्षस्थ देवता है। पर्वत भी अन्तरिक्ष में सर्ववितान को रोकता रहता है। ज्योंहि पर्वत अपना अवरोध समाप्त करता है धाता अपनी धारण सामर्थ्य प्रदान करके ज्योति की धाराओं को साधक के चक्षु में आधान कराता है। ये तीनों चक्षु क्यों धारण करावें? इस प्रश्न का उत्तर चतुर्थ मंत्र में है।

'चक्षु के लिए चक्षु धारण कराओ और शरीरों की कान्ति के लिए चक्षु धारण कराओ।' चक्षु के लिए चक्षु धारण कराने का तात्पर्य है–वाणी और दर्शन रूप में व्यक्त होने के लिए एकीभूत-विज्ञान-मन की सामर्थ्य में वृद्धि करना। शरीरों की कान्ति का तात्पर्य है–मनोमय–कारणशरीर, प्राणमय–सूक्ष्मशरीर और अन्नमय–स्थूलशरीर इन तीनों में विशेष दीप्ति उत्पन्न होना। इन शरीरों के दीप्तिमान् होने पर ही साधक राष्ट्रभृत् बनता है। चक्षु धारण करने से एक ओर विज्ञान-मन में आनन्दमयकोश में स्थित आत्मा की अनुभूति होती है और दूसरी ओर शरीरों की दीप्ति बढ़ती है। इससे दो प्रकार की दृष्टियां उद्भूत होती हैं। 'सं पश्येम' और 'वि-पश्येम' क्रियाओं द्वारा इन्हीं दो दृष्टियों की ओर मंत्र में संकेत है। 'इदम्' शब्द विश्व का वाचक है। 'इदम्' को वैराजीसृष्टि कहा जाता है जिसकी सृजकशक्ति विराज है। विराज को राजवत्ता प्रदान करने वाली केन्द्रस्थित चैतन्य शक्ति सम्राज है। चक्षु की द्विविध दृष्टियों में से एक सम्राज-परक होती है और दूसरी विराज-परक। साधक कहता है--चक्षु पाकर हम,

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सं-पश्येम--पूर्ण--चैतन्य (सम्राज) को देखें और वि-पश्येम--विविध रूपों में प्राकृतिक उपादानों में विभाजित-चैतन्य (विराज) को देखें--शरीरस्थ आत्मा को देखें और विविध शरीरों में उसकी सक्रिय सामर्थ्य को देखें।

सुसन्दृशं त्वा वयं प्रति पश्येम सूर्य।
वि पश्येम नृचक्षसः ॥३॥
(ऋ० १।१५८।५)

(सूर्य) हे सर्वोत्पादक सूर्य (वयम्) हम (सु सन्दृशं त्वा) उत्तम दृष्टि सम्पन्न तुझे (प्रति पश्येम) प्रतिदिन देखें और (नृ-चक्षसः) नेतृ-चक्षु होकर (वि-पश्येम) विविधरूपा सृष्टि को देखें।

'सु-सन्दृशं' शब्द यहां बड़ा सार्थक है। 'सु' का विपर्याय 'असु' है। 'सु' को आदर्श मानने वाला सुरत्व का अनुगामी होता है और 'असु' को आदर्श मानने वाला 'असुरत्व' का। 'सुर' 'सु' का प्रदाता है और 'असुर' 'असु' का। दर्शन की पूर्णता का प्रतिपादक 'सन्दृश' शब्द है। परवर्तीकाल में इसे सालोक्या, सारूप्या आदि विशेषणों से विशिष्ट मुक्ति कहा गया है। यहां साधक सुरत्व को लक्ष्य बना कर पूर्णता प्राप्त करना चाहता है इसलिए मंत्र में सम्बोधित देव सूर्य को 'सु सन्दृश' कहा गया है। दिव्यलोक से आने वाली शक्तियों का पूर्ण आधान करके देवी-सम्पत्ति का विकास कर लेने पर साधक में शक्ति-वितान की--शक्ति के प्रत्यावर्तन की सामर्थ्य आ जाती है। 'प्रति-पश्येम' क्रिया में 'प्रति' उपसर्ग द्वारा प्रत्यावर्तन की ओर संकेत किया गया है। सूर्य के सारे गुण अपने में विकसित कर लेने पर ही साधक शक्तिवितान में समर्थ हो सकता है। सूर्य का सूक्ष्म अंश शरीर में चक्षु रूप में निहित है। उस चक्षु द्वारा ही शरीर में सूर्य से सुसांदृश्य प्राप्त की जा सकती है। इसलिए सूक्त में चक्षु धारण करने पर बल दिया गया है।

सुसांदृश्य प्राप्त करने पर साधक 'नृचक्षस्' हो जाता है। सूर्य ब्रह्माण्ड में 'विश्वनर' कहलाता है। वह प्राणात्मकस्पन्दन का जनक होने से 'विश्वनर' (विश्व का नेता) है। सूर्यवत् चक्षु-सामर्थ्य हो जाने पर साधक भी 'नृचक्षस' (नेतृ-चक्षु या नेतृबुद्धि-सम्पन्न) हो जाता है। ऊपर जिस चक्षु-साधना की ओर संकेत है वह 'नृचक्षस' होने के लिए ही है। ऐसा हो जाने पर वह तटस्थ द्रष्टा बन कर संसार में व्यवहार करता है। संसार की विविधता और त्रिविध शरीरों के व्यापार को भी वह तटस्थ दृष्टि से देखता है। साधक की कामना है--वह भी नृचक्षस होकर, इस विविधतामयी सृष्टि को देखे। उपलक्षण से देखने का तात्पर्य सम्पूर्ण ऐन्द्रिक-व्यापार में प्रवृत्त होने से है। साधक चाहता है कि उसका विज्ञानमन रूपी दिव्यचक्षु साधना से शक्ति-वितान के लिए समर्थ बने जिससे एक ओर तो वह अपनी आत्मा की साक्षात् अनुभूति प्राप्त करे और इस अनुभूति से पूत मन सांसारिक कार्यों में विशेष तटस्थतापूर्वक प्रवृत्त हो, उसके सारे कार्य विवेकगर्भित व विवेक प्रेरित हों।

'मनःपूतं समाचरेत्' उक्ति का तात्पर्य भी इस सूक्त के भावों का अनुगत है। विज्ञानमन जागरूक होकर व्यक्ति को सदाचरण में प्रवृत्त करे इसी के लिए चक्षु-दृष्ट इस सूक्त में विशिष्ट साधना की ओर संकेत किया गया है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

कवि यमुनादत्त कृत—

वीर तरंग रंग--एक ऐतिहासिक काव्य

(ले. प्रो. भवानीलाल भारतीय एम. ए.)

शाहपुरा नरेश स्व. नाहरसिंह आर्यसमाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द के अनुयायी और भक्त थे। स्वामीजी ने अपनी उत्तराधिकारिणी परोपकारिणी सभा का उन्हें सभासद भी बनाया था। इन्हीं आर्य-नरेश नाहरसिंह जी के सभापण्डित षट्शास्त्र पं. यमुनादत्त जी ने शाहपुरा के प्राचीन राजवंश का वर्णन करते हुए 'वीर तरंग रंग' नामक एक संस्कृत काव्य का प्रणयन किया था।

राजपूत रजवाड़ों में राजा के आश्रित रह कर संस्कृत के पण्डितों और विद्वानों ने जो संस्कृत साहित्य की सेवा की है, उसी के उदाहरणस्वरूप इस काव्य का उल्लेख किया जा सकता है। 'वीर तरंग रंग' के प्रणेता पं. यमुनादत्त षट्शास्त्री आर्यसमाजी विचारधारा के अनुयायी थे और उन्होंने करौली नरेश के राज पण्डित पं. चन्द्र-शेखर शास्त्री से वेदसंज्ञाविमर्श विषय पर पत्र-व्यवहार के माध्यम से संस्कृत भाषा में शास्त्रार्थ भी किया था।

शाहपुरा के राजगुरु द्वारा प्रणीत यह काव्य राजाधिराज नाहरसिंह जी द्वारा अपने राज्य में विद्यमान उम्मेदसागर नामक बांध के तट पर शिलालेख के रूप में बंधवा दिया था।१ 'वीर तरंग रग' पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध दो भागों में विभक्त है। पूर्वार्द्ध में १३८ और उत्तरार्द्ध में ८६ श्लोक हैं। काव्य के प्रारम्भिक भाग में प्राचीन क्षत्रिय जाति की उत्पत्ति, मेवाड़ में गुहि-तीत वंश के सीसोदिया राज्य की स्थापना, मुगल शासन काल में मेवाड़ के एक सामन्त सुजानसिंह द्वारा शाहपुरा राज्य की स्थापना, शाहपुरा के नरेशों के राज्य काल की प्रमुख घटनाएं तथा इन शासकों द्वारा किये गये युद्ध, भवननिर्माण, दान एवं प्रजापालन विषयक अनेक कृत्यों का विस्तार-पूर्वक वर्णन किया गया है।

ग्रन्थ का उत्तरार्द्ध शाहपुरानरेश के राज्या-रोहण के उल्लेख से आरम्भ होता है। इस प्रसंग में आर्यसमाज के प्रवर्तक स्वामी दयानन्द का शाहपुरा आगमन, नरेश के सान्निध्य मे रहकर वेदभाष्य के प्रणयन, वेदोपदेश करने आदि का भी वर्णन किया गया है। स्वामी दयानन्द विषयक इस काव्य के प्रासंगिक श्लोक निम्न हैं--

उपैर्द्दयानन्द महर्षिराप्तो
वेदार्थ विज्ञानसहस्ररश्मिः।
संस्थापितो येन समाज आर्य्य-
धर्मप्रचाराय परोपकृत्यै ।। उ. ७

उन्हीं दिनों महामान्य महर्षि श्री दयानन्द सरस्वती वेदार्थ विज्ञान के सूर्य उदय हुये। उस महात्मा ने आर्य धर्म के प्रचार और लोकोपकार के लिए आर्य समाज की स्थापना की।

पाखण्डिदुर्वादरजोऽभिभूतं
वेदार्थरत्नं परिभार्ष्टुकामः।
गीर्वाणवाण्यामथ चार्य्यवाण्यां,
चकार भाष्यं विधिवच्छ्रुतीनाम्।।उ. ८

पाखण्डियों के दुर्वाद रूपी धूलि पटल से प्रच्छन्न वेदार्थरूपी रत्न को अपनी वाणी से निर्मल करने के लिये उन्होंने वेदों का संस्कृत

---

१ सेयं प्रशस्तिरवनीशचरित्रचारु,
रुम्मेदसागरतटोपरि विस्फुरन्ती।
आसृष्टि दिव्यवटाभिव वैजयन्ती,
लोके प्रचारयतु नाहरसिंहकीर्त्तिम् ।।
वीर तरंग रंग उ. ८६।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

और आर्यभाषा (हिन्दी) में भाष्य बनाया।

निमन्त्रितोऽनेन नृपेण सोऽयं,
समागमज्ज्ञानधनो यतीन्द्रः।
व्याख्यानकालेऽभवदस्य जिह्वा,
सरस्वतीनर्त्तनरङ्गभूमिः ।। उ. ९।

तब इन राजाधिराज (नाहरसिंह) ने विज्ञान-धन यतीन्द्र दयानन्द सरस्वती को बुलाने का निमन्त्रण उनकी सेवा में भेजा। तदनुकूल (फाल्गुन कृष्ण अमावस्या १९३९ वि.) के दिन स्वामी जी शाहपुरा पधारे और उनके व्याख्यान निरन्तर होते रहे जिसमें स्वामी जी की जिह्वारूपी रंगभूमि पर सरस्वती नाचती रही।

सतां प्रियेऽस्मिन्प्रणिधाय पात्रे,
तत्त्वं श्रुतीनामभवत्प्रसन्नः।
जगद्गुरुं तं परिपूज्य चाऽयं,
विनिश्चितार्थोऽभवदाऽऽहिताग्निः।।उ. १०

उन व्याख्यानों से सदुपदेश को ग्रहण कर लेने वाले इन राजाधिराज रूपी सत्पात्र में वेदों के तत्त्वों को भर कर स्वामी जी प्रसन्न हुए और राजाधिराज भी स्वामी जी के परामर्श से वेदार्थ का निश्चय कर तत्काल अग्निहोत्री बन गये।

निशम्य यद् भूपतिरादिशद्वै,
प्रशस्तिलेखाय महाशिलायाम्। उ. १५।

१९८१ वि. की जन्माष्टमी के दिन यह काव्य समाप्त हुआ।

उत्तरार्द्ध के शेष भाग में काव्य के चरित-नायक राजाधिराज नाहरसिंह जी द्वारा किये गये प्रजापालन के कार्यों का वर्णन किया गया है। ग्रन्थान्त के श्लोकों में नरेश के परिवार का वर्णन करने के पश्चात् कवि ने अपनी वंशलता का विस्तृत वर्णन करने[1] के उपरान्त अपना परिचय भी दिया है।[2] काव्य की समाप्ति की तिथि का उल्लेख करते हुए यह काव्य पूरा हुआ है।

आलोच्य काव्य का कलापक्ष

संस्कृत में बिल्हण कृत विक्रमांकदेव चरित जैसे काव्य मिलते हैं जिनमें राजाओं के राज्य-प्रशासन, युद्ध, दान, प्रजापालन, लोकोपकार आदि कार्यों का विस्तृत, अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन मिलता है। इन्हीं काव्यों की परम्परा में 'वीर तरंग रंग' काव्य की भी गणना हो सकती है। मध्यकालीन राजपूत जीवन की सामन्तकालीन संस्कृति के चित्रण की दृष्टि से इस कोटि के काव्यों को विशिष्ट महत्व दिया जा सकता है। राजपूतों के शौर्य, वीर्य, बल और पराक्रम का अत्युक्तिपूर्ण वर्णन इन काव्यों की विशेषता है। 'वीर तरंग रंग' के कवि ने भी युद्धों का बड़ा मार्मिक और प्रभाव-शाली वर्णन किया है। युद्धवर्णन के लिए जिस प्रकार की ओजगुणयुक्त भाषा की आवश्यकता होती है, उसका नमूना निम्न पद्य में देखा जा सकता है--

विपक्षसेनाचरशुण्डिशुण्डा-
दण्डावलीखण्डनकृत्कृपाणे।
अकाण्डमामोदत मुण्डमाली
सिप्राऽभवच्छोणितवाहिनी च ।।पू. ६८

---

१ नृपाज्ञयैतद्रचितं चरित्रं
सूर्य्यान्वयाब्धेर्विततोर्म्मिरङ्गम्।
मद्वंशवल्ली जलधेरमुष्य,
तटं विभर्त्तीव निदर्श्यतेऽत्र ।। उ. ७३।

२ श्रीमन्नाहरसिंहभूपतिलकादुत्तीर्णं विद्यार्णवा-ल्लब्ध्वा काञ्चनकङ्कणद्वयमथाऽस्यैवाऽऽत्मजं सानुजम्। उम्मेदं विधिवत्प्रपाठ्य गजयुङ्-मुद्रासहस्रार्च्चितो, गोचन्द्राऽङ्कधराऽब्द (१९१९) जन्मयमुनादत्तोऽस्म्यहं काव्यकृत्।। उ. ८१।

३ चन्द्रेभगोभू (१९८१) मितवर्षजन्माऽष्टम्या-मिदं काव्यमगात्समाप्तिम्।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

जब विपक्षी की सेना के हाथियों के सूंडों का खण्डन करने वाला नायक (राजा उम्मेदसिंह) का खड्ग चलने लगा तो मुण्डमाली शंकर ने अकाण्ड ताण्डव के साथ अट्टहास किया और सिप्रा नदी रक्तवाहिनी हो गई।

मध्यकालीन राजपूतों के पारस्परिक युद्धों के अतिरिक्त काव्य के द्वितीय भाग में प्रथम विश्व-महायुद्ध का भी वर्णन हुआ है--

संदीप्ते समराग्निना च भुवने वज्राभिपातैर्यदा,
वीराऽऽह्वानरवैर्न किं समभवच्छोषस्य धैर्यच्युतिः ।।
त्यक्त्वा युद्धभुवं स जर्म्मनपतिर्दूरं गतः केसरः,
सम्प्रापद्विजयश्रियं रणपटुर्जार्ज्जो बली पंचमः ।।

उ. ५१।

युद्धाग्नि के प्रज्वलित होने पर युद्धास्त्रों से निकले वज्रपात से वीरों के द्वारा किये गये युद्ध के आह्वान को सुनकर रण में न आये हुये वीरों का धैर्य (अथवा धरामण्डल को धारण करने वाले शेष नाग का धैर्य) क्या समाप्त नहीं हुआ ? ऐसी संकटापन्न दशा में जर्मनी का सम्राट् केसर युद्धभूमि को छोड़ कर पलायन कर गया और रणपटु इंगलैण्डनरेश जार्ज पंचम की विजय हुई।

काव्य में यत्र तत्र मनोहर सूक्तियों का भी कवि ने समावेश किया है। मदिरापान के दोषों की चर्चा करते हुए कहा गया है--

प्रभुताज्वरसन्तप्तो निमज्जेन्मदिरारसे ।
वातवच्चलतारुण्ये त्रिदोषी कथमाश्वसेत् ।।

पू० ७६।

वायु के समान चंचल तरुणावस्था में, प्रभुता-रूपी ज्वर से सन्तप्त होकर यदि मदिरा रस में निमज्जन करे तो वह त्रिदोषी कैसे जी सकता है ?

प्रभवति न विकारो मानसे संयतस्य ।। उ. १४

संयमी पुरुष के मन में कोई विकार उत्पन्न नहीं होता। अलंकार योजना की दृष्टि से भी यह काव्य दरिद्र नहीं है। रूपक का निम्न उदाहरण द्रष्टव्य है--

दिनाऽत्यये यावनशासनस्य,
सन्ध्यारुणाऽऽसीदथ दाक्षिणात्यै ।
प्रमादमान्ध्यं दधतोऽस्य राज्ञो,
दोषादिदं ह्रासमवाप राज्यम् ।।

पू० ८१

जब यवनसम्राट् के शासन का दिन अस्त हुआ और मराठों के आक्रमणरूप सन्ध्या उदय हुई तब प्रमादरूपी अन्धकार को धारण करने वाले (राजा अमरसिंह) के दोष से यह राज्य ह्रास को प्राप्त हुआ।

--o--

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

भारत की सामान्य लिपि के रूप में देवनागरी लिपि के विकास की योजना

लेखक :—श्री हरि बाबू बंसल, महामन्त्री केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद्

भारत की अधिकांश भाषाएं एक-दूसरे के काफी निकट हैं। यदि उनकी लिपि की असमानता दूर हो सके तो उससे भारत के विभिन्न प्रदेशों के निवासी अन्य प्रदेशों की भाषाएं अधिक सुगमता से सीख सकेंगे। इससे भारत की भावात्मक एकता भी सुदृढ़ होगी और विभिन्न भाषा भाषी वर्ग अन्य भाषा के साहित्य को पढ़ने में अधिक रुचि ले सकेंगे। इस दृष्टि से देश में सामान्य लिपि के विकास की आवश्यकता काफी समय से अनुभव की जाती रही है और पिछले दिनों इस बात पर देश के अनेक विद्वानों ने बल दिया है।

कुछ वर्ष पूर्व मुख्य मन्त्रियों का एक सम्मेलन दिल्ली में हुआ था। उसमें देश की सामान्य लिपि की समस्या पर भी विचार हुआ था और यह मत व्यक्त किया गया था कि भारत की सामान्य लिपि के रूप में देवनागरी को अपनाना उचित होगा।

लिपि जैसे प्रश्न पर किसी भी निश्चय को एक दम अमल में नहीं लाया जा सकता और उस दिशा में धीरे-धीरे ही प्रगति हो सकती है। परन्तु सामान्य लिपि का प्रश्न बहुत महत्त्व का भी है और उसके लिए निश्चयात्मक रूप से कुछ करना भी आवश्यक है। इस सम्बन्ध में कुछ सुझाव विचारार्थ प्रस्तुत हैं।

अन्य भाषाओं का साहित्य देवनागरी लिपि में प्रकाशित करने का प्रयास यद्यपि पहले भी होता रहा है परन्तु इस प्रकार के साहित्य की मात्रा अभी तक बहुत कम रही है। प्रारम्भ में ऐसा साहित्य प्रकाशक लोग तब तक नहीं निकालेंगे जब तक कि वे इस बात के लिए आश्वस्त न हो जाएं कि उन्हें ऐसे प्रकाशनों में आर्थिक हानि न होगी। प्रारम्भिक अवस्था में तो कुछ वर्षों के लिए भारत सरकार की ओर से ही पहल होना आवश्यक मालूम होता है। कुछ पुस्तकें भारत सरकार द्वारा स्वयं प्रकाशित की जा सकती हैं तथा कुछ के लिए आर्थिक अनुदान अथवा अन्य प्रकार के प्रोत्साहन देकर देश की प्रमुख साहित्यिक संस्थाओं तथा प्रकाशनगृहों को देवनागरी लिपि में अन्य भाषाओं का साहित्य प्रकाशित करने के लिए प्रेरित करना उपयोगी हो सकता है।

देवनागरी लिपि में विभिन्न भारतीय भाषाओं का साहित्य प्रारम्भ में अहिन्दी भाषी क्षेत्रों के स्कूल और कालेजों के पुस्तकालयों के उपयोग के लिए सरकार द्वारा प्रकाशित करना लाभकारी हो सकता है। जिस क्षेत्र के लिए ऐसी पुस्तकें छपवाने का विचार किया जाय उस क्षेत्र की प्रादेशिक भाषा में लिखी गई कथा, उपन्यास, कविता आदि की लोकप्रिय पुस्तकों में से रोचक तथा सरल पुस्तकें चुनकर उनके संस्करण देवनागरी लिपि में उन्हीं पुस्तकों के प्रकाशकों द्वारा छपवाने का यत्न किया जाय। कुछ पुस्तकें साहित्य संस्थाओं द्वारा भी प्रकाशित कराई जा सकती हैं। सरकार द्वारा उन पुस्तकों की प्रतियां स्कूलों आदि के पुस्तकालयों को निःशुल्क वितरित करने से अनेक प्रकाशक यह काम स्वयमेव करने को तत्पर हो जाएंगे। इस प्रकार की पुस्तकों से धीरे धीरे अहिन्दी भाषी क्षेत्रों के स्कूलों तथा कालेजों के विद्यार्थियों को देवनागरी लिपि के माध्यम से अपनी मातृभाषा का साहित्य पढ़ने का अभ्यास होने लगेगा। और यह भविष्य के लिए आधारशिला का काम देगी। इस प्रकार कालान्तर में देवनागरी भारत की सामान्य लिपि का रूप धारण कर सकेगी।

इस समय भारत सरकार के द्वारा संचालित हिन्दी कक्षाओं में हज़ारों सरकारी कर्मचारी हिन्दी सीख रहे हैं। जो पुस्तकें पूर्ववर्ती पैराग्राफ़ में दिए

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गए सुझाव के अनुसार तैयार कराई जांय उनकी प्रतियां इन कक्षाओं में भी उपलब्ध करवाई जा सकती हैं। कुछ अन्य पुस्तकें विशेष रूप से केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए विभिन्न भाषा वर्ग के अनुसार भी तैयार की जा सकती हैं। उन पुस्तकों के द्वारा वे कर्मचारी देवनागरी लिपि में अपनी भाषा का साहित्य पढ़ कर देवनागरी का अधिक अभ्यास कर पायेंगे उससे उनकी हिन्दी के प्रति रुचि भी अपेक्षाकृत अधिक बढ़ेगी।

अहिन्दी भाषी क्षेत्रों के स्कूलों और कालेजों में जो मैगजीन निकलते हैं उनमें भी कुछ पृष्ठ इस प्रकार के रखवाने का प्रयत्न किया जाए कि उनमें प्रादेशिक भाषाओं की सामग्री देवनागरी लिपि में छपी हो, तो उसका भी काफी उपयोग रहेगा। जिन मैगजीनों में इस प्रकार की व्यवस्था वहां के अधिकारी करें उन को आंशिक आर्थिक सहायता देने के विषय में सरकार विचार कर ले।

विभिन्न प्रदेशों में कुछ पत्र पत्रिकाओं के ऐसे सम्पादक अवश्य निकल आएंगे जो अपने प्रकाशनों में एक–दो पृष्ठ अथवा कालम नियमित रूप से देवनागरी लिपि में निकालने को स्वेच्छा से तैयार हो जाएं। ऐसे सम्पादकों से सम्पर्क स्थापित करके उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरित करने की कोई व्यवस्था सोची जानी चाहिए।

देश के साहित्यिक, प्रकाशक, संस्थाएं आदि इस प्रश्न पर गम्भीरता से सोचेंगी और रचनात्मक पग उठायेंगी तो कोई कारण नहीं कि यह कल्पना साकार न हो सके।

(पृ० सं० ३१६ का शेष)

तस्य भासा सर्वमिदं विभाति' उस जड़ पदार्थ के साथ जो हमारा सम्बन्ध है, जड़ पदार्थ के विषय में जो हम कथन करते हैं––यह प्रत्यक्ष घट है और घटादि विषय दोनों ही जड़ हैं। अतः जड़-इत्यादि व्यवहार के पीछे वह प्रकाशक आत्मा स्थित है। '१सूत्रे मणिगणा इव'। चक्षुरादि इन्द्रिय पदार्थ इन्द्रियां जड़पदार्थ घटादिओं को प्रकाशित नहीं कर सकतीं। जड़पदार्थों के मध्य में आत्मा ही स्फुरित हो रहा है। आत्मा ही समस्त विश्व का साक्षी और द्रष्टा है। अन्तःकरण भी आत्मा के प्रकाश से ही आलोकित हो रहा है। अन्तः-करण का भासक आत्मा है। आत्मा का भासक अन्तःकरण नहीं। इन्द्रियज्ञान की सहायता से आत्मा को नहीं देखा जा सकता। आत्मा मन-वाणी की पहुंच से परे है२। वाणी वहां से असफल होकर वापस आ जाती है। मन वहां तक पहुंच नहीं सकता। सांसारिक प्रिय-अप्रिय, सुख-दुःख, आत्मा को स्पर्श नहीं कर सकते। वह जरा मृत्यु रहित, शुद्ध अपापविद्ध३ है। यही आत्मा जगदधिष्ठान है, सभी का पोषक है। अज्ञानावृत विज्ञानचक्षु होने के कारण मानव उस परमप्रकाश स्वयंज्योति आत्मा का साक्षात्कार नहीं कर पा रहा है। इस आत्मा के दर्शन में इन्द्रियसन्निकर्ष की आवश्यकता नही होती। यह आत्मा स्वयमेव प्रकाशित होने में समर्थ है। इन्द्रिय-गम्य न होने के कारण ही आत्मा के विषय में दार्शनिकों में मतभेद हैं, वाणी अगम्य, मनस आदि अन्तरिन्द्रियों से अगम्य विषय का यदि वाणी से कथन किया जाय तो उससे विषय या तथ्य और उलझ ही सकता है सुलझ नहीं सकता। दार्शनिक कभी भी परतत्त्व के विषय में एकमत नहीं हो सकते४।

१. गीता
२. यतो वाचो निवर्तन्तेऽप्राप्य मनसा सह
३. उपनिषद्
४. जर्मन दार्शनिक कान्ट के अनुसार भी हम Noumena–परमार्थ का ज्ञान निश्चित रूप से नहीं कर सकते, हम सिर्फ Phenomena, व्यावहारिक ज्ञान ही कर सकते हैं।

(शेष अगले अंक में)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दर्शनशास्त्र की निरुक्ति

श्री प्रो० अभेदानन्द एम० ए०, वेदान्ताचार्य दर्शनविभाग, गुरुकुल कांगड़ी

किसी भी दार्शनिक चिन्तन पर विचार करने के पूर्व दर्शन शब्द से हमें क्या बोध होता है या होना चाहिए, इस पर विचार कर लेना आवश्यक हो जाता है।

'दृश्' धातु से 'ल्युट्' प्रत्यय करने पर दर्शनशब्द निष्पन्न होता है। 'दृश्' धातु का अर्थ प्रेक्षण=प्र+ईक्षण अर्थात् प्रकृष्ट या सूक्ष्मतया ईक्षण यानी देखना होता है। ल्युट् यदि भावार्थ में किया जाय तब दर्शन शब्द का अर्थ देखना मात्र होता है। और करण में करने पर 'दृश्यतेऽनेन' अर्थात् जिसके द्वारा देखा जाता है, वही दर्शन है। इससे दर्शन शब्द का अर्थ स्पष्टतया दर्शनेन्द्रिय चक्षु होता है। इस प्रकार दर्शन शब्द से हमें चाक्षुषज्ञान का ही अवबोधन होता है। यों प्रकारान्तर से 'दृश्' धातु का मुख्यार्थ भी चाक्षुष-ज्ञान ही है ऐसा नैयायिकों का मत है।

अब प्रश्न यह होता है कि यदि 'दृश्' धातु का मुख्यार्थ चाक्षुषज्ञान है तब दर्शन शब्द से हम क्यों दर्शनशास्त्र को ही समझने लगते हैं? चाक्षुष-ज्ञान का साधन चक्षुरिन्द्रिय है, न कि शास्त्र। अतः इस प्रश्न के उत्तर के लिये हमें चाक्षुषज्ञान अर्थात् चक्षु के द्वारा देखना किसे कहते हैं, इस पर विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है। चाक्षुषज्ञान केवल नेत्र के यान्त्रिक बहिर्व्यापारों पर ही सीमित नहीं है; नेत्र से हम वस्तु के बाहरी रूप का ग्रहण कर लेते हैं और उसे अन्त में मनोराज्य तक पहुंचा देते हैं। मनोराज्य की विभिन्न भावनाओं के स्तरों से होकर जब वह किसी निश्चित स्थान पर पहुंच जाता है तब उसे 'देखना' कहा जाता है। और तभी उस वस्तु के रूप के वास्तविक स्वरूप का हमें ज्ञान होता है, तभी उस वस्तु को भी हम जान जाते हैं।[1] देखना और देखकर जानना, इनमें भी बहुत अन्तर है। इस सूक्ष्म अन्तर को दार्शनिक ही समझ सकते हैं। देखना और देखकर जानना इनमें क्यों और क्या अन्तर है? साधारण देखना क्यों दार्शनिकों की भाषा में 'देखना' नहीं है? इन प्रश्नों के समाधान भी दर्शनशास्त्र ही करता है और इनके समाधान के लिये ही जीव, जड़-जगत् तथा मनोराज्य आदि गुरुतर समस्याओं पर दर्शन-शास्त्र को विचार करना पड़ता है। ये समस्याएं दर्शनशास्त्र की मूलभूत समस्याएं हैं।

इन्द्रिय और मन जड़ वस्तुएं हैं। जड़ पदार्थ का अपना कोई उद्देश्य या प्रयोजन नहीं होता।[2] इन्द्रिय व्यापारों के समान ही मनोराज्य एक यान्त्रिक क्रिया का खेल है। जड़यंत्र के पीछे जैसे एक यंत्री या संचालक होता है वैसे ही जड़ इन्द्रियों और मनोराज्य के पीछे एक स्वतंत्र जीवशक्ति है। वह जीवशक्ति अपने

१. देखिये—'पाश्चात्यदर्शन का इतिहास' में कॉक और कान्ट की ज्ञानमीमांसा? 'समस्त-ज्ञान का आरम्भ अनुभव से होता है, किन्तु उसकी उत्पत्ति अनुभव से नहीं होती। 'न्याय-वैशेषिक, मीमांसा, वेदान्त, जैन आदि भारतीयदर्शनों ने भी प्रत्यक्ष ज्ञान को बुद्धि और इन्द्रियानुभव दोनों से माना है। वेदान्त के अनुसार प्रत्यक्षज्ञान में भी विषयचैतन्य, प्रमाणचैतन्य और प्रमातृचैतन्य तीनों का एकीकरण होता है।

२. सांख्यकारिका—'संघातपरार्थत्वात्....

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

प्रयोजन की सिद्धि के लिये जड़शक्ति को प्रेरित करके उसमें स्वयं को प्रकाशित करती है।१ स्वसञ्चारी जीवशक्ति और तत्प्रेरित जड़शक्ति के बीच सब समय विनिमय हो रहा है। जीवशक्ति जड़ को निर्दिष्ट केन्द्र की ओर परिचालित करती है और जड़ पदार्थ जीव की प्रयोजनसिद्धि तथा भोग में सहायता करता है।२ जीवशक्ति को जड़ और चेतन की मिलनभूमि कही जा सकती है। इस भूमि में ज्ञान का प्रथम विकास और सुप्तप्रकृति का जागरण होता है।३

इन्द्रिय अथवा मनोव्यापारों को हम ज्ञान के पर्याय नहीं मान सकते, क्योंकि वे सब एक प्रकार की यांत्रिकक्रियामात्र हैं। यदि इन्हीं सबको हम 'ज्ञान' की संज्ञा दें तब जिनके मन इन्द्रियादि सभी साधन स्वस्थ हैं उनमें भी ज्ञान का तारतम्य क्यों देखा जाता है? विद्वान और मूर्ख, शिशु और वृद्ध के ज्ञानों में क्या अन्तर है? ज्ञान की प्रकृति इतनी भिन्न है कि उसकी तुलना जड़ से की ही नहीं जा सकती। यही कारण है भारतीय दर्शन में-विशेषकर वेदान्तदर्शन में ज्ञान को परमार्थ-सत्-चित् स्वरूप, कूटस्थ, नित्य, स्वयं प्रकाश ब्रह्म अथवा पुरुष कहा गया है। और जड़जगत् को उससे अत्यन्त भिन्न कहा गया है। (सत्यंज्ञानमनन्तंब्रह्म) (परस्परविरुद्धस्वभावौ) शंकरभाष्य ब्र० सू०। इतना होने पर भी ज्ञान के राज्य में जड़ का भी स्थान है क्योंकि जड़ और चेतन अंशांशीभाव से मिलित होकर ही ज्ञानराज्य की सृष्टि हुई है। ज्ञानालोक में जिस प्रकार जड़ आलोकित होकर हमारे सामने भासित होता है, उसी प्रकार ज्ञान भी जड़ के आकार में परिणत होकर अपने को हमारे सामने प्रकाशित करता है। ज्ञान के बिना जड़ जिस प्रकार अप्रकाश्य है, उसी प्रकार जड़ के बिना ज्ञान भी मूक है। ज्ञान स्वप्रकाश और जड़ पदप्रकाश है। ज्ञान और जड़ परस्पर आलोक और अन्धकार के समान विरोधी होने पर भी, ज्ञान सत्य और जड़ अनृत होने पर भी (१सत्यानृते मिथुनीकृत्य) सत्य और मिथ्या मिल कर ही (अनादिरयं लोकव्यवहारः२) यह अनादि संसार के लोकव्यवहार क्रम चल रहा है। दोनों के बीच एक सम्बन्ध है, यद्यपि वह सम्बन्ध भी मिथ्या३ ही है, फिर भी तादात्म्य सम्बन्ध है।

जीव चेतन है और चैतन्यगुण से ही वह जड़शक्ति में प्रकाशित होता है। चेतनशक्ति जड़शक्ति से क्रीड़ा करती है और इस क्रीड़ा में-इस लीला में जीव कुशलसाधन अकुशल वर्णन करने का प्रयास करता है। श्रेयः और प्रेयः दोनों ही पुरुष के द्वारा प्रार्थनीय पुरुषार्थ हैं। आनन्द ही उसका परम और चरम लक्ष्य है। उसकी सम्पूर्ण चिन्ता धाराएं उसके सतत प्रयास सत्य को, आनन्द को जानने और पाने के प्रयास हैं। 'सत्यं-शिवं-सुन्दरम्' को जानने की साधना है। 'सत्यं-शिवं सुन्दरम्' की उपलब्धि, एवं 'सत्-चित्-आनन्द' की प्राप्ति ही जीव की पूर्णता है, यही उसकी सीमा है। सच्चिदानन्द की स्थिति

१. जड़ को चलाने के लिये चेतन की आवश्यकता होती है, देखिये-ब्र० सू० शांकरभाष्य द्वि० अ० पा० २ तर्क पाद, सांख्य की प्रकृतिका खण्डन। सांख्यकारिका में पंगु-अन्धवत् वाला दृष्टान्त भी द्रष्टव्य।

२. सांख्यकारिका।

३. देखिए—कार्डनित्ज के विचार।

१. शंकरभाष्य ब्र० सू०।

२. वही।

३. मिथ्याभवितुं युक्तम्-शं० भाष्य ब्र० सू० भू०।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में वह तन्मय होकर 'ब्रह्मवित् ब्रह्मैवभवति४' हो जाता है। अर्थात् अल्प की सीमा को लांघकर वह भूमा असीम हो जाता है। यही परमानन्द की स्थिति है, विषयानन्द तो इस परमानन्द का आभासमात्र५ है। यही अमृत है और शाश्वत भी। योगी अपनी योगदृष्टि में, ऋषि अपने दिव्यदर्शन में, ब्रह्मवित् तत्त्वज्ञानालोक में, कवि अपनी काव्य-प्रतिभा में और दार्शनिक अपने दर्शन-चिन्तन में इसी की उपलब्धि को खोजते हैं। सभी के मनों में जिज्ञासाएं समानरूप से हैं, समाधान में, समाधान की पद्धति में अन्तर अवश्य आ जाता है; पर जिज्ञासा की पद्धति एक है। दर्शनशास्त्र इसी जिज्ञासा की मीमांसा और समाधान करने का प्रयास करता है६।

चाक्षुषज्ञान विश्वप्रकृति की छाप हमारे मनोराज्य में छोड़ता है या पहुंचाता है। उसी प्रकार शास्त्र भी जीव-जगत् और आत्मा के सम्बन्ध तथा स्वरूप के विषय में विचार करते हैं और एक सुस्पष्ट छाप हमारे अन्तःस्थल में छोड़ते हैं; इसी कारण शास्त्र को, जो कि जीव-जगत्, आत्मा-परमात्मा के सम्बन्ध में विचार करता है, दर्शन कहते हैं। यों दर्शन का अर्थ साक्षात्कार अर्थात् आत्मज्ञान भी है। 'नहि द्रष्टु र्दृष्टे र्विपरिलोपो विद्यते' 'आत्मावाऽरे द्रष्टव्यः७' इत्यादि श्रुतिओं से यही सिद्ध होता है कि आत्मज्ञान को ही दर्शन कहा गया है।

'दृश्यतेऽनेन' इस अर्थ के अनुसार आत्मज्ञान के साधन ही दर्शन हैं। शास्त्र को चूंकि आत्मज्ञान के साधन हैं, इस लिये दर्शन की संज्ञा दी जाती है। आत्मज्ञान लक्ष्य है तो उसका साधन यानी माध्यम दर्शनशास्त्र है।

आत्मा को अवलम्बन करके ही सम्पूर्ण सृष्टि कार्य है। आत्मप्रीति ही समस्तप्रकृति और चेष्टाओं का मूल है। पति पत्नी को प्यार करता है—वह भी आत्मा के ही लिए है। वह स्वयं को प्यार करता है इस लिये स्वयं को केन्द्रित करके ही दूसरों को प्यार करता है। पत्नी उसकी असली प्रियतमा नही, प्रत्युत उसकी आत्मा ही असली प्रियतमा है (न वारे जायायै कामाय जाया प्रिया भवति, आत्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति) इसी प्रकार पति के लिये पति प्यारा नहीं होता अपितु पत्नी स्वयं को केन्द्रित करके ही प्यार करती है। (नवाऽरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति, आत्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति) पुत्रों को सुखी करने के लिये पुत्र प्यारे लगते हों ऐसी बात नहीं, अपितु स्वयं को ही सुख पहुंचाने के लिये पुत्र प्यारे लगते हैं। (नवाऽरे पुत्राणां कामाय पुत्राः प्रिया भवन्ति८)। हमारी सर्वाधिक प्रियतम आत्मा ही है। आत्मा को केन्द्र करके अन्य व्यक्ति या वस्तुएं प्यारी लगती हैं। ये पुत्रादिपदार्थ साधन हैं, साध्य९ नहीं हैं। प्रधानवस्तु आत्मा हैं। और मुख्य प्रेम आत्मा में है, बाकी प्रेम गौण हैं। इसी लिये उपनिषद् में कहा है कि आत्मा ही साक्षात्कार करने योग्य वस्तु है, आत्मा का दर्शन करना चाहिए। (आत्मावाऽरे द्रष्टव्यः)।

---

४. उपनिषद्।

५. देखिये—पाश्चात्यदर्शन में स्पिनोजा के विचार मिलते-जुलते विचार हैं।

६. शंकराचार्य का दर्शन अथातो ब्रह्मजिज्ञासा ब्र० सू० प्र० पा०, इस सूत्र से प्रारम्भ होता है।

७. उपनिषद्—याज्ञवल्क्य मैत्रेयी संवाद।

८. उपनिषद् याज्ञवल्क्य मैत्रेयी संवाद।

९. फ्रेञ्चदार्शनिक ज्यांपाल सार्त्र के मानवास्तित्त्व के विषय में ये विचार मिलते जुलते हैं 'POUR SOI' अपनेलिये अस्ति, 'EN-SOI' अपने आपमें अस्ति।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

इस लिये यह सिद्ध हुआ कि आत्मदर्शन ही समस्त दर्शनों का मूलमंत्र है। अब प्रश्न यह उठता है कि आत्मसाक्षात्कार हो कैसे ? आत्मा का तो कोई रूप है नहीं, अरूपवस्तु का ग्रहण चक्षुद्वारा हो नहीं सकता। फूल का लाल रंग चक्षु के द्वारा गृहीत हो सकता है। आत्मा तो निराकार रूपरहित पदार्थ है। 'दश्' धातु का सही अर्थ चक्षु के द्वारा देखना ही है, तब आत्मा का दर्शन सम्भव नहीं। इस लिये 'दृश्' धातु का अर्थ सिर्फ चक्षु द्वारा ग्रहण ही नहीं, अपितु साक्षात् सम्बन्ध से ग्रहण अर्थात् दर्शन भी है। क्योंकि शास्त्र कहते हैं, आत्मा का दर्शन अपरोक्षानुभूति से ही होता है। इस प्रकार साक्षात्कार में ज्ञान-ज्ञेय-ज्ञातृ भेद नहीं रहता। यहां पर विषय और विषयी में भेद नहीं रहता, अपितु सभी एकत्व में ओत-प्रोत हो जाते हैं। एकत्वेनआत्मा के दर्शन होते हैं, अर्थात् आत्मा अपरोक्ष है वस्तुतः इस अर्थ में यदि कोई साक्षात् देखने की कोई वस्तु है, तो वह आत्मा ही है। अन्य वस्तुओं के दर्शन हो ही नहीं सकते, क्योंकि अन्य वस्तुएं अर्थात् घटादिक पदार्थों के स्वरूप अनिर्णीत हैं। घटादि पदार्थ बाह्य हैं। और ज्ञाता जो कि सभी वस्तुओं को ग्रहण करने वाला है, आन्तरपदार्थ है। वह विषय नहीं, विषयी है। ज्ञान-ज्ञेय नहीं, ज्ञाता है। (विषयविषयिनौ परस्पर विरुद्धस्वभावौ) ज्ञेय और ज्ञाता परस्पर विरुद्धस्वभाव वाले हैं। दोनों में सत्यसम्बन्ध हो ही नहीं सकता। आलोक और अन्धकार दोनों एक स्थान पर नहीं रह सकते क्योंकि दोनों विरुद्धस्वभाव वाले हैं। इसी प्रकार ज्ञाता जो आत्मा है, और ज्ञेय जो घटपटादि पदार्थ हैं-- दोनों के स्वभाव विपरीत होने के कारण दोनों में सत्य सम्बन्ध असम्भव है। जब तक विषय की उपस्थिति सामने नहीं होगी और जबतक जानने वाले और जाने-जाने वाले पदार्थों में साक्षात् सम्बन्ध नहीं होगा, तब तक घटादि-पदार्थों के दर्शन का प्रश्न ही नहीं उठता। विषय और विषयी का सम्बन्ध मायिक है अतः विषय का साक्षात्कार भी मायिक है।

इससे यह सिद्ध होगया कि चाक्षुषज्ञान जिसे हम सत्य मानते हैं, जिसे हम वस्तुतः दर्शन कहते हैं, दर्शन नहीं है। वह तो एक व्यवहारमात्र है। अर्थ में 'दर्शन' की संज्ञा उस क्रिया को नहीं दी जा सकती क्योंकि वह भ्रमज्ञान है। अतएव 'दृश्' धातु का वस्तुतः अर्थ हुआ साक्षात्कार अर्थात् अपरोक्ष आत्मा का ज्ञान१०। इस लिये आत्मदर्शन ही दर्शन है। वृहदारण्यक श्रुति में जनक की सभा में याज्ञवल्क्य ने इस आत्मदर्शन का ही उपदेश किया था। उसमें आत्मा को साक्षात् जानने का उपदेश है। ऋषि उषस्ति ने प्रश्न किया, हे याज्ञवल्क्य, जो आत्मा समस्त पदार्थों के आभ्यन्तर में स्थित होता हुआ किसी आवरण से आवृत नहीं होता, उस परम और परमतत्त्व को आप जानते हैं, यदि हां ? तब जैसे लोक में सींग पकड़ कर गौ को दिखाते हैं वैसे ही उस आत्मा के भी दर्शन क्या आप करा सकते हैं ? उषस्ति के प्रश्न के उत्तर में याज्ञवल्क्य ने कहा--'अरूप११ निरवयव आत्मा को सींग पकड़ कर गौ दिखने के समान दिखाना तो सम्भव नहीं, किन्तु मनुष्य जो जड़वस्तु को देखता है, इस जड़ के अन्तराल में वह स्वयं-प्रकाश आत्मा अवस्थित है। अन्यथा जड़ की कोई सत्ता ही नहीं, और अधिष्ठानरूप सत्ता के बिना जड़ भासित भी नहीं हो सकता।' उसी आत्मा की सत्ता अर्थात् प्रकाश को लेकर ही जड़ पदार्थ भासित होने में समर्थ हैं, अन्यथा नहीं। तमेव१२ भान्तमनुभातिसर्वम्

(शेष पृष्ठ सं० ३१२ पर)

१०. यत्साक्षादपरोक्षाद् ब्रह्म-उपनिषद्।
११. उपनिषद् उषस्तिन्याज्ञवल्क्य संवाद।
१२. कठोपनिषद्।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अमर हुतात्मा श्री स्वामी श्रद्धानन्द

रचयिता : डा० विष्णुदत्त "राकेश"

भारतीय संस्कृति चिन्तन के उज्ज्वल पुण्य प्रतीक ।
जीर्ण प्रथाओं धर्म-रूढियों की ठुकराकर लीक ।।
किया आपने सत्य सनातन वैदिक धर्म प्रचार ।
पाश्चात्य दर्शन संस्कृति को बतला कर निस्सार ।।

कर्म कलश में ढार ज्ञान-विज्ञान सुधा की धार ।
वाणी के मन्दिर के खोल पुरातन शिक्षण द्वार ।।
गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति का करके अथक प्रयास ।
किया आपने कुण्ठाओं पर आदर्शों का न्यास ।।

त्यागी, धृती, संयमी, आत्मजयी, अजेय - संन्यास ।
जीत लिया तुमने शताब्दि का गौरवमय इतिहास ।।
यज्ञ धूम के साथ गूंजने लगे ऋचा के बोल ।
दे पायेगा विश्व भला क्या उन शब्दों का मोल ।।

धर्म राष्ट्र की आज़ादी के हित होकर बलिदान ।
मृत हिन्दू जनता में फूंक दिये लोहे के प्राण ।।
दीन दलित के राम राष्ट्र की गरिमा के प्रतिमान ।।
मेरे साथ सभी कुलवासी करते प्रणत प्रणाम ।।

---o---

शोक सभा

अत्यन्त दुःख का विषय है कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के सुयोग्य स्नातक श्री प्रो०सत्यभूषण जी 'योगी' वेदालंकार की धर्मपत्नी श्रीमती राजरश्मि जी एम.ए. का ५ दिसम्बर १९६७ को दिल्ली में अकस्मात् हृदयगति रुक जाने से देहावसान हो गया । इस समाचार को सुनते ही समस्त कुलवासी स्नातक-बन्धु शोकाकुल हो गये । इस अवसर पर उनके प्रति श्रद्धाञ्जलि अर्पित करने हेतु आर्यसमाज में 'अखिल भारतीय स्नातक मण्डल' की ओर से ७ दिसम्बर को शोकसभा का आयोजन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम योगी जी के अभिन्न मित्र श्री प्रो० हरिदत्त जी वेदालंकार एम.ए. ने उनके स्वभावादि का स्मरण करते हुए श्रद्धाञ्जलि अर्पित की । अन्त में स्नातक मण्डल के उपमन्त्री श्री विनोदचन्द्र जी विद्यालंकार एम. ए. ने निम्न शोकप्रस्ताव पढ़ा, जिसे दो मिनट के मौन के बाद पारित किया गया ।

"गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के स्नातकों तथा इतर कुलवासिओं की यह सभा गुरुकुल के सुयोग्य स्नातक श्री सत्यभूषण जी योगी वेदालंकार एम. ए. की धर्मपत्नी श्रीमती राजरश्मि जी एम. ए. के आकस्मिक निधन पर हार्दिक शोक प्रकट करती है, तथा श्री योगी जी एवं अन्य संतप्त कुटुम्बी-जनों के प्रति संवेदना प्रकट करती हुई परमात्मा से प्रार्थना करती है कि वे दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शान्ति प्रदान करें ।"

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल-समाचार

श्री सूर्यप्रकाश विद्यालंकार (प्रतिष्ठित)

ऋतु-रंग

शरद् अपने पूरे यौवन पर है। बादलों द्वारा सूर्य को ढक लेना बहुत ही अखरता है। कभी कुहरा छा जाता है, तो कभी वर्षा की बूंदें टपक पड़ती हैं। इन परिस्थितियों में शरद् न जाने कहां से आ जाती है। ऐसे समय सूर्य देवता का अभाव खटकने लगता है, और उसकी महत्ता एवं उसका सही मूल्यांकन हो जाता है।

दर्शनार्थियों की संख्या सामान्य रूप से अच्छी रही। विशेष रूप से दून स्कूल देहरादून तथा दिल्ली के स्कूल के छात्रों की उपस्थिति रही।

श्रद्धानन्द बलिदान पर्व

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी २३ दिसम्बर को अमर शहीद प्रातःस्मरणीय स्वामी श्रद्धानन्द जी की स्मृति में यह पर्व सोत्साह मनाया गया। इस उपलक्ष में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम प्रभातफेरी का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्रों ने बहुत सबेरे ही योगदान दिया। 'उठ जाग मुसाफिर भोर भई' की धुन बहुत ही चित्ताकर्षक लग रही थी।

इसके पश्चात् ९ बजे श्रद्धानन्द द्वार से शोभा-यात्रा प्रारम्भ हुई। इसमें समस्त उपाध्याय एवं छात्र वृन्द नियत-वेश में पंक्तिबद्ध चल रहे थे। सबसे आगे कुलपताका थी। सब उपस्थित जन 'जिसकी चरण धूलि ने पाला,' 'प्राणों से हमको प्यारा कुल हो सदा हमारा,' 'प्राणों को देने वाली गुरुकुल तू मेरी माता' आदि गीत जयकारों के साथ गा रहे थे। तत्पश्चात् मुख्य कार्यालय के सामने ध्वजारोहण विश्व-विद्यालय के उपकुलपति आचार्य श्री प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति ने किया। इस अवसर पर आपने कुलवासियों को सन्देश देते हुए इस दिवस के महत्त्व के साथ-साथ गुरुकुलीय आदर्शों की मूल-भावना पर बल दिया तथा स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा प्रदर्शित मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात् वेद-मन्दिर में विशालसभा का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक उपाध्यायों एवं छात्रों ने स्वामी श्रद्धानन्द जी के आदर्शों पर चलने के लिए बल दिया। स्वामी जी के जीवन के कुछ महत्त्वपूर्ण अनु-करणीय संस्मरण सुनाए गए। अन्त में सभी उपस्थित समुदाय द्वारा श्रद्धाञ्जलि प्रदत्त करते हुए सभा विसर्जित हुई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम

श्रद्धानन्द बलिदान पर्व पर इस वर्ष 'कवि-सम्मेलन' एवं 'संगीत-सम्मेलन' का आयोजन किया गया। २३ दिसम्बर की रात्रि को 'कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कई श्रेष्ठ कवियों के साथ-साथ छात्र कवियों ने भी सोत्साह भाग लिया तथा स्वकाव्य-सुधा का पान करा श्रोताओं को भाव-विभोर किया। कुल मिलाकर कार्यक्रम बहुत ही रोचक रहा। जिसमें मुख्यरूप से श्री व्यास जी, श्री अमर जी, श्री श्रमिक जी आदि ने भाग लेकर सम्मेलन की शोभा को द्विगुणित किया।

इसके साथ ही साथ 'समस्या पूर्ति प्रतियो-गिता' का भी आयोजन किया गया था, जिसमें ५ समस्याएं दी गईं थी, जिसमें से किसी एक

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पर प्रतियोगी को पूर्ति करनी थी। प्रतियोगिता में अनेक प्रतियोगियों ने बहुत ही अच्छे ढंग से समस्या-पूर्ति की। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय क्रमशः श्री पतिराज आयुर्वेद महाविद्यालय, श्री रमेशकुमार अमर ज्वालापुर एवं श्री वेदसुमन वेद महाविद्यालय रहे। विद्यालय गुरुकुल कांगड़ी के छात्र भवभूति को उत्साहवर्धक पुरस्कार प्रदान किया गया।

२४ दिसम्बर को रात्रि को 'संगीत-सम्मेलन' का आयोजन किया गया। जिसमें शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ वाद्य सुगम संगीत को भी यथेष्ट स्थान दिया गया था। विभिन्न कलाकारों ने अपनी कला का परिचय देकर श्रोताओं को सत्यमेव भावविभोर कर दिया। छात्रों की ओर से श्री अखिलेश, श्री नवीन, श्री पतिराज आदि के कार्यक्रम प्रस्तुत हुए। कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा।

उपर्युक्त सम्मेलनों की सफलता के लिए डा० अम्बिकाप्रसाद जी, प्रो० बुद्धप्रकाश जी शुक्ल तथा समस्त छात्र विशेष बधाई के पात्र हैं।

क्रीड़ांगण से

श्रद्धानन्द बलिदान पर्व पर ही विभिन्न टीमों में परस्पर हॉकी के मैत्री मैच हुए। जिसमें देहरादून, हरिद्वार, बी० एच० इ० एल० आदि की अनेक टीमों ने भाग लिया। विद्यार्थियों का क्रीड़ा-प्रदर्शन बहुत ही स्फूर्तिप्रद था।

साथ ही साथ विश्वविद्यालय की टीम चांदपुर (बिजनौर) खेलने गई। वहां पर विश्वविद्यालय की टीम बराबर दो दिनों तक खेलती रही, पर इसके उपरान्त भी मैच का कोई निर्णय न हो सका। अन्त में टॉस द्वारा किया गया निर्णय प्रतिकूल रहा। खेल का प्रदर्शन यहां के खिलाड़ियों का बहुत ही उत्तम रहा, इसकी पुष्टि वहां की प्रबन्ध समिति द्वारा विज्ञान महाविद्यालय के छात्र श्री सत्यप्रकाश को विशेष पुरस्कार प्रदान करने से होती है। यह पुरस्कार इस विद्यार्थी को उत्तम खेल के कारण दिया गया था।

कबड्डी टूर्नामेन्ट

श्रद्धानन्द बलिदान पर्व पर ही आर्यन् क्लब गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी द्वारा 'कबड्डी टूर्नामेन्ट' का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्थानीय टीमों ने सोत्साह भाग लिया। यह टूर्नामेन्ट वर्षा की लगातार झड़ी के कारण बीच-बीच में बन्द करते रहना पड़ा, परन्तु इसके उपरान्त भी खिलाड़ियों का उत्साह उतना ही था। फाइनल मैच में गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर की टीम विजयी रही। हम विजेता, उप-विजेता तथा टूर्नामेन्ट में भाग लेने वाली अन्य सभी टीमों को धन्यवाद देते हैं, जिनका उत्साह ही इस टूर्नामेन्ट को सफल बनाने में एकमात्र कारण रहा है।

डॉ० निरुपण जी विद्यालंकार अभिनन्दन समारोह

अतिशय प्रसन्नता का विषय है कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के सुयोग्य स्नातक, गुरुकुलीय विद्यासभा एवं सीनेट के सदस्य तथा मेरठ कालेज में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष श्री डा० निरुपण जी विद्यालंकार एम. ए. को इस वर्ष आगरा विश्वविद्यालय की ओर से 'प्राचीन धर्मशास्त्र-ग्रन्थों में शूद्रों की स्थिति' विषय पर लिखे उनके शोधपूर्ण प्रबन्ध पर पी-एच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

में १० दिसम्बर १९६७ को गुरुकुल के विद्या-सभाभवन में 'अखिल भारतीय स्नातक मण्डल' की ओर से उनका अभिनन्दन किया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठतम स्नातक श्री वैद्य धर्मदत्त जी विद्यालंकार आयुर्वेदाचार्य ने की। सर्वप्रथम श्री पं० मनोहर जी विद्यालंकार ने दिल्ली के स्नातक-बन्धुओं की ओर से पुष्पहार पहनाया। तदनन्तर स्नातक मण्डल के उपमन्त्री श्री विनोदचन्द्र विद्यालंकार ने आपको अभिनन्दन-पत्र समर्पित करते हुए कहा—"आपका यह कार्य अनेक दृष्टियों से अनूठा और अद्भुत है। आपने अपने शोध-प्रबन्ध में शूद्रों की प्राचीन-काल की स्थिति का अभिनव-प्रणाली से सुन्दर विवेचन करके एक सर्वथा अछूते विषय पर नया प्रकाश डाला है। अपने छात्र-जीवन में अध्ययन के अतिरिक्त आप खेल-कूद तथा वक्तृत्व में अच्छी रुचि लेते रहे हैं। आप जहां कहीं भी गये वहां गुरुकुल की कीर्ति को ही बढ़ाया है। आपका सरल व्यवहार, हंसमुख स्वभाव, माधुर्य आदि गुण हम सबके लिए अनुकरणीय है। हम सब स्नातक बन्धुओं को इस बात का गर्व है कि आपने हमारे कुल को उज्ज्वल और यशस्वी बनाया है। हमारी कामना है कि आप हम स्नातक बन्धुओं के और कुल-माता के यश को बढ़ाने में सदैव सहायक हों।" इसके पश्चात् श्री पं० प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति, श्री प्रो० हरिदत्त जी वेदालंकार, श्री डा० रामनाथ जी वेदालंकार, श्री पं० विद्यानिधि जी सिद्धान्तालंकार, श्री प्रो० सुखदेव जी दर्शनवाचस्पति, श्री पं० धर्मदेव जी वेदवाचस्पति, श्री पं० मनोहर जी विद्यालंकार, श्री पं० सत्यदेव जी विद्यालंकार, श्री प्रो० सुरेशकुमार जी विद्यालंकार, आदि ने श्री डा० निरुपण जी के प्रति शुभकामनाएं प्रकट कीं। तत्पश्चात् उपमन्त्री श्री विनोदचन्द्र विद्यालंकार ने अखिल भारतीय स्नातक मण्डल के प्रधान श्री पं० अमरनाथ जी विद्यालंकार, श्री प्रो० वेदव्रत जी वेदालंकार, श्री डा० सत्यकेतु जी विद्यालंकार, श्री प्रो० रामलाल जी विद्यालंकार आदि के द्वारा प्रेषित शुभकामना तथा बधाई के सन्देश पढ़ कर सुनाये। श्री डा० निरुपण जी विद्यालंकार ने अपने भाषण में समारोह के आयोजन के लिए कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि मैंने अब तक जो कुछ प्राप्त किया है उसका सम्पूर्ण श्रेय कुलमाता को तथा श्रद्धेय गुरुजनों को ही है। गुरुओं की शिक्षा-दीक्षा तथा आशीर्वाद के परिणामस्वरूप ही मैं उन्नति के शिखर पर अग्रसर हो सका हूं। मैंने अपने जीवनकाल में उन्हीं के आदेशों को चरितार्थ करने का प्रयास किया है। मुझे अपने प्रबन्ध-लेख में जिस किसी पुस्तक की आवश्यकता होती है, वह यहां के पुस्तकालय से सुलभ हो जाती थी। इस दृष्टि से पुस्तकालयाध्यक्ष श्री पं. धर्मदेव जी वेदवाचस्पति का सहयोग चिरस्मरणीय है। अपने भाषण में आपने अपने विषय पर भी संक्षेप में प्रकाश डाला।" अन्त में माननीय सभापति जी के आशीर्वादात्मक भाषण के पश्चात् सब स्नातक बन्धुओं ने प्रेमपूर्वक जलपान का रसास्वादन किया।

डा० निगमशर्मा का अभिनन्दन

बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि संस्कृत-विभाग के सुयोग्य उपाध्याय डा० निगमशर्मा एम० ए०, पी-एच० डी० को इस वर्ष आगरा-विश्वविद्यालय द्वारा 'ऋग्वेद में काव्य-तत्त्व' विषय पर पी-एच० डी० की उपाधि प्रदान की गई।

इस उपलक्ष में संस्कृत विभाग के तत्त्वावधान में समस्त उपाध्याय एवं अधिकारियों ने

CC-0. Gurukul Kangri University

डा० निगमशर्मा का अभिनन्दन किया। समस्त विश्वविद्यालय द्वारा इस शोध-कार्य पर बहुत ही प्रसन्नता व्यक्त की गई। यहां तक कि इस शोध-प्रबन्ध को प्रकाशित करवाने तक के लिए गुरुकुल विश्वविद्यालय के अधिकारियों से अनुरोध किया गया। इस प्रकार डा० निगम जी सत्यमेव अभिनन्दनीय हैं।

----०----

शोक समाचार

विद्वान् स्नातक बन्धु का स्वर्गवास

बड़े शोक का विषय है कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के विद्वान् स्नातक बन्धु, डाक्टर धीरेन्द्रकुमार मेहता सिद्धान्तालंकार, पी एच० डी० का अपने वतन नवसारी (गुजरात राज्य) में हृदय की बीमारी के कारण एकाएक अवसान हो गया है। अवसान के समय उनकी आयु ६४ वर्ष की थी। द्वितीय महायुद्ध से पूर्व जर्मनी जाकर वहां की म्यूनिक युनिवर्सिटी से उन्होंने समाजशास्त्र तथा मनोविज्ञान में पी-एच० डी० की पदवी प्राप्त की थी। वर्षों से वे नवसारी कॉलेज में मनोविज्ञान के प्रधान प्राध्यापक थे। उससे पूर्व भी अनेक शिक्षण-प्रतिष्ठानों में उन्होंने उच्च पदों पर अध्यापन कार्य किया था। कुछ वर्ष वे दक्षिण अफ्रीका में भी शिक्षण-कार्य करते रहे थे। मनोवैज्ञानिक समस्याओं पर उनकी एक लेखमाला मुम्बई से "इलस्ट्रेटेड वीक्ली" में छपती रही है। जिसकी विद्वानों ने विशेष प्रशंसा की थी। स्वभाव से वे बड़े धीर-गम्भीर और सुशांत मनीषी थे। अपने युग में वे गुरुकुल कांगड़ी में हाकी के बडे यशोदीप्त खिलाडी थे। कई विजयी सान्मुख्यों का उन्होंने नेतृत्व किया था। सब कुलवासी उनके निधन पर दुःखी हैं तथा उनके आत्मीयजनों के प्रति हार्दिक समवेदना व्यक्त करते हैं।

शोक-प्रस्ताव

अन्तर्गत हैं एवं वेदान्त और मीमांसा ये दोनों त्रयी विद्या के नाम से प्रसिद्ध हैं, तथा न्याय-वैशेषिक उनके अनुसार लोकायत के ही अन्तर्गत हैं। महाकवि भास ने (ई० पू० चतुर्थशतक) प्रतिमा नाटक में महेश्वर के योगशास्त्र और मेधातिथि के न्यायशास्त्र का उल्लेख किया है। ई० प्रथम शतक के प्रथम भाग में ललित विस्तर में गौतम बुद्ध की विद्याशिक्षा के प्रसंग में अन्यान्य शास्त्रों के साथ सांख्य, योग, वैशेषिक और हेतुविद्या अर्थात् न्यायशास्त्र का उल्लेख मिलता है। योगदर्शन के [1]व्यासभाष्य में प्राचीन सांख्याचार्य पञ्चशिख का जो सूत्र उद्धृत किया गया है उसमें दर्शनशब्द का प्रयोग अवश्य है; परन्तु वह दर्शनशास्त्र परक शब्द नहीं है। जैन विद्वान् उमास्वाति ने उनके ग्रन्थ तत्त्वाधिगम सूत्र में दर्शनशब्द का एकाधिकबार प्रयोग किया है। उमास्वाति के द्वारा दर्शनशब्द की प्रयोगपद्धति को देख कर यह स्पष्टतया कहा जा सकता है कि उन्होंने दर्शनशब्द का सार्थक प्रयोग किया है। ई० तृतीय शताब्दी में न्यायभाष्यकार वात्स्यायन ने दर्शनशास्त्रबोधक दर्शनशब्द का प्रयोग अपने न्यायभाष्य में किया है। '[2]अस्त्यात्मा-इत्येकदर्शनं नास्त्यात्मा इत्यपरम्। वैशेषिकभाष्यकार प्रशस्तपाद ने भी अपने भाष्य में दर्शनशास्त्रपरक दर्शनशब्द का प्रयोग किया है। किरणावलीकार उदयनाचार्य, न्यायकन्दलीकार श्री कण्ठाचार्य ने भी दर्शनशब्द को दर्शनशास्त्रपरक लिया है। 'आत्मतत्त्वविवेक' के उपसंहार में उदयनाचार्य ने 'न्यायदर्शनोपसंहार' कह कर स्पष्टतः न्यायदर्शन को दर्शनशास्त्र कहा है। शारीरिक मीमांसा भाष्य में आचार्य शंकर ने 'वैदिकदर्शन' 'उपनिषद्दर्शन' आदि वाक्यों से दर्शनशास्त्र का उल्लेख किया है। संक्षेप में इतना कह देना पर्याप्त है कि इन आचार्यों ने दर्शनशब्द का प्रयोग उसके शास्त्रीय अर्थ में किया है। बौद्ध पण्डित रत्नकीर्ति ने 'क्षणभंग-सिद्धि' में दर्शनशब्द का अनेकों वार प्रयोग किया है[2]। प्राचीन पालित्रिपिटक में अनेकों स्थानों में 'दिट्ठि[3]' शब्द का प्रयोग आया है। पालिभाषा का यह 'दिट्ठि' शब्द संस्कृत भाषा के 'दृष्टि' शब्द का अपभ्रंश है। और दृष्टि शब्द तथा दर्शनशब्द एक ही 'दृश्' धातु से बने हैं। अतएव कोई असंगति नहीं है। क्योंकि न्यायभाष्यकार वात्स्यायन ने दृष्टि और दर्शन को तुल्यार्थ में ग्रहण किया है। उन्होंने अपने भाष्य में 'सांख्यदृष्टि' शब्द से सांख्यदर्शन को ही लिया है।

इस प्रकार यह सिद्ध हुआ कि दर्शनशब्द का प्रयोग प्राचीन है; इसी कारण जैन पण्डित हरिभद्र सूरि ने भारतीयदर्शन के प्रथम संग्रहग्रन्थ को 'सर्वदर्शनसमुच्चय' नाम से विभूषित किया है। इसमें न्याय, वैशेषिक, सांख्य, मीमांसा बौद्ध और जैन इन मतों का संग्रह है। परवर्तीकाल में माधवाचार्य ने 'सर्वदर्शनसंग्रह' में भारतीय विभिन्न दर्शनों का संग्रह किया है। माधवाचार्य ने चार्वाक से लेकर वेदान्त तक १६ दर्शनों का संग्रह प्राञ्जल और हृदयग्राही रूप से किया है।

दर्शनशब्द इस प्रकार आस्तिक और नास्तिक सभी विचारों का द्योतक है। इन दर्शनों को पढ़ने से यह ज्ञात हो जाता है कि हम इन ग्रन्थों को क्यों दर्शनशास्त्र कहते हैं। दर्शनशास्त्र का यह अर्थ बृहदारण्यक श्रुति के आत्मदर्शन के

(शेष पृष्ठ ३५९ पर)

१. १।१।४ योगदर्शन व्यासभाष्य

२. न्या० भा० १।१।२३

३. ई० पू० चतुर्थ—त्रिपिटक

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

प्राचीन भारतीय शिक्षा-पद्धति

श्री भूपेन्द्रनाथ सरकार, १२ ऐण्ड्रूज़ पल्ली, डाकघर–शान्तिनिकेतन, प० बंगाल

भारत के प्राचीन ऋषियों द्वारा विकसित की गई शिक्षा-पद्धति का ज्ञान हमारे लिये आवश्यक है। पूर्वी देशों पर पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव पड़ने का यह परिणाम हुआ है कि हम अपने प्राचीन स्वर्णयुग की बहुमूल्य विरासत को खोते चले जा रहे हैं। सुप्रसिद्ध ब्रिटिश राजनीतिज्ञ रैम्जे मैकडानल्ड ने लिखा है, "हम इस बात का प्रयत्न करते रहे हैं कि भारतीय परम्पराओं से परिपूर्ण भारतीय मस्तिष्क में पश्चिमी सभ्यता को भरदें। हम ने इस बात का प्रयास किया है कि हम भारत में नवीन आक्सफोर्ड और ईटन का निर्माण करें। हमारा लक्ष्य भारतीय संस्कृति का विध्वन्स करना रहा है .... भारतीयों के मनों में पश्चिमी संस्कृति के विचार जिस मात्रा में बढ़े हैं वह वस्तुतः अत्यन्त भयावह है।"

वैदिक युग में गुरुओं के गृह शिक्षा का केन्द्र हुआ करते थे। शान्त वनों में अवस्थित इन शिक्षा केन्द्रों में गुरु अपने परिवारों के साथ इस उद्देश्य के साथ रहा करते थे कि वे इस जगत् में भगवान का दर्शन कर सकें और अपने जीवन में भगवान का साक्षात्कार कर सकें। समाज में उनका वही स्थान था, जो सौरमण्डल में सूर्य का स्थान है। वे ऐसा केन्द्र थे जहां से समाज प्रकाश और जीवन को ग्रहण करता था। इनमें त्याग को बहुत महत्त्व दिया जाता था। शिक्षा पद्धति का मौलिक तत्त्व त्याग और तपस्या था और यह आत्म साक्षात्कार की एक प्रक्रिया थी। एक भारतीय दार्शनिक ने कहा है कि शिक्षा का उद्देश्य जन्म मरण के चक्र से मुक्ति पाना और परब्रह्म की प्राप्ति करना था। प्राचीन भारत में जिस ढंग से व्यक्ति के सामाजिक दायित्वों को स्वीकार किया गया है, वैसा शायद ही कहीं किया गया हो। यह मान लिया गया था कि व्यक्तित्व का विकास मानवीय प्रकृति के सभी तत्त्वों के समन्वयपूर्ण प्रशिक्षण से हो सकता है। अतः उस समय यह नियम बनाया गया था कि शरीर की शक्ति को बनाये रखने के लिये समुचित भोजन की अथवा अन्न की तथा इस शरीर को विकसित और सुदृढ़ बनाने के लिए नियमित व्यायाम की व्यवस्था आवश्यक है। शरीर के प्रधान तत्त्व या प्राण का प्रशिक्षण आसन और प्राणायाम के साधनों से किया जाना चाहिए। क्योंकि इनसे पांचों इन्द्रियों पर नियन्त्रण स्थापित हो सकेगा। इसके साथ ही बुद्धि के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई थी। इसे बौद्धिक शिक्षा कहा जा सकता है। शिक्षा की प्रक्रिया विज्ञानमय कोष के साथ ही समाप्त नहीं हो जाती थी। इसका चरम विकास आनन्द की प्राप्ति में होता था। यह आनन्द अन्य सब गुणों के सफल नियन्त्रण से एवं प्रयोग से तथा "सत्यं शिवं सुन्दरं" के विचार और ध्यान से उत्पन्न होता था। इस प्रकार हम यह देखते हैं कि मनुष्यविषयक भारतीय धारणा में शरीर, बुद्धि और आत्मा को इनका समुचित स्थान दिया गया है।

एक वैदिक सूक्त में यह कहा गया है कि सभी सामान्य व्यक्ति बाहरी दृष्टि से समान थे, बौद्धिक प्रखरता एवं उत्कर्ष से कुछ व्यक्ति दूसरे व्यक्तियों

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

की अपेक्षा अधिक उत्कृष्ट थे। शिक्षा के महत्व पर इस विश्वास के कारण भी बल दिया गया कि देवता बुद्धिमानों और ज्ञानियों के मित्र होते हैं। उस समय यह नियम बनाया गया था कि प्रत्येक नर नारी को अपने शैशव और यौवन में ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुए शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। इस विषय में यह बात उल्लेखनीय है कि कुछ वैदिक सूक्तों की ऋषि नारियां थी, जैसे विश्ववारा, घोषा, लोपामुद्रा और अपाला। उस समय विवाह की इच्छा रखने वाली लड़की के लिये शिक्षा पाना एक आवश्यक धार्मिक कर्त्तव्य था। लड़कियों को नाना प्रकार की कलाओं और शिल्पों की शिक्षा दी जाती थी। उस समय चौंसठ प्रकार की कलाएं मानी जाती थीं और इनका अभ्यास किया जाता था। केवल बुद्धि और ज्ञान को पर्याप्त नहीं समझा जाता था। विद्यार्थियों में वक्तृत्व कला के विकास पर भी बल दिया जाता था।

वैदिक युग की शिक्षापद्धति ने ऐसे लोगों को उत्पन्न किया जिन्हें अपने धार्मिक और साहित्यिक वाङ्मय का अच्छा ज्ञान था, जिनका बौद्धिक दृष्टि से समुचित विकास हुआ था और जो अपने परिवार का पेशा करने में कुशल थे। इनके मन नये विचारों के लिये सदा खुले रहते थे, वे सब प्रकार की रूढ़ियों से मुक्त और जिज्ञासा की मनोवृत्ति रखने वाले और ज्ञान के नवीन क्षेत्रों के अन्वेषण के लिये उत्कण्ठित रहने वाले थे। हमारे एक भारतीय पुरातत्व विशारद डा० आनन्द सदाशिव अल्तेकर ने वैदिक युग की शिक्षा-पद्धति के सम्बन्ध में यही परिणाम निकाला है।

ऋग्वेद के एक मनोरंजक प्रकरण से इस बात का संकेत मिलता है कि इस युग में गम्भीर अध्ययन के बाद विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों का ज्ञान कराया जाता था जिससे शिष्य एक उत्तम व्याख्या करने वाले गुरु का स्वरूप धारण करते थे।

मानव जाति के महान अधिकारपत्र का स्वरूप रखने वाली उपनिषदें हमें एक ऐसे सत्यकाम नामक पितृहीन बालक की कथा बताती हैं जिसने प्रकृति से उच्चतम सत्य का ज्ञान प्राप्त किया था। (परवर्ती युगों में प्रकृति वर्ड्सवर्थ और रवीन्द्रनाथ ठाकुर के लिए एक महान शिक्षक बनी थी)। सत्यकाम एक निर्धन नौकरानी का लड़का था। वह जब अपने गुरु के पास पढ़ने आया तो उसे अपने पिता के नाम का ज्ञान नहीं था। गुरु ने जब उससे उसके परिवार के विषय में पूछा तो उस सत्यवादी बालक ने उत्तर दिया "मुझे इस बात का ज्ञान नहीं है कि मैं किस वंश का हूं। इस विषय में मैंने अपनी माता से पूछा था और उसने उत्तर दिया कि अपने यौवन में मैंने दासी के रूप में कार्य करते हुए तुझे प्राप्त किया था। मैं यह नहीं जानती कि तू किस परिवार से सम्बन्ध रखता है।" गुरु सत्यवादी बालक से प्रसन्न हुआ और उसने उसे अपने घर में रखा। बालक ने अपने गुरु की खूब सेवा की। वह उसके पशुओं को चराने के लिये ले जाता रहा और कुछ समय के भीतर उसने उस महान सत्य को सीख लिया, जिसकी शिक्षा प्रकृति उससे ज्ञान ग्रहण करने वाले सभी व्यक्तियों को प्रदान करती है। उसे सत्य का ज्ञान उन पशुओं से हुआ, जिन्हें वह चराया करता था। उस अग्नि से हुआ, जिसे वह प्रज्वलित किया करता था। उन पक्षियों से हुआ जो उसके चारों ओर सन्ध्या काल में उस समय उड़ा करते थे जब वह गौओं को बाड़े में बन्द करता था और सायंतन अग्नि में समिधायें डालता था। उसके गुरु ने आश्चर्यचकित होकर उससे

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पूछा "तुम भगवान को जानने वाले व्यक्ति की तरह से तेजस्वी प्रतीत होते हो। तुम्हें यह ज्ञान किसने प्रदान किया है ?" युवा शिष्य सत्यकाम का उत्तर था "मनुष्यों ने मुझे यह ज्ञान नहीं दिया है। उसने आकाश से, पृथिवी से, द्युलोक से, समुद्र से, सूर्य से, चन्द्रमा से, विद्युत और अग्नि से, जीवित प्राणियों के अङ्गों और मनों से तथा समूचे विश्व से यह ज्ञान प्राप्त किया है। आरुणि और उपमन्यु की कहानियां इतनी प्रसिद्ध हैं कि यहां उनकी पुनरावृत्ति करने की आवश्यकता नहीं है। वे आधुनिक विचार रखने वाले हम जैसे व्यक्तियों को विचित्र प्रतीत होती हैं, किन्तु वे गुरु के प्रति शिष्यों की अगाध भक्ति और आज्ञा-पालन की भावना को प्रदर्शित करती हैं। गुरु ऐसे शिष्यों को अपना सर्वोत्तम ज्ञान दिया करता था। गुरु शिष्यों का यह आदान प्रदान भारत की प्राचीन शिक्षा-पद्धति की एक विलक्षण विशेषता थी।

उपनिषदों में ऐसे विद्वानों और विद्वान् मण्डली का वर्णन मिलता है। जो समूचे देश में भ्रमण करती रहती थीं, ज्ञान के सुप्रसिद्ध केन्द्रों में वाद-विवाद और शास्त्रार्थ करते हुए ज्ञान का प्रसार करती थीं। उस समय जनक जैसे राजाओं के दरबारों में, पंचाल परिषद् जैसी सभाओं में अथवा पाली ग्रन्थों में वर्णित सन्थागारों और स्मृतियों में वर्णित सभाओं में होने वाले विभिन्न सम्मेलनों में दार्शनिक वाद-विवाद हुआ करते थे।

उत्तर वैदिक युग में शिष्य को छात्र कहा जाता था। क्योंकि उसका गुरु सभी प्रकार की बुराइयों से उसकी रक्षा किया करता था। गुरु पाठ को पांच बार दोहराता था। शिष्यों का वर्गीकरण उन गलतियों की संख्या के आधार पर होता था जो वे वेदमन्त्रों का पाठ करते हुए करते थे। कन्याओं को वैदिक सम्प्रदायों या चरणों में शिक्षित किया जाता था। उस समय स्त्री विद्यार्थियों के निवास के लिए छात्रावास भी होते थे। इन्हें छात्रीशाला कहा जाता था। राजदरबारों में शिक्षित स्त्रियां दार्शनिक विवादों में भाग लिया करती थीं। इनमें गार्गी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। प्रत्येक चरण या वैदिक सम्प्रदाय में गुरुओं का तथा अधिक विद्वान् व्यक्तियों का एक आन्तरिक वर्ग होता था, इसे परिषद् कहा जाता था। वेदमन्त्रों के सन्दिग्ध पाठों और अर्थों के विषय में परिषद् के निर्णय चरण के लिए मान्य समझे जाते थे।

डा० राधाकुमुद मुकर्जी के मतानुसार उस समय अध्ययन किये जाने वाले विषय निम्नलिखित थे—

१ तीन वेद अथवा श्रुति।
२ चुने हुए वैदिक सूक्त तथा मन्त्र।
३ अथर्ववेद।
४ ब्राह्मण।
५ आरण्यक।
६ उपनिषद्।
७ छः वेदाङ्ग।
८ दर्शन शास्त्र।
९ धर्मशास्त्र या स्मृति।
१० इतिहास तथा पुराण।
११ वैखानस सूत्र।
१२ बौद्धादि नास्तिक शास्त्र।
१३ वार्ता अथवा लौकिक विषय।
१४ दण्डनीति या राजनीति शास्त्र।

उन दिनों विद्यार्थी विशेष विषयों में भी गम्भीर अध्ययन करके विशेष ज्ञान प्राप्त करते थे, कुछ व्यक्ति (वैदिक लोक) वेदों में विशेष ज्ञान प्राप्त करने वाले होते थे। विद्यार्थी काल की अवधि अध्ययन के विषय पर अवलम्बित होती थी।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वह नौ, अठारह या छत्तीस वर्ष होती थी। अपना सारा जीवन, समय और शक्ति विद्याभ्यास में लगा देने वाला विद्यार्थी नैष्ठिक कहलाता था। उस समय विद्यार्थियों के अध्ययन के वर्ष में दो सत्र तथा अनेक अवकाश हुआ करते थे। उस समय गुरुओं को दो वर्गों में बांटा जाता था। (१) उपाध्याय (२) आचार्य। ये विद्यार्थियों को निःशुल्क रूप में पढ़ाया करते थे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा समाप्त करने के बाद अपनी सामर्थ्य के अनुसार गुरु को कुछ भेंट दिया करता था। इसे गुरुदक्षिणा कहा जाता था।

मनुसंहिता और भगवद्गीता में यह विधान किया गया है कि ब्रह्मचारी को गुरु के पास रहना चाहिए, उसके प्रति अधिकतम सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए, उसकी सेवा करनी चाहिये, प्रतिदिन यज्ञ करना चाहिये और अपनी इन्द्रियों और वासनाओं पर नियन्त्रण रखना चाहिए। उसे अपने धार्मिक कर्त्तव्य ब्राह्म मुहूर्त से ही आरम्भ कर देने चाहिए। ब्रह्मचारी के लिए मधु, मांस और सुगन्धित द्रव्यों का सेवन तथा प्राणियों की हिंसा वर्जित है। उसे काम, क्रोध, मोह, लोभ आदि दुर्गुणों पर विजय पानी चाहिये। उसके लिये एकाकी शयन का और विभिन्न प्रकार के धार्मिक कर्त्तव्यों के पालन का विधान किया गया है।

मनु ने दण्डविषयक व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा है कि अपराध करने पर शिष्य को रज्जु से अथवा बांस की खपची से केवल उसकी पीठ पर ही मारा जा सकता है। यदि गुरु अपराधी शिष्य के शरीर पर पीठ के अतिरिक्त किसी अन्य अंग पर प्रहार करता है तो उसे चोरी के अपराध का दण्ड भोगना पड़ता है। गुरुओं को शिष्यों की ताड़ना उन्हें कष्ट पहुंचाये बिना करनी चाहिए और धर्म का पालन करने वाले गुरु को सदैव मधुर और सौम्य वाणी का व्यवहार करना चाहिए। जिसकी वाणी और विचार शुद्ध, पवित्र होते हैं उसे स्वर्गलोक की प्राप्ति होती है।

गौतम कहता है "शिष्य को शारीरिक दण्ड नहीं देना चाहिए, यदि उसके सुधार का कोई अन्य उपाय सम्भव न हो तो उसे एक पतली रस्सी या बेंत से मारना चाहिए। यदि शिक्षक उसे किसी अन्य वस्तु से शारीरिक दण्ड देता है तो उसे इसके लिये राजा द्वारा दण्ड दिया जायगा।"

मनु ने शिक्षणशास्त्र में निष्णात शिक्षा-विशेषज्ञों का निर्देश किया है। डा० एच० जिमर के शब्दों में गुरु का प्रयत्न शिष्य में प्रसुप्त और छिपी हुई शक्तियों का आविर्भाव करना तथा उसकी सत्ता की वास्तविकता को अभिव्यक्त करना है। यह भारतीय शिक्षा-पद्धति का एक मौलिक विचार है।

यदि हम ६५० से ३२५ ई० पूर्व के उत्तरी भारत के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो हमें शिक्षा के तथा सामाजिक प्रगति के एक महान् केन्द्र के रूप में शाक्य गणराज्य के दर्शन होते हैं। ललित विस्तर के वर्णन के अनुसार बुद्ध को अपने बचपन में उस समय के विभिन्न विज्ञानों और कलाओं की शिक्षा कपिलवस्तु में दी गई थी। यहां विभिन्न विषयों की शिक्षा देने के लिये एक विशाल भवन रखने वाला औद्योगिक विद्यालय भी था।

(शेष अगले अंक में)

★

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

वैदिक संहिताओं में अलंकार

श्री विनोदचन्द्र विद्यालंकार एम.ए., गुरुकुल कांगड़ी

भारतीय साहित्यशास्त्र में अलंकारों का अभ्युदय वैदिक-वाङ्मय से ही माना गया है। वैदिक-संहिताओं, ब्राह्मण-ग्रन्थों, उपनिषदों, निरुक्त, व्याकरण आदि में विविध अलंकारों के दर्शन होते हैं। राजशेखर ने तो काव्यमीमांसा में अलंकार को वेद का एक अतिरिक्त अंग ही माना है, और कहा है कि इसके स्वरूप का ज्ञान न हो तो वेदार्थ की अवगति नहीं होती१।

संस्कृत वाङमय के आदि ग्रन्थ ऋग्वेद के कुछ मन्त्रों में 'अरंकृत', 'अरंकृति' तथा 'अरंकृत्' शब्दों का प्रयोग मिलता है२। वेदों के प्रख्यात भाष्यकार सायण ने 'अरंकृताः' का अर्थ 'अलंकृताः' किया है३। एवमेव 'अरंकृते' का अर्थ 'अलंकुर्वते' किया गया है। निरुक्तकार यास्क ने अरंकृत शब्द का पर्याय 'अलंकृत' दिया है४। शतपथ ब्राह्मण५ तथा 'छान्दोग्योपनिषद्' ६ में स्पष्टतः 'अलंकार' शब्द का ही व्यवहार किया गया है। इन प्राचीन ग्रन्थों में न केवल अलंकार शब्द का ही प्रयोग किया गया है, अपितु उनमें शब्दालंकारों तथा अर्थालंकारों की सुन्दर योजना भी की गई है।

---

१ "उपकारकत्वादलंकारः सप्तममंगम् इति यायावरीयः। ऋते च तत्स्वरूपपरिज्ञानाद्वेदार्थानवगतिः"। काव्यमीमांसा : अध्याय २

२. द्रष्टव्यः ऋग्. १-२-१, ७-२९-३, २-१-७, ८-५६-३, १-१४-५

३ द्रष्टव्यः ऋग्. १-२-१ का सायणभाष्य

४. 'दर्शनीया इमे सोमा अरङ्कृताः अलंकृताः' निरुक्त १०-१

५. श०ब्रा०: १०-८-४

६. छा०उ०: ८-८-३, ५

उपमा—

ऋग्वेद के कुछ मन्त्रों में 'उपमा' शब्द का प्रयोग किया गया है, जिसका अर्थ सायणाचार्य ने उपमान या दृष्टान्त किया है७। ऋग्वेद में अर्थालंकारों की जननी उपमा के अनेक उदाहरण उपलब्ध होते हैं। 'उषा' देवी से सम्बद्ध एक मन्त्र में एक साथ चार उपमाओं का प्रयोग किया गया है।

अभ्रातेव पुंस एति प्रतीची गर्तारुगिव-
सनये धनानाम्।
जायेव पत्य उशती सुवासा उषा
हस्तेव निरिणीते अप्सः॥

ऋग्. १-१२४-७

भ्रातृरहित रमणी अपने दायभाग को लेने के लिये जैसे पिता के समीप आती है, वैसे ही उषा पितृस्थानीय सूर्य के पास आती है। धन-प्राप्ति के लिये पति-पुत्र विहीना स्त्री जैसे न्याय-मञ्च पर आरोहण करती है वैसे ही उषा प्रकाश-रूपी धन के लाभार्थ अन्तरिक्ष-मञ्च पर आरूढ होती है। उत्तमोत्तम स्वच्छ व सुन्दर वस्त्र धारण करके पति की कामना करने वाली पत्नी के समान उषा प्रकाश की सुन्दर साड़ी धारण कर सूर्य के समीप आती है। मुस्कराती हुई सुन्दर स्त्री के समान उषा अपने रूप को प्रकट करती है।

कवि उषा को एक सुन्दरी के रूप में देखता है। सूर्य रूपवती उषा देवी का अनुसरण करता

---

७. द्रष्टव्यः ऋग्० १-३१-१५ और ५-३४-९ तथा इनका सायणभाष्य।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

है, जैसे पति-पत्नी का८ । उषा अपने प्रकाश का उसी प्रकार प्रसार करती है जैसे ग्वाला चरागाह में गौओं को खुला छोड़ देता है अथवा जैसे नदी अपने जल को फैला देती है९ ।

ऋग्वेद में एक स्थान पर अश्वि देवों के प्रकरण में उनके एकत्र निवास के लिये विधवा-देवर तथा पति-पत्नी की उपमा दी गई है १० । वृष्टि का वर्णन करते हुए वेद का कवि कहता है कि पर्जन्य मुस्कराती हुई, कल्याणकारिणी, शुभ्र-वर्ण, कान्ताओं के समान शुभ्र तथा फेनयुक्त 'आपः' या 'विद्युतों' के साथ आता है, तब जल-वृष्टियां होती हैं और मेघ गरजते हैं११ ।

वैदिक कवि ने उपमान के चयन के लिये प्राणिजगत्, पशु-पक्षी-जगत्, प्राकृतिक जगत्, मानव जगत् सभी को आधार बनाया है । इन्द्र की स्तुति करते हुए कहा है कि त्वष्टा के द्वारा निर्मित स्वर-युक्त वज्र के द्वारा जब इन्द्र ने पर्वत में आश्रय लेकर निवास करने वाले वृत्र को मारा तब रंभाती हुई धेनुओं के समान शब्दपूर्वक स्यन्दन करती हुई नदियां शीघ्र ही समुद्र तक पहुंच गईं१२ । अथर्ववेद के एक मन्त्र में इन्द्र से कहा गया है कि वह उसी प्रकार समीप आये जिस प्रकार कपोत गर्भधारण में समर्थ कपोती के समीप जाता है१३ ।

अन्यत्र कवि प्राणियों को उपमान मानकर कहता है—'जैसे व्याघ्र ग्वालों का संतापक होता है वैसे ही मैं (अग्नि) पिशाचों का संतापक हूं । जैसे सिंह को देखकर श्वान घबड़ा जाते हैं वैसे ही मुझे सम्मुख देखकर पिशाच अपनी चौकड़ी भूल जाते हैं' ।

तपनो अस्मि पिशाचानां व्याघ्रो गोमतामिव ।
श्वानः सिंहमिव दृष्ट्वा ते न विन्दन्ते न्यञ्चनम् ।।
अथर्व० ४-३६-६

यहां 'मैं' उपमेय का उपमान 'व्याघ्र' तथा 'सिंह' और 'पिशाच' उपमेय का उपमान 'गोमताम्' और 'श्वानः' है । एवं उपमान, उपमेय के दो जोड़े होने से स्तवकोपमा है ।

एक मन्त्र में समिधा से प्रबुद्ध होती हुई अग्नि की तुलना गाय के पास जाने वाले दूध पीने के लिये उत्सुक बछड़े से तथा सूर्य-किरणों की तुलना उड़कर शाखाओं पर जाने वाले पक्षियों से की गई है१४ । यजुर्वेद में कवि मन द्वारा

---

८ 'सूर्यो देवीमुषसं रोचमानां मर्यो न योषाम-भ्येति पश्चात् ।। ऋग्० १-११५-२

९ पशून्न चित्रा सुभगा प्रथाना सिन्धुर्न क्षोद उर्विया व्यश्वैत् ।। ऋग्० १-९२-१२

१० को वां शयुत्रा विधवेव देवरं मर्यं न योषा कृणुते सधस्थ आ ।। ऋग्० १०-४०-२

११ शिवाभिर्न स्मयमानाभिरागात् पतन्ति मिहः स्तनयन्त्यभ्रा ।। ऋग्० १-७९-२

१२ वाश्रा इव धेनवः स्यन्दमाना अञ्जः समुद्रमव जग्मुरापः ।। ऋग्० १-३२-३

१३ अयमुते समतसि कपोत इव गर्भधिम् ।।
अथर्व० २०-४५-१

१४ अबोध्यग्निः समिधा जनानां प्रति धेनुमिवायतीमुषासम् ।
यह्वा इव प्र वयामुज्जिहानाः प्र भानवः सिस्रते नाकमच्छ ।।
ऋग्० ५-१-१

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मनुष्यों के प्रेरण तथा नियमन को स्पष्ट करने के लिये सारथि द्वारा आवश्यकतानुसार प्रेरित तथा अवरुद्ध घोड़ों की उपमा देता है१५।

निम्न मन्त्र में एक साथ तीन उपमानों का सुन्दर प्रयोग होने से मालोपमा है –

यथा वातो यथा मनो यथा पतन्ति पक्षिणः ।
एवा त्वं दशमास्य साकं जरायुणा पताव
जरायु पद्यताम् ।।

अथर्व० १-११-६

"जैसे वायु उड़ता है, जैसे मन उड़ता है, जैसे पक्षी उड़ते हैं, वैसे ही दश मास गर्भ में रहने वाले हे गर्भस्थ शिशु, तू जरायु के साथ उड़कर गर्भ से बाहर आ जा"।

मालोपमा का एक अन्य उदाहरण भी द्रष्टव्य है–

इरेव नोपदस्यति समुद्र इव पयो महत् ।
देवौ सवासिनाविव शितिपान्नोप दस्यति ।।

अथर्व० ३-२९-६

'वह ज्ञानस्वरूप जीवात्मा (शितिपात् अवि) भूमि के समान, महान् जलराशि से युक्त समुद्र के समान और आकाश में एक साथ निवास करने वाले सूर्य-चन्द्र देवों के समान नष्ट नहीं होता है'। यहां शितिपात् रूप एक ही उपमेय के लिए 'इरा', 'समुद्र', 'सवासिनौ देवौ' इन तीन उपमानों का प्रयोग किया गया है।

यजुर्वेद के एक मन्त्र में खरबूज़े (उर्वारुक) को उपमान बनाया गया है। मृत्यु के बन्धन से मुक्त होने की उत्कण्ठा व्यक्त करता हुआ एक उपासक कहता है– 'जैसे खरबूजा पककर वृन्त से मुक्त हो जाता है, वैसे ही मैं मृत्यु से मुक्त हो जाऊं१६।

अतिशयोक्ति

वेदों में अतिशयोक्ति अलंकार के भी अनेक उदाहरण मिलते हैं। निम्न मन्त्र इस अलंकार का प्रसिद्ध उदाहरण है––

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति ।

ऋग्० १-१६४-२०, अथर्व ९-९-२०

सुन्दर पंखों वाले दो पक्षी हैं, जो साथ रहते हैं परस्पर सखा हैं, समान वृक्ष का आश्रय लिये हुये हैं। उनमें से एक स्वादु फलों का भक्षण करता है, दूसरा भक्षण न करता हुआ द्रष्टामात्र रहता है। यहां दो पक्षियों के दृष्टान्त से जीवात्मा तथा परमात्मा की स्तुति की गई है। यह जगत् प्रपंच अथवा मनुष्य-शरीर वृक्ष है। जीवात्मा सांसारिक भोग या कर्मफल भोगता है, परमात्मा द्रष्टामात्र रहता है।

यहां जीवात्मा तथा परमात्मा रूप उपमेय का पक्षीयुगलरूप उपमान द्वारा निगरण होने से अतिशयोक्ति है। पण्डितराज जगन्नाथ भी यहां अतिशयोक्ति ही मानते हैं१७। आचार्य मधुसूदन

---

१५ सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिन इव ।　　यजु० ३४-६

१६ उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ।
यजुः ३-६०

१७ 'इयं चातिशयोक्तिर्वेदेऽपि दृश्यते ।
यथा द्वासुपर्णेत्यादि' ।।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

शास्त्री१८ एवं डा० पी० वी० काणे१९ ने इसे रूपकातिशयोक्ति के तथा डा० जयमन्त मिश्र२० ने रूपक एवं रूपकातिशयोक्ति के उदाहरण-रूप में उद्धृत किया है। डा० गंगासागरराय के मत में इस मन्त्र के पूर्वार्ध में रूपक तथा उत्तरार्ध में व्यतिरेक अलंकार है२१।

चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे
सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो
मर्त्यां आ विवेश ॥
ऋग्० ४-५८-३

'एक वृषभ है, जिसके चार सींग हैं, तीन पैर हैं, दो सिर हैं, सात हाथ हैं। तीन स्थानों से बंधा हुआ वह बहुत अधिक बोल रहा है। वह एक महान् देव है, जो मनुष्यों में प्रविष्ट हुआ है'।

इस मन्त्र में यास्क२२ तथा सायण के अनुसार यज्ञ की, पतञ्जलि२३ के अनुसार शब्द की तथा काव्यमीमांसा के रचियता राजशेखर२४ की सम्मति में काव्य की भव्य स्तुति की गई है। यहां पर प्रसंगानुसार यज्ञ, शब्द और काव्य का वर्णन करते समय इनका महान् देव 'वृषभ' के द्वारा निगरण कर लिया गया है।

रात्री व्यख्यदायती पुरुत्रा देव्यक्षभिः।
विश्वा अधि श्रियोऽधित ॥ ऋग्० १०-१२७-१

'आती हुई रात्रि देवी समस्त शोभाओं को धारण करती है और आंखों से विविध प्रकार से संसार को देख रही है'। यहां 'अक्षि' (उपमान) ने नक्षत्र (उपमेय) को निगीर्ण कर लिया है।

यस्मिन् वृक्षे सुपलाशे देवैः संपिबते यमः।
अत्रा नो विश्पतिः पिता पुराणां अनु वेनति ॥
ऋग्० १०-१३५-१

इस मन्त्र में सूर्य के विषय में कहा गया है कि वह सुपत्रित वृक्ष पर बैठा हुआ रश्मिओं से रसों का पान कर रहा है। यहां वृक्ष (उपमान) ने आकाश (उपमेय) का निगरण कर लिया है।

रूपक—

वेदों में रूपकों का भी बाहुल्य है। सूर्य आकाश का सुनहरा मणि है२५। वह आकाश में स्थित रंगीन पत्थर है२६। प्रोफेसर

---

१८ रसगंगाधर : मधूसूदन शास्त्री : वाराणसी (सम्वत् २०२०) : भूमिका पृ० ६९

१९ संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास—काणे मोतीलाल बनारसीदास (सन् १९६६) पृ० ४०५

२० काव्यात्ममीमांसा : डा० जयमन्त मिश्र : चौखम्भा (१९६४) : पृ० १३३

२१ हिन्दी काव्यमीमांसा—गंगासागरराय चौखम्भा (१९६४) : पृ० ६

२२ निरुक्त : १३-७

२३ महाभाष्य : पतञ्जलि, १म आह्निक

२४ काव्यमीमांसा : अध्याय २

२५ 'दिवो रुक्म उरुचक्षा उदेति'। ऋग्० ७-६४-४

२६ 'मध्ये दिवो निहितः पृश्निरश्मा'। ऋग्० ५-४७-३

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दिवेकर२७ ने रूपकालंकार के दो सुन्दर उदाहरण– 'विद्युद्रथाः'२८ तथा 'वृक्षकेशाः'२९–प्रस्तुत किए हैं। किन्तु डा० भोलाशंकर व्यास का कथन है कि "इस विषय में संदेह है कि यहां उपमित समास है या मयूरव्यंसकादि। ऐसा जान पड़ता है, ये उपमा के ही स्थल हैं३०"। वस्तुतः 'वृक्ष-केशाः' में तो रूपक मानने में ही सौन्दर्य है। यहां पर्वतों को 'वृक्षकेशाः' कहा गया है। पर्वतों पर उगे वृक्ष केशरूप प्रतीत होते हैं३१।" दूसरा उदाहरण 'विद्युद्रथाः' मरुतों का विशेषण है। इसमें उपमा और रूपक दोनों ही हो सकते हैं। मरुतों के रथ विद्युतों के समान हैं। या विद्युत् ही उनके रथ हैं। एवं यहां रूपक तथा उपमा का सन्देह संकर हो सकता है।

वेद में एक स्थान पर इन्द्र में सुदुघा धेनु के आरोप का सुन्दर रूपक मिलता है३२। ऋग्वेद के मण्डूकसूक्त में वैदिक कवि ने बड़ी चारुता के साथ ब्राह्मणों के रूपक से वर्षाकालीन मेंढ़कों का वर्णन करते हुये वर्षाऋतु का चित्र खींचा है। कवि कहता है कि वर्ष भर निरन्तर सोये रहने वाले मण्डूकरूपी व्रतधारी ब्राह्मण अब पर्जन्य-जिन्वित वाणी का उच्च स्वर से उच्चारण करने लगे हैं––

संवत्सरं शशयाना ब्राह्मणा व्रतचारिणः।
वाचं पर्जन्यजिन्वितां प्र मण्डूकाः अवादिषुः॥
ऋग्.७.१०३.१.

मण्डूकों को ब्राह्मण कहने में स्वारस्य यह है कि ब्राह्मण भी तो वर्षभर मौन रहते हैं तथा वर्षाकाल आने पर ही वेदपाठ आरम्भ करते हैं। यास्क३३ तथा सायण ने यहां लुप्तोपमा मानी है। तुलसी का अभिप्राय उत्प्रेक्षा मानने में प्रतीत होता है३४।

एक मन्त्र में द्युलोक में सुन्दर चप्पुओं वाली, न चूने वाली दैवी नौका का आरोप किया गया है३५। निम्न मन्त्र में भी रूपक की शोभा दर्शनीय है––

प्रीणीताश्वान्हितं जयाथ
स्वस्तिवाहं रथमित्कृणुध्वम्।
द्रोणाहावमवतमश्मचक्र-
मंसत्रकोशं सिञ्चता नृपाणम्॥
ऋग्.१०.१०१.७

कवि कहता है––"हे सैनिकों, अश्वों को तृप्त

---

२७. Les Fleurs de Rhetorique de I' Inde. ch. II (Paris 1930).

२८. ऋग्.३.५४.१३

२९. ऋग्.५.४१.११

३०. भारतीय साहित्यशास्त्र और काव्यालंकार: चौखम्भा (१९६५): पृ. १२

३१. द्रष्टव्य: ५.४१.११ का सायणभाष्य: 'वृक्षा एव केशस्थानीया येषां ते'।

३२. 'इन्द्रं धेनुं सुदुघाम्' ऋग् ८.१.१०

३३. निरुक्त: ९.४.

३४. दादुर धुनि चहुं दिसा सुहाई वेद पढ़त जनु वटु समुदाई।
किष्किन्धा काण्ड १५ १

३५. दैवीं नावं स्वरित्रामनागसमस्रवन्तीमा रुहेमा स्वस्तये॥ ऋग्. १०.६३.१०

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

कवि कहता है–"हे सैनिको, अश्वों को तृप्त करो, हितकर विजय प्राप्त करो, और सुविधा-पूर्वक वहन करने वाले रथ को तैयार करो। तदनन्तर (संग्राम रूपी) कूप से रणभूमि को सींचो, जिस कूप में काष्ठनिर्मित रथ द्रुममय आहाव है, व्याप्त होने वाले या फैंके जाने वाले चक्र ही चक्के हैं और धनुष या कवच डोल है। यहां द्रोण में आहाव का, अश्म में चक्र का तथा अंसत्र में कोश का आरोप तो शब्दशः उक्त है, किन्तु कूप (अवत) में संग्राम के आरोप की प्रतीति होती है। अतः एकदेशविवर्ति रूपक है।

अथर्ववेद में भी रूपकालंकार के अनेक उदाहरण मिलते हैं। एक मन्त्र में प्रदिशाओं को प्रजापति की भुजायें कहा गया है३७। ओदन-सूक्त के एक मन्त्र में 'ब्रह्म' में ओदन के 'शीर्ष' का, 'बृहत्' में 'पृष्ठ' का, 'वामदेव्य' में 'उदर' का, 'छन्दों' में पक्षों का और 'सत्य' में 'मुख' का आरोप किया गया है३८।

उत्प्रेक्षा —

अनेक वैदिक ऋचाओं में उत्प्रेक्षालंकार की छटा भी अवलोकनीय है। निम्न मन्त्र में कवि शिलाओं के मुखों का रम्य वर्णन कर रहा है––

एते वदन्ति शतवत् सहस्रव
दभि क्रन्दन्ति हरितेभिरासभिः।
विष्ट्वी ग्रावाणः सुकृतः सुकृत्यया
होतुश्चित् पूर्वे हविरद्यमाशत॥
ऋग्. १०.९४.२

शिला पर किसी पदार्थ को पीसते समय वार-वार अनेक प्रकार की ध्वनियां निकलती हैं, उनको लक्ष्य करके कवि कहता है कि मानों ये शिलाएं सैकड़ों और सहस्रों प्रकार के वचनों का उच्चारण कर रही हैं। हरे रंग के सोमादि द्रव्यों को पीसने से शिला का पृष्ठ भाग हरे रंग का हो जाता है। उस पर कवि कहता है कि मानो ये शिलाएं अपने हरे-हरे मुखों से सोम-पान के इच्छुक लोगों का आह्वान कर रही हैं। सोमादि को पीसने का उत्तम कार्य करने से ये शोभनकर्मा शिलायें अपने कार्य को करके मानों यज्ञकर्त्ता से पूर्व स्वयं भक्ष्य हवि का भक्षण कर रही हैं। यहां इवादि वाचक शब्द न होने से प्रतीयमाना क्रियोत्प्रेक्षा है।

एक स्थान पर अर्थ रहित वाणी को सुनने वाले के लिए यह संभावना की गई है कि वह मानो वन्ध्या गौ के साथ विचरण करता है३९। एक मन्त्र में कोई नगरवासी वनदेवी से प्रश्न करता है कि तुम अरण्यों में छिपी रहती हो, मानों प्रगष्ट हो गई हो। तुम ग्राम में क्यों नहीं रहतीं, क्या तुम्हें अरण्य में भय सा नहीं लगता४०। यह भी उत्प्रेक्षा का एक रमणीक उदाहरण है।

---

३६. द्रष्टव्य : सायणभाष्य : कूपरूपकव्याजेन संग्रामवर्णनम् अवगन्तव्यम्'।

३७. 'इमाश्च प्रदिशो यस्य बाहू'।
अथर्व. ४.२.५.

३८. ब्रह्मास्य शीर्षं बृहदस्य पृष्ठं
वामदेव्यमुदरमोदनस्य।
छन्दांसि पक्षौ मुखमस्य सत्यं
विष्टारी जातस्तपसो ऽधियज्ञः॥
अथर्व. ४.३४.१

३९. अधेन्वा चरति माययैष
वाचं शुश्रुवाँ अफलामपुष्पाम्॥
ऋग् १०.७१.५

४०. अरण्यान्यरण्यान्यसौ या प्रेव नश्यसि।
कथा ग्रामं न पृच्छसि न त्वा भीरिव
विन्दतीं३॥
ऋग्. १०.१४६.१

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

तुल्ययोगिता--

तुल्ययोगिता अलंकार के भी अनेक सुन्दर प्रयोग वेदों में प्राप्त होते हैं।

अंसेषु वः ऋष्टयः पत्सु खादयो
वक्षः सु रुक्मा मरुतो रथे शुभः।
अग्निभ्राजसो विद्युतो गभस्त्योः
शिप्राः शीर्षसु वितता हिरण्ययीः ॥
ऋग्. ५.५४.११

"हे मरुतो, आपके कंधों पर ऋष्टियां, पैरों में कटक, वक्षों पर रुक्म, रथ पर शोभित साज, हाथों में अग्नि के समान जगमगाने वाले विद्युन्मय आयुध तथा सिरों पर सुनहरे शिरस्त्राण वितत हैं।" यहा एक ही क्रिया 'विततः' का अनेक प्रस्तुतों से योग होने से तुल्ययोगिता है।

हे मेधाविन् इन्द्र, तुम द्यौ के और पृथिवी के राजा हो--"त्वं विश्वस्य मेधिर दिवश्च ग्मश्च राजसि"४१। यहां एक ही क्रिया 'राजसि' का 'दिवः' और 'ग्मः' इन दो प्रकृतों से योग है। यजुर्वेद के एक अध्याय में कई कण्डिकाओं में प्रकृत वाज, प्रसव आदि अनेक पदार्थों का एक साधारण धर्म 'कल्पन्ताम्' से सम्बन्ध होने से तुल्ययोगिता है ४२। "यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यञ्चौ चरतः सह" ४३ में दो प्रस्तुतों का एक साधारण-धर्म 'चरतः' है।

दीपक--

वेदों में प्रयुक्त दीपक अलंकार की शोभा भी अवलोकनीय है। "न दृढ्ये अनुददासि वामं बृहस्पते चयस इत् पिपारुम्"४४ में एक कर्ता 'बृहस्पति' के साथ दो क्रियाओं-- 'अनुददासि' और 'चयसे'--का योग है। "यस्यां गायन्ति नृत्यन्ति भूम्यां मर्त्या व्यैलबाः"४५ इस मन्त्रांश में भी एक ही कर्ता 'मर्त्याः' के साथ 'गायन्ति' और 'नृत्यन्ति' क्रियाएं प्रयुक्त हुई हैं।

अर्थान्तरन्यास --

निम्न मन्त्र में अर्थान्तरन्यास का प्रयोग कवि ने बड़ी कुशलता से किया है। यहां सामान्य से विशेष का समर्थन है।

मा त्वा सोमस्य गल्दया सदा याचन्नहं गिरा।
भूर्णिं मृगं न सवनेषु चुक्रुधं क ईशानं न याचिषत् ॥
ऋग् ८.१.२०

उल्लेख--

ऋग्वेद में उल्लेख अलंकार भी दृष्टिगोचर होता है-

त्वामग्ने पितरमिष्टिभिर्नर-
स्त्वां भ्रात्राय शम्या तनूरुचम्।
त्वं पुत्रो भवसि यस्तेऽविधत्
त्वं सखा सुशेवः पास्याधृषः ॥
ऋग्. २.१.९

इस मन्त्र में अग्नि की स्तुति करता हुआ उपासक उसे पिता, भ्राता, पुत्र, और सखा के रूप में देखता है। एक ही 'अग्नि' की विभिन्न रूपों में स्तुति होने से यहां उल्लेखालंकार है। निम्न मन्त्र भी उल्लेख अलंकार का अच्छा उदाहरण है--

त्वमग्न इन्द्रो वृषभः सतामसि
त्वं विष्णुरुरुगायो नमस्यः।
त्वं ब्रह्मा रयिविद् ब्रह्मणस्पते
त्वं विधर्तः सचसे पुरन्ध्या ॥
ऋग्. २ १.३

विरोधाभास--

विरोधाभास का एक सुन्दर उदाहरण ऋग्वेद के द्यूतसूक्त का निम्न मन्त्र है--

४१. ऋग्. १. २५. २०
४२. द्रष्टव्य : वा. मा. शुक्ल यजुर्वेद, अध्याय १८, मन्त्र १-२७
४३. यजुर्वेद : २०.२५
४४. ऋग्. १.१९०.५
४५. अथर्व. : १२.१.४१

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

नीचा वर्तन्त उपरि स्फुरन्ति
अहस्तासो हस्तवन्तं सहन्ते ।
दिव्या अङ्गारा इरिणे न्युप्ताः
शीता सन्तो हृदयं निर्दहन्ति ।।
ऋग्. १०. ३४. ९

इसमें द्यूतपाशों के विषय में कहा गया है कि 'ये पासे नीचे पड़े हैं, तो भी ये हाथ वाले को परास्त कर देते हैं, द्यूत-फलक पर फेंके हुये ये दिव्य अंगारें हैं जो शीतल होते हुए भी हृदय को जलाते हैं।' यहां मन्त्र के पूर्वार्ध में 'नीचस्थता' गुण से 'उपरि स्फुरण' क्रिया का एवं 'अहस्तासः' गुण से 'हस्तवन्तं सहन्ते' क्रिया का विरोध है। उत्तरार्ध में 'शीतलता' और 'दाहकता' गुणों में परस्पर विरोध है।

यजुर्वेद के ४० वें अध्याय का एक मन्त्र भी इस विषय में द्रष्टव्य है, जिसमें कहा गया है कि– 'वह क्रिया करता है, वह क्रिया नहीं करता, वह दूर है, वह समीप है, वह सब के अन्दर है, तो भी इस सब के बाहर है'––

तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके ।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः ।।
यजु. ४०. ५

विभावना––

विना हेतु के कार्योत्पत्तिरूप विभावना अलंकार निम्न मन्त्र में है, जहां इन्द्र के विषय में यह वर्णन है कि वह सरेस आदि के विना ही शरीर की सन्धियों को जोड़ देता है।

य ऋते चिदभिश्रिषः पुरा जत्रुभ्य आतृदः ।
संधाता सन्धिं मघवा पुरूवसुरिष्कर्ता विह्रुतं पुनः ।।
ऋग्. ८. १. १२

श्लेष––

ऋग्वेद में श्लेषालंकार के अनेक उदाहरण उपलब्ध होते हैं। "पितेव पुत्रमविभरुपस्थे त्वामग्ने वध्र्यश्वः सपर्यन्"[४६] में 'उपस्थ' शब्द के दो अर्थ 'वेदि' और 'गोदी' हैं। निम्न मन्त्र में 'सुपर्णाः' के रश्मि और इन्द्रियगण, तथा 'अमृत' के जल और ज्ञान ये दो अर्थ होने से श्लेषालंकार है––

यत्रा सुपर्णा अमृतस्य भाग
मनिमेषं विदथाभिस्वरन्ति ।
इनो विश्वस्य भुवनस्य गोपाः
स मा धीरः पाकमत्रा विवेश ।।
ऋग्. १. १६४. २१

इस मन्त्र का एक आदित्य परक अर्थ है, दूसरा आत्मपरक। आदित्यमण्डल में किरणें जल के अंश को लेकर पहुंचती हैं और आत्मा में चक्षु आदि ज्ञानेन्द्रियां ज्ञान के भाग को लेकर। एवमेव "मातुर्दिधिषुमब्रवं स्वसुर्जारः शृणोतु नः"[४७] में 'स्वसा' के दो अर्थ रात्रि तथा बहिन होने से श्लेष है।

समासोक्ति––

प्राची के क्षितिज में स्थित सूर्य को उन्नत-पद प्राप्ति की साधना के लिए प्रेरित करता हुआ कवि कहता है––

हरिः सुपर्णो दिवमारुहोऽर्चिषा
ये त्वा दिप्सन्ति दिवमुत्पतन्तम् ।
अव तां जहि हरसा जातवेदो-
ऽविभ्यदुग्रोऽर्चिषा दिवमारोह सूर्य ।।
ऋग्. १९. ६५. १.

"हे सूर्य, तू हरि है, तू सुपर्ण है, तू अपनी अर्चि के साथ आरोहण कर, ऊर्ध्वाकाश में पहुंच जा। ऊर्ध्वाकाश की यात्रा करते हुए तुझे जो हिंसित करना चाहें, उन्हें तू अपने तेज से विनष्ट कर दे"।

---

४६. ऋग् : १०. ६९. १०
४७. ६. ५५. ५

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

यहां प्रकृत सूर्य के द्वारा अप्रकृत मनुष्य के लिए ऊर्ध्वयात्रा की प्रेरणा सूचित होने से समासोक्ति है। यदि मनुष्य को प्रकृत मानें तो अप्रस्तुतप्रशंसा निरूपित होगी।

शब्दालंकार--

अर्थालंकारों के अतिरिक्त वेदों में शब्दालंकारों के भी अनेक उदाहरण उपलब्ध होते हैं। अनुप्रास के प्रायः सभी भेद प्राप्त हो जाते हैं।

"स चित्र चित्रं चितयन्तमस्मे
चित्रक्षत्र चित्रतमं वयोधाम्।
चन्द्रं रयिं पुरुवीरं बृहन्तं
चन्द्र चन्द्राभि गृणते युवस्व ॥"
ऋ. ६.६.७

यहां 'चित्र' शब्द की चार बार तथा 'चन्द्र' की तीन बार आवृत्ति हुई है, एवं वृत्त्यनुप्रास है।

"पिपीले अंशुर्मद्यो न सिन्धु-
रा त्वा शर्मा शशमानस्य शक्तिः।
अस्मद्र्यक् शुशुचानस्य यम्या
आशुर्न रश्मिं तुव्योजसं गोः॥"
ऋग्. ४.२२.८

इस मन्त्र में 'श' की नौ बार आवृत्ति हुई है। एवमेव कुछ मन्त्रों में छेकानुप्रास का प्रयोग है। "शरासः कुशरासो दर्भासः सर्वा उत"४८ यहां 'शरासः' इस व्यञ्जनसमूह की सकृत् आवृत्ति की गई है, अतः छेकानुप्रास है, 'स' व्यञ्जन की अनेक बार आवृत्ति होने से वृत्त्यनुप्रास भी है। "सो चिन्नु न मराति नो वयं मरामारे" ४९ यहां 'न' व्यंजन की अनेक बार तथा 'मरा' व्यञ्जनसमूह की एक बार आवृत्ति होने से क्रमशः वृत्ति तथा छेक अनुप्रास है। 'वृश्चिकस्यारसं विषमरसं वृश्चिक ते विषम्'५० में 'वृश्चिक', 'रसं' तथा 'विषं' की सकृद् आवृत्ति होने से छेकानुप्रास है। "आत्मसनि प्रजासनि पशुसनि लोकसन्यभयसनि५१" में 'सनि' का पांच र तथा "धूरसि धूर्व धूर्वन्तं धूर्व तं योऽस्मान्धूर्वति तं धूर्व यं वयं धूर्वामः"५२ में 'धूर्व' का छः बार प्रयोग होने से वृत्त्यनुप्रास है।

लाटानुप्रास के निम्न प्रयोग द्रष्टव्य हैं— "हरिष्ठा मधु त्वा मधुला चकार"५३ में दोनों 'मधु' शब्दों का अर्थ एक ही है, किन्तु तात्पर्य का भेद है। यही बात "शन्नो देवी...शंयोरभिस्रवन्तु नः५४" के 'शम्' में है।

वेदों में **पुनरुक्तवदाभास** का एक अति सुन्दर उदाहरण है--"यत्र वाणाः सम्पतन्ति कुमारा विशिखा इव"५५। इस मन्त्र में 'वाणाः' और 'विशिखाः' इन सार्थक शब्दों में आपाततः एकार्थकता की प्रतीति होती है।

अनेक स्थानों पर **यमक** के भी उदाहरण मिलते हैं—आद्य रथं भानुमो भानुमन्तमग्ने तिष्ठ यजतेभिः समन्तम्"५६। इस मन्त्र में 'भानु' 'भानु', 'मन्तम्' 'मन्तम्' में यमक है। इसी प्रकार "सृण्येव जर्भरी तुर्फरीतू नैतोशेव तुर्फरी पर्फरीका" ५७ में तीनों निरथक 'फरी' की तथा एक निरर्थक और एक सार्थक तुर्फरी की आवृत्ति होने से यमक है।

संसृष्टि तथा संकर--

शब्दालंकार और अर्थालंकारों के साथ २ वेदों में कुछ ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं, जहां

४८. ऋग्. : १.१९१.३
४९. ऋग्. : १.१९१.१०
५०. ऋग्. : १.१९१.१६
५१. यजु. १९.४८
५२. यजु. १.८.
५३. ऋग्. १.१९१.१०
५४. अथर्व. १.६.१
५५. ऋग्. ६.७५.१७, यजु. १७.४८
५६. ऋग्. ५.१.११
५७. ऋग्. १०.१०६.६

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

एक ही मन्त्र में दो या अधिक अलंकारों की परस्परनिरपेक्षभाव से या परस्परसापेक्षभाव से एकत्र स्थिति होती है। काव्यशास्त्र में अलंकारों की इस प्रकार एकत्र अवस्थिति को क्रमशः संसृष्टि और संकर की संज्ञा दी गई है। प्रथम हम संसृष्टि के दो उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

"एत उ त्ये प्रत्यदृश्रन् प्रदोषं तस्करा इव।
अदृष्टा विश्वदृष्टा प्रतिबुद्धा अभूतन॥
ऋग्.१.१९१.५"

यहां मन्त्र के पूर्वार्ध में 'तस्कराः इव' में उपमा तथा उत्तरार्ध में 'दृष्टा' 'दृष्टा' में लाटानुप्रास है। एवं इसमें शब्दार्थालंकार की संसृष्टि है।

"उत त्वः पश्यन् न ददर्श वाच-
मुत त्वः शृण्वन् न शृणोत्येनाम्।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे
जायेव पत्य उशती सुवासाः॥"
ऋग्.१०.७१.४

इस मन्त्र के पूर्वार्ध में विरोधाभास तथा उत्तरार्ध में उपमालंकार की परस्परनिरपेक्षभाव से एकत्र स्थिति होने से संसृष्टि है। प्रो० डी० आर० भण्डारकर ने इस मन्त्र के पूर्वार्ध में विशेषोक्ति अलङ्कार माना है।५८

"पौरं चिद्धयुदप्रुतं पौर पौराय जिन्वथः।
यदीं गृभीततातये सिंहमिव द्रुहस्पदे॥
ऋग्.५.७४.४"

यहां एक ही 'पौर' शब्द तीन वार मेघ, अश्विन् और पौर नामक ऋषि इन विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त किया गया है, अतः यमक है। उत्तरार्ध में उपमा है। यहां शब्दालंकार और अर्थालंकार का अंगांगिभाव संकर है।

वयः सुपर्णा उपसेदुरिन्द्रं
प्रियमेधा ऋषयो नाधमानाः।
अप ध्वान्तमूर्णुहि पूर्धि चक्षु-
र्मुमुग्ध्यस्मान् निधयेव बद्धान्॥
ऋग्.१०.७३.११

"यज्ञ-प्रिय या मेधाप्रिय, प्रकाशक तथा सुन्दर पंखों वाली किरणें यह याचना करती हुई सूर्य के पास पहुंचीं कि जाल में बंधी हुई सी हमें आप मुक्त कर दीजिए तथा हमारे द्वारा अन्धकार को दूर कर प्राणियों की चक्षु को प्रकाश से परिपूर्ण कर दीजिए।"

यहां अचेतन किरणों में चेतनधर्म याचना असंभव होने से 'याचमाना इव' यह गम्य हेतूत्प्रेक्षा है। 'वयः सुपर्णा' का अर्थ सुन्दर पंखों वाले पक्षी लें तो किरणों का उसमें निगरण हो जाने से अतिशयोक्ति है। यदि 'वयः' तथा 'सुपर्णाः' में एक का अर्थ पक्षी और दूसरे का किरण अर्थ करें तो 'किरण रूपी पक्षी' इस प्रकार रूपक होगा। 'निधया इव बद्धान्' में उत्प्रेक्षा है। 'पक्षी होते हुए भी ऋषि हैं' इसमें विरोधाभास है, क्योंकि ऋषि का अर्थ प्रकाशक कर लेने पर विरोध का परिहार हो जाता है। ये सब अर्थालंकार यहां संकीर्ण रूप में हैं।

इस प्रकार स्पष्ट है कि वेद एक काव्य है, और उसमें शब्दगत, अर्थगत तथा उभयगत तीनों प्रकार के अलङ्कारों की सुन्दर योजना की गई है।

५८. द्रष्टव्य : A volume of Studies in Indology (Festschrift Prof. P.V. Kane) Poon Oriental Series no. 75 (1941) : Page 71.

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

शोध-लेख:—

संस्कृत काव्यों में उपमित मयूर

रामदत्त शर्मा, एम० ए०, रिसर्च-फैलो,
संस्कृत-विभाग, राजस्थान-विश्वविद्यालय, जयपुर ।

संस्कृत-साहित्य विश्व-साहित्यों में एक उत्कृष्ट साहित्य रहा है । इस साहित्य में हमें व्यावहारिकता से लेकर आध्यात्मिकता तक के विभिन्न पहलुओं का दर्शन होता है । प्राचीन काव्यकारों ने मानव का तो उल्लेख किया ही है किंतु उन्हें पशु व पक्षी जगत् के प्रति भी जागृत पाया गया है । उपमादि अलंकार संस्कृत-साहित्य के शोभाधायक रहे हैं । अतः ये काव्यकारों को विशेष प्रिय हैं ।

काव्यकारों ने हमारे राष्ट्रीय पक्षी मयूर को विभिन्न स्थलों पर भिन्न-भिन्न रूपों में उपमित किया है । मयूर के समान घन (दृढ़) प्रीति के कारण उत्सुक दधीचि मालती के समीप आये ।१ यहां मयूर के मेघ प्रेम की समता दधीचि के मालती-प्रेम से की गयी है । भाटों से मोरों की तुलना की गयी है ।२ समुद्र तट पर रह कर जल का पान करने वाले मोरों की तुलना समुद्र मंथन के समय तट पर भगवान् शंकर के विष-पान से की है ।३ सायंकाल में नृत्य करने वाले मोर की समता भगवान् शंकर के तांडव नृत्य से की गयी है ।४ मधुर मृदंग शब्द तथा लय की लास्य लीला से उद्विग्न होकर संगीतशाला में जाने वाली कादम्बरी की तुलना मयूर से की गयी है ।५ मधुरध्वनि करने वाले रमणी के कंकणों की समता मोर की केका से की गयी है ।६ बादलों की ध्वनि को मोरों की ध्वनि से उपमित किया है ।७ राजा हर्ष के यहां उपस्थित बाण के श्वेत वस्त्र की समता मयूर की आंखों के कोने की धवलता से की गयी है ।८ वर्षाकाल में शब्द करके शरद् में चुप हो जाने वाले मयूरों की समता शत्रुओं के अपकारक बल के शांत हो जाने से की गयी है ।९ मोरों के शत्रु शबर-सेनापति की तुलना शिखण्डी के शत्रु भीष्म से की है ।१० प्रदोषकाल में मयूरों के बैठने

१. 'शिखण्डीव घनप्रीत्युन्मुखः ।' ह० च० पृ० ६५
२. 'घर्मच्छेदात्पटुतरगिरो वन्दितो नीलकण्ठः ।'-विक्रम० ४।१३
३. 'अमृतमन्थनसमयमिव तीरावस्थितशिति कण्ठपीयमानविषम् '—कादम्बरी०
४. सन्ध्यासमय इव नर्तितनीलकण्ठः ।'—वासवदत्ता० पृ० २४५
५. मयूरीव मुक्तधारं धारागृहमभिपतति'—कादम्बरी० उ० पृ० २८
६. 'प्रचलत्कलापिकलशङ्खकस्वना'— शिशु०—१३।४१ 'स्खलितचरणतल-ताडित-मणि-सोपान-जातगम्भीर-ध्वनि प्रहृष्टानामवरोध-शिखण्डिनां केकारवैरनुगम्यमानः ।'—कादम्बरी० पृ० २५४
७. 'मेघमया इव कृतशिखण्डिकुलकोलाहलाः ।'—ह० च० पृ० ४२१
८. 'शिखण्डचपाङ्गपाण्डुनी पौण्ड्रे वाससी वसानः ।'—वही० पृ० १४५
९. अदोऽयमालप्य शिखीव शारदो बभूव तूष्णी-महितापकारकः ।'—नैषध० ९।१४
१० 'भीष्ममिव शिखण्डिशत्रुम् ।'—कादम्बरी० पृ० ९५

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

के दंडों की चोटियों पर अन्धकार व्याप्त हो जाने से उस स्थान में मयूरों के नहीं बैठने पर भी मानों, वे उन पर बैठे हैं ऐसी प्रतीति होती है।१ यहां मयूरों की अनुपस्थिति का मयूरों की उपस्थिति से साम्य प्रदर्शित किया गया है। मयूरों के मध्य बैठने के कारण पुण्डरीक की समता मयूरनिर्मित कही गयी है।२ मोर के गले की समता मरकत के कमण्डलु एवं कान के दन्तपत्र से भी बताई गयी है।३ वास्तव में मरकत का रंग मोर के गले के रंग से साम्य रखता है अतः तुलना सार्थक है, सुन्दर है। मोर पंख की तुलना अनेक पदार्थों से की है। चमकदार फूलों व मोरपंखों को एक सा बताया है।४ दमयन्ती के केश और मोर-पंख आपस में बहस होने के कारण ब्रह्मा के पास न्याय के लिये गये थे।५ यहां मयूर के पंखों की सुन्दरता से दमयन्ती के केशों की सुन्दरता का साम्य प्रदर्शित किया है। इन्द्र धनुष व मोरपंख को समान बतलाता है।६ इन्द्र धनुष अनेक रंगों की साम्यावस्था है एवं मोरपंख में भी अनेक रंगों की साम्यावस्था होती है। इन्द्रधनुष आसमान में फैला होता है एवं मोर के पंख भी गोलाकार रूप में फैले देखे जा सकते हैं अतः साम्य सूक्ष्म निरीक्षण का परिणाम है, कल्पना मात्र नहीं। कृष्ण का वक्षःस्थल चमकते हुये स्वर्ण-कुण्डलों के अग्रभाग में जड़े हुए पद्मराग मणियों की कांति से बचपन के योग्य मयूर पंखी की माला धारण किये हुये के समान शोभता था।७ यहां पद्मराग मणियों से युक्त माला की समता चित्र-विचित्र मयूर-पंख की माला से की गयी है। मोर के रमणीय पंखों के समान नृत्यतुल्य विविध विलासों से चंद्रापीड़ के यौवन की तुलना की गई है।८ मयूर कामावस्था में नृत्य करता है एवं यौवन कामावस्था होती है अतः 'उपमा ठीक है, उचित है। राजाओं के मुकुट से रंग-बिरंगी किरणों का निकलना मयूर के पूंछ से निर्मित मुकुट से समता रखता है।९ यहां मुकुट की किरणों की समता मोर के चित्र-विचित्र पंखों से की है। दशों-दिशाओं की सुन्दरता की समता दशों-दिशाओं में उड़ते मयूरों के हिलते हुये चंद्रकों से की गयी

१. 'शिखरदेशलग्नतिमिरास्वनारूढमयूरास्वपि मयूराधिष्ठितास्विव मयूरयष्टिषु।'—कादम्बरी० २९९

२. 'मयूरमय इवातिमनोहरे वसन्तजन्मभूमिभूते लतागहने कृतावस्थानम्।'—कादम्बरी०

३. 'उद्ग्रीवमयूरं मरकतमणिकरकमिव वारिधाराभिः।'—ह० च० पृ० ४२४, 'शिखिगलशितिना वामश्रवणाश्रयिता दन्तपत्रेण कालमेघपल्लवेन विद्युत् इव द्योतमाना।'—वही० पृ० ५७

४. 'भोः म्लानमानकेशरच्छविना मयूरपिच्छेन विप्रलब्धोऽस्मि।'—विक्रम० २ गद्य।

५. 'अस्याः कचानां शिखिनश्च किंनु विधिं कलापौ विमतेरगाताम्।'—नैषध० ७।२२

६. अभिनव- जलधरमिव-मयूर- पिच्छ-चित्र-चापधारिणम्।'—कादम्बरी० पृ० ९४

७. अवाप बाल्योचितनीलकण्ठपिच्छावचूडाकलनामिवोरः।'—शिशु० ३।५

८. 'विविध-लास्य-विलासयोग्यः कलाप इव शिखण्डिनो यौवनारम्भः प्रादुर्भवन्।'—कादम्बरी० पृ० २३४

९. चूडामणिमरीचिभिर्मायूराणीवाराजन्त राज्ञामातपत्राणि।'—वही० पृ० ३४६

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

है ।१० नाचते हुये मोर के बर्हमण्डल की आकृति वाले मायुर आतपत्रों को माणिक्य के वृक्षों के वन से उपमित किया है ।१ वटवृक्ष को मोरपंख से निर्मित छत्र से उपमित किया गया है ।२ मंदजल बिन्दुओं की समता मयूरपिच्छ से की है ३। द्वारिका के प्रासादों पर बैठे मोरों की हरे रंग की पूंछें छप्पर के समान बतायी गयी है ।४

१. माणिक्यवृक्षकवनायमानं मायूरातपत्रैः ।'—ह० च० पृ० १०२
२. 'शिखिपत्रजमातपत्रम् ।'—नैषध० ११।३०
३. 'बहुबर्हिचन्द्रकनिभम् ।'—किरात० ६।११
४. 'हरिन्मणिश्यामतृणाभिरामैर्गृहाणि नीध्रैरिव यत्र रेजुः ।'—शिशु० ३।४९

जैन साधुओं के द्वारा मोर-पंख धारण करने की समता पवन के द्वारा मोरपंखों को ग्रहण करने से की गयी है ।५ यहां पवन मोर के पंखों के द्वारा आचार के लिये ग्रहण किये मोर-पंख के साथ सम्बन्धित किया है ।

इस प्रकार विभिन्न काव्यकारों ने मयूर को विभिन्न प्रकार से उपमित कर सादृश्यमूलक अलंकारों के प्रति रुचि प्रदर्शित की है ।

५. 'कैश्चित् क्षपणकैरिव मयूरपिच्छवाहिभिः ।' कादम्बरी० पृ० ९४

---o---

ईश्वर प्रार्थना

कविवर श्री पं० जनमेजय विद्यालंकार, एम.ए., शास्त्री,

भगवन् कृपा से तेरी, जल वायु शुद्ध पाऊं ।
उपवास चाहे दे दो, ज्यादा खिला न देना ।।१।।
निर्बल कुरूप निर्धन, विद्या विहीन निर्गुण ।
एक मित्र कोई देना, पर बेवफा न देना ।।२।।
जिस कुल में जन्म लेकर, औरों को नीच समझूं ।
वह जात ऊंची भगवन्, हरगिज़ मुझे न देना ।।३।।
इस मेरे सिर को काटो, तोड़ो मरोड़ डालो ।
अभिमानियों के आगे, लेकिन झुका न देना ।।४।।
पापी मुझे बना दो, इसका न ग़म ज़रा है ।
पर आड़ धर्म की ले, प्रभु पाप मत कराना ।।५।।
गर सत्य मैं न बोलूं, तुम झूठ ही बुलाना ।
पर नाम सत्य का ले, प्रभु झूठ मत बुलाना ।।६।।
नाराज़ तुम अगर हो, जग में प्रलय मचा दो ।
बच्चों से किन्तु मां को, हरगिज़ न छीन लेना ।।७।।
नदियों में बाढ़ आए, चाहे समुद्र में भी ।
बच्चों की आंख में पर, आंसू न एक देना ।।८।।
धन दो, न दो, तुम्हारी, इच्छा है मेरे मालिक ।
पर साथ में ज़रा भी, अभिमान तुम न देना ।।९।।
दुनियां की बादशाहत, हम चाहते नहीं हैं ।
हिन्दोस्तान लेकिन, हम से न छीन लेना ।।१०।।
पाकर जिसे, तुम्हें हम, भगवान् भूल जाएं ।
विज्ञान वह न देना, धन धान्य वो न देना ।।११।।
नेपोलियन सिकन्दर, हिटलर न मांगते हम ।
गान्धी हमें मगर तुम, सौ बार ईश देना ।।१२।।

---o---

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

हिन्दी-पत्रकारिता के मूर्धन्य श्री इन्द्र विद्यावाचस्पति

श्री दीनानाथ सिद्धान्तालंकार, ६।६२५१, देवनगर, करौलबाग, नई दिल्ली ५

भूल सुधार—गत अंक में यह शेषांश किन्हीं असावधानता से न दिया जा सका वह हम यहां दे रहे हैं। —सम्पादक

(गतांक पृष्ठ ३०५ से आगे)

ही सामान्य नमस्ते के अतिरिक्त झुक कर सलाम, वन्दना इत्यादि की। इसके कारण 'अर्जुन' को कई दिक्कतों में भी फंसना पड़ा पर इन्द्र जी इस मामले में इतने स्वाभिमानी और संवेदनाशील थे कि कभी भी समझौता करने को तैयार न होते थे।

आज के हिन्दी सम्पादकों और पत्रकारों को पं० इन्द्र जी के जीवन के इस पहलु से विशेष शिक्षा लेनी चाहिए।

गुरुकुल विश्वविद्यालय और संसद् सदस्यता

पत्रकारिता के इस दीर्घकालीन जीवन के साथ पं० इन्द्र जी अपनी मातृ-शिक्षा-संस्था और पूज्य पिता जी—स्वामी श्रद्धानन्द के लगाये पौधे गुरुकुल विश्वविद्यालय, कांगड़ी, हरिद्वार के लगभग डेढ़ दशक तक उप कुलपति रहे। इस अवधि में आपने देश की वर्तमान अवस्थाओं को दृष्टि में रखते हुए इस संस्था में कई सुधार किये जिसके फल-स्वरूप अब यह गुरुकुल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विश्वविद्यालय बन गया। पण्डित जी लगभग १० वर्ष तक विशिष्ट शिक्षाविज्ञ और साहित्यिक के रूप में संसद् सदस्य भी रहे।

इन्द्र जी का ऋण—
अभी तक स्मारक नहीं बना

यह खेद की बात है कि हिन्दी-साहित्य और हिन्दी-पत्रकारिता के क्षेत्र में पं० इन्द्र जी को वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे अधिकारी थे। हिन्दी जगत में उनका अभी तक कोई स्मारक नहीं है। उनकी स्मृति में एक अभिनन्दन पुस्तक श्री सत्यकाम विद्यालंकार ने प्रकाशित किया है जो स्तुत्य प्रयत्न है। यदि इसे कुछ अधिक व्यापी और संस्मरणात्मक तथा साहित्यिक सामग्री व पंडित जी के कुछ विशिष्ट लेखों और उनकी कृतियों के अंशों से आपूरित कर 'ग्रन्थ' रूप दिया जाता तो नई पीढ़ी के लिये स्थायी और पथप्रदर्शक साहित्य की श्रेणी में समाविष्ट हो सकता।

सन् १९१५ से १९६० की २० अगस्त तक जब उनका स्वर्गवास दिल्ली में ही हुआ—

४५ वर्ष तक इन्द्र जी की साहित्यिक, राजनीतिक, सामाजिक इत्यादि सब प्रवृत्तियोंका केन्द्रस्थल दिल्ली ही रहा। इस प्रदेश और राजधानी के निवासियों व नेताओं पर इसी साहित्यिक ऋषि के ऋण से मुक्त होने का विशेष दायित्व है। आज हिन्दी में सम्पन्न और समृद्ध पत्रकारों, लेखकों और प्रकाशकों की कमी नहीं है। इनमें अनेक ऐसे हैं जिन्हें इन्द्र जी ने कलम पकड़नी सिखाई थी। उनसे उपकृत हिन्दी साहित्य, राजनीति और शिक्षा क्षेत्र में अन्य कई व्यक्ति हैं। क्या ये सब इस दिशा में अपने कर्तव्यों को पहचानेंगे?

यह चिरन्तन सत्य है कि साहित्यकार के सम्मान से ही राष्ट्र का सम्मान बढ़ता है।

★★★

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(पृष्ठ ३४० से आगे)

समानार्थक है। हमने पहले ही देखा है कि तत्त्वदर्शन ही दर्शनशास्त्र का परम और चरम लक्ष्य है। दर्शनशास्त्र को परीक्षा या समीक्षा-शास्त्र भी कहते हैं[1]। इसका विकास मानव-हृदय में सृष्टि के विकास के साथ साथ होता आया है। भारतीयदर्शन में वैदिक ऋषिओं के द्वारा प्रकृति-दर्शन किस प्रकार क्रमशः आत्मदर्शन में परिणत होगया। यह एक मानव हृदय की परम जिज्ञासा है जो स्वाभाविक है। यही बात पाश्चात्य ग्रीकदर्शन में पायी जाती है। ग्रीकदर्शन के जन्मदाता थेलीज्[2] ने जल को ही परमतत्त्व माना। उसने प्रकृति को उन्मुक्त नेत्रों से देखा और देखा कि जल ही तो तीनों (बर्फ के रूप में ठोस, पानी के रूप में द्रव, वाष्प के रूप में गैस्) रूपों में परिवर्तित होता है। शायद यह स्थूलसृष्टि भी आदि में जल के रूप में रही होगी। इसलिये जल ही चरमतत्त्व, मूलकारण है। थेलीज् ने सृष्टि के मूलकारण की व्याख्या इसी सृष्टि से करने का प्रयास किया था। उसने नग्न प्रकृति को देखा, बाढ़ में किस प्रकार जल के द्वारा ध्वंसलीला होती है--देखा; एवं जल के कारण ही हम जीवन भी धारण करते हैं। जल को ही उसने 'परमतत्त्व' कह दिया। हमारे यहां वेदों में यही बात मिलती है--'आप एव ससर्जादौ' जल को सृष्टि का आदिकारण कहा गया है।

मानव ने जिस दिन अपने को इस धरती पर पाया होगा, उसने आश्चर्य के साथ, जिज्ञासा के साथ आखें फाड़-फाड़ कर देखा होगा, प्रकृति के नाना सौन्दर्यों को और उसके भयंकर नग्नरूप को भी ! तब उसमें भय, आनन्द और आश्चर्य के साथ प्रकृति को तत्त्वतः जानने की अभिलाषा जगी होगी ! तभी वह प्रकृति के रहस्यों को जानने का प्रयास करने लगा। इस प्रकार जिसे जानने में असमर्थ रहा या जिससे हानि होती नजर आयी, और जिससे लाभ नजर आया, या जिससे लाभ-हानि दोनों होती हों, (जैसे सूर्य से लाभ-हानि दोनों ही होती हैं क्योंकि सूर्य के अधिक तपने पर संसार जलकर भस्मीभूत हो सकता है एवं सूर्य का उदय होना जीवनधारण का एक मूल स्रोत है) उसकी पूजा करने लग गया। जल, अग्नि, वायु आदि इसी प्रकार पूजने लगे। वस्तुतः ये वैदिक देवता प्रकृति की बाह्यशक्तियां हैं। मानव के लिये ये प्राकृतिक शक्तियां अपूर्व और चकित कर देने वाली थीं। इन्हें देख कर प्रारम्भ में मानव को भय और आह्लाद हुआ। मानव के सामने इन प्राकृतिक शक्तियों के जो रूप थे वे रहस्य-युक्त थे। मानव की जिज्ञासा बढ़ती गई और भीति से विश्वास का उदय हुआ। विश्वास ही धर्मशास्त्र की नींव है। जहां तर्क ने स्थान लिया, वहां दर्शनशास्त्र का उदय हुआ। मानव में तर्क करने या जानने की प्रवृत्ति स्वाभाविक है। बालक को देख कर हम जान सकते हैं कि बालक में जिज्ञासा करने की प्रवृत्ति बहुत है और वह स्वाभाविक प्रवृत्ति है। तर्क बुद्धि से पार न पाकर भले ही वह विश्वास करने पर बाध्य हो जाता हो, पर विश्वास माननीय स्वाभाविक प्रवृत्ति नहीं है। जानने की सीमा ही विश्वास करने पर मजबूर करती है। विश्वास लादी गई वस्तु है, और जानने की अभिलाषा

१. कान्ट अपने दर्शनशास्त्र को Critical philosophy कहता है।

२. देखिये-'ग्रीकदर्शन में थेलीज् के विचार

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मानव का स्वाभाविक गुण है। जानने के लिये मनुष्य तर्क करता है--यह परिवर्तनशील, विचित्र, लीलामयी सृष्टि क्या है ? इसका मूल कहां है ? इसके आदि और अन्त क्या हैं ? ये प्रश्न मानव मन में जगते गये और इनके समाधान भी मानवबुद्धि देती गई; क्योंकि बुद्धि का कार्य है विश्लेषण और सामान्यीकरण है। मानव ने प्रश्न किया--इस सृष्टि का सूत्रधार कौन ? यह प्राणी जगत् कहां से आया और अन्त में कहां जायेगा ? मैं कौन हूं ? कहां से यहां पर आगया हूं ? मेरा भविष्य क्या है ? ये प्रश्न मानव मन में प्रारम्भ से ही जगे थे और आज भी ये प्रश्न मानवमन को मथित कर रहे हैं। मानव अपनी सहज-प्रज्ञा से, अन्तर्दृष्टि की सहायता से इन प्रश्नों के समाधान भी खोजता रहा है। प्रयास करने की इस पद्धति को ही दर्शनशास्त्र कहते हैं। दर्शनशास्त्र में समाधान करने के तार्किक प्रयास किये जाते हैं। मानव जब तर्क से पार नहीं पाता, तब बुद्धि की सीमाओं से भयभीत क्लान्त होकर विश्वास और श्रद्धा की शरण में अपने सभी समझने की शक्ति के उत्तरदायित्व को समर्पण कर देता है। इसी अवस्था में धर्म का उदय होता है। धर्मशास्त्र की आधारशिला विश्वास है। दर्शनशास्त्र की आधारशिला तर्कबुद्धि, तार्किक ढंग से जानने की अभिलाषा है। इस प्रकार यह सिद्ध होगया कि दर्शनशास्त्र सृष्टि के पदार्थों के मूलतत्त्व को जानने की एक प्रक्रिया है या यों कहें कि तत्त्वनिर्णायक शास्त्र ही दर्शनशास्त्र है।

इयं भागवतसंकल्पशक्तिः सदा सर्ववस्तुषु उपस्थिता, सर्वलोकेषु क्रियारता, सततं सर्जने विनाशे च, निर्माणे पूर्णत्वापादाने च व्यापृता, सृष्टेः जटिलविकासस्य सदैवाऽवलम्बभूता, तत्तद्बीजात् तत्तद्वृक्षस्य प्ररोहे नियामिका, तत्तत्कर्मणः तत्तत्फलविशेषस्य विधायिका व्यवस्थापिका च। इत्थञ्चेयं वैदिकदेवतासु सर्वाधिकमहत्त्वशालिनी व्यापकतमा च।

१. On the Veda, Hymns to the mystic fire 'विविध रचना' (बङ्गभाषापुस्तक)-ऋग्वेदसिद्धाञ्जनभाष्यभूमिकादीनामाधारेण, अनेकत्र च तद्गतसन्दर्भाणामनुवादेन उद्धरणेन वा।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अथेयं ब्रह्माण्डवत् पिण्डेऽपि प्रतिपलं क्रियापरायणा। इयमस्माकं सचेतनसत्तायाः शक्तिर्या देहप्राणमनसां व्यापाराणां मूलप्रेरिका। प्राणस्य अर्थात् क्रियाशीलजीवनशक्तेः मूलस्थिता संकल्पशक्तिरियमेव। तत्र स्थितेयं स्वक्रियया प्राणं पवित्रयति। इयमेव नो मनसि सङ्कल्पतयाऽवस्थिता तस्मिन् पावित्र्यप्राप्तेः परमां स्पृहाम् (अभीप्साम्) समुत्पाद्य तन्निर्मलीकरोति। किम्बहुना, अस्माकं कर्मसु अस्मन्मानवीयसंकल्पस्य पृष्ठतो यस्तिष्ठति सोऽयमग्निरेव दिव्यसंकल्पस्वरूपः।

अतो यदा मर्त्यजातिः सचेतनतया महालक्ष्याभिमुखी भवति, स्वात्मनि दिव्यतां स्रष्टुं च प्रयतते तदा प्रथमतः प्रधानतश्च सा इममग्निदेवं प्रत्येव स्वविचारं प्रकाशयति। अयमेव अस्मत्प्रयत्नोच्छेदपराः सर्वाः शक्तीः समुन्मूल्य अस्मल्लक्ष्यं प्रति अग्रतो नयत्यस्मान् (अग्र-णीः-अग्निः) चरितार्थयति च तद् अन्ततः। एवञ्चायं कस्यापि लक्ष्यस्य सिद्ध्यै सर्वप्रथममपेक्षिता, तस्य मूर्त्तरूपदायिनी प्रधानशक्तिः।

यदा मनुष्योऽज्ञानान्धकारात् प्रबुद्धो भूत्वा सत्यतरोच्चतरजीवनं निर्मातुमनाः तादृशजीवनप्रदायिनो देवान् प्रति सर्वाण्यपि स्वकार्याणि, बाह्यान्यान्तराणि च, समर्पयितुम् इच्छति, एवञ्च मर्त्यताया निर्गत्य अभीष्टं लक्ष्यभूतञ्च ऊर्ध्वस्थममृतत्वमारोढुमिच्छति तदा तेन ऊर्ध्वाकाङ्क्षिसंकल्पस्य अयमग्निः, उच्चाभीप्सात्मकशक्तेरियं ज्वाला प्रज्वालनीया निजान्तरे, अस्यामेव चाहुतिर्देया सर्वकर्मणाम्, समर्पणीयं सर्वम्। यदाऽसौ सचेतनः सन् अस्यां स्वकर्माहुतिं जुहोति, स्वकार्याणि सर्वाणि अस्यां समर्पयति तदाऽयं प्रादुर्भूय पुरतः प्रकाशते।

सोऽयमग्निदेवोऽस्मज्जीवनस्य घोरतमरात्रावपि जागर्ति, अस्माकं निश्चेतनाऽर्द्धचेतनसत्ताया गहनान्धकारेऽपि दिव्यसंकल्पज्वालारूपेण प्रकटी भवति। यदा वयं मनसः चेतनाऽऽलोकं, सचेतनप्रकाशं क्वचिदपि न पश्यामो मार्गदर्शकतया, तदाप्ययं निश्चान्तिकर्मा नित्यजागरूकोऽग्निस्तत्र क्रियारतो भवति। अन्ये देवास्तावत् 'उषर्बुधः', उदितायां ज्ञानोषसि अन्तर्ज्योतिषि च अस्मासु बुध्यन्ते, अयन्तु तिमिरावृतमस्मदन्तरं निर्भिद्य प्रकाशयति प्रथमतः।

तदेवम् अग्निरेव अस्मदन्तरस्थपरमदेवस्य प्रथमं प्रधानञ्च जाग्रद्रूपम्। यदि वयं तं हृदयवेदौ प्रज्वलितं, प्रकाशितम्, उन्मुक्तमूर्ध्वगामिनञ्च कर्तुं शक्नुयाम तर्हि स नो मानवचैतन्ये दैवीमुषसमानीय, अस्मासु देवताः प्रबोध्य, अनृताऽज्ञान-निरानन्द-वैफल्यानाम् कृष्णावरणं निर्वार्य च अस्मान् अमरान् दिव्यांश्च करिष्यति।

अग्नेर्जन्म

अयमस्माकं देहे, अस्मत्पार्थिवसत्तायां निगूढस्तिष्ठति—'कामो१हृच्छयः सर्वभूतानाम्'। अरणिनिर्मथनाज्जायमानः स्थूलाग्निरिवायं देहमनसोरधरोतरारण्योः संयोगेनोत्पद्यते। उत्तरारणेः अधरेण घर्षणात्, तस्मिन् आघातात् तत्प्रभावाच्च जन्यतेऽयम्। पूर्वमयं प्राणगतसंकल्परूपेण जीवनेच्छारूपेण वा जागर्त्ति ततश्च मनसि प्रादुर्भवन् शुद्धः सञ्जायते।

ऋग्वेदे एतत् सत्यम् इत्थमुपवर्णितम्—मानवस्य हृदये यो 'मर्त्येष्वमर्त्यः' परमो देवः प्रसुप्तस्तिष्ठति तं सर्वप्रथमम् अथर्वा एव निर्मथ्य आविष्करोति,

---

१. कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत् ऋ० १०.१२९.४
हृदि क्रतुमान्। ऋ० ४.४१.१

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

'इममु त्यमथर्ववदग्निं मन्थन्ति वेधसः ।'
ऋ० ६।१५।१७।।

अन्यत्रापि एकस्मिन् मन्त्रे एवमुक्तम्--

सर्वेषामपि देवभक्तानां पुष्करारूपात् शिरः-कमलात् अथर्वा अग्निं निर्मथितवान् 'त्वामग्ने पुष्करादध्यथर्वा निरमन्थत मूर्ध्नो विश्वस्य वाघतः ।।' ऋ० ६।१६।१३।।

अस्मास्वन्तर्हितो देवो यदा प्रथमतः सुप्तोत्थितो भवति तदाऽस्माकं हृदये भगवदभीप्साया ज्वाला, भगवत्प्राप्तेस्तीव्रा उत्काङ्क्षाऽनुभूयते । उद्बुध्यमानस्य अग्निदेवस्य सा प्रथमा ज्वाला अथर्वा इत्युच्यते, न थर्वतीति अथर्वा स्थिरा निस्स्पन्दा च ज्वालेत्यर्थः । तथा हि अग्नेः, भागवतसङ्कल्पाग्नेः प्रकाशपूर्णसङ्कल्पशक्तेर्वा सप्त ज्वालाः, ज्वालामयशक्तयो वा भवन्ति याः सप्त अङ्गिरसः उच्यन्ते, तेषु सप्ताङ्गिरस्तु प्रथमोऽथर्वा । सोऽङ्गिरसामग्रगण्यः । सोऽयमथर्वा यदा मानवसत्तायां पदं लभते तदा स दिव्याग्नेः सम्पदः आविष्करोति क्रमशः ।

अन्तर्यज्ञे साधनापथे दिव्यप्रकाश-प्रापकं मार्गं सर्वप्रथमम् अथर्वा, अग्नेर्ज्वाला-विशेष एव रचयति अन्तःसाधनैः--

यज्ञैरथर्वा प्रथमं पथस्तते ।
ऋ० १।८३।५ ।।

एवञ्च यदाऽसौ सुप्तोत्थित इव ज्वलत्यूर्ध्वमुखः तदा अन्तर्यज्ञपरस्य यजमानस्य यज्ञ (साधना) भारं स्वयं परिगृह्य तदर्पितं हविः, तत्प्रदत्तं सर्वस्वं देवान् प्रापयति यथाभागम् । यजमानश्च तेन सर्वस्वसमर्पणरूपेण हविर्दानेन देवान् प्रति अनृणो भूत्वैव यजनसमर्थो जायते, न ततः प्राक् । तथा चाहुर्ब्राह्मणानि--

'आत्मानं निष्क्रीयाऽनृणो भूत्वाऽथ यजते ।'
कौषीतकि ब्राह्मणम् १०। ३ ।।

'सर्वाभ्य एव देवताभ्यो यजमान आत्मानं निष्क्रीणीते ।'
ऐतरेय ब्राह्मणम् २। ६। ३ ।।

अग्नेः प्रदीपनस्य फलम्

यथा यथा च यजमान इममग्निं पुनः पुनः प्रदीपयति तथा तथा अयमूर्ध्वादूर्ध्वतरं धाम (चैतन्यभूमिम्) आरोहति आरोहयति च यजमानम् । 'मर्त्येष्वमर्त्यः', 'अतिथिः' (अर्थात् सततगमनशीलः, अतनादतिथिः, अत सातत्यगमने), 'सप्तजिह्वः', उत्तरोत्तरप्रखरायमाण-सप्तज्वालाभिरुपेतः, तद्द्वारा च सप्तधामाधिगामी सप्तविधचिद्भूमिकाधिरोही अयमग्निदेवः अस्माद भूलोकात्, अन्नमयसत्तायाः प्रस्थाय दिवम् (दिव्यचिद् भूमिम्) आरोहति यथाक्रमम्, अवतारयति च ततः प्रतिफलरूपेण निखिलमपि आध्यात्मिकैश्वर्यम् दिव्या ज्ञानधाराः, ज्योतिः, शक्तीः, दिवः, वृष्टीश्च । तथा हि दिवमारूढे अग्नौ तत्सत्कारपुरस्काररूपेण दिवस्पतिः, दिव्यमनोऽधिपतिरिन्द्रोऽपि दिव्यालोकद्युतिभिः (विद्युद्भिः, विद्युद्देवताभिः) सह अवरोहति, 'पर्जन्य'--देवरूपेण च अभीष्टजीवनदानैर्वर्षति ('वृषा'), दिव्यजीवनस्य प्रकाशस्य चावरणभूतान् वृत्रादीनसुरान् निषूदयति, प्रतिबन्धकावरणानि अपवार्य च परं सत्यमुद्भासयति, सत्यस्य सूर्यं साक्षात्कारयति ।

तदेतत् सत्यं साक्षात्कर्तुमेव अन्तरे दिव्यसङ्कल्पाग्निः प्रदीप्यते । प्रदीप्ते च तस्मिन् ज्ञानशक्तिमयजाज्वल्यमानाऽग्नौ स्वतुच्छसुखदुःखानि, क्षुद्रचेष्टा-विफलताः, अज्ञानं मिथ्यात्वं मृत्युश्च हूयन्ते, येन सर्वमपि पुरातनमनृतञ्च भस्मीभवेत्, अथ च यत्किमपि नवीनं सत्यञ्च तदग्नेः प्रादुर्भवेत् ।

(क्रमशः)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सम्पादकीय टिप्पण्यः

कच्छ का रन

सर्वसाधारणजनानामयं चर्चाविषयो यत् 'कच्छ का रन' प्रदेशस्योच्चभूमिभागोऽन्ताराष्ट्रिय-न्यायाधिकरणेन पाकिस्तानाय प्रदत्तः पङ्कमयत्वा-ज्जनैरगम्योऽवशिष्टो भागो भारतवर्षस्य भाग्य-स्फोटनाय भारतायोपायनीकृतः । दुर्बलस्य न कोऽपि भवति बन्धुर्दैवोऽपि दुर्बलघातक इति सूक्तिरप्यत्रैव चरितार्थतां गता । श्रृणु, रे मूढ ! भाग्य हतक ! किमर्थं रोदिषि ? श्रृणु. काश्मीरोऽपि यास्यति, आसामप्रदेशो न स्थास्यति, नागालैण्डोऽपि पला-यिष्यते, न जाने, के के प्रदेशाः पृथग्भवितुमुद्यताः सन्ति । अहमहं ममममेत्यहमहमिकया स्वार्थान्धाः सन्तः स्वशिरसि चक्रवद्भ्रमन्तं मृत्युमपि न पश्यन्त्येते दैवहतकाः भारतीयाः । अद्यापि स्वतन्त्र-ताफलं पूर्णरूपेण न प्राप्तं परं स्वस्वोदरदर्यां प्रक्षेप्तुमुद्यता बहूषु दलेषु विभक्ताः परस्योन्नतिम-सहमाना ईर्ष्याभावभरिताः कुरुपाण्डवीयमाचरितुं सततं बद्धपरिकरा अवलोक्यन्ते भारतीयाः । श्री कामराज–सुब्रह्मण्यं–अन्नादुराई–राजगोपालाचार्या-दिभ्यो दाक्षिणात्यनेतृभ्योऽन्यत् किञ्चिदपि कार्यं कर्तुं नावशिष्टमृते भाषाविवादात् । आंग्लभाषाया अनिवार्यतां वाञ्छन्त्येते समग्रेऽस्मिन् भारते । अधुना भारते श्रूयमाणं सर्वं विवादजातं भारतीय-संस्कृतिं प्रति भारतमातरं प्रति प्रेमाभावं व्यनक्ति । भोः ! भोः ! नेतारः श्रृणुत, भारतमातरमत्तुं मुखं विदार्य वृकाः समन्तात् परिभ्रमन्ति । इमं श्रुत्युपदेशं धारयत 'संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्' इति ।

उपाध्यायो न हतोऽपितु धर्म एव हतः

श्रुतचरं भवद्भिर्वृत्तपत्रेषु च पठितं यज्जन-संघस्याध्यक्षपदमलङ्कुर्वतः श्रीउपाध्यायदीनदयाल-महोदयस्य हत्या धूम्रयानयात्रावसारे शकटाभ्यन्तर एव केनापि धर्मध्वंसिनाऽसुरेण विहितेति चिन्त-चिन्तं भृशं खिद्यते नश्चेतः । नेयं राजनीतिकहत्या । उपाध्यायो न हतोऽपितु धर्मएव हतः । उपाध्यायो विद्याविनयसम्पन्नः समदर्शी परोपकारपरायणो निर्लोभो दरिद्रोऽप्रतिद्वन्दी तपस्त्यागागाधमूर्तिरेवं न जाने कियन्तोऽन्ये गुणा अन्तस्तलाद् बहिरागन्तुमहं पूर्वमहं पूर्वमित्यहमहमिकया बद्धपरिकरा भवन्ति स्म । राजनीतिकक्षेत्रेऽद्वितीयसंगठनशक्तिमादधा-नोऽपि शान्तिपरायणो धर्मप्रिय एवासीत् स महा-जनः । न कस्याप्यप्रियकरोऽहितचिन्तको वाऽऽसीत् तदाश्चर्यं केन हेतुना हतोऽयमजातशत्रुः ? अस्म-न्मते कारणमिदं भवितुमर्हति यद् हिन्दुषु जागर्तिर्न भवेत् तेषां संगठनं वा कुण्ठितं जायेत । भारत-वर्षं पुनरेकसूत्रतायामाबद्धुं येन केनापि यत्प्रयत्न-जातं विधीयते देवोऽपि सन्नसौ हन्तव्य एवेति राद्धान्तस्तेषां कलितमानवदेहानां हिंसाऽसूयेर्ष्यादि-दुर्गुणगणानाम् । यदि राजनीतिकदृष्ट्या वा दलदृष्ट्या वाऽविमृश्यकारिणो हिन्दएवात्र कारणं तदेषा हत्या हिन्दुधर्मायापशकुनमित्यूह्यम् । मन्ये ! न कस्याप्येकस्य दैवहतकस्य कार्यमेतत् । भारत-मातरं खण्डशः कर्तुमुद्यतानां बहूनामासुरकीट-किट्टानां कदर्याणां पातकमेतत् ।

सर्वसर्जनकर्ता परमप्रभुरेवात्र प्रार्थ्यते यत् पुन-रपि श्री उपाध्यायमहाभागोऽत्र भारते जनिमाप्नु-यात् येनासौ भारतं सर्वजगति भासयितुं प्रयतेत ।

शिवरात्रि पर्व––बोधोत्सवः

शिवरात्रिपर्वणो हिन्दुषु विशेषतः शैवजनेष्व-तीव महत्त्वं विद्यते । शिवभक्तेषु लब्धजन्मा स्वामिवर्यः श्री दयानन्दसरस्वतीमहाभागोऽप्यस्मिन्

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पर्वणि बोधमवाप । अस्यां रात्रौ शिवः स्वकीयं सत्यस्वरूपं दयानन्दात्मनि समुद्बोधयामास तदनन्तरं शिवस्य प्रेरणयैवाजन्मब्रह्मचर्यं तपश्चर्या कष्टसहिष्णुत्वं योगावाप्तिं शिवस्य साक्षात्कारमित्यादीन्यन्यान्यपि सद्धर्मजातान्यधिगन्तुं प्रायतत महर्षिरसौ दयानन्दः । न केवलं महर्षिपदवाच्योऽसौ दयानन्दः प्रत्युत शिवस्यैव साक्षादवतार आसीदित्यस्त्यस्माकं दृढो विश्वासः । भगवतः शिवस्य रूपद्वयं वेदेषु प्रथितं विद्यते घोररूपं शिवरूपं च । यजुर्वेदस्य षोडशाध्याये प्रपञ्चितमेतद् रूपद्वयं । वस्तुतस्तु रुद्रस्य घोररूपमेवाभिमन्तव्यम् । यतो हि घोरात्मकस्य तस्य क्रियाजन्यपरिणामः शिवत्वं प्रतनोति, अतः शिवरूपोऽप्यसौ मन्यते । यदि जातस्य मृत्युर्न भवेत् तदाऽनर्थपरम्परायाः कदापि विलोपो न स्यात् । अतो मृत्युः परिणामे शिवः । भारतवर्षे "बहुप्रजानिर्ऋतिमाविवेश" श्रुत्युक्तिरेषा भृशं रुद्रस्यावश्यकतां बोधयति । युद्धमेव समीचीनः पन्थाः प्रजानां संक्षेपाय भारतीयजीवने बद्धमूलानां महाव्याधिरूपाणां दुर्गुणगणानाञ्च समुन्मूलनायेति ब्रुवते केचन युद्धैकभेषजाभिमानिनो नरपुंगवाः । यद्यधुना शिवः स्वनृत्यं प्रदर्शयेत् तदा भारतपाकिस्तानचीनादिदेशानां महत् कल्याणं भवेदित्यभियुक्तानां विचारसरणिः । स्वामिदयानन्देनापि पाखण्डखण्डनमसत्यमतमतान्तरेषु प्रहारश्चाकारि । शिक्षाराजनीत्यादिसकलक्षेत्रेषु पन्थानमवलम्ब्य भारतमुन्नतिं कर्तुं पारयतेऽसावपि तेन प्रदर्शितः । अतोऽधुना स एव पन्था अस्माभिरनुसरणीयस्तदैव भद्रं शिवं च भविष्यति नो चेत् महती विनष्टिः सम्पत्स्यते ।

साहित्य-समीक्षा

(समालोचनार्थं पुस्तकद्वयं पत्रिका-कार्यालये प्रेषणीयम्)

पूर्व और पश्चिम

लेखकः—श्री नित्यानन्द पटेलः

प्रकाशकः —— श्री गोविन्दराम हासानन्द, नई सड़क दिल्ली, पृष्ठ संख्या १९२, मूल्यम ७.५०

हिन्दीभाषायामुपनिबद्धं निबन्धात्मकं पुस्तकमिदं विद्वद्वर्येण श्रीनित्यानन्दपटेलमहाभागेन विरचितम् । पुस्तकस्य नामनि पूर्वशब्देन प्रायो भारतवर्षस्यैव तात्पर्यमित्यूह्यम् । भारतपश्चिमयोः शिक्षाऽर्थसमाजादिक्षेत्राणां तुलनात्मकं विवेचनमत्र साधु सम्पादितं विदुषा लेखकेन । स्वतन्त्रतावाप्त्यनन्तरं भारतवर्षस्य नवनिर्माणं द्रुतगत्या प्रारब्धमत्रत्यैर्नेतृवर्गैः । नानाविधा आयोजना आयोज्यन्ते परं भौतिकतायाः प्राबल्यात् अन्येभ्यो राजनीतिककारणेभ्यश्च यत्र तत्र महान् सङ्घर्षो दिग्भ्रान्तिः पदे पदे स्खलनमित्यादीनि पतनसाधानान्यपि व्युत्पाद्यन्तेऽस्माभिः । पूर्वैः पथिकृद्भिर्महर्षिसंघैः प्रतिपादितेनादर्शेन सह पाश्चात्यसभ्यतायाः कथं कीदृक् क्रियच्च मेलनं भारतवर्षस्योन्नत्यै साधु भविष्यति तदत्र सम्यक्तया प्रतिपादितम् । नैतदावश्यकं यल्लेखकस्य सर्वे विचाराः सर्वेभ्यो नूनं संग्राह्या भवेयुस्तत्र मतवैपरीत्यं भवितुमर्हति । महाव्याधिग्रस्तोऽयं भारतदेशः । न केवलमुपदेशगुटिका चमत्कारं जनयिष्यति । सुवर्णशुद्धिमिव तापसंस्पर्शोऽप्यावश्यकः । अत्र पुस्तके निम्नविषयानुपजीव्य निबन्धाः संकलिताः (१) आध्यात्मिकता या अर्थपरायणता (२) नैतिकता में आगे कौन (३) हमारी नैतिक दुर्बलता (४) नैतिक बल

(४०४तमे पृष्ठेऽवशिष्टांशः)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

"श्री गंगा सभा, हरिद्वार" द्वारा 'मालवीय जयन्ती १९६७' में प्रथम पुरस्कृत निबन्ध—

भारत की संस्कृति भारत की एकता की संयोजिका है

श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार, एम. ए.

भूमिका

जैसे किसी चित्र-विचित्र वर्ण वाले उद्यान में पहुंच कर दर्शक उन सुमनों की रंगविविधता से यह समझ बैठता है कि इस विशाल उपवन में एकीभाव नहीं है, ठीक उसी प्रकार इस विशाल भारत-राष्ट्र की अनेक-विध विचित्रताओं को देखकर प्रायः विद्वान् यह समझ लेते हैं कि यहां एकता का अभाव है। इसका कारण है—समस्त भारतीय जनमानस में बहने वाले उस विचार को न जानने का अभाव जिससे यह अविरल गतिशील है।

तथ्यपूर्ण बात तो यह है कि प्रत्येक राष्ट्र के अपने कुछ मूलभूत तत्त्व होते हैं, जिनसे वे स्थापित रहते हैं। गतिमय रहते हैं। बहुत से विद्वान् यह भूल करते हैं कि 'राष्ट्र' और 'राज्य' में कोई भेद नहीं। वे उन्हें अभिन्न समझते हैं, जब कि उनमें मौलिक भेद है। 'राज्य' का कार्य शासन करना है जबकि 'राष्ट्र' उसके आन्तरिक तत्त्वों को पोषित करता है। 'राज्य' भौतिक सीमायें निर्धारित करता है जबकि राष्ट्र आन्तरिक। और इन्ही आन्तरिक चेतनाओं से अभिभूत राष्ट्र-जन पुकार कर कह उठते हैं **"माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः।"**

हमारे भारतीय दर्शन में राष्ट्र को एक 'देवता' के रूप में सम्बोधित किया गया है। ऋग्वेद में तो इस राष्ट्रीय-देवता की प्रचुर उपासना की गई है। अथर्ववेद का सम्पूर्ण (१२।१) भूमि-सूक्त आदर्श राष्ट्र की कल्पना का एक मनोरम चित्र है। अतः राष्ट्र का महत्व सर्वोपरि है। 'राज्य' जहां शस्त्र और सेना के बल पर विघटित किये जा सकते हैं, वहां राष्ट्र नहीं। कारण है—राष्ट्र किन्हीं आन्तरिक भावनाओं, मर्यादाओं और आदर्शों से निर्मित होते हैं। राष्ट्र की ये मर्यादायें, भावनायें एवं आदर्श ही उसकी संस्कृति होते हैं। इसे हम राष्ट्र की आत्मा कह सकते हैं जो राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोये रखती है। यही कारण है कि हमारा भारत-राष्ट्र और उसमें रहने वाले प्रजा-जन एक अन्तःसंस्कृति से संवेष्टित हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं।

संसार को एकता का पाठ पढ़ाने वाली संस्कृति :—

संसार में बड़े-बड़े साम्राज्य बने। डेढ़ सहस्त्र वर्ष तक सारे ईसाई संसार में रोमचर्च और लैटिन भाषा का साम्राज्य रहा। रोम का सितारा भी कभी बुलंद था। संसार की आंखें एक दिन ग्रीस पर भी लगी थी। सिंध से स्पेन तक इस्लाम का विशाल साम्राज्य विद्यमान था। किन्तु कहां गये वे विशाल साम्राज्य? जो अपनी संस्कृति और सभ्यता का दम्भ भरते थे। जिनके अरस्तु, प्लेटो और सुकरात संसार के महान् सत्यशोधक समझे जाते थे। जिनके कैरो, और अल-अजहर जैसे विशाल विद्याकेन्द्र अरब-संस्कृति का ज्ञान कराते थे। जो गणित और ज्योतिष का पाठ पश्चिमीय देशों को पढ़ाते रहे।

उत्तर स्पष्ट ही है। काल की कुटिलता के आगे वे भी टिक न सके। उनकी विशाल सभ्यता और संस्कृति दूसरों की दास हो गयी। किन्तु

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

धन्य है यह ऋषि-भूमि भारतवर्ष जिसकी संस्कृति व सभ्यता आज भी जीवित है। जिसके वेद, उपनिषद्, गीता, महाभारत और रामायण के अमर वाक्य नितनूतन परिवेश में भारतीय जन-मानस को आलोडित कर नयी चेतना और स्फूर्ति प्रदान करते रहते हैं। जिसकी गिरि-कन्दराओं से आज भी. . . . .

'एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ।।
मनु० २।१०।।'

इस महान् प्रेरणाप्रद श्लोक का पवित्र उद्घोष सुनाई पड़ता है। जिसकी पवित्र भावना से प्रेरित होकर भारतीय पुत्रों ने अपनी संस्कृति और सभ्यता का दूर-दूर तक प्रचार एवं प्रसार किया। **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** के आदर्श के समान ऊंचा आदर्श किस संस्कृति में मिल सकता है। गौतम ने इसी क्रान्ति-मन्त्र से संचालित हो सारनाथ में अपने पांच शिष्य-रत्नों को उपदेश दिया कि 'भिक्षुओ ! अब तुम जाओ और बहुतों के कुशल के लिए, संसार पर दया के निमित्त, देवताओं, और मनुष्यों की भलाई और कल्याण के निमित्त भ्रमण करो। तुम उस सिद्धान्त का प्रचार करो जो आदि में उत्तम है, मध्य में उत्तम है और अन्तमें भी उत्तम है। सम्पन्न,पूर्ण तथा पवित्र जीवन का प्रचार करो।' यही कारण है कि हमारे भिक्षुओं ने, दार्शनिकों ने और राजाओं ने यौद्धिक विजय न करके सांस्कृतिक विजय की; उन्होने दूसरों के हृदयों को जीता। उन्होंने जब सारा संसार मोह जाल में भटक रहा था, तब जीवन ज्योति का अमर प्रकाश-पुञ्ज उनके हाथों में दिया। बड़े-बड़े विहड़ जंगलों और समुद्र की भीषण तरंग-लहरियों, प्रचण्ड वायुसंघातों, बड़े-बड़े दुस्तर हिम-खण्डों को पार करके ज्ञान का अनुपम संदेश उन्होंने दूर तक फैलाया। आज भी जावा, सुमात्रा, चम्पा और बोर्नियो आदि देशों के अंकोरवाट, अंकोरथोम, बोरोबुदुर जैसे विशाल ध्वंसावशेष हमारी सांस्कृतिक विजय का गीत गा रहे हैं। कितने अतिशा, शांतरक्षित और पद्मसम्भव भारतीय ज्ञान-ज्योति को तिब्बत ले गये, यह हमें इतिहास ही बताता है। यश और कुस्तन ने तुर्किस्तान में भारतीय-संस्कृति का अमर संदेश फैलाया, इसे कौन नहीं जानता ?

इस प्रकार 'वसुधैव कुटुम्बकम्' या 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' की भावना ने हमारी संस्कृति को सदा अनुप्राणित रखा और हम राष्ट्र की एकता के निमित्त ही नहीं अपितु विश्व की एकता के अर्थ भी अपने अगाध ज्ञान का उदारता से वितरण करते रहे।

अतः हमारी संस्कृति अपने मूलभूत तत्त्वों से प्रेरित होकर बढ़ती ही रही। उसमें परिवर्तन भी हुए परन्तु 'आत्मसात्' करने की प्रवृत्ति ने उसे सदा नया जीवन ही दिया। यही कारण है कि भारत की भूमि पर (जो एक ओर हिमालय पर्वतमालाओं तथा तीन ओर समुद्र से घिरी हुई है) निवास करने वाले समाज ने सहस्रों वर्षों में आचार-विचार की जो विशिष्ट प्रणाली तथा जीवन की ओर देखने की जो दृष्टि विकसित की है वही भारतीय संस्कृति है। यह संस्कृति भारत की मृत्तिका से सम्भूत है। अतः धर्म और उपासना-पद्धति की विभिन्नता के आधार पर भारतीय एकता के विघटन की बात करना असांस्कृतिक तथा अतर्कसंगत ही नहीं अपितु अराष्ट्रीय भी है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

एकता की संयोजक : धार्मिक सहिष्णुता व विशिष्ट जीवन-पद्धति:–

हमारे संतों, महात्माओं, पीर,पैगम्बरों ने सदा यही कहा कि 'जात पांत पूछै नहि कोई, हरि को भजे सो हरि का होई।' कबीर ने आपस में द्वेष करने वालों पर तीखे व्यंग-बाण चलाकर उन्हें यही कहा––

'वेद कितेब पढ़ै वै कुतबा, वें मुल्ला वें पांडे।
बेगर-बेगर नाम धराये, एक मिट्टी के भांडे ।।'

कबीर की भांति पंजाब में गुरु नानकदेव ने भी सब धर्मों की मौलिक एकता और हिन्दू मुस्लिम अभेद पर बल दिया। उन्होंने भी कहा–

'बन्दे इक खुदाय दे, हिन्दू मुसलमान।
दावा राम रसूल कर, लड़दे बेईमान ।।'

इस प्रकार हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि–दूसरे देशों में धर्म की दृष्टि से न केवल एक धर्म ने दूसरे धर्म पर किन्तु अपने ही धर्म में विभिन्न मत रखने वालों पर जो भीषण अत्याचार किए उससे योरोपियन इतिहास के पन्ने के पन्ने रक्तरंजित हैं। फ्रांस में फ्रांसिस प्रथम ने १५४५ ई० में अपनी मृत्यु से पूर्व आल्पस पर्वतमाला के तीन हजार निरीह निःशस्त्र कृषकों के कत्ले-आम की आज्ञा देकर शांति प्राप्त की। उनका एकमात्र अपराध यह था कि वे ईसाई मत के मूल सिद्धान्तों में विश्वास रखते हुए पोप तथा पादरियों की प्रभुता नहीं मानते थे।

किन्तु हमारे भारत में तो पूर्व से ही सहिष्णुता की प्रवृत्ति प्रबल रही। धर्म उन सिद्धान्तों का संगठित रूप रहा जिससे मानव और उसका समाज अपने अस्तित्व को धारण करता है। अभ्युदय और निःश्रेयस की सिद्धि जिससे हो उसे ही धर्म कहा गया और इन्हीं लौकिक तथा पारलौकिक भावनाओं से अभिभूत होकर हमने सब धर्मों को श्रद्धा की दृष्टि से देखा। वेद ने भी कहा-'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति।' भारतीयों का सदा यह विश्वास रहा कि भगवान अचिन्त्य, अव्यक्त, सर्वशक्तिमान सत्ता है। विविध प्रकार की उपासनायें, पूजन-अर्चन उस तक पहुंचने के साधन-मात्र हैं। जब साध्य एक ही है तो फिर साधनों के बारे में क्या झगड़ा। यही कारण है कि यहां सभी पंथ प्रीतिपूर्वक रहते रहे और आज भी रह रहे हैं। कोई किसी पर दबाव नहीं देता कि तुम्हें शैव, शाक्त, वैष्णव, वेदान्ती, सनातनी, सिख या आर्यसमाजी बनना ही पड़ेगा। अपितु जिसे जिसके विचार प्रभावकारी लगते हैं। वह उस मत को, उस धर्म को अंगीकार करता है। इससे हमारी एकता में कोई विघटन नहीं होता।

अतएव हमारी संस्कृति की मूल प्रवृत्ति ग्रहण और संरक्षण की रही है, विनाश और विध्वंस की नहीं। हमें ग्रहणशीलता के कारण जो कुछ मिला उसे संजोया और सहिष्णुता के कारण उसे नष्ट होने से बचाया। अतः बड़े से बड़े आक्रमण भी हमारी एकता को खण्डित न कर सके। ईरानी, यूनानी, शक, यहूदी, हूण, कुषाण आदि अनेक जातियों ने समय-समय पर अपना प्रभाव जमाना चाहा, किन्तु वे स्वयं यहां के आचार-विचार और रहन-सहन में रम गयी। इस्लाम के ठेकेदारों ने भी चाहा कि हम इसकी हस्ती को मिटा दें। अंग्रेजी और अंग्रेजों के हिमायती अनेक मैकाले भी काल-कवलित हो गये, किन्तु इस संस्कृति को न मिटा पाये। क्योंकि भारतीय आत्मा समय-समय पर गुरु गोविन्दसिंह,

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

बन्दा वैरागी, शिवाजी, महाराणा प्रताप, दयानन्द, श्रद्धानन्द, राममोहनराय, विवेकानन्द, रवीन्द्र, केशवचन्दसन, गोखले, गांधी और मालवीय के रूप में सतीप्रथा, विधवा-विवाह, जातिभेद, अस्पृश्यता, विदेशयात्रा आदि रुढ़ियों और दोषों को हटाकर हममें चेतना और वीरता का आह्वान करती रही। फलतः हम स्वतन्त्र हुए और हमने बहुत कुछ तरक्की की। आज हमारा राष्ट्र राष्ट्र-नेताओं की एक आवाज पर सजग और सचेत होकर खड़ा हो जाता है तथा वह अपने धर्म, भाषा और रहन-सहन की ओर अधिक झुकने लगा है। ये राष्ट्र के सबल और संगठित व्यक्तित्व के आसार दृष्टिगत होने लगे हैं। किन्तु दूसरी ओर श्री कृपलानी के शब्दों में हम धर्म, भाषा, रहन-सहन, खाने-पीने अर्थात् जीवन-पद्धति में इतने उदार भी हैं 'हमारा भोजन और पोशाक हर युग में बदलते रहे हैं। पहले दाल-भात और रोटी भोजन था फिर खिचड़ी आई। पठान, मुगल और तुर्क पुलाव, कुरमा तथा कबाब लाये। यूरोपियनों से चाय,केक, डबलरोटी, बिस्कुट आये। ये सब भारत में बिना कोई झगड़ा किए शांति-पूर्वक रह रहे हैं। खाने के बर्तनों का भी यही हाल है। पहले केले के तथा दूसरे पत्ते, मिट्टी और धातु के बर्तन थे, फिर मुसलमानों का लोटा आया और अन्त में चीनी के बर्तन, चम्मच और छुरी-कांटे। ये सब भी इकट्ठे चल रहे हैं। तम्बाकू पीने तक के ढंग में एकता नहीं है। इस में हुक्के से चिलम, बिड़ी, सिगरेट, सिगार और पाइप तक सब फैशन चलते हैं। संक्षेप में मानव-जाति को विभिन्न हिस्सों में बांटने वाले सब पंथ यहां पाये जाते है। सब प्रकार की पूजा-पद्धतियां यहाँ प्रचलित हैं। प्राचीन काल के कपिल और चार्वाक से आधुनिक युग के द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद तक सब विचारधारायें और दर्शन यहां मिलते हैं।" सब प्रकार के वैयक्तिक कानून यहां प्रचलित हैं। विवाह आज भी वेद-मन्त्रों के उच्चारण से दो आत्माओं का पवित्र सम्बन्ध माना जाता है और कोर्ट में शपथ खाकर दो प्रेमियों का मिलन-सम्बन्ध भी। यहां चार वर्ण और चार आश्रम भी पाये जाते हैं जो अनेकविध जातियों और वर्गों में विभाजित हो गए हैं। इस प्रकार यहां विविधता है किन्तु उससे एकता को कोई हानि नहीं। बल्कि यह सब इस संस्कृति की महानता है। 'जीयो और जीने दो' के अमर संदेश की यह वाहिका है।

अतः हम मुक्त कण्ठ से कह सकते हैं कि राष्ट्रनिर्माणकारी तत्त्वों में हमारी धार्मिक सहिष्णुता व विशिष्ट जीवन-पद्धति व परम्परायें अग्रेसर हैं। वहां विराम नहीं गति है। हमारे सांस्कृतिक पर्व दिवाली, दशहरा, रक्षाबन्धन, होली और शिवरात्री आज राष्ट्र की धरोहर बन चुके हैं। हमारे आचार-विचार, व्यवहार, पूजा-पद्धति कथा-वार्ता आदि सभी काश्मीर से कन्याकुमारी तक बंगाल से सिंध तक मिलते जुलते हैं। अतः उनमें समरसता या सामञ्जस्य होने से भारतीय-संस्कृति 'मित्रस्याहं चक्षुषा समीक्षामहे' के आदर्श पर चल रही है।

(क्रमशः)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

शिवरात्रि के पुण्य पर्व पर--

महर्षि दयानन्द की विशेष देन

प्रा० श्री भद्रसेन वेद दर्शनाचार्य, साधु-आश्रम, होशियारपुर

महर्षि दयानन्द को विविध विबुधों ने विभिन्न २ दृष्टिकोणों से देखा है, वे हैं एक ईश्वर के उपासक, वेदोद्धारक, वेदवेत्ता, वेद-भाष्यकार, भारतीय संस्कृति के पुनरुद्धारक, आर्य जाति के गौरव, उसके बोधक, राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, भारतीय स्वाधीनता के प्रथम मूल-मन्त्र-प्रदाता, राष्ट्रीय एकता की सूत्रमयी हिन्दी के प्रसारक, अज्ञानान्धविश्वास-रूप पाखंडतम के निवारक, गौ, नारी, अछूत, विधवा, अनाथ के सम्मानी और रक्षक, मानवता और सत्य के पुजारी।

दयानन्द के इन विविध कार्यों के पीछे एक अलौकिक दृष्टि, एक विचारधारा, एक कसौटी कार्य करती हुई दिखाई दे देती है। उसी से ही इन सब कार्यों को शक्ति, चेतना, प्रकाश और जीवन प्राप्त हुआ, जिसको हम महर्षि दयानन्द की एक देन कह सकते हैं। इसी प्रकाशज्ञानदायिनी विशेष देन के कारण महर्षि सबसे अधिक प्रिय और पथ-प्रदर्शक प्रतीत होते हैं और वह है महर्षि की विचार-क्रांति, विचार-स्वातन्त्र्य या उन्हीं के शब्दों में इसको ऐसे कह सकते हैं--'सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना।' चाहे वह सत्य किसी प्रकार का भी क्यों न हो।

संसार के इतिहास में अनेक धर्म-संस्थापक या धर्म-सुधारक हुए। किसी भी महापुरुष, धर्माचार्य, गुरु की विचार-पद्धति में इतने स्पष्ट शब्दों में इन विचारस्वतन्त्रता और उदारता का परिचय प्राप्त नहीं होता। आज के बौद्धिक स्वातन्त्र्य के युग में महात्मा बुद्ध को विशेष विचार-क्रांति का मन्त्र-प्रदाता माना जाता है परन्तु वहां भी ऐसी भावना दिखाई नहीं देती है। ऊपर से रमणीय प्रतीत होने वाले कुछ दिन के मेहमान-रूप समन्वय की अपेक्षा सत्य को ही पूर्ण महर्षि ने समर्थन दिया है। इसी भावना से महर्षि ने अपने अमरग्रंथ का नाम सत्यार्थप्रकाश रखा है, जिसकी भूमिका में स्पष्ट शब्दों में लिखा है--'मेरा इस ग्रंथ को बनाने का मुख्य प्रयोजन सत्य, सत्य-अर्थ का प्रकाश करना है।' अर्थात् जो सत्य है उसको सत्य और जो मिथ्या है उसको मिथ्या ही प्रतिपादन करना, सत्य अर्थ का प्रकाश समझा है। वह सत्य नहीं कहाता जो सत्य के स्थान में असत्य और असत्य के स्थान में सत्य प्रकाश किया जाए। किन्तु जो पदार्थ जैसा है, उसको वैसा ही कहना, लिखना और मानना सत्य कहाता है। जो मनुष्य पक्षपाती होता है, वह अपने असत्य, को भी सत्य और दूसरे विरोधी मत वाले के सत्य को भी असत्य सिद्ध करने में प्रवृत्त होता है। परन्तु इस ग्रंथ में ऐसी बात नहीं रखी है किन्तु जिससे मनुष्य जाति की उन्नति और उपकार हो, सत्यासत्य को मनुष्य लोग जानकर सत्य का ग्रहण और असत्य का परित्याग करें। क्योंकि सत्योपदेश के बिना अन्य कोई भी मनुष्य-जाति की उन्नति का कारण नहीं है। इस ग्रन्थ में जो कहीं-कहीं भूल चूक से अथवा शोधने तथा छापने में भूल चूक रह जाए उसको जानने, जनाने पर जैसा वह सत्य होगा वैसा ही कर दिया जाएगा। हां, जो वह मनुष्यमात्र का हितैषी होकर कुछ जनावेगा उसको सत्य समझने पर उसका मत संगृहीत होगा। यद्यपि मैं आर्यावर्त्त देश में उत्पन्न हुआ और बसता हूं तथापि जैसे इस देश के मतमतान्तरों की झूठी बातों का पक्षपात

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

न कर याथातथ्य प्रकाश करता हूं, वैसे ही दूसरे देशस्थ वा मतोन्नति वालों के साथ भी वर्तता हूं। यही सज्जनों की रीति है कि अपने व पराए दोषों को दोष और गुणों को गुण जानकर गुणों का ग्रहण और दोषों का त्याग करें और हठियों का हठ, दुराग्रह न्यून करें करावें। क्योंकि पक्षपात से क्या-क्या अनर्थ जगत् में न हुए न होते हैं? सच तो यह है कि इस अनिश्चित क्षण-भंगुर जीवन में पराई हानि करके लाभ से स्वयं रिक्त रहना और अन्य को रखना मनुष्यपन से बहिः है। इसमें जो कुछ विरुद्ध लिखा गया हो उसको सज्जन लोग विदित कर देंगे तत्पश्चात् जो उचित होगा वो माना जाएगा।

इस दृष्टिकोण से स्वमन्तव्यामन्तव्यप्रकाश के आरम्भिक शब्द सर्वथा पठनीय हैं--'जो सत्य है उसको मानना, मनवाना और जो असत्य है उसको छोड़ना और छुड़वाना मुझको अभीष्ट है।' यदि मैं पक्षपात करता तो आर्यावर्त्त में प्रचलित मतों में से किसी एक मत का आग्रही होता किन्तु जो-जो आर्यावर्त्त वा अन्य देशों में अधर्मयुक्त चाल-चलन है उनका स्वीकार और जो धर्मयुक्त बातें हैं उनका त्याग नहीं करता, न करना चाहता हूं, क्योंकि ऐसा करना मनुष्य-धर्म के बहिः है। मनुष्य उसी को कहना जो मननशील होकर स्वात्मवत् अन्यों के सुख-दुःख और हानि लाभ को समझे।

आज तक के विज्ञान और वैज्ञानिकों के इतिहास की एक ही शिक्षा है कि परीक्षणों के आधार से जो सत्य या तथ्य सिद्ध हो उसको सहर्ष स्वीकार कर पूर्वाग्रह को तिलाञ्जलि दे दी जाए। अर्थात् परीक्षणों से निर्णीत तथ्य का प्रकाशन ही विज्ञान है तथा उसका ग्रहण ही विज्ञान के प्रति श्रद्धा, निष्ठा, विश्वास और प्रीति का परिचय है। महर्षि के समग्र कार्य-कलाप में यही विचार-धारा कार्य करती हुई हमें अपनी ओर आकर्षित करती है इसलिए उनके विचारों में अपूर्व सजीवता, नवीनता, उत्साह और यथार्थता अनुभूत होती है।

महर्षि के पूर्व के दिनों के इतिहास पर दृष्टि-पात करने से स्पष्ट होता है कि--'यस्तर्केणानुसन्धत्ते स धर्मं वेद नेतरः' और न्यायदर्शन की पद्धति को रखने वाली भारतीय जनता प्रत्येक शब्द और वचन को सत्यवचन महाराज कह अनेक परम्परागत तात्कालिक पद्धतियों, रूढ़ियों की झञ्झावात में भटक कर विदिशा में बही जा रही थी। इसी का ही तो परिणाम था--गर्भस्थ या दो चार वर्ष के बच्चों को विवाह-बन्धन में बान्धकर जहां पुरोहित बाल-विवाह की प्रथा को अष्टवर्षा भवेद् गौरी से शास्त्रानुमोदित सिद्ध करने में अहर्निश प्रयत्नशील थे। वहां दूसरी ओर वृद्ध-विवाहों के परिणामस्वरूप आए दिन चढ़ती हुई जवानियों की बढ़ती हुई विधवा प्रथा तथा विधवाओं के प्रति किया जाने वाला सती प्रथा रूपी धार्मिक और सामाजिक दुर्व्यवहार मानवता का कलंक बनकर धर्म को अधर्म घोषित करने में तत्पर था। अक्षत-योनि तथा अभिलाषिणी विधवाओं को शास्त्र के नाम पर पुनर्विवाह की अनुमति न देने से काला पहाड़ की घटनाएं समाज की प्रगति में पहाड़ बनकर खड़ी हो गई थीं या आन्तरिक भ्रष्टाचार का मार्ग निकालकर भ्रूण-हत्या और अनाथों की समस्या को समुपस्थित कर रही थीं।

'मातृदेवो भव' और 'मातृमान्, पितृमान्, आचार्यवान् पुरुषो वेद'--की भावना वाला भारतीय समाज नारी शिक्षा का द्वार बन्द कर उसको पैर की जूती बना दुर्व्यवहार की बलिवेदी पर चढ़ा रहा था। गुणकर्म-मूलक वर्णव्यवस्था को शास्त्र-सम्मत जन्ममूलक मान धर्मध्वजीप्रभावित भारतीय समाज ऊंच-नीच के भावों से भावित होकर जहां फूट के रोग और फल का शिकार हो रहा था वहां अपनी ही अहर्निश सेवा करने वाले

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

व्यक्तियों को ही घृणा की दृष्टि से अस्पृश्य बना, सामाजिक सुविधाओं और अधिकारों से दूर कर रहा था। जिसके परिणामस्वरूप वे कुएं, नदियों, सड़कों और धार्मिक स्थानों आदि सामूहिक वस्तुओं के उपयोग से वंचित होकर मनुष्य होते हुए भी पशुओं से बदतर जीवन व्यतीत करने के लिए विवश कर दिए गए थे। शिक्षा, सामाजिकता और प्रगति के अवसर की बात तो दूर रही। आश्चर्य तो यह है कि भारतीय स्मृति-शास्त्रों के प्रायश्चिताध्याय में विविध पापों और स्थितियों के निवारणार्थ अनेक प्रायश्चित्तों का विधान किया गया है परन्तु उनमें अस्पृश्यों और किसी कारण विशेष से विधर्मी के सम्पर्क में आ जाने वाले के लिए किसी प्रायश्चित का विधान नहीं है।

ब्राह्मण-ग्रन्थों और श्रौत-गृह्यसूत्रों के वर्णन के अनुसार एवं आधार पर एक स्वर्गलोक की विचित्र कल्पना कर विविध यज्ञों का जटिल विधान कामधेनु और स्वर्गप्रापक हविभुक् देवता का प्रसादक माना जाता था। इन अध्वर नामधारी यज्ञों में पशुबलि के कार्य को वैदिक शास्त्र प्रतिपादित सिद्ध करना एक गौरव की बात थी।

जब सारे धर्मधारणात् की भावना को छोड़ नैतिक विषय से अस्पृक् हो सम्प्रदाय बन, सम्प्रदाय के एक अर्थ परम्परा को चरितार्थ करते हुए लकीर के फकीर बनकर हर संस्कृत और गुरु-शब्द को सत्य वचन मान बिना विचारे करने में प्रयत्नशील या श्रेय समझते थे। तब अपनी ऋषि-प्रज्ञा से इस सारी स्थिति का तत्त्वदर्शन कर सत्यानुरागी सत्य-पथ के पथिक महर्षि दयानन्द ने अपनी उद्घोषणा के अनुरूप नीर-क्षीर विवेक करते हुए कहा कि युवा अवस्था में ही स्वस्थ युवक और युवती का गुणकर्मानुसार विचारनान्तर परस्पर की सहमति से विवाह होना चाहिए। बच्चे विवाह के उद्देश्य के अयोग्य हैं तथा बच्चों का विवाह करना पनपते अंकुरों को मसलना है। सामाजिक प्रगति के विनाश को निमन्त्रण देना है, वृद्ध विवाह का भी यही फल है तथा इस सामाजिक दुर्व्यवहार की बलि बनी हुई विधवाओं को हठात् आजीवन वैधव्याग्नि में जलाना, आन्तरिक कुरीतियों, दुराचारों को बढ़ावा देना है तथा अपने समाज की जड़ों को खोखला करना है। अतः अक्षतयोनि विधवाओं का पुनर्विवाह कर देना चाहिए तथा क्षतयोनि यदि वंश या कुल की रक्षा के लिए संयम का पालन कर सके तो बहुत अच्छा है अन्यथा नियोग- नियम अपनाना चाहिए।

प्रत्येक की प्रगति का मूल कारण शिक्षा है अतः समाज और जाति का नियम हो कि प्रत्येक बालक-बालिका को अनिवार्य शिक्षा दी जाए। तथा जब तक माता शिक्षित नहीं होगी तब तक बालकों का पूर्ण विकास दुष्कर और असम्भव है। अतः पुरुषों की अपेक्षा नारी-शिक्षा को प्रमुख स्थान देना चाहिए और समाज में उनको ससम्मान समानता का अवसर मिलना चाहिए।

सब मानव, मानवता के नाते सामाजिक समानता और सम्मान के अधिकारी हैं तथा वर्ण-व्यवस्था गुणकर्मणा एव स्वीकार्य है, यह जन्म-मूलक वर्णव्यवस्था भारतीयों के लिए एक महान कलंक है तथा वर्ण-व्यवस्था नहीं मरणव्यवस्था है। यह जन्म-मूलक वर्ण-व्यवस्था मिथ्याभिमान, दम्भ, एवं पाखंड की जननी है। कोई भी मानव जन्म की दृष्टि से अस्पृश्य कहलाने के योग्य नहीं है, तथा अपनी सेवा करने वाले व्यक्तियों को जीवन की सब सुविधाएं, पारिवारिक या सामाजिक सदस्य के रूप में देनी चाहिएं। जिसको पढ़ाने लिखाने और सिखाने के बाद भी कुछ न आए वह महामूर्ख ही केवल शूद्र कहलाने का अधिकारी है।

इस संसार का बनाने वाला, पालक और

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

नियामक एक ईश्वर ही है। जिसके गुण-कर्म के कारण विष्णु, ब्रह्मा आदि अनेक नाम हैं, केवल उस की उपासना, पूजा, भक्ति करनी चाहिए, उसके स्थान पर अन्य देवी-देवताओं का अर्चन अवैदिक, अनुचित और ईश्वर में अविश्वास प्रकट करना है। अग्निहोत्र का मुख्य प्रयोजन जल, वायु की शुद्धि है, जिनके शुद्ध होने से मानवों के शरीरों का समुचित विकास हो सकता है। ब्राह्मण-ग्रंथों और श्रौत-गृह्य-सूत्रों की विविध जटिल याज्ञिक प्रक्रिया के स्थान पर सरल सी ब्रह्म, देव, पितृ, अतिथि और बलिवैश्व नामधारी पञ्चयज्ञों के प्रतिदिन अनुष्ठान का समर्थन किया। यज्ञों से स्वर्गविशेष की प्राप्ति को अवैदिक और यज्ञीय पशुबलि को अवैदिक, निन्दनीय और घोर अत्याचार कहा। यज्ञ में पशुबलि से विविध दिव्यताओं की प्राप्ति का दावा करने वालों को, महर्षि ने सबल शब्दों में कहा—वे अपनी बलि से उसकी प्राप्ति क्यों नहीं करते। क्यों इन मूक प्राणियों की अपने स्वार्थ के लिए वेद के नाम पर बलि देते हो। ऋषि ने स्पष्ट शब्दों में कहा है—मानव जाति के हित के लिए ईश्वर ने सृष्टि के आरम्भ में वेदों का प्रकाश किया, वे सूर्य वायुवत् मानवमात्र की सम्पत्ति हैं, जिनके शब्द यौगिक हैं, उनमें किसी जाति, वर्ग का इतिहास नहीं है। चार मूल वेद ही स्वतः प्रमाण और अन्य ग्रंथ वेदानुकूल होने से परतः प्रमाण हैं। वेदों में बुद्धिविरुद्ध असम्भव बातें नहीं हैं, वे तो वैशेषिक के शब्दों में 'बुद्धिपूर्वा वाक्य कृतिर्वेदे' हैं। अतः मानवमात्र के कल्याण का एक-मात्र पथ वेदप्रदर्शित पथ ही है क्योंकि वे सब सत्य विद्याओं के पुस्तक हैं। तथा एक वैज्ञानिक ढंग की वेदभाष्य पद्धति प्रस्तुत की।

इस सत्य ग्रहण के उद्घोष की भावनानुसार केशवचन्द्र सेन की प्रेरणा से प्रेरित होकर दयानन्द ने हिन्दी को राष्ट्रिय एकता का साधन मान राष्ट्र भाषा के पद पर आसीन करने के लिए वाणी और लेखनी का व्यावहारिक माध्यम हिन्दी को बनाया और इसकी पूर्णता के लिए एक आन्दोलनात्मक भावना को जन्म दिया। जब कि महर्षि की मातृ-भाषा गुजराती थी तथा आपकी प्रबल इच्छा थी कि सब वैदिक-धर्मी बनें, वेदों की भाषा संस्कृत है, पुनः वेदों का प्रसारक संस्कृत के स्थान पर किसी अन्य भाषा को प्रमुखता दे, ये एक रहस्य ही है। उधर गो-करुणानिधि में धार्मिक पक्ष की अपेक्षा आर्थिक दृष्टि से गो-रक्षा और महत्त्व का प्रतिपादन करना इस उद्घोष का ही परिणाम कहा जा सकता है।

'सत्य के ग्रहण करने,और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना,' महर्षि का यह उद्घोष हमें वेदकाल से ही घोषित होता हुआ मिलता है कि—दृष्ट्वा रूपे व्याकरोत्, सत्यानृते प्रजापतिः। अश्रद्धामनृतेऽदधात् श्रद्धां सत्ये प्रजापतिः॥ यजु० १९, ७७।

प्रगति, कल्याण, स्वस्थ-स्वच्छ-स्वाधीन वायु-मण्डल में विचरण के अभिलाषियों—संसार के स्वामी ने देखभाल कर सत्य और असत्य को अलग-अलग कर दिया है और उस प्रजापति ने अनृत=झूठ, छल, विधानविरुद्ध, निन्दनीय, पाप, अन्धकार में अविश्वास, घृणा, निवृत्ति, परहेज स्थापित किया है तथा सत्य=ऋत, यथार्थ में विश्वास, निष्ठा, अनुराग, प्रेम को संजोया है।

यदि आप मुझे कहने की आज्ञा दें तो मेरे विचार से आज प्रगति, कल्याण और स्वाधीनता चाहने वाले को इस उद्घोष को ही स्वजीवन-पथ का पाथेय बनाना चाहिए। यही प्रत्येक क्षेत्र में विकास और सफलता का साधन है। यही विज्ञान और अनुसन्धान की मांग है, यही आज के पवित्र पर्व के प्रति या प्रतिनिधि महर्षि के प्रति श्रद्धाञ्जलि हो सकती है। ---०---

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सरदार : एक शब्द चित्र

लेखक--श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी
अनुवादक--श्री शंकरदेव विद्यालंकार, महिला कालेज, पोरबन्दर।

वर्षों पूर्व मैंने सरदार वल्लभ भाई पटेल के विषय में सुना था कि वे अहमदाबाद के एक मेधावी कानूनशास्त्री हैं। कानूनशास्त्रियों की मंडली पर वे हावी हो गये हैं। वे बड़ी चातुरी से अपराधियों का बचाव करते हैं, ब्रिज खेलते हैं और भारत में नवागन्तुक गांधी जी से लेकर सबका उपहास करते हैं। बाद को गांधी जी में उनको एक महान् गुरु के दर्शन हुए और उनका जीवन परिवर्तित हो गया।

० ० ०

अपने जिले में चलने वाली बेगारी की प्रथा के विरुद्ध सविनय कानून भंग की घोषणा करके उन्होंने राष्ट्रीय सैनिक के रूप में अपना जीवनकर्म प्रारम्भ किया। बाद को एक बार – पहली ही बार– एक भारतीय ने गोरे कमिश्नर को अपने कार्यालय में बुलाने की धृष्टता की, एक प्रबल प्रहार पड़ा और गुजरात में से अंग्रेजी नौकरशाही की इमारत टूट गई।

तत्पश्चात् सरदार ने अहमदाबाद के नागरिक जीवन का नवनिर्माण किया। गांधी जी ने भारतीय इतिहास में एक अप्रतिम स्वातंत्र्य संग्राम का मोर्चा निर्माण किया और उसको चरितार्थ करने में सरदार गांधी जी के दाहिने हाथ बन गये। गांधी जी योजना बनाते थे, मार्गदर्शन करते थे, पद्धतियों का निर्माण करते थे तथा ध्येय निश्चित करते थे– और यह सब कुछ ठीक प्रकार सफल होता है या नहीं–सरदार उसकी निगरानी रखते थे। गांधी जी की विशाल योजनाओं को व्यवहार में लाकर उन्हें सफल बनाने के लिये सरदार ने अपने व्यक्तिगत जीवन को तथा अपनी महत्वाकांक्षाओं को समर्पित कर दिया। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को निमित्तमात्र बनने का आदेश दिया था–सरदार गांधी जी के निमित्तमात्र बन गये।

सन् १९२९ में बारडोली में सर्वप्रथम मैं उनके गाढ़परिचय में आया। उस समय उनकी अद्भुत आयोजनशक्ति का मुझे अनुभव हुआ। अस्सी हजार की बस्ती वाली उस तहसील को उन्होंने सुग्रथित करके एक बना दिया था। वहां मैं सरदार की कार्यशक्ति को निहार सका। गांधी जी के सत्याग्रह के शस्त्र द्वारा उन्होंने धीमे-धीमे बड़ी कुशलता से, सामूहिक उत्थान और जागरण का अहिंसक आयोजन, किस प्रकार रच डाला–यह भी मैं देख पाया। मनुष्य के चरित्र की सबलता और निर्बलता को परखने की उनकी अद्भुत शक्ति का भी मुझे दर्शन हुआ। उनकी तैयारी, अपने अनुयायियों में निष्ठा उत्पन्न करने की उनकी क्षमता, तथा दुर्वासा–सदृश उनका रोष–इन सब से ही सत्याग्रह को तीक्ष्ण धार मिली, तथा बारडोली में लड़े गए प्रथम स्वातन्त्र्य–संग्राम में भारत को सफलता प्राप्त हुई। उसी समय मैं समझ पाया कि जिसे गांधी जी उद्बोधित करते हैं, वह हीनयान गांधीवाद है और सरदार ने उसे महायान गांधीवाद बना दिया है।

० ० ०

अखिल भारतव्यापी उनकी आयोजन शक्ति का परिचय मुझे १९३६ में मिला। उन दिनों वे निर्वाचन की व्यवस्था में व्यस्त थे। वे उम्मेदवारों के

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

नाम निश्चित करते थे, मंत्रीमण्डल की रचना करते थे तथा उस पर अंकुश रखते थे, विपथगामी शक्तियों को एक सुनिश्चित दिशा में घुमा देते थे। समस्त देश में उन्होंने विविध व्यक्तियों और शक्तियों का आयोजन बनाकर, उनका संचालन किया। हानि कारक मोर्चों को तोड़ गिराया तथा नवीन शक्तियों को सुनियोजित किया। उन दिनों सारे देश में कांग्रेस दल महत्वाकांक्षाओं से उभरते हुए लोगों का एक दल था। केवल सरदार की प्रतिभा ने ही उसमें नियमन और अनुशासन स्थापित किया।

सन् १९३७-३८ के युग में मैं मुंबई के मंत्रीमंडल में गृहमन्त्री के पद पर था। तब मैं उनसे गाढ़ संपर्क में आया। देश बलवान् बने, यही उनका प्रयत्न रहता था। अनेक वार हम लोग निर्बल हो जाते थे। गवर्नरों का महत्व कम करके, उन्हें केवल वैधानिक अधिकारी जितना ही स्थान प्रदान कराने की कृति-कुशलता हममें नहीं थी, तब सरदार मंच पर आये।

सन् १९३७ से १९४० तक के अरसे में सरदार राजकोट के विषय में जो चर्चायें चला रहे थे, उनसे मैं परिचित था। सन् १९३९ के नवम्बर में मंत्री मंडल की अन्तिम घड़ियों से तथा १९४० में वायसरायके साथ होने वाली निष्फल चर्चाओंसे भी मैं सुपरिचित था। वस्तु को आर पार देखने वाली उनकी तीक्ष्ण दृष्टि, व्यक्ति की शक्ति और अशक्ति को माप लेने की उनकी अद्भुत शक्ति, तथा राजनीति की प्रत्येक चालबाजी को अवगत करने की उनकी सच्ची सूझबूझ—आदि के लिए मैं उनकी प्रशंसा किया करता था। और इन सबकी पृष्ठभूमिका में मैंने निहारा एक महान् क्रांतिकारी युद्धवीर—जो प्रताप की तरह जीया और स्वयं रचे हुए स्वतन्त्र वातावरण में घूमा।

सन् १९४० में हम लोग यरवदा जेल में थे। वहां उनके साथ रहते हुए हमें सरदार की उदात्त मानवता के दर्शन हुए। वे हंसते थे, उपहास करते थे और मनोरंजक चुटकुले सुनाते थे। वे हमारे गृहपति (आश्रम व्यवस्थापक) बने थे। वे हमारे लिए चाय बनाते थे। भोजन के विषय में तथा अन्य बातों में निगरानी रखते थे। मार्च १९४१ में मैं गंभीररूप में बीमार होगया था। तब उन्होंने माता की ममता-पूर्वक मेरी सेवा की। मुझे गंभीर अवस्था में स्ट्रेचर पर बाहर ले जाया गया। उस समय मैंने इस लोह-पुरुष के नयनों में, अदृष्ट-पूर्व अश्रुभीनी मृदुता के दर्शन किये।

० ० ०

सन् १९४६—४७ में स्वतन्त्रता प्राप्त करने के अन्तिम दिवस आये। इन दिनों भारत और अंग्रेजों की इस राजनीतिक शतरंज के एक महान् खिलाड़ी के रूप में वे चमक उठे। प्रत्येक पक्ष पर—चाहे वह पक्ष मित्र का हो या शत्रु का—उनकी दृष्टि रहती थी। उनकी तत्पर दृष्टि प्रत्येक परिस्थिति का ख्याल रखती थी। कांग्रेस-मंडली में, विधान सभाओं में, सार्वजनिक जीवन में तथा केन्द्र सरकार में होने वाले प्रत्येक कार्य-कलाप का वे मूल्यांकन करते थे। उनका गहन मौन लोगों को वाचाल बना देता था। चुपके-चुपके वे ईर्ष्याओं, महत्वाकांक्षाओं, आक्षेपों, शिकायतों और षड्यंत्रों की मन ही मन विचारणा करते, विश्लेषण करते तथा अनुमान लगाते थे। यह सब कच्ची सामग्री, परिस्थिति को मनचाहा घुमाव देने वाली उनकी अद्भुत चाणाक्षता के लिए उपयोगी होती थी।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सन् १९४६–४७ में हम लोग कई महीनों तक बिरला-भवन में साथ-साथ रहे। कितनी ही गुप्त मंत्रणाओं में भी मैंने भाग लिया था। वे दिन महान् थे। एक ओर मुस्लिम लीग, और दूसरी ओर भारत के राजा लोग–दोनों मिलकर विद्रोह-भरा मेल करने का प्रयत्न कर रहे थे और सरदार एक-एक बिन्दु के लिए विषम युद्ध खेल रहे थे।

उन दिनों के आंतरिक इतिहास से बहुत कम लोग परिचित हैं। भारत के राजाओं पर उन्होंने किस प्रकार विजय प्राप्त किया, यह तो एक महा-काव्य है। उसके एक प्रकरण को मैं भूल नहीं सकता।

१५ वीं अगस्त से कुछ दिन पहले भारत के राजाओं ने एक विद्रोह-भरा मेल साधकर, सिन्ध की सीमा और भोपाल की सीमा एक बाजू रखकर तथा दूसरी ओर सूरत जिले तक पाकिस्तानी सरहद बनाने की एक योजना बनाई थी। अपनी स्वतन्त्रता को छिन्न-भिन्न करने वाले लोगों का यह बहुत ही धृष्ट तथा भयंकर प्रयत्न था। उस समय मैं महाराणा–उदयपुर का वैधानिक सलाहकार था। इस जाल में फंसाने के लिये महाराणा को निमंत्रित किया गया था, इस कारण मैं इस विषय में विशेष दिलचस्पी ले रहा था। सरदार ने इस अभिसंधि को तोड़ गिराया। उसकी एक-एक कड़ी को पृथक् करके उसको नष्ट कर दिया और परिणाम में भारत की संपूर्ण एकता प्राप्त की जा सकी।

० ० ०

जूनागढ़ में उनको अद्भुत कार्यदक्षता का परिचय हुआ। और हैदराबाद में तो उनके बुद्धि-कौशल का सर्वश्रेष्ठ परिचय सबको मिला है। पूरे नौ महीने तक मैंने उनकी छाया में हैदराबाद के एजेन्ट–जनरल के रूप में काम किया था। हैदराबाद की लायकअली सरकार के पास पैसे थे, बड़े आदमियों से जान पहचान थी तथा दिल्ली में एवं लंदन में सत्ताशाली मित्र भी थे। तो भी भारत की एकता प्राप्त करने में हैदराबाद प्रकरण सरदार की सर्वोच्च सिद्धि बना।

"नृपोन्मूलन" का विरुद-प्राप्त गुप्तसम्राट् समुद्रगुप्त, तथा विष्णु के अवतार परशुराम राजाओं के विनाश के लिए इतिहास–प्रसिद्ध हैं। परन्तु यह बात कोई नहीं जानता कि जिन राजाओं का उन्होंने विनाश किया था, उन्होंने अपना विनाश करने वाले के लिए चिरायुष्य की प्रार्थना की थी या नहीं। परन्तु राजाओं का उन्मूलन करने वाले इस व्यक्ति (सरदार) के किस्से में तो ऐसा बना है कि राज्यपद गंवाने वाले प्रत्येक राजा ने उनके उच्छेदकर्त्ता के लिए दीर्घायुष्य की प्रार्थना की है।

० ० ०

सरदार की शक्ति और चाणाक्षता के कारण ही देश में कानून और व्यवस्था की रक्षा हुई है। साम्यवादी बल छिन्न-भिन्न हुए हैं। देशद्रोही शक्तियों को निष्फलता मिली है। सिक्खों की पृथक्तावादी वृत्ति दब गई है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वशवर्ती होगया है। तथा अंग्रेजों ने अपनी सत्ता के अवशेषों के रूप में, जिन तथाकथित लघुमति के अधिकारों को विधानसभाओं में खड़ा किया था–उनको हटाने के लिये लघुमति वाली कौमों को समझाया जा सका है।

कांग्रेस की व्यवस्था पर उनका सम्पूर्ण काबू था। इन्टक का वे मार्गदर्शन करते थे–इस तथ्य से

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

इन्कार नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार विविध मुख्य मंत्रियों को जोड़ने में वे एक कड़ीरूप थे। और जीवन के अन्तिम श्वास तक वे भारतीय सरकार के लोह पुरुष रहे।

१३ दिसम्बर १९५० के दिन मार्थरान जाते समय मैं उनसे अन्तिम बार मिला था। मुंबई लौटने पर, ऐसा प्रतीत होता था कि उनमें नवशक्ति का संचार हो रहा है। कुछ मिनटों तक उन्होंने मेरे साथ एक महत्वपूर्ण प्रश्न पर, उसी पुराने उत्साह के साथ बातें कीं। उनकी आंखें उसी पुरानी दुर्धर्षता के साथ चमक रही थीं। परन्तु वह तो बुझती हुई ज्योति की अंतिम झलक थी। छत्तीस घण्टों में ही वह ज्योति बुझ गई!

अभिग्रहों तथा पूर्वग्रहों के लिए हिम्मत, प्रखर दक्षता, परिस्थिति को उसके सच्चे स्वरूप में निहारने की उनकी सूझबूझ तथा चूडान्त वास्तववाद-गुणों के द्वारा उन्होंने पिछले बत्तीस वर्षों में, एक एक शिला स्थापित करके भारत की शक्ति और स्थिरता का दुर्ग बनाया है। परन्तु इस सत्ता और शक्ति के पीछे एक किसान की अपूर्व सादगी, उनके प्रीतिपात्रों के प्रति निष्ठा और मातृभूमि के लिए सर्वस्व समर्पण करने को प्रेरित करती हुई अजेय साहसवृत्ति कारणभूत है।

वे देश के लिए जीये! उन्होंने देश की सेवा की और देश के लिए कष्ट सहन किया। देश के इतिहास में, उसके महान्पुत्रों की सूची में, अपना नाम सदा के लिये लिख गये।

इसके साथ अपनी एक व्यक्तिगत बात लिख दूं तो वाचक मुझे क्षमा करें। भिन्न-भिन्न रूपों में मेरे जीवन में तीन महापुरुषों ने प्रवेश किया। जब मैं बड़ोदा कालेज में विद्यार्थी था तब श्री अरविन्द ने मेरे जीवन में प्रवेश किया। बारडोली के सत्याग्रह के समय में (जब मैंने मुंबई समिति में से त्यागपत्र दिया था) सरदार मेरे जीवन में आये और जब मैं नमक सत्याग्रह में सम्मिलित हुआ, तब गांधी जी ने मेरे जीवन में प्रवेश किया। ३० जनवरी १९४८ के दिन गांधी जी का देहविलय हुआ। ५ दिसम्बर १९५० के दिन श्री अरविन्द चले गए और १५दिसम्बर १९५०के दिन सरदार का अवसान हुआ—और इन महापुरुषों के बिना जगत् मेरे लिए ऊष्माविहीन, हिमसमान हो गया।

०००

पृष्ठ ३९९ का शेष—
समर्पित कर देता था। प्राचीन भारत की शिक्षा-पद्धति वर्तमान समय में संसार को जो सबसे बड़ी देन दे सकती है, वह यह है कि इसका लक्ष्य भौतिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण का संरक्षण तथा समन्वय है। वर्तमान जगत की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि जीवन के इन दोनों आदर्शों में एक समझौता या समन्वय हो। इस विषय में पश्चिम का कल्याण इसी बात में है कि वह प्राचीन भारत के इस शिक्षा को ग्रहण करे। हमें इस बात में विशेष रूप से जागरूक और सावधान रहना चाहिये कि हम पश्चिम का अन्ध अनुकरण करते हुए अपनी प्राचीन संस्कृति के मौलिक तत्वों को तिलाञ्जलि न दे दें।

०००

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गतांक पृष्ठ संख्या ३४४ से आगे)

प्राचीन भारतीय शिक्षा-पद्धति

श्री भूपेन्द्र नाथ सरकार, १२ ऐण्ड्रूज पल्ली, डाकघर—शांतिनिकेतन, प० बंगाल।

सुप्रसिद्ध चीनी यात्री और विद्वान् युआन च्वांग ने ब्राह्मण गुरुओं द्वारा अपने शिष्यों को शिक्षा देने की पद्धति का इस प्रकार वर्णन किया है। "गुरु शिष्यों को पाठ का सामान्य अर्थ और सूक्ष्म बातें बतलाते हैं वे उनमें नाना प्रकार की क्रियाशीलता को उत्पन्न करते हैं उनको उन्नति करने के लिये प्रेरणा देते हैं। मन्दमति शिष्यों को प्रखर बनाते हैं। इन गुरुओं की कीर्ति दूर दूर तक फैली हुई है। राजा इनका बहुत सम्मान करते हैं किन्तु वे इन्हें अपने दरबारों में नहीं बुला सकते हैं। राजा और जनता विद्वानों का और प्रतिभाशाली व्यक्तियों का बहुत आदर करती हैं।"

युआन च्वांग ने हमें नालन्दा विश्वविद्यालय के बारे में बहुत सी बातें बताई हैं। आजकल नालन्दा संग्रहालय के प्रवेश द्वार पर इस चीनी यात्री का चित्र टंगा हुआ है। इस विश्वविद्यालय में चीनी यात्री के वर्णनानुसार कई हजार व्यक्ति रहते थे इनमें कई सौ व्यक्ति अपनी विद्वत्ता के कारण बहुत प्रसिद्ध थे। यहां रहने वाले बौद्ध भिक्षु अपने सम्प्रदाय के नियमों और विधि विधानों का पालन बड़ी कठोरता से किया करते थे। इन्हें सारे भारत में आदर्श समझा जाता था। वे अपना सारा समय अध्ययन और वाद-विवाद में लगाया करते थे। यदि उनमें से कोई व्यक्ति त्रिपिटक के रहस्यों को नहीं समझता था तो ऐसे व्यक्ति यहां स्वयमेव लज्जित होते थे। इस विश्वविद्यालय में अपने धार्मिक संदेहों का समाधान करने के लिए विदेशों से भी विद्यार्थी आया करते थे और जो विद्यार्थी यहां से पढ़कर कहीं भी जाते थे, उनको नालन्दा में पढ़ा होने के कारण विशेष प्रतिष्ठा मिलती थी। विदेशों से जो विद्यार्थी यहां आते थे उन्हें यहां प्रवेश में अनेक प्रकार की कठिनाइयां उठानी पड़ती थीं, क्योंकि यहां उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश की अनुमति दी जाती थी, जो प्राचीन तथा नवीन ज्ञान विज्ञान में गंभीर ज्ञान रखते थे, और इस व्यवस्था के कारण यहां प्रवेश चाहने वाले १० विद्यार्थियों में से केवल दो या तीन प्रवेश पाने में सफल होते थे। इसके बाद चीनी यात्री ने नालन्दा के कुछ ऐसे प्रसिद्ध व्यक्तियों के नाम लिखे हैं जिन्होंने इस संस्था के गौरव और कीर्ति को बढ़ाया था, इनमें धर्मपाल, बौद्ध विद्याओं के पण्डित चन्द्रपाल, गुणमति, स्थिरमति, प्रभामित्र, जिनमित्र, ज्ञानचन्द्र और शीलभद्र के नाम उल्लेखनीय हैं। इन्होंने अनेक ग्रन्थों की रचना की थी और इन ग्रन्थों की कीर्ति दूर दूर तक फैली हुई थी।

सर जान मार्शल द्वारा तक्षशिला की खुदाई की जाने पर भी हम इस विश्वविद्यालय के बारे में बहुत कम बातें जानते हैं। यहां विद्यार्थियों को विभिन्न कलाओं, वेदों, वेदान्त, व्याकरण, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद, गणितशास्त्र, धनुर्विद्या, मृतसंजीवनी विद्या आदि अनेक विद्याओं का अध्यापन कराया जाता था। तक्षशिला संस्कृति और ज्ञान का एक ऐसा केन्द्र था जहां यूनानियों और भारतीयों ने अपने विचारों का आदान प्रदान किया और भारत ने अपने विजेता ग्रीस को सांस्कृतिक दृष्टि से जीत लिया।

यह बात उल्लेखनीय है कि शिक्षा-संस्थाओं के

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अतिरिक्त भारत में धार्मिक विचारों और नैतिक शक्तियों का व्यापक प्रसार रामायण, महाभारत और पुराणों में वर्णित ऐसी कथाओं से होता रहा है जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को सुनाई जाती रही है। बौद्ध साहित्य की जातक कथायें इसी प्रकार की कहानियां हैं, जिनका प्रयोग शिक्षा देने के लिए और बौद्ध धर्म के नैतिक सिद्धान्तों को साधारण जनता के चित्त पर अंकित करने के लिए किया जाता रहा है।

सामान्य प्राथमिक पाठशालाओं में शिष्यों की अपेक्षा विषयों पर अधिक ध्यान दिया जाता था। दण्ड देने के प्रकार बहुत ही कठोर थे। शिक्षा विशिष्ट विद्यार्थियों को नहीं किन्तु समूची कक्षाओं को दी जाती थी। कक्षाओं में व्यवस्था बनाये रखने के लिए गुरु विद्यार्थियों में से कक्षानायक या मानीटर नियुक्त किया करते थे। इन विद्यालयों का बाह्य जीवन से सबन्ध होता था। मोन्टीसरी पद्धति में हम इसी विशेषता को पाते हैं। रे वरेण्ड की (Kaye) ने लिखा है कि पढ़ने से पहले लिखना सिखाया जाना चाहिए और लिखना सिखाते समय विद्यार्थी की अंगुलियों को निरन्तर (Groobed or sand paper) के अक्षरों पर घुमवानी चाहिए ताकि अक्षरों की आकृतियां स्मृति मे भली भांति अंकित हो जायं। यह स्मरण रखना चाहिए कि भारतीय पाठशालाओं में बहुत समय पहले से ही इन विचारों को क्रियात्मक रूप दिया गया था।

प्राचीन भारतीय शिक्षापद्धति अब तक भी कुछ संशोधित रूप में बनारस, नदिया (नवद्वीप) भट्टपल्ली आदि की पाठशालाओं या टोलों में जीवित है। नवद्वीप के श्रीरामनाथ जी ऐसे आदर्श गुरु थे, जिन्होंने निर्धनता में तथा शिक्षा-संस्था के साथ प्रायः आवश्यक समझी जाने वाले उपकरण सामग्री के अभाव में भी ज्ञान की दीप-शिखा को प्रज्ज्वलित बनाये रखा। नदिया का राज विद्वानों का संरक्षक था किन्तु श्री रामनाथजी ने अपनी सहायता के लिए महाराजा से कभी प्रार्थना नहीं की थी। वे यह कहा करते थे, "धन या सम्पत्ति लोभ की भावना को उत्पन्न कर देती है और यह विद्याप्राप्ति में बाधक होती है।" ऐसा कहा जाता है कि राजा को यह उत्सुकता हुई कि वह इस प्रकार के विचार रखने वाले पण्डित के दर्शन करे। उसे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि वे अपने शिष्यों को एक जंगल में पढ़ा रहे थे, उसने उनके पढ़ाये जाने वाले पाठ को सुना, इससे उसे बड़ी प्रसन्नता हुई। उसने पण्डित से पूछा "क्या आपको कोई कठिनाई है" श्री रामनाथ जी ने उत्तर दिया, "मैं जिन चार पुस्तकों को पढ़ाता हूं उनमें मुझे कोई कठिनाई नहीं है। केवल एक कठिनाई थी अब मैंने उसका भी समाधान कर लिया है।" महाराजा ने कहा, "मैं आपसे आर्थिक कठिनाइयों के बारे में पूछ रहा हूं।" उसे यह उत्तर मिला, "मैं आर्थिक कठिनाइयों के बारे में कुछ नहीं जानता हूं। मेरी पत्नी जानती है, सम्भवतः हमारी कोई आवश्यकतायें नहीं हैं।" महाराजा ने उसकी पत्नी से पूछा, "माता जी, आपकी क्या आवश्यकतायें हैं?" उसने उत्तर दिया, "हमारी कोई आवश्यकतायें नहीं हैं। हमारे पास लेटने के लिये चटाइयां हैं भोजन करने के लिए पत्थर के प्याले हैं, खाना बनाने के लिए मिट्टी के बर्तन है। खाने के लिए इस इमली के पेड़ पर पर्याप्त मात्रा में पत्ते विद्यमान हैं, मेरे पति को ये पत्ते बहुत पसन्द हैं। महाराजा इस बात को सुनकर आश्चर्यचकित रह गया, सादा रहन-सहन और उच्च विचार रखने वाला ऐसा जीवन वर्तमान युग में अतीत की वस्तु हो गया है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

इन पण्डितों के सम्बन्ध में प्रोफेसर कावेल ने यह सत्य ही लिखा है, "भूमि पर बैठे हुए तथा अपने शिष्यों के समुदाय से घिरा हुआ गुरु न्याय-शास्त्र की उन बारीकियों पर प्रकाश डालता है, जिनके विचारमात्र से ही एक योरोपियन व्यक्ति का मस्तिष्क चकराने लगता है, किन्तु जिसके रहस्यों को नदिया में शिक्षा पाने वाला एक विद्यार्थी अच्छी तरह समझता है।" हमारी प्राचीन शिक्षा-पद्धति की एक प्रधान विशेषता यह थी कि गुरु अपने जीवन से शिष्य में नवजीवन का संचार करता था। एच-जिमर यह कहता है कि इसमें गुरु और शिष्य में एक मनोवैज्ञानिक स्थानान्तरण किया जाता था। शिष्य के प्रभाव ग्रहण करने योग्य चित्त को एक आदर्श गुरु के सांचे में ढाला जाता था। गुरु के जीवन और नैतिक आदर्शों के बारे में यह आवश्यक समझा जाता था कि गुरु की शिक्षाओं में तथा उसकी जीवन पद्धति में पूर्ण रूप से समानता होनी चाहिए।

"अन्धत्वाद् बधिरत्वान्मूकत्वाच्चास्याः स्पर्शेन्द्रियेण सुतरां सूक्ष्मशक्तिभृता भाव्यम् । यथासौ स्पर्शेन विषयान्गृह्णाति न तथा वयम् । यदाहमस्या हस्तमग्रहीषं तदाहमबोधिषि इयं कुलीना, बुद्धिमती, विपन्निमग्ना, अनाथा, दुःखसन्तप्ता, सुखोचिता, स्वजनहीना चेति ।"

"कथं नाम तावदवगतम् ?"

"वक्ष्यामि । आकर्ण्यताम् । यदैवैषा मद्धस्तस्पर्शमकार्षीत् तदैवाबोधीद् 'अहमिदानीं विपदमुत्तीर्णा, युक्तमासादितवती साहाय्यकम्, रिपवो मे परास्ताः, लब्धो मया निराबाधश्चाश्रय' इति । अस्या विकसितपुण्डरीकाभमेवाद्य वदनं सर्वमिदं

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पिशुनयति । स्यन्दननिषण्णापि नेयममुचन्मम हस्तम् । अधुनापि मत्सम्पृक्तैवावतिष्ठते । अतः प्रतिभायाद्यन्नयोच्यते तत्सर्वमवितथमिति । यदि महाकुलजा नाभविष्यत् तर्हि नेयमित्थमचेष्टिष्यत ।"

प्राड्विवाकः—भवदुक्तं सर्वमपि सर्वथा युक्तियुक्तम् । एतादृशी कन्या तावदिह केनैवमानीता स्यात् ?

"यन्मे प्रतिभाति तद्यावत्कथयामि । न कोऽप्येडमूकामन्धां कन्यां भार्यार्थे स्वयं वृणीते । अत एवासावनूढा । तथापि रूपयौवनसम्पन्ना । यद्यस्या मुखं वपुश्च निपुणं निर्वर्ण्येते तदास्याः शीलवृत्ते अन्तरेण न कोऽपि भवेत्सन्देहस्यावकाशः । अमुष्या मुखे निर्व्याजत्वं नाम सुव्यक्तं प्रतिबिम्बितं लक्ष्यते ।"

"भवद्वचनमवितथमाशयश्च न्याय्यः ।"

"एवं चेत्, किमर्थमेषा शून्यं गृहमानीता ? यैश्चानीता न ते निर्धनाः । एतत्त्वनयाधिशयितमतिमसृणप्रच्छदं शयनीयमेव निवेदयति । तादृशं शयनं हि न निर्धनस्य सम्भाव्यते गेहे ।"

"किन्निमित्तमेतामेवं तत्रानैषुस्ते ?"

"यदुच्यते मया तत्सर्वमभ्यूहितमवधार्यम् ।"

"एवमेतत् । नान्यत् तद्भवितुमर्हति ।"

"प्रथममिदमवधीयताम्—अर्धरात्रे कैश्चिदेषा शून्यमानीता भवनम् । अन्यदा तु जनाः प्रेक्षेरन्निति तथा कृतं स्यात् । पश्चाद्भेषजेनेयमपनीतसंज्ञा व्यधायि ।"

"भिषग्वचसा मूर्च्छापादकद्रवो वारं वारं प्रयुक्त इव प्रतीयते ।"

'भिषग्वचनमनुपादेयमिति मन्ये ।"

"कुतो न ?"

"कुत इति चेत्, तस्मिन्गृहे न कोऽपि पूर्वं मासीत् । ततश्चतुष्पञ्चपुरुषाणां तत्रावस्थितिं पदचिह्नानि सूचयन्ति ।। एतन्मया निपुणमवलोकितम् । ते सर्वेऽपि गृहान्निर्गता इत्यपि तत एवावगम्यते । न कोऽप्यन्तरवस्थितः । शय्याप्रच्छदे च वाष्पशकटस्य प्रस्तारङ्गारकणकालिमाङ्को लक्ष्यते । अतस्तैः सर्वैरपि वाष्पयानेनायातैर्भवितव्यम् ।"

"अत्रानयनस्य किं प्रयोजनम् ?"

"मन्ये मारणाभिसन्धिनैवात्रानीता । शरीरस्य सौष्ठवात् सत्त्वयुक्तत्वाच्च न मृतेति ।"

"किमर्थमिमां भूमिमानीय पञ्चत्वमियं नेया ?"

"तेनास्याः शरीरमनभिज्ञातं भवेत् । घातकानां चानिग्रहः ।"

"एषां कानिचित्कारणान्युपपत्तिमन्ति भवेयुः ।"

"सत्यम् । तथापि नैषा मृता । नैतत्तेषामिष्टमासीत् । अपि च कोऽप्यज्ञात एव ताननुधावति स्म ।"

"कोऽसौ ?"

(क्रमशः)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ईश्वर-प्रार्थना

(रचयिता, कविवरः श्री जनमेजयः विद्यालंकारः, एम.ए., शास्त्री
७।१८३ स्वरूपनगर, कानपुर, यू.पी.)

भगवन् जलवायू मे, शुद्धौ देहि दयानिधे ।
कामं देह्युपवासं मे, न मात्राधिकभोजनम् ॥१॥

विद्याहीनं कुरूपं वा, निर्धनं वा गतप्रभम् ।
देहि मे मित्रमेकं त्वं, न तु धूर्तं कदाचन ॥२॥

यस्मिन्कुले समुत्पन्नो, नीचान् मंस्येऽपरान् जनान् ।
तस्यां जातौ महोच्चायां, देहि मे जन्म न प्रभो ॥३॥

छिन्धि भिन्धि यथेच्छं त्वं, कृन्त वा मे शिरः प्रभो ।
अभिमानवतां किन्तु, समक्षं नैव नामय ॥४॥

न मे प्रवृत्तिर्धर्मे चेत्, पापे मे रमतां मनः ।
धर्मस्य व्यपदेशेन, किन्तु पापं न कारय ॥५॥

नाहं ब्रवीमि सत्यं चेत्, असत्यं वाचय प्रभो ।
सत्यस्य व्यपदेशेन, किन्त्वसत्यं न वाचय ॥६॥

प्रलयो वा भवेल्लोके, तव रोषवशात् क्वचित् ।
शिशुभ्यो मातरं किन्तु, प्रभो नापहर क्वचित् ॥७॥

सरित्सु पूरः स्यात् कामं, कामं जलनिधावपि ।
शिशूनां किन्तु नेत्रेषु, जलबिन्दून् न दापय ॥८॥

धनं देहि न वा देहि, न तत्रास्माकमाग्रहः ।
धनेन साकं यो गर्वः, प्रभो तन्न प्रदेहि नः ॥९॥

विश्वस्य जगतो राज्यं साम्राज्यं वा न कामये ।
भारतं वर्षमस्मत्तः किन्तु नापहर प्रभो ॥१०॥

यल्लब्ध्वा विस्मरेयं त्वां जगतां पतिमीश्वरम् ।
विज्ञानं धनधान्यं वा तन्मे देहि न किञ्चन ॥११॥

अलक्षेन्द्रादिकान् जेतॄन् नैव याचामहे वयम् ।
गान्धिनं तु महात्मानं शतवारं प्रयच्छ नः ॥१२॥

वसिष्ठ ऋषिः । विश्वे देवा देवताः । छन्दः त्रिष्टुप् । स्वरः धैवतः ।

शं नः सूर्य उरुचक्षा उदेतु शं नश्चतस्रः प्रदिशो भवन्तु ।
शं नः पर्वता ध्रुवयो भवन्तु शं नः सिन्धवः शमु सन्त्वापः ॥८॥
शं नो अदितिर्भवतु व्रतेभिः शं नो भवन्तु मरुतः स्वर्काः ।
शं नो विष्णुः शमु पूषा नो अस्तु शं नो भवित्रं शम्वस्तु वायुः ॥९॥

ऋग्वेद ७-२-३५-८,९

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

साहित्य-समीक्षा

[समालोचनार्थं पुस्तकद्वयं पत्रिकाकार्यालये प्रेषणीयम्]

सचित्र-आयुर्वेद

(परिवार–नियोजन–अंक)

सम्पादकः––श्री कामेश्वर शर्मा 'कमल'।

प्रकाशकः––श्री पं० सभाकान्त झा।

श्री वैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रा० लि०

प्रतिवर्षं कमप्येकमायुर्वेदविषयमुपजीव्य 'सचित्र आयुर्वेद' पत्रस्य विशेषाङ्कोऽस्माकं दृष्टिपथमायाति। अस्मिन्वारे परिवारनियोजनाङ्कः समीक्षणाय संप्राप्तः। विषयोऽयं न केवलमायुर्वेददृष्ट्या विचारणीयो न च केवलं व्यष्टिनैवायं सम्बद्धः, परमन्यक्षेत्रेष्वपि विकटसमस्यारूपेण समक्षमायातः। सकलोऽपि भारतदेशोऽनेन विकलतामापादितः। अस्याः समस्यायाः यत् समाधानं येन केनाप्युपायेनाद्यत्वे क्रियते तन्नास्माकं मते समीचीनम्। मन्ये, श्रुत्युक्तदृशा "बहुप्रजा निर्ऋतिमाविवेशे"ति निर्ऋतिमापन्नोऽयं देशो बहुप्रजारुजापीडितो यत्किमप्यौषधं निषेवेत तन्नोचितम्। प्रजोत्पत्तेरभावाय लूपादिनाम्ना प्रथितमिदमभिनवं शस्त्रमासुरं भ्रष्टं च तदस्मन्मते न कदापि प्रयोज्यम्। तदतिरिक्ताः सन्त्यन्येऽपि बहव उपायाः सद्धर्मसमाजशास्त्रादिसम्बन्धिनियमोपनियमाश्च बहुप्रजोत्पत्तेर्निरोधाय येषामवलम्बनेन प्रजोत्पत्तिरभिवाञ्छितसीमायामापतिष्यति। आबाल्यात् समुचिताचारविचारादीनां शिक्षाप्रदानद्वारा विद्यार्थिनां चरितशोधनं विधाय ब्रह्मचर्यपालने प्रीतिं समुत्पाद्य संयुक्तपरिवारप्रणालीं प्रोत्साह्य गर्भाधानादिसंस्काराणामवश्यकर्तव्यतां किल निचाय्याभिवाञ्छितफलं नावाप्स्यति किम् भारताभिजनः? अस्मिन्नंके पौरस्त्यपाश्चात्योभयदृष्ट्योपोद्बलिता नैके विचारा भिषग्वराणां संकलिताः। आयुर्वेददृशाऽपि सन्ततिनिरोधाय नैकानि साधनान्यत्र परिगणितानि। लूपादिसाधनानामवलम्बनेन का हानिर्जायते साऽप्यत्र प्रदर्शिता। अस्मन्मते सुष्ठु सम्पादितोऽयमङ्कः सम्पादकवर्यैः। साधुवादार्हा अभिनन्दनीयास्ते। सर्वैर्विद्वद्भिर्नेतृवर्गैश्चावश्यं पठनीयोऽयमङ्कः।

कल्याण (हिन्दी)

(उपासना अंक)

सम्पादकौ––श्री हनुमानप्रसाद पोद्दार, श्री चिम्मनलाल गोस्वामी, प्राप्तिस्थानम् गीताप्रेस गोरखपुर। मूल्यम्–९) देशे १३) ३५ विदेशे।

कल्याणपत्रस्यायमुपासनाङ्कः समीक्षार्थं समुपलब्धः। वैदिकसनातनधर्मस्यार्यसंस्कृतेश्च परिरक्षायै समुन्नत्यै च सततं प्रयत्नपरैः कल्याणपत्रस्य सम्पादकवर्यैरस्मिन् वर्षे 'उपासना विशेषाङ्कः' सर्वेभ्य उपायनीकृत इति महत् प्रमोदस्थानम्। सर्वज्ञस्य सर्वशक्तिमतः परमपितुः परमेश्वरस्य यथाशक्ति यथारुचि विविधरूपाण्यवलम्ब्य विविधोपासना स्वाभाविकी। अस्मिन्नङ्के नैकेषामुपासनाप्रवणानां विद्वद्धौरेयाणामुपासनाया विविधपद्धतयः प्रदर्शिताः। वयं सम्पादकमहाभागानां भृशमभिनन्दनं कुर्मः।

विश्ववेदधर्मः

लेखकः–पण्डित राजः श्रीश्यामकुमार आचार्यः

प्रकाशकः–विश्ववेदधर्मप्रचारसंघः, १०वी. सरकारी कोठी, गोंडा, उ० प्र०।

पृष्ठसंख्या ५४ मूल्यम् १।) भारते २) विदेशे

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

श्रीप्राचार्यश्यामकुमार महाभागेन लिखितं पुस्तकमिदं संस्कृतभाषायामुपनिबद्धमस्ति । इतः पूर्वमप्यस्मिन् समालोचनास्तम्भे तद्रचितपुस्तकस्यान्यस्य समालोचनाऽस्माभिः कृताऽऽसीत् । महाभागोऽयं प्रायः संस्कृतभाषायामेव स्वविचारान् प्रकटीकरोति सन्धिसमासादिविरहिता सरला च संस्कृतभाषाऽस्माकं देशस्य राष्ट्रभाषा भवेत् तदैवास्य देशस्योद्धारो भविष्यतीति विद्वद्वर्यस्य विचारसरणिः । विश्वं च जगदिदं वेदधर्मस्य छत्रच्छायायामागत्य सुखं शान्तिं च लप्स्यते नान्यथा । श्री स्वामिदयानन्दसरस्वतीमहाभागं प्रति स्वात्मानं पूर्णरूपेणार्पितवानयं लेखकमहोदयः । नैतदावश्यकं यत् सर्वे लेखकमहोदयस्य विचारसरणिं पूर्णरूपेणाङ्गीकुर्युः । उदाहरणार्थं—

"भगवतां वेदानां आद्य प्रतृण्णरूपं न तु निर्भुजरूपं" इत्यादि लेखकस्य संहिताविषयकविचाराः सुधीभि विमृश्याः । पुरा नान्येन केनापि विदुषाऽङ्गीकृता एते, न च वयमङ्गीकुर्मः । तथापि वेदादिकं प्रति दृढभक्तिकस्य विद्वद्वर्यस्य सत्साहसमभिनन्दामो वयम् । सर्वैः संस्कृताभिज्ञैः पुस्तकमिदं मवश्यं पठनीयमिति ।

धन्वन्तरि

(पुरुषरोगाङ्कः)

आयुर्वेद खण्ड

सम्पादकमण्डलम्—श्री वैद्य देवीशरणजी गर्ग, वेदोपाध्याय, श्री ज्वालाप्रसाद अग्रवाल, बी.एस-सी., श्री बाउदयाल गर्ग, ए. एम. बी. एस. ।

एलोपैथिक खण्ड

श्री डा. पद्मदेव नारायणसिंह, एम.बी.बी.एस. ।

प्राकृतिकचिकित्सा खण्ड

सत्व चिकित्सक श्री गंगाप्रसाद गौड़, नाहर एन. डी. ।

होमियोपैथिक खण्ड

श्री डा. बनारसी दास दीक्षित एच.एम.डी.एस.

प्रकाशक—धन्वन्तरि कार्यालय विजयगढ़ (अलीगढ़), पृष्ठसंख्या –५५६, मूल्यम्–८)५० ।

धन्वन्तरिपत्रस्य बृहत्कायोऽयं विशेषाङ्कः 'पुरुषरोगाङ्क'रूपेण प्रकाशितः समीक्षार्थं सम्प्राप्तः । अस्य पत्रस्य विशेषाङ्का अन्येभ्यो विलक्षणं किञ्चिदपूर्वमेवाभिनवं वैशिष्ट्यमावहन्ति । यतो हि पौरस्त्यपाश्चात्त्योभयक्षेत्रेषु प्रथितं शैलीचतुष्टयमुपजीव्यास्य विशाला विशेषाङ्का उत सामान्या अप्यङ्काः प्रकाश्यन्ते । अनेनातुरो यथारुचि स्वास्थ्यलाभाय स्वाभीष्टं मार्गमवचिनोति । अतो बहुजनहिताय परिपूर्णसामग्रीयुतं पत्रमेतत् प्रकाश्यते भिषजां वरेण्यैः सम्पादकोत्तमैः । पुरुषाणां रोगाः प्रायः शुक्रदोषसमुत्था एव जायन्ते । शुक्रदोषे च मिथ्याहारविहारादिकमब्रह्मचर्यमेवं नैकविधानि कारणानि भवन्ति । तेषां सर्वेषां सम्यग्ज्ञानं तदनुसारं जीवनयापनं सर्वेभ्यो हितकरम् । वीर्यस्य संरक्षणं संवर्धनं संशुद्धि च तथा तस्य सम्यक् प्रयोगं च यो विजानाति स एव स्वस्थः स एव स्वस्मिन् ब्रह्माभिवृद्धि कर्तुं समर्थः । यथोक्तं—

शुक्रं तद् ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः'

अस्मिन्नङ्के पुरुषरोगाङ्करूपेण वीर्यं यो पचयापच-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

यदुष्ट्यादि-प्रदर्शनपूर्वकं महिमा प्रत्यपादि विद्वद्वर्यैः। पञ्चशतपृष्ठेषु स्थिरसाहित्यं प्रदत्तं सम्पादकवर्यैः। वयं पौनःपुन्येनाभिनन्दनं कुर्मः। सर्वैः सामान्यजनैरपि विशेषाङ्कोऽयं ग्राह्यो जिज्ञासुभिः।

जागरण

लेखक—प्रो० योगेश्वरदेव एम. ए.।

प्रकाशक—श्री नारायणदत्त मिश्र, मौलिक साहित्यप्रकाशन, दिल्ली–७। पृष्ठसंख्या – २००, मूल्य ४)।

प्रस्तुत पुस्तक में २० निबन्ध हैं। प्रत्येक निबन्ध प्रेरणाप्रद तथा स्फूर्तिदायक है। भाषा ओजोबहुल तथा प्रवाहपूर्ण है। वाक्यविन्यास बहुत सुन्दर है। हमारी मनोकामना यही है कि भारत का प्रत्येक निवासी बच्चा व बड़ा बूढ़ा इस पुस्तक का अध्ययन अवश्य करे। पुस्तक के कुछ उद्धरण इस प्रकार हैं—

नारी—

"नानी के आंचल में मुंह छिपाकर सुनी गई राजा रानी की कहानियां, अर्द्धनिमीलित नेत्रों को दी गई मां की लोरियां, दरिद्रता के अम्बार में से निकालकर अपने बच्चों को दी गई मां की उत्साहप्रद प्रेरणायें जीवन की अमूल्य निधियां हैं। इन्हीं से विश्व के आकाश में वे नक्षत्र उदित हुए जो कभी अस्त नहीं होसकते। संसार पर शासन करने वाले हाथ तो वास्तव में वे ही हैं, जिन्होंने अपने नन्हें दीपकों को लोरियों में झुलाया है। शरीर की कोमलता, विचारों की सशक्तता, वाणी की मधुरता, हृदय की ममता की पुंजीभूत मातृहृदय का यह संसार सदा से ऋणी रहा है और भविष्य में भी रहेगा। नारी केवलमात्र स्त्री ही नहीं, वह मां भी है।"

"चरित्र उस आत्मिकशक्ति का नाम है जो बुराइयों में से भी अपना कार्य करती है। अन्धकार में से जिसप्रकार चन्द्रमा चमकता है उसीप्रकार चरित्र की आभा भी फूटती है, जिसे दुर्गुणों का ढेर रोक नहीं सकता, जिसके प्रकाश से मानवता में निखार आता है,.....कांटों से घिरी हुई गुलाब की नन्हीं सी कली में भौरों को आकर्षित करने की अधिक शक्ति होती है बनिस्बत उन बृहदाकार फूलों के जिनमें मधु नहीं, सुगन्ध नहीं।

ये दो एक उद्धरण हमने यहां प्रदर्शित किये। इसी भांति यह सम्पूर्ण पुस्तक जाति के चरित्रबल को उन्नत करने वाली, स्फूर्ति प्रदान करने वाली है। हम लेखक महोदय का बहुत २ अभिनन्दन करते हैं।

—भगवद्दत्तो वेदालंकारः

—o—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सम्पादकीय टिप्पण्यः

गुरुकुलोत्सवः

परमप्रमोदस्थानमेतद् यदस्मिन् वर्षे गुरुकुलोत्सवोऽप्रेलमासस्य १२तारीकात आरभ्य १५तारिकायर्यन्तं सोत्साहं सम्पत्स्यते । अस्मिन्नवसरे वर्तमानकालिकैर्गुरुकुलाधिकारिभिर्गुरुकुलसंस्थापकानां श्रीस्वामिश्रद्धानन्दमहाभागानां तथान्येषां तपस्त्यागमूर्तीनामाचार्यवर्याणां श्रीरामदेवादिप्रमुखानां तपस्त्यागाग्निमयं रूपं समक्षं निधाय तथा आर्यसमाजप्रवर्तकानां श्रीस्वामिदयानन्दसरस्वतीनां यतीश्वराणां सत्यार्थप्रकाशवर्णितशिक्षाप्रकरणमवलोक्य निरहंकारतया निजस्वार्थमविगणय्य हृदयान्तर्वर्तिमानसाम्बुधौ संनिमज्य परिपूतभावेन तदुन्नत्यै प्रयत्नो विधातव्यः । किमुद्देश्यं गुरुकुलस्य ? किमुद्देश्यं लक्ष्यीकृत्य संस्थापितमासीत् गुरुकुलमिदम्? एतदवधातव्यं यत् पूर्वनिर्धारितात् पूर्वक्षुण्णान्महोच्चस्थानादस्य प्रच्युतिर्न जायेत । पुरा किलैतदासीत् यद् बालका अत्र गुरुकुले प्रविश्य न केवलं विविधा विद्या अधीयते स्म प्रत्युत सदाचारस्य शिक्षणमपि लभन्ते स्म । यतो हि गुरुकुले प्रोच्चशिक्षकस्य संज्ञा आचार्य इति विद्यते । य आचारं ग्राहयति स आचार्य इति ज्ञायते निरुक्तिप्रवचनात् । अतश्चरितशोधनं सदाचारशिक्षणं च नाम प्रमुखं प्रथमं चोद्देश्यं गुरुकुलस्य विद्यत इति सर्वैः सुधीभिर्निभालनीयम् । भारतवर्षस्यान्येषु विश्वविद्यालयेषु महार्घमूल्यानि वस्त्राणि उपानत् घटिका चेत्यादीनि चाकचक्यवन्ति वस्तुजातानि यानि विद्यार्थिनां समीपे विद्यन्ते तानि हठात् स्तेयार्थं भोगविलासार्थं वा प्रेरयन्ति मनांसि छात्राणाम् ।

अस्माभिरेतदप्यवधातव्यं यद् भोगविलाससामग्रीसमुत्थशृंगारभावोद्रेकवशात् कामवासनावासितान्तःकरणवतां ब्रह्मचर्यपालनं शशशृंगायितमेव भवति । अतः सर्वैः प्रेम्णा सम्मिल्य तपश्चर्यां चोररीकृत्य गुरुकुलस्योन्नत्यै प्रयत्नो विधेयः ।

'सुखार्थिनां कुतो विद्या विद्यार्थिनां कुतः सुखम्' इति ध्येयम् ।

शोकप्रदः समाचारः

भृशं शोकप्रदोऽयं समाचारो भवद्भिः पूर्वं श्रुत एव यदार्यसमाजजगति मूर्धन्यनेतारौ प्रख्यातवैदुष्यौ श्रीरामचन्द्रदेहलवी–श्री डा. हरिशंकरशर्माभिधौ द्वावेतौ प्रबुद्धात्मानावचिरादेव दिवं यातौ। श्रीरामचन्द्र देहलवी 'कुरान' नाम्नो मुस्लिमशास्त्रस्य प्रकाण्डपण्डित आसीत् । अस्मन्मते मुस्लिमजगति न कोऽपि मौलवी तमतिशेते स्म । वैदिकमुस्लिमशास्त्रयोस्तुलनात्मकविवेचनायामसौ महान् विचक्षणो भाषणपटुश्चासीत् । एवमेव वृन्दावनगुरुकुलस्योपकुलपतिमहाभागानां सम्पादकवर्याणां हिन्दीजगत्यत्युत्कृष्टसाहित्यकृतां श्री डा. हरिशंकरशर्मणामपि निधनं सञ्जातम् । आर्यसमाजस्येयं महती क्षतिः दुष्पूरणीयैव प्रतीयते । भगवतः परमपुरुषस्यादृश्याशक्तिः सर्वांश्चालयति न कोऽपि तमुल्लंघयितुं समर्थः । वयं दिवंगतौ प्रति स्वकीयां श्रद्धाञ्जलिं समर्पयन्तस्तयोः पारिवारिकजनान् प्रति समवेदनां प्रकाशयामः । सर्वजगन्नियन्ता भगवांस्ताभ्यां सद्गतिं प्रददात्वित्यभ्यर्थयामहे ।

—o—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गतांक से आगे)

"श्री गंगा सभा, हरिद्वार" द्वारा 'मालवीय जयन्ती १९६७' में प्रथम पुरस्कृत निबन्ध—

भारत की संस्कृति भारत की एकता की संयोजिका है

श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार, एम. ए.

बहुत से विद्वानों का कथन है कि संस्कृति नृत्य, संगीत और चित्रकला का ही नाम है। जो किसी जाति में प्रचलित होकर अपना स्थान बना बैठती है किन्तु यह उनकी भ्रान्त धारणा है। संस्कृति का मूलतः सम्बन्ध आत्मा से होता है। इसके स्वरूप को हम मुख्यतः दो भागों में समझ सकते हैं। एक तो संस्कृति का बाह्य-स्वरूप जिसमें किसी समाज के रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा आदि आते हैं तथा दूसरा उसका आन्तरिक स्वरूप जिसमें जीवन के दार्शनिक तत्त्वों का समावेश होता है। संक्षेप में भौतिक और आध्यात्मिक दो रूप कहे जा सकते हैं। इन दोनों रूपों के अध्ययन से ही हम किसी संस्कृति का सम्यक् ज्ञान प्राप्त करने में समर्थ रहते हैं। 'सम्' उपसर्गपूर्वक 'कृ' धातु से भूषण अर्थ में सुट का आगम करके 'क्तिन्' प्रत्यय करने से संस्कृति शब्द बनता है जिसका अर्थ होता है 'भूषण भूत' 'सम्यक् कृति' अर्थात् संस्कारभूत कृति ही संस्कृति कहलाती है। क्योंकि मनुष्य दोनों ही प्रकार की कृति करता है इसलिए इसका प्रयोग मनुष्यों के ही लिए किया जाता है इतर योनियों के लिए नहीं। संस्कृति मनुष्य समाज में ही संश्लिष्ट होती है फलतः वह राष्ट्र की एक महान् धरोहर होती है। हम अपने देश की संस्कृति पर विचारते हुए जब उसके आदर्शों पर दृष्टि गड़ाते हैं तो हमें सचमुच ही वहां अनुपम विलक्षणता के भाव मिलते हैं। यह हमारी संस्कृति हमें अजर-अमर बनाती है। वह कहती है— 'संगच्छध्वं, संवदध्वं, सं वो मनांसि जानताम्' साथ चलने वाले बनो, एक भाषा में बोलने वाले बनो और अपने मन-भावों को एक सा बना लो और भी न जाने कैसे-कैसे महान् उपदेशों को यह देती है।

एकता की आधार : वीर-पूजा की भावना—

यह संस्कृति वस्तुतः राष्ट्र का एक महान् रूप हमारे सामने रखती है। यह हमें कहती है वीरों का आदर करो; क्योंकि ये ही राष्ट्र की सीमाओं के पहरेदार होते हैं। यह अपने सैनिकों को सदा उग्र रूप से तैयार रहने का उपदेश देती है। यह कहती है 'वीरभोग्या वसुन्धरा' पृथ्वी वीरों का वरण करती है। यह संस्कृति राष्ट्र की मंगल-कामना करती हुई उसकी एकता का पाठ पढ़ाती है। राष्ट्रद्रोही या विश्वासघाती को हमारे यहां कभी आदर का स्थान नहीं मिला। यह संस्कृति जयचन्द और आम्भि को धिक्कारती है तो पृथ्वीराज और पुरू को आदर का स्थान देती है। यह कहती है 'अनिर्वेदः प्राप्याणि श्रेयांसि' उदास होकर बैठ जाने से श्रेय की प्राप्ति नहीं होती और इसी कर्त्तव्य-भावना से अनुप्राणित हमारे वीर-क्षत्रिय सदा-सदा से ही इस विशाल राष्ट्र की भौतिक अखण्डता पर इसकी सीमाओं की सुदृढ़ता पर आंच नहीं आने देते।

हमारा समाज सदा से ही वीरों का पूजक रहा है। आज भी लोग 'हनुमान चालीसा' का पाठ कर अपने उस महावीर की आराधना करते हैं, उससे बलकी याचना करते हैं। दुर्गा और कालीकी

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पूजा हमारे सोये रक्तमें शक्तिका संचार कर देती है। राम, कृष्ण, अर्जुन, भीम, भीष्म, कर्ण, द्रोण तथा महाराणा प्रताप, शिवाजी, तात्याटोपे, लक्ष्मीबाई, सुभाष, भगतसिंह, वीर सावरकर आदि का नाम लेकर हमारा जन-मानस अपने वीरों की अमर आरती उतार उन्हें प्रतिदिन श्रद्धाञ्जलि समर्पित करता है। तो वीर पूजा का यह विधान हमारी संस्कृति का महत्त्वपूर्ण तत्त्व है।

एकता और अखण्डता की भावना से जब हमारे देशवासी अपने राष्ट्र की सुरक्षा के निमित्त खड़े होते हैं तो उनके धर्म, भाषा, जाति आदि के भेद आडे नहीं आते। अब्दुल हमीद मुसलमान था, तारापोर ईसाई थे, मेजर बलवन्तसिंह सिख थे और इसी मातृ-भूमि पर मिटने वाले अनेक आशा-राम त्यागी हिन्दू थे, किन्तु थे वे सब भारतीय। अतीत में भी शिवाजी मराठे थे, महाराणा प्रताप राजपूत और गुरुगोबिन्दसिंह सिख धर्मानुयायी थे, किन्तु मां भारती के खण्डित रूप को सदा वे अखण्ड बनाते रहे। यहां चन्द्रगुप्त, चाणक्य, विक्रम, समुद्रगुप्त सदा ही इसकी एकता का मनोरम चित्र बनाने में लगे रहे। जिनके रथ के पहियों की ध्वनिमात्र से शत्रुओं के हृदय विदीर्ण हो जाते थे, ऐसे वीर क्षत्रिय इस भूमि में पैदा होते रहे। 'अमृतस्य पुत्राः' की भावना इस संस्कृति का अमर संदेश रही। और इसी मरकर भी अमर होने की अर्थात् पुनर्जन्म की भावना ने हमारे राष्ट्र को चिर जीवन प्रदान किया। हम अपने राष्ट्र के कण-कण में, उसकी विशाल पर्वतमालाओं, उपत्यकाओं, उसके जौहर में, उसके रासों और लोकगीतों में आज भी वीर भावना का संदेश पाते हैं। हमारे अनेक भूषण और चन्दवरदाई आज भी इस राष्ट्र की एकता के अमरगीत गाते हैं। आओ ऐसी वीर-वसुंधरा खड्गधारिणी भारत मां को शत-शत नमन कर, उसके अन्य महान रूपों की झांकी लें।

एकता के आधार : महापुरुष एवं साहित्यकार

हमारी भारत मां वस्तुतः अनेक रूपों वाली है। वह वरदा है और सुखदा भी। सुजला भी है और सुफला भी। उसके विद्वान् और महापुरुष उसकी एकता की अटूट कड़ियां हैं। ये विशाल भारत की अखण्डतारूपी वीणा के तारों को एक स्वरलहरी में बांध रहे हैं। हमारी संस्कृति इन महापुरुषों और विद्वानों का भी वैसा ही सत्कार करती है जैसा वीरों का। राम, कृष्ण, शंकराचार्य, रामानुज, नानकदेव, दयानन्द, गांधी, गोखले, तिलक, लाजपतराय और महामना मालवीय जैसे पुरुष सारे ही राष्ट्र में पूज्य हैं। उनके जन्मदिवस और मृत्युदिवस पर समग्र राष्ट्र अपनी मौन एवं मुखरित श्रद्धांजलियां भेंट करता है।

विद्वानों के सत्कार की जहां तक बात है वहां हम प्राचीन विद्वानों का ही नहीं अपितु नवीन विद्वान् पुरुषों का भी अभिनन्दन करते हैं। हमारे राष्ट्र का कोई भी लेखक या लेखिका, कवि या कवियित्री, वीर या वीरांगना भारतरत्न, पद्मभूषण, पद्मश्री, महावीर चक्र आदि विरुद् प्राप्त कर सकता है। सर्वपल्ली डा० राधाकृष्णन, के० सुन्दरम्, के० एम० मुंशी, शरद्, रवीन्द्र, बंकिम, आरिगपुड़ी, वनफूल, निराला, शंकर, कुरूप, ताराशंकर बन्दोपाध्याय हमें जितने प्यारे हैं उतने ही प्रेमचन्द, पंत, जयशंकर, मैथिलीशरणगुप्त, सेठ गोविन्ददास, दिनकर, बच्चन, महादेवी, कृश्नचन्दर, अमृता प्रीतम, गुरुदत्त, यशपाल, सत्यकाम, नगेन्द्र, काका, गोपालप्रसाद व्यास आदि भी। सत्य ही, हमारे ये विद्वान् हमारी धरोहर हैं। इनकी लेखनी में इस माटी की पावन गंध बसी है। इसके चप्पे-चप्पे, कण-कण को इन्होंने सजीव किया है। ये मां भारती के मन्दिर के प्रसाद-पुष्प हैं। ये भारतीय-एकता के अमर गायक हैं, उसके साधक हैं।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अतः यह मेरे प्रदेश का निवासी है, यह मेरी जाति या गांव का कलाकार है, यह मेरे कस्बे या नगर का कवि अथवा साहित्यकार है, इसकी अपेक्षा भारतीय आत्मा से यही ध्वनि निकलती है कि यह मेरे देशका महान् कवि, महान् नाटककार, अमर गायक, ओजस्वी विचारक, चिन्तक या देश का महान् शिक्षा शास्त्री, महामहोपाध्याय है। और यही अनुपम विचार-धारा देश को एकलय या तान दे रही है। आओ इस 'वीणावादिनी' माता की इस महानता को नमन करें। जो विशाल भारत की गौरवमयी अभिव्यक्ति का विलक्षण रूप लिए खड़ी है। जिसका साहित्य कभी हमें रुलाता है, कभी हंसाता है और कभी प्रेम तथा कर्तव्य पर मर मिटने का अमर संदेश देता है। जहां हम कभी 'कालिदास के शृंगार में आनन्द का चर्मोत्कर्ष प्राप्त करते हैं तो 'भवभूति' में करुणा की विकल रागिनी का अमर सरस-प्रेम-संगीत। जहां हम कभी 'सूर' में खो जाते हैं तो कभी 'मानस' में पैठ जाते हैं। कभी 'कामायनी' और 'साकेत' हमारे लिए आशा और सुखानन्द की ज्योति बनकर हमारे अन्तर को प्रकाशित कर देते हैं। कहीं 'रसखान' को पढ़ते-पढ़ते हम कृष्ण और राधामय हो जाते हैं तो जायसी के 'पद्मावत' में विराट सौन्दर्य के दर्शन कर उस परम तत्त्व में लीन हो जाते हैं। जो साहित्य पग-पग पर 'आत्मानं विजानीहि' अर्थात् अपनी आत्मा को पहचानो। यही हमारा शत्रु है, मित्र है और यही हमारा उद्धारक है, ऐसे पावन शब्द रत्नों से हमें संवालित करता है। जो कहता है 'उतिष्ठत, जाग्रत। प्राप्यवरान्निबोधत" उठो, जागो और श्रेष्ठता को प्राप्त करो। जो सत्य, अहिंसा, त्याग और सेवा के महान् व्रतों पर चलने की भावना भरता है। जो कहता है अपने जीवन को ऊंचा और समृद्ध बनाओ। 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्' शरीर से ही धर्म की साधना होती है इसलिए शरीर को दृढ़ बनाओ। इस प्रकार हमारी संस्कृति का यह पक्ष भी राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ बनाता है। इसको क्रियात्मक रूप देने से किसी व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का पराभव तथा अवनति नहीं हो सकती, ऐसा हमारा दृढ़ विचार है। वास्तव में कवि या साहित्यकार तथा महापुरुष अनादि से ही इस देश की संश्लिष्ट संस्कृति और राष्ट्र की एकता के प्रतिनिधि रहे हैं।

त्याग, दान और करुणा की भावना:—

राष्ट्रीय एकता की चौथी कड़ी है—त्याग, दान और करुणा की भावना। वस्तुतः यह भावना भारतीय संस्कृति के मनोवैज्ञानिकों एवं आर्थिक पक्ष के अन्तर्गत समाहित होती है। करुणा मनुष्यको बहुतही भावुक बना देती है। जिससे उसका हृदय अपने समाज या राष्ट्र के लिये सदा कुछ न कुछ करने को उद्यत रहता है। इसीलिए हमारे कवि या चित्रकार ऐसे कारुणिक प्रसंगों को उभार कर दर्शकों और श्रोताओं तथा पाठकोंके सामने रखते हैं कि पाषाण-हृदय व्यक्ति भी पिघल उठता है और वह करुण-भावना से प्रेरित होकर निर्बलों, असहायों और जरुरतमन्दों के लिये अपने तन, मन और धन तक देने के लिये तैयार हो जाता है। इस प्रकार करुणा की भावना प्रेम और भ्रातृत्व का सञ्चार कर सारे राष्ट्र की एकता का निर्माण करती है।

त्याग और दान के प्रसंग में भी हमारी संस्कृति हमें कहती है—'दानात् प्रतिष्ठा लोकेऽस्मिन् न तु वित्तस्य संचयात्। ऊर्ध्वस्थितिःपयोदानामधःस्समुद्राणां तथा॥ अर्थात् इस संसार में दान से ही प्रतिष्ठा होती है, धन के संचय से नहीं। क्योंकि मेघ भी अपने जल-वितरण के कारण ही ऊंची स्थिति रखते हैं और समुद्र जल-संचय के कारण नीची। अतः दान की इस महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठा को

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

देखते हुए हम कह सकते हैं कि हमारी संस्कृति इससे पूर्ण परिचालित है। वर्तमान काल की मंहगाई आदि की विषम परिस्थिति का कारण भी हमारे अन्दर से त्याग-दान की भावना का अभाव है। 'ऊंचे रहन-सहन' की आदत को जब से समाज ने अपने अन्दर डाल लिया है या यों कहा जाय कि जब से वह भोगवाद पर मुग्ध हो गया है तब से हर वस्तु भी ऊंचे भाव वाली हो गयी है और वह हल्ला मचाता है कि जब उसके पास खाने को कुछ नहीं तो वह दान कहां से करे ? किन्तु यह सब निरर्थक है। सत्य तो यह है कि आज का मानव जिसे कुछ धन-प्राप्ति होने लगती है तो वह सोचता है कि उसके पास तीन जोड़ी जूते, चप्पल नहीं होंगे तो उसकी 'पोजीशन' 'डाउन' हो जायेगी। वह 'बैकवर्ड' गिना जायेगा। पर वह इतना नहीं विचार पाता कि यदि इन फिजूल के एक दो जोड़ी जूते लेने की अपेक्षा किसी जरूरतमन्द को कुछ दे ही दूंगा तो कितना अच्छा रहेगा। ऐसा नहीं कि समाज के समस्त लोगों की ही ऐसी प्रवृत्ति हो; ऐसे भी लोग हैं जो हजारों-हजारों, पांच-पांच सौ, सौ रुपये तक गरीब संस्थाओं और जरूरतमन्दों में बांट देते हैं, जो गरीब छात्रों को प्रतिवर्ष हजारों छात्रवृत्तियां देते हैं। इस प्रकार वे भारतीय-संस्कृति के 'तेन त्यक्तेन भुंजीथा' के महान् आदर्श पर चलते हुए समाज की एकता को जर्जरित होने से बचा रहे हैं।

यह सोचना कि भूत में हमारे देश में गरीब लोग नहीं थे सभी अमीर थे, धनाढ्य थे, इसलिए समाज में कोई क्रान्ति नहीं होती थी, यह भी एकदम गलत है। क्योंकि जहां रघु, कृष्ण, हरिश्चन्द्र, कर्ण, शिवी, विक्रमादित्य, भोज और हर्ष जैसे त्यागी, दानी, शूरवीर और धर्मात्मा थे वहां सुदामा और द्रोण जैसे गरीब तबके के लोग भी थे। किन्तु त्याग, दान की इस अमर प्रणाली ने गरीब-अमीर की खाई को पाटने में महत्त्वपूर्ण योग दिया और आज भी दे रही है। इसी का फल है कि जहां चीन आदि दूसरे देशों में समाज में अनेक क्रांतियां हुईं, मारधाड़ के नग्न कुकृत्यों को हमने देखा, वहां भारतीय समाज आज भी संगठित है। 'राजा भोज भी है और गंगू तेली भी।' पर शोषण की खाई कानून एवं त्याग, दान की भावना से पटती ही रहती है, इसलिए भारतीय संस्कृति नें सदा से ही दाता के गुण गाए हैं। त्यागी की महत्ता प्रतिपादित की है। 'दक्षिणावान् प्रथमो हूत एति' यह स्वर यहीं मुखरित हुआ।

अतः इस त्याग, दान और करुणा की भावना ने समाज में भ्रातृत्व और समरसता की मधुर-प्रेम-धारा प्रवाहित कर एकता और संगठन को बल प्रदान किया है।

(शेष अगले अंक में)

—०—

पृष्ठ ४३२ का शेष—

हुंकार तुम्हारा आह्वान कर रही है। दयानन्द के वीर सैनिको! ऐसा प्रयत्न करो कि जिससे गिरजाघरों के घन्टे न घनघनायें और मस्जिदों के मुल्ले कोलाहलमय वातावरण न पैदा करें। 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' की पताका के नीचे आ कर सभी बोलें—वैदिक धर्म की जय हो। महर्षि दयानन्द की जय हो। गौमाता की जय हो। भारत माता की जय हो। आर्यावर्त्त अखण्ड रहे। (इत्योऽम्)।

★★★

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अजमेर का कैथोलिक कथेड्रल

लेखक : श्री शंकरसिंह वेदालंकार, एम० ए०

मैं अजमेर के इस गिरजाघर के बाहर खड़ा हुआ हूं और अन्दर होने वाली समस्त क्रियाओं को दरवाजे से झाक-झांक कर देख रहा हूं। गिरजाघर पूरा भरा हुआ है। इसमें अनेकों नवयुवक, नवयुवतियां, बड़े और बूढ़े सभी हैं। पंक्तिबद्ध आसन्दिकायें सजी हुई हैं। जहां वे अपनी जानुओं को टेके हुए प्रभु ईसामसीह से दुआयें मांग रहे हैं। घण्टा-ध्वनि भी साथ-साथ होती जा रही है और करस्थ नीराजनायें चक्राकार विचक्रमित होती हुई दृष्टिगोचर हो रही हैं। मैं बहुत समय तक यह आराधना पद्धति देखता रहा फिर पूछ कर अन्दर प्रविष्ट हुआ। अब समस्त क्रिया कलाप स्पष्ट दिखाई देने लगे, कोई अवरोध न रह गया : लगभग आधे घण्टे में उनकी साधना देखता रहा। यह कैसी थी, कैसी नहीं थी, इसकी विवेचना मैं नहीं करना चाहता पर श्रद्धा और भक्ति की जो संयुक्त स्रोतस्विनी मुझे यहां देखने को मिली वह अन्यत्र बहुत कम मिलती है। किसी २ को तो मैंने इतना आत्मविभोर पाया जैसे कि सचमुच ईसामसीह से मिल रहे हैं और वह प्रभु उनकी पीठ पर हाथ फेर रहा है।

जहां खड़े मैं यह नाटक देख रहा था वहां कुछ विगत स्मृतियां भी मेरे मानस पटल पर उभरती चली आ रही थी। मैं इस प्रवृत्ति का हूं कि किसी को अच्छी तरह से जानने के लिये निकट जाकर सर्वेक्षण करने का प्रयत्न करता हूं। इसी कारण प्रयाग सेन्ट पाल्स चर्च में कई बार मैं गया। लखनऊ के एक चर्च में बिना पूछे ही घुस गया। धोती कुरता में होने के कारण वहां के पादरी ने मुझे अपने सेवक को भेजकर बाहर जाने के लिये कहा। मैं बाहर निकल आया पर वहां की संख्या देखकर मैं सन्न रह गया। इस सब वृत्त से कोई यह मिथ्या कल्पना न कर ले कि मैं इनकी ओर आकृष्ट हूं पर मैं यह बताना चाहता हूं कि इनका कोई ऐसा अभागा गिरजाघर नहीं है जो रविवार को पूरा न भर जाता हो। इनके गिरजाघरों की शान्ति तथा नयनाभिराम चित्रावलियां सभी को अपनी ओर आकर्षित करती हैं।

इसके विपरीत अपने आर्यसमाज मन्दिर जिनमें न पुरोहित हैं, न युवक हैं, नवयुवतियां किन्तु वही कुछ पुराने कर्मठ वृद्ध जन हैं जो परम्परा का निर्वाह मात्र करने के लिये समाज में आ जाते हैं। कहीं कहीं नई पौध दिखाई भी देती है तो वह नहीं के बराबर है। इस सत्यता को छिपाने के लिए हम 'एकश्चन्द्रस्तमो हन्ति न च तारागणा अपि' का उदाहरण दे सकते हैं पर इस लोकतन्त्र में ऐसी बात नहीं है। यहां तो समष्टि को मान्यता दी जाती है व्यष्टि कितनी सशक्त और प्रतिभासम्पन्न क्यों न हो इसको वह पद नहीं मिलता। जिन आर्यों को योग दर्शन जैसा साधना पद्धति का अमूल्य ग्रन्थ प्राप्त है तथा वेदों जैसी जिन्हें मंगलकारिणी भगवद्वाणी उपलब्ध है, उनके भवनों में, उनके मन्दिरों में वह दिव्य शान्ति क्यों नहीं और उनमें समरसता की सरसता क्यों नहीं ? आज उनका समाज कलह की कीलों से कराहता हुआ क्यों दृष्टिगत होता है ? हमारी प्रार्थनाओं में—सोम-सवन, सोम अभिवर्षण और आनन्द की धाराओं का प्रवाहण क्यों नहीं होता ? हमारी प्रभु भक्ति नीरसा सिकतावत् क्यों है ? वेद मन्त्र तो हम वही बोलते हैं जिन्हें कभी महर्षि दयानन्द ने गा-गाकर लोगों को भक्ति-सिन्धु में डुबा दिया था। हमारी वाणी में वह प्रभाव क्यों नहीं रहा ? हमारे कर्मों में अब वह कर्मशीलता कहां है जो पहले थी ? हम तो कामायनी के मनु की तरह श्रद्धा का परित्याग कर

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

इडा से प्रेम कर रहे हैं और उसी से इठला रहे हैं। जिस श्रद्धा ने श्रद्धानन्द को बनाया वह श्रद्धा आज बिलख रही है। अपने आर्यसमाज रूपी मनु की खोज में चक्कर मार रही है किन्तु निर्मोही मनु उसकी ओर देखता भी नहीं। केवल बुद्धिप्रपञ्च से महल खड़ा कर अपने सुखों की स्वप्न विचारणा में विचर रहा है। इसे नहीं विदित कि वही परित्यक्ता हमारा समुद्धरण कर सकती है। दूसरी शक्ति से हम आनन्द की उपलब्धि नहीं कर सकते। समाज की श्रद्धाविहीन, तर्क की अलकों में उलझी प्रवृत्ति को देखकर अन्तःकरण आकुल हो उठता है और मानस में मरोड़ पैदा होने लगती है। हमारा समाज आज श्रद्धानन्द जैसे नेताओं से वंचित है। जिनके मन में मैल है, जो दूसरों की उन्नति नहीं देख सकते, अपना पद सुरक्षित रखने के लिए जिनका निसिवासर चिन्तन होता रहता है वे हैं दौर्भाग्य से हमारे समाज के अग्रगन्ता कर्णधार। हम कैसे उन्नति करें? उन्नति और संगठन का सूक्त तो हम केवल वाणी से ही बोलते हैं। हमारे क्रियात्मक जीवन में तो उनका मिलना असंभव है। हमारी न्यायसभाएं निष्प्राण हैं इसी कारण हम आर्यों के अभियोग न्यायालयों, उच्चन्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालयों में जाते हैं। हाय आर्यसमाजियों! तुम्हें क्या होगया। तुम तो जब किसी आर्य को देख लेते थे तब फूले नहीं समाते थे, दूर दूर तक मिलने के लिये भागे चले जाया करते थे। अब तुम्हारी उत्कट आर्यभावना प्रेम की पुनीत प्रवृत्ति कहां चली गई? क्या शंखासुर तुम्हारी उस सम्पत्ति को लेकर भाग गया। बोलो, बोलते क्यों नहीं? देखो—ईसाइयों के ये गिरजाघर किनके भाइयों से भर रहे हैं। अमेरिका और इंगलैण्ड से तो ये आते नहीं फिर इनकी संख्या बढ़ती क्यों चली जा रही है? तुम्हारी समाज खाली क्यों है? वे उजड़ी सी क्यों दिखाई देती हैं? उनके गिरजाघरों में हरियाली क्यों छाई है? हममें जो त्रुटियां हैं, हम उनका परित्याग क्यों नहीं करते? वे दूसरों की जिस मनोयोग से सेवा करते हैं, हम नहीं करते। वे अपनी लड़कियां निर्मोहित होकर आर्य युवकों को दे देते हैं। हम जाति और धर्म के ऐसे जटिल जाल में फंसे हैं कि अपनी कन्यायें देने में अपमान समझते हैं। बिना खूनी सम्बन्ध किए किसी जाति को अपने में तुम कैसे मिला सकते हो। वे बोलते कम, करते अधिक हैं। हम व्याख्याता हैं, प्रवचनपटु हैं पर काम में कोरे हैं। महात्मा मुंशीराम ने कितने ही विधर्मियों को शुद्ध कर अपना बनाया था पर हम उन्हें अपना बना कर न रख सके। यह किसका अपराध है दयानन्द का, या उनके शिष्य लेखराम जैसे धर्मवीरों का। ऋषिवर ने तो हमें जगाने में कसर नहीं रक्खी। सभी प्रकार से जगाया। यहां तक कि जागृति का पाञ्चजन्य फूंकते हुए अपने प्राणों का भी समर्पण कर गये। पर हम कुलबुला कर फिर सो गये। सर्वत्र विधर्मियों की वृद्धि हो रही है पर हमें चिन्ता नहीं है। यदि हम न जागे तो, दूसरे तो तुरीयावस्था में पहले से ही हैं। सर्वनाश की विद्युत अवश्य निपतित होगी और हम मारे जायेंगे। अस्तु, उठो ऐसा मन्त्र फूंको जिसे श्रवण कर जगती तुम्हारी ओर देखे। मृत भी अमृत हो उठे। सर्वत्र आशा की हरियाली लहलहाने से लगे। निराशा भाग जाए। लेखराम की लेखनी, श्रद्धानन्द की शूरता, दर्शनानन्द की शास्त्रार्थसंगरता, स्वामी सर्वदानन्द की त्यागवृत्तिता, रामप्रसाद बिस्मिल का देशानुराग, शुक्रराज जी शास्त्री की अटल प्रतिज्ञा तथा लाला लाजपतराय की प्रलयंकारिणी

—शेष पृष्ठ ४३० पर

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

रघुवंशोक्त राजनयिक विचार

लेखक : आचार्य शिवशरण शर्मा, नरेन्द्र भवन, गान्धी मार्ग, दतिया, म० प्र०

महाकवि कालिदास-रचित रघुवंश महाकाव्यमें हमें श्रेष्ठ काव्यके दर्शन तो होते ही हैं, साथही उसमें सामाजिक एवं दार्शनिक तत्त्व भी पर्याप्त मात्रा में दृष्टिगत होते हैं। महाकाव्योंमें कविगण अनेक विषयों का समावेश करते आये हैं। सफल कवि युगका द्रष्टा एवं स्रष्टा दोनों ही होता है। वह समाज के गुण दोषोंका दर्शन करता है, तथा काव्य के माध्यमसे एक मंगलमय लोककी सृष्टि करता है। यही लोक-मंगल-विधान श्रेष्ठ कविताका लक्ष्य भी है। इस मंगल-विधान-हेतु कवि अनेक विषयों की नवोद्भावनायें एवं परिष्कार आदि भी करता है। यद्यपि राजनीति काव्य का विषय नहीं है, तथापि इस मंगलविधान हेतु मंगलमयी राजनीतिकी भी आवश्यकता होती है। कारण कि समाज को सर्वाधिक प्रभावित करनेवाली संस्था राज्य ही है। अतएव काव्योंमें राजनीतिका भी सुन्दर चित्रण अनेकों कवियोंने किया है।

रघुवंश के अन्तगत भी श्रेष्ठ राजनयिक विचारों के दर्शन प्राप्त होते हैं। कालिदासका युग राजतंत्रका युग था। राजतंत्रमें सत्ताके एकही व्यक्तिमें केन्द्रित होने के कारण, साम्राज्यकी भलाई-बुराई, सम्राट् की भलाई-बुराई पर अत्यधिक आश्रित रहती है। अतएव सामाजिक कल्याणकी दृष्टिसे यह अत्यन्त आवश्यक है, कि सम्राट् एक सुयोग्य एवं गुणवान् व्यक्ति ही होना चाहिये। इसीसे महाकवि कालिदासने, आजन्म-शुद्धता, कर्मशीलता, निरलसता, सत्य, निष्कामिता, शास्त्र-ज्ञान, वीरता, शक्ति, त्याग, एवं प्रजाप्रेम आदि को श्रेष्ठ सम्राट्के गुणों के रूपमें वर्णित किया है[1]। उनके अनुसार आदर्श शासक महासागर की भांति होना चाहिये, जिसतक प्रजाकी पहुंच तो सरलता से होसके, परन्तु वह धर्षित न किया जासके, दबोचा न जासके[2]। सम्राट्में प्रजा का नियमन करने का पूर्ण सामर्थ्य एवं साहस होना चाहिये; साथही उसे उस सामर्थ्य का प्रयोग पिताकी भांति प्रजाके हितमें ही करना चाहिये[3]। उसे ज्ञानी होकर भी मौन, शक्तिशाली होकर भी क्षमाशील, एवं त्यागी होकर भी श्लाघा-रहित होना चाहिये[4]। आज के युग में जबकि अत्यल्प ज्ञान होनेपर भी लंबे भाषण देने, शक्तिहीन होकरभी अहिंसादि का उपदेश देने, एवं स्वार्थी होकर भी त्यागी होनेका प्रदर्शन किया जाता है, तब क्या इन तत्त्वोंसे कोई प्रेरणा नहीं ली जासकती? कालिदासके अनुसार सम्राट् इतना उदार होना चाहिये, कि वह श्रेष्ठ विरोधीका भी आदर कर सके। राजा दिलीपको शिष्ट द्वेषी भी सम्मत था[5]। आज केबहुतेरे शासक, अपने प्रतिकूल बोलनेवाले से दुश्मनी ही मान बैठते हैं, भलेही वह लोकोपकारी एवं सज्जन ही क्यों न हो। क्या उदारता की यह कमी ऐसे उच्च पदोंके योग्य समझी जा सकती है? आर्य चाणक्य ने भी शत्रुके श्रेष्ठ गुणों का आदर करने की बात कही है।[5क]

आज प्रजातंत्रका युग है। इसमें अनेक अच्छाईयां होती हैं। कारण कि प्रजातंत्र-राज्यका प्रत्येक व्यक्ति अपने को शासन का अंग समझता है। परन्तु उत्तरदायी व्यक्तियों का बाहुल्य होते हुए भी, राज्य के अनेक विषय तथा स्थल,

१. रघुवंशमहाकाव्य १–५ से १–८

२. वही १–१९ ३. वही १–१७ तथा १८ ४. वही १–२२ ५. वही १–२८; ५क. चाणक्य सूत्र ३०६।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अनजाने तथा उपेक्षित ही पड़े रह जाते हैं। कालिदासके सम्राट् दिलीप, अपने विशाल साम्राज्यकी देखभाल एक पुरीकी ही भांति कर लेतेथे६। शासक की सफलता इसी में समझी जानी चाहिये, कि उसके राज्य के समस्त प्रदेश निरंतर उसकी दृष्टि में रहें। इस हेतु छोटे-छोटे गांवों में जाकर, छोटे-छोटे लोगों से भी सम्पर्क करना होता है। दिलीप ग्रामीणों के मध्य जाते हैं, जंगलों तक में जाते हैं। ग्रामीण प्रेमवश उपहार लेकर दौड़ पड़ते हैं।७ गरीब किसान-मजदूरोंकी स्त्रियां उनके गुणों के गीत गाती हैं।८ आज कई शासकोंको काले झंडे एवं गाली मिलती हैं। क्या ऐसे लोगों को आत्म-निरीक्षण करके अपने प्रजा प्रेम, त्याग, तथा उदारता का लेखा-जोखा करने की आवश्यकता नहीं है? कालिदास के सम्राट् स्ववीर्यगुप्त होकर राज्य में अकेले ही भ्रमण कर सकते थे।९ इसके लिए कितने विश्वास, शक्ति, एवं सूझ बूझ की आवश्यकता होती है, इसका अनुमान किया जा सकता है। ऐसा कर पाना केवल उन्हीं शासकों के लिए संभव है, जिनपर प्रजाकी अपार श्रद्धा एवं पूर्ण विश्वास हो।

कालिदासके अनुसार युक्त-दंडता भी शासक का एक आवश्यक गुण है१०। जिन राज्योंके शासक स्वयं अपराधियों को पालते हों, तथा उनके बचाने हेतु निर्देश तक भेजते हों, एवं जहां जैसा अपराध वैसा दण्ड न दिया जाता हो, वहां की जनता में शान्ति रह ही कैसे सकती है? कालिदासके रघु अपनी युक्त-दण्डता के कारण ही प्रजा का हृदय जीतने में समर्थ हो सके थे। सर्वोच्च शासक को निरलस होकर न्यायव्यवस्था की भी देखभाल करते रहना चाहिए, ताकि वह निर्दोष बनी रह सके। रघुवंशके राजा अतिथि इस बात के आदर्श हैं११।

रघुवंश के अनुसार क्षत्रिय अथवा शासकका लक्ष्य यही होना चाहिए, कि उसका बल आर्तोंकी भय-शान्ति के लिए प्रयुक्त हो१२। क्षत्रियकी सार्थकता इसी में है, कि वह क्षतिसे प्रजाका त्राण करे१३। यदि वह किसीकी रक्षा में नियुक्त है, तो रक्ष्यको विपत्ति में छोड़कर, बिना क्षत हुये वापस लौटना उसके लिये कथमपि उचित नहीं१४। आजके युगमें जिन राज्योंके सीमान्तपर विदेशी शत्रु आये दिन प्रजाके जान-माल पर खतरा करते हों, और शासक केवल विरोध-पत्र भेजकरही शान्त हो जाते हों, क्या उन्हें रघुवंशके ये तत्त्व कुछ सक्रिय एवं ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरणा नहीं देते? रघुवंशके राजा तो ऐसी स्थितिमें अपनेको राज्य एवं प्राणोंका अधिकारी ही नहीं समझते१५।

कालिदास, रघुवंशमें सफल सम्राट् का चित्रण करते हुये कहते हैं, कि उसे न तो अत्यधिक उग्र ही होना चाहिये, और न अत्यधिक कोमल ही। कविके शब्द हैं:— न खरो न च भूयसा मृदुः (रघु१ ८।९)। कालिदासने मृगया, द्यूत, मद्यपान, एवं विषय-परायणताको राज्योन्नतिको बाधाके रूपमें चित्रित किया है१६। कविके अनुसार सम्राट्को अपने से अधिक बलशालीके सम्मुख भी कदापि दीनता नहीं दिखानी चाहिये। राजा दशरथ इन्द्रसे भी कभी दीन वचन नहीं बोले१७। यही शासकका गौरव है, जो प्रभावकी

६. रघुवंश १–३० ७. वही १–४५ ८. वही ४–२० ९. वही २–४ १०. वही ४–८

११. वही १७–३९ १२. वही ८–३१
१३. वही २–५३ १४. वही २–५६
१५. वही २–५३ १६. वही ९–७
१७ वही ९–८

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दृष्टिसे अत्यावश्यक होता है। आजके अनेक राज्यों द्वारा, आये दिन विदेशोंसे धन-सामग्रीकी याचना करना, तथा उनके दवावमें पड़कर अपनी नीतियां वदलना क्या कोई प्रभावोत्पादक कार्य कहे जा सकते हैं ?

रघुवंशके आदर्श सम्राट् के लिये यह आवश्यक है, कि वह सज्जनोंका सुहृद होने के साथ ही, दुर्जनों का नियन्ता भी हो१८। दुष्टों तथा दुश्मनों के समक्ष अहिंसा तथा क्षमाके प्रयोग उन्हें स्वीकार्य नहीं। दुष्टों का दमन, योग्यजनोंका पुरस्करण, एवं देशदशाके ज्ञानके हेतु सम्राटोंके लिये दिग्विजय-यात्रा भी एक आवश्यक साधन थी। ऐसी यात्राओं के समय ये लोग अपनी राजधानी एवं प्रान्तोंकी सुरक्षा का पूर्ण प्रवन्ध करते थे, तथा छः प्रकार की सेनाओंसे युक्त रहते थे१९। इन छः प्रकारकी सेनाओंमें, — १. वंशानुगत सेना, २. वेतन भोगी सेना, ३. मित्रों की सेना, ४. देशके व्यापारियों द्वारा गठित सेना, ५. शत्रु के शत्रुओं की सेना, एवं ६. वनवासियों की सेनायें होती थीं। इनमेंसे अंतिम तीन सेनाओं का गठन तथा उपयोग कर पाना अत्यन्त योग्य शासकका ही कार्य है। आजके आक्रमणोंके युगमें, सुरक्षाकी दृष्टिसे, क्या इस प्रकार के अनुभवोंसे कुछ प्रेरणा नहीं ली जा सकती ? कौटिल्य ने भी इन छः सेनाओंका महत्व वताकर 'औत्साहिक' नामक एक अन्य सेना-प्रकार भी बताया है।१९ क

कूटनीति एवं धर्मनीतिमें से रघुवंशके रचयिता को दूसरी ही अभीष्ट है।२० युद्ध धरतीके लोभसे नहीं, वरन् धर्मार्थ (कर्तव्य रक्षार्थ) ही होने चाहिये। अतएव रघु, विजित राजाओंको विनीत करके ही छोड़ देते हैं। २१ उनका राज्य नहीं लेते। यह भारत का गौरव ही कहा जायगा कि यहां के शक्तिशाली पूर्वज आज से सहस्रों वर्ष पूर्व ही इतने उदार थे। आज तो जनहित की हामी भरनेवाले देश भी, दूसरों की भूमि दबोचनेमें रंचमात्र लज्जा का अनुभव नहीं करते। कालिदासकी सह अस्तित्व की भावनाका सुन्दर परिचय हमें तव मिलता है, जव वे रामादिके पुत्रों द्वारा एकदूसरेकी राज्यसीमाओं के अतिक्रमण न करनेका वर्णन यों करते हैं, कि 'अन्योऽन्यदेश-प्रविभागसीमां वेलां समुद्रा इव न व्यतीयुः' (रघु० १६-२)। अर्थात् परस्पर की सीमायें मिली होनेपर भी उनका रंचमात्र उल्लंघन नहीं किया गया।

सम्राट् की स्वेच्छाचारिता एवं जन-मतकी अवहेलना राजतंत्र का सबसे वड़ा दोष माना जाता है। व्यक्ति-स्वातन्त्र्यकी दृष्टिसे इसे अच्छा नहीं माना जाता। यह तथ्य कालिदासकी दृष्टि से ओझल नहीं था। अतएव उन्होंने रघुवंशके राजाके कर्तव्योंमें प्रजा-हित को विशेष महत्व दिया है। उनके अनुसार श्रेष्ठ सम्राट् को प्रजाके साथ इतने अपनत्वका व्यवहार करना चाहिये, कि साम्राज्यका प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करे, कि मैं सम्राट् का परमप्रिय हूं। सम्राट् अजके राज्यका प्रत्येक व्यक्ति 'अहमेव मतो महीपतेः' (रघु८-८) ऐसा अनुभव करता था। राजा दिलीप भी जो कर ग्रहण करते थे, उसका हजार गुना प्रजा-हित करना अपना कर्तव्य समझते थे २२। वे यद्यपि सर्वोच्च-प्रभुता-संपन्न

१८. वही ९-९ १९. वही ४-२६; १९क. कौटिलीय अर्थशास्त्र ९-२ २०. रघुवंश ४-१०

२१. वही ४-४३ २२. वही १-१८

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

थे, तथापि उनका जीवन स्वार्थ-हेतु न होकर लोककल्याण हेतु ही था। कालिदासके अनुसार सच्चा राजा वही है जो लोकरंजन कर सके २३। जहां तक व्यक्ति स्वातन्त्र्यका प्रश्न है, वहां भी कालिदास पूर्ण सतर्क हैं। रघुवंश के राजा अतिथिसे उन्होने प्रजा को पूर्ण स्वतन्त्रता दिलाई है। इस प्रसंग में कालिदास के शब्द हैं—'प्रजाः स्वतंत्र्यां चक्रे' (रघु. १७.७४)। अर्थात् जनता अपने में पूर्ण स्वतन्त्र थी। इस राजाद्वारा तो पंजरस्थ शुकादिकोंके भी मुक्त किये जाने का वर्णन कालिदास ने किया है२४।

रघुवंश में प्रजाका महत्व तो इतना अधिक वर्णित है, कि एक छोटे से व्यक्ति के कहने पर भी, राम जेसे सम्राट् अपनी धर्मपत्नी तक का त्याग कर देते हैं। कविने भगवान रामके मुंहसे कहलाया है कि, 'लोकापवादो बलवान् मतो मे' (रघु. १४-४०)। भावार्थ यही है, कि लोक-मत अत्यधिक महत्वशाली होता है। रघुवशके वर्णनों से यही ध्वनि निकलतीहै, कि जो राजा लोकमत की अवहेलना करता है, वह अग्निवर्ण की भांति दुर्गति को प्राप्त होता है। प्रजाकी समृद्धि ही राज्यका लक्ष्य होना चाहिये २५। कविके अनुसार राजाको प्रतिदिन मंत्रियोंके साथ मंत्रणा करनी चाहिए २५। स्वेच्छासे निर्णय लेना उचित नहीं। राज्यके उत्तराधिकारका निर्णय भी मंत्रियों तथा सज्जनोंकी सलाह से होना चाहिये। अग्निवर्णकी रानीको इन्हीं लोगोंने सिंहासनासीन कियाथा२६। अस्तु कालिदास शासककी निरंकुशताके पक्षपाती नहींथे। साथही यह भी प्रतीत होताहै, कि वे अयोग्य पुरुषकी अपेक्षा सुयोग्य नारीको भी शासनकी अधिकारिणी समझतेथे। कुशके पुत्र अतिथि ने भी वृद्ध मंत्रियोंकी सलाहसे ही सिंहासन प्राप्त किया था२७। कवि के मतमें स्वभाव एवं संस्कारों द्वारा विनीत होनेपर ही राजपुत्र को युवराज बनाया जाना चाहिये२८। राजा को इस प्रकार रहना चाहिए कि उसके प्रति प्रजा के मनमें विराग या उपेक्षा न उत्पन्न होसके। मरते दमतक कुरसीसे चिपके रहने की बात भी रघुवंशकारको पसन्द न थी। यह बात रघुवंशके प्रायः सभी वृद्ध राजाओं द्वारा वानप्रस्थ ग्रहण करनेके सादर वर्णनसे प्रकट होती है।

कालिदासके अनुसार यद्यपि आश्रयणीयता का गुण बढ़े हुये कोषसे ही संभव है,२९ तथापि उसका उपयोग स्वार्थके लिये नही किया जाना जाहिए। अतएव राजाके गुणोंमें त्याग को विशेष महत्व दिया गया है। रघुवंश-वर्णित यज्ञोंके पीछे भी त्याग एवं वितरणकी भावना विद्यमान है। इन यज्ञोंसे अनेकों विद्वानों एवं गरीबोंकी भलाई संभव थी। सम्राट् रघुने दिग्विजयों से प्राप्त समस्त धनराशि को 'विश्वजित्' यज्ञ द्वारा बांट दिया था३०। यहहै कालिदास का 'आदानं हि विसर्गाय' (वितरणके लिये अर्जन) का श्रेष्ठ आदर्श!

वैसे तो समस्त जनताकी आवश्यकताओंकी पूर्ति राजाको ही करनी चाहिये, परन्तु विद्वानों एवं बुद्धिजीवियोंका तो उसे विशेष ध्यान रखना चाहिये। बुद्धिजीवी वर्ग ही राज्यकी धुरी होता

२३. वही ४–१२ २४. वही १७–२०
२५. वही १७–५० २६. वही २९–५५
२७. वही १७–८ २८. वही ३–३५
२९. वही १७–६० ३०. वही ५–१ तथा ४–८६

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

है। अतएव सम्राट रघु, जिनके पास एक छोटे से विद्यार्थीकी भी पहुंच थी, इस वर्गके प्रति विशेष उदारता बरतते हैं। आजके अनेक राज्योंमें उपेक्षा एवं तज्जन्य परिणाम प्रायः सर्वविदित हैं।

रघुवंशके अन्दर मंत्रगुप्तिको भी विशेष महत्व दिया गया है। यहां तक कि राजाके मनोभावोंका अनुमान तक किसीको न होना चाहिए३२। जहां आये दिन राज्यके रहस्य खुलने से हानियां होती हों, वहां इससे प्रेरणा ली जा सकतीहै। इसी भांति गुप्तचरों का महत्व भी रघुवंशमें अत्यधिक वर्णित है। भद्र आदि गुप्तचरोंके द्वारा महाराज राम लोकस्थितिकी जानकारी निरंतर रखते थे३३। राजा अतिथि ने भी इतने अधिक एवं चतुर गुप्तचर नियुक्त कर रखेथे, जो आपस में परिचित न थे३४। राज्य में गुप्तचर व्यवस्था का महत्व आजभी ज्यों का त्यों बना हुआ है।

रघुवंशमें चतुर्विध राजनीति,३५ शक्तित्रय,३६ षड्गुण,३७ एवं राज्यके सप्ताङ्ग३८ आदिका पर्याप्त वर्णन मिलताहै। कविको राजनीतिके साथ वीरताका संयोग भी अभीष्ट प्रतीत होताहै। एक स्थान पर वह कहता है:— 'कातर्यं केवला नीतिः शौर्यं श्वापदचेष्टितम्। अतः सिद्धि समेताभ्यामुभाभ्यामन्वियेष सः॥ (रघु.१७-४७) अर्थात् केवल नीति (कूटनीति) का प्रयोगकरना तो कायरता है, एवं केवल शौर्य का प्रयोग पशुता। अतः योग्य शासक को चाहिये, कि वह इन दोनों के समन्वित रूपकी उपासना करे।

राज्यकी सर्वविध उन्नतिकी दृष्टिसे कालिदास की जो विशेष देन है, वह है ब्राह्मशक्ति एवं क्षात्रशक्ति का समन्वय (यत्र ब्रह्म च क्षत्रञ्च सम्यञ्चौ चरतः सह। वेदप्रतिपादित ब्रह्म और क्षत्र शक्तियों का समन्वय) रघुवंशके राजाओंकी सफलताका कारण थी, शास्त्रोंमें उनकी अकुंठित बुद्धि, एवं साथही धनुषमें चढ़ी हुई प्रत्यंचा ३९। ज्ञान एवं शक्तिका यह सुन्दर समन्वय ही सर्व-मंगल-मूल होता है। ज्ञानरहित शक्ति तो मानवको बर्बरताकी ओर अग्रसर करतीहै, एवं शक्तिरहित ज्ञान निष्क्रियता की ओर। अतएव कालिदासके श्रेष्ठ राजा राज्याश्रमके मुनि कहे गये हैं४०। साथही ब्रह्मर्षि वशिष्ठ, आश्रममें केवल माला ही न ही जपते, वरन् राज्यकी समस्त विपत्तियोंपर दृष्टि रखते हैं, और उन्हें दूर करनेकी शक्ति भी। ऋषि एवं राजा एक दूसरेके पूरक हैं। कालिदासने लिखा है:— वशिष्ठस्य गुरोर्मन्त्राः सायकास्तस्य धन्विनः। किं तत् साध्यं यदुभये साधयेयुर्न संगताः॥ (रघु. १७-३८) अर्थात् जहां मुनिके मंत्र एवं राजाके बाण एकसाथ चलेंगे, वहां असंभव नामकी कोई वस्तु रह ही नहीं सकती।

अस्तु कालिदासके आदर्श सम्राटोंके साम्राज्य में, प्रजाओं का अशुभ कहां? वहां तो कल्याण ही कल्याण है। अतएव रघुके कुशल-प्रश्न पर कौत्स यही उत्तर देते हैं कि, 'नाथे कुतस्त्वय्यशुभं प्रजानाम्?' (रघु. १७-३८) अर्थात् रघु जैसे राजाके राज्यमें प्रजाका अशुभ संभव ही नहीं। कालिदासके अनुसार तो सम्राट् होने योग्य महापुरुषों के जन्म, तुच्छ स्वार्थोंके लिए न होकर लोकाभ्युदयके ही लिए हुआ करते हैं४१। ऐसे सम्राटोंके समृद्ध राज्य एवं स्वर्गमें अन्तरही क्या है ४२? अस्तु संक्षेपमें, यह है, रघुवंशमें चित्रित कालिदास के कल्याणकारी राज्यकी सुन्दर रूपरेखा।

—०—

३१. वही ५—३ ३२. वही १—२०
३३. वही १४—३१ ३४. वही १७—५१
३५. वही १७—६८ ३६. वही १७—६३
३७. वही १७—६७ ३८ वही १—६०
३९. वही १—१९ ४० वही १—५८
४१. वही ३—१४ ४२. वही २—५०

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ओ३म्

देवनागरी का महत्त्व

लेखक—मुनि देवराज विद्यावाचस्पति
गुरुकुल झज्जर, रोहतक

संस्कृत भाषा अथवा देव भाषा देवनागरी अक्षरों में ही लिखने की प्राचीन रीति है। बङ्गाल, गुजरात, कश्मीर, बम्बई, मद्रास, पञ्जाब, युक्त प्रान्त, मध्यप्रदेश और मध्य हिन्द आदि प्रदेशों में संस्कृत भाषा के ग्रन्थ देवनागरी अक्षरों के सिवाय अन्य किसी प्रादेशिक लिपि में बहुधा लिखे और छापे नहीं जाते। इसलिए देवनागरी लिपि भारतवर्ष की सर्वप्रधान देशव्यापिनी लिपि समझी जाती है। देवनागरी वर्णमाला की सरलता और उपयोगिता में किसीको सन्देह नहीं है। देवनागरी अक्षरों में व्यवहार करने में किसीको कठिनाई नहीं पड़ती इसीलिए बम्बई, पंजाब और मद्रास के विश्वविद्यालयों में संस्कृत के प्रश्नों का उत्तर देवनागरी अक्षरों में ही लिखा जाता है। इतना ही नहीं ब्रह्मा और सिलोन में पाली भाषा के ग्रन्थ देवनागरी अक्षरों में ही छपते हैं। मराठी, गुजराती और गोरखी आदि कई भाषाओं के अनेक समाचार पत्र देवनागरी अक्षरों में ही छापकर प्रकाशित किये जाते हैं।

थोड़े दिन हुये कि प्रयागस्थ "प्रवासी" पत्र के सम्पादक बाबू श्री रामचन्द्र चट्टोपाध्याय एम० ए० ने "चतुर्भाषी" नामक एक पत्र प्रकाशित करने का उद्योग किया था, जिसमें बंगला, मराठी, गुजराती और हिन्दी चार भाषाओं के लेख देवनागरी लिपि में छापकर प्रकाशित करने का विचार किया था, परन्तु कई कारणों से आपकी वह मंगलकामना पूरी नहीं हो सकी। अनेक दूरदर्शी और सुयोग्य अनुभवी विद्वानों की सम्मति है कि भारतवर्ष भर में केवल देवनागरी लिपि का ही प्रचार होना चाहिये। इस विषय के अनेक लेख सामयिक पुस्तकों और समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुके हैं। हाल ही की बात है कि कलकत्ता यूनिवर्सिटी इन्स्टीट्यूट में माननीय जस्टिस शारदा चरणमित्र महोदय ने एक लेख सुनाया था, वह लेख प्रयाग के "इण्डियन रिव्यू" नामक पत्र में छपा था, जिसका पूरा अनुवाद कलकत्ते के "भारतमित्र" में एप्रिल सन् १९०५ ई० की दो संख्याओं में मुद्रित हो चुके हैं। उस सारगर्भित लेख में दिखलाया गया है कि देवनागरी लिपि हिन्दुस्तान भर की लिपियों में सर्वश्रेष्ठ है। (वदञ्व) और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि पृथ्वी भर में देवनागरी के समान शुद्ध लिपि कोई नहीं है। भारतवर्ष में छापे की कल जारी होते ही बम्बई, कलकत्ता और काशी आदि नगरों में संस्कृत के अच्छे अच्छे ग्रन्थ देवनागरी अक्षरों में ही छपे, इससे स्पष्ट है कि भारतवर्षभर में ये ही अक्षर सबसे अच्छे समझे गए हैं। हिन्दुस्तान भर में जितनी लिपियां जारी हैं, उन सब में देवनागरी सबसे सुगम, सुन्दर और अधिक फैली हुई है, और यही अधिक फैल सकती है। उक्त लेख प्रकाशित करने के पश्चात् भारतमित्र के सुयोग्य सम्पादक महोदय ने ता० २९ एप्रिल की संख्या में "एक लिपि की जरूरत" शीर्षक लेख में जस्टिस मित्र महोदय के लेख का अनुमोदन करते हुए लिखा है कि भारतवर्ष के कई प्रान्तों में देवनागरी अक्षरों की ही प्रधानता है। युक्त प्रदेश में देवनागरी अक्षर जारी है। पञ्जाब में सिक्खों के समय गुरुमुखि अक्षर जारी हो गये हैं, परन्तु उनमें केवल सिख धर्म की पुस्तकें

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ही छपती हैं। परन्तु पुस्तकें वहां भी देवनागरी अक्षरों में ही छपती हैं और इन्हीं अक्षरों की वहां प्रधानता है। कश्मीर में सैकड़ों वर्षों से देवनागरी लिपि चली आती है। पञ्जाब में भी गुरुमुखी अक्षर बहुत थोड़े लोग लिखते हैं, वह अक्षर देवनागरी अक्षरों से ही बने हैं और उनसे मिलते-जुलते हैं। लिखने में वह देवनागरी से सुगम भी नहीं है। साथ ही यह हर्ष का विषय है कि सिख धर्म के ग्रन्थ भी लाहौर आदि नगरों में देवनागरी ही में छपने लगे हैं। परन्तु अब भी संस्कृत के सब ग्रन्थ उनकी लिपि में नहीं छापे गए हैं। वेदादि ग्रन्थ अभी देवनागरी लिपि में हैं। स्वर्गीय ईश्वरचन्द्र विद्यासागर महोदय ने अपनी व्याकरण कौमुदी चार भागों में तैयार की हैं, पहिले तीन भाग बङ्गाक्षर में छपवाये हैं, पर चौथे भाग के सूत्र देवनागरी में छपवाए हैं, और उनकी व्याख्या बङ्गाक्षरों में ही है। राजा सर राधाकान्त देव का सुप्रसिद्ध कोष "शब्द कल्प द्रुम" देवनागरी अक्षरों में ही छपा है। पण्डित जीवानन्द विद्यासागर ने कलकत्ते में बहुत से संस्कृत ग्रन्थ देवनागरी अक्षरों में छापे हैं। इन सब बातों से बंग देश में भी देवनागरी अक्षरों की आवश्यकता स्पष्ट प्रतीत होती है। माननीय जस्टिस मित्र महोदय का कहना है कि सारे भारत में देवनागरी लिपि होनी चाहिये। इस बात का और स्पष्ट प्रमाण है कि बंगाली सज्जन भी देवनागरी अक्षरों को सबसे आवश्यक समझते हैं। बंगाली विद्वानों की देवनागरी से केवल सहानुभूति ही नहीं है किन्तु वही देवनागरी अक्षरों के प्रचार के अगुआ कहे जा सकते हैं क्योंकि सबसे पहिले इस बात का प्रस्ताव किया है कि देवनागरी अक्षर सम्पूर्ण भारतवर्ष के अक्षर बनें। कई विद्वानों ने जस्टिस मित्र महोदय के लेख का अनुमोदन किया। ता०५वीं श्री वेंकटेश्वर समाचार में 'भारत व्यापी लिपि' शीर्षक वाले लेख का अभिप्राय है कि यूरोपीय एक लिपि तथा मुसलमान राज्यों की एक लिपि की तरह भारतीय एकलिपि देवनागरी होनी चाहिये। तभी हमारी साहित्यिक, राजकीय, सामाजिक तथाव्यावहारिक लाभ की संभावना है: पाली लीपि राजा अशोक के समय से प्रचलित देवनागरी लिपि है। राजा अशोक की धर्मज्ञाओं की भाषा पाली से मिलती हुई होने के कारण उनकी लिपि का नाम पाली रखा गया था। वास्तव में यह लिपि देवनागरी का पूर्वरूप ही है। यह बात "प्राचीन लिपि माला" से विदित होती है। इससे स्पष्ट है कि देवनागरी अक्षर पाली भाषा में कई सौ वर्ष पहिले अलंकृत किये जाते थे। अंग्रेजी ग्रन्थकारों ने पता लगाया है कि मुसलमानी राज्य में अरबी फारसी लिपि की प्रधानता रहते हुए भी मुसलमानी सिक्कों पर देवनागरी अक्षर दिये जाते थे। युक्त प्रान्त की प्राकृत लिपि देवनागरी है इसलिए सन् १८९९ ई० में इस प्रान्त के न्याय शील लेफ्टिनेंट गवर्नर सर एण्टोनी मेकडानल साहब ने यहां के न्यायालयों में देवनागरी लिपि के प्रचार की आज्ञा दी थी, जो तारीख २१ एप्रिल के गवर्नमेंट एजेन्डा में छापी गई थी। खेद की बात है कि कर्मचारियों की उपेक्षा से अदालती देवनागरी की दुर्गति हो रही है। अब तक हमारे बहुत से देशीय भाइयों का देवनागरी लिखना-पढ़ना ही भयानक अवस्था में है। परन्तु मध्यप्रदेश और बिहार के न्यायालयों में देवनागरी का पूर्ण प्रचार है। मध्यभारत, इन्दौर, ग्वालियर, धौलपुर, रीवां, बुन्देल खण्ड—चरखारी पन्ना, अजै-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गढ़, दतिया, टीकमगढ़, छत्रपुर, बीजापुर, और मैहर आदि देशी राज्यों के न्यायालयों में देवनागरी का प्रचार है। इनके सिवाय और भी अनेक देशी राज्यों में देवनागरी लिपि में काम लिया जाता है।

सरकारी रिपोर्टों से विदित है कि देवनागरी लिखने पढ़ने वालों की संख्या सब प्राकृत लिपियों के लिखने पढ़ने वालों से बहुत बढ़ी हुई है। अंग्रेजी अक्षरों की अनुकरणीय मनोहरता को छोड़कर शेष सब लिपियों से देवनागरी लिपि मनोहर है। अतः सरकार को शीघ्रता से यह (भाषा) लिपि सारे भारत में लागू कर देनी चाहिये।

---o---

बुद्ध और शंकर

तथागत !
तथ्यतः तथा-आगत हो तुम !
वस्तुतः तथा-गत हो तुम,
जैसे आये वैसे गये,
या जैसे थे वैसे आये,
अथवा 'तथा' को
तथ्यतः जान चुके तुम !
सुगत !
मानव का करुण-रोदन,
जरा-व्याधि-दुःख-मरण,
एक प्रश्न चिन्ह था–
तुम्हारे सम्मुख !
तुम्हारा दर्शन-'दुःख-निरोध'
मानव का दर्शन है।
मानवता का दर्शन है।

शंकर !
'एकमेवाद्वितीयम्' के–
पूजारी तुम !
तुम शं–कर नहीं;
तंगकर हो !
क्योंकि–
तुमने युक्ति जाल से
दार्शनिकों को
तंग किया;
तुम्हारे दर्शन में
मानव को स्थान नहीं।
श्रुति के रोदन से–
व्यथित तुम्हें
मानव का रोदन
एक विभ्रमसा लगा !

महापुरुषों ने
मानवता की पूजा की,
फूलों से; रोटियों से नहीं।
पर मानव रोटी खाता है !
फूल नहीं।

'श्री अभेदानन्द'

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गतांक से आगे)

अग्न्याधेय

श्री अभयदेव, १५, त्रिलोकनगर, अजमेर

६ अग्निमन्थन

निष्टपन–तैब्रा (१.१ ९ ९) तथा का के अतिरिक्त श्रौतसूत्रों में उषाकाल के कुछ ही पूर्व अध्वर्यु द्वारा ब्रह्मौदनिकाग्नि पर अरणियों के निष्टपन१ का विधान है। इस कर्म को मा, वा ने अरणियों में 'अग्निसमारोपण' कहा है। इस कर्म२ से ब्रह्मौदनिकाग्नि का अरणियों में प्रवेश कराया जाता है।

कौ के अनुसार इस समय ब्रह्मा चिति, आदि आथर्वण, तथा कपुः, विपर्वा, रौदाका, वृक्कावती, नाडा और निर्दहन्ती, इन आंगिरस पदार्थों से पवित्र जलों का सम्पादन करके 'चातन, मातृ' और 'वास्तोष्पत्य' मंत्रों से जल का अभिमंत्रण करता है।

ब्रह्मौदनिकाग्नि को या तो उपशांत कर दिया जाता था, या उसे ही अन्वाहार्य-पचनायतन में आहित कर दिया जाता था। का को ये दोनों विकल्प स्वीकार हैं, जबकि बौ अग्नि का एक सत में संवाप करके उसे संप्रति दक्षिण की ओर जलता हुआ रखने के पक्ष में है। अन्य श्रौतसूत्र अग्नि का अनुगमन (=उपशमन,संहार) करते हैं। स, वै के अनुसार अग्नि का अभिमंत्रण३ करके उसका अनुगमन करना चाहिये। उपशांत अग्नि की भस्म का उद्वहन ('अपोहन, अपोद्वहन, उद्धरण') कर दिया जाता था। तैब्रा (१.१.९.९) के अनुसार ब्रह्मौदनिकाग्नि में निष्टपन से उसकी संवत्सरसंपत्ति को प्राप्त अरणियों का उसी स्थान पर मंथन किया जाना, जहां वह स्थापित था, ही ब्रह्मौदनिकाग्नि को आधेय अग्नि के रूप में अविच्छिन्न भाव से संतत रखता है।

संभाराहरण–संभरण : बौ, आप ने पूर्व से एकत्र संभारों का अध्वर्यु द्वारा वेदि पर समंत्रक४ आहरण और संभरण विधान का विधान किया है। तदनुसार सिकता–आहरणार्थ वैश्वानरस्य—' ऊषा–आहरणार्थ 'यदिदं दिवो—' आखुकरीषाहरण में 'ऊतीः कुर्वाणो—', वल्मीकवपाहरण में 'ऊर्जं पृथिव्याः—', सूदाहरण में 'प्रजापतिसृष्टानां—', वराहविहत–आहरणार्थ 'यस्यरूपं—', शर्करा–आहरणार्थ 'याभिरदृंहज्जगतः—', हिरण्यशकलाहरणार्थ 'अग्ने रेतश्चन्द्रं—' विनियुक्त हैं। बौधायन के मत से हिरण्य के कुल छह शकल होने चाहिएं, तीन सौवर्ण, और तीन राजत। मंत्रपूर्वक आहरण रजतखंडों का विहित है; सौवर्ण खंड तूष्णीं लाने चाहिएं। आप स वै

---

१. मंत्रेण तपनं निष्टपनम् (धूर्त स्वामी)। नितरां तपनम् (महादेव)।

२. निष्टपन और समारोपण में 'जातवेदो भुवनस्य...' (तै ब्रा १.२.१ १५) तथा 'अयं ते योनिः...' (तै ब्रा १.२.१.१६) विनियुक्त हैं। मा ने केवल द्वितीय मंत्र का विनियोग किया है।

३. अग्नी रक्षांसि सेधति...' (तै ब्रा २.४ १.६) से।

४. ये मंत्र तै ब्रा (१.२.१) तथा आप (५.१ ७–५.३.१ तक) में पठित हैं।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

के अनुसार पांच-पार्थिवसंभार-पक्ष में पंचम संभार ताम्र के शकल होने चाहिएं।

वानस्पत्य संभारों के प्रसंग में आश्वत्थ-शकलाहरण 'अश्वो रूपं—' से, औदुंबराहरण 'ऊर्जः पृथिव्या—' से, पार्ण (पालाश) का आहरण 'गायत्रिया—' और 'देवानां ब्रह्मवादं—' से, शमीशकलाहरण 'ययाते—' से, वैकंकताहरण 'यत्ते सृष्टस्य—' से, अशनिहताहरण 'यत्ते तान्तस्य—' से, पुष्करपर्णाहरण 'यत् पर्यपश्यत्—' से करना चाहिए। बौ, वै ने मुंजकुलाय के आहरणार्थ 'या ते अग्न—' का, और बौ ने चित्रियाश्वत्थ के आहरणार्थ 'चित्रियादश्वत्थात्—का विनियोग किया है। अंत में अध्वर्यु इन सभी संभारों का 'यं त्वा समभरज्..' से पुनः संभरण (एकत्रीकरण) करता है।

आयतन कर्म : आयतनसंबंधी प्रत्येक कर्म गार्हपत्यायतन, अन्वाहार्यपचनायतन, आहवनीयायतन, सभ्यायतन, आवसथ्यायतन, इस क्रम से करना चाहिए। केवल वा, और का इस क्रम में द्वितीय और तृतीय स्थान पर आहवनीयायतन तथा दक्षिणायतन का क्रमशः ग्रहण करते हैं।

वै के अनुसार यजमान पांच वा तीन अग्नियों के आधान करने का संकल्प१ करता है। बौ, वै के अनुसार आयतनों का गोमय से क्रमशः परिलेप२ करना चाहिए। कौ के अनुसार ब्रह्मा जुते हुए खेत की मिट्टी और वल्मीकवपा का आस्तरण करके अभिलेपन करे। वै के अनुसार आयतनों का संमार्जन३ करके' उनका जल से अवोक्षण४ करना चाहिए। फिर अध्वर्यु आयतनों के परितः दर्भों का संन्यसन५ करे।

भूमि के ऊपरी भाग में अभिष्ठित वा अभिष्ठ्यूत कोई अंश हो तो उस अमेध्य अंश के पृथक्करणार्थ तैब्रा और श ने आयतनों के उद्धनन६ ('उल्लेखन'–श) का विधान किया है। वै इस कर्म को, जो सुवर्ण वा रजत के किसी साधन से करना चाहिए, 'खनन' कह कर, 'ब्रह्म जज्ञानं..' (तै ४.२.८२) तथा 'पूतं ह्यतन.' से प्रादेशमात्र दीर्घ तीन रेखाएं पश्चिम से पूर्व पर्यंत और तीन दक्षिण से उत्तर पर्यंत उल्लेखन करने का विधान करता है। मा, आप, स के अनुसार अवोक्षण मंत्र७ से पर वै के अनुसार सावित्री मंत्र से उद्धत आयतनों का जल से अवोक्षण करना चाहिए८।

---

१. 'पञ्चधाग्नीन् न्यक्रामत्...' से। इस मंत्र का कृत्स्न पाठ उपलब्ध वैदिक वाङ्मय में अनुपलब्ध है। तीन अग्नियों के आधान-पक्ष में 'इदं विष्णुः...' संकल्प मंत्र है।

२. वै ने उपलेपार्थ दर्शपूर्णमास प्रकरण-गत 'शुन्धध्वं..देवयज्यायै' (तै १.१.३.१) का विनियोग किया है।

३. 'अपेत वीत..' मंत्र से।

४. 'रक्षोहणं..' (तै १.२.१४.६) तथा एतो न्विन्द्रं' से। कुछ आचार्य 'शन्नो देवी.' का अवोक्षण में विनियोग करते थे।

५. 'मयि देवाः..' (तै ४.७.१४.१) आदि मंत्रों से।

६. मा, स, वै पूर्व आ चुके 'उद्धन्यमानं..' का, पर आप 'अपेत वीत..' (तै ४.२.४.१) का विनियोग करते हैं। मा, वा उद्धनन तूष्णीं करते हैं।

७. अवोक्षण मंत्र 'शन्नो देवी.' है। 'तत् सवितुः..' मंत्र का वै-उक्त विनियोग असमीचीन है। मा, वा, का अवोक्षण तूष्णीं करते हैं।

८. बौ इस समय उद्धननावोक्षण का विधान नहीं करता। ये आयतननिर्माण के समय तदनुसार हो चुके हैं।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अवोक्षण का प्रयोजन, जैसा कि तैब्रा ने लिखा है, उद्धत–आहत भूमि की मिट्टी का शमन करना है। यह भैषज्य कर्म है। जल से ही भूमि अन्न वा अन्नाद्यरूप समृद्धि को उत्पन्न करती है। उत्पत्तिकर्म बिना मिथुन वा युग्म के संभव नहीं होता। स्त्री-पुंभाव, वा योषा-वृषा के मैथुन से ही प्रजनन कर्म होता है। सर्जन कर्म में जल का सहयोगी अग्नि है। जल योषा है, तो अग्नि वृषा है। जगत् में सर्वत्र यही योषा-वृषा–मैथुन का नियम विभिन्न रूपों में काम कर रहा है। वृषा रेतः सेक करता है; योषा उसे ग्रहण करके उत्पादन करती है। यज्ञरूप सृष्टिकर्म में सर्वव्यापक, इस नियम का अनुकरण करने के लिए अध्वर्यु जल का अभ्युक्षण करके, जल-रूप योषा को, आधेयकर्म द्वारा अग्नि से संयुक्त कर देता है। 'आपः' का अर्थ है व्यापक। सृष्टि के मूल में, आप्तिधर्म वा साम्यावस्था है। पंचभूतों की अविक्षुब्ध साम्यावस्था को 'आपो लोक' कहा गया है। श का कथन है कि यह सब भौतिक वितान आपों से अर्थात् पंचभूतों की आप्त्यवस्था से व्याप्त है, संगृहीत है। आपः में किसी अवाङ्मनोगोचर हेतु से जब क्षोभ होता है तो आपः में अंतर्लीन आग्नेय परमाणु शनैः-शनैः एकत्र होकर अंगिरा वा ज्योतिष्केन्द्र के रूप में उद्भूत होने लगते हैं। आपः में आग्नेय परमाणुओं का परस्पर मंथन होकर सूर्य–जैसे किसी अग्निपुंज हिरण्यगर्भ का निर्माण होता है तथा आपः में सुगुप्त साध्य देव 'सिद्ध' देवों की अवर-व्यक्त कोटि में आ जाते हैं। मंथनोद्भूत हिरण्यगर्भ भी साद्यंत आपस्तत्त्व से परिवृत रहता है। अग्नि का आवरण है आपः। अतः इस यज्ञकर्म में भी आयतनरूप केन्द्र में उत्पाद्यमान अग्नि को सदा आपः से आवृत रखने की भावना से, पारमैष्ठ्य आपौलोक के अनुकरण पर, प्रथम आपः से अग्नि को व्याप्त करके, अनंतर अग्निजन्म संपन्न किया जाता है।

वै के अनुसार 'शन्नो देवी..' से संभारों का प्रोक्षण करके अब का के अनुसार यजमान द्वारा अध्वर्यु का अन्वारमण करने के अनन्तर अध्वर्यु वै, का के अनुसार आयतनों में हिरण्यशकल का निधान करता है। श, का के अनुसार जल के अनंतर हिरण्य द्वितीय संभार है। का के अनुसार कुछ आचार्य हिरण्यनिधान संभारनिवापानंतर करते थे। स, वै ने अब खर–वा स्थंडिलहोम का विधान किया है[1]।

वै के अनुसार वानस्पत्य संभारों के पश्चात् पुनः सुवर्णोपासन कर्म संमत्रक किया जाता था। तैब्रा, भा, स पार्थिव संभारों के पश्चात् हिरण्योपासन करते हैं, पर आप वानस्पत्य संभारों के। बौ, मे, मा, वा, काठ, कपि अरणिमंथनोपरांत, अग्न्याधान से पूर्व हिरण्योपासन का विधान करते हैं। हिरण्यशल्कोपासन बौ 'स्वया तनुवा संभव..' से, भा, आप, स, वै 'यास्ते शिवास्तन्वो..' (काठ ७.१३.७४) से करते हैं, पर मा गार्हपत्य, अन्वाहार्यपचन और आहवनीय आयतनों में क्रमशः––

'यत् पृथिव्या अनामृतं संबभूव त्वे सचा।
तदग्निरग्नये ददत् तस्मिन्नाधीतामयम्।'

'यदन्तरिक्षस्यानामृतं..' और 'यद्दिवो..' से करता है।

पूर्व अवोक्षण-प्रकरण में आपः और अग्नि में योषा-वृषा संबंध बताया गया था। आपः वस्तुतः वारुण हैं; वे वरुण की पत्नियां[2]–वरु-

१. 'उद्वयं..' (तैब्रा २.५.८८), 'उदुत्यं..', चित्रं देवानां..' (तैब्रा ४.१.७.४) से।
२. आपो वरुणस्य पत्न्य आसन् (तैब्रा १.१.३.८)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

णानीः—हैं। आपः से अग्निसंयोग होने पर वे 'सुपत्न्यः' बनती हैं। 'सु' उपसर्ग का संकेत सौराग्नि की ओर है। आपोलोक के मन्थन से जो अग्नि-केन्द्र उद्भूत होता है उसके संबंध से वारुण आपः, जो अब विक्षुब्ध आग्नेय परमाणुओं से युक्त हैं, 'आग्नेयी' हो चुकी है। अतः उन्हें 'सुपत्न्यः' कहना युक्त है। आपः में व्याप्त आग्नेय परमाणु अग्नि का 'यश'—महिमा हैं; 'देवरेतस्' हैं—इन्हीं से देवों का जन्म होगा३। इस रेत को 'हिरण्य'४ कहा गया है। भौतिक धातु हिरण्य भी वर्ण से तथा जन्म से आग्नेय होता है। अतः उसे आग्नेय तेज५—रेतस्—परमाणुओं—का प्रतीक मान लिया गया है। अग्नि का 'रेत' वा 'तेज' ही हिरण्य है; वही अग्नि के 'यश' विस्तार, वा व्याप्ति का कारण है। हिरण्योपासन करके अग्न्याधान का अर्थ है तेजस्वी, रेतस्वी, यशस्वी अग्नि का आधान करना। तैत्ति—शाखा के श्रौतसूत्रों तथा वा के अनुसार हिरण्योपासन संभारों के उत्तर में, आधेय अग्नि के निधानस्थान से परे, किया जाता था जबकि मा संभारों पर हिरण्योपासन करता है। आप, वै के अनुसार 'चन्द्रमग्नि..' से अध्वर्यु उपास्त शकल का अभिमंत्रण करता है। स इस मंत्र से आगे रजतादि-प्रदान का अनुमंत्रण करता है। अपने रेत के स्पर्श से मनुष्य जुगुप्सा अनुभव करता है। तैब्रा के अनुसार यह इसकी अनुकृति थी। कीमती धातु होने से हिरण्यखण्ड को बाद में पुनर्ग्रहण कर लिये जाने की सुविधा की दृष्टि से उसे उत्तर में पृथक् रख देते थे। कृष्णयजुर्वेदीय वाङ्मयानुसार हिरण्योपासनानंतर यजमान द्वारा एक रजतशकल का अतिप्रदान-रूप अभिचारकर्म किया जाता था जिसका पात्र बौ के अनुसार कोई वृषल वा कोई भी अज्ञात पुरुष, पर भा, आप, स, वै, मा, वा के अनुसार यजमान का कोई द्वेष्य शत्रु होता था। काठ (८.५), कपि (७.१) के अनुसार रजत भी हिरण्यरूप है, पर वरुणानी आपः का अग्निसंभवकाल में सिक्तरेतस्थानी होने से, तथा दुर्वर्ण और गर्भ के मलरूप होने से वह निरसन करने योग्य है। रजतप्रदान मानों तैब्रा के अनुसार, यजमान द्वारा स्व आर्तियों को अन्य को सौंप देना है। यदि यजमान का कोई शत्रु न हो तो रजतशकल को दूर फेंक देना चाहिए। स, वै के अनसार उसका पुनरादान निषिद्ध है।

(क्रमशः)

३. अथ यशो देवरेतसं हि तत् (श २ १ १.५)। तैब्रा (१.१.३८), काठ (८ ५), कपि (७.१), श (२.१ १.५) ने इस तथ्य को समझाने के लिए एक कथा कल्पित की है।

४. रेतो हिरण्यम् (तैब्रा ३.८ २ ४), अग्ने रेतो हिरण्यम् (श २ २ ३.२८), अग्नेर्वा एतद्रेतो यद्धिरण्यं नाष्ट्राणां रक्षसामपहत्यै (श १४.१ ३.२९)। श (२ १.१ ५), तैब्रा (२.१.३ ८) भी द्रष्टव्य।

५. हिरण्यं वा अग्नेस्तेजः (मै १.६.४)। तस्य रेतः परापतत्। तद्धिरण्यमभवत् (काठ८.५, कपि ७.१)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सीमा के प्रति

श्री सालिकराम शर्मा "विमल"
स्थान–पंडिला, पो० इस्माइलगंज, जिला–इलाहाबाद

(१)

यह सोमा अपनी नहीं त्रिपथगा से कम है।
है नहीं रंच कम गीता से, गोमाता से ॥
यह सीता है, दमयंती है, सावित्री है।
कम नहीं रंच भी है यह शैल सुजाता से ॥

(२)

तब हम इसका कैसे सह लेंगे तिरस्कार।
कैसे हम एक सती का सत लुटने देंगे ॥
हम हर कीमत में इसका शील बचायेंगे।
पर खुशी-खुशी से शीशों को कटने देंगे ॥

(३)

जिस गंगा का जल रोज चढ़ाते मस्तक पर।
उसको हम कैसे नालों में बहने देंगे ॥
है नहीं सुहाता हमें आंख फूटी से जो।
उसके कर में हम क्यों सोमा लगने देंगे ॥

(४)

हम फिर कहते हैं जो सोमा पर आयेगा।
हम उसके मुंह पर कड़ा तमाचा जड़ देंगे ॥
हम फिर कहते हैं जो हमसे टकरायेगा।
हम उसके मुंह पर झापड़ भी तड़ तड़ देंगे ॥

(५)

हम नहीं तोप से डरते हैं बम, गोलों से।
है नहीं रंच भी भय हम को तलवारों का ॥
हम नहीं टैंक की मारों से घबराते हैं।
है नहीं हमें डर परदेशी हथियारों का ॥

(६)

ईंटों से ईंट हिला देंगे हम दुश्मन की।
यदि किया दुबारा शत्रु ने छेड़बाजी हम से ॥
नापाक इरादों को हम देंगे धूलि मिला।
यदि भिड़ा घमंडी, नीच और पाजी हमसे ॥

(७)

जिस तरु को हमने खून पसीने से सींचा।
उस तरु को कैसे सहज काटने देंगे हम ॥
हो जायं भले शतखंड हमारी काया के।
पर अरि को सोमा नहीं झांकने देंगे हम ॥

(८)

हमको तो है विश्वास भरोसा निज बल का।
है हमें घोर विश्वास स्वयं की बाहों पर ॥
हमको तो है विश्वास लगन पर, निष्ठा पर।
है हमें घोर विश्वास देश-हित चाहों पर ॥

(९)

हम शांति चाहते और शांति के प्रेमी हैं।
हम सत्य अहिंसा के भी अंध पुजारी हैं ॥
हम समता के, बन्धुत्व विश्व के इच्छुक हैं।
हम क्रोध, दोष, मद, लोभ, मोह अपहारी हैं ॥

(१०)

पर इसके माने नहीं कि हम सह लेते हैं।
दुश्मन की खोटी, ओछी, नीति कुचालों को ॥
हम किन्तु ईंट का उत्तर देते पत्थर से।
अपने दुश्मन को, हानि चाहने वालों को ॥

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल-समाचार

श्री सूर्यप्रकाश विद्यालंकार (प्रतिष्ठित)

ऋतु-रंग

बसन्त के मधुमास में आम्रतरु प्रफुल्लित हो उठे हैं। बौर में धीरे-धीरे फल का प्रस्फुटन होने लगा है। विनम्रता की प्रतीक उनकी झुकी हुई शाखाएं हैं। समस्त प्रकृति अपने प्रसाधन के लिए नाना रुचिकर साधनों का अन्वेषण कर रही है। इसे देखकर 'ऋतु-संहार' का श्लोक स्मरण हो उठता है। जिसका भावार्थ है—'प्रदीप्त वह्नि के सदृश, पवन से आन्दोलित सब ओर लदे फूलों से पलाश-द्रुमों के द्वारा आच्छादित इस बसन्त समय में भूमि लाल चूनरी ओढ़े नवोढ़ा सी लगती है।'

वार्षिक-परीक्षा

प्रथम मार्च से विश्वविद्यालय की वार्षिक-परीक्षा प्रारम्भ हुई। इसमें लगभग ३५० छात्र विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित हुए। गुरुकुल भैंसवाल (रोहतक) के लगभग ५० छात्र यहां परीक्षा देने के लिए आये। इस प्रकार विश्व-विद्यालय तथा तत्सम्बन्धित केन्द्रों की परीक्षाएं २३ मार्च तक सुचारु रूपेण समाप्त हुईं। हम प्रत्येक परीक्षार्थी की सफलता की पूर्ण आशा करते हैं।

विदाई-समारोह

गुरुकुल विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों के एम ए. प्रथम वर्ष के छात्रों ने विभागीय रूप से द्वितीय वर्ष के छात्रों को विदाई दी। गुरुजनों ने विदाई समारोह पर अपने शिष्यों को कहा कि आप सब इस ज्ञान को ही पर्याप्त न समझें। यह ज्ञान तो ज्ञान-सागर में प्रवेश करने के लिए योग्यतामात्र है।

प्रथम-वर्षीय छात्रों ने द्वितीय-वर्ष के छात्रों के प्रति भावी जीवन के लिए शुभ-कामनाएं प्रकट कीं तथा उत्तर में द्वितीय वर्ष के छात्रों ने गुरुओं द्वारा प्रदीप्त दीप को सदा देदीप्यमान करने का आश्वासन दिया।

इतिहास विभाग द्वारा आयोजित विदाई समारोह में सर्वप्रथम प्रथम-वर्ष के छात्रों द्वारा विदा होने वाले छात्रों का अभिनन्दन किया गया। गुरुजनों की ओर से प्रो० जिनेन्द्रचन्द्र जी, प्रो० राजगोपाल जी, प्रो० सुखदेव जी, पं० धर्मपाल जी, प्रो० हरिदत्त जी तथा श्री आचार्य प्रियव्रत जी ने आशीर्वाद के साथ-साथ उनसे कहा कि वे सदैव गुरुकुलीय आदर्शों को अपने सम्मुख रखें। प्रथम-वर्ष के छात्रों की ओर से श्री जबरसिंह सैंगर ने प्रत्युत्तर दिया।

१२ मार्च को संस्कृत विभाग के प्रथम-वर्ष के छात्रों द्वारा द्वितीय-वर्ष के छात्रों को विदाई दी गई। सर्वप्रथम एम.ए. संस्कृत प्रथमवर्ष के छात्र श्री ब्रह्मानन्द वेदालंकार ने विदा होने वाले छात्रों का अभिनन्दन किया। इसके पश्चात् समस्त छात्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यार्थी-सम्पादक श्री सूर्यप्रकाश विद्यालंकार ने विदा होने वाले छात्रों को 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' के साहित्यिक गौरव के समानान्तरित किया। संस्कृत-विभाग के प्राध्यापक

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

आशुकवि प्रो० बुद्धदेव जी ने विदा होने वाले छात्रों को तत्काल रचना रचकर श्लोकरूप में आशीर्वाद दिए। विभागाध्यक्ष प्रो० रामनाथ जी ने छात्रों को सदैव ही आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और ज्ञान के लिए 'नेति-नेति' विशेषण दिया। सुयोग्य आमन्त्रित विद्वान् श्री पं० देवदत्त जी व्याकरणाचार्य ने कहा कि 'आपके ऊपर गुरुकुल का बहुत बड़ा ऋण है।' अन्त में आर्ट्स-कॉलिज के प्रधानाचार्य श्री पं० सुखदेव जी ने विदा होने वाले छात्रों को आशीर्वादात्मक वचन कहे।

आयुर्वेदीय छात्र परिषद्

गत मास छात्र-परिषद् आयुर्वेद महाविद्यालय की ओर से वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की क्रीड़ा, भाषण तथा फैन्सी-ड्रेस आदि अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने उनमें सोत्साह भाग लिया। फैन्सी-ड्रेस-शो भी कला की दृष्टि से पर्याप्त अच्छा रहा। उत्साह-वर्धन के लिए छात्रों को पारितोषिक प्रदान किए गए।

सुयोग्य स्नातक

विश्वविद्यालय के सुयोग्य स्नातक श्री दिलीप जी वेदालंकार एम.ए. कई वर्ष तक निरन्तर अफ्रीका में आर्यसमाज और वैदिक-धर्म का प्रचार करने के पश्चात् कुल-भूमि में गत मास पधारे। आपने यहां आकर अफ्रीका से सम्बन्धित सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक जीवन पर विभिन्न फिल्म-चित्रों तथा अपने व्याख्यान द्वारा प्रकाश डाला। आपका यह विशिष्ट तुलनात्मक अध्ययन सत्यमेव श्लाघनीय है। गुरुकुल के साथ ही साथ समस्त आर्यसमाज आपका आभारी है। हम ईश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि आप सदैव ही इस प्रकार की सेवा में निरत रहें।

ऋषिबोधोत्सव

विश्वविद्यालय में ऋषि-बोधोत्सव पर्व सुचारु रूप से मनाया गया। जिस पर स्वामी दयानन्द जी से सम्बन्धित अनेक शिक्षाप्रद और प्रेरणाप्रद विषयों पर प्रकाश डाला गया।

होली पर्व

१५ मार्च को समस्त गुरुकुल गुलाबी रंग में झूमता नजर आरहा था। सब एक दूसरे से पूर्ण स्नेह से गले मिल रहे थे। लगभग ९ बजे पन्डाल में सब उपस्थित हो गए। वहां पर यज्ञ के पश्चात् एक हास्य-गोष्ठी समायोजित हुई, जिसका शुभारम्भ उपकुलपति आचार्य श्री प्रियव्रत जी ने किया तथा साथ ही साथ श्री गंगाराम जी रजिस्ट्रार, श्री नरेन्द्रपाल जी, श्री ओम्प्रकाश जी, श्री बुद्धि-प्रकाश जी आदि एवं छात्रों की ओर से श्री मदन 'लहरी' श्री पी. एम. बाबु,, श्री शान्तिप्रसाद (आयुर्वेद, २य वर्ष), श्री योगेन्द्र, श्री पुरुषोत्तम दूबे आदि ने हास्यप्रधान रचनाएं प्रस्तुत कीं। सभा की परि-समाप्ति हास्य एवं व्यंग्यपूर्ण वातावरण में हुई।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

प्रतिष्ठित स्नातक

इस वर्ष दीक्षान्त-समारोह पर विश्वविद्यालय के छात्र श्री सूर्यप्रकाश को विद्यालंकार की उपाधि के साथ-साथ प्रतिष्ठित (आनर्स) की उपाधि प्रदान की जा रही है। केवल मात्र इन्होंने ही गवेषणात्मक प्रबन्ध हिन्दी विषय को लेकर लिखा था, जिसमें लगभग ७८ प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साथ ही ये गत चार वर्षों से गुरुकुल-पत्रिका के समाचार स्तम्भ के सम्पादन का कार्य भी कर रहे हैं।

—सम्पादक।

श्रीमान् सेठ पुरुषोत्तमदास जी द्वारा ५०००) का उदार दान

बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि 'मैसर्स देवीचरण पुरुषोत्तम दास, कदमनगर, मिर्जापुर, उत्तर-प्रदेश' के मालिक श्रीमान् सेठ पुरुषोत्तमदास जी ने ५०००) का उदार दान गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को दिया। हम सेठ जी की दान की सुन्दर भावना का स्वागत करते हैं तथा प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें दिन दूना रात चौगुना लाभ प्राप्त होता रहे। श्री सेठ जी का गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की ओर से उदार दान के लिए धन्यवाद है।

श्री विष्णुदत्त राकेश पी-एच० डी० की उपाधि से सम्मानित

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के यशस्वी हिन्दी प्राध्यापक श्री विष्णुदत्त राकेश को जोधपुर विश्वविद्यालय से उनके शोध-प्रबन्ध "आचार्य कुलपति मिश्र व्यक्तित्व और कृतित्व" पर पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त हुई है। डा० राकेश रीति-काव्य तथा भारतीय साहित्यशास्त्र के मर्मज्ञ विद्वान् हैं। उन्होंने प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध में रीति-काव्यशास्त्र के मम्मट आचार्य कुलपति मिश्र की काव्य-प्रवृत्तियों और साहित्यशास्त्रीय उपलब्धियों का मौलिक, प्रामाणिक और गम्भीर विश्लेषण किया है। साथ ही कुलपतिप्रणीत रसरहस्य, युक्तितरंगिणी, दुर्गाभक्ति चन्द्रिका, संग्रामसार, सेवा की वारि, ध्यान लीला, सुरुप-कुरुप संवाद, षड्ऋतु संवाद तथा विषपीयूषसंवाद जैसी अप्रकाशित रचनाओं की शोध करके प्रथम बार व्यवस्थित जानकारी दी है।

शोधप्रबन्ध की प्रशंसा रीतिशास्त्र के अधिकारी विद्वानों ने मुक्त कण्ठ से की है। हम डा० राकेश को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए हार्दिक बधाई देते हैं।

★★★

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

वेदोद्यान के चुने हुए फूल (सजिल्द)	५.००
वेद का राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.००
मेरा धर्म (सजिल्द)	७.००
वरुण की नौका (दो भाग)	६.००
अग्निहोत्र (सजिल्द)	२.२५
आत्म-समर्पण	१.५०
वैदिक स्वप्न विज्ञान	२.००
वैदिक अध्यात्म विद्या	१.७५
वैदिक सूक्तियां	१.७५
ब्राह्मण की गौ (सजिल्द)	.७५
वैदिक ब्रह्मचर्य गीत	२.००
वैदिक विनय (तीन भाग)	६.००
वेद गीतांजलि	२.००
सोम सरोवर (सजिल्द)	२.००
वैदिक कर्त्तव्य शास्त्र	१.५०
सन्ध्या सुमन	१.५०
स्वामी श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३.७५
आत्म मीमांसा	२.००
वै. पशु यज्ञमीमांसा	१.००
सन्ध्या रहस्य	२.००
अथर्ववेदीय मन्त्रविद्या	१.५०
ईशोपनिषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
अध्यात्म रोगों की चिकित्सा	२.५०
ब्रह्मचर्य संदेश	४.५०
आर्य संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
स्त्रियों की स्थिति	४.००
एकादशोपनिषद्	१२.००
विष्णु देवता	२.००
ऋषिरहस्य	२.००
हमारी कामधेनु	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३य भाग	४.५०
बृहत्तर भारत	७.००
योगेश्वर कृष्ण	४.००
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	१.२५
स्वामी दयानन्द का पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५०
अपने देश की कथा	१.३७
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	६.००
एंशियण्ट फ्रीडम	५.७०

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.००
प्रमेह श्वास अर्शरोग	१.२५
जल चिकित्सा विज्ञान	१.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५०
आसवारिष्ट	२.५०
आहार	५.००

संस्कृत ग्रन्थ

संस्कृत प्रवेशिका प्रथम भाग	.८७
संस्कृत प्रवेशिका २य भाग	.८७
बालनीति कथा माला	१.८५
साहित्य सुधा संग्रह	१.२५
पाणिनीयाष्टकम् (दो भाग)	प्रतिभाग ७.००
पचतन्त्र पूर्वार्द्ध (सजिल्द)	२.००
पंचतन्त्र उत्तरार्द्ध (सजिल्द)	२.००
सरल शब्द रूपावली	१.२५
सरल धातु रूपावली	१.६०
संस्कृत ट्रांसलेशन	१.२५
पंचतंत्र (मित्र सम्प्राप्ति)	.७५
पंचतंत्र (मित्र भेद)	१.५०
संक्षिप्त मनुस्मृति	.५०
रघुवंशीय सर्गाष्टकम्	.२५

पुस्तकों का बड़ा सूचीपत्र मुफ्त मंगाइये। धार्मिक संस्थाओं के लिये विशेष रियायत का भी नियम है।

पुस्तक भण्डार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (जि० सहारनपुर)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विशुद्ध आयुर्वेदिक औषधियां सेवन कर
स्वास्थ्य उत्तम करें

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी, हरिद्वार

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालङ्कार । प्रबन्धक : प्रेमदेव ।

प्रकाशक : धर्मपाल विद्यालङ्कार, प्रशासक : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ।

मुद्रक : जी० आर० पाल, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिङ्ग प्रेस, हरिद्वार ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल पत्रिका

सम्पादक
श्री भगवद्दत्त वेदालंकार

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ष : २०
अङ्क : ९
पूर्णाङ्क : २३७

अप्रैल-मई ६८, वैशाख २०२५

DIGITIZED C-DAC
2005-2006

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल-पत्रिका

बैशाखमासः २०२५

अप्रैल-मई १९६८

पूर्णांकः २३७

प्रकाशकः

श्री धर्मपालो विद्यालंकारः

स० मुख्याधिष्ठाता

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य

सम्पादकः—श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः

उपसम्पादकः—श्री प्रो० बुद्धदेव एम. ए.

विषयाः	लेखकाः	पृ० सं०
श्रुति-सुधा		४४९
भवभूतिकालिदासयोः करुणो रसः	श्री विनोदचन्द्रो विद्यालंकारः	४५०
संस्कृतभाषायाः पत्रकारिताक्रमविकाशः	विद्याभूषणः श्री गणेशराम शर्मा	४५५
श्री चैतन्यनीतिशतकम्	"श्री चैतन्यः"	४५९
सदोद्यमः किं न करोति भद्रम्	श्री वैद्य रामस्वरूप शास्त्री	४६०
अग्निसंहिता	श्री अरविन्दः, अनु० श्री जगन्नाथो वेदालंकारः	४६१
साधना	श्री सत्येन्द्रबाबु, अनु० महाकविरामकृष्णभट्टः	४६५
साहित्य-समीक्षा	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	४६७
सम्पादकीय टिप्पण्यः	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	४६८
अग्न्याधेय	श्री अभयदेव, त्रिलोकनगर, अजमेर	४६९
भारत की संस्कृति भारत की एकता की संयोजिका है	श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार, एम.ए.	४७३
उपनिषदों में मिश्रण	श्री शिवपूजनसिंह कुशवाहा 'पथिक'	४७७
गुरुकुल का राष्ट्रीय उत्थान में योगदान	श्री दीनानाथ सिद्धान्तालंकार	४८१
गुरुकुल-समाचार	श्री सूर्यप्रकाश विद्यालंकार (प्रतिष्ठित)	४८७

वार्षिकशुल्कम्
देशे ४), विदेशे ६)

मूल्यं
४० पैसे

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

बैशाख २०२५, अप्रैल-मई १९६८, वर्षम् २०, अङ्कः ९, पूर्णाङ्कः २३७

श्रुति-सुधा

(ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः । देवता—ऋभवः । छन्दः— गायत्री)

सं वो मदासो अग्मतेन्द्रेण च मरुत्वता ।
आदित्येभिश्च राजभिः ।। ऋ० १।२०।५

हे ऋभुओ ! (वः) तुम्हारे (मदासः) विद्याविलास (इन्द्रेण मरुत्वता) मरुत् अर्थात् दिव्यप्राण वाले इन्द्र के साथ (आदित्येभिः च राजभिः) देदीप्यमान आदित्यों के साथ (समग्मत) संगत होवें ।

ऋत से देदीप्यमान प्रज्ञा रश्मियों का विद्याविलास दिव्य प्राणों से युक्त और इन्द्र (दिव्य मन) के साथ होना चाहिये या मस्तिष्क में विद्यमान आदित्यों अर्थात् बौद्धिक केन्द्रों के साथ । बहिर्मुखीवृत्ति व बाह्य भौतिक जगत् में विचरण इन के अधःपतन का कारण बनता है ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

भवभूतिकालिदासयोः करुणो रसः

(श्री विनोदचन्द्रो विद्यालंकारः एम ए., गुरुकुल कांगड़ी)

काव्ये खलु शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकबीभत्साद्भुतशान्ता नवरसाः। सर्वे कवय आत्ममत्यनुसारमेतेषां रसानां प्रयोगं कुर्वन्ति। केचित् शृङ्गाररसम्, अपरे वीररसम्, इतरे च शान्तरसं मुख्यतयाङ्गीकुर्वन्ति। प्रायशः सर्वेषां कवीनां काव्येषु करुणरसस्य प्रयोगः प्रचुररूपेणाल्परूपेण वाऽवश्यमेव विद्यते। विप्रलम्भशृङ्गाररसोऽपि करुणरसस्याङ्गमस्ति। करुणरसेऽभिनयस्य दर्शनेन यदश्रुपातादिकं भवति, तत्तु चित्तस्य द्रवत्वादेव जायते।

विप्रलम्भशृङ्गारे नायकनायिकयोर्गाढानुरागो भवति, परं तयोः पारस्परिकसम्मेलनं न जायते—
'यत्र तु रतिः प्रकृष्टा नाभीष्टमुपैति विप्रलम्भोऽसौ।'
साहित्यदर्पण ३.१८७

करुणविप्रलम्भशृङ्गारयोरन्तरमिदमस्ति, यदुभयोः स्थायिभावौ भिन्नौ स्तः। करुणरसस्य स्थायिभावः शोको, विप्रलम्भस्य च रतिः। विप्रलम्भे पुनः सम्मेलनस्य आशा भवति—

"शोकस्थायितया भिन्नो विप्रलम्भादयं रसः।
विप्रलम्भे रतिः स्थायी पुनः सम्भोगहेतुकः॥"
सा० द० ३.२२६

परं विश्वविदितमहानुभूतिना अद्वितीयेन नाटककारेण भवभूतिना 'उत्तररामचरिते' विप्रलम्भशृङ्गाररसस्यान्तर्भावं करुणरसे कृत्वा, करुणरस एव मुख्यरूपेण प्रतिपादितः। यतोह्यस्य रसस्य विषये कवेर्दृष्टिकोणमतिविस्तृतमस्ति। स तु प्रधानरूपेणास्यैव कविर्वर्तते। तस्य मते शृङ्गारादयोऽन्ये सर्वे रसाः करुणरसस्यैव विपरिणामाः। तेन स्पष्टमेवोक्तम्—

"एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्
भिन्नः पृथक्पृथगिव श्रयते विवर्तान्।
आवर्तबुद्बुदतरङ्गमयान्विकारा-
नम्भो यथा सलिलमेव हि तत्समस्तम्।"
उत्तर० ३.४७

श्लोकोऽयमुत्तररामचरितस्य मूलमेव। कवेः करुणरसे एतादृशः प्रभावो यद् जडा अपि चेतनतां प्राप्तुं शक्नुवन्ति। उक्तमपि—
"अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्।"

नाटकस्य प्रथमाङ्के चित्रदर्शने हासपरिहासादीनां दृश्यं करुणायाः पृष्ठभूमौ गाम्भीर्यमुत्पादयति। चित्रदर्शनकाले पञ्चवट्या दृश्यमवलोक्य रामः सीता चात्मनो वियोगं स्मृत्वा व्याकुलौ भवतः। रामो लक्ष्मणं व्याहरति—

"तत्कालं प्रियजनविप्रयोगजन्मा
तीव्रोऽपि प्रतिकृतिवाञ्छया विसोढः।
दुःखाग्निर्मनसि पुनर्विपच्यमानो
हृन्मर्मव्रण इव वेदनां तनोति॥"
उत्तर० १.३०

रामः सीताविषये जनापवादमाकर्ण्यैव मूर्च्छितो भवति, चेतनावस्थायामपि तस्य सा मूर्च्छा विद्यमाना वर्तते। स विलपन् कथयति—

"दुःखसंवेदनायैव रामे चैतन्यमागतम्।
मर्मोपघातिभिः प्राणैर्वज्रकीलायितं हृदि॥"
उत्तर० १.४७

एतादृशो विलापः कस्य हृदये करुणासंचारं न विधास्यति।

द्वितीयाङ्के शम्बूकवधाय दण्डकारण्यं प्रविष्टस्य रामस्य हृदयं तत्रस्था लता वृक्षा गोदावर्या जलकणाश्च प्रहरन्ति। तान् विलोक्य विकलो रामः इत्थं प्रलपति—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

"चिराद्वेगारम्भी प्रसृत इव तीव्रो विषरसः,
कुतश्चित्संवेगात्प्रचल इव शल्यस्य शकलः ।
व्रणो रुढग्रन्थिः स्फुटित इव हृन्मर्मणि पुनः
पुराभूतः शोको विकलयति मां नूतन इव ॥
उत्तर० २.२६

तृतीयाङ्के करुणरसः प्रचुरमात्रायां दृष्टिगोचरो भवति । वासन्त्या सह दण्डकारण्ये विविधानि दृश्यानि रामस्य चित्ते वेदनामुत्पादयन्ति । करुणरसस्य यादृशं तीव्रं, गम्भीरं, मार्मिकं चित्रणमस्मिन्नङ्के वर्तते तादृशमन्यत्र दुर्लभम् । एतदेवास्य गाम्भीर्यम्--

अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः ।
पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः ॥"
उत्तर० ३.१

रामः सीतां स्मृत्वा मूर्च्छति, हृदयद्रावकेषु शब्देषु चेत्थं विलपति--

"हा हा देवि ! स्फुटित हृदयं ध्वंसते देहबन्धः
शून्यं मन्ये जगदविरलज्वालमन्तर्ज्वलामि ।
सीदन्नधे तमसि विधुरो मज्जतीवान्तरात्मा
विष्वङ्मोहः स्थगयति कथं मन्दभाग्यः करोमि ॥"
उत्तर. ३.३८

पतिनिर्वासितायाः सीताया अधो वर्णनं कस्य हृदये करुणां नोत्पादयिष्यति--

"परिपाण्डुदुर्बलकपोलसुन्दरं,
दधती विलोलकबरीक माननम् ।
करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी,
विरहव्यथेव वनवेति जानकी ॥ उत्तर. ३.४

पञ्चमाङ्के चन्द्रकेतुः सुमन्त्रश्च लवमालोक्य रघुकुलस्य कस्यचिद् वंशजस्य कल्पनां कुरुतः । परं सीतां स्मृत्वा कष्टमनुभवतः । सुमन्त्रो विलपन् कथयति--

मनोरथस्य यद्बीजं तद्दैवेनादितो हृतम् ।
लतायां पूर्वलूनायां प्रसवस्योद्भवः कुतः ?
अप्रतिष्ठे कुलज्येष्ठे का प्रतिष्ठा कुलस्य नः
इति दुःखेन तप्यन्ते त्रयो नः पितरोऽपरे ॥
उत्तर० ५.२०

षष्ठाङ्के कुशलवावलोक्य रामस्य हृदयं वात्सल्याप्लुतं जायते । तयोः सीताया रूपमवलोक्य स पुनस्तां स्मरति । भवभूतिना कृतं रामस्य वेदनायाश्चित्रणं पाठकानां मनोऽपि वेदनापूर्णमाकलयति--

चिरं ध्यात्वा ध्यात्वा निहित इव निर्माय पुरतः
प्रवासे चाश्वासं न खलु न करोति प्रियजनः ।
जगज्जीर्णारण्यं भवति च कलत्रे ह्युपरते
ककूलानां राशौ तदनु हृदयं पच्यत इव ॥
उत्तर० ६.३८

सप्तमाङ्के रामसीतयोः पुनर्मेलनं भवति । परमस्य सम्मेलनस्य मूलेऽपि सीतानिर्वासनस्य करुणोऽभिनयो वर्तते । तमभिनयमवलोक्य रामः 'क्षुभितवाष्पोत्पीडनिर्भरो' भूत्वानेकवारं मूर्च्छति । अङ्केऽस्मिन्नपूर्वं भावगाम्भीर्यं विद्यते । करुणरसस्य च सुखकरी मधुरा च परिणतिरस्ति ।

उत्तररामचरिते न केवलं रामस्य करुणश्चित्रितः किन्तु जनकस्य, कौसल्याया, मन्त्रिप्रवरस्य सुमन्तस्य चापि शोकस्य चर्चोपलभ्यते ।

राज्ञो जनकस्य वेदना करुणवात्सल्ये प्रकटीभवति । स सीतायाःशैशवस्य स्मरन् विलपति--

"अनियतरुदितस्मितं विराजत्,
कतिपयकोमलदन्तकुड्मलाग्रम् ।
वदनकमलकं शिशोः स्मरामि,
स्खलदसमञ्जसमजल्पितं ते ॥"
उत्तर० ५.४

अपि च,

"नूनं त्वया परिभवं च वनं च घोरं
तां च व्यथां प्रसवकालकृतामवाप्य ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

क्रव्याद्गणेषु परितः परिवारयत्सु
संत्रस्तया शरणमित्यसकृत्स्मृतोऽहम् ।।"
उत्तर० ४.२३

जनको लवमवलोक्य सीताया अङ्गलावण्यं स्मृत्वा च दुःखितो भवति—

"वत्सायाश्च रघूद्वहस्य च शिशावस्मिन्नभिव्यज्यते,
संवृत्तिःप्रतिबिम्बितेव निखिला सैवाकृतिः सा द्युति ।
सा वाणी विनयः स एव सहजः पुण्यानुभावोऽप्यसौ
हा हा देवि किमुत्पथैर्मम मनः पारिप्लवं धावति ।।"
उत्तर० ४.२२

करुणरसस्यैतादृशीं तीव्रतां, मार्मिकतां च दृष्टवैव गोवर्धनाचार्येणोक्तम्—

"भवभूतेः सम्बन्धाद् भूधरभूरेव भारती भाति ।
एतत्कृतकारुण्ये किमन्यथा रोदिति ग्रावा ।"

केनापि सत्यमालोचितम्—

"कारुण्यं भवभूतिरेव तनुते ।"

भवभूतेरतिरिक्तं महाकवेः कालिदासस्य काव्येष्वपि करुणरसस्य सरित् प्रवहति ।

अभिज्ञानशाकुन्तलनाटकस्य चतुर्थोऽङ्कः करुणरसपूर्णः । एतादृशं कारुण्यपूर्णवर्णनमन्यत्र दृष्टिपथं नायाति । लतानां भगिनी, मृगशिशूनां रक्षिका, तपोवनस्य पशुपक्षिणां सखी शकुन्तला यदा पतिगृहमेति, तदा सर्वस्मिन्नेवाश्रमे कारुण्यधारा प्रस्यन्दति । तपस्विनां मनोऽपि वेदनापूर्णं जायते । मुनेः काश्यपस्य विरसंवितं वात्सल्यमपि धैर्यबन्धं त्रोटयित्वा नदीप्रवाहवत् निर्गच्छति । स च शकुन्तलायाः गमनकल्पनयैव व्याकुलो भवति—

"यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया
कण्ठः स्तम्भितवाष्पवृत्तिकलुषश्चिन्ताजडं दर्शनम् ।
वैक्लव्यं मम तावदीदृशमिदं स्नेहादरण्यौकसः
पीड्यन्ते गृहिणः कथं न तनयाविश्लेषदुःखैर्नवैः ।।
उत्तर० ४.७

यदा शकुन्तला पतिगृहं गन्तुमुद्यता भवति तदा काश्यप आश्रमवृक्षान् सम्बुद्ध्य व्याहरति—

"भो भोः सन्निहितवनदेवतास्तपोवनतरवः—
पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।
आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम् ।"
४.९

श्लोकोऽयं कस्यसहृदयस्य चित्ते कारुण्यसंचारं न करिष्यति ? कालेऽस्मिन् तपोवनस्य जन्तूनां, पक्षिणां, वनस्पतीनाञ्च दशाप्यतिशयशोचनीया वर्तते । मृगः मार्गावरोधनं करोति, प्रकृतिश्च पत्राणां पतनव्याजेनाश्रूणि मुञ्चति । प्रकृतेरेतादृशं सहानुभूतिपूर्णं वर्णनमन्यत्र नास्ति ।

"उद्गलितदर्भकवला मृग्यः परित्यक्तनर्तना मयूरी ।
अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लताः ।।" ४.१२

यदा शकुन्तला आत्मनो लताभगिन्या वनज्योत्स्नायाः समीपमागच्छति, तदा सा तामवलोक्य शोकाकुलचित्तेन स्वसख्यौ प्रियम्वदानसूये विवेदयति—"हला, एषा द्वयोर्युवयोर्हस्ते निक्षेपः ।" एतद्वचनमाकर्ण्य रुदत्यौ ते कथयतः— 'अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः ?" एतत्सर्वं वर्णनं करुणमस्ति ।

गमनतत्परा शकुन्तला पितरमाश्लिष्य वदति—"कथमिदानीं तातस्याङ्कात् परिभ्रष्टा मलयतटोन्मूलिता चन्दनलतेव देशान्तरे जीवितं धारयिष्यामि ।" एतदाकर्ण्य काश्यपोऽपि शोकपरिप्लुतो भवति, वदति च—

"वत्से कथं मामेवं जडीकरोषि—
अपयास्यति मे शोकः कथं नु वत्से त्वया रचितपूर्वम् ।
उटजद्वारविरूढं नीवारबलिं विलोकयतः ।।"

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

जगत्यस्मिन्नेतादृशं कोमलं स्नेहकरुणं वित्रं कोऽन्यः कविर्वर्णयितुं शक्नोति ।

कविः कुमारसंभवस्य रतिविलापे रघुवंशस्य चाजविलापे विस्तृतवर्णनैः करुणरसस्य निर्झरिणीः प्रवाहयति । कुमारसंभवे पत्युर्भस्मीभूतं शरीरमवलोक्य रतिर्विलपति--

"गत एव न ते निवर्तते स सखा दीप इवानिलाहतः ।
अहमस्य दशेव पश्य मामविषह्यव्यसनेव धूमिताम् ।।
४.३०

चेतनावस्थायां सा आत्मनः पत्युर्मदनस्य गुणान् प्रणयविलासाँश्च स्मृत्वा शोकवशादधीरा जायते । वर्णनमेतद् हृदयविदारकमस्ति ।

"क्व नु मां त्वदधीनजीवितां
विनिकार्य क्षणभिन्नसौहृदः ।
नलिनीं क्षतसेतुबन्धनः
जलसंघात इवासि विद्रुतः ।।" ४.६

यदा रतिविलापमाकर्ण्य कामस्य सखा मधुरागच्छति तदा सा अत्युच्चस्वरेण कारुण्यपूर्णं रोदिति--

"तमवेक्ष्य रुरोद सा भृशं स्तनसम्बाधमुरो जघान च ।
स्वजनस्य हि दुःखमग्रतो विवृतद्वारमिवोपजायते ।।"
४.२६

रघुवंशे इन्दुमत्या वियोगेनोत्पन्नामजस्यावस्थामवलोक्य कस्य मनो न द्रूयते--

"विललाप स बाष्पगद्गदं सहजामप्यपहाय धीरताम् ।
अभितप्तमयोऽपि मार्दवं भजते कैव कथा शरीरिषु ।"
८ ४३

अज इन्दुमत्या विविधान् गुणान् स्मृत्वा व्याकुलो भवति--

"स्रगियं यदि जीवितापहा,
हृदये किं निहिता न हन्ति माम् ।
विषमप्यमृतं क्वचिद्भवेद्,
अमृतं वा विषमीश्वरेच्छया ।" ८.४६

अपि च,

"गृहिणी सचिवः सखी मिथः,
प्रियशिष्या ललिते कलाविधौ ।
करुणाविमुखेन मृत्युना,
हरता त्वां वद किं न मे हृतम् ।" ८.६७

अत्र कविना करुणरसस्य स्रोतस्विनी प्रवाहितेति सत्यमेव । सीतापरित्यागे रामस्यावस्थापि दर्शनीया--

"बभूव रामः सहसा सबाष्पः ,
तुषारवर्षीव सहस्य चन्द्रः ।
कौलीनभीतेन गृहान्निरस्ता,
न तेन वैदेहसुता मनस्तः ।" १४.८४

श्लोकोऽयं रामहृदये विद्यमानस्य शोकस्याभिव्यञ्जनां तीव्रां विदधाति । यस्य पुरतो भवभूतेः सहस्राणि करुणोत्पादकानि वर्णनानि समर्पयितुं शक्यन्ते ।

कवेरस्य मेघदूतनाम्नो गीतिकाव्यस्य विप्रलम्भशृङ्गारोऽपि करुणाजनकोऽस्ति । विरहविधुराया यक्षिण्याश्चित्रणं मर्मस्पर्शीत्यहं मन्ये । मेघदर्शने वियोगिनां चेतः कथं विकृतिमाप्नोति ? दृश्यताम्--

"मेघालोके भवति सुखिनोप्यन्यथावृत्ति चेतः ।
कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे ।।"
पू० मे० ३

चित्रणमेतत् सत्यमनुभूतिपूर्णञ्चास्ति । अत्रातिसरलेषु शब्देषु नैसर्गिकभावानां मार्मिकचित्रणमस्ति । विरहे प्रियतमसमागमाशया यक्षपत्नी कथं विरहावशिष्टदिनसंख्याने आसक्ता वर्तते--

"तां चावश्यं दिवसगणनातत्परामेकपत्नीम्,
अव्यापन्नामविहतगतिर्द्रक्ष्यसि भ्रातृजायाम् ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानाम्
सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि"
पू० मे० ९

अत्र प्रतिपादिता तीव्रा विरहवेदना केवलं सहृदयानां ज्ञानस्य विषयो भवितुमर्हति ।

उत्तरमेघे यक्षस्य यक्षपत्न्याश्च विरहावस्थायाः वर्णनमतिशयकरुणोत्पादकमस्ति । कविः कालिदासो विरहिण्या यक्षपत्न्या भावानुभावसञ्चारिभावानामतिसुन्दरं चित्रणं कृतवान् । विरहतापेन पीडिता यक्षिणी रात्रीः कथं यापयति–

"आधिक्षामां विरहशयने सन्निषण्णैकपार्श्वां
प्राचीमूले तनुमिव कलामात्रशेषां हिमांशोः ।
नीताः रात्रिः क्षण इव मया सार्धमिच्छारतैर्या
तामेवोष्णैः विरहमहतीमश्रुभिर्यापयन्तीम् ।।"
उ० मे० २९

यक्ष आत्मनः प्रणयकुपितायाः प्रियायाश्चित्रमेकमालिख्य तस्याश्चरणयोः पतितुमिच्छति, परं दैवं चित्रेऽपि तयोः सम्मेलनं न सहते––

"त्वामालिख्य प्रणयकुपितां धातुरागैः शिलायामात्मानं ते चरणपतितं यावदिच्छामि कर्तुम् ।
अस्रैस्तावन्मुहुरुपचितैर्दृष्टिरालुप्यते मे
क्रूरस्तस्मिन्नपि न सहते संगमं नौ कृतान्तः ।"
उ० मे० ४५

विरहतप्ताया यक्षपत्न्या दयनीयदशामवलोक्य मेघोऽपि विलपिष्यतीति विचारयन् कविर्यक्षिण्याः करुणोत्पादकदशां वर्णयति––

"सा संन्यस्ताभरणमबला पेशलं धारयन्ती
शय्योत्सङ्गे निहितमसकृद् दुःखदुःखेन गात्रम् ।
त्वामप्यस्रं नवजलमयं मोचयिष्यत्यवश्यं
प्रायः सर्वो भवति करुणावृत्तिरान्द्रान्तरात्मा ।"
उ० मे० ३३

मेघदूते यक्षिण्या विरहवेदनायाश्चित्रणेन सह विरहतप्तस्य यक्षस्य चित्रणमपि शोभनमस्ति । 'नगाधिराजस्य हिमालयस्य वायुः प्रियाया अङ्गानि स्पृष्ट्वैवागच्छति' इति विचार्य स तस्य गाढालिङ्गनं विदधाति––

"भित्त्वा सद्यः किसलयपुटान्देवदारुद्रुमाणां
ये तत्क्षीररुतिसुरभयो दक्षिणेन प्रवृत्ताः ।
आलिङ्ग्यन्ते गुणवति मया ते तुषाराद्रिवाताः
पूर्वं स्पृष्टं यदि किल भवेदङ्गमेभिस्तवेति ।"
उ० मे० ४७

विरहदुःखेन व्याकुलो यक्षो निशामप्यतिशयदीर्घां मन्यते । स इच्छति यत् केनापि प्रकारेण रात्रिर्लघू भवेत्––

"संक्षिप्येत क्षण इव कथं दीर्घयामा त्रियामा
सर्वावस्थास्वहरपि कथं मन्दमन्दातपं स्यात् ।
इत्थं चेतश्चटुलनयने दुर्लभप्रार्थनं मे
गाढोष्माभिः कृतमशरणं त्वद्वियोगव्यथाभिः ।।"
उ० मे० ४८

एवं मेघदूते विप्रलम्भशृङ्गारस्य करुणकोमलभावानामतीव शोभना व्यञ्जना वर्तते, यया सहृदयपाठकानां चित्ते कारुण्योत्पादनं भवति ।

इत्थं महाकवेः कालिदासस्य काव्येषु नाटकेषु च करुणरसस्य प्राचुर्यमस्ति ।

अनेन वर्णनेन वयं जानीमो यत् महाकव्योर्भवभूतिकालिदासयोरमरकाव्येषु करुणरसस्य परस्परं भिन्नैव व्यञ्जना जायते । कालिदासस्तु द्वित्रशब्देष्वेव मार्मिकभावनायाः सर्जनं करोति, परं भवभूतेः कारुण्यपूर्णवर्णनेषु चित्रणेषु च वाग्विस्तार उपलभ्यते । भवभूतेरतिशयभावुकतापूर्णानां भावानां विस्तारेण पाठकाः क्वचित् श्रान्तचित्ता भवन्ति । कालिदासस्य काव्येषु विरहिजना अश्रुपातं विधायैव सकलान् भावान् प्रकटयन्ति, परं भवभूतेर्नाटके वियोगिनः उच्चस्वरेण हृदयद्रावकेषु शब्देष्वित्थं विलपन्ति यदन्ते ते मूर्च्छामप्याप्नुवन्ति । तथापि भवभूतेः पुटपाकप्रतीकाशस्य करुणरसस्य विशेषता वर्तत एव ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गताङ्कतोऽग्रे)

संस्कृतभाषायाः पत्रकारिताक्रमविकाशः

(ले० विद्याभूषणः श्रीगणेशरामशर्मा, डूंगरपुरम्)

एवं तदेतत् सर्वं मनसि सम्प्रधार्यादौ ततो यदि संस्कृतज्ञानामस्माकं ज्ञानविज्ञाननिधेः पुरातन-साहित्यस्य पुनरुज्जीवनं, संरक्षणं, तत्प्रचारादिक-मावश्यकं, यदि च संस्कृतभाषायां नवसाहित्य-सृष्टिर्जायमानाऽपेक्ष्यते, यदि च संस्कृतसमाजस्य नवयुगापेक्षि सुदृढतरं सङ्घटनमभिलष्यते, यदि वयं तामिमां प्राचीनामपि संस्कृतभाषां सप्राणां स्वस्थं जीवन्तीं युगधर्मानुष्ठानायोपयोगिनीं विधातुमिच्छामो, यदि च भारतराष्ट्रेऽधुना सम्पद्यमाने नवनिर्माणे संस्कृतस्य कमपि तात्त्विकं व्यवहारं सदुपयोगं च समर्थयामहे, यदि च वर्तमानविश्वस्य ज्ञानविज्ञानकलादीनां तच्छिल्प-गतानि तत्त्वानि संस्कृतभाषाया माध्यमेन संस्कृत-समाजस्य सदस्येभ्यो वितरीतुमिच्छामो, यदि चात्र देशे प्रजातन्त्रात्मिकायां शासनपद्धतौ प्रवर्त-मानायां संस्कृतज्ञानां बहुमतापादनपूर्वकमधिकार-संरक्षणं कामयामहे, यदि च संस्कृतविदुषां विज्ञानक्षेत्रे, राजनीत्यां, प्रशासने, राष्ट्रियजीव-नस्य नानाक्षेत्रेषु क्रियात्मकं योगदानं वाञ्छामो, यदि संस्कृतसेविजनानां प्रोत्कर्षमयं जीवनमधि-कारयुक्तिं च निर्विघ्नामिच्छामो, यदि च वयं संस्कृतज्ञाः स्वविद्यावैभवेन, ज्ञानप्रकाशेनानुभवेन च विश्वमानवेभ्यो देशबन्धुभ्यश्च संस्कृतवाङ्मय-द्वाराऽऽध्यात्मिकीमाधिदैविकीमाधिभौतिकीं च सेवां समर्पयितुमभिलषामो, यदि संस्कृतगिरां संस्कृत-साहित्यस्य च कमपि दिव्यं सन्देशं विश्वशान्तये श्रावयितुमुद्युञ्जामहे, यदि महर्षिजनसभ्यताया आर्यसंस्कृतेः सनातनवर्णाश्रमधर्मस्य च संरक्षणं, सम्वर्द्धनं, प्रचारं वा वयं स्वकर्तव्यं मन्यामहे, यदि चात्र राष्ट्रेऽस्माकं भारते सदाचारस्य सच्चरित्रस्य त्यागस्य शौर्यस्य, धैर्यधर्मादिगुणानां महिमानमुदात्ततां वा प्रसारयितुं धर्मतो न्यायतो वात्मीयं किमपि कर्तव्यमवश्यकर्तव्यताकं विद्महे, तदावश्यमेवास्माभिर्युगधर्मधाराप्रवाहानुसारं संस्कृत-पत्रकारिताया माध्यमेन स्वनीत्या, सङ्घटनेन, स्वपद्धत्या, स्वस्य दृष्टिकोणेन च सर्वतन्त्रस्वतन्त्रमपि समर्यादं प्रवर्तितव्यमेवेति सर्वथा समयोचितम्। राष्ट्रात्मा सोऽस्मान् कर्मण्यत्र प्रवर्तनार्थमाह्वयति, प्रेरयति, प्रचोदयति, प्रोद्योजयति, प्रोत्साहयति च सर्वतः सर्वभावेन।

अथ स्वीकृतेऽपि संस्कृतपत्रकारिताया विकाश-सिद्धान्तेऽत्यावश्यकेऽधुना सर्वादौ किं कर्तव्यमिति प्रश्नोऽयमतीव स्वाभाविकः। अतोऽत्र संक्षेपतः किमपि प्रस्तूयतेऽधस्तात्—

सर्वादौ सविधिविधानं संस्कृतपत्रकारसङ्घः संस्थापनीयो यस्य कार्यकारिण्यां समितौ वर्तमान-समये ये ये संस्कृतपत्रपत्रिकायां सम्पादकास्तथा ये ये संस्कृतसंस्थाप्रतिष्ठानसंस्थानादीनां सङ्घटनानां सञ्चालकास्ते ते सर्वे प्राथमिकतया सदस्यत्वे-नान्तर्गृहीतव्याः।

स एष संस्कृतपत्रकारसङ्घः संस्कृतस्य पत्र-कारकलाया विकाशाय चेष्टताम्। चेष्टाया अस्याः प्रतीकरूपं न्यूनान्न्यूनं पत्रद्वयं सम्पाद्यताम्। एकं दैनिकं समाचारपत्रमपरं च साहित्यिकी मासिकपत्रिका चेति। दैनिकसम्वादपत्रद्वारा स्फूर्तिस्फारं संस्कृतसमाजस्य सङ्घटनं तथा संस्कृत-पत्रकारितास्वरूपं सुस्पष्टमाविर्भवितुमर्हति।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मासिकपत्रेण साहित्योन्नतिः संसाध्यताम् । उभयोरप्येतयोः पत्रयोः कर्मक्षेत्रे भिन्ने सति, तच्छिल्परचनायां पृथग्विधायामपि सत्यां, सम्पादनकलादृशा मिथः सात्त्विकी स्पर्धा वाञ्छनीया स्यात । दैनिकं पत्रं पूर्वमुत्कृष्टतां स्पृशति किं वा मासिकी पत्रिकेति गुणानुरोधात् प्रतियोगितेव प्रवर्तताम् । एवमन्योन्यं स्पर्धया तदिदं पत्रद्वयमपि सक्षमं, प्रौढं, संवरिष्णु च भूयात् ।

वस्तुतो दैनिकपत्रस्य सम्पादनं, प्रकाशनं, तत्प्रवारणमेव तद्रचनाशिल्पगततन्त्रसूत्रानुरोधादतीव कठिनं, बहुव्ययसापेक्षं, नानासाधनोपकरणापेक्षि, बहुजनसहयोगात् कठोरश्रमसाध्यमिति सर्वादौ सम्प्रधार्यं भवति । दैनिकस्य पत्रस्य सम्पादने, प्रकाशने, सञ्चालने च विविधविषयाणां विशेषज्ञाः पृथक् पृथक् स्तम्भानां सम्पादकाः, समाचारसङ्ग्रहीतारः, पत्रप्रतिनिधयो, विशेषसम्वाददातारश्च नियोज्या भवन्ति । कर्मण्यत्र दैनिकपत्रसम्पादनरूपे प्रचुरद्रव्यविनियोगः । कर्तव्यः स्यादिति न विस्मरणीयम् । प्रधानसम्पादकस्तावदतीव सुयोग्यो विद्वान् कर्मठस्तत्तद्गुणगम्भीरो धीरो वीरश्चापि श्रमजीवो भवेद् यो हि स्वयं स्वकार्यकलापान् सुचारु सम्पादयन्नपि स्वसहयोगिभ्यो मार्गदर्शनं विदध्यात् । प्रधानसम्पादकः कुलपतिरिव पत्रस्य सर्वासां प्रवृत्तीनां द्रष्टा, परिपोषको, रक्षकश्च भवति । ततः प्रधानसम्पादकेन दैनिकपत्रसम्पादने सहसम्पादका उपसम्पादकाः स्तम्भसम्पादकाश्च नूनं नियोक्तव्या भवन्ति । एवमेव पत्रस्य स्थायिनो लेखका, विशिष्टा लेखकाः कवयः,समालोचकाश्चित्रकारादयो न केवलं धनेनैव वरञ्च प्रीत्या, स्नेहेन, सम्मानेन, मार्गनिदर्शनेन, प्रोत्साहनेन, प्रेरणया सप्रश्रयं सविश्वासं च पोषणीया एव भवन्ति । एतत् सर्वमादौ विचार्य ततः 'स्वल्पारम्भाः क्षेमकराः' इतिवन्नीतिमादौ निर्धार्य ततः प्रवर्तितव्यम् ।

दैनिकपत्रस्य प्रकाशनविभागः, प्रबन्धसम्पादनविभागश्च पृथग् भवितुमर्हतः । यावत् स्वाधीनो मुद्रणालयो न भवेत्तावद्दैनिकपत्रस्य प्रकाशनं न निर्बाधं भवितुमर्हतीति सर्वेषामेव संस्कृतपत्रसम्पादकधुरीणानां भुक्तभोगानामनुभवः । धनानुदानं स्वीकुर्वाणापि सैषा संस्कृतपत्रकारिता स्वावलम्बिनी भवेदिति लक्ष्यं स्यात् ।

दैनिकं वा मासिकं वा संस्कृतपत्रं तावत्पर्यन्तं चिरायुः स्वस्थं स्वजीवनक्रमे विकाशशीलं जनप्रियं च भवितुं न शक्नोति यावत् स्वाधीनो मुद्रणालयो, ग्राहकाणां भूयसी संख्या, सहयोगतत्परा लेखकाः, श्रमशीलाः सम्पादकस्य सहायकाः कार्यकर्तारो न स्युः । त एते सर्वे प्रचुरं पारिश्रमिकधनं दत्वा पोषणीया एव । एवं कृते संस्कृतस्य दैनिकं पत्रमेकं संस्कृतपत्रकारसङ्घस्य मुखपत्ररूपं प्रचलेत्तदैव सङ्घस्यास्तित्वं स्वोपयोगात् सफलं सिद्ध्येत् ।

अथ दैनिकपत्रतोऽतिरिक्तं साहित्यसेवाङ्गे संस्कृतपत्रकारसङ्घेनैकं मासिकपत्रमपि सम्पाद्यं स्यात् । यद्यप्यधुना देशेऽत्रास्माकं कानिचित् संस्कृतभाषायाः पत्राणि मासिकानि त्रैमासिकानि च प्रकाश्यन्ते, तानि च स्व-स्व क्षेत्रे संस्कृतपत्रकारिताया विकाशमेव साधयन्ति वर्तन्ते--इति शोभनम् किन्तु संस्कृतपत्रकारसङ्घद्वारा सम्पादितं प्रकाशितं च मासिकपत्रं किमप्यन्यादृशमत्युच्चस्तरीयं रमणीयं सदन्ताराष्ट्रियपत्रकारिताक्षेत्रेऽपि च स्वप्रभावोत्कर्षनिदर्शकं सचित्रं विचित्रं च भवितुमर्हति । तत् पत्रं मुख्यतः साहित्यिकी मासिकपत्रिका स्यात् । पत्रिकायां तस्यां दार्शनिकविषयाणां, साहित्यिकानां, समाजशास्त्रसम्बन्धिनां, काव्यादिरचनानां, राजनीतिगतानाम्, महिलोपयोगिसाहित्यस्य, बालोपयोगिसाहित्यस्य, ललितकलानां तथैवंविधानां नानाविषयाणाम्

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्तम्भाः स्युः । पत्रिकायामस्यां विविधवर्णानि चित्राणि कलात्मकानि भवितुमर्हन्ति । बहूद्देश्यं, बहुजनप्रियं, विविधविषयविभूषितं, सार्वभौमं प्रचरिष्णु, निखिलभारतीयसंस्कृतसमाजस्य प्रतिनिधिस्वरूपमेतन्मासपत्रं तथा सम्पाद्यं भवति येन सर्ववर्गीयाः पाठकाः संस्कृतभाषायाः संस्कृतसाहित्यस्य च परिचयमधिकाधिकमाप्नुवाना मोदेरन् । एवं बहुजनभोग्यां मासिकीमुत्तमोत्तमां साहित्यिकीं मासिकपत्रिकां प्रकाश्य संस्कृतपत्रकारसङ्घः सुरभारत्याः सेवां प्रचारमभ्युदयं च साधयितुं सयत्नः स्यात्तदा संस्कृतपत्रकारिताया विकाशोऽभीष्टां संसिद्धिं लभेत ।

यथास्माभिः प्रागेवोक्तं यत् संस्कृतभाषायाः पत्रकारिताविकाशः स्वावलम्बननिर्भरो भवितुमर्हतीति । तत् पुनरत्र स्मरणार्हं यद्धि पत्रकारिता नाम बहुधनसाध्या नानाभौतिकसाधनान्यपेक्षते । तत आदौ धनविनियोगसम्बन्धीन्युपायान्तराण्यवश्यमेव चिन्तनीयानि भवन्ति । स एष पत्रकारितायाः शिल्पतन्त्रगतो भौतिकपक्षः नोपेक्षणीयः । वस्तुतोऽत्रश्रेयान् पन्थास्त्वयमेवास्ते यत् संस्कृतपत्राणि लोकजीवने तथाऽऽवश्यकानि दैनिकजीवने जनानामङ्गीभूतानि भवितुमर्हन्ति, यथा तेषां पाठकसंख्या ग्राहकसंख्या च प्रभूता भूयसी स्यद्यया धनाप्तिर्व्ययश्च तद्योगक्षेममावहन्तौ समानौ स्याताम् । लाभांशोऽधिको भवितुमर्हति, येन पत्रकारसङ्घः स्थायिकोशं संस्थापयितुं प्रभवेत् । यदा संस्कृतपत्राणि महत्त्वपूर्णैस्तैस्तैर्बाह्याभ्यन्तरगुणैः सम्पन्नानि ग्राहकाणां मनोहराणि, चारूणि, समाकर्षकानि च भवेयुस्तदैव तेषां सञ्चारो भूयान् साधीयसी च ग्राहकसंख्या भवितुं सम्भाव्यते ।

सत्यप्येवं संस्कृतपत्रकारसङ्घः प्रारम्भिक्यां स्थितौ पञ्चवर्षाणि यावद् भारतराष्ट्रेऽत्र वर्तमानेभ्यः संस्कृतप्रणयिभ्यो धनिकेभ्यो विश्वविद्यालयेभ्यः संस्कृतसंस्थाप्रतिष्ठानेभ्यः सभासम्मेलनादिसंस्कृतसङ्घटनेभ्यः सर्वप्रदेशीयसाहित्यिकीभ्यः संस्थाभ्यो मोहान्तेभ्यो व्यापारिकसंस्थानां दानवीरेभ्यः केन्द्रियशासनात् प्रान्तीयराज्यशासनेभ्यो वान्येभ्यः स्रोतोभ्यो धनसाहाय्यमावर्जयितुं प्रयतेत, तदप्यावश्यकम् । श्रेयस्करे कर्मणि कस्मादपि धनसाहाय्यादानं नाम न दोषकरं, परन्त्वत्रेदं सुविनिश्चयाज्ज्ञातव्यं यत्परमुखापेक्षणं सङ्घटनानां वर्गप्रधानतया सक्रियेऽस्मिन् प्रजातन्त्रात्मके भौतिकसङ्घर्षयुगे प्रागिव लोकानां धर्मभावनयैव संस्कृतभाषाऽऽश्रयमाप्य स्वजीवनं परिपालयेदिति न सम्भवति, न च तद्वाञ्छनीयमेव । विशेषतः पत्रकारितायाः क्षेत्रे तु भिक्षावृत्तिः सर्वथा परिहार्या भवेत्पत्रकारैः । परोपजीविनामन्येषां कृपया संरक्षितानाम् पत्राणां जीवनं कियदिति प्रागेव दृष्टमस्माभिः । ततो यथा संस्कृतपत्रकारिता सेयं सर्वसमन्वयप्रधानापि च सर्वतन्त्रस्वतन्त्रा, विशेषतोऽर्थतन्त्रे स्वाधीना चिरञ्जीविनी भूयात्तथा प्रयतितव्यं भवति ।

एवं तदैव सम्पद्येत यदा संस्कृतपत्रकाराः पाठकानेवादौ साधनभूतान् मत्वा तान् प्रति सचेष्टा भवेयुः । सर्वसाधारणो भारतीयो वा, यो वा को वापि भारतीयेतरो विश्वनागरिकः संस्कृतस्य दैनिकमासिकपत्राणां गुणाकर्षणादेव तद्ग्राहकत्वं परिपालयन् मोमुद्येत, तदैव स्वस्थं विकाशमाश्रयेयुः संस्कृतपत्राणि ।

अथ पत्रकारसङ्घस्य भाषामाध्यमं तु संस्कृतभाषैव स्यादिति तु सर्वानुमोदितमिव स्वतः सिद्धमिवास्ते तथापि भाषानीतिः सुस्पष्टा भवितुमर्हति । विषयानुसारिणी संस्कृतभाषा सरला वा प्रौढा वा भवत्येव, लेखकानां व्यक्तित्वानुरूपा शैली चापि भवति एव तथापि पत्रकारसङ्घस्य दैनिकपत्रस्य भाषा, शैली च हिन्दी-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

समाचारपत्राणामिव सरलातिसरला व्यावहारिकी सर्वसाधारणस्य कृते सुबोधा तथ्यपूर्णा च भवेदिति परमावश्यकम् । दैनिकपत्रस्य संस्कृतभाषा तथाविधा स्वीकर्तव्या स्याद्यथा 'दैनिकहिन्दुस्तान' पत्रस्य स्तम्भेषु प्रयुक्ता हिन्दीभाषा संस्कृतव्याकरणस्य विभक्तिक्रियापदादिभिः कारकचिह्नैः संस्कृत्य (अनुवाद्य वा) संस्कृती कृता स्यात् । इत्थंविधया बहुजनभोग्यया सर्वसामान्यैर्भारतीयैरन्यैर्वा साक्षरैर्व्यवहार्यया सरलसुबोधया संस्कृतभाषया दैनिकपत्राणां सञ्चारः प्रचारो, लोकहृदये प्रतिष्ठा ग्राहकेषु प्रीतिरुपयोगितोपादेयता च स्वाभाविकेन प्रकारेण संसिद्ध्येदेव ।

मासिकपत्रेषु तत्तत्स्तम्भानुरूपं विषयानुसारिणी दार्शनिकी, साहित्यिकी, शास्त्रार्थपरिष्कारप्रौढा, धार्मिकी वा सर्वविधा संस्कृतभाषा व्यवहरणीया भवेद्यथेष्टम् । तत्र पाण्डित्यप्रदर्शनस्य, कलकलालापानां, तर्ककर्कशानां विचाराणाम्, गम्भीरविषयविमर्शानां, शैलीचमत्काराणामलङ्कारविधानानां च भूयानवकाशो भवेद्येन भारतवर्षदेशोऽसौ स्वजगद्गुरुत्वस्य मञ्जुमुद्रां सर्वभाषाविदां हृदि समुट्टङ्कयितुं प्रभवेत् । मासपत्रेष्वपि बालमहिलोपयोगिषु स्तम्भेषु कोमलकान्तपदावली मधुरा ललितपदविन्यासानायाससुबोधा सरला सरसा च भव्या भद्रा भावुकजनमनोहरा च संस्कृतभाषा भवतु ।

सति सामर्थ्ये संस्कृतपत्रकारसङ्घेन केचनात्र विषये रुचिमादधानाः सम्पादका वा सम्पादनकलाशिक्षामाकांक्षमाणाः स्वकीया जनाः पत्रकारत्वस्य शिक्षापादनार्थं देशे क्वचिन्महति पत्रकार्यालये सम्प्रेष्य प्रशिक्षणीयाः । यतः पत्राणां प्रकाशनशिल्पगतं तन्त्रमतीव जटिलं भवति । तज्ज्ञानं प्रायौगिकीं सक्रियां प्रत्यक्षानुभवकौशलसुस्फीतां रचनात्मिकां शिक्षामपेक्षते नूनम् । साक्षात्कृतेनानुभवेन क्रियात्मकेन विना वर्षशतैरपि न कोऽपि बहुसूत्रग्रथितमेतत् पत्रप्रकाशनशिल्पतन्त्रं बोद्धुं सक्षमो भवति ।

क्रमशो विकाशमासादयन् संस्कृतपत्रकारसङ्घो भारतस्य सर्वाण्यपि संस्कृतपत्राणि स्वनीत्या प्रभावयेत् । न केवलं नीतिनिर्देशैः परामर्शदानैः प्रस्तावैर्वा स्वशक्त्या प्रादुर्भवन्ति संस्कृतपत्राणि प्रभावयितुं प्रभवेत् संस्कृतपत्रकारसङ्घोऽपि तु हितचिन्तनं प्रेयः श्रेयश्च संरक्षेद्धनजनसाहाय्यप्रदानैः । कृते किलैवं पत्रकारसङ्घः सर्वसंस्कृतपत्राणां प्रातिनिध्यं कर्त्तुं समर्थः स्यात् ।

स एष संस्कृतपत्रकारसङ्घोऽन्यान्यभाषाणां पत्रकारैः पत्रकारसङ्घैः सम्पादकैर्वरिष्ठलेखकैः साहित्यसेविभिर्ग्रन्थकारैः कविभिश्च सम्पर्कः संसाधयेत् । अखिलभारतीयपत्रकारसङ्घः प्रादेशिकभाषाणां सङ्घेषु च स्वप्रतिनिधीन् सम्प्रेष्य स्वास्तित्वं सजीवं प्रमाणयेत्, स्वप्रतिपत्तिं, प्रतिष्ठामुपयोगं च विवर्धयेदेतदतीवावश्यकम् ।

पत्रकारसङ्घोऽसौ संस्कृतपत्रकाराणां कृते सन्दर्भग्रन्थान्, निर्देशपुस्तिकाः (Directories) संस्कृतपत्रकारसंहिताः, संस्कृतपत्रकारितायाः इतिहासग्रन्थान्, संस्कृतपत्रसम्पादकानां जीवनचरितानि, संस्कृतसंस्थानामितिहासग्रन्थांश्च लेखयेद्यैर्भाविनां संस्कृतपत्रकाराणां मार्गदर्शनं प्रोत्साहनं च सम्भवेत् ।

एवं नानोपायैः सङ्घटनप्रधानैर्वयमिदानीमेव संस्कृतपत्रकारितायाः विकाशाय सामूहिकरूपेण सोत्साहं प्रबलं पुरुषार्थमाचरेम तदावश्यमेव साफल्यमुपलभेमहि । कस्याश्चापि भाषायाः साहित्यस्य सभ्यतायाः संस्कृतेश्च विकाशो दीर्घकालीनं प्रयत्नमपेक्षते । सौभाग्यादधुना संस्कृतभाषायाः पत्रकारिताक्षेत्रं कैश्चित्तपस्विभिः कर्मठैः सिद्धासनैः सिद्धलेखनीकैः सम्पादकाचार्यैः सुपरिष्कृतमस्मत्पुरतो विद्यमानमास्ते । तदस्माभिः समयानुरोधात् सङ्घबद्धैरपि न प्रारम्भशूरैर्न च दीर्घसूत्रैः सद्भिरत्र शुभोदर्कानि बीजानि निक्षेप्तव्यानि रक्षणीयानि सम्वर्द्धनीयानि चैतावद्दिङ्मात्रं निवेद्य विरम्यते विस्तरादिति शम् ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गतमासाङ्कतोऽग्रे)

श्री चैतन्यनीतिशतकम्

लेखकः "श्री चैतन्यः"

धनिनामुपहारेण,
श्वानवृत्तिमुपागताः ।
लोलुपाः शासकाः सर्वे,
वाञ्छन्ति धनिकं नरम् ॥३००॥

राज्यशक्तिं करे धृत्वा,
धनिको याति पात्रताम् ।
सर्वं राष्ट्रस्य कोषं तु,
धनिकैर्लुण्ठ्यते सदा ॥३०१॥

धनिकानां तु प्रासाद-,
मागतो राजपूरुषः ।
कर्त्तव्याच्च्यवते शीघ्रं,
रुप्यकेण प्रताडितः ॥३०२॥

कृषिकर्म च वाणिज्य-
मुद्योगः पशुपालनम् ।
दुग्धं फलं वनोद्योगं,
राज्याधीनं विधीयते ॥३०३॥

भूगर्भमणुशक्तिं च,
यातायातस्य साधनम् ।
विद्युतं जलशक्तिञ्च,
राज्याधीनं विधीयते ॥३०४॥

सम्वादसाधनं सर्वं,
युद्धोद्योगस्तथैव च ।
खनिजं गृहनिर्माणं,
राज्याधीनं विधीयते ॥३०५॥

साहित्यं चैव संगीतं,
नृत्यं गायनवादनम् ।
अभिनयः कला सर्वा,
स्वायत्तत्वे विधीयते ॥३०६॥

शिक्षापत्रकारित्वं,
क्रीडाकौशलमेव च ।
सभासम्भाषणं चैव,
स्वायत्तत्वे विधीयते ॥३०७॥

यात्रापर्यटनं चैव,
नवान्वेषणतापि च ।
धर्मः सामाजिकं कृत्यं,
स्वायत्तत्वे विधीयते ॥३०८॥

दर्शनं ज्ञानविज्ञानं,
मनोविज्ञानमेव च ।
चिकित्साचार्थशास्त्रं च,
स्वायत्तत्वे विधीयते ॥३०९॥

चरित्रवर्धकं कर्म,
सदाचारप्रवर्तकम् ।
सद्गुणे योजकं कृत्यं,
स्वायत्तत्वे विधीयते ॥३१०॥

कृषिकार्याय राज्यं तु,
कृषिसेनां नियोजयेत् ।
अन्नोत्पादनं कुर्यात्,
प्रभूतं कृषिसैनिकैः ॥३११॥

सैनिको राष्ट्ररक्षायै,
प्राणोत्सर्गं चिकीर्षति ।
तथैव कृषिशूरोऽपि,
किमर्थं न करिष्यति ॥३१२॥

कृषिकार्ये रतो वीरः,
कर्मवीरो नरोत्तमः ।
पोषकश्चान्नदाता च,
राष्ट्रपूज्यो हि गण्यते ॥३१३॥

कृषकाः श्रमिकाश्चैव,
राष्ट्रस्य श्रमसैनिकाः ।
घोरे युद्धे रता नित्य-
मभावं घ्नन्ति घातकम् ॥३१४॥

कोटिशः श्रमिकाणां तु,
श्रमसेना गतक्लमा ।
पतति यत्र तत्रैव,
त्वभावो नश्यति स्वयम् ॥३१५॥

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

राष्ट्रसम्पोषिणी सेना,
श्रमसेना गुणोत्तमा ।
पूजनीया मता विज्ञै-
र्देशसेवार्थतत्परा ॥३१६॥

घोरशीते महाग्रीष्मे,
वर्षाकालेपि दृश्यते ।
दिवसे वाथ रात्रौ वा,
कर्मणि श्रमिको रतः ॥३१७॥

धन्योऽयं श्रमिकः शूरः,
कर्मयोगी जनार्दनः ।
पोषकः पालको नित्यं,
राष्ट्रस्याधारिका शिला ॥३१८॥

गृहसंरक्षिणीमेनां,
श्रमसेनां प्रयत्नतः ।
योजयेद्युक्त कार्येषु,
राज्यं धर्माश्रितं सदा ॥३१९॥

श्रमिकः पूज्यते यत्र,
कृषकोऽपि स्वभावतः ।
धनं संवर्धते नित्यं,
सुखं सौभाग्यमेव हि ॥३२०॥

शोषणं कृषकाणां तु,
श्रमिकाणां च जायते ।
अभावो दृश्यते तत्र,
दुःखं दुर्भाग्यमेव च ॥३२१॥

पापिनं पीडयेन्नित्यं,
राज्यं सर्वत्र सर्वदा ।
येन केन प्रकारेण,
नाशयेत् पापमण्डलम् ॥३२२॥

युद्धशक्तिं दृढां कुर्यात्,
सर्वदा सर्वसाधनैः ।
शस्त्रैरस्त्रैः सुसन्नद्धो,
नूतनैरायुधैरपि ॥३२३॥

सदोद्यमः किं न करोति भद्रम्

ले० श्री वैद्य रामस्वरूपशास्त्री, सम्पादकः, बालसंस्कृतम्, बम्बई ७७

उद्योगशीलस्य भवन्ति कामाः
उद्योगशीलस्य भवन्ति चार्थाः ।
उद्योगशीलं समुपैति सिद्धिः
उद्योगशीलो लभते प्रतिष्ठाम् ॥१॥

उद्योगशीलस्य नरस्य लोके
न दुर्लभं किञ्चिदसंभवं वा ।
क्रियाविधिज्ञस्य च तस्य नित्यं
यशांसि कार्याणि च यान्ति वृद्धिम् ॥२॥

तिलेषु तैलं भवतीति सर्वो
जानाति तच्चापि विना प्रयत्नैः ।
लभ्यं न तस्मान्मतिमान् सदैव
विहाय मान्द्यं कुरुते स्वकार्यम् ॥३॥

न पौरुषं यस्य नरस्य विद्यते
न तस्य साफल्यमुपैति पार्श्वम् ।
मनोरथास्तस्य भवन्ति मोघाः
सर्वाणि कार्याणि च यान्ति नाशम् ॥४॥

कीर्तिं प्रसूते विदधाति सौख्यं
तनोति मानं वितनोति सख्यम् ।
ददाति धैर्यं विदधाति सिद्धिं
सदोद्यमः किं न करोति भद्रम् ॥५॥

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अग्निसंहिता

मूललेखकः—श्रीअरविन्दः, अनुवादकः—जगन्नाथो वेदालङ्कारः अरविन्दाश्रमः (पाण्डिचेरी)

भूमिका

वेदविषयकपरम्परा[1]—

वेदो नाम पावनो ज्ञानग्रन्थः, सुविशालसंग्रहोऽन्तःस्फुरितकवितानाम्, कृतिश्च तत्त्वविदामृषीणाम् इत्यासीत् वेदविषयिकाऽऽदरभावना प्राचीनकाले। तेऽमी ऋषयः किमपि महत् सार्वभौमं, शाश्वतमपौरुषेयं च 'सत्यं निज-प्रदीप्त-मनःसु समाददुः, प्रकाशयामासुश्च तत् मन्त्ररूपेण। न खलु ते निजमनसा तत् परिकल्पयांचक्रुः। ये चैते मन्त्राः तेषामन्तःकरणे प्रादुर्भूतास्ते हि शक्तिमच्छन्दांसि ईश्वरप्रेरितानि, ईश्वरोद्भूतानि च, न तु साधारणप्रेरणाप्रसूतानि सामान्योद्गमसमुद्भूतानि वा। इमे ऋषयश्च 'कवय' इत्यभिधयाऽभ्यधीयन्त; कालान्तरेण अयं 'कवि' शब्दः 'कवयितृ' मात्रवाचकोऽभूत्, परं तदानीमयं 'सत्यस्य द्रष्टा' इत्यर्थमभ्यधत्त। स्वयं वेदोऽपीमान्[2] 'कवयः सत्यश्रुतः' अर्थात् 'दिव्यसत्यस्य अन्तः श्रोतार ऋषयः' इत्याह, वेदश्च 'श्रुतिः' इति नाम्नाऽऽम्नायत, अनन्तरं चैतत् 'श्रुति' पदम् 'ईश्वरप्रेरितो धर्मग्रन्थः' इत्यर्थकं समजनि। इयमेवासीत् वेदविषयिणी धारणा उपनिषद्दृशीणामपि, स्वप्रतिपादितसत्यानां प्रामाण्यकृते उपनिषदो वेदमेव साक्षित्वेन प्रस्तुवन्ति पुनः पुनः। गच्छति काले इमा उपनिषदोऽपि श्रुतित्वेन, ईश्वरीय-धर्म-ग्रन्थत्वेन, आदरास्पदत्वमासादयन्त, पवित्रशास्त्रेषु च समावेश्यन्त।

वेदविषयकपरम्परेयं ब्राह्मणग्रन्थेष्वपि दृढ़बद्धमूला। वेदानां याज्ञिक (कर्मकाण्डीय) भाष्यकारैः महाप्रयासेन सर्वविषयाणां गाथात्मकयज्ञक्रियापरकव्याख्याने कृतेऽपि, कृते चापि पण्डितैः ज्ञानकाण्ड-कर्मकाण्ड-विभाजने, स्वीकृते चापि मन्त्रभागस्य कर्मकाण्डत्वे उपनिषदां च ज्ञानकाण्डत्वे परम्परैषा ररक्षात्मानम् अनवरतम्। ज्ञानकाण्डस्य कर्मकाण्डे ईदृशं निमज्जनं निन्दितं नितरां निदारुणशब्दैः गीतायामुपनिषदि चैकस्याम्। यत्सत्यम्, उभाभ्यामपि ताभ्यां वेदो दिव्यज्ञानस्य ग्रन्थत्वेन आद्रियते। अपि च श्रुतिः (श्रुतिशब्देऽत्र वेदा उपनिषदश्च उभयेऽप्यन्तर्भूताः) अध्यात्मज्ञानार्थं परमप्रमाणत्वेन निर्भ्रान्तिग्रन्थत्वेन चागण्यत।

किं तर्हि वेदविषयकपरम्परेयमखिला केवलं मिथ्याकथा कपोलकल्पना च, किं वा निराधारा मूर्खतापूर्णा च? यद्वा, अप्येतत् तथ्यं यत् वेदस्य परवर्तिमन्त्रेषु केषुचित् उच्चविचाराणां यः क्षुद्रतरोंऽशो दृश्यते तस्मादेवैषा कल्पना समुद्भूता? अपि नामोपनिषदां प्रणेतृभिः वेदमन्त्रेषु कश्चिदीदृशोऽर्थ आरोपितो यस्तत्र अविद्यमानोऽपि तैः स्वकल्पनया स्वैरव्याख्यया वा समुद्भावितस्तत्र? आधुनिकयूरोपीयविद्वद्भिः एतदेव तथ्यं प्रस्थाप्यते साग्रहम्, प्रभावितं च तैरद्यतन-भारतीयमनीषिणां मनः। इममेव दृष्टिकोणं पुष्णाति तेषां कथनमिदं यत् वेदस्य ऋषयः न केवलं द्रष्टारः, किन्तु गायकाः पुरोहिताश्चासन् यज्ञनिष्पादकाः; तेषां गीतानि च सार्वजनिकयज्ञेषु गानार्थं व्यरच्यन्त; तानि खलु निरन्तरं प्रचलितक्रियाकलापमेव निर्दिशन्ति, अपि च यज्ञविधीनां लक्ष्यभूतबाह्यपदार्थानां धन-समृद्धि-शत्रुविजयादीनामर्थे प्रार्थनापराण्येव प्रतिभान्ति। वेदस्य महान् भाष्यकारः सायणः ऋचां कर्मकाण्डीयमर्थमेवोपन्यस्यति अस्मत्पुरतः, आवश्यकतानुसारं स तत्र तत्र गाथात्मकं किंवा ऐतिहासिकमर्थमपि

---

१ उपशीर्षकाणीमानि अस्माभिः, योजितानि न तु मूललेखकेनोपन्यस्तानि।—अनुवादकः।

२ यथा ऋग्वेदः ५।५७।८; ६।४९।६। अनु०।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विवृणोति, तदपि केवलं विचारणीयविकल्पतया ! परं कस्यचिदुदात्ततरार्थस्य निरूपणं तट्टीकायां सुविरलमेव, कामं स तस्य क्षीणाभासमनुमन्यते कदाचित्, अथवा उपक्षिपति तं वैकल्पिकरूपेण, हताश इव याज्ञिक-गाथात्मक-व्याख्योपलब्धौ । तथापि स आध्यात्मिकदृष्ट्या वेदानां परमं प्रामाण्यं न निराकरोति न वाऽऽचष्टे ऋक्षु उच्चतरसत्य नान्तर्निहितमिति । एतत् अन्तिमकार्यं च (वेदानामाध्यात्मिकप्रामाण्यनिराकरणादिकम्) अस्मद्युगे करणीयतयाऽवशिष्टमासीत्, कृतं चैतत् पाश्चात्य-विद्वद्भिः प्रचारितश्च स्वकीयसिद्धान्तः ।

यूरोपीयविदुषां मतम्—

यूरोपीयविद्वद्भिः कर्मकाण्डीयपरम्परा तावत् सायणादुपात्ता, परमन्यविषयेषु ते तं सुदूरमपास्य, शब्दानां स्वैरां व्युत्पत्तिपरकव्याख्यां वेदमन्त्राणामनुमानिकाऽर्थान् वा कर्तुं प्रावर्तन्त । एवं च तैः वेदानां नवीनस्वरूपमेकमुपस्थापितं यत् प्रायेण उच्छृङ्खलं कल्पनाप्रसूतं चासीत् । वेदेषु ते भारतस्य प्राचीनेतिहासं, समाजरचनां, संस्थाः, प्रथा, रीति-नीतीः, तत्कालीनसभ्यतायाश्चित्रं चान्वेषयितुमयतन्त । भाषाभेदमवलम्ब्य तैः एतन्मतमुद्भावितं यत् आर्यैः उत्तरदिशः आगत्य द्रविड (दक्षिणात्य) भारतमाक्रान्तम् [1] किन्तु स्वयं भारतीयेषु अस्याः घटनायाः काऽपि स्मृतिः परम्परा वा न प्राप्यते, न तेषां कस्मिंश्चिन्महाकाव्येऽभिजातसाहित्ये वा एतस्याः कश्चिदुल्लेखो लभ्यते लेशतोऽपि । एषां यूरोपीयविदुषां मतेन वैदिकधर्मो नाम केवलं प्राकृतिकदेवतानां पूजा, सौरगाथाभिरभिपूरिता, यज्ञैः पवित्रिता च । अथ चायं याज्ञिक-प्रार्थना-विधिरेकः प्रतरामादिमभाव-विचार-क्रियाकला-पैराकलितः, नान्यत् किमपि । इमा बर्बरप्रार्थना एव च बहुकीर्तितः, प्रभापरिवेष्टितः, देवत्वमापादितश्च वेदः ।

देवतानां रूपपरिवर्तनं वेदश्च—

आदिकाले भौतिकविश्वस्य शक्तयः—सूर्याचन्द्रमसौ, द्यावापृथिव्यौ, वायु-वर्षा-वात्याप्रभृतयः, पवित्रसरितः, प्रकृतिव्यापाराणामधिष्ठातारोऽनेके देवाश्च—पूज्यन्ते स्म इति नास्त्यत्र संशयावकाशः । रोमयूनानदेशयोः भारतवर्षे च अन्यासु च पुरातन-जातिषु प्राचीनपूजायाः सामान्यस्वरूपमिदमेवासीत् । परम् एषु सर्वेष्वपि देशेष्विमा देवता उच्चतरमाध्यात्मिकं वा व्यापारं कर्तुमारभन्त । पैलेस एथिनी (PALLAS ATHENE) आदौ संभवतः जियुस् (ZEUS) नामकस्य आकाशीयदेवस्य, 'द्यौ'—रितिनाम्ना वेदे कीर्तितस्य शीर्षात् ज्वालारूपेण उद्भवन्ती उषोदेवताऽऽसीत् । प्राचीने 'अभिजात' यूनानदेशे सा उच्चतरव्यापारविधात्री देवताऽजायत, रोमवासिभिश्चासौ स्वीयया ज्ञानविज्ञानयोरधिष्ठातृदेवतया 'मिनर्वा' नामिकया सह एकत्वमापादिता । एवमेव 'नदी' देवता सरस्वती भारते ज्ञान-विद्या-कला-कौशलानां देवी संजायते । सर्वा अपि यूनानीयदेवता एवं विधं परिवर्तनं प्रापुः—अपौलो (APOLLO) नाम्नी सूर्यदेवता कविताया भविष्यवाण्याश्च देवता संजाता । 'हिफेस्टस्' (HEPHEASTUS) नामकोऽग्निदेवो दिव्यशिल्पी श्रमस्य देवो विश्वकर्मा संवृत्तः । किन्तु भारते इयं परिवर्तनप्रक्रिया मध्येमार्गमेव निरुद्धा । अत्र वैदिकदेव निजाध्यात्मिकव्यापारांस्तावत् विकास-

---

१ अनुमानतः यीशवीयाब्दात् पंचदशशतकेभ्यः पंचविंशतिशतकपूर्वम आर्यजातिः उत्तरपश्चिमीयसीमान्तमार्गेण दलशः भारतं प्रविष्टा, अस्य देशस्यादिमनिवासिनः द्राविडान कोल-भीलादिजातीयांश्च पराजयतेति आधुनिक-पाश्चात्यैतिहासिकाः पुरातत्त्वविदश्च प्राहुः ।
—अनुवादकः

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मानयन्, किन्तु स्ववाह्यस्वरूपमपि सुस्थिरतयाऽरक्षन्नधारयंश्च उच्चतरोद्देश्यार्थं चैकस्यै नवीनदेवमालायै अवकाशमदु। पौराणिकदेवेभ्यः प्राधान्यप्रदानं तेषां कृतेऽपरिहार्यं जातम्। इमे पौराणिकदेवाः पूर्वतरदेवाना विकासादेव आविरभवन् किन्तु विस्तृततर–विश्वव्यापार–निर्वहणभारमधारयन्। ते खलु विष्णुः, रुद्रः, ब्रह्मा (यो वैदिकदेवात् बृहस्पतेर्ब्रह्मणस्पतेर्वा विकासं प्रापत्), शिवः, लक्ष्मीः, दुर्गा च। तदेवं भारते देवतानां रूपपरिवर्तनं पूर्णत्वं नाभजत्। पूर्ववर्तिदेवताः पौराणिकदेवमालायाः क्षुद्रदेवतात्वेन परिणताः। अस्य प्रमुखकारणमासीद् ऋग्वेदस्य जीवत्प्रमाणम्, यतस्तस्मिन् (ऋग्वेदे) देवतानामाध्यात्मिका बाह्याश्चोभयेऽपि व्यापाराः युगपद्दृश्यन्त, उभयेभ्यश्च प्रबलगौरवमदीयत। रोमयूनानदेशयोर्देवतानां प्रारम्भिकस्वरूपसुरक्षकः कोऽपीदृशः (वेदसदृशः) प्राचीनः साहित्यिकाभिलेखो नासीत्।

रहस्यवादिनः—

अस्य परिवर्तनस्य कारणम् आसां प्राचीनजातीनां सांस्कृतिकविकास एवासीदिति स्पष्टमेव, यतो हि यथा यथा आसु जातिषु सभ्यताया विकासोऽभवत् तथा तथेमा उत्तरोत्तरं मनःप्रधाना अभवन्, भौतिकजीवने चासां रतिर्न्यूनतामगमत्। फलतः आभिर्निजधर्मे निजदेवेषु च ईदृशि सुचारुतर-सूक्ष्मतरतत्त्वानि अन्वेषयितुमावश्यकताऽनुभूता यानि आसां समधिक-मानसत्व-भावितानां विचाराणां रुचीनां चावलम्बनानि स्युः, यानि चैकां वास्तविकामध्यात्मसतां कामपि दैवीं मूर्तिं वा एषां रुचिविचाराणामालम्बनत्वेन प्रमाणत्वेन चोपलब्धुं पारयेयुः। परन्तु अस्याः अन्तर्मुखप्रवृत्तेर्निर्धारणस्य दृढमूलत्व-संपादनस्य च यशः श्रीः भूयिष्ठतया रहस्यविद्भ्य एव देया, यतो हि आसु आदिसभ्यतासु तेषां सुमहान् प्रभावो बभूव। यत्सत्यम्, प्रायः सर्वत्रैव कदाचित् 'रहस्य' युगमासीत् यस्मिन् गंभीरतरज्ञानसम्पन्ना आत्मज्ञानिनो निजान्यभ्याससाधनानि, अर्थपूर्णविधिविधानानि प्रतीकानि च प्रतिष्ठापयांचक्रुः, स्वकीयाऽऽदिमतरबाह्यधर्माणां परिधौ सीमारेखायां वा गुह्यविद्यां स्थापयामासुः। रहस्यविद्येयं विभिन्नदेशेषु विभिन्नरूपाण्यधारयत्। यूनानदेशे 'और्फिकं (ORPHIC) 'एलुसीनियन' (ELEUSINIAN) रहस्यानि आसन्, मिश्र-खाल्दिया (EGYPT AND CHALDEA) देशयोः पुरोहिताः, तेषां गुह्यविद्या-यन्त्रमन्त्रादयश्च बभूवुः, ईरानदेशे मागिनो (MAGI) ऽभवन्, भारते च ऋषयः। इमे रहस्यवादिनः आत्मज्ञानस्य गहनतरविश्वज्ञानस्य च प्राप्तौ निमग्ना अतिष्ठन्। तेऽन्वविन्दन यत मानवे बाह्यान्नमयमनुष्यस्य स्थूलस्तरस्य पृष्ठतः एको गभीरतर आत्मा अन्तः सत्ता च वर्तते यस्य यस्या वाऽन्वेषणं प्रवेदनं च (ज्ञानं च) मानवस्य सर्वोच्चकार्यम्। "आत्मानं विद्धि" इत्यवासीत् तेषां महती शिक्षा, यथा भारते आत्मज्ञानोपलब्धिरात्मनो महत्यावश्यकता, मनुष्यस्य उच्चतमं काम्यवस्तु वाऽभवत्। अपि च, विश्वस्य बाह्यरूपाणां पृष्ठतस्स्थितं किमपि सत्यं परमार्थतत्वं वा तैरज्ञायि। अस्य सत्यस्य गवेषणमनुसरणं साक्षात्करणं च तेषां महाभिकांक्षाया विषयोऽभूत्। तैः प्रकृतेः शक्तयो रहस्यानि चान्वेषितानि यानि खलु भौतिकविश्वस्य रहस्यानि शक्तयश्च नासन् किन्तु यद्द्वारा भौतिक-जगति भौतिकवस्तुषु च गुह्यप्रभुत्वं प्राप्तुमपार्यत। अस्याः गुह्यविद्याया गुह्यशक्तेश्च व्यवस्थितरूपनिर्माणमपि एषां रहस्यविदामोजस्विकार्येष्वन्यतममासीत्। परम् एतत् सर्वं केवलं कृच्छ्रेण निष्प्रमादेन च प्रशिक्षणेन, नियन्त्रणेन, प्रकृतिशोधनेन च सुरक्षिततया कर्तुमशक्यत। नासीदिदं साधारणमनुष्यसाध्यम्। यदि मनुष्याः कठोरपरीक्षां कृच्छ्रप्रशिक्षणं च विना एषु विषयेषु पदं निदधतु तर्हि तत् तेषामन्येषां च कृते

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

संकटपूर्णमेव स्यात्, यतोऽस्य ज्ञानस्य आसां शक्तीनां च दुरुपयोगः संभाव्यते, अशुद्धव्याख्या कर्त्तुं शक्यते, एतज्ज्ञानशक्त्यादिकं सत्यादसत्यं प्रति शुभादशुभं प्रति च परावर्तयितुं पार्यते। अत एव सर्वमपि कठोरतया गुप्तमरक्ष्यत, प्रच्छन्नतयैव गुरुणा शिष्याय ज्ञानमदीयत। प्रतीकानामावरणमेकं व्यरच्यत यस्य पृष्ठतः इमे रहस्यमयविषया आश्रयं ग्रहीतुमशकन् कानिचित् संलापसूत्राण्यपि प्रणीतान्यासन् यानि दीक्षितैरेव बोद्धुमशक्यन्त, यानि चान्येषामविदितान्यभवन् यद्वा ईदृशे बाह्यार्थ एवागृह्यन्त यस्तेषां वास्तविकमर्थं रहस्यं च सावधानतया समावृणोत्। अयमेवासीत् रहस्यवादस्य सारः सर्वत्रापि।

वेदानां गुह्यार्थकत्वपरम्परा—

भारते इयं परम्परा प्राचीनतमकालात् प्रथिता यत् वेदस्य ऋषयः क्रान्तद्रष्टारः कवयो वा एवंविधा मानवा आसन्, ते सामान्यमनुजागोचरेण महता गुह्याध्यात्मिकज्ञानेन समन्विता अभवन्, तैरेतत् ज्ञानं निजशक्तयश्च गुप्तदीक्षया स्ववंशजेभ्यः वरिष्ठशिष्येभ्यश्च प्रददिरे। कपालकल्पनात्मकः खल्वयं सिद्धान्तः यदियं परम्परा सर्वथा निर्मूला, अथवा कमप्याधारं विना शून्ये सहसा समुद्भूतः क्रमशः समुत्पन्नो वाऽन्धविश्वासः। स्यादेवास्याः परम्परायाः कश्चिदाधारः, भवतु नाम स कामं स्वल्पः किं वा गाथाभिः बहुशताब्दी संचितप्रक्षिप्तवाग्भिश्च परिवर्द्धितः। यदि चेयं सत्या तर्हि एभिर्द्रष्टृकविभिः (ऋषिभिः) वेदेषु स्वगुह्यज्ञानस्य, निजरहस्यमयविद्यायाः कानिचित् सत्यान्यवश्यं व्यंजितानि स्युः, वेदमन्त्रेषु चेदृक् किमपि तत्त्वमवश्यं भवेत्, स्यान्नाम तत् कामं सुगोपितं गुह्यभाषया प्रतीकपद्धतेः पृष्ठतो वा। यदि च तत् तत्र विद्यमानं तर्हि केनाऽप्यंशेन लभ्यमपि भवेदेव। ननु अवितथमिदं यत् वेदभाषाया अतिपुरातनत्वात् तच्छब्दानां लुप्तप्रायत्वात् (तथा हि यास्केन चतुःशताधिका अविदितार्थाः शब्दाः परिगणिताः), प्रायशो लेखनशैल्याः कठिनत्वादप्रचलितत्वाच्च वेदानामभिप्रायः समाच्छन्नः। वैदिकप्रतीकानामभिप्रायस्य विलोपात् (एषां कोषः कुंचिका वा तेषामृषीणां पार्श्वमेवाभवत्) ते (वेदाः) परवर्त्तिसन्ततीनां दुर्बोधा अभवन्। किं बहुना, उपनिषत्कालेऽपि आत्मजिज्ञासूनां वेदस्य गुप्तज्ञाने प्रवेशार्थं दीक्षाध्यानयोराश्रयो ग्राह्योऽभूत्, ततः उत्तरकालिकविद्वांसस्तावत् किंकर्तव्यतामूढा एव संवृत्ताः। ते त्वनुमानं शरणं यातुं विवशीभूताः वेदानां बौद्धिकव्याख्यायां ध्यानमेकाग्रीकर्त्तुं यद्वा गाथाभिर्ब्राह्मणग्रन्थकथानकैश्च — स्वतोऽपि प्रायशः प्रतीकात्मकैरस्पष्टैश्च — वेदव्याख्यां कर्त्तुं प्रसह्य प्रेरिता बभूवुः। तथापि तद्विलुप्तरहस्योपलब्धिरेव वेदानां वास्तविकमर्थं मूल्यं चावगन्तुमनन्यसाधनम्। यास्कमुनेः संकेतोऽस्माभिर्गम्भीरतयोपादेयः, वेदेषु किमस्तीति विषयेऽस्माभिर्ऋषेर्वर्णनमिदं स्वीकार्यं यदिमे "ऋषेः प्रज्ञारश्मयः, क्रान्तदर्शिन एवाचः", एतत् प्राचीनज्ञानमवबोद्धुं च यत्किमपि सूत्रं प्राप्तुं शक्येत तदन्वेष्टव्यम्। अन्यथा वेदा नित्यं मुद्राबद्धग्रन्था एव स्थास्यन्ति। व्याकरणविशारदाः, व्युत्पत्तिविदः विदुषां तर्कवितर्का वाऽस्मभ्यमिमं मुद्रापिहितकक्षमपावरितुं कदापि न पारयिष्यन्ति। (क्रमशः)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गतमासाङ्कतोऽग्रे)

साधना

श्रीसत्येन्द्रबाबुकृतसाधनायाः अनुवादको महाकविरामकृष्णभट्टः 'हिन्दुकॉलिज' दिल्लीविश्वविद्यालयः

सप्तमः परिच्छेदः

मणिमहाशयः--तेनानुधावकेन साकमन्येनाप्यागतेन भाव्यम् ।

कथं तद् विज्ञातम् ?"

उभाभ्यामपि ताभ्यां विपक्षगताभ्यां भाव्यम् । कन्या कुत्र नीयत इति परीक्षितुं तौ प्रथमपक्षं पार्ष्णिग्रहणायानुसृतवन्तौ । उभे अपि ते सद्मनी निर्जने इत्येव प्रथमेऽज्ञासिषुः ।

"कथमेतद्विदितं भवद्भिः ?"

आगतानां तेषां सविधे बह्व्यः कुञ्चिका आसन्निति भाति । मया चोभयोरपि गृहयोरर्गले सम्यक् परीक्षिते । उभे अर्गले झटित्युद्घाटयितुं बह्वीभिः कुञ्चिकाभिरेकैकशः प्रयतितम् । वेगेनान्तः प्रवेशितानां कुञ्चिकानां लक्ष्म स्फुटमर्गलयोर्गोचरी भवति । आनीतास्वेकापि कुञ्चिका न बृहत्सद्मनोऽर्गलाया अर्हा जाता । अतो विफलमनोरथास्ते गृहान्तरं गत्वा तदर्गलामुत्कीलयान्तः प्रविष्टाः । प्रथमं तावत् कतरद् गृहं प्रवेष्टव्यमित्यजानाना उभयत्रापि गत्वा प्रयत्नमकार्षुः । अन्ते चैकभूमिकं सद्म गत्वा तत्रस्थायां खट्वायां प्रच्छदपटमास्तीर्य कन्यामिमां मूर्च्छापादकौषधेन विसंज्ञां विधाय शायितवन्त इति प्रतिभाति ।"

"तत्पार्ष्णिग्रहौ किम् ?"

"तौ तु तद्गृहाभिज्ञौ । तयोरन्यतरस्मिन् गृहान्तः प्रविष्टे इतरो बहिरर्गलामभान्त्सीत् । अन्तः प्रविष्टश्च सत्वरमारुक्षत्तृतीयभूमिकाप्रकोष्ठम् । एतत्तु तत्पदलाञ्छनादवगम्यते । यदि स तद्गृहं नाज्ञास्यत् तर्हि न तथाऽगमिष्यत् । तत्प्रकोष्ठस्थगवाक्षाद् गृहान्तरान्तः प्रवर्तमानं सर्वं कार्यजातं स्फुटं दर्शनगोचरं भविष्यतीत्यपि तेन विदितमासीत् ।"

"तर्हि स एवात्रागतो भवेन्ननु यस्येमे भवने ?"

नैतदसन्दिग्धं वक्तुं शक्यते । एतावन्मात्रं निःसंशयं यत्तस्योभे अपि वेश्मनी सम्यग्विदिते । अपि च तत्र किञ्चिद् गुप्तद्वारमप्यस्ति । तद्द्वारा बहिर्गन्तुं शक्यत इति च तेन विदितेन भाव्यम् । अतोऽग्निनलिकया स्त्रियं निहत्य गुप्तद्वारेण बहिर्गतवानसौ ।"

"तस्याः स्त्रिया वह्निशस्त्रेण व्यापादने किं स्यात्तस्योद्देश्यम् ?"

'यन्मयोच्यते तत्तर्कायातमेव । तथा हि-कन्या मृता वा न वेति वेदितुं केचित्तत्र तत्र निलीनाः प्रतिपालयन्तः स्थिताः । प्रातस्ते वातायनद्वारा कन्या जीवतीत्यभिज्ञाय विफलमनोरथा उपायान्तरं व्यचिन्वन् । पूर्वाह्णे तु न किमपि कर्तुं पार्यते । तदा हि जना वीथीषु सञ्चरन्तीतस्ततः । ललाटन्तपे तु तपने मार्गेषु जनशून्येषु हस्ते कौक्षयकं दत्वा गवाक्षमार्गेणान्तः प्रविश्य कन्यां व्यापाद्य प्रत्यागन्तव्यमित्याज्ञप्ता सा योषित् प्रेषिता ।"

प्राड्विवाकः (विहस्य)--यदि कश्चिदन्यो भवदुक्तं शृणुयात्सर्वं तर्हि स सम्भावयेद्भवन्तोऽपि तत्र प्रत्यक्षदर्शिनोऽवस्थिता इति । भवतां तर्कसरणिः श्लाघनीया घटनागवेषणाशक्तिश्चाद्भुते प्रतिभातः ।

महाधिकारी--स्त्रियाः गृहाभ्यन्तरप्रेषणं किमुद्दिश्य कृतं स्यात् ?

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

"विधित्सितकार्यपरिसमाप्तेः प्राग्यदि कोऽपि तां स्त्रियं प्रेक्षेत तर्हि स्त्रीत्वनिमित्तेन 'अहमस्या दासी' ति वदन्ती सा न कस्यापि शङ्काभाजनं भवेदिति प्रेषिता ।"

"ननु जनरहिते ते गृहे सर्वथा शून्ये ! !"

"गृहस्वामिनः सकाशान्मासिकभाटकेन गृहीतं गृहम्, अतीतायामेव क्षणदायां वाष्पशकटेनायातमत्रेति च वक्तुं शक्यते खलु ।"

"किन्नु द्वारमर्गलया न कीलितम् ?"

"सहायेषु पुरुषेषु विपणिं गतेषु द्वयोरेवाबलयोस्तत्रावस्थानं भयावहमिति द्वारं कीलयित्वा यातास्ते इति च वक्तुं शक्यम् ।"

एतच्छ्रुत्वोभावप्यधिकारिणौ प्रहसितुमारेभाते ।

प्राड्विवाकः—"दुष्टानां याः खलकलाः सन्ति ताः सर्वा अपि साधु भवतां विदिताः । सत्सु भवत्सु नास्ति तेषां मोक्षः । साम्प्रतं भवद्भिराचेष्टितं समग्रं न्याय्यमेव । तत्र किमन्यदवशिष्यते वक्तुम् ? उच्यताम् ।"

"प्रतिपक्ष्यः कश्चित्प्रत्यक्षदर्शी तदा त्रिभूमिकहर्म्यस्योपरिष्टात्प्रकोष्ठेऽत्रातिष्ठत । नक्तमन्धकारे स न किञ्चिद् द्रष्टुं शशाक । ज्ञातं च तेन कन्या निकटवर्तिनि सदने निवेशितेति । तत्सहचरेण चैष उदन्तस्तस्मै सङ्केतद्वारा निवेदितः स्यात् । तथापि कन्यामन्तरेण नाधिकं तयोर्विदितं स्यात् ।"

"कुत एवमुच्यते ?"

"यदि तावज्ज्ञास्यतां तर्हि प्रकाशमेव विघ्नमाचरिष्यताम् । कन्योदन्तमल्पमेव विदित्वा तौ प्रथमपक्ष्यान्प्रत्यक्षमेवानभियुज्य गूढप्रचारौ प्रवर्तमानं सर्वं चेष्टितं निपुणं निरूपयन्तौ स्थितौ । गृहान्तःस्थोऽपि गुप्तद्वारेण प्रभाते बहिरागत्य समन्तात्परीक्ष्य पुनरप्युपरितनमपवरकमारुक्षत् । ज्वलनप्रहरणमुचितं तदन्तिके चासीत् । न तु बुद्धिपूर्वकं हत्याकृत्यायानीतम् उपरिष्टात्प्रेक्षमाणः स काञ्चिद्योषां मण्डलाग्रेण कन्याया हृन्मर्मविदारणव्यग्रामालक्ष्य नाततायिवधः पापायेति कृत्वा तां लक्ष्यीकृत्याग्निगोलकं व्यसृजदित्येतावद्वक्तुं प्रभवामः ।"

प्राड्विवाकः—"एतद्रहस्यं कृत्स्नं निर्भिद्य प्रकाशयितुं भवतो वर्जयित्वा न कोऽपीश्वरः । एतद्गवेषणायां वहन्तु भवन्त एव धुरीणत्वम् ।"

"अयं भवदनुग्रहविशेषोऽस्मिञ्जने । इयं कन्या · · · · ।"

"कन्यया च भवदन्तिके स्थातव्यमिति निर्धारः कृतो मया । क्षिप्रमेव तत्कृते किञ्चित्प्रमाणपत्रं दास्यामि । आरक्षिकैरपि यावच्छक्ति प्रयत्न आस्थेयः । किन्तु भवदीयमन्तरा साहाय्यकं ते नालं किमप्याचेष्टितुम् । एत्तत्तु निश्चप्रचम् ।"

"अहमपि यथाशक्ति प्रयतिष्ये ।"

"अत्यल्पेनैव कालेन यद्भवद्भिर्भूतार्थसंवेदनमासादितं तद्विचिन्तयतो मे मनसि भवत्कार्यसिद्धिमन्तरेण नास्ति सन्देहलवोऽपि । किन्तु गवेषणामार्गे पुरः प्रसर्पणाय किमन्यान्यपि कानिचिल्लक्ष्माण्युपलब्धानि ?"

"चत्वार्यधिगतानि लक्ष्माणि ।"

तदोभावप्यधिकारिणावाश्चर्यचकितौ, "कानि, कानि तानि" इत्यपृच्छताम् ।

कन्याया विषये करपारिहार्याः पादोर्मिके च । अग्निगोलकप्रयोक्तुर्विषये तद्विसृष्टो गोलकः । स च सङ्घट्टितभित्तिः कुट्टिमे निपतितो लब्धः । इदं च पत्रशकलम् ।"

(क्रमशः)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

साहित्य-समीक्षा

[समालोचनार्थं प्रतिपुस्तकद्वयं पत्रिका-कार्यालये प्रेषणीयम्]

वेदार्थ-चन्द्रिका

लेखकः—श्री डा. मुन्शीराम शर्मा, संचालकः—वैदिक शोध संस्थान, डी. ए. वी. कालेज, आर्य-नगर, कानपुर।

प्रकाशकः—चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी मूल्यम् ६)०० ।

'वेदार्थचन्द्रिका' पुस्तकस्य प्रणयिता भाषा-कोविदो विद्वत्तल्लजः श्रीमान् डा. मुन्शीराम शर्मा विद्यते। पुस्तकस्य हिन्दीलेखनं प्राञ्जलं स्पष्टं सोपपत्तिकं सप्रमाणञ्च विलोक्यातितरां मोदम-नुभवति मेचेतः। रमणीया विषयप्रतिपादनशैली मनःसमावर्जनपुरस्सरा स्पष्टयति नितरां स्व-विषयम्। अत्र विद्वन्महाभागस्य लेखिन्या निम्ना-ङ्किता विषयाः सम्प्रसूताः।

प्रेमी पाठकों से, प्रभु के चरणों में, देव! बोलो, पुरुषसूक्त, सृष्टिप्रकरण, प्रलय प्रकरण, वेदों का आविर्भाव, वेद और परतत्त्व, हमारा वायुमण्डल, तीन और सात, यात्रा की सफलता, स्वस्ति पन्था, स्वस्ति तथा शान्ति, शान्ति का धाम, ज्ञान, ज्ञानसूक्त, शुचिता, समिद्धता, चार देवता, अध्वर तथा स्तोम, हमारा योग क्षेम, महाव्याहृतियां, वेद और आर्य, पुनर्जन्म, मोक्ष। एवं पञ्चविंशतिविषया अत्र विराजन्ते एषां महाभागानामिदं प्रथमं पुस्तकमेवास्माकं दृष्टि-पथमायातम्। ईदृशाः प्रशस्ताः प्रौढपाण्डित्य-पूर्णाः सोपपत्तिकं विवेचनपुरस्सराः ग्रन्थाः पौनः पुन्येनैषां महाभागानां करकमलाभ्यां प्रकाशतां प्राप्नुयुरित्याशासे। भृशमभिनन्दनीयोऽयं महाभागः। सर्वैर्वेदप्रेमिभिः पुस्तकमिदमवश्यं पठनीयम्।

वेदाध्ययन प्रवेशिका

लेखकः—श्री स्वामी ब्रह्ममुनिपरिव्राजकः प्राप्ति-स्थानम्—सार्वदेशिक आर्यप्रतिनिधि सभा, दयानन्द भवन, रामलीला मैदान नई दिल्ली १, मूल्यम् ५)

नैकेषां ग्रन्थानां प्रणयित्रा वेदवेदाङ्गतत्त्वज्ञेन श्री स्वामिब्रह्ममुनिपरिव्राजकेन विरचितमिदं पुस्तकम्। अस्मिन् पुस्तके महाविद्यालयज्वाला-पुरीयछात्राणामध्यापनसमये संकलितानि वैदिक-सूक्तानि संगृह्य मेरठ-आगरा-लखनऊ दिल्लयादि-विश्वविद्यालयानामपि एम. ए. विभागस्य पाठ्य-क्रमे निर्धारितानि सूक्तान्युपजीव्य पुस्तकमिदं व्याख्यारूपेण हिन्दीभाषायां विरचितम्। स्वामि-दयानन्दयतिवर्येण क्षुण्णां शलीमुररीकृत्य वेदमन्त्राणां विशदमभिनवं व्याख्यानमत्र विहितम्। नैकेषु स्थलेषु शतपथादिब्राह्मणग्रन्थानां प्रमाणा-न्यपि प्रदत्तानि। एम. ए. श्रेण्यां लब्धप्रवेशेभ्य-श्छात्रेभ्यः पुस्तकमिदं महदुपकारकारि भविष्यतीति नास्त्यत्र संदेहलवोऽपि। अद्यावधि भारतीय-विश्वविद्यालयेषु सायणीयपद्धतिमवलम्ब्य भाषा-विज्ञानसंवलितेतिवृत्तबहुलां पाश्चात्यदृष्टिमंगीकृत्य तत्र प्राध्यापका वेदार्थान् विवृण्वते, अस्मिन्मते नासौ पन्था भारतीय महर्षीणाम्। अतएव पूर्वै-र्ऋषिभिः प्रतिपादितां दयानन्दारविन्दादियोगीश्वरै-रनुसृतां पद्धतिमवलम्ब्य श्री ब्रह्ममुनिपरिव्राजकेन वेदाध्ययनप्रवेशिका प्रकाशिता। परं यद्यत्र व्याकरण-निरुक्तादीनामपि समुल्लेखोऽभविष्यत् तन्नूनं महत्वमेवाधिकमस्या व्याञ्जयिष्यत्। वेदप्रेमिभि-श्छात्रैर्वा पुस्तकमिदमवश्यं ग्राह्यम्।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ज्योत्स्ना

लेखक—प्रो० योगेश्वरदेव, आर्यकालिज, पानीपत (हरियाणा)। प्रकाशक—श्री नारायणदत्त मिश्र, मौलिक साहित्य प्रकाशन, मूल्य ३)५०।

प्रो. योगेश्वरदेव एक सफल लेखक हैं। भाषा पर इनका पूर्ण आधिपत्य है। मानस के अन्तस्तल से प्रतिक्षण उद्बुद्ध होने वाले अनन्तविधभावों में से कुछ को चुनकर लेखक ने सुललित शब्दों द्वारा अभिव्यञ्जित करने का सफल प्रयत्न किया है। इससे पूर्व इनकी 'जागरण' पुस्तक पर हम पत्रिका के विगत अंक में समालोचना कर चुके हैं। इन दोनों पुस्तकों के अवलोकन से हम यह निस्संकोच भाव से कह सकते हैं कि लेखक भावसमुद्र के कुशल तैराक हैं। शब्दों द्वारा अभिव्यक्तीकरण की इनमें महान् क्षमता है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि लेखक भविष्य में इसी प्रकार उच्चकोटि का साहित्य सृजन कर देश व जाति की उन्नति में योग दान देते रहेंगे।

—भगवद्दत्तो वेदालंकारः।

सम्पादकीय टिप्पणयः

अधुना भारतवर्षे राज्येषु विभिन्नसम्प्रदायेषु जातिषु च स्वार्थं पुरतः संस्थाप्याहंकारगर्भिताऽपूर्वा यादृशी विघटनप्रवृत्तिः परितो दरीदृश्यते सा भयं जनयति सचेतसां देशभक्तानां मनस्सु। सन्त्येतादृशा बहवो जना ये स्वदुष्टव्यवहारेण प्रकटयन्ति यन्नेयमस्माकं भारतमाता, नायमस्माकं देशः, न वयं भारतीयाः, न चैकराष्ट्रियताभावभरिताः स्म। इमे हिन्दवः, इमे मुस्लिमाः, इमे च ईसाईसिखजैनादिसंज्ञका विद्यन्ते सर्वत्र श्रूयन्ते च। तद् भारतीयेति नाम कुत्र व्यवह्रियते? एवमेव ब्राह्मणक्षत्रियजाटगुर्जराहीरवैश्यादिजातिप्रकोष्ठेषु पिहिताः कूपमण्डूकतां विध्वंसकरीं चोग्रां सीमातीतां विघटनप्रवृत्तिं प्रद्योतयन्ति। भ्रष्टाचारादिदोषभाजोऽज्ञाः पशुबुद्धिं वहमाना एते समये समये संघर्षमपि जनयन्ति। भारतस्यान्तरेव पुनरन्यस्य नवपाकिस्तानस्य निर्माणाय मन्द्रध्वनिरपि कर्णगोचरीभवति। मन्येऽत्रदोषस्तु बाहुल्येन हिन्दूनामेवास्ति। तद् विचारणीयं यत्कउपायैरैक्यसम्पादनाय विधीयेत? अस्मन्मते सर्वेषामुपायानामेकायनं तच्छिशुशिक्षणं नाम। आशैशवात् शिशून् मातापितृभ्यां पृथक् विधाय वनेषु गुरुकुलानि संस्थाप्याऽऽध्यात्मिकशिक्षामाधारीकृत्य तेषां नवनिर्माणं विधातव्यम्। किं युवा वृद्धो वा शुकः पाठयितुं शक्यते? ते शिशवो राष्ट्रस्य सम्पत्तिः। तत्राश्रमं परितः परिधिरेका संस्थापनीया यामुल्लंघ्य न कोऽपि प्रविशेत् विनाऽऽदेशं प्रविष्टो दण्डार्हो भवेत्। राजनीतिकं वातावरणं तत्र न प्रसरेदिति ध्येयम्। किञ्चित् कालपर्यन्तं धर्मद्वयसंघर्षात्मकमितिवृत्तं नैवाध्याप्येत। प्रमुखधर्माणां सदाचारात्मिका नैतिकतायाः समुत्तेजिका शिक्षा प्रदातव्या। यौगिकशिक्षा सर्वेभ्य आवश्यकीति कृत्वा प्रचाल्येत मुस्लिमानां भारतप्रवेशात् पूर्वकालिकमितिवृत्तं प्रकाममध्याप्येत यतो हि ते मुस्लिमेसाईहिन्दूनां सर्वेषां पूर्वजा आसन्। परं प्रश्नोऽयं किं शासनमिदं तत्सर्वं कर्तुं प्रभविष्यति? कदापि न। पाकिस्ताने तु तत् सामर्थ्यं विद्यते। भारतस्य भाग्ये तु संघर्षात्मकं जीवनं विधात्रा लिखितम्।

—०—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गतांक से आगे--

अग्न्याधेय

श्री अभयदेव, १५ त्रिलोक नगर, अजमेर

संभार संभरण:

अग्नियों के आधान से पूर्व, आयतनों में कुछ पार्थिव और वानस्पत्य पदार्थों को बिछाया जाता है। इन्हें 'संभार' कहा गया है। इन पदार्थों में अग्नि अव्यक्तरूप से निहित है। अतः श (२।१।१।१) के अनुसार जहां-जहां अग्नि भूमि में निलीन है, वहां-वहां से पार्थिव संभारों का संभरण (संग्रह) करके उनका आयतन में संभरण (निवाप) करने से अग्नि का अपने ही व्यापक यश से संयोग हो जाता है। महिमायुक्त अग्नि का आधान करने से अग्नि मिथुनी बन जाता है और अपनी वाह्य पशुसंपत्ति से युक्त हो जाता है। प्रत्येक भौतिक पदार्थ में अग्नि व्यक्त है। व्यक्त व्यक्त होकर भौतिक पशुसंपत्ति से सम्पन्न हो जाता है। प्राण का भौतिक परिवेश में प्रकट होना ही सृष्टि है। इस नियम का बोधन संभारों पर अग्निप्रतिष्ठापन से सुव्यक्त हो जाता है।

संभारों की कुल संख्या, गणना, तथा उनका संभरण विभिन्न ग्रंथों में पृथक्-पृथक् है। कुछ आचार्य संभारों का संभरण अनावश्यक मानते थे। अदिति पृथिवी में ये सब 'संभार' नामक पदार्थ पूर्व से ही विद्यमान हैं। आधानानन्तर अग्नि उन्हें स्वतः ही प्राप्त कर लेगा। पर श-कार ने (२.१.१.१४) इस मत का खंडन करते हुए कहा है कि संभारों से ही आधान का आधानत्व है। पृथिवी में विभिन्न संभार यत्र-तत्र बिखरे हुए हैं। उनका एकत्र संभरण करने से अग्नि उन्हें सद्यः प्राप्त कर लेता है। का ने इन दोनों मतों को विकल्प से ग्रहण किया है।

(१) आयतनों के अवोक्षण को श, का, वा ने प्रथम संभार माना है, पर काठ ने अन्तिम पञ्चम संभार। मा वा के अनुसार अवोक्षण के अतिरिक्त 'आपः' रूप प्रथम संभार का संभरण 'उत् समुद्रात्. . . :' मन्त्र से किया जाता था। मा के अनुसार आयतनों के सूख जाने पर संभार-निवाप होता है।

(२) तैत्तिरीयशाखा के श्रौतसूत्रों ने संभारों के विभाग करने का विधान किया है। बौ के अनुसार गार्हपत्यायतन, अन्वाहार्यपचनायतन और आहवनीयायतन में एक-एक तिहाई प्रत्येक संभार का निवाप होता है। पंचाग्निपक्ष में आहवनीयायतन-भाग का एक-एक तिहाई प्रत्येक संभार आहवनीयायतन, सभ्यायतन और आवसथ्यायतन में रखना चाहिए। भा के अनुसार संभारों के दो भाग करके, प्रथम भाग में से एक-एक तिहाई प्रत्येक संभार का गार्हपत्यायतन, अन्वाहार्यपचनायतन, आहवनीयायतन में तथा द्वितीय भाग में से आधा-आधा प्रत्येक संभार सभ्या०, आवस० में निवाप करे। आप, स, वै के अनुसार प्रथमार्ध का आधा-आधा भाग गार्ह०, अन्वा० में, तथा अपरार्ध का एक-एक तिहाई भाग शेष तीन आयतनों में रखा जाता है।

बौ के अनुसार अध्वर्यु पार्थिव तथा वानस्पत्य समस्त संभारों का 'यत् पृथिव्याः. . .' यदन्तरिक्षस्य . .' तथा यद्दिवः . . .' से क्रमशः गार्ह०, अन्वा०, तथा आहवनीयायतनों में निवाप करता है। अन्य श्रौतसूत्रों ने विविध संभारों के निवापार्थ पृथक् मन्त्रों का विनियोग किया है[1]। वा के

---

१ सिकतानिवाप : भा, आप, स, वै—'अग्नेर्भस्मा. .' सा, वा—'चन्द्रमग्नि. . ।' ऊषानि० : संज्ञान. . .भूयात्।' मा, वा—यददो

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अनुसार अप-उत्सर्जनोपरांत, 'यत् पर्यपश्यत्. . .' से आयतनों में पुष्करपर्ण का निधान करके अन्य संभारों का निवाप किया जाता था। तैब्रा और बौ ने भी इसके निवाप का विधान पार्थिव संभारों में क्रमशः षष्ठ व सप्तम क्रम संख्या पर किया है। भा, आप, स, वै, मा पुष्करपर्ण का निवाप करके वानस्पत्य संभारों का निवाप करते हैं। पुष्करपर्ण आप्य है। पृथिवी का प्रथम पुष्करपर्ण रूप-प्रतिष्ठा पर वा योनि में ही संभव होता है। पांच-भौतिक पृथिवी का योनिभूत पुष्करपर्ण भी 'वाक्'—पांचभौतिक है। पृथिवी की अपेक्षा पूर्वा होने से वह 'द्यौ' है। पृथिवी की प्रतिष्ठाभूत, तथा पार्थिव अग्नि की योनिभूत पुष्करपर्ण का प्रथन करके अन्य वानस्पत्य संभारों का निवाप करना युक्त ही है। ऊषानिवाप के प्रसंग में निवाप से पूर्व अध्वर्यु चन्द्रमा के कृष्ण कलंकों का ध्यान करता है१। शर्करानिवाप करते हुए वह यजमान के शत्रु का (के वध का -स, वै) मन से ध्यान करे१। कौ के अनुसार ब्रह्मा सिकताप्रकिरण करके, जल का अभ्युक्षण करके, आयतनों को तैयार करता है। पुनः अभ्युक्षण करके आयतन के पृष्ठ भाग में वह 'अभिमंथन' का निधान करे। बौ के अनुसार अध्वर्यु पार्थिव संभारों का आधान (स्पर्श) करता है२। बौ, भा, वै के अनुसार वह संभारों का संसर्जन ('संप्रयुति-बौ) वा परस्पर मिश्रण करता है३। बौ, आप, वै के अनुसार अध्वर्यु अव संभारों को आयतन में समतः बराबर फैलाता है४।

आप, वै के अनुसार वानस्पत्य संभारों का संसर्जन५ करके अर्थात् उन्हें एकत्र करके, कृष्ण यजुर्वेदीय ग्रंथों के अनुसार अध्वर्यु उनका एक साथ आयतनों में निवाप करता है६। कौ ने गौ (पुं०), अश्व, अज, अवि के लोमों का आस्तरण करके व्रीहि-यवों का आस्तरण करने का विधान किया है। फिर तदनुसार कंडों का अभिविमार्जन (निधान) करके ऊपर से प्रागग्र दो दर्भतृणों का

दिवो. .।' आरवू० नि० : 'उदेह्यग्ने . ।' वल्मी० नि० : भा, आप, स, वै—गार्ह० में 'यत् पृथिव्याः. . ।' से, अन्वा० में 'यदन्त-रिक्षस्य. .।' से भा, आप—'यद्दिवः. .।' से अन्यों में, स, वै—'यद्दिवः. से आह० में, स, वै—अन्यों में तूष्णीं। मा, वा—सर्वत्र तूष्णीम्। सूदनि० : तैत्ति—शाखीय श्रौत सूत्रों में—'उत् समुद्रात्. . से।' वराहति० : भा, आप, स, वै, वा—'इत्यग्र. . । से, मा—'अतो देवी. .' से। शर्करा नि० : भा, आप, स, वै—'अदो देवी. .' से। मा, वा—इस मन्त्र के उत्तरार्ध से।

१ यददश्चन्द्रमसि कृष्णं तदपीह (बौ)। भा, आप, स, वै, वा में. . .तदिहास्तु।' मा में चन्द्रमसि कृष्णं तदिहेरय।' का में यह विधान नहीं है।

१ बौ, का में यह विधान नहीं है।

२ 'दिवस्त्वा वीर्येण. .' (तैब्रा १।२।१।१८)।

३ बौ के अनुसार 'सं वः सृजामि. .', तथा 'सं या वः .' (१।२।१।१७)। से, वै में द्वितीय मन्त्र से, भा में तूष्णीम्।

४ बौ में कल्पेतां. .' तथा 'ये ऽग्नयः समनसः. .' (तै ब्रा १।२।१।१८) से, आप वै में 'ऋतं स्तृणामि. .' (आप ५।१०।१) से। वै में स्तरण के बाद संसर्जन विधान है जो असमीचीन प्रतीत होता है।

५ आप में 'सं या वः. .' तथा 'सं वः सृजामि. .' से, पर वै में द्वितीय मन्त्र से।

६ भा, आप, स, वै में 'प्रथमंजज्ञे. .' (तै २।२ ४।१५) से; वै में, कुछ आचार्य संभारसंग्रह मन्त्रों से पृथक्-पृथक् निवाप करते हैं।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

निधान करे। भा, स, मा, वा ने इस समय मंत्र-पूर्वक सब संभारों के संसर्जन का विधान किया है१। जैसा कि (स ३।३।७ पर) महादेव ने लिखा है पहले प्रत्येक संभार का पृथक्-पृथक् ढेरियों में आयतन में निवाप कर लिया जाता था और फिर उन्हें परस्पर मिला देते थे। स, वै ने संसृष्ट संभारसमूह के बराबर फैलाने का भी विधान किया है२। मा के अनुसार अध्वर्यु 'आऽयं गौः पृश्निः. . ., अन्तश्चरति. . ., त्रिशद्धाम. .' से क्रमशः, गार्ह० दक्षिणा०, आह०-स्थ संभारों का अभिमर्शन करता है बौ, वै के अनुसार अध्वर्यु किसी को आयतनों का गोप्ता नियुक्त कर देता है ताकि कोई उनके मध्य में से संचरण न करे२। द्यौ के अनुसार गोप्ता घोषणा करे कि 'विहृता अग्नयो मा कश्चनान्तरेण संचारीत्।'

अग्निचयन में संभारों का संभरण किया जाता है। अग्निचयन का प्रयोजन तदनन्तर सोमयाग का अनुष्ठान होता था। सोमयाग ही ऋग्वेद का प्रधान यज्ञकर्म है; अन्य यज्ञों का स्थान तदपेक्षया अत्यन्त गौण तथा नगण्य था। अतः यजमान प्रायः अग्निचयन करके सोमयाग किया करते थे। कालांतर में अन्य यज्ञों, जिनमें सोमयाग में उपयोगी वेदि जितनी विशाल वेदि की आवश्यकता नहीं पड़ती थी, की कल्पना होने पर, उनके लिये उपयोगी सोमयागीय वेदि से छोटी, तथा चयन-पूर्वक सोमयाग न करने वाले यजमान के लिए भी उपयोगी वेदि के निर्माण की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी। अतः अग्निचयन को प्रकृति मानकर उसकी अनुकृति पर अग्न्याधेय की कल्पना की गई। प्राक्सोम कर्मों में क्योंकि अपेक्षया छोटि वेदि आवश्यक होती है, अतः अग्निचयन के संभारों में से इष्टकाओं को अग्न्याधेय संभारों में स्थान नहीं दिया गया। शेष संभार दोनों यागों में लगभग समान हैं। अग्न्याधेय-संभारों की सूचियां सर्वत्र एक सी नहीं हैं। काठ, कपि, श में पार्थिव संभार पांच माने गये हैं पर उनमें से ऊषा और शर्करा ही तीनों ग्रन्थों में समान हैं। ये ही दो संभार तैब्रा, मै में भी परिगणित हैं। वल्मीकवपा, और वराहविहत के नाम श के अतिरिक्त अन्य चारों ग्रन्थों में उपलब्ध हैं। आखुकरीष की गणना काठ और कपि नहीं करते। सिकता का संग्रहण तैब्रा और मै ही करते हैं अन्य नहीं। केवल तैब्रा ने सूद को पार्थिव संभार माना है। आपः को काठ, कपि, श ने संभारों में गिना है। अन्य ग्रंथों को अववोक्षण अभीष्ट है; पर वे उसे 'संभार' संज्ञा नहीं देते। हिरण्य की भी यही स्थिति है; केवल श उसे संभार संज्ञा देता है।

ऊषा१

क्षार मृत्तिका वा ऊसर वा शोरे-युक्त भूमि की मिट्टी सूर्यताप से जल के सूख जाने से बनती है। द्यौ और पृथिवी आरम्भ में साथ-साथ, संयुक्त थीं। उनके वियुक्त होने पर,

---

१ भा में 'सं या वः' तथा 'सं वः सृजामि' से। स में प्रथम मन्त्र से ऊषा, सिकता का, द्वितीय से फिर सब संभारों का संसर्जन। भा, वा—द्वितीय मन्त्र से।

२ स मे 'ऋतं स्तृणामि', दिवस्त्वा वीर्येण' से, वै में द्वितीय मन्त्र तथा 'कल्पेतां द्यावा पृथिवी' से।

३ वै में अध्वर्यु 'संभृता अग्नयो मा कश्चनान्तरेण संचारिष्ट' से गोप्ता—आदेशन करता है।

१ तै (५।२३), तैब्रा (१।१।३,१—३), मै (१।६।३), काठ (८।३), कपि (६।७), श (२।१।१।६) में ऊषा विवेचन।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दोनों ने स्व-स्व यज्ञिय भाग ('रस'–श) एक दूसरे को प्रदान किया। ऊषा द्यौ का पृथिवी-प्रतिष्ठ यज्ञिय रस है, तो पृथिवी का द्युप्रतिष्ठ यज्ञिय रस चन्द्रमा में दृश्य कृष्णता (कलंक) है। ऊषा-संभरण करके अग्नि का आधान करना द्यावा पृथिव्ययज्ञिय रस में अग्नि को आहित करते हुए उससे उसे समृद्ध करना है। रससमृद्धि के अतिरिक्त, ऊषानिवाप का द्वितीय प्रयोजन अग्नि को पशुसमृद्ध करना भी है। ऊषर वा ऊषा साक्षात् पशु हैं१। द्यौ द्वारा पृथिवी को प्रदत्त पशु ऊषा हैं। ऊसर भूमि पशुओं का प्रियधाम है। तैब्रा ने ऊषा को इसी कारण पशुओं का 'संज्ञान'–– सुपरिचित भूभाग बताया है। पशु अपनी घ्राण-शक्ति से ऊसर भूमि को खोजकर, उसे चाट-चाट कर लवण-भक्षण किया करते हैं। इस क्षार को पशुओं को पुष्ट करने वाला तथा परोक्षतः प्रजनन-शक्तिवर्धक बताया गया है। अतः ऊषा पुष्टि,२ प्रजनन, वा 'रेत'३ (मै) का भी सूचक है। ऊषा नित्य परिमाण में वृद्धिगत होता है। वह कृषि भूमि को ऊसर बनाता जाता है। प्रजाति व प्रजनन शक्ति के कारण ऊषा को श ने 'प्राजापत्य' कहा है। अतः ऊषा निवाप अग्नि को रेत में प्रतिष्ठित करना, पशुओं से समृद्ध करना वा पशुओं के प्रियधाम में पहुंचाना है। द्यौ जल का शोषण करके पशुरूप क्षार भूमि पर रहने देती है– यह मानों द्यौ का भूमि को पशव्य-पशुवृद्धिकारक यज्ञिय रस का दान है। ऊषा के सम्पर्क से अग्नि का द्यौ से भी सम्बन्ध स्थापन हो जाता है।

---

१ पशवो वा ऊषाः (श ५।२।१।१६; ७।१।१।८) पशव ऊषाः (श० ७।१।१।६, ७।३।१।८)।

२ ऐब्रा (४।२७) में भी 'ऊषो हि पोषः'।

३ रेतो वा ऊषाः प्रजननम् (श १३।८।१।१४)।

कृषिघातक होने पर भी तैब्रा१ ने ऊषा को साक्षात् अन्न कहा है। प्रजा-पशु भूत-भौतिक हैं। भौतिक पदार्थ अन्नाद्य होने से अन्न भी कहाता है। ऊषा पशुतत्त्व है, और पशु अन्न है२। अतः ऊषा अन्नभावोपेत है। अपने प्रजनन के कारण ही ऊषा को 'उल्व' भी कहा जाता है३। गार्हपत्या चिति योनि-स्थानीय है तो उसमें निरुप्त ऊषा योनि का उल्व है। अनुल्व प्रजा नहीं होती। अतः गार्हपत्यचिति में गार्हपत्यायतन में ऊषा-निवाप किया जाता है, अन्य आयतनों में नहीं गार्हपत्यायतन पृथिवीस्थानी है; प्रजा-पशु पार्थिव होते हैं।

शर्करा४

आरम्भ में पृथिवी, जिसे प्रजापति वराहरूप धारण करके सलिल के अन्दर से निकाल कर ऊपर लाया था और जिसे पुष्करपर्ण पर प्रथित किया गया था, 'शिथिरा, आर्द्रा, व्यथमाना५ च्यवना३ वा 'लौला'-चंचला, कंपायमाना, च्युता थी। उसमें ध्रुवता, दृढ़ता, स्थिरता नहीं थी। पृथिवी भीता और प्रकुपिता थी। वात उसे कभी इधर, कभी उधर हिलाता-डुलाता था। वह कभी देवों की ओर जाती, कभी असुरों की ओर, अर्थात् कभी वह कुछ शुष्क और स्थिर होने लगती तो कभी पुनः आर्द्रा और चंचला। (क्रमशः)

---

१ एते हि साक्षादन्नं यदूषाः (श १।३।७।६)।

२ पशवो वा ऊषा अन्नं वा पशवः (श ५।२।१।१६)। अतः पशवः=ऊषाः=अन्नम्। अतः पशवः=अन्नम्।

३ उल्वमूषाः (तैब्रा ७।१।१।८)।

४ तै (५।२।६), तैब्रा १।१।३), मै (१।६।३) काठ (८।२), कपि (६।७), श (२।१।१।८–११; ६।१।१।१३–१४; ६।१।३।५)।

५ ऋ (२।१२।; ४)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गतांक से आगे--

भारत की संस्कृति भारत की एकता की संयोजिका है

श्री महावीर 'नीर' विद्यालंकार एम ए

एकता की संदेशवाहिका : भाषा

त्याग और दान की विशिष्ट एकात्मकता की भावना के बाद हम भाषा-तत्त्व पर आते हैं। भारत की विशालता एवं जातिगत विशेषता को देखते हुए उसकी भाषाओं का एक होना तो असम्भव ही सा प्रतीत होता है। यही एक ऐसा देश है जहां पग-पग पर भाषा बदलती है। फिर भी, भारतीय राष्ट्र के समस्त प्रदेशों का अधिकतर जनसमुदाय एक ऐसी भाषा को समझ सकता है, बोल सकता है, पढ़ सकता है या लिखकर अपने भाव प्रकट कर सकता है; जिसे हम हिन्दी भाषा कहते हैं।

किसी भी राष्ट्र के आचार-विचार और जगत की ओर देखने के उसके दृष्टिकोण को हम उसकी भाषा में अधिक उत्तम ढंग से जान सकते हैं। अतः भाषा संस्कृति की वाहिका है। इसलिए वह राष्ट्र की एकता की संदेशवाहिका भी है। जिन देशों की कोई अपनी भाषा नहीं होती या जो उधार ली हुई किसी विदेशी भाषा से अपना गुजारा करते हैं उनकी स्वतन्त्रता अधिक दिन स्थिर नहीं रहती। उनकी एकता की मणि-माला खण्ड-खण्ड होकर बिखर जाती है। अतः शास्त्रों का आदेश है **'संवदध्वम्'** सब एक भाषा में बोलो और ऐसी राष्ट्र की एक ही भाषा है **'हिन्दी'**। हिन्दी भाषा को जानने वाला समस्त भारत का भ्रमण कर सकता है, इसमें कोई सन्देह नहीं। जालौन निवासी अखिल भारतीय साइकल पर्यटक ठा० हरपालसिंह जी आयवीर ने अपने भाषण के दौरान निबंध लेखक को बताया कि उन्होंने सारे भारत का भ्रमण किया, किन्तु कहीं भी हिन्दी भाषा के अतिरिक्त या हाव-भावों के अलावा और किसी भाषा का प्रयोग नहीं किया। समस्त भारत में अनेकविध विचित्रताओं के होते हुए भी उन्होंने भारतीय संस्कृति के अमरतत्त्व अतिथि-सेवा को भी सारे भारत के कण-कण में रमा पाया। केरल के हिन्दी विरोधी आन्दोलन को उन्होंने राजनैतिक षडयन्त्र बताया। इसके अतिरिक्त हम तो यह भी विचार रखते हैं कि जिस भी भारतीय-भाषा से हमारी एकता स्थिर रह सकती हो, जो हमारी राष्ट्र-भाषा बन सकती हो, उसे उस पद पर विभूषित किया जाए और आज से ही समस्त राष्ट्र के लिए उसका पठन-पाठन अनिवार्य कर दिया जाए, क्योंकि वही हमारी संस्कृति और जीवन से अधिक सामीप्य रख सकती है तथा हममें राष्ट्रीयता एवं भाईचारे की भावना भर सकती है, अन्य कोई विदेशी भाषा नहीं। हाँ, ज्ञानोपलब्धि के लिए जो चाहे वह अन्य भाषायें पढ़े। इससे अपना कोई विरोध नहीं।

सत्य तो यह है कि भारत को उत्तर और दक्षिण इन दो खण्डों में विभक्त करने वाली मनोवृत्ति ही गलत है। अतः हमें सम्पूर्ण भारत को एक ही दृष्टि में रखकर उसकी भाषा पर विचार करना चाहिए और जहां तक दक्षिणी खंड का प्रश्न है भारतीय-संस्कृति को एकरूपता देने में उनका सहयोग भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने ही सब भाषाओं को छोड़कर हिन्दी को गलहार बनाया। क्रान्तिदूत ऋषि-कल्प स्वनामधन्य दयानन्द सरस्वती ने भी राष्ट्र के लिए हिन्दी-भाषा के महत्त्व को पहचाना। बंगाल से ही हिन्दी का प्रथम-पत्र एक महान् स्वप्न लेकर 'उदन्त मार्तण्ड' के रूप में उषा की लाली के साथ उदित हुआ। राजा राममोहन राय, केशवचन्द्र

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सेन, महात्मा गांधी, हिन्दु हृदय सम्राट् सावरकर व हिन्दू विद्यापीठ के संस्थापक ऋषिमूर्धन्य मालवीय ने हिन्दी के महत्त्व को समझकर अनेक विलक्षण पग उठाये। अपने पूजनीय काका साहब कालेलकर तो विदेशियों को भी हिन्दी भाषा का ज्ञान कराने में अनवरत लगे हुए हैं। राजगोपालाचार्य भी हिन्दी के महान् प्रशंसक एवं पोषक रहे हैं। आज हिन्दी भाषा की बढ़ती हुई लोकप्रियता को तो हम इसी बात से जान सकते हैं कि ३१–१२–६४ तक के आंकड़ों के अनुसार अंग्रेजी पत्रों की संख्या १,७०८ तक ही थी जब कि हिन्दी पत्रों की संख्या १७५४ तक जा पहुंची। वस्तुतः यातायात के सुगम साधनों ने आज भाषा के विरोध को बहुत ही कम कर दिया है। हमारे पर्यटक हरिद्वार में आते हैं तो वे अपना पवित्र 'पुष्प-दोना' गंगा की पवित्र धारा में प्रवाहित कर न जाने किन भावों से आत्मविभोर हो 'हर-हर गङ्गे' का शुद्ध पवित्र घोष जपने लग जाते हैं। इसी प्रकार हजारों पर्यटक कन्याकुमारी में जाकर वहां के प्रसिद्ध मन्दिरों में 'जय एकलिंग' और 'हर-हर-महादेव' का उद्घोष कर उठते हैं।

अतः हमारा तो यह अमिट विश्वास और दृढ़ धारणा है कि भारत की अखंडता को ये हिन्दी-विरोधी राजनैतिक प्रांतीय भाषाई विवाद कभी भी खण्डित नहीं कर सकते। वह दिन दूर नहीं, जब उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम सारा भारत एक ही भाषा में बोलेगा, सोचेगा और कार्य करेगा। यह केवल उनकी दुराशा, नासमझी और अपने को सर्वगुण सम्पन्न मानने की थोथी अतर्कित एवं अव्यवहारिक बातें हैं। राष्ट्र की एकता के लिए कुछ स्वार्थों का यदि हम बलिदान करदें तो इससे महान् बात और क्या हो सकती है। अतः हम तो ऊंचे स्वर से यह कह सकते हैं कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति की, हमारे राष्ट्र की एकता की संदेशवाहिका है, अमर कड़ी है।

भारतीय संस्कृति में पशु-पूजा : एकता की महान कड़ी

अब हम अपनी संस्कृति के अनुपम तत्त्व पशुओं के महत्त्व पर प्रकाश डालेंगे। कृषि-प्रधान होने से भारतीय संस्कृति ने सदा गङ्गा, गौ और गायत्री इन तीन को पवित्र माना है। कुछ स्वार्थी लोगों को छोड़कर सारा भारतीय समाज आज भी गौ को उसी पूज्य दृष्टि से देखता है जिस दृष्टि से हमारे पूर्वज देखते थे। जो एक गौ के लिए अपने प्राणों तक की आहुति देने में तत्पर रहते थे। राजा दिलीप ऐसे ही गोभक्त थे। मुगल सम्राट बाबर, अकबर, जहांगीर आदि के समय भी हिंदुओं की गौ-भक्ति-भावना को देखते हुए गौ-हत्या कानूनन बन्द थी। इसी गौ-भावना के कारण समस्त राष्ट्र १८५७ में एक होकर उठ खड़ा हुआ था। महात्मा गांधी ने भी अछूतोद्धार के समान स्वराज्यप्राप्ति का मुख्य साधन गौ-रक्षा को बनाया। किन्तु आज उनके उत्तराधिकारी कांग्रेसी नेताओं ने राष्ट्र की इस भावना को अपनी नासमझी के द्वारा हिंसात्मक कार्यवाहियों से दबाना ही अपना कर्तव्य समझ लिया है, पर सांस्कृतिक भावनाएं तो जनमानस के हृदय में पैठी होती हैं अतः वह समय दूर नहीं जब यह सरकार उनकी इस भावना को समझेगी। राष्ट्र की एकता तो खंडित नहीं होगी अपितु ये राज्य-सरकारें ही खण्डित हो जायेंगी, इसमें कोई सन्देह नहीं।

बहुत से लोग इन निरीह और मूक पशुओं के मारने में यह तर्क देते हैं कि मनुष्यों की बढ़ती हुई संख्या और खाद्यान्न की कमी के कारण पशुओं का मांस भक्षण किया जाए तो इससे हमारी खाद्य-समस्या हल हो सकती है, किन्तु यह उनका प्रलाप-मात्र है। यदि ऐसा सम्भव है तो फिर जो बेकार मनुष्य हैं उनका वध करके क्यों न उनके मांस का

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

भक्षण किया जाए। इससे बेकारी और खाद्यान्न दोनों की समस्या हल होगी। अतः अतर्कसंगत, अव्यवहार्य एवं अनैसर्गिक बातों में न उलझकर हम अपने जीवन को भारतीय संस्कृति के सदाचार, संयम आदि आदर्शों पर चलाते हुए पशुओं के संरक्षण में अपनी प्रवृत्ति को लगायेंगे तो हमारे राष्ट्र की सभी समस्यायें अपने आप हल होती चली जायेंगी और राष्ट्र में एकता स्वयं बनती चली जाएगी।

आज राष्ट्र के लोगों की ही नहीं अपितु समस्त शास्त्रों की भी यही राय है कि **'पशून् मा हिंसी'** पशुओं का वध मत करो। गौ को स्थान-स्थान पर **'अघ्न्या'** न मारे जाने वाली कहा गया है। जो उसका वध करता है, उसका मांस खाता है, ऐसे पुरुष के लिए वेद कहता है--**'तं त्वा सीसेन विध्यामि'** उसे गोली से उड़ा दे। अतः हमारी संस्कृति स्थान-स्थान पर कहती है कि राष्ट्र में सत्यवादी ब्राह्मण हों, कुशल वैश्य हों, प्रचण्ड क्षत्रिय हों, दुधारु गौवें हों, खेती करने में सशक्त बैल हों। सब कल्याणकारी मार्ग पर चलने वाले होकर राष्ट्र को सशक्त, सुदृढ़ एवं धन-धान्य से पूर्ण करें।" ये हैं हमारी संस्कृति के उद्गार। इन्हीं से अभिभूत हो श्री गोलवलकर जी गुरु जी लिखते हैं कि--"राष्ट्र-जीवन के आधारभूत तत्त्वों के प्रति हम जितना ही शीघ्र जागरूक होकर तदनुसार सक्रिय हो जायेंगे उतना ही हमारे लिए हितकर होगा। इसी के द्वारा समाज में अदम्य पराक्रम एवं आत्मविश्वास उदय होगा और हम हर संकटापन्न भयावह परिस्थिति पर विजय प्राप्त करके अपनी भारतमाता की उस तेजोमय मूर्ति का पुनः साक्षात्कार कर सकेंगे जो एक हाथ में सुख-समृद्धि का प्रतीक 'कमल' तथा दूसरे हाथ में दुरित दलन का प्रतीक 'वज्र' धारण किए होगी।"

भारतीय संस्कृति की अमर देन : भौगोलिक एकता

अतः आओ अब हम अपने पशुओं की रक्षा का पावन संकल्प लेते हुए भारतीय संस्कृति के भौतिक तत्त्व, भौगोलिक एकता के उस महत्त्वपूर्ण तथ्य पर भी प्रकाश डालें जिससे अभिभूत होकर हम यह कहने का गर्व अनुभव करते हैं कि हमारा भी कोई राष्ट्र है। हमारा यह भारतीय राष्ट्र सचमुच ही बड़ा विशाल है। इसकी विशालता को देखकर इसे एक लघु महाद्वीप कहा जा सकता है। इसमें ऐसी पर्वतमालायें, गहन वन, मरुस्थल आदि पाये जाते हैं जो इसे कई क्षेत्रों में विभाजित करते हैं। किन्तु यह सब क्षेत्र मिलकर भारत राष्ट्र की संज्ञा से विभूषित है। अतः इस भौगोलिक अनेकता में भी एकता है। इसके भौगोलिक स्थान हमारी संस्कृति के पवित्रतम प्रेरणास्रोत हैं। बद्रीनारायण, द्वारिका, रामेश्वरम्, प्रयाग, जगन्नाथपुरी, हरिद्वार, कनखल आदि पूज्य तीर्थ हैं। हमारे हरितिमा से भरे खेत-खलिहान, तुषारावृत पर्वतमालायें, उपत्यकायें, गिरि-कानन, कन्दरायें, कल-कल, छल-छल करती गङ्गा, यमुना, गोदावरी और ब्रह्मपुत्रा सभी अपनी तरंग लहरियों से पुनः पुनः इस 'शस्यश्यामला' भारत मां की आरती उतार रही हैं। इसकी भौगोलिक अखंडता का अमर संदेश दे रही हैं। अतः यह संस्कृति भारत-राष्ट्र की एकता की साधक है, उसका आधार है, संरक्षिका है।

भारतीय एकता के विघातक तत्त्व

अन्त में निबन्ध का हृदय संकुचित करते हुए हम उन तथ्यों पर भी विचार कर लेना आवश्यक समझते हैं, जो राजनीतिक भाषाविवाद तथा अन्य दुराग्रहों के कारण हमारी सांस्कृतिक एकता और विचारों के सामञ्जस्य को पंगु बनाना चाहते हैं। जिनका हृदय **'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि**

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गरीयसी' के उद्घोष से कभी उमंगित नहीं होता। जो इस पुण्य भूमि का नीर, क्षीर, अन्न, वायु का सेवन करके भी सदा दूसरे देशों की बात करते हैं। जो इतने संकीर्ण हैं कि खेलते इसी मिट्टी में हैं, पलते इसी धरती पर हैं, ज्ञान प्राप्त भी यहीं करते हैं किन्तु जिन्हें धर्मान्धता एवं साम्प्रदायिकता अपने स्वार्थों की ओर प्रेरित करती है। जो हमेशा धर्म, भाषा, जातीयता और प्रांतीयता के झगड़ों को खड़ा करते रहते हैं। जो सदा यहां नया पाकिस्तान, पादरीलैण्ड और लाल चीन बनाने के स्वप्न देखते रहते हैं। जिन्हें यहां की भाषा में बात करते लज्जा आती है। जो अपनी जन्मभूमि को हिन्दुस्थान या भारतवर्ष न कहकर 'इंडिया' कहने में ही गौरव अनुभव करते हैं। ऐसे अभारतीय एवं अराष्ट्रीय तथा असांस्कृतिक तत्त्वों को हमें किसी भी मूल्य पर सहन नहीं करना है। हमारी संस्कृति ऐसे तत्त्वों को सदा से ही ठुकराती रही है। वेद भी कहता है—

'अश्व इव रजो दुधुवे वि तान् जनान्य आक्षियन्पृथिवीं यादजायत।' अर्थात् जिस प्रकार घोड़ा धूल को झाड़कर परे फेंक देता है उसी प्रकार जो इस हमारी भूमिमाता को क्षीण करना चाहते हैं वह उन्हें झाड़कर दूर फेंक देती है। अतः धर्मनिरपेक्षता या अल्पसंख्यकता की आड़ में किसी को राष्ट्र के विघटन की स्वीकृति नहीं दी जा सकती। संस्कृति के एकीकरण का तत्त्व ही सबसे प्रमुख है, उसका विघटन व्यक्ति का, समाज का और राष्ट्र का विघटन है।

अतः आज जो ये दोष यहां आ गये हैं, घर कर गये हैं, उनका संस्कार ही नहीं अपितु समूल विनाश अत्यावश्यक है। डर है कहीं हमारी वैदेशिक एवं गृह नीति की मर्यादाएं इसमें बाधक न बनें और राजनीतिक स्वार्थलिप्सा की इस प्रबल बाढ़ में भारतीय-संस्कृति द्वारा निर्मित एकता का यह विशाल सुदृढ़ बांध बह न जाये ? किन्तु क्या ऐसा सम्भव है। हमारा तो दृढ़ विचार और अमिट धारणा है कि जब तक हमारे प्रजा-जनों में इस महान् संस्कृति के तत्त्व विद्यमान रहेंगे तब तक इस भारत की एकता को कोई खंडित करने का दुःसाहस तो क्या, इसकी ओर बुरी दृष्टि भी नहीं उठा सकेगा।

अतः आओ, इस संस्कृति के तत्त्वों को हृदयङ्गम कर उन पर चलने का दृढ़ व्रत और संकल्प लें तथा समस्त दिशाओं में यह उद्घोष करदें कि यह भारतीय संस्कृति एकता की संयोजिका है, संगठन का आधार है, अखण्डता का पोषक है। विघटक या विध्वंसक नहीं।

———०———

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

उपनिषदों में मिश्रण, मांस-भक्षण और अश्लीलता

लेखक: श्री शिवपूजनसिंह कुशवाहा 'पथिक', एम. ए., साहित्यालङ्कार, विशारद, कानपुर

कुछ लोग उपनिषदों में मिश्रण, मांसभक्षण और अश्लीलता मानते और सिद्ध करने का प्रयास करते हैं।

पं० रघुनन्दन शर्मा 'साहित्यभूषण' ने २० वर्ष के अन्वेषण के पश्चात् 'वैदिक-सम्पत्ति' नामक एक विशालकाय ग्रन्थ लिखा है। इसमें आपने उपनिषदों में मिश्रण, मांस-भक्षण और अश्लीलता प्रदर्शित की है। पं० देवदत्त शास्त्री के विचार भी कुछ शर्मा जी से मिलते-जुलते हैं।१

पं० रघुनन्दन शर्मा के विचारों का खंडन मैंने 'वैदिक सम्पत्ति पर आपत्ति' शीर्षक लेख में किया था।२

शर्मा जी ने वेद, गीता, उपनिषद्, वेदान्त सूत्र पर आक्षेप किया है। आप 'वैदिक सम्पत्ति' द्वितीय संस्करण, पृष्ठ ४८६ में (प्रस्थानत्रयी की पड़ताल शीर्षक में गीता, उपनिषद् और वेदान्त सूत्र पर आक्षेप करते हुए) लिखते हैं--

'...इस तरह से इस नवीन श्रुति स्मृति की सृष्टि करके सिद्धान्तों को दार्शनिक विचारों से पुष्ट करने के लिए ब्रह्मसूत्र की रचना हुई।'

'इन दशों उपनिषदों में आसुर उपनिषद् का मिश्रण है। आसुर भाग वेदों की उपेक्षा करते हैं, ब्राह्मणों की निन्दा करते हैं, यज्ञों के करने वालों को गालियां देते है और अनाचार का प्रसार करते है।,,

समीक्षा : षड्दर्शनों की उपेक्षा तो कोई भी विद्वान् नहीं करता है। महर्षि दयानन्द जी ने भी षड्दर्शनों का समन्वय, सत्यार्थ प्रकाश में किया है। वेदान्त दर्शन में यदि कुछ मिश्रण होता तो अवश्य ही महर्षि दयानन्द जी इसका निर्देश करते। ब्रह्मसूत्रों पर जिन लोगों ने भाष्य किया है उन्होंने अपने मत का समावेश कर दिया है। यथा -- जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य जी ने, शारीरिक भाष्य में, अद्वैतवाद, श्रीभास्कर ने, भास्कर-भाष्य में भेदाभेद, श्री रामानुज ने श्रीभाष्य में विशिष्टाद्वैत, श्रीमध्व ने पूर्णप्रज्ञभाष्य में द्वैतवाद, निम्बार्क ने वेदान्तपारिजात में द्वैताद्वैत, श्रीकण्ठ ने शैव भाष्य में शैव विशिष्टाद्वैत, श्रीपति ने श्रीकरभाष्य में वीरशैव विशिष्टाद्वैत, श्रीवल्लभाचार्य ने अणुभाष्य में शुद्धाद्वैत, श्रीविज्ञानभिक्षु ने विज्ञानामृत में अविभागाद्वैत, श्रीबलदेव ने गोविन्दभाष्य में अचिन्त्य भेदाभेद।

इससे वेदान्त दर्शन का क्या दोष है? अभी आर्य जगत के सुप्रसिद्ध विद्वान् स्वामी ब्रह्ममुनि जी महाराज (पं० प्रियरत्न जी आर्ष) ने 'वेदान्त दर्शन' पर संस्कृत में भाष्य लिखा है। यदि उसमें कुछ मिश्रण होता तो वे अवश्य इसकी चर्चा करते।

दश उपनिषद् (ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुंडक, मांडूक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय, छान्दोग्य, बृहदारण्यक)

---

१ उपनिषद् चिन्तन, प्रथम संस्करण पृष्ठ ११९ से १२३ तक (किताब महल ५६ ए. जीरो रोड इलाहाबाद से प्रकाशित)।

२ मासिक पत्रिका 'वेदवाणी' वाराणसी वर्ष १० वैशाख २०१५ वि०, अंक ६, पृष्ठ २९ से ३१ तक तथा अंक ७ पृष्ठ १५ से २४ तक।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मुख्य हैं, जिन पर स्वामी शंकराचार्य जी ने तथा भिन्न २ आर्यसमाजी विद्वानों (महात्मा नारायण स्वामी जी, पं० देवेन्द्रशास्त्री, सांख्यतीर्थ, पं० आर्यमुनिजी, पं० सत्यव्रतजी सिद्धान्तालंकार स्वामीब्रह्ममुनिजी महाराज प्रभृति) ने भाष्य किया है। छान्दोग्य और बृहदारण्यक पर पं० शिवशंकर शर्मा काव्यतीर्थ ने संस्कृत और हिन्दी में प्रामाणिक भाष्य लिखा है। इन विद्वानों में किसी ने भी आसुर उपनिषदों में मिश्रण की चर्चा नहीं की है। आपने पृष्ठ ४९६ से ५०६ तक में छान्दोग्य और बृहदारण्यक उपनिषदों से आसुरी बातों को दिखलाया है, परन्तु पं० शिवशंकर शर्मा जी काव्यतीर्थ की टीकाओं के पढ़ने से उन सभी आक्षेपों का निराकरण हो जाता है।

पृष्ठ ५०५ में . . . मांसौदन पाचयित्वा . . . बृहदारण्यक ६।४।१८ का अर्थ करते हुए लिखते हैं—"यदि इच्छा हो कि मेरा पुत्र पंडित, सभा में जाने योग्य, अच्छा भाषण करने वाला, सब वेदों का ज्ञाता और सारी उम्र सुख से रहने वाला हो तो उसे चाहिए कि वह घोड़े या बैल का मांस घृत मिले भात के साथ खावे। गाय, बैल, घोड़ा, बकरी, भेड़ ये तो आर्यों की प्यारी वस्तुएं हैं। इनको मारना और खाना उनकी संस्कृति के विरुद्ध है। इसलिए यह कभी संभव नहीं है कि आर्यों ने इस प्रकार की शिक्षा दी हो। यह सारा हत्याकांड तो अनार्यों का ही है।"

समीक्षा—शर्माजी को उपनिषदों में अश्लीलता तथा गोमांस सूझता है जो उनकी भूल है। क्या जहां वेदों में प्रजनन विद्या का वर्णन है वह अश्लील है? कदापि नहीं। अतः उपनिषदों में जहां प्रजनन विद्या की चर्चा है वह अश्लील नहीं है। बृहदारण्यकोपनिषद् ६।४।१८ का जो आपने अर्थ किया है वह भी भ्रमपूर्ण तथा प्रकरण विरुद्ध है। इस पर ऊहापोह से विचार किया जाता है, क्योंकि अन्य भी कई प्राच्य व प्रतीच्य विद्वान् आक्षेप करते हैं।

इसका वास्तविक अर्थ यों है—

(क) इसके बाद (यः इच्छेत्) जो कोई इच्छा करे (मे पुत्रः पंडितः) मेरा पुत्र पंडित (विजिगीथः) विजयी (समितिं गमः) सभाओं में जाने योग्य सभ्य (शुश्रूषितां) सुशिक्षित श्रवणेच्छाजनक (वाचं) वाणी का (भाषिता) बोलनेवाला (सर्वान्-वेदान् अनुब्रवीत्) सब वेदों को पढ़े पढ़ावे (सर्वं आयुः इयात्) सम्पूर्ण आयु को भोगे वा इस प्रकार (जायेत) उत्पन्न होवे (सर्पिष्मन्तम्) घृतयुक्त (माषौदनं) उड़द और चावल को (पाचयित्वा) पकवा कर (ऋषभेण) अष्टवर्गोक्त ऋषभक् नामक महौषधि के साथ (अश्नीयाताम्) स्त्री पुरुष खावें तो (इति) इस (औक्षणेन) ऋषभक महौषधि के निषेक प्रयोग से (ईश्वरौ) दोनों समर्थ होते हुए वे अवश्य (वा) ऐसा (जनयतः) उत्पन्न करते हैं।३

(ख) जो चाहे कि मेरा पुत्र पंडित हो, प्रख्यात हो, सभा सोसाइटियों में जाने वाला हो, प्रियवाणी बोलनेवाला हो, सब वेदों का ज्ञाता हो, पूरी आयु भोगे, तो माष अर्थात् उड़द के साथ चावल पकवा कर पति पत्नी दोनों खावें। ऐसा करने से वे दोनों ऐसा पुत्र उत्पन्न करने में समर्थ होते हैं जो शरीर में बैल के समान और ज्ञान में ऋषियों के समान होता है। इस स्थल में 'मांसौदन' जगह "माषौदन" पाठ ठीक है क्योंकि इस सारे प्रकरण में चावल, घी, दही, तिल आदि का वर्णन

---

३ "वेद और पशुयज्ञ" प्रथम संस्करण पृष्ठ ४५, ४६ में पं० जे० पी० चौधरी काव्यतीर्थ, काशी का अर्थ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

है । दही, घी, चावल, तिल आदि के सिलसिले में उड़द तो प्रकरण संगत है, मांस सर्वथा असंगत है ।४

यहां पर 'मांसौदन' 'औक्षणेन' और 'ऋषभेण' इन पदों को देख कर लोग भ्रम में पड़ जाते हैं ।

गर्भाधान के समय वैद्यक शास्त्र किन वस्तुओं के खाने तथा किन वस्तुओं के न खाने का विधान करता है ।

'गर्भोपघातकरास्त्विमे भावाः. . .न रक्तानि वासांसि बिभृयात् न मदकराणि चाद्यात् न अभ्यवहरेत् न यानमधिरोहेत् न मांसमश्नीयात् सर्वेन्द्रियप्रतिकूलांश्च भावान् दूरतः परिवर्जयेत् ।

--(चरक शा० स्थान अ० ४)

ये पदार्थ गर्भ के हानि करने वाले हैं--रक्त कपड़ा पहनना, मदकारक वस्तुओं का सेवन, मांस भक्षण, यान पर चढ़ना इसलिए गर्भाधान में इनका सेवन न करें ।

ततो पराह्णे पुमान् मांसं ब्रह्मचारिणीं तैलस्निग्धः सर्पिक्षीराभ्यां शाल्योदनं भुक्त्वा मांसं ब्रह्मचारिणीं तैलस्निग्धां तैलमाषोत्तराहाराम् नारीमुपेयात्रौ सामादिभि विश्वास्य विकल्प्यैवं चतुर्थ्यां षष्ठ्यां दशम्यां द्वादश्यां च उपेयादिति पुत्रकामः । (सुश्रुत, शरीराध्याय२.)

अर्थः--गर्भाधान करने वाला महीने भर तक ब्रह्मचारी रहे पुरुष गर्भाधान के दिन अपरान्ह में घी से स्निग्ध, घी और दूध के साथ शाली चावल के भात को खाकर एक मास तक ब्रह्मचारिणी रहने वाली, तिल तैल से स्निग्ध, तैल और उड़द प्रधान आहार की हुई स्त्री को गर्भ की हानिकारक बातें समझा बुझा देने पर सब तरह से प्रेमोत्पादन करके चतुर्थी, षष्ठी, दशमी, द्वादशी में पुत्र की इच्छा से गमन करे ।

चरक शा० स्थान० ८ में गर्भाधान में उड़द ही का उल्लेख है :--

"मधुरौषधसंस्कृताभ्यां घृतक्षीराभ्यां पुरुषं स्त्रियं तु तैलमाषाभ्याम् ।।"

अर्थात्--वर्गोक्त मधुर औषधियों से संस्कार किए घृत और दुग्ध से पुरुष को, तैल और उड़द से स्त्री को गर्भाधान के योग्य करे ।

"यानि भद्राणि बीजान्यृषभा जनयन्ति च ।
तैस्त्वं पुत्रं विन्दस्व सा प्रसूर्धेनुका भव ।।"

(अथर्व० मा० ३ सू० २३मंत्र४)

अर्थ--वीर्य सेवन में समर्थ, श्रेष्ठनर तू आरोग्यवर्द्धक ऋषभ के बीज की सहायता से पुत्रोत्पन्न कर और भविष्य में माता कही जाने वाली स्त्री को पुत्रवती और स्तनों में खूब दूध वाली होने दे ।

यहां स्पष्ट गर्भाधान के समय ऋषभक औषधि का सेवन करने के लिए आदेश है, न कि बैल खाने का ।

यहां "मांसौदन" शब्द नहीं, वरन् "माषौदन ।" एक बार अशुद्ध मुद्रित हो गया तो वैसा ही अशुद्ध मुद्रित होता रहा ।

"माषौदन" के सम्बन्ध में कतिपय विद्वानों के विचार :--

---

४. पं० सत्यव्रतजी सिद्धान्तालंकार कृत "धारावाही हिन्दी में सचित्र एकादशोपनिषद्" प्रथम संस्करण, पृष्ठ ५८५ ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पं० शिवशंकर शर्मा काव्यतीर्थ लिखते हैं :– "माषौदन"–सबसे पहिले एक महान् प्रमाद बहुत दिनों से चला आता हुआ प्रसिद्ध होता है। मांसौदन शब्द यहां नहीं चाहिये किन्तु "माषौदन" अर्थात् माषौदन के स्थान में मांसौदनम् लेखकों के भ्रम से वा किसी मांसप्रिय विद्वान् के कर्तव्य से उस प्रकार का परिवर्तन हुआ है, ऐसा प्रतीत होता है, क्योंकि श्रीमन्थ कर्म में दश प्रकार के अन्नके नाम आए हैं, वे ये हैं व्रीहि, यव, तिल, माष, अणु, प्रियंगु, गोधूम, मसूर, खल्व और खलकुल और इन दस अन्न और सर्वोषध को मिला कर मन्थ बनाया जाता है और उसके विधिपूर्वक ग्रहण से यहां तक फल कहा गया है कि सूखे वृक्ष के ऊपर भी यदि वह मन्थ रक्खा जावे, तो उसमें पत्ते लग जायें, इत्यादि वर्णन इसी उपनिषद् के षष्ठाध्याय के तृतीय ब्राह्मण में देखिये। यहां पर देखते हैं कि तिल शब्द के बाद माष शब्द आया है। इसी प्रकार "तिलौदन" के पश्चात् "माषौदन" आना चाहिये, न कि "मांसौदन" क्योंकि १७ वें खंड में तिलौदन शब्द आया है अतः १८ वें खंड में अवश्य "माषौदन" चाहिए। पूर्व में भी क्रम देखते हैं कि क्षीरौदन, दध्योदन और उदोदन शब्द आए हैं। अब क्षीर, दधि और अन्न को त्याग झट मांस का विधान कर देना यह असंगत प्रतीत होता है, अतः यहां माषौदन ही शब्द है, यह सिद्ध होता है "माष" उड़द को कहते हैं।५

पं० जे० पी० चौधरी जी काव्यतीर्थ लिखते हैं :–– "गर्भाधान के समय "माषौदन" चाहिए, न कि मांसौदन जो गर्भाधान में सर्वथा वर्जनीय है। पुस्तक में एक बार जो अशुद्ध छप गया तो छप गया, कोई उस पर ध्यान देकर शुद्ध नहीं कर देता।६

चतुर्वेद भाष्यकार पं० जयदेव शर्मा विद्यालंकार मीमांसातीर्थ से दिनांक ३०।१०।१९४३ ई० को आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा स्वर्ण जयन्ती, लाहौर के अवसर पर मैंने इस सम्बन्ध में पूछा तो उन्होंने कहा था कि मेरा सिद्धान्त है कि वहां पाठभेद है, मांस नहीं वरन्, माष, शब्द है।

उसी अवसर पर दिनांक ३१।१०।१९४३ को स्वामी अभेदानन्दजी महाराज व विद्यावारिधि व्याकरणाचार्य विजयमित्र जी शास्त्री, महोपदेशक आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा लाहौर के सामने वैदिक गवेषक पं० भगवद्दत्त जी बी.ए. से इस सम्बन्ध में पूछा, तो उन्होंने भी कहा था कि वहां माष शब्द चाहिये। क्रमशः

---

५. "बृहदारण्यकोपनिषद् भाष्यम्" पृष्ठ ७७६ संवत् १९६८ में वैदिक यन्त्रालय, अजमेर में मुद्रित प्रकाशित, प्रथमावृत्तिः।

६. "वेद और पशुयज्ञ" पृष्ठ ४५ चौधरी एन्ड सन्स, लीची बाग, काशी द्वारा प्रकाशित।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल कांगड़ी की गङ्गा पार की भूमि का राष्ट्रीय उत्थान में योगदान

श्री दीनानाथ सिद्धान्तालंकार

मेरा बचपन और कौमार्य हरिद्वार से लगभग ६ मील दूर, गंगा पार, शिवालक पर्वतमाला की एक शाखा चंडी पहाड़ की उपत्यका में, चारों ओर गहन जंगल से परिवेष्टित और हिंस्र वन्य पशुओं से परिपूरित उस गुरुकुल में बीता जिसकी स्थापना महात्मा मुंशीराम जी (बाद में स्वामी श्रद्धानन्द जी) ने सन् १८८८ के मार्च मास में सबसे पहले अपने दो पुत्रों को इस संस्था में प्रविष्ट करने के साथ इसी वनस्थली में की थी। यह भूमि उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर में गाजीपुर थाना के अन्तर्गत कांगड़ी ग्राम के पास थी। इस इलाके के रईस मुंशी अमनसिंह ने गुरुकुल शिक्षापद्धति के प्रवर्त्तक दिवंगत महर्षि दयानन्द के अनुयायी होने के कारण महात्मा मुन्शीराम जी को महर्षि के स्वप्नों को कार्यान्वित करने के लिए यह भूमि दान में दी थी। मैंने इस संस्था में १५ वर्ष तक शिक्षा प्राप्त की और वहां से स्नातक होने के बाद संस्था में ही दो वर्ष तक मुफ्त सेवा-कार्य किया।

बिना सरकारी सहायता के उत्तम पढ़ाई

गुरुकुल में दो विभाग थे, विद्यालय और महाविद्यालय। पहले विभाग में १ से १० कक्षाएं थी और दूसरे में चार। इस प्रकार १४ वर्ष का पाठ्यक्रम था। वहां प्रत्येक ब्रह्मचारी को कड़ा तपोमय जीवन, बाध्य रूप से व्यतीत करना पड़ता था और घर जाने, माता-पिता, सम्बन्धी गण से मिलने अथवा उनसे किसी प्रकार का पत्र-व्यवहार करना निषिद्ध था, अवश्य ही, अत्यन्त अपवाद छोड़कर। इसका अभिप्राय यही था कि छात्र, सांसारिक और पारिवारिक चिन्ताओं से सर्वथा मुक्त हों, निरन्तर शिक्षा प्राप्ति में लगे रहें। इसी का यह परिणाम था कि गुरुकुल का एक औसतन छात्र, उस समय, दशम कक्षा पास कर इतना ज्ञान प्राप्त कर लेता था जितना शहरों के कालेजों में पढ़ने वाला विद्यार्थी एफ० ए० तक प्राप्त नहीं कर सकता था। इसका दूसरा बड़ा कारण शिक्षा का माध्यम हिन्दी का होना था जिसके द्वारा विज्ञान और दर्शन जैसे गहन विषय मातृभाषा में पढ़ाये जाते थे। इस सदी की पहली पीढ़ी में, विदेशी शासन द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न रूपों में विरोध के होते हुए भी सारे भारत में गुरुकुल ही एक ऐसी शिक्षण संस्था थी जो विदेशी सरकार द्वारा विविध रूप में प्रलोभन दिये जाने पर भी एक धेले की भी सहायता न लेते हुए, मातृभाषा द्वारा शिक्षा देती थी।

गुरुकुल का तपोमय जीवन

गुरुकुल के सब ब्रह्मचारी बारह महीने नंगे पांव, अथवा केवल लकड़ी की खड़ांव पहने प्रातः ४ बजे उठ ठंडे पानी से बिना साबुन लगाये

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्नान, कड़ा व्यायाम और हाकी–फुटबॉल आदि खेल व कुश्ती, लकड़ी के तख्तपोश पर अकेले सोना, बिना मिर्च मसाला, प्याज इत्यादि के दोनों समय शुद्ध घी में बना सादा भोजन, प्रातः दूध मध्याह्नोत्तर फल व मिष्टान्न, पहनने के लिए भीतर लंगोट, ऊपर कुर्ता उसके ऊपर गाती बनाकर बांधी गयी पांच गजी धोती––सब वस्त्र शुद्ध खादी के, सब छात्रों को एक सदृश भोजन, वस्त्र इत्यादि–बिना किसी भी जात-पात व ऊंच-नीच के भेदभाव के यह सब इस संस्था की विशेषताएं थीं। आश्रम की सीमा के भीतर नारी-प्रवेश सर्वथा निषिद्ध था। यहां तक कि अगर किसी ब्रह्मचारी की माता मिलने आती थी––प्रायः वार्षिकोत्सव पर ब्रह्मचारियों के माता-पिता मिलने आते थे–तो बिना अपनी कक्षा के अधिष्ठाता की उपस्थिति के वह मिल नहीं सकती थी, अगर कोई माता अपने बच्चे के लिए विशेष खाद्य पदार्थ लाती और ऐसा प्रायः होता था तो वह सब ब्रह्मचारियों में बांट दिया जाता था। अगर कोई अन्य सामान होता तो वह वस्तु भंडार में जमा हो जाता। कोई ब्रह्मचारी अपने पास किसी भी प्रकार की धनराशि नहीं रख सकता था। उपन्यास आदि अश्लील साहित्य पढ़ना सर्वथा वर्जित था। संस्कृत और हिन्दी साहित्य की वही पुस्तकें पढ़ाई जाती थीं जो नारी चर्चा से सर्वथा रहित होती थीं। इस प्रकार सब ब्रह्मचारियों में अद्भुत समानता और पारस्परिक हार्दिक प्रीति के भाव हमेशा बने रहते थे। इन सब के अतिरिक्त गुरुकुल में गुरु शिष्य के पवित्र सम्बन्ध दिन-रात बने रहते थे और नियंत्रित तथा व्यवस्थित जीवन पद्धति चलती रहती थी। गुरुकुल में एक बार प्रविष्ट होकर बिना स्नातक बने बीच में छोड़ कर जाने का नियम नहीं था और जो छोड़ कर चला जाता वह दोबारा प्रविष्ट नहीं हो सकता था।

जब मैं गुरुकुल में प्रविष्ट हुआ

मैं गुरुकुल में सन् १९०५ में प्रविष्ट हुआ और १९२० में गंगापार की भूमि से स्नातक बना। पाठ्यक्रम तो १४ वर्ष का था पर रुग्ण होने के कारण मैं अपनी कक्षा के साथ एक वर्ष न चल सका, जिससे मुझे १५ वर्ष तक पढ़ना पड़ा। इस अवधि में गुरुकुल में औसतन २००-२५० छात्र थे और इस की शाखाएं दिल्ली के पास तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के नजदीक पहाड़ी पर "इन्द्रप्रस्थ गुरुकुल" और हरियाणा प्रदेश के कुरुक्षेत्र, भैंसवाल, झज्जर, मांठिडू और पंजाब के मुलतान, झेलम, पोठोहार (जिला रावलपिन्डी), कमालिया (जिला लायलपुर) इत्यादि स्थानों में खुल चुकीं थी। अब इस संस्था का नाम "गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय" हो गया था। इसके छात्रों और अध्यापकों में दक्षिण अफ्रीका, बंगाल, मद्रास, बिहार, उड़ीसा, बम्बई, गुजरात, सिन्ध इत्यादि सुदूरवर्ती सब प्रदेशों के वासी शामिल थे और हम सब एक परिवार के सदृश स्नेह और मैत्रीभाव से रहते थे। इस प्रकार संसार की हलचल से दूर, पर्वत और वनस्थली की गोद में, पुनीत जाह्नवी के तट पर, प्राचीन संस्कृति की संदेशवाहक तथा पराधीन मातृभूमि की दासता की शृंखलाओं को तोड़ने वाले राष्ट्र-सेवक युवकों को तैयार करने वाली यह संस्था विदेशी शासकों के षड्यन्त्रों का दृढ़ता से सामना करती हुई–उन्नत भाल के साथ अविचल रथ में अपने श्रेयस्कर मार्ग पर चल रही थी।

पुण्यात्मा आचार्य महात्मा मुन्शीराम

परन्तु यह किस पुण्यात्मा के तपोपय जीवन

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

का प्रभाव था ?

कबीरा खड़ा बाजार में, लुकाटी लिए हाथ ।
जो घर फूंके आपना, सो चले हमारे साथ ।।

अपना घर फूंक कर रक्तपिपासु ब्रिटिश सिंह के साथ जूझने वाला और विदेशी शासन के प्रबल प्रवाह में उल्टी गंगा बहाने वाला यह महापुरुष महात्मा मुन्शीराम थे जो बाद में संन्यास आश्रम में जाने पर अमर शहीद स्वामी श्रद्धानन्द के नाम से विख्यात हुए और एक धर्मान्ध मुसलिम की तीन गोलियां खा कर राष्ट्र के लिए बलिदान हो गये । जालन्धर के सफल विधुर वकील मुंशीराम जी ने जिस समय अपने गुरु श्री स्वामी दयानन्द के 'सत्यार्थ प्रकाश' में पढ़ा कि ६ से ८ वर्ष तक के लड़के-लड़कियों के लिए आबादी से कम से कम पांच मील दूर पृथक्-पृथक् गुरुकुल कायम होने चाहिएं, उन्होंने तत्काल इसे कार्यान्वित करने का निश्चय किया । तीन समस्यायें तत्काल सामने आयीं । धन की, भूमि की और सबसे बढ़ कर यह कि कौन माता-पिता घर से दूर जंगल में अपने प्यारे बच्चों को इतने लम्बे समय के लिए अनाथों की तरह रहने के लिए भेजेगा ? परन्तु मुन्शीराम जी ने इन समस्याओं का हल करने में तनिक भी देरी नहीं की । नीतिकारों के अनुसार--

सतां सिद्धिः सत्त्वे भवति महतां नोपकरणे ।

महापुरुष अपने बल पर सिद्धि प्राप्त करते हैं, साधनों पर निर्भर नहीं करते । उन्होंने सबसे पहले जालन्धर में बनी अपनी शानदार कोटी दान की और यह घोषणा की कि जब तक मैं तीस हजार रुपये इकट्ठा नहीं कर लूंगा, तब तक घर वापस नहीं आऊंगा ।

१९वीं सदी के अन्तिम चरण में इस एकदम परम्पराविरोधी कार्य के लिये इतनी धनराशि इकट्ठा करना भी सहज नहीं था । पर उन्होंने ६ मास में ही यह राशि इकट्ठी कर ली । गुरुकुल स्थापना की चर्चा सुन बिजनौर के मुंशी अमनसिंह ने स्वतः अपनी सैकड़ों बीघे जमीन और कांगड़ी ग्राम दान देने की घोषणा की । घर से एकदम दूर जंगल में पशुओं से आपूर्ण, झोपड़ियों में नंगे पैर और नंगे सिर, रहने के लिए कौन मां बाप अपने लाड़ले मासूम बच्चों को भेजेगा ? इस तीसरी समस्या का हल मुंशीराम जी ने सब से पहले अपने दोनों पुत्रों को गुरुकुल में प्रविष्ट करके दिखाय इसका प्रभाव यह हुआ कि काफी संख्या में लड़के आने लगे । कुछ वर्ष बाद यह स्थिति हो गयी कि बड़ी तादाद में मां-बाप अपने बच्चों को प्रविष्ट कराने के लिये आने लगे, पर स्थान की कमी व अन्य योग्यताओं को पूरा न कर सकने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ता था ।

रेम्जे मेकडानल की कल्पना

महात्मा मुंशीराम जी का व्यक्तित्व बड़ा प्रभावशाली था । इस सदी के पहले दशक के मजदूर नेता और बाद में अंग्रेजी साम्राज्य के प्रधानमंत्री श्री रेम्ज़े मेकडानल ने भारत की यात्रा के सिलसिले में गुरुकुल को देखने के बाद, अपनी पुस्तक "अवेकनिंग आफ इंडिया" में लिखा था कि "जिस समय हम लोग हरिद्वार की नीलधारा के पार, कई मील रेता और पत्थरों से भरे मैदान को पार करके एक सुरम्य वनस्थली में पहुंचे, जहां कुछ फूस की और कई पक्की ईंटों की सादगी से बनी इमारतें अपना सिर ऊंचा कर एक विश्वविद्यालय का परिचय दे रही थीं । उस समय प्रवेश द्वार पर ६ फुट ऊंचे, श्वेत बाल और श्वेत

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

लम्बी दाढ़ी के साथ, लम्बे कुर्ते पर पीताम्बर धारण किये सुडौल और सुव्यवस्थित शरीर के एक भव्य तेजस्वी व्यक्ति ने हमारा सप्रेम स्वागत किया। इस व्यक्ति को देख कर अगर मैं चित्रकार होता तो, बाइबिल के सन्तपाल का चित्र खींच देता--श्री जवाहरलाल नेहरू ने भी अपनी "आत्मकथा" में स्वामी श्रद्धानन्द जी (महात्मा मुंशीराम) के अद्भुत व्यक्तित्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

आचार्य जी ब्रह्मचारियों के पिता और माता

गुरुकुल में इतने वर्ष रहते हुए हम सब ब्रह्मचारियों को कभी अपने माता-पिता याद नहीं आये। मुंशीराम जहां हमारे आचार्य थे, वहां प्रत्येक ब्रह्मचारी से वह इतना प्रेम करते थे कि माता-पिता के स्नेह की कमी अनायास ही पूरी हो जाती थी। वह प्रतिदिन आधी रात उठते और ऊंचा स्थूल दंड हाथ में ले गुरुकुल भूमिका में चक्कर लगाते। निद्रा में बेहोश पड़े समस्त ब्रह्मचारियों के कमरों में स्वयं जाते। कभी-कभी बच्चे तख्तपोश से लुढ़क कर जमीन पर गिर पड़ते व सर्दी में रजाई के नीचे गिर जाने से सिकुड़ जाते। महात्माजी इन सब को संभाल कर ठीक ढंग से सुला देते। यूं तो प्रत्येक कक्षा के साथ एक अधिष्ठाता नियुक्त होता था जिस पर बच्चों के देख-रेख की ही जिम्मेदारी होती थी पर आचार्य जी केवल उन्हीं पर निर्भर रहकर अपने दायित्व से मुक्त करने के आदी नहीं थे। एक बार बरसात की ऋतु में, एक ब्रह्मचारी दोनों टांगे ऊंची किये सोया पड़ा था और ठीक बीच में एक काला सांप कुंडली बनाये बैठा था। मुंशीराम जी ने अपना रोजमर्रा का चक्कर लगाते हुए जब यह देखा तो बड़े असमंजस में पड़े। पहले सांप को मारें या बालक को चुपके से हटायें। उन्होंने कक्षा के अधिष्ठाता को जगाया और सांप को मारने के बजाय उसके सिर पर मजबूती से डंडा टिका कर रखने को उनसे कहा और स्वयं बालक को धीमे से उठाकर दूसरी चौकी पर सुला दिया। इसके बाद, दोनों ने मिल कर सांप को मारा। बरसात में गुरुकुल भूमि और गंगा जल में सांप-बिच्छुओं की बहुतायत हो जाती थी।

छात्र की कै अपनी झोली में

एक बार महात्मा जी अस्पताल के साथ लगे रोगी-गृह में गए। करीब आधी रात का समय था। रोगी गृह के सेवक सोये पड़े थे, यद्यपि उनका काम रात को जाग कर रोगियों की देखभाल करना था। एक रोगी छात्र बहुत घबरा रहा था। आचार्य जी देर तक उसके पास बैठे उसका सिर दबाते रहे। इसी समय उल्टी के लिये उसका दिल मिचलाने लगा। चिलमची वहां नहीं थी। वह उल्टी करने लगा तो आचार्य मुंशीराम जी ने अपनी झोली कर दी। ब्रह्मचारी बहुत लज्जा अनुभव कर रहा था। आचार्य जी ने बड़े स्नेह के साथ उसे आश्वासन दिया। बाहर जाकर उल्टी को मिट्टी में दबाकर कपड़े को साबुन से साफ कर लिया।

जब मेरे पिता जी का स्वर्ग-वास हुआ

मैं छठी कक्षा में था। मेरे पिता जी का स्वर्ग-वास हो गया। महात्मा मुंशीराम जी हिन्दी में "सद्धर्म प्रचारक" साप्ताहिक पत्र निकालते थे। पहले यह उर्दू में था और फायदे में था पर एक ही रात उन्होंने इसे हिन्दी में कर दिया और घाटा सहा। यह पत्र और प्रेस दोनों उन्होंने गुरुकुल को दान कर दिये थे। इसी पत्र में मैंने पिता जी की मृत्यु और उस पर आचार्य जी की टिप्पणी पढ़ी।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पिता जी आचार्य जी के विशिष्ट मित्रों में थे और ऊंची सरकारी नौकरी से छुट्टी लेकर गुरुकुल की मुफ्त सेवा किया करते थे। अपनी वसीयत में वह लिख गये थे कि मेरी मृत्यु पर मेरे लड़के को गुरुकुल से न बुलाया जाए और न ही उसे इसकी सूचना दी जाए क्योंकि फिर उसकी माता उसे गुरुकुल पढ़ने नहीं जाने देगी। पिता जी की मृत्यु से मुझे दुःख होना तो स्वाभाविक था। आचार्य जी ने मुझे बुलाया और बड़े प्रेम से अपनी छाती से लगाते हुए कहा—"तुम कोई चिन्ता न करो" मेहनत के साथ पढ़ते रहो, तुम्हारी पढ़ाई में कोई विघ्न नहीं पड़ेगा।" और सचमुच ही, स्नातक बनने तक मेरी पढ़ाई में कोई विघ्न नहीं आया। गुरुकुल में अन्य भी कई ऐसे ब्रह्मचारी थे जिन पर पारिवारिक संकट आये पर आचार्य जी ने उनकी पढ़ाई में कोई विघ्न नहीं आने दिया।

गुरुकुल के लगभग २००-२५० छात्रों में कई बड़े अमीर घरों से और कई सामान्य व निर्धन घरों से आये हुए थे पर आचार्य जी का सबके साथ समान व्यवहार था। इसी का यह परिणाम था कि गुरुकुलीय जीवन में सब छात्र एक दूसरे के साथ स्नेहपूर्वक रहते और गुट-बन्दी व पारस्परिक खिंचाव के अवसर कभी नहीं आते थे। अगर कोई ब्रह्मचारी बीमार होता तो स्वेच्छा से, सब छात्र बारी-बारी से दिन और रात की ड्यूटी देते। इस महापुरुष के तपोमय जीवन का ही शायद यह प्रभाव था कि मेरे १५ वर्ष के गुरुकुलीय जीवन में केवल एक ब्रह्मचारी की ही मृत्यु हुई जब कि वहां एक सामान्य अस्पताल और एक मामूली डाक्टर थे।

गुरुकुल पर प्राकृतिक संकट

गुरुकुल में आधिदैविक और आधिभौतिक संकट, प्रायः आते रहते थे। इस विषय में आचार्य जी बड़े सजग और सावधान रहते थे। बरसात में गंगा की बाढ़ प्रतिवर्ष की आधिदैविक विपत्ति थी। आचार्य जी की कुटिया बिल्कुल गङ्गा तट पर थी। हमारे आश्रम और विद्यालय के भवन तो तट से कई फर्लांग दूर थे। बरसात में गङ्गा ऐसी उफनती, जैसे समुद्र में ज्वार-भाटा आता है। उस का रूप बड़ा भयावह हो जाता। आचार्य जी ऐसे अवसरों पर सारी रात जागते रहते और गङ्गा तट पर हाथ में लैम्प लिये सतत चक्कर लगाते रहते। एक साल तो यह विशाल जल राशि रात के समय किनारों को तोड़ गुरुकुल भूमि की ओर प्रबल वेग से बहने लगी। दैवीय संकट की यह भयंकर सूचना थी। वृद्ध आचार्य जी के नेतृत्व में सब अध्यापक, अधिष्ठाता और ब्रह्मचारी इस स्थिति का मुकाबला करने के लिए सन्नद्ध हो गये। फावड़ा टोकरी के साथ गङ्गा के तट पर मिट्टी डाली जाने लगी। सबने एक साथ मिल कर यह रक्षा-कार्य किया। अगले दिन प्रातः गंगा का जल कम होने लगा। इसका यह मतलब नहीं कि प्रतिवर्ष नियमित रूप से आने वाली इस विपत्ति के प्रति आचार्य जी उदासीन थे। नहीं, उनके नेतृत्व में सब कुलवासियों ने मिल कर पत्थर का करीब डेढ़ मील लम्बा बांध गंगा तट पर बनाया था। इसी के फलस्वरूप करीब २५ वर्ष तक गुरुकुल वहां टिका रहा। पर कभी-कभी असामान्य वर्षा होने से संकट पैदा हो जाता था।

चीते को हाकियों से मारा

आधिभौतिक विपत्ति का तो हर समय डर बना रहता था। सांप-बिच्छू तो हम लोगों से

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

इतना हिल मिल गये थे कि कई ब्रह्मचारी तो उन्हें जिन्दा पकड़ कर खेलते रहते। पर शेर, बाघ, रीछ, चीता के लिए भी गुरुकुल "फ्री पोर्ट" के समान था। एक बार हमारे अखाड़े के पास ही चरी के खेत में सायं करीब ५ बजे चीता आ घुसा। बड़ा खूंखार जानवर था। ब्रह्मचारियों को पता लगा। एक के हाथ में हाकी थी। वह उसी से इस भयंकर मेहमान को मारने बढ़ा। चीते ने भी हमारे साथी को दबोच लिया। अब क्या था? चारों ओर से ब्रह्मचारियों ने उस पर हाकी चलानी शुरू कर दी। कुछ ही समय में वह हिंसक पशु ढेर हो गया। इस चीते की भूसा भरी खाल, सम्भवतः अभी तक गुरुकुल में है। चीते से सबसे पहले जूझने वाले ब्रह्मचारी का नाम महेन्द्र था जो कमालिया (जि० लायलपुर) का था।

ब्रह्मचारियों को फल और दूध

आचार्य जी को इस बात का बड़ा शौक था कि ब्रह्मचारी दूध और फल खूब खायें। बरसात के मौसम में गेहूं की रोटी व दाल-सब्जी की जगह दूध की खीर व अन्य दुग्ध निर्मित पदार्थ ही खिलाये जाते। आम और खरबूजों के तो गंगा के किनारे अम्बार लगा दिए जाते और आचार्य जी अपने सामने ब्रह्मचारियों को यथेच्छ खाकर और शरबत पीकर गङ्गा में तैरने की प्रेरणा देते और विशाल गङ्गा के घाट को आर-पार करने वालों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय को पारितोषिक देते। इसी प्रकार बरसात में आमों के टोकरे और तैरने के कार्यक्रम चलते जिसमें सब कुलवासी भाग लेते।

गुरुकुल का सामाजिक जीवन

गुरुकुल का दैनिक जीवन शुष्क पढ़ाई का और मात्र किताबी नहीं था। आचार्य जी ने अपनी अनोखी सूझ बूझ से इसे बड़ा रुमानी और सप्तरंगी बना दिया था। विद्यालय की मध्य और उच्च कक्षाओं की तथा महाविद्यालय की पृथक्-पृथक् सभाएं थीं। इनके नियमित रूप से प्रति सप्ताह अधिवेशन होते थे। इनकी हस्तलिखित पत्रिकायें थीं। विद्यालय विभाग की पत्रिका का नाम "साहित्य सौदामिनी" और महाविद्यालय की पत्रिका का नाम "राजहंस" था। गुरुकुल के वार्षिक समारोह तथा दशहरा, दीपावली इत्यादि विशिष्ट अवसरों पर इन पत्रिकाओं के दैनिक संस्करण निकलते थे। फिर महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग, जैसे इतिहास, अर्थशास्त्र, रसायन, दर्शन, कृषि, वेद, आर्य-सिद्धान्त इत्यादि की अलग अलग "सभाएं" थीं। अन्य विशिष्ट व्यक्तियों की बनी "साहित्य परिषद्" थी जिसमें खोजपूर्ण निबन्ध पढ़े जाते और उनपर विवाद भी होता। आचार्य जी भी इस समूचे सामाजिक जीवन में सक्रिय योगदान देते। इसी प्रकार संगीत, नाटक, प्रदर्शनी, खेलों की प्रतियोगिता—इत्यादि समारोह भी नियमित रूप से होते रहते। हरेक त्योहार उत्साह से मनाया जाता। प्रत्येक रविवार को छुट्टी रहती थी। ब्रह्मचारी आस-पास चंडी व पहाड़ व आस-पास के गांवों में भ्रमण के लिये जाते। श्रावण-भाद्रपद (अगस्त-सितम्बर) दो मास गुरुकुल में छुट्टी रहती और ब्रह्मचारियों को पर्वत-यात्राओं पर—मसूरी, शिमला, नैनीताल, गंगोत्री इत्यादि—लेजाया जाता। इन्हें "सरस्वती यात्रा" कहा जाता था। गुरुकुल के छात्र देश और संसार की गतिविधि से अपरिचित न रहें, इसके लिये वहां बड़ा वाचनालय था जिसमें भारत के लगभग सभी हिन्दी-अंग्रेजी पत्र आते थे। विशाल पुस्तकालय था

(शेष पृष्ठ सं. ४६१ पर)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल-समाचार

श्री सूर्यप्रकाश विद्यालंकार (प्रतिष्ठित)

ऋतु-रङ्ग

ग्रीष्म-ऋतु पूर्ण यौवन को लिए हुए है। सूर्य की प्रचण्ड किरणों से धरा प्रताड़ित होने लगी है। कभी-कभी धूलि धूसरित वायु वेगवान हो उठती है। परन्तु कुल-भू में प्रस्तुत ऋतु का तनिक भी आभास नहीं हो पाता। स्थान-स्थान पर लगे वृक्ष मन्द-मन्द समीर से कुलवासियों के लिए व्यजन डुलाकर उनकी थकान को उपरम करने का उपक्रम कर रहे हैं।

साथ ही साथ गंगा की शीतल-धारा का स्पर्श एक नवोल्लास व उमंग से अपूरित कर देता है। प्रातः-सायं गंगनहर ब्रह्मचारियों के लिए व्यायाम और मनोरंजन का क्रीड़ास्थल बन जाती है। गुरुजनों द्वारा छोटे २ ब्रह्मचारियों को रस्सी अथवा टीन के डिब्बे बांधकर तैराकी का अभ्यास कराया जाना, बहुत ही आनन्दप्रद और चित्ताकर्षक लगता है।

इस मास वार्षिकोत्सव एवं अर्धकुम्भी के उपलक्ष्य में दर्शनार्थियों की संख्या अन्य मासों की अपेक्षा अधिक रही। मुख्य रूप से हरियाणा प्रान्तवासी एवं सोफिया गर्ल्ज-कालेज (सहारनपुर) की छात्राओं का दल विशेषोल्लेखनीय है।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

गुरुकुल-कांगड़ी विश्वविद्यालय का ६८वां वार्षिकोत्सव सोत्साह तथा धूम-धाम के साथ कुल-भूमि पर सम्पन्न हुआ। इसमें गणमान्य एवं शीर्षस्थ विद्वानों तथा अग्रगण्य नेताओं के भाषणादि हुये।

१२अप्रैल को प्रातः ध्वजारोहण विश्वविद्यालय के कुलपति एवं आर्यप्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान प्रो० रामसिंह जी के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। आपने अपने भाषण में कहा कि 'ओमध्वज पूजा की वस्तु नहीं है, वह उसका प्रतीक है जिसका उद्देश्य बहुत ऊंचा है, वह भगवान है।' साथ ही साथ आपने आशा एवं धैर्य सहित निरन्तर वैदिक धर्म के प्रसार में प्रयास करने को कहा एवं वैदिक धर्म को विश्वधर्म बनाने के लिए 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' के आदर्श को प्रेरणा रूप में सदैव सम्मुख रखना चाहिये कहा। इसके पश्चात् ओम-ध्वज गीत की मनोरम काव्य लहरियां छिटक पड़ीं।

वेद सम्मेलन

१२ अप्रेल को प्रातः दस बजे वेद-सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का सभापतित्व विश्वविद्यालय के उपकुलपति व वैदिक-साहित्य के विशिष्ट विद्वान् आचार्य प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति ने किया। इसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने वेद पर विविध गवेषणात्मक निबन्ध पढ़े। जिसमें सर्व श्री रामप्रसाद, दयानन्द, रघुवीर, देवसुमन, सुमेधामित्र, अशोककुमार एवं वीरपाल का नाम विशेष उल्लेखनीय है, इन्होंने क्रमशः वेदों का स्वरूप, वैदिक साहित्य का महत्त्व, वैदिक-यज्ञ, वैदिक-सम्पत्ति, वेद में इतिहास नही यास्क की दृष्टि, वैदिक-साहित्य में नारी का स्वरूप तथा वेदों में ईश्वर का स्वरूप, विषयों का सरल एवं सरस शैली में तर्क संगत स्पष्टीकरण किया। अन्त में सभापति महोदय ने सम्मेलन की परिसमाप्ति करते हुए वेदों के महत्त्व एवं उनकी विशिष्ट शिक्षण पद्धति पर प्रकाश डाला।

संस्कृत-सम्मेलन

१२ अप्रेल को मध्यान्ह २ बजे संस्कृत सम्मेलन

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

का आयोजन हुआ । जिसका सभापतित्त्व देहली विश्वविद्यालय में संस्कृत-विभाग के रीडर श्री डा० सत्यव्रत जी शास्त्री ने किया । इसमें अनेक ब्रह्मचारियों ने विविध विषयों पर भाषण दिया, उन सब में प्रमुख ध्वनि यही थी कि संस्कृत-भाषा का किस प्रकार प्रसार एवं प्रचार हो ? तथा इस देववाणी के प्रति सबके क्या कर्त्तव्य हैं ? साथ ही साथ सरकार से भी प्रार्थना की गई है कि वे इस भाषा को विशिष्ट राजकीय सहायता प्राप्त कर इसकी समुन्नति में योगदान करें ।

इस सम्मेलन में विद्यालय के छात्रों ने गीतिका छोटे-छोटे भाषण तथा स्तोत्र-पाठ प्रस्तुत किए । छोटे-छोटे ब्रह्मचारियों द्वारा देव-वाणि का उच्चारण इतना शुद्ध था कि स्मरण होते हृदय आनन्द विभोर हो उठता है ।

अन्त में सभापति महोदय ने संस्कृत के उद्भव एवं विकास को अत्यन्त साहित्यिक शैली में प्रस्तुत किया । इस प्रकार संस्कृत के प्रचार एवं प्रसार के लिए इस सम्मेलन का योगदान स्पृहणीय था ।

आयुर्वेद सम्मेलन

१३ अप्रेल को २ बजे से 'आयुर्वेद सम्मेलन' की कार्यवाही प्रारम्भ हुई । इसकी अध्यक्षता आयुर्वेद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेशक श्री मुकन्दीलाल जी ने की । इसमें अनेक सुयोग्य वैद्य एवं डाक्टरों ने आयुर्वेद के महत्त्व पर प्रकाश डाला । आयुर्वेदिक प्रणाली को अन्य प्रणालियों की अपेक्षा अधिक उपयोगी एवं सस्ती बताया । अर्थात् आयुर्वेदिक प्रणाली द्वारा निर्मित औषधियां कम खर्च से निर्मित होकर अपेक्षाकृत अधिक उपयोगी सिद्ध हुई हैं । वैद्य रामनाथ जी ने आयुर्वेदिक दृष्टिकोण को एक विशिष्ट एवं ऋषि-मुनियों का नाम बताया । उन्होंने कहा कि "आयुर्वेद में ऐसी औषधियां हैं, जो बड़े से बड़े दुस्साध्य रोगों को ठीक कर सकने में समर्थ होती हैं, जबकि एलौपैथी में बिना आपरेशन कराये काम ही नहीं चलता ।" इसी प्रकार के विचार आयुर्वेद महाविद्यालय के सम्बन्धित उपाध्याय गणों ने भी प्रस्तुत किए । अन्त में सभापति महोदय ने आयुर्वेद के महत्त्व को दर्शाते हुये उसके उचित रूप से प्रसार एवं प्रचार के लिए कहा । आपने कहा कि "आयुर्वेदिक प्रणाली भारतीय गौरव की प्रणाली है, यदि हम उस गौरव को पुनः प्राप्त करना चाहते हैं तो हमको इस प्रणाली पर पूर्ण विश्वास रखना चाहिए ।

दीक्षान्त समारोह

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी १४ अप्रेल को विश्वविद्यालय का दीक्षान्त-समारोह बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया । यह कार्यवाही बहुत ही चित्ताकर्षक रही । सर्व प्रथम यज्ञाहुतियों के साथ नव-स्नातकों को विश्वविद्यालय का वेश (गाउन) दिया गया । इस वर्ष लगभग एम.ए. एम.एस-सी. तथा अलंकार छात्रों सहित १५० छात्रों को उपाधियां प्रदान की गई ।

दीक्षान्त-अभिभाषण के लिए भारत सरकार के राज्य-शिक्षा मन्त्री व आर्यसमाज के यशस्वी नेता माननीय प्रो० शेरसिंह जी पधारे । समारोह का प्रारम्भ वेद महाविद्यालय पर ध्वजारोहण से हुआ । तत्पश्चात् वेद महाविद्यालय से पण्डाल के लिए शोभा-यात्रा हुई । जिसमें सर्व प्रथम वाद्य-दल फिर सन्यासी गण, उपाध्याय, पुराने स्नातक, नवस्नातक तथा अन्य छात्र क्रमशः पंक्तिबद्ध चल रहे थे । शोभायात्रा हर्ष एवं उल्लास सहित विभिन्न जय-जयकार करती हुई जब उत्सव स्थल पर पहुंची तब विश्वविद्यालय के प्रस्तोता (रजिस्ट्रार) प्रो० गंगाराम जी एम० ए० ने मुख्य अतिथि सहित समस्त विशिष्टजनों का स्वागत किया तथा प्रधान जी की आज्ञा से दीक्षान्त-उत्सव

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

की कार्यवाही प्रारम्भ होने की सर्व सज्जनों को सूचना दी ।

उपकुलपति आचार्य प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति ने नवस्नातकों को विश्वविद्यालय के मुद्रांकित प्रमाण-पत्र दिए और बहुत ही सरल शैली में दीक्षान्त-उपदेश दिया । तत्पश्चात् उपकुलपति महोदय ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया तथा मान्य अतिथि को समस्त कुलवासियों की ओर से अभिनन्दन-पत्र भेंट किया ।

मान्य अतिथि प्रो०शेरसिंह जी ने नव स्नातकों को आशीर्वाद देते हुए गुरुकुल शिक्षा-प्रणाली की विशेषताओं पर प्रकाश डाला । पुराने स्नातकों की ओर से श्री सत्यदेव जी ने नव स्नातकों का स्वागत किया तथा नवस्नातकों की ओर से स्वागत का प्रत्युत्तर दिया गया । संन्यासी गण की ओर से स्वामी समर्पणानन्द जी महाराज की आवाज स्वयं एक उद्बोध्य एवं प्रेरणा थी, जो न जाने कितने आशीष-वचन दिए जा रही थी ।

उपकुलपति महोदय द्वारा गतवर्ष की विश्व-विद्यालय की प्रगति की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई गई । जिसमें स्पष्ट संकेत था कि उपकुलपति एवं रजिस्ट्रार महोदय के प्रयत्नों द्वारा अनेक प्रकार के अनुदान प्राप्त हुए । आपने कहा कि आठ विभिन्न विषयों में उपाध्यायों की अतिरिक्त नियुक्ति होगी तथा पुस्तकालय, मनोविज्ञान प्रयोगशाला, स्टाफ निवासस्थान, आर्ट्स कालिज आदि के लिए कुल मिलाकर ११ लाख ४५ हजार रुपये प्राप्त हुए हैं । आपने संस्कृत एवं हिन्दी-साहित्य में अनुसन्धान-विभाग खोले जाने की स्वीकृति प्राप्त होने की भी चर्चा की । अन्त में कुलपति प्रो० रामसिंह जी एम० ए० के वैदिक मन्त्रों द्वारा आशीष वचन के साथ समारोह की समाप्ति हुई ।

राष्ट्रभाषा सम्मेलन

१५ अप्रैल को मध्यान्ह ३ बजे राष्ट्रभाषा सम्मेलन का आयोजन हुआ । इसकी अध्यक्षता आचार्य किशोरीदास जी वाजपेयी ने की तथा सम्मेलन के प्रमुख एवं विशिष्ट वक्ता देहली विश्व-विद्यालय में हिन्दी-विभाग के रीडर आचार्य विजेयन्द्र स्नातक जी थे ।

इस सम्मेलन में अनेक विद्वानों ने राष्ट्रभाषा विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपाध्यायगणों ने राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रसार पर बल देने को कहा तथा समूचे जन-समुदाय ने हिन्दी के प्रति सहानुभूति बनाकर रखने के लिए प्रस्ताव पारित कर जन-समुदाय से अनुरोध किया ।

आचार्य विजयेन्द्र स्नातक जी ने राजभाषा का स्थान केवलमात्र हिन्दी ही प्राप्त कर सकती है, तथा वही सम्पर्क भाषा बनने के सर्वथा उपयुक्त है ऐसा कहा । अन्त में आचार्य वाजपेयी जी ने इसी विषय में अपने ओजस्वी विचार प्रस्तुत किए ।

वेदारम्भ संस्कार

१५ अप्रैल को प्रातः १० बजे नवीन ब्रह्म-चारियों के प्रवेशार्थ लगभग ५० ब्रह्मचारियों का वेदारम्भ संस्कार हुआ । जिसका सम्पादन विश्व-विद्यालय के उपकुलपति आचार्य प्रियव्रत जी वेदवाचस्पति ने किया । इसमें नवीन ब्रह्मचारियों का प्रवेश हुवा । ब्रह्मचारियों को यज्ञोपवीत, वेद एवं गुरु के महत्व को आचार्य जी ने बहुत ही सरल प्रवाहमयी शैली में समझाया ।

विशेष व्याख्यान

उत्सव पर विभिन्न विषयों पर अनेक महात्माओं, उपदेशकों आदि के शिक्षा-प्रद एवं प्रेरणा-प्रद भाषण हुए । श्री स्वामी ब्रह्ममुनि जी महाराज, आचार्य भगवानदेव जी, श्री स्वामी समर्पणानन्दजी महाराज, श्री स्वामी सत्यमुनि जी, प्रो० रामसिंहजी

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

एम०ए० प्रधान आर्यप्रतिनिधि सभा पंजाब, श्री जगदेवसिंह जी सिद्धान्ती, श्री रघुवीरसिंह जी शास्त्री संसद-सदस्य, मन्त्री आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब आदि के भाषण विशेष उल्लेखनीय हैं ।

व्यायाम सम्मेलन

उत्सव की अन्तिम रात्रि को प्रतिवर्ष की भांति इस सम्मेलन में इस वर्ष भी व्यायाम समायोजन हुआ । इसमें विश्वविद्यालय वं महाविद्यालय के ब्रह्मचारियों द्वारा विविध व्यायामों का प्रदर्शन हुआ । छोटे-छोटे ब्रह्मचारियों की यौगिक क्रिया सत्यमेव प्रशंसनीय रही, इसका प्रमाण दर्शकों द्वारा बीच-बीच में करतल ध्वनि से मिलता है । ब्रह्मचारियों द्वारा सरिया मोड़ना-तोड़ना, आग के जलते गोले से निकलना आदि जहां ब्रह्मचारियों के 'शरीरमाद्यं खलुधर्मसाधनम्' को द्योतित कर रहे थे, वहां साथ ही साथ उनका उल्लास एवं आनन्द भी लहरें मार रहा था । कुछ ब्रह्मचारियों के व्यायाम से दर्शक इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उनके दूध पीने के लिये धन-राशि प्रदान की । हम दानी महानुभावों का धन्यवाद करते हुए ब्रह्मचारियों को बधाई देते हैं ।

अखिल भारतीय स्नातक मण्डल का नव निर्वाचन

१४ अप्रैल को तीन बजे विद्यालय के प्रार्थना-भवन में अखिल भारतीय स्नातक मण्डल का असाधारण अधिवेशन हुआ । जो डा० शांति-स्वरूपजी विद्यालंकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । स्नातक-मण्डल के मन्त्री श्री निरूपण जी विद्यालंकार ने स्नातक मण्डल की पूरे वर्ष की गति-विधि एवं प्रगति से अवगत कराया । पुराने स्नातक एवं नव-स्नातकों के परस्पर परिचय के पश्चात् नव-निर्वाचन की कार्यवाही हुई, निर्वाचन प्रायः सर्व-सम्मति से निम्न प्रकार रहा——

प्रधान—— स्वामी समर्पणानन्द जी (बहुमतसे)
उप-प्रधान —— पं० धर्मदेव जी विद्यामार्तण्ड (प्रधान जी के द्वारा कार्य-कर्त्ता प्रधान की नियुक्ति) ।
उप-प्रधान —— डा० शांतिस्वरूपजी विद्यालंकार
मन्त्री—— श्री जयदेव जी वेदालंकार, एम०ए०
उप-मन्त्री—— श्री भारत भूषण जी विद्यालंकार एम० ए० ।
उप-मन्त्री—— श्री मङ्गलदेव जी विद्यालंकार ।
कोषाध्यक्ष —— श्री सुशीलचन्द्र विद्यालंकार ।

निर्वाचन के पश्चात् नव अधिकारियों द्वारा समस्त स्नातक-बन्धुओं से सहयोग की प्रार्थना की गई ।

नव-अधिकारियों ने इस वर्ष समस्त स्नातक बन्धुओं का सचित्र परिचय-पत्र एवं संविधान का निर्माण करने का निश्चय किया, जो कि स्नातक-मण्डल की बैठक में कई वर्ष से पास हो चुका था, परन्तु अभी तक किसी कारणवश यह कार्यरूप में परिणत न हो पाया था ।

वार्षिक परीक्षाएं तथा परीक्षा-परिणाम

विद्यालय विभाग (कक्षा १ से ८ तक) वार्षिक परीक्षायें प्रारम्भ हो चुकी हैं और १५ मई ग्रीष्मावकाश से पूर्व परीक्षा-परिणाम घोषित हो जाएगा । विद्यालय प्रथम जुलाई १९६८ को पुनः अध्ययनार्थ खुलेंगे ।

महाविद्यालय में वार्षिक परीक्षायें मार्च मास में समाप्त हो गई थी और कई परीक्षाओं (अलंकार द्वितीय खण्ड, एम० ए०, समस्त, विद्याधिकारी द्वितीय वर्ष) के परीक्षा परिणाम घोषित हो गये हैं, आशा है शेष सबके परीक्षा परिणाम भी १५ मई तक घोषित हो जायेंगे ।

——०——

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(पृष्ठ ४८६ से आगे)

जिसमें विविध विषयों पर देश-विदेश की हजारों पुस्तकों का अच्छा संग्रह था। भारत का प्राचीन साहित्य भी उसमें था। देश के नेताओं को उत्सव पर व वर्ष के बीच विशेष रूप से आमन्त्रित किया जाता और उनके भाषण होते। एन्ड्रूज़ और पीयरसन सदृश विदेशी विद्वान् गुरुकुल में कई मास तक रहे थे। क्रान्तिकारी हरदयाल जी के लिये तो गुरुकुल घर के समान था।

गांधी जी बच्चों सहित गुरुकुल में

आचार्य जी के विशिष्ट व्यक्तित्व का यह प्रभाव था कि उस युग का भारत का शायद ही कोई ऐसा विशिष्ट नेता होगा जो गुरुकुल न आया हो। गांधी जी जब दक्षिण अफ्रीका से भारत वापस आये तब सबसे पहले गुरुकुल आये और तत्काल महात्मा जी के चरणों में झुक गये। आचार्य जी को गांधी जी "बड़ा भाई" मानते और कहते थे। उनके फोनक्स आश्रम के बच्चे—जिनमें उनका अपना पुत्र देवदास भी शामिल था—गुरुकुल की इस गंगापार भूमि में हमारे साथ कई मास तक रहे। विदेशी यात्री भी गुरुकुल में खूब आते थे। दीनबन्धु सी० एम०ए० अन्ड्रूज़ और अमेरिका के प्रमुख पत्रकार श्री फिलिप्स, लंका के अनागरिक धर्मपाल जिन्होंने महाबोधी सोसाइटी कायम की—गुरुकुल में कई मास तक रहे। फिलिप्स महोदय ने लखनऊ के "पापोनी पर" में गुरुकुल के पक्ष में एक लेखमाला लिखी जिसका ब्रिटिश सरकार पर बड़ा प्रभाव पड़ा। इतना ही नहीं उस समय के कई देशभक्त क्रान्तिकारियों को महात्मा जी ने कई मास तक गुरुकुल में आश्रय दिया, जिनमें लाला हरदयाल, राजेन्द्र लाहड़ी, भाई परमानन्द, अजीतसिंह, गदालाल दीक्षित, पं० सातवलेकर इत्यादि विशेष उल्लेखनीय हैं। इस समय गुरुकुल एक विशाल विश्वविद्यालय का रूप धारण कर चुका था और इसकी ख्याति देश-विदेश में सर्वत्र फैल चुकी थी।

आचार्य जी स्वयं कट्टर राष्ट्रीय विचारों के थे। गुरुकुल का वातावरण कितना प्रबल राष्ट्रीय था, यह एक ही उदाहरण से स्पष्ट हो जाएगा। जिस समय गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में गोवा के विरुद्ध सत्याग्रह किया तो देश के नेता श्री गोखले ने जनता से धन की अपील की। आचार्य जी के नेतृत्व में गुरुकुल के लगभग ३०० ब्रह्मचारी अध्यापकों सहित चंडी पर्वत के सामने, हरिद्वार, सप्तसरोवर पर, सरकार की ओर से गङ्गा पर बन रहे दूधिया बांध पर पौष-माघ की कड़ी सर्दी में पत्थर ढोने और तोड़ने की मजदूरी करने गये। इस प्रकार कड़ा श्रम करने से जितनी मजदूरी की रकम हम सब की बनी, उसके साथ आचार्य जी और छात्रों ने दो मास तक दूध, घी का सर्वथा त्याग कर और इस रकम को भी साथ में जमा कर, कुल दो हजार रु० से अधिक गांधी जी के सत्याग्रह कोष में श्री गोखले द्वारा भेजी। गांधी जी ने अपनी 'आत्मकथा' में भी गुरुकुल और आचार्य मुंशीराम जी के इस अनुपम त्याग का वर्णन किया है। जिस समय यह रकम मान्य गोखले को महात्मा जी ने सौंपी तो उनकी आंखों से अनायास ही, आनन्द के आंसू बह निकले और तत्काल ही बोल उठे, जिस देश में ऐसे त्यागी बच्चे हैं, वह कभी गुलाम नहीं रह सकता। ऐसे अन्य भी कई राष्ट्रीय

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

संकट के अवसरों पर हम लोग स्वेच्छा से दूध-घी, फल इत्यादि त्याग कर जमा की गई रकम सहायतार्थ भेजते रहते थे।

स्वतन्त्रता-संघर्ष में गुरुकुल की पुरानी भूमि का योगदान

स्वावलम्बन, आत्मविश्वास, पराधीन राष्ट्र में नवचेतनता की स्फूर्ति विदेशी शासन के विरुद्ध संघर्ष की भावना पैदा करने में आचार्य श्री महात्मा मुंशीराम के नेतृत्व में गंगापार की भूमि स्थित गुरुकुल ने जो अमूल्य और अतुलनीय देन दी है, वह भारत के इतिहास में सदा उज्ज्वल अक्षरों में लिखी जायेगी। यद्यपि अभी तक उसका समुचित मूल्यांकन नहीं किया गया है।

१९२५ में गंगा की प्रलयंकारी बाढ़ में सर्वथा नष्ट हो गुरुकुल को कनखल ज्वालापुर के पास गङ्ग नहर के किनारे आना पड़ा और अब तो वह चारों ओर से आबादी से घिर गया है। पर पुरानी भूमि के खंडरात आज भी उच्च स्वर से उस युगद्रष्टा महापुरुष आचार्य मुंशीराम जी की दिव्य वाणी का उद्बोध कर रहे हैं जो युग-युगान्तर तक भारत माता की सन्तानों के लिए ज्योतिःपुंज का काम करेगी।

आज के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्रों को अपनी प्रिय संस्था के आदियुग के संघर्षमय जीवन की यह झांकी अवश्य ही प्रेरणा देने वाली होगी ऐसा हमारा विश्वास है। निःसन्देह गुरुकुल की पुरातन भूमि से शिक्षा प्राप्त किये स्नातकों ने राष्ट्र सेवा के विविध और विभिन्न क्षेत्रों में अविस्मरणीय योगदान दिया है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

वेदोद्यान के चुने हुए फूल (सजिल्द)	१.००
वेद का राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.००
मेरा धर्म (सजिल्द)	७.००
वरुण की नौका (दो भाग)	६.००
अग्निहोत्र (सजिल्द)	२.२५
आत्म-समर्पण	१.५०
वैदिक स्वप्न विज्ञान	२.००
वैदिक अध्यात्म विद्या	१.७५
वैदिक सूक्तियां	१.७५
ब्राह्मण की गौ (सजिल्द)	.७५
वैदिक ब्रह्मचर्य गीत	२.००
वैदिक विनय (तीन भाग)	६.००
वेद गीतांजलि	२.००
सोम सरोवर (सजिल्द)	२.००
वैदिक कर्त्तव्य शास्त्र	१.५०
सन्ध्या सुमन	१.५०
स्वामी श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३.७५
आत्म मीमांसा	२.००
वै. पशु यज्ञमीमांसा	१.००
सन्ध्या रहस्य	२ ००
अथर्ववेदीय मन्त्रविद्या	१.५०
ईशोपनिषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
अध्यात्म रोगों की चिकित्सा	२.५०
ब्रह्मचर्य संदेश	४.५०
आर्य संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
स्त्रियों की स्थिति	४.००
एकादशोपनिषद्	१२.००
विष्णु देवता	२.००
ऋषिरहस्य	२.००
हमारी कामधेनु	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३य भाग	४.५०
बृहत्तर भारत	७.००
योगेश्वर कृष्ण	४.००
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	१.२५
स्वामी दयानन्द का पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५०
अपने देश की कथा	१.३७
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	६.००
एंशियण्ट फ्रीडम	५.७०

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.००
प्रमेह श्वास अर्शरोग	१.२५
जल चिकित्सा विज्ञान	१.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५०
आसवारिष्ट	२.५०
आहार	६.००

संस्कृत ग्रन्थ

संस्कृत प्रवेशिका प्रथम भाग	.८७
संस्कृत प्रवेशिका २य भाग	.८७
बालनीति कथा माला	१.७५
साहित्य सुधा संग्रह	१.२५
पाणिनीयाष्टकम् (दो भाग)	प्रतिभाग ७.००
पंचतन्त्र पूर्वार्द्ध (सजिल्द)	३.००
पंचतन्त्र उत्तरार्द्ध, (सजिल्द)	२.००
सरल शब्द रूपावली	१.२५
सरल धातु रूपावली	१.६०
संस्कृत ट्रांसलेशन	१.२५
पंचतंत्र (मित्र सम्प्राप्ति)	.७५
पंचतंत्र (मित्र भेद)	१.५०
संक्षिप्त मनुस्मृति	.५०
रघुवंशीय सर्गत्रयम्	.२५

पुस्तकों का बड़ा सूचीपत्र मुफ्त मंगाइये। धार्मिक संस्थाओं के लिये विशेष रियायत का भी नियम है।

पुस्तक भण्डार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (जि० सहारनपुर)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विशुद्ध आयुर्वेदिक औषधियां सेवन कर

स्वास्थ्य उत्तम करें

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी, हरिद्वार

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालङ्कार । प्रबन्धक : प्रेमदेव ।

प्रकाशक : धर्मपाल विद्यालङ्कार, प्रकाशक : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ।

मुद्रक : जी० आर० पाल, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिङ्ग प्रेस, हरिद्वार ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल पत्रिका

सम्पादक
श्री भगवद्दत्त वेदालंकार

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ष : २०
अङ्क : १०
पूर्णाङ्क : २१८

मई-जून ६८ ज्येष्ठ २०२

DIGITIZED C DAC
2005-2006

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल-पत्रिका

ज्येष्ठमासः २०२५

मई-जून १९६८

पूर्णांकः २३८

प्रकाशकः

श्री धर्मपालो विद्यालंकारः

स० मुख्याधिष्ठाता

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य

सम्पादकः—श्री भगवद्दत्तो वेदालकारः

उपसम्पादकः—श्री प्रो० बुद्धदेव एम. ए.

विषयाः	लेखकाः	पृ० सं०
श्रुति-सुधा		४९३
एशियाभूभागे पत्राणां विकाशे विघ्नवाधाः	विद्याभूषणः श्री गणेशराम शर्मा, डूंगरपुर	४९४
साधना	श्री सत्येन्द्र बाबु, अनु०महाकवि रामकृष्ण भट्टः	४९७
अहो चित्रकारस्य कौशलम् ?	श्री विश्वनाथ केशव छत्रे	५००
स्कन्द स्वामी ?	श्री मंजुलमयंकपन्तुलः	५०१
तिष्ठत पश्यत त्यक्त्वा चलत	श्री डा० कृष्णलाल	५०४
मम संस्कृतोत्कर्षवृत्तान्तः	श्री विश्वनाथ केशव छत्रे	५०५
सुखस्यैकमूलं भवत्यात्मतत्त्वम्	श्री हरिश्चन्द्र रेणापुरकर एम. ए.	५०९
महर्षिर्दयानन्दः	श्री पं० धर्मदेवो विद्यामार्त्तण्डः	५१०
सम्पादकीय टिप्पण्यः	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	५११
साहित्य-समीक्षा	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	५११
उपनिषदों में मिश्रण, मांसभक्षण....	श्री शिवपूजनसिंह कुशवाहा 'पथिक'	५१३
अग्न्याधेय	श्री अभयदेव, तिलोकनगर, अजमेर	५१७
हम भारत को कैसे उन्नत कर सकते हैं	श्री मुनि देवराज विद्यावाचस्पति	५२१
जीवन-निर्माण और गुरुकुल शिक्षा-प्रणाली	श्री कु० सुशीला आर्या एम. ए.	५२६
युवक-सन्देश	श्री योगेन्द्र पुरुषार्थी	५२८

वार्षिकशुल्कम्
देशे ४), विदेशे ६)

मूल्यं
४० पैसे

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

ज्येष्ठ २०२५, मई-जून १९६८, वर्षम् २१, अङ्कः १०, पूर्णाङ्कः २३८

श्रुति-सुधा

(ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः । देवता—ऋभवः । छन्दः— गायत्री)

उत त्यं चमसं नवं त्वष्टुर्देवस्य निष्कृतम् ।
अकर्त चतुरः पुनः ॥ ऋ० १ २०।६

(उत) और (त्वष्टुःदेवस्य) त्वष्टा देव के (निष्कृतम्) निष्पन्न व निर्मित (त्यं) उस (नवं चमसं) नवीन मस्तिष्क को तुमने (पुनः) फिर (चतुरः अकर्त) चार में विभक्त कर दिया ।

चमस तथा त्वष्टा के सम्बन्ध में हमने 'ऋभु देवता' नामक अपनी पुस्तक में विस्तार से विचार किया है । यहां हम संक्षेप में अन्य विचार प्रकट करते है । त्वष्टा भगवान् संसार में समग्र पदार्थों के तक्षण करने और उनको रूप देने वाले हैं । मानव शरीर के भी ये निर्माता हैं । उन्होंने स्त्रीगर्भ में नया चमस अर्थात् नया मस्तिष्क दिया । मस्तिष्क चमस (चमचा) है, अर्थात् मस्तिष्क में विद्यमान देव इसके द्वारा सोम का पान करते हैं । अतः इसे देवपान भी कहा है । इस देवपान चमस के ऋभु लोग चार विभाग करते हैं । 'ऋभु देवता' नामक पुस्तक में हमने चार वर्णों में विभक्त करने का भाव लिया है, यहां हम दूसरा भाव दिखाते हैं । द्युलोक के तीन विभाग माने हैं । (अवमा, पीलुमती, प्रद्यौ) इसी प्रकार द्युलोक स्थानी मस्तिष्क के भी ३ विभाग माने गये हैं । इन तीनों का ऊर्ध्व में उद्घाटन करना इन्हें ४ भागों में विभक्त करना है । द्युलोक से ऊपर का क्षेत्र इनके लिये खोलना है । इस प्रकार ये 'चतुर्वयम्' चार क्षेत्रों में व्याप्त होने वाले हो जाते हैं । चार भागों में इनकी व्याप्ति ऋत से देदीप्यमान ज्ञानरश्मियां करती हैं ।

★★★

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

एशियाभूभागे पत्राणां विकाशे विघ्नबाधाः

(ले० विद्याभूषणः श्रीगणेशरामशर्मा, डूंगरपुर (राज०)

तद्दिने गुर्जरभाषायाः सन्देशनाम्नि दैनिकपत्रे उपरि शीर्षके लिखितो लेखोऽस्माभिः पठितः । पठनानन्तरमस्मन्मनसि संस्कृतपत्राणां वर्तमान-स्थितिविषयेऽनेके प्रश्नाः समुदतिष्ठन्त । ततः संस्कृतभाषायाः पत्रकारिता-क्षेत्रे कार्यं कुर्वतां पत्रकाराणां, सम्पादकानां, व्यवस्थापकानां तथा लेखकानां च संस्कृतपत्राणां स्थितिविषये ध्यानाकर्षणाय सएष लेखोऽविकलमनूद्य प्रकाश्यते, आशास्यते च संस्कृतपत्रकाराः पाठका लेखकाश्च कमपि तात्त्विकं लाभं गृह्णीयुरिति——

लोकतन्त्रस्य निर्माणे पत्रपत्रिकाणां महत्त्वपूर्णं योगदाने सत्यपि एशियाभूभागस्य देशेषु तेषां (पत्राणां) प्रसारः कियन्न्यूनो वर्ततेऽस्य तथ्यस्य विचारः कैश्चित्संख्याङ्कैर्भवितुमर्हति । सन् १९५८ वर्षस्य गणनानुसारं तदानीं भारते चतुष्कोटिसंख्यका जनाः साक्षरा आसन् परन्तु स्वदेशीयभाषायाः पत्राणाम् प्रसारस्त्रिंशल्लक्षेभ्योऽपि न्यूनोऽभूद्यदा—— 'डेली मिरर' नाम्नो लन्दननगरस्यैकलस्यैव पत्रस्य तद्वर्षस्य सञ्चारः पञ्चाशल्लक्षसंख्यकानां प्रतीनामासीत् । भारते हिन्दीभाषाभाषिणीनां प्रजानां पञ्चविंशतिकोटिमितानाम् वसतौ सत्यामपि हिन्दीभाषायाः पत्राणां प्रसारश्चतुर्लक्षमात्रमभूत् । जापानदेशमपवादरूपं विहाय–एशियाभूभागस्याधिकांशदेशानां पत्राणां स्थितिरित्थमास्ते——

साम्यवादिभ्यो देशेभ्योऽतिरिक्तं पाकिस्थानाज्जापानपर्यन्तमेकार्बुदप्रमाणायां वसतौ प्रायेण सार्द्धचतुष्कोटिमितानि दैनिकानि पत्राणि विक्रीयन्ते । एष्वेव जापानदेशस्य सार्द्धत्रिकोटिसंख्यकानां दैनिकानां समाचारपत्राणां समावेशो भवति । अस्यायमर्थो भवति यद्धि भारतस्य षट्चत्वारिंशत्कोटिप्रमाणायाया वसतेरतिरिक्तं पाकिस्थानस्य सार्द्धनवकोटिमितानां, इण्डोनेशियाया दशकोटिसंख्यकानां, वर्मादेशस्य च साद्धद्विकोटिभ्यामधिकानां तथा फिलिपाइन्सदेशस्य त्रिकोटिसंख्यकानां जनानां वसतौ पत्राणां प्रसार एककोटिमात्रमेवास्ते । यूनेस्कोसंस्थाया अनुमानानुसारं प्रत्येकमेकसहस्रजनानां वसतौ पत्राणां लघुतमः प्रसारः शतसंख्यामितो भवितुमर्हति । सत्यप्येवं, भारते पत्राणां स एष प्रसारस्त्रयोदशसंख्यातोऽपि न्यूनोऽस्ति । अस्य तुलनायां आरब्धगणतन्त्रे विंशतिः, लङ्कायां षट्त्रिंशत्, जापानदेशे ४१६ तथा ब्रिटैनदेशे ४४८ पत्राणां प्रसारो विद्यते ।

संस्था चैषाऽऽन्तरराष्ट्रिया कदाऽभूत् ?

नवदेहल्यां राष्ट्रपतिमहोदयेन डा. श्री राधाकृष्णमहाभागेन यस्या उद्घाटनं विहितं, तस्या 'इण्टरनेशनल–प्रेस–इन्स्टीट्यूट' इति संस्थाया अस्तित्वं तु विगतेभ्यः पञ्चदशवर्षेभ्यो वर्तते परन्तु यथार्थतोऽस्याः संस्थाया 'आन्तरराष्ट्रियत्वं' त्वनुमानतः षट्वर्षेभ्य एव समघटत । प्रारम्भे तु संस्थाया अस्या वर्तुलं लघुतरमासीत्, यतः सैषा संस्था समानकक्षान् मुद्रणालयान् दधतां केषांचित् परिमितानामेव देशानां विषये विचारविमर्शं कुर्वाणाऽऽसीत् । वैधानिकशासनस्य, पत्राणां स्वातन्त्र्यस्य च विषये तेषां वर्तनमेकसदृशमभूत् । तदुद्देश्यं च देशानामेतेषां सम्पादकानां, प्रकाशकानाम्, तथा च पत्रकाराणां मध्ये परस्परं सम्पर्कसाधनमभूत् । एशियाभूभागस्य, लैटिन-अमरीकायाश्च केचन जनाः संस्थाया

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अस्याः सदस्या आसन् परन्तु ते केवलं नामसंकीर्तनार्थमेव । अद्यत्वे तु संस्थायामस्यां पञ्चाशतोऽप्यधिकानां देशानां १५२२ प्रमाणाः सदस्याः सन्ति । एशियाभूभागस्य शतत्रयाधिकाः पत्रकारा अस्याः संस्थायाः सदस्या वर्तन्ते । सन् १९६१ वर्षात् पश्चादेव सेयं संस्था, येषां देशानां प्रथमः प्रश्नो मुद्रणालयस्यैवाभूत्तेषामेव परिस्थितिं स्वहस्ते जग्राह ।

अस्याः संस्थायाः प्रथमः सञ्चालकः ई. जे. बी. रोजमहाशयस्तथा तारजी विट्टाचिमहाशयश्चेत्याभ्यां द्वाभ्यां सैषा संस्था पश्चिमस्य पाशादुदमोचयत । संस्थायाः पटलेनापि तन्नीतिः स्वीकृता । तत आरभ्य सेयं संस्था पूर्णतः कार्यं कुर्वाणास्ते । ज्यूरिचनगरे वर्तमानेऽस्याः संस्थायाः प्रधाने केन्द्रिये कार्यालये पुस्तकालयस्तथा संशोधनकेन्द्रं च विद्येते । एशियाद्वीपे तथाऽऽफ्रिकादेशे च सैषां संस्था पत्रकारिताक्षेत्रे कार्यं करोति ।

फोर्डसंस्थानस्य, रोकफेलर संस्थानस्य तथा एशियन-फाउण्डेशनसंस्थानस्य वित्तीयपाशात् परित्राय भारते, फिलिपाइनदेशे, मलयेशियादेशे, तथा च कोरियादेशे राष्ट्रिय-प्रेस-इन्स्टीट्यूटस्य संस्थाः प्रारब्धाः । चीनदेशस्य मुख्यभूमेर्बहिश्चीनभाषायाः पत्राणामप्येका संस्था प्रारेभे । थाईलैण्डदेशे तथा मलायादेशे च प्रादेशिकस्तरे शैक्षणिकाः कार्य-क्रमा हस्तेऽगृह्यन्त तथा पुनरेशियाभूभागे समस्ते विशेषज्ञानां हट्टास्तथा परिसम्वादाः समायोज्यन्त । अतोऽतिरिक्तं राष्ट्रस्य पत्रद्वारा संचालिताः संस्थाः प्रारब्धुम् तदेतत्सङ्घटनं (राष्ट्रिय-प्रेस-इन्स्टीटयूट) साहाय्यमकरोद्यस्योदाहरणमास्ते 'प्रेस-इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डिया' इति । प्रारम्भे सङ्घटनमिदं वित्तीयां शिल्पगतां च सहायतां चक्रे परन्त्वद्यत्वे तु 'प्रेस-इन्स्टीट्यूट आफ इण्डिया' स्वसत्तात्मिका संस्थैवास्ते खलु ।

एशियाक्षेत्रे समधिको रसः

सम्वादपत्राणां दशा एशियाभूभागः किलैकस्त्रुटितोऽस्ति खंडः । जापानदेशस्य शक्तिशाली सुविशालस्तथा सर्वथाद्यतनो मुद्रणालयो जापानाद्बहिरपरिचितोऽभूत् । फिलिपाइनदेशस्य मुक्तानि सम्बादपत्राणि, भारतस्य प्रमाणतः शांतप्रकृतीनि सम्वादपत्राणि, लङ्कायां नगरपर्याप्तानि मर्यादितानि पत्राणि तथा च थाईलैण्डस्य विविधविधानि पत्राणीत्येतेषाम् मध्ये न कापि शृण्खलासीत् । तदेतत् इण्टरनेशनल–प्रेस–इंस्टीट्यूट–संस्थानमेशियाभूभागस्य चेतनामुदपादयत् तथा एशियाखंडस्य विविधदेशानां पत्राणां मध्ये मिथ शृण्खलामेकामुदपादयत् । वर्षद्वयपूर्वं टोकियोनगरे जातस्य परिसम्वादस्याधिवेशने इंटरनेशल-प्रेस-इंस्टीट्यूट संस्थानमेशियाभूभागस्य पत्रेष्वधिकरसमादातुमाग्रहं चकार । परिणामतोऽद्यत्वे 'एशियन-न्यूज-एजेंसी,' 'आग्नेयेशियादेशानां' कृते लेखाः, पत्रकाराणामादानप्रदानप्रभृतीनां प्रश्नानां विचारं कर्तुं वयमुद्यताः स्मः संजाताः । वर्षपञ्चकात् प्रागस्य विचारोऽपि च नैवासीत् ।

अफ्रिकायां त्वस्य संस्थानस्य कार्यं कठिनमास्ते । एशियाभूभागस्य तुलनायामाफ्रिकादेशस्य पत्रान्यल्पविकसितानिसन्ति पत्रकाराणां संख्यापि सर्वथाल्पीयसी वर्तते । तत्र शिक्षणस्याभावो विद्यते । अतः सर्वप्रथमं तु नैरोबीनगरे तथा लाओसनगरे च पत्रकारेभ्यः प्रशिक्षणं प्रददाने द्वे शाले प्रारब्धे ।

नास्त्येवास्यायमाभिप्रायो यद्धि इंटरनेशनल-प्रेस-इन्स्टीट्यूट-संस्थानस्य कार्यं पूर्णतां जगामेति तथाधुना विश्रामस्य सुखमयः समयः समाययाविति । द्वयोरप्यनयोः खंडयोर्नवीनं शिल्पतन्त्रं

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

तथा च व्यवस्थां कर्तुं मधुनावशिष्यते तथा चैशियां अफ्रिकाभूखंडयोर्बहुषु देशेषु पत्रसम्बन्धिनः स्वातन्त्र्यस्य संघर्ष इदानीमारब्धव्योऽस्ति । सर्वकारः पत्रेष्वङ्कुशं स्थापयेत्ततः पूर्वं किमपि चिन्तयेदित्थं-विधविश्वव्यापि-लोकमतसाधने संस्थानस्यास्य गणनपात्रं योगदानमास्ते ।

भारते पत्राणि

भारतवर्षदेशेऽस्माकं सन् १९५९तः सन् १९६४ पर्यन्तं पंचवर्षाभ्यन्तरे पत्राणां वार्षिकः प्रसारः षट् प्रतिशतप्रायो वृद्धिं गतोऽस्ति । सन् १९५४ वर्षेऽस्य संचारः पंचविंशतिलक्षप्रमाणोऽभूत् । स च १९६५ वर्षे त्रिषष्ठीलक्षपर्यन्तं प्राप । परन्तु देशस्यास्य पंचाशत्कोटिसंख्यात्मिकायां जनवसतौ, यत्र चैकादशकोटिभ्योऽप्यधिकसंख्यका लोकाः साक्षराः शिक्षिता वा भवेयुस्तत्र पत्रसंचारस्य स एषोंऽकोऽतीवाल्पीयान् विद्यते । तत्रापि राज्यक्रमानुसारं परिस्थितिर्भिन्ना भिन्नास्ते । केरलप्रान्ते पंचचत्वारिंशद्दैनिकानि सम्वादपत्राणि वर्तन्ते तथा तेषां प्रसारः प्रतिसहस्रं वसतौ ८४.१ मितोऽस्ति । महाराष्ट्रप्रान्ते पत्राणां संचारस्य प्रमाणं प्रतिसहस्रं जनवसतौ ३९ विद्यते । अथ ऊडिसाप्रान्ते पत्राणां संचारप्रमाणं ८.५० मितमास्ते । बंगीयानि, महाराष्ट्रियाणि तथा मलयालमपत्राणि सत्वरं प्रगतिं चक्रुः परन्त्वन्यभाषाणां पत्राणि तादृशीं प्रगतिं नासाधयन् । भारते प्रतिशतम् ८६ प्रायाणि दैनिकानि पत्राणि विंशसहस्रेभ्योऽपि न्यूनं संचारमासादयन्ति । लघुसम्वादपत्राणां समक्षं तन्निर्वाहस्य, त्रिकाशस्य तथा तत्स्वातन्त्र्यस्य च मुख्यः प्रश्नो विद्यते । भारते दूरदर्शनयन्त्राणां (टेलीविज़न) अभावोऽस्ति तथा च मुक्ता खल्वाकाशवाणी चापि नास्ते, ततः समाचारपत्राणां प्रभुत्वं प्रभूतं विद्यते । सत्यप्येवं तानीमानि समाचारपत्राणि समधिकांशं नागरिकाणि मुद्रणानि वर्तन्ते । ग्रामेषु तु द्विप्रतिशतमपि सम्वादपत्राणां न प्राप्नोति । विंशतिवर्षेभ्यो भारते विविधक्षेत्रेषु जातैः परिवर्तनैस्ते (ग्रामाः) सुपरिचिताः न सन्ति । भारतीयानां समाचारपत्राणां शक्तिः प्रभूता वर्तते परन्तु तानि स्वशक्तेः परिपूर्णां ज्ञानचेतनां न दधत इति ।१

---

१ 'सन्देश'-नाम्नी गुर्जरभाषाया दैनिकपत्रस्य कार्तिकशुक्ला ५ गुरुवार संवत २०२३ दि० १७ नवम्बर १९६६ संस्करणात् साभारम ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गतमासाङ्कतोऽग्रे)

साधना

श्रीसत्येन्द्रबाबुकृतसाधनायाः अनुवादको महाकविरामकृष्णभट्टः 'हिन्दुकॉलिज' दिल्लीविश्वविद्यालयः

अष्टमः परिच्छेदः

उभावप्यधिकारिणौ कुतूहलाकलितमानसौ "पत्रशकलम् ! कीदृशं पत्रम्" ? इत्यन्वयुञ्जाताम् ।

मणिमहाशयस्तु किञ्चित्पत्रखण्डमुभाभ्यां प्रदर्श्याब्रवीत्--"एतच्छकलं तृतीयभूमिकाप्रकोष्ठ उपलब्धम्, अस्य च्छेदनप्रकारमभिलक्ष्येत्थं वदितुं शक्यते-अस्यावशिष्टं खण्डं तेन नरेण वह्निनलिकाया अन्तः प्रक्षिप्तमिति ।"

"पश्यामस्तावत्तत्र किञ्चिल्लिखितं वा न वेति"

"नात्र बहु लिखितं किञ्चित् । केवलं 'स्वामिनः श्वो हरिद्वारे, काश्यां द्रष्टव्यम्' इत्येतावदेव लिखितम्" ।

अधिकारी तत्पत्रं स्वहस्तेनादाय व्याजहार--अत्र मधुरं मृगमदसौरभमुज्जिहीत" इति ।

"तत एतावदुन्नेतुं सुशकम्—पत्रे कस्तूरी निबद्धा । अग्निगोलप्रहर्त्रे कोऽपि कमपि स्वामिनमधिकृत्य लिखितवान् । नलिकाप्रयोगवेलायामावश्यकं पत्रं त्वरया प्रवृत्तिपत्रादेव विच्छिद्य प्रयुक्तवान् इति । पत्रे मृगमदनिक्षेपणं गवेषणकार्यस्य साचिव्यमातनोतीति च प्रतीमः ।"

प्राड्विव--तद्यथाकथमपि वा भवतु । गवेषणकार्यमिदानीं भवदायत्तं वरीवर्त्ति । अद्य भवन्त इमां नयन्तु कन्यां स्वगेहम् । इयमञ्जसा परिपाल्यते भवद्भिरिति मे दृढो विश्वासः ।

मणिमहाशय उत्थाय 'प्रयतिष्ये यथाशक्ति' इत्यवादीत् । कन्यायाश्च हस्तं यावद् गृह्णाति तावत्सापि झटित्युत्थाय यथापूर्वं तद्दृहसम्पर्कमुपलभ्य शिलामूर्तिरिवावतस्थे । मणिमहाशयश्चोभावप्यधिकारिणौ प्रणम्य स्वरथे कन्यया साकमुपाविक्षत् ।

तस्य स्वान्तं चिरात्परदुःखदुःखितमासीत् । इमामन्धैडमूकायाः कन्यायाः कृपणामवलोक्य दशां तन्नूनं द्रवतां यातम् । विललाप च सः "हा हन्त ! ईदृशरूपमाधुर्यस्यापीयं दशा दारुणा ! कीदृशो महापातकस्येदमुपनतं फलम्" ? इति ।

तस्यां न केवलमस्य कारुण्यमनल्पम्, अपि तु यदैवायं व्यसनातिभारपरिम्लानं तन्मुखमवालोकयत्, तदैव मधुरं निरुपमं तन्मुखं तस्य हृदयपटे समालिखितमभूत् । तन्मनोहृदयप्राणा अपि सर्वात्मना तस्यामैकात्म्यमभजन् । प्रायेण जनः कथयति 'प्रथमदर्शन एव प्रेमोद्गम' इति । किमिदं तादृशम् ? किं मणीन्द्रस्तस्यामनाथायामनुरक्तः ?

इमं व्यतिकरं मणिमहाशयो नाज्ञासीदिति न शक्यं वक्तुम् । तेन हि बह्व्यो ललनाः कन्याः सुन्दर्यश्च प्रकामवलोकिताः । सोऽपि गर्भेश्वरः । अतस्तस्मै बहवः स्वकन्यका दातुमुत्सुका आसन् । तथाप्यद्यावधि तस्य विवाहे मनागपि नासीदास्था । रतिसदृश्यामपि दर्शनपथमागतायां न तन्मनो मनसिजशरशरव्यतामयासीत् । 'कृतपाणिपीडनः संसारसागरे निमग्नो न कदापि विपत्स्ये । लोकसंग्रहे विशिष्य विपन्निगीर्णानां सान्त्वनायां दुर्वृत्तानां निग्रहे च निरतो जीवितं कुर्यां सार्थक' मिति स कृतदृढसङ्कल्पोऽभूत् । अस्यास्त्वनाथाया दुःखभागिन्याः कन्यकाया मुखारविन्दावलोकनेन स्वमानससमुत्थामभूतपूर्वां भावोद्रेकतरङ्गमालिकामालक्ष्य स तदनुरागिणमात्मानमबुद्ध ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

निर्निमेषनयनश्च तन्मुखं दृष्टिशून्यमवलोकयन्स हृदयोद्भावतरङ्गानपाकर्तुं नितरां प्रायतिष्ट । अभूच्चास्य चेतसि, "यद्यपीयं जन्मनैवान्धा स्यात्, तथापि न स्यादेडमूका जनुषा । आ जन्मनो ये चैडमूकास्ते प्रायेण भवन्ति मूढाजडाश्च । इयन्तु मुखदर्शनेनैव धिषणाविशेष विशिष्टेति प्रतिभायात् । केनापि कारणेनाद्यानाथा विपन्ना चैकाकिनी च सञ्जाता । न तु जन्मनैवान्धा चैडमूका । अतः प्रथमं या समर्थवाक्छ्रवणेन्द्रियाऽऽसीत् सा पश्चादामयेन खलानां भेषजप्रयोगेण वेमामवस्थां प्रापिता स्या"दिति ।

अक्षिणी परीक्षिते निवेदयतो नेयं जनुषान्धेति । तथा सत्यक्षिपटलं मीलितं भवेत् ।

रूप धारण करके देवों से निलीन हो गया। वह पृथिवी में प्रविष्ट हो गया और वहीं संचरण करने लगा। पार्थिव रस घन अग्नि है। यही ४९ मरुतों में प्रथम, पृथिवीस्थ गणपति मरुत् का आधारभूत प्राण है। आखु नाम प्राणी को इस प्राण के सद्भाव से ही तत्प्राणनाम से अभिहित किया गया है। आखु पार्थिव रसका वेत्ता है। आखुकरीष का संभरण और निवाप पार्थिव रस रूप व्यक्ताग्नि से आधेय अग्नि को समृद्ध करने की भावना से किया जाता है। मै के अनुसार आखुकिरि पुरीष है; इस पुरीष के कारण ही गृहमेधी 'पुरीषी' कहाता है।

सिकता१०

आदि में द्यावापृथिवी साथ थे। पृथिवी के निकट आदित्य रूप में वैश्वानराग्नि के रहने पर उसकी भ्राजमान, तथा पृथिवी को अलं-कृत (सर्जन-समर्थ) करने वाली जो भस्म थी वह सिकता (बालू, रेत) है। सिकता में अग्नितत्त्व है। सिकता अग्नि का तेज वा रेत है।११ वैश्वानराग्नि द्वारा मृत्तिका के संतप्त होने पर वह सिकतारूप बन गई। सिकता ही फिर शर्करा-अश्मा बनीं। आधुनिक विज्ञान भी सिकता में सिलिकोन और आक्सीजन (वैश्वानराग्नि) का नित्य सहचार मानता है।१२ सिकतानिवाप से अग्नि की वैश्वानरसंपत्ति की उपलब्धि तथा अग्नि का स्वयोनि (प्रतिष्ठा) में आधान किया जाता है।

---

१०. तैब्रा (१.१.३), मै (१.६.३)।

११. श (७.१.१.१०–११)। इस रेत के दो शुक्ल, कृष्ण–रूप हैं। शुक्ल में अग्नि, कृष्ण में आपः की प्रधानता है। अतः सिकता को अपों का 'पुरीष' तथा 'योनि' भी कहा गया है।

१२. भगवद्दत्त–'वेदविद्यानिदर्शन' (पृ० १०६)।

सूद१३

आपः के संतप्त होने से फेन, और फेन के संतपन से मृत् बनी। इसे ही तैब्रा ने 'सूद' कहा है। सूद श (८.७.३.२१) के अनुसार आपः का ही (घन) रूप है। पृथिवी का पृथिवीत्व सूद से आरम्भ होता है। सूद ही सिकतादि बनती है। यही अन्नाद्य का मौलिक उत्पादक है। अतः सूद का संभरण अन्न-संपत्ति की दृष्टि से किया जाता है।

पार्थिव संभारों के पश्चात् ५, ६ वा ७ वानस्पत्य संभारों का निवाप, तैब्रा और मै के अनुसार किया जाता है। पृथिवी के सर्व पार्थिव गुणों से युक्त हो जाने पर औषधि-वनस्पतियों की उत्पत्ति होती है। इसके अभाव में पृथिवी कूर्म-पृष्ठनिभा कठोर और अलोभिका (ऋक्षा, काल्वालीकृता) थी।१४ भूमाभावहीना यह पार्थिव अवस्था 'अल्पा' कहलाती है। ओषधि-वनस्पतियों के अनंतर ही पृथिवी प्राणियों के लिए उपजीवनीया बनती है। अतः वानस्पत्य संभारों का निवाप क्रम-प्राप्त है। काठ, कपि ५, पर तैब्रा ६ वानस्पत्य संभारों का विधान करता है। तैब्रा में विकंकत काष्ठशकल भी परिगणित है, जिसकी अन्यत्र संभारों में गणना नहीं है। अश्वत्थ वृक्ष के काष्ठ-संभार का ग्रहण अश्वत्थ में निलीन आग्नेय तत्त्व की उपलब्धि की भावना से होता है। शमीमय संभार अग्नि की शान्ति, उसके समिन्धन, तथा प्रजापति के अप्रदाह के लिए होता है। प्राजापत्याग्नि रौद्र, घोर होता है। अग्नि-रूप कुमार को उत्पन्न होते ही अन्न चाहिये। उस अन्न का भोग मिलने पर कुमाराग्नि शांत-संतुष्ट हो जाता है,

---

१३. तैब्रा (१.१.३) श (६.१.३.३)।

१४. मै (१.६.९.२; २.५.२), ऐ ब्रा (२४.२२), काश (१.२.४)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

तथा उसकी तेजोदीप्ति भी उससे होती है। अन्यथा, अग्नि अपने जनक प्रजापति को ही खाने लगता है—स्वयं को अपना ग्रास बनाता है। शमी से प्रजापति ने अग्नि का समिधन किया था। शमी संभार से अग्नि-शमी का मिथुन संपन्न होता है; अग्नि के अपने ही समिधनसाधन से उसका समिधन होजाता है। उदुंबर साक्षात् ऊर्क् है। ऊर्क् से ही उसकी उत्पत्ति है। ऊर्क् से अन्न स्वादिष्ट होता है। अन्न में ऊर्क् के आधान की दृष्टि से—अथवा ऊर्क् की उपलब्धि के लिए उदुंबर-संभार का निवाप किया जाता है। काठ, कपि, और तैब्रा के अनुसार मनुष्यों और देवों से अपक्रांत अग्नि का हृदय मरुतों ने स्तनयित्नु के द्वारा आच्छिन्न कर डाला; वही अशनि है। आच्छेदन के पूर्व मरुतों ने अग्नि को आपः के द्वारा तामसावस्था (मूर्छा) को प्राप्त करा दिया था। अशनि अग्नि का जल से आवृतरूप है। जलीय अग्नि अशनि है। उसके आघात से आहत वृक्ष का ग्रहण उसमें न्यक्त अग्नि के, अथवा अग्निहृदय के प्राप्त्यर्थ किया जाता है। पर्ण वा पलाश वस्तुतः सोमपर्ण है। पलाश-संभरण से सोमपान की उपलब्धि की जाती है। काठ, और कपि ने पर्णसंभार के निवाप का कोई हेतु नहीं दिया है। तदनुसार यज्ञ के तथा संभारों के पांक्तत्व के संपादनार्थ पंचम काष्ठ पलाश वृक्ष का ग्रहण किया जाता था। तैब्रा ने षष्ठ वानस्पत्यसंभार विकंकत काष्ठ का ग्रहण किया है। प्राजापत्याग्नि की प्रभा विकंकत में है। इसका संभरण आग्नेय प्रभा के उपलब्ध्यर्थ होता है। बौ, वै मुंज का भी निवाप करते हैं। देवों से उत्क्रांत अग्नि मुंज में प्रविष्ट हुआ। अतः मुंज अग्नि की यज्ञिया योनि है। तैब्रा ने मुंज में ऊर्क् की उपस्थिति मानी है। अग्नि-योनिमुंज का निवाप करके अग्न्याधान वै को अभीष्ट है।

श, काठ, कपि को पांच-पांच वानस्पत्य संभारों का संभरण अभीष्ट है। पांच संख्या को इन ग्रंथों में यज्ञ के पांक्तत्व का सूचक माना गया है। श में पुरुष, अश्व, गौ, अज, अवि-रूप पांच प्रकार के पशुतत्त्व, तथा संवत्सर की पांच ऋतुओं का भी 'पांच' संख्या को संग्राहक माना गया है। छह के स्थान में पांच ऋतुओं के ग्रहण से प्रजनन की प्रतिष्ठाभूत ऋतुएं न्यूनत्व गुण से युक्त हो जाती हैं। प्रजातिकर्म के लिए वृषा का भूमात्व और योषा का न्यूनत्व आवश्यक होता है। दोनों के सम होने पर, वैषम्यमूलक सर्जन-क्रम असंभव है। न्यूनाद्वा इमा प्रजाः प्रजायन्ते (श. २. १. १. १३), यह सृष्टि का नियम है। लोक में भी ऋतुस्राव से न्यून हो जाने पर ही स्त्री गर्भाधानसमर्थ बनती है। यदि ऋत्वनुरूप छह संख्या अभिप्रेत ही हो तो, श के अनुसार, अग्नि को, जिसका आधान होना है, षष्ठ मानकर अन्यूनत्व-सिद्धि समझनी चाहिए। इस प्रकार वृषा अग्नि तथा पंचसंभारों से युक्त ऋतुमती योषा पृथिवी का मिथुन संपन्न होजाता है, जिसमें अग्नि अन्यून है, तथा पृथिवी, पंच समृद्धियों के कारण न्यून होने पर भी, वृषायुक्त होने से अन्यूना भी है।

(क्रमशः)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

हम भारत को कैसे उन्नत कर सकते हैं

श्री मुनि देवराज विद्यावाचस्पति, गुरुकुल झज्झर

जिसकी हमें उन्नति करनी होती है उसके विषय में सबसे पहिले हमें यह देखना होता है कि वह किस अवस्था में है और किस बात की उसमें कमी है, अथवा किस बात की उसको आवश्यकता है जिसको पूरा करना है। किसी की उन्नति के लिये जिसे कहा जाता है अथवा जिस पर उन्नति करने का भार सौंपा जाता है उसे पहिले यह देखना पड़ता है कि उसमें उन्नति का भार लेने में कहां तक शक्ति है अथवा वह अमुक आवश्यकता को कैसे पूर्ण कर सकता है। इसके पश्चात् उसे साधन या तरीके निकालने पड़ते हैं जिनको लेकर वह उन्नति कर सकता है और जिसकी उन्नति करनी हो उसकी उन्नति हो सकती है।

'Necessity is the Mother of invention' के नियमानुसार जब हम आवश्यकता का पता लगा चुकेंगे तब ही साधनों को निकाल सकते हैं तो सबसे पहले यह बात जानने की है कि भारत को किस बात की आवश्यकता है ? क्योंकि तत्पश्चात् ही उस आवश्यकता को पूर्ण करने के साधन हम सोच सकते हैं, और उन साधनों को उपयोग में लाने की शक्ति धारण कर सकते हैं।

आवश्यकता शारीरिक, मानसिक और आत्मिक हो सकती है। कहीं २ इसे व्यक्ति रूप में लाना होता है और कहीं पर सामाजिक रूप में। यदि किसी घर में हरेक व्यक्ति बलवान् हो पर कोई किसी से मिलने के लिये या किसी की सहायता करने के लिये तय्यार न हो तो ऐसे स्थान में सामाजिक बल उत्पन्न करने की आवश्यकता होती है। जो व्यक्ति की महानता को स्थिर रखने वाले छोटे भावों को निकाल कर सामाजिक या जातीय या एकता के भाव की स्थापना कर सके। इसी प्रकार वह बल कहीं व्यक्तिरूप में लाना होता है, जैसे किसी घर में ऐसे मनुष्य हों जो परस्पर मिलकर प्रेम से रहते हों तथा एक दूसरे की सहायता करते हों पर उन में शारीरिक बल न हो तो विपत्ति पड़ने पर एक-दूसरे की सहायता करने की प्रबल इच्छा रखते हुए भी एक दूसरे को उतनी सहायता नहीं पहुंचा सकते जितनी वे चाहते हैं। ऐसे स्थान में उन विचारों को उनमें डालने की जरूरत होती है, जिससे व्यक्तिगत बल की उन्नति के भाव उनमें आयें। और वे क्रियात्मक रूप में बल की वृद्धि करने लग जायें। जैसे सामाजिक रूप में वेदान्त के उन सिद्धान्तों का प्रचार करना होता है जो एकता उत्पन्न करते हैं। ऊंच-नीच के भाव को दूर करके समता का अर्थात् सबको समान देखने का, दूसरों के दुःख में अपना दुःख समझने का, सबको अपना-बन्धु समझना, दूसरे के दुःख में उसकी सहायता देने के कर्तव्य उत्पन्न करते हैं। अर्थात् निरुद्यमता के जीवन तथा स्वार्थवृत्ति को हटाकर सोद्यमता तथा परार्थवृत्ति के जीवन को व्यतीत करने का निर्देश करते हैं।

वेद में लिखा है "कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः। एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे।" इसी प्रकार वेदान्त के ग्रन्थ भगवद्गीता (३-४, ५, ८, ९, १५, १९, २०) में लिखा है :—

कोई मनुष्य कर्मों को न करके निष्कर्म नहीं बन सकता और ना ही सिद्धि को प्राप्त हो सकता है। कोई मनुष्य क्षणभर भी बिना कर्म के नहीं रह सकता है, इस संसार में कार्य कारण भाव का चक्र ही ऐसा है अथवा इस प्रकृति के नियम ही ऐसे हैं जो जबर-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दस्ती कर्म करवा ही देते हैं। प्रत्येक मनुष्य को कर्म अवश्य करना चाहिये अक्रिय मनुष्य से सक्रिय श्रेष्ठ है क्योंकि जो कर्मशील मनुष्य नहीं है वह अपना जीवन निर्वाह भी नहीं कर सकता। ससार में स्थिति उसी की है जो कर्मशील मनुष्य है, जिसने कर्मण्यता का जीवन व्यतीत किया है।

जो काम मनुष्य करता है और परमात्मा के अर्पण कर देता है उससे अन्यत्र अर्थात् जिसमें वह अपने को कर्ता मानता है और समझता है कि इससे मुझे यह सुख मिलेगा और यह प्राप्त होगा वह कर्मबन्धन कहाता है। अतः यदि कर्म करो तो मुक्तसंग होकर, उसमें लिप्त न होकर, सुख दुःख का ध्यान छोड़कर करो। कर्म के समर्पण का यह अर्थ नहीं कि कैसा भी काम कर लिया और पीछे से कह दिया—हे ईश्वर यह तेरे अर्पण किया। यह दोष वेदान्त के सिद्धान्तों पर नहीं आ सकता, जिसे कि वेदान्त की उड़ी उड़ाई और अवास्तविक बातों को लेकर कई लोग दोष दिया करते हैं और वेदान्त को बदनाम करते हैं कि वेदान्त के प्रचार से अनाचार फैल जायगा। जो लोग ऐसा कहते हैं वे वेदान्त की एकमात्रा को भी नहीं समझते ऐसा कहना चाहिये।

श्रीमद्भगवद्गीता (२-७, १६ २३, २४, १८-७, २३) में भगवान् ने मनुष्य को त्यागी होने का उपदेश दिया है और त्यागी उसी को लिखा है जो अपना कर्त्तव्य समझकर कार्य करता है उसमें लिप्त नहीं होता तथा सुखदुःखरूप कर्मफल का त्याग करता है। भगवान् कहते हैं मनुष्य का कर्म करने में ही अधिकार है, फल की आकांक्षा में नहीं। उन्होंने लिखा कि इस भाव को रखते हुए अयुक्त कर्म में न पड़ जाना अतः शास्त्र के द्वारा कार्याकार्य का विचार करके कार्य करो। मनुष्य समझते हैं कि संन्यास ले लिया अब जंगल में जाकर अलग बैठ जाओ। यही संन्यास और यह ही त्याग है। परन्तु भगवान् ने लिखा कि नित्य कर्म का तो संन्यास होता ही नहीं। नित्य कर्म जो संन्यासी के विशेष कर्म हैं वे तो उसे करने ही पड़ते हैं—उदाहरण रूप से दयानन्द संन्यासी को आप ले सकते हैं जिसने सर्वत्याग करके भी संन्यास अवस्थान्तर के धर्म को, उस समय के कर्तव्य को अर्थात् जो कुछ उसे उस समय करना उचित था उसको न छोड़ा और मृत्यु दम तक अपने कर्त्तव्य का पालन करता ही रहा। क्योंकि वह भगवान् कृष्ण के अनुसार अपने कर्तव्यों को करता हुआ दूसरों को उनके कर्त्तव्य बताता हुआ केवल कर्म में आसक्त न होने के कारण परम-पदवी को प्राप्त हुआ है, मृत भी अमृत हुआ है। भगवान् ने स्वयं उदाहरण दिया कि राजा जनक प्रभृति लोग कर्म से ही सिद्धि को प्राप्त हुए अन्यथा नहीं। मनुष्य को लोकसंग्रह भी अच्छी प्रकार सोच विचार कर ही करना उचित है। उन्होंने बताया कि लोक के अन्दर रहते हुए अपने लिये मुझे वस्तुतः कुछ करना नहीं है क्योंकि जो कुछ प्राप्त करना है वह प्राप्त है। परन्तु तो भी मैं कर्म में वर्तमान हूं। यदि मैं ध्यानपूर्वक अपने कर्त्तव्य में वर्त्तमान न रहूं तो सारी यह प्रजा मेरा अनुकरण करती है जैसा कि श्रेष्ठ पुरुषों का अनुकरण किया ही जाता है नष्ट भ्रष्ट हो जाय, संकर हो जाय।

अविद्वान् लोग कर्म में सक्त होकर कार्य करते हैं विद्वान् को चाहिये कि कर्म में बिना सक्त हुए लोक संग्रह की इच्छा वाला कार्य करें।

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम्॥

इसी प्रकार भगवान् कृष्ण के समय में कुछ लोग ऐसे भी थे जो स्वार्थवृत्ति होकर दान न देते,

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

यज्ञ को फजूलखर्ची समझ कर तथा एक ढोंग समझकर न करते थे। इसी प्रकार तप अर्थात् धार्मिक कार्यों को नियम से करते रहना कष्ट पड़ने पर भी न छोड़ना ऐसे तप को आलस्य प्रमाद में पड़े हुए न करते थे। भगवान् लिखते हैं कि जिन लोगों का यह मत है कि कर्म चूंकि दोषयुक्त है अतः कर्म न करना चाहिये। उसके विषय में इतना कहता हूं—

यज्ञो दानं तपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत्।
यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम्॥

एतान्यपितु कर्माणि संगं त्यक्त्वा फलानि च।
कर्त्तव्यानीति मे पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम्॥

यज्ञ दान तप रूप कर्म छूट नहीं सकते। ये मनुष्य के कर्त्तव्य कर्म हैं। परन्तु इन कर्मों को भी संग रहित होकर और फल का त्याग करके करना चाहिये। यहां यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिये कि त्याग केवल संन्यासी के लिये ही नहीं गृहस्थी के लिए भी आवश्यक है। क्योंकि यज्ञ करने का अधिकार संन्यासी को है ही नहीं, यज्ञ गृहस्थी लोग करते हैं और यज्ञ करने में भी कर्मफलत्याग लिखा है। अतः गृहस्थी को भी त्याग करने का अधिकार है।

श्रीकृष्ण ने त्याग को सर्वोत्तम माना है और त्याग से ही सुख और शान्ति मानी है और वह त्याग क्या है? केवल कर्म के फल की आकांक्षा न करना अर्थात् कर्म फल का त्याग। उन्होंने कहा—

श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाज्ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते।
ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छान्तिरनन्तरम्॥

अर्थात्—अभ्यास ऐसी वस्तु है कि जिसे सब लोग कहा करते हैं कि महाराज उस आदमी ने वह काम किया पर बात केवल अभ्यास की थी। रामर्मूति हाथी को उठा लेता है, बात केवल अभ्यास की है। इसी प्रकार कोई खाने वाले बहुत होते हैं, कोई पहलवान अच्छे होते हैं, कोई फुर्तीले होते हैं, सब स्थानों में अभ्यास की महिमा गाई जाती है। जो चाहे अभ्यास करके उस कार्य को सिद्ध करले। परन्तु क्या अभ्यास के बहुत बढ़ाने से शान्ति मिल जायेगी। शान्ति नहीं मिलेगी। आजकल हरिवर्ष (यूरोप) जातियों में शान्ति की मांग हैं। शान्ति के लिये पुकार हो रही है। परन्तु दूसरी ओर क्या देखते हैं कि अभ्यास बढ़ रहा है। प्रत्येक कार्य को अभ्यास के द्वारा हाथ का खेल बनाया जाता है। कितना ही अभ्यास बढ़ाते जाइये, शान्ति नहीं मिल सकती। अतएव भगवान् ने अभ्यास को सबसे नीचली कोटि देकर ज्ञान को उसके ऊपर रक्खा। अभ्यास से ज्ञान को श्रेष्ठ बतलाया है और ज्ञान से ध्यान को श्रेष्ठ बतलाया है। ध्यान से भी श्रेष्ठ कर्म फलत्याग है जिससे मनुष्य शान्ति को प्राप्त होता है।

इस संसार में मनुष्य सुख प्राप्ति के हेतु कार्य करते हैं पर नहीं जानते कि सुख क्या वस्तु है? यदि सुख का स्वरूप ठीक ठीक जान लिया जाय तो दुःख को सुख समझकर उसके लिये कार्य न हो और ना ही पश्चात् दुःख हो। कृष्ण ने कहा—"यत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम्। तत्सुखम्...॥" सुख देने वाला वह कार्य समझना चाहिये जिसके करने में आदि में कष्ट मालूम हो पर जिसका परिणाम अच्छा होना हो। इस प्रकार के कथन से मनुष्यों के अन्दर निष्काम कर्म करने की प्रवृत्ति हो जायेगी। वे एकशक्ति में बन्धना सीखेंगे। परस्पर प्रेम से रहेंगे। अपने स्वार्थ को छोड़कर भारत को अपना समझकर भारत के लिए लड़ना-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मरना, उसी के लिये कार्य करना सीखेंगे। आपस के वैर भावों का नाश होगा। एक दूसरे को सहायता देते हुए उन्नति के शिखर पर पहुंचेंगे। वेदान्त का एक उद्देश्य यही है कि सबमें समानता का भाव उत्पन्न करना। सब उस एक ईश्वर के पुत्र हैं। सब आपस में भाई-भाई हैं। सबको प्रेम से मिलकर रहना चाहिए। सबको समान दृष्टि से देखना। सबको प्रेम की दृष्टि से देखना। वेदान्त के अद्वैतवाद का प्रचार साधारण जनता के लिये इतना ही है, इसके अतिरिक्त नहीं। और उस श्रेणी के पठित लोगों के लिए जीव और महान् शक्ति (ब्रह्म) की एकता जताना मात्र है, प्रकृति या माया की सत्ता को उड़ाना नहीं। जिस प्रकार सामाजिक बल को उत्पन्न करने के लिये वेदान्त का उपरोक्त उपदेश कहना पड़ता है उसी प्रकार वैयक्तिक बल को उत्पन्न करने के लिये मनुष्यों को वेदान्त का वह उपदेश कहना पड़ता है जो मनुष्य की शारीरिक दशा को सुधारता है। उस वेदान्त के उपदेश में ब्रह्मचर्य के नियमों का यथावत् पालन, वेद का पठन-पाठन, पञ्च महायज्ञों का यथावत् सेवन, तप का जीवन व्यतीत करना, इन्द्रियों को मन के आधीन और मन को आत्मा के आधीन रखना, अतएव संयमी बनना, विद्याध्ययन में लगकर मानसिक उन्नति करना, इत्यादि बातों को बता कर उनका पालन करवाना, शारीरिक तथा मानसिक शक्तियों को उत्पन्न करेगा।

जिस समय किसी देश में शारीरिक शक्ति वैयक्तिक तथा सामाजिक तौर पर हो तो समझ लेना चाहिये कि उसमें मानसिक शक्ति का भी विकास है क्योंकि शारीरिक नियमों को जानने के लिये आवश्यक है कि देश का बहु समुदाय पढ़ा-लिखा हो। जबकि वेद के "यथेमां वाचं कल्याणीमावदानी जनेभ्यः" इस वचन से वेद के पढ़ने अर्थात् ज्ञान के प्राप्त करने का सबको अधिकार है।

इसी प्रकार स्वामी शंकराचार्य तैत्तिरीयोपनिषद् का भाष्य करते हुए शिक्षाध्याय के अन्त में लिखते हैं "सर्वेषां चाधिकारो विद्यायाम्" अर्थात् विद्या में सबका अधिकार है। इसी प्रकार विद्या में सबका अधिकार मनुष्यादि धर्मशास्त्रकारों ने भी बताया ही है। जब विद्या में सब का अधिकार है तो देश में ऐसा कोई स्त्री-पुरुष या बच्चा न रहना चाहिये जो पढ़ा हुआ न हो।

मनुष्यों को अपनी आत्मिक अवस्था को उच्च बनाने के लिये उन्हें धृति, उत्साह तथा निर्भयता को अपने में धारण करना चाहिये। जिस मनुष्य में ये तीनों गुण हैं वह ही आत्मिक बल से युक्त कहा जा सकता है।

इस समय भारतवासियों की ओर यदि दृष्टि डाली जाये तो पता लगता है कि भारतीयों के अन्दर शारीरिक बल रखने वाले पहलवान् भी मौजूद हैं। मानसिक उन्नति के लिये बड़े-बड़े पण्डित तथा वैज्ञानिक भी मौजूद हैं। आत्मिक उन्नति के लिये धैर्य, उत्साह तथा निर्भयता रखने वाले भी कोई-कोई हैं ही परन्तु ये सब प्रकार की उन्नतियां सामूहिकरूपेण नहीं पाई जातीं। इसी को दूसरे रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षा का प्रचार भारत में नहीं है। इस समय आवश्यकता इस बात की है कि सब लोग अपने स्वार्थ को छोड़कर अपनी बढ़ाई के पीछे काम करने को छोड़कर धनी गरीब से और गरीब धनी से मिलकर एक दूसरे की सहायता करते हुए अर्थात् धनी लोग गरीबों को रुपये से

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सहायता देकर और गरीब लोग वस्तुएं बना बना कर धनियों को बेचकर सहायता करके Religion को अर्थात् Re-Again, & ligo to=love परस्पर एक दूसरे के साथ प्रेम के व्यवहार को रखते हुए इस देश की उन्नति करें।

जिस समय मनुष्यों में शारीरिक, मानसिक और आत्मिक बल हो उस समय किसी भारतीय बच्चे को एक दास की तरह दुत्कारा नहीं जा सकेगा। मनुष्य बहुत शारीरिक बल को भी धारण कर ले तो भी कुछ नहीं। बहुत मानसिक बल भी उसमें हो तो भी कुछ नहीं। इन दोनों बलों को धारण करने वाले आदमी भारत में मौजूद हैं पर उनकी दुर्दशा ही है। मनुष्य में यदि आत्मिक बल है अर्थात् यदि उसमें धैर्य, निर्भयता और उत्साह है तो उसका अपमान कोई नहीं कर सकता।

सत्यता पर दृढ़ रहना मान ही लिया गया जब निर्भयता को धारण करना कहा गया। क्योंकि असत्याश्रयता और निर्भयता का एक स्थान पर रहना असम्भव ही है।

अतः इस समय भारतीयों को आत्मिक बल धारण करने की सबसे अधिक जरूरत है।

जिस मनुष्य में जो गुण हैं उसी से वह गुण दूसरों में जा सकता है। क्योंकि "संसर्गजा दोषगुणा भवन्ति।" जैसे किसी पुरुष में बल हो उससे कुछ निर्बल पुरुष यदि उससे कुश्ति किया करे तो वह निर्बल पुरुष भी बलवान् हो जायेगा। कोई मनुष्य शान्त स्वभाव का हो, सत्य बोलने वाला हो, अच्छे स्वभाव का हो तो उसके पास रहने वाला कुटिल पुरुष भी बहुत कुछ शनैः शनैः वैसा ही बन जायगा। चुस्त आदमियों में रहके मनुष्य चुस्त बन जाता है और सुस्त मनुष्यों में रहकर सुस्त। जो मनुष्य जिस गुण में जिस पुरुष से अधिक दृढ़ होगा वह मनुष्य उस गुण को अपने संसर्ग से उस मनुष्य में डाल सकता है। अतः हमारा प्रथम कर्त्तव्य यह है कि जिनकी हमनें उन्नति करनी है उन मनुष्यों के गुणों से अधिक दृढ़ता से अपने में गुण धारण करें। तथा ब्रह्मचर्य के बल को धारण करते हुए आत्मिक बल को धारण करें। सदा मन, वाणी, कर्म से सत्य में लीन रहें। कभी बनावट की ओर हमारा ध्यान मन, वाणी, कर्म से किसी प्रकार भी न जावे। इस संसार में जिस संस्थान में जितनी बनावट आई वहां लोगों को उतनी ही अधोगति में ले गई और अन्त में सर्वथा नाश कर दिया। विषय की ओर वहां तक जाना जहां तक वह किसी प्रकार के बल की हानि न करे ठीक है, पर उसमें लिप्त होना ठीक नहीं यही बनावट है। अतः हमें इस स्थान में आत्मिक बल को धारण करके बाहर जाकर दूसरों के साथ भ्रातृवत् व्यवहार करते हुए, प्रेम से व्यवहार करते हुए और त्याग का जीवन व्यतीत करते हुए जिनके साथ रहें उनमें अपने गुणों का प्रचार करते रहना चाहिये। यदि यहां से तप और त्याग का जीवन व्यतीत करना न सीखेंगे तो बाहर कुछ न कर सकेंगे। यदि तप और त्याग का जीवन व्यतीत करने की यहां आदत डाल ली तो बाहर जाकर प्रत्येक कार्य कर सकेंगे। ग्राम में नगर-नगर में स्थित होकर दृढ़ता से, सचाई से, धर्म से कार्य करने वाले बहुत थोड़े हैं। ऐसे आदमियों की ही जरूरत है और तप और त्याग का जीवन व्यतीत करने वाला ही उन्नति कर सकता है। इसी प्रकार हम भारत का उद्धार कर सकते हैं अर्थात् आराम का जीवन व्यतीत करते हुए नहीं ॥ इति शम् ॥

—०—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

जीवन-निर्माण और गुरुकुल-शिक्षा-प्रणाली

श्री कुमारी सुशीला आर्या एम.ए. कन्या गुरुकुल, नरेला

भारत में अंग्रेजी शिक्षा की नीव लार्ड मैकाले द्वारा ऐसे शिक्षित वर्ग का निर्माण करने के लिये डाली गई जो रंगरूप में भारतीय हो किन्तु नैतिक और मानसिक दृष्टि से अंग्रेज हो। उन्होंने स्वयं कहा था कि मैं इस शिक्षा-प्रणाली के द्वारा अंग्रेज राजा और भारतीय प्रजा को जोड़ने वाली कड़ी का काम लेना चाहता हूं। जब कि इंगलैण्ड में धार्मिक और नैतिक शिक्षा स्कूलों की शिक्षा का आवश्यक अंग है। भारत में इसकी जानबूझकर उपेक्षा की गई। परिणाम यह हुआ कि हमारे शिक्षा-विशारदों में नैतिकता और धार्मिक भावनाओं का लोप होकर भौतिकवाद घर करने लगा। अंग्रेजी ढंग के विद्यालयों में पढ़े हुए नागरिक भारतीय परम्पराओं और संस्कृति को हेय समझने लगे। पाश्चात्य सभ्यता के प्रवाह में बेसुध होकर बह चले। ऐसे संकटकाल में गुरुकुल नैतिकता, धर्म तथा भारतीयता का त्रिसूत्री लक्ष्य लेकर कार्यक्षेत्र में आये, इनके अनुकरण पर काशी विद्यापीठ, विश्वभारती आदि विद्यालय खुले। जिनका उद्देश्य प्राचीन भारतीय संस्कृति की शिक्षा देकर विद्यार्थियों में देश के प्रति कर्त्तव्य तथा प्रेम-भाव को अंकुरित करना था।

भारतीय शिक्षा-पद्धति के दूषित ढंग को देखकर महर्षि दयानन्द का देशहितैषी हृदय विक्षुब्ध हो गया और उन्होंने एक आदर्श शिक्षा-क्रम का विधान अपने अमर ग्रन्थ सत्यार्थप्रकाश द्वारा हमारे सामने प्रस्तुत किया। यही आर्ष पाठ-विधि है। जिसका लक्ष्य है लोक कल्याण की उदात्त भावना। केवल उदरपूर्ति करने वाली शिक्षा कोई शिक्षा नहीं। सच तो यह है कि मनुष्य को अपने तथा लोककल्याण के लिये तीन साधनों की आवश्यकता होती है। इन तीनों में से किसी एक के अभाव में भी मनुष्य सफल समाजसेवी नहीं बन सकता। ज्ञान इसलिए चाहिये कि अज्ञान के अन्धेरे से मानवजाति ठोकरें खा रही है। मनुष्य के समस्त दुःखों का मूल कारण अज्ञान ही होता है और इसे ज्ञान द्वारा ही दूर किया जा सकता है। धन भी लोक-कल्याण के लिये आवश्यक है। रोजी रोटी की चिन्ता से मुक्त हुए बिना मनुष्य किसका भला कर सकता है और बल चाहिये निर्बलों की रक्षा तथा उद्धार के लिये। जो शिक्षा-प्रणाली ब्रह्मचर्य आश्रम में मनुष्य को इन तीनों साधनों को उपार्जित करने योग्य बनाती है वही सबसे उत्तम शिक्षा-प्रणाली है। अब हमें इस कसौटी पर गुरुकुल शिक्षा-प्रणाली को कसना है।

सबसे पहला साधन है ज्ञान। इसमें किसी को कोई सन्देह नहीं हो सकता कि गुरुकुल ज्ञान प्राप्ति तथा ज्ञान-लिप्सा के विकास के लिये सर्वश्रेष्ठ स्थान है। यहां की शिक्षा का मुख्य आकर्षण विद्या-विलास ही है। न केवल सृष्टि के आदि से चले आ रहे सर्वप्रकार के ज्ञान से युक्त साहित्य पाठ्यक्रम में सम्मिलित है, साथ ही इस ज्ञान को हृदयंगम करने के लिये एकान्त शान्त वातावरण भी सर्वथा उपयुक्त है। एक लाभ और भी है सम्पूर्ण अध्ययन काल में विद्यार्थी आचार्य के चरणकमलों में बैठकर रातदिन उस की देख-रेख में मानसिक, शारीरिक बौद्धिक, और सांस्कृतिक विकास को प्राप्त करता है। जीवन की कटुता तथा संघर्षों से दूर रहकर समता और ममता के उच्चतम सिद्धान्तों और दृष्टिकोण का लाभ उठाता है। इससे मस्तिष्क के द्वार खुल जाते हैं। और गम्भीर ज्ञान को भरने का अवकाश मिल जाता है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

छोटे और बड़े, राजा और रंक, ब्राह्मण और शूद्र सबके लिये एक आश्रम, एक वेशभूषा, एक आहार-विहार, नियम और सुविधायें जहां हो इससे बढ़कर स्पृहणीय छात्र जीवन क्या हो सकता है। पग पग पर सामने आती विषमताओं के इस युग में गुरुकुल जीवन सचमुच धरती पर स्वर्ग है। स्वर्ग के वातावरण में ही मानव, मानव से देव बन सकता है, और देवकोटि तक पहुंचने पर दिव्य ज्ञान का भण्डार उसके लिये खुल जाता है।

जीवन-कल्याण का दूसरा साधन है धन। गुरुकुलीय शिक्षा प्रथम तो धन के प्रति "तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः" की भावना छात्र के, मन में उत्पन्न करती है। जिससे वह 'यथालाभ-सन्तोष' का मन्त्र सीख जाता है। ठीक है जीवन-यात्रा के लिये आवश्यक सामग्री उसे भी चाहिये। किन्तु वह साधारण मानवों की भांति धन के पीछे उतावला नहीं होता। ध्यान से देखें तो आज का मानव धन की कमी से उतना दुःखी नहीं जितना कि वृद्धि से है। भारतीय परम्परा इस व्यर्थ धन-मोह से मुक्ति दिलाती है। पेट भरना कोई बड़ा काम नहीं, घर भरना कठिन अवश्य है। गुरुकुल की शिक्षा प्राप्त करके कुम्भी धान्य होकर भी कुबेर का सा आनन्द अनुभव कर सकता है। गुरुकुल की शिक्षा मानव को मितव्ययी बनाने के साथ २ परिश्रमी बनाती है, फिर "उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी" नीतिकारों का यह कथन व्यर्थ नहीं है। कालिज का ग्रेजुएट यदि नौकरी नहीं पाता तो माथा पीट लेता है। गुरुकुल का स्नातक पत्र निकालकर, पुस्तक लिखकर, कृषक का पुत्र है तो खेती करके, व्यापारी का पुत्र है व्यापार से, किसी न किसी प्राकार आजीविका कमा लेगा और धन अल्प प्राप्त होने पर भी सीमित आवश्यकताओं को पूरी कर लेगा।

जीवन-यापन का तृतीय साधन है बल। यह गुरुकुल शिक्षा प्रणाली द्वारा सहज प्राप्त हो जाता है, क्योंकि ब्रह्मचर्य तथा व्यायाम द्वारा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विकास करना इस प्रणाली का चरम लक्ष्य है। "शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्" हमारा मूल मन्त्र है। यहां शरीर को तत्त्वयुक्त सात्त्विक भोजन तथा उससे उत्पन्न बल की रक्षा के पूर्ण साधन हैं। वायुमण्डल भी नगर जीवन से अधिक स्वच्छ, शुद्ध है। गुरुकुलों के साथ प्रायः गौशालायें रहती हैं, जिनका त्रिविध बल की वृद्धि करने वाला दूध नव जीवन को देता रहता है। प्रकृति की गोद में पला मानव सदा हर्षित और विकसित होता है। लोग शहरों की घरेलू गन्दगी से तंग आकर पार्कों में भागते हैं। जहां दिनभर पानी ही रहता हो वहां का क्या कहना? साहसपूर्ण कार्य करने का अवसर मिलते रहने के कारण तथा जीवन में स्वावलम्बन की मात्रा अधिक होने से, शरीरबल और मनोबल दोनों बढ़ते हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि गुरुकुल-शिक्षा आत्मकल्याण के तीनों साधनों की साधक बनकर हमारा जीवन-पथ प्रशस्त करती है। जिसे ध्यान में रखकर ऋषि मुनियों ने यह विधान हमारे लिये बनाया। यदि हम जीवन-निर्माण तथा देश-कल्याण चाहते हैं तो हमें इस प्रणाली के विकास में यथा-संभव तन, मन, धन से योग देना चाहिये। भोगवाद तथा पश्चिमी प्रभाव की धधकती आग में यदि शीतलता देने वाला अमृत-घट है तो गुरुकुल ही है, विनाश और पतन के अंधकार में यदि कोई आशा-दीप है तो गुरुकुल ही है। भारतवासी इस दीपक में तेल डालते रहना, इसे जलाए रखना हमारा परम कर्त्तव्य है। अकस्मात् बिजली के बुझने पर आंधी के अंधेरे में यह काम आया है, आ रहा है और आता रहेगा।

इस तथ्य को कभी भी भुलाना नहीं है। —०—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

युवक-सन्देश

श्री योगेन्द्र पुरुषार्थी

एक राष्ट्र के भाग्य-विधाता, नव निर्माता युवक सदा ।
इतिहास बदलते नेता बन, तूफान उठाते युवक सदा ।।
राणाप्रताप सम वीर शिवाजी, युवक मण्डली को देखो ।
बिस्मिल शेखर, भगतसिंह सम, धीर शहीदों को देखो ।।१।।

युवक वही जो मातृभूमि हित, प्राणार्पण से नहीं हटे ।
तन मन धन न्योछावर कर भी, श्रेयमार्ग से नहीं हटे ।।
युवकों के नव उल्लासों की, जब धूम जगत में मचती है ।
कुछ पवन झकोरे देता है, तो श्याम घटा सी फटती है ।।२।।

पाश्चात्य ढंगों में ढले हुए, नवयुवक कहाते लज्जाते ।
वह शिक्षा ही क्या शिक्षा है, पढ़ युवक जिसे है घबराते ।।
आंधी तूफानें चट्टानें, जिनका पथ रोध न करा न सकी ।
पर आज विदेशी गन्धों में, प्राचीन गन्ध को ला न सकी ।।३।।

जो घड़ियां आज व्यतीत हुई, उनका मत सोच विचार करो ।
नवयुवक सजग हो नवयुग का, निर्माण करो निर्माण करो ।।
नवयुवक उठो हुंकार भरो, अपनी शक्ति को पहिचानो ।
वीर वैरागी, दयानन्द ऋषि, राम कृष्ण की सत्ता हो ।।४।।

गोवध, भाषा, कांग्रेस के, प्रस्तुत प्रश्न देश में जो ।
समाधान तो आर्यावर्त में, आर्यराज्य आजावे जो ।।
त्राहि त्राहि का नाद गुंजाता, राष्ट्र सिसकियां भरता है ।
पुरुषार्थ करो, 'पुरुषार्थी' बन पुरुषार्थसफलता देता है ।।५।।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

वेदोद्यान के चुने हुए फूल (सजिल्द)	५.००
वेद का राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.००
मेरा धर्म (सजिल्द)	७.००
वरुण की नौका (दो भाग)	६.०
अग्निहोत्र (सजिल्द)	२.२
आत्म-समर्पण	१.५०
वैदिक स्वप्न विज्ञान	.००
वैदिक अध्यात्म विद्या	१.७५
वैदिक सूक्तियां	१.७५
ब्राह्मण की गौ (सजिल्द)	.७५
वैदिक ब्रह्मचर्य गीत	२.००
वैदिक विनय (तीन भाग)	[illegible]
वेद गीतांजलि	२.००
सोम सरोवर (सजिल्द)	[illegible]
वैदिक कर्त्तव्य शास्त्र	१.[illegible]
सन्ध्या सूत्र	१.०
स्वामी श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३.७५
[illegible] मीमांसा	२.००
वै. पशु यज्ञमीमांसा	१.००
[illegible] रहस्य	२.००
अथर्ववेदीय मन्त्रविज्ञान	१.५०
ईशोपनिषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
अध्यात्म रोगों की चिकित्सा	२.५०
ब्रह्मचर्य संदेश	४.५०
आर्य संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
स्त्रियों की स्थिति	४.००
एकादशोपनिषद्	२.००
विष्णु देवता	२.००
ऋषिरहस्य	२.००
हमारी कामधेनु	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३य भाग	४.५
बृहत्तर भारत	७.००
योगेश्वर कृष्ण	४.००
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	१.[illegible]५
स्वामी दयानन्द के पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५०
अपने देश की कथा	१.२०
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	३.००
एंशियण्ट क्रीडम	५.७०

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.०
प्रमेह श्वास अर्शरोग	१.२५
जल चिकित्सा विज्ञान	१.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५०
आसवारिष्ट	२.५०
आहार	५.००

संस्कृत ग्रन्थ

संस्कृत प्रवेशिका प्रथम भाग	.८७
संस्कृत प्रवेशिका २य भाग	.८७
बालनीति कथा माला	१.७५
साहित्य सुधा संग्रह	१.२५
शारिनीयाष्टकम् (दो भाग)	प्रतिभाग ७.००
पंचतन्त्र पूर्वार्द्ध (सजिल्द)	२.००
पंचतन्त्र उत्तरार्द्ध, (सजिल्द)	२.००
सरल शब्द रूपावली	१.२५
सरल धातु रूपावली	१.६०
संस्कृत ट्रांसलेशन	१.२५
पंचतंत्र (मित्र सम्प्राप्ति)	.७५
पंचतंत्र (मित्र भेद)	१.५०
संक्षिप्त मनुस्मृति	.५०
रघुवंशीय सर्गत्रयम्	.२५

पुस्तकों का बड़ा सूचीपत्र मुफ्त मंगाइये। धार्मिक संस्थाओं के लिये विशेष रियायत का भी नियम है।

पुस्तक भण्डार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (जि० सहारनपुर)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विशुद्ध आयुर्वेदिक औषधियां सेवन कर
स्वास्थ्य उत्तम करें

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी, हरिद्वार

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालङ्कार । प्रबन्धक : प्रमदत्त ।
प्रकाशक : धर्मपाल विद्यालङ्कार, प्रशासक : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ।
मुद्रक : जीवन श्रीराम पाल, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिङ्ग प्रेस, हरिद्वार ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल पत्रिका

सम्पादक
श्री भगवद्दत्त वेदालंकार

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ष : २०
अङ्क : ११
पूर्णाङ्क : २३९

जून-जुलाई ६८, आषाढ़ २०२५

DIGITIZED C-DAC
2005-2006

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल-पत्रिका

आषाढ़मासः २०२५

जून-जुलाई १९६८

पूर्णांकः २३९

प्रकाशकः

श्री धर्मपालो विद्यालंकारः

स० मुख्याधिष्ठाता

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य

सम्पादकः—श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः

उपसम्पादकः—श्री प्रो० बुद्धदेव एम. ए.

विषयाः	लेखका	पृ० सं०
श्रुति-सुधा		५२९
भर्तृ ध्रुवसुतशब्दस्याभिप्रायः	श्री डा० मञ्जुलमयङ्कपन्तुलः	५३०
निश्चिन्तं ससुखं च स्वपन्तु	श्री मुगनी अब्वासी महाशयः, अनु० श्री गणेशराम शर्मा	५३४
मम संस्कृतोत्कर्षवृत्तान्तः	श्री विश्वनाथ केशव छत्रे	५३८
श्रद्धां प्रातर्हवामहे	श्री ब्र० याज्ञवल्क्यः	५४३
सम्पादकीय टिप्पण्यः	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	५४७
साहित्य-समीक्षा	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	५४८
आर्यसमाजी विद्वानों तथा संस्थाओं	श्री प्रो० भवानीलाल भारतीय एम.ए.	५४९
अग्न्याधेय	श्री अभयदेव, तिलोकनगर, अजमेर	५५६
मे० भूपेन्द्रसिंह व आशाराम 'त्यागी'	श्री ब्र० कुशलदेव 'कापसे'	५५९
रवीन्द्रनाथ टैगोर—एक शिक्षक	श्री भूपेन्द्रनाथ सरकार	५६२
फूलों की बहार (कविता)	श्री स्व० वंशीधर विद्यालङ्कार	५६५
गुरुकुल-समाचार	श्री सूर्यप्रकाश विद्यालंकार (प्रतिष्ठित) एम.ए.	५६६

वार्षिकशुल्कम्
दशं ४), विदेशे ६)

मूल्यं
४० पैसे

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

आषाढ़ २०२५, जून-जुलाई १९६८, वर्षम् २०, अङ्कः ११, पूर्णाङ्कः २३९

श्रुति-सुधा

(ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः । देवता—ऋभवः । छन्दः— गायत्री)

ते नो रत्नानि धत्तन त्रिरा साप्तानि सुन्वते
एकमेकं सुशस्तिभिः ॥ ऋ० १।२०।७

(ते) वे ऋभु (नः सुन्वते) हम सवन करने वालों के लिये (त्रिः आ साप्तानि) तीन बार सात अर्थात् इक्कीस (रत्नानि) रत्नों को (एकं एकं) क्रम से प्रत्येक को (सुशस्तिभिः) श्रेष्ठ कथनों व ज्ञानों के साथ (धत्तन) धारण करावें ।

ऋतमयी ज्ञान-रश्मियां २१ रत्नों को धारण कराती हैं । इन रत्नों के सम्बन्ध में भी हमने "ऋभु देवता" नामक पुस्तक में विचार किया है । यहां यह कहना है कि "भू" आदि सातों लोकों का तीनों मस्तिष्कों में तदनुकूल ज्ञान होना २१ रत्नों को धारण करना है । सातों लोकों की रमणीयता का ज्ञान होना और उन का सुशासन, सुशस्ति कर सकना २१ रत्नों का धारण करना होता है । इसी भांति २१ रत्नों का परिगणन अन्य कई क्षेत्रों व दृष्टियों से भी हो सकता है ?

★★★

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

भर्तृध्रुवसुतशब्दस्याभिप्रायः

श्री डा० मञ्जुलमयङ्कपन्तुलः वेदव्याकरणाध्यापकः, विश्वभारती, शान्तिनिकेतनम्

मैत्रकराजवंशप्रशासितायां वलभ्यां द्वौ भर्तृध्रुवौ लभ्येते। एकस्तु धरषेणस्योत्तराधिकारी तस्य कनीयान् भ्राता, ध्रुवषेणो बालादित्यः यः खलु ६२९ तमे पश्चादीस्वीये वत्सरे उपतत् वा वलभीं शशास। तस्मिन्नेव शासति ह्वेन्त्सांगनाम्ना चैनिकेन पर्यटकेन भारतभ्रमणमकारि। वयं च ततः अधिगच्छामः यदेष एव भूपतिः, यस्य नाम एकस्मिंश्चित् ताम्रपत्रे ध्रुवपटुर्वा ध्रुवभट्टो वा इत्युल्लिखितमस्ति, हर्षस्य जामाता[1] आसीत्।

अन्यश्च ध्रुवभट्टः शीलादित्यः षष्ठः, यस्य च कालः, ७६२–७७ तमः पश्चादीस्वीयः वत्सरः, निर्दिश्यते इतिहासविद्भिः, मैत्रकराजवंशस्यान्तिम आदित्यः, यस्मिन् अस्तंगते, न पुनः सकृदपि उदियाय मैत्रकवंशदिवाकरः।

उभयोरपि भर्तृध्रुवयोः, स्कन्दस्वामिनो भर्तृध्रुवः कतरः इति सम्भावयितुं, शतपथब्राह्मणभाष्यकारस्य हरिस्वामिनः तौ श्लोकौ अपि, आपाततः, प्रासंगिकौ भवतः, ययोः स्कन्दस्वामी हरिस्वामिनो गुरुत्वेनोल्लिख्यते। तौ च इमौः—

यः सम्राट् कृतवान् सप्तसोमसंस्थास्तथर्क्श्रुतिम्।
व्याख्यां कृत्वाध्यापयन्मां श्रीस्कन्दस्वाम्यस्ति मे गुरुः
यदादीनां[2] कलेर्जग्मुः सप्तत्रिंशच्छतानि वै।
चत्वारिंशत्समाश्चान्यास्तदा भाष्यमिदं कृतम्॥

एतयोः हरिस्वामिना स्वगुरोः स्कन्दस्वामिनः वैदुष्यं प्रशंसता यत् गर्वोक्तिपुरःसरं वचः अभ्यधायि, तदपि कथमपि उपेक्ष्यं नास्ति। स्कन्दस्वामिनं सम्राडादिपदैरलंकुर्वन् हरिस्वामी गुरुगौरवेण आत्मानमपि गौरवान्वितं कर्त्तुम् एव, एतादृशीभिः उक्तिभिः, स्वगुरुं प्रशंसयामास। "[3]किन्तूभयोरपि पद्ययोः सर्वमहीयान् अंशो वर्त्तते कालोल्लेखस्य। हरिस्वामिना निर्दिष्टश्च कालः संकलनावकलनाभ्यां ६३८तमः पश्चादीस्वीयः वत्सरः उपतत् वा तिष्ठति।"

एतस्मिन्नेव काले ध्रुवषेणो बालादित्यो द्वितीयोऽपि वलभीवल्लभो बभूव। अयमेव च स्मिथसंज्ञकेनापि विदुषा ध्रुवभट्टत्वेन स्वीकृतः, यः खलु वलभ्याः स्वकीयो[4] भूपतिः, सकलोत्तरापथनाथस्य हर्षस्य जामातापि बभूव।"

"ध्रुवभट्टस्य चास्य ६३२तम पश्चादीस्वीयात् वत्सरादारभ्य ६३८तम पश्चादीस्वीयवत्सरमिति यावत् ऐतिह्यं यद्यपि अन्धकारावृतं तथापि तदानीन्तनमस्य साम्राज्यं वलभीत आरभ्य आधुनिकरतलामराज्यपर्यन्तमासीत्, इति विज्ञायते, [5]नौगंवाताम्रपत्रलेखैः।" अद्यावधि समुपलब्धैतत्कालीनताम्रपत्रलेखेषु असौ सकलकलाकलानिधिः, पाणिनिव्याकृतिप्रोक्तविभावितज्ञः (शालातुरीयः) नीतिविद्याविशारदश्चेति वर्णितः[6]।

अथ ध्रुवभट्टहरिस्वामिनोश्च कालोल्लेखात्, उभयोरपि कालसाम्यात्, असदपि ऐतिह्यानुमोदितं, स्कन्दस्वामिनिर्दिष्टं भर्तृध्रुवं चेत् एनमेव ध्रुवषेणद्वितीयं भर्तृध्रुवमङ्गीकुर्मः, तर्हि स्कन्दस्वामिनः भर्तृध्रुवसुतत्वं, तस्य सम्राडादिपदालंकृतत्वं, हरि-

---

1 R. C. Majumdar — The History and Culture of Indian People—classical age.

२ यदाब्दानामिति स्वीकृतः पाठः।

३ प्रा. भगवदत्तः—वैदिक वाङ्मय का इतिहास।

4 Smith—Early History of India.

5 K. K. Virjee — Ancient History of Saurastra, XIIth chapter.

6 K. K. Virjee—Ancient History of Saurastra XIIth chapter.

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्वामिनश्च कालोल्लेखप्रामाणिकत्वं, सर्वमपि हस्तामलकवत् साध्येत । तथा सति ७६२-७७६ तमेषु पश्चादीस्वीयेषु वत्सरेषु भविनः ध्रुवभट्ट-शीलादित्यषष्ठस्य प्रसंगो वार्यते । तथा च भाष्य-कारोल्लिखितस्य भर्तृध्रुवपदस्य, ध्रुवभट्टोपाख्ये ध्रुवपेणद्वितीये वालादित्ये अन्वये कृते, सुतशब्दस्य च पुत्रार्थके स्वीकृते, भर्तृध्रुवस्य असौ सुत इति सर्वथापि उपपद्यते । यद्यपि भर्तृध्रुवपदेन वलभ्याः राज्ञि भर्तृध्रुवे स्वीकुर्वति, स्कन्दस्वामिनो राजपुत्र-त्वं संभाव्येत नूनं, किन्तु तथा सति अद्यावधि प्रसाधिता ऐतिहासिकी शोधपरम्परा विहन्यते । भूयश्च इतिहासविद्भिः, वलभीप्रशासकाः मैत्रक-वंशीया राजानः, क्षत्रियत्वेन स्वीकृताः न च प्रमाणैः स्कन्दस्वामिनः क्षत्रियत्वं कथमपि सिद्ध्यति । भाष्योपलब्धैः कतिपयैः वाक्यैः तस्य ७राजपरि-चितिः ८नृपसान्निध्यं, ९राजपौरोहित्यम्, इति-हासाश्रयेण च शासने उच्चैः १०पदावलम्विता वा संभावयितुं शक्यते न च राजपुत्रत्वम् ।

अथापि उपरते वलभ्याः भर्त्तरि ध्रवभत्तरि तदुत्तराधिकारित्वेन तत्सुतं धरषेण११ चतुर्थं कमपि पश्यामः, येन मैत्रकराजवंशैतिह्ये सर्वस्मात् प्राक् चक्रवर्त्तिसम्राडादि उपाधयः दधिरे । न चोभ-योरपि धरषेणस्कन्दस्वामिनोः एकपुरुषत्वं युज्यते कल्पितुम् । यतो हि हरिस्वामिनः भाष्यसमाप्ति-कालः ६३८तमः पश्चादीस्वीयः वत्सरः, धरषेण-चतुर्थस्य च राज्याधिरोहणकालः ६४१तमः पश्चादीस्वीयः वत्सरः स्वीक्रियते इतिहासज्ञैः१२ । धरषेणे चतुर्थे अपि जाते उत्तराधिकारिणि, स्कन्द-'भट्टं१३ कमपि (यस्य चान्वयः अस्माभिः स्कन्द-स्वामिनि एव कृतः) धरषेणस्य समकालीनमपि पश्यामः । एवन्तर्हि, हरिस्वामिना सम्राडादिपदैर-लंकृतः भर्तृध्रुवसुतश्च कः असौ स्कन्दस्वामीति प्रश्नः समाधानमपेक्षते ।

समाधानम्

वस्तुतः मैत्रकराजवंशोद्भवानां राज्ञामियं परम्परा बभूव यत् दूतकलेखकादिपदेषु स्ववंशी-यान् युवराजान् अथवा लब्धप्रतिष्ठान् विदुषो ब्राह्म-णान् वा नियोजयन्ति स्म । एतस्मिंश्च काले शासति ध्रुवभट्टे (भर्तृध्रुवे) तस्य उत्तराधि-कारिणः धरषेणचतुर्थस्य च राजत्वे स्कन्दभट्टं (यस्य चर्चा अस्माभिः प्रागेव कृता) कमपि लेखकपदाव-लम्विनं कालान्तरे च १४दिविरपतिपदावलम्विनं च पश्यामः । चेत् स्कन्दभट्टमेव एनं स्कन्दस्वामिनं कल्पयामहि तर्हि भट्टस्वामिशब्दयोः मिथो वैषम्यात् न तत् युज्यते । अथापि, स्कन्दस्वामिना, भाष्योप-संहारपद्येषु, स्वपितुः निर्देशः भर्तृध्रुवेति नाम्ना व्यधायिष्ट यावत् स्कन्दभट्टस्यास्य ऐतिह्यसंमतं पितुः नाम १५वत्रभट्टिरिति लभ्यते ताम्रपत्र-

---

७ यस्माच्चारः चक्षुः, मन्त्रशक्तियुक्तश्च । स्क. ऋ. वे. भा १।३३।८ ।

८ आश्रितानुग्रहेण हि आधिपत्यं पूज्यते कीदृशो सः प्रभुः यो नानुग्राहकः । स्क ऋ. वे. भा. १।८०।१ ।

महाप्रभावाश्च आश्रितानां सुखकराः भवन्ति । स्क. ऋ. वे. भा. १।३६।१२ ।।

यथा कश्चित् राज्ञः बलवतः अर्थाय सर्वाभि-प्रेतसिद्धिं कुर्वन् दौत्यं गच्छेत् । स्क. ऋ. वे. भा १।७७।४।।

९ शान्तिकपौष्टिककर्मभिः यो राजानमापद्भ्य-स्त्रायते, स पुरोहित इत्युच्यते । स्क. ऋ. वे. भा. ७।१।१।।

10-11 Krishna Kumari Virjee — Ancient History of Saurastra.

12-13 Krishna Kumari Virjee — Ancient History of Saurastra.

14-15 K. K. Virjee — Ancient History of Saurastra.

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

लखेषु । अर्थात् उभयोरपि पित्रापुत्रयोः नाम्नो भट्टस्वामिशब्दयोः विरोधः पितृकल्पनायाञ्च वत्रभट्टिभर्तृध्रुवयोः विरोधः समापतति । किन्तु शक्यते एष व्याघातः वारयितुम् एकेनचित् ऋजुना उपायेन । तदत्र भाष्यकारोल्लिखितस्य भर्तृध्रुवशब्दस्य भर्तृपदं व्यक्तिवाचकं ध्रुवपदञ्च अधिकारवाचकं स्वीकृत्य, भाष्यकारप्रयुक्तः भर्तृध्रुवशब्दः उपपरीक्षितुं शक्यते । मैत्रकराजानाम् च राजत्वे बभूव १६"ध्रुव" इत्येकमधिकारपदमपि । ध्रुवपदावलम्बिनश्च१७ धान्यसंग्रहीतॄणामुपरि, यतः संग्रहीतारः स्वभागात् अधिकम् न संग्रहणीयुः, इति पर्यवेक्षितुमेव भवन्ति स्म । उपर्युल्लिखितो वत्रभट्टिः, ध्रुवषेणे बालादित्ये द्वितीये शासति १८लेखकपदमलञ्चकार । अस्य लेखकपदं वीक्ष्य, प्रागसौ ध्रुवपदावलम्बी अपि आसीत् इति सर्वथापि अनुमातुं शक्यते । ध्रुवपदात् शनैः शनैः पदवृद्धया असौ लेखकपदे प्रतिष्ठितो बभूव, यस्य चोत्तराधिकारित्वेन, तत्पुत्रः स्कन्दभट्टोऽपि लेखकपदमवापेति१९ । वत्रभट्टिपदे, वत्रपदं, भर्तृपदस्य अपभ्रंशरूपं सर्वथाऽपि संभाव्यते । विशेषतः तदानीन्तने २०अपभ्रंशपरे समाजे, यदा अपभ्रंशेन साहित्यनिबन्धनं न केवलं मनोविनोदनाय अपितु "यशसे गौरवाय चापि बभूव । अतएव स्कन्दोल्लिखितः भर्तृध्रुवः ध्रुवोपाधिधारी वत्रभट्टिरेव, यस्य संस्कृतभाषायां साधुनाम "भर्तृ" इत्येव संभाव्यते । भाष्यकारेण च, ध्रुवपदमलं कुर्वति स्वपितरि, भाष्यं व्यरचि अतएव नाम्ना सह पदस्यापि उल्लेखः कृतः । किन्तु ध्रुवपदमलं कुर्वतः स्कन्दभट्टस्य पितुः कियदवधिकः ध्रुवपदावलम्बिताकालः इत्यस्माभिः सम्यक् न ज्ञायते । सति निश्चिते ज्ञाने,

---

16 Mihar Ranjan Ray — "The Maitrakas Valabhi. Indian Historical Quarterly' 1928, P. 471.

17 Buhler — Grants from Valabhi, Indian Antiquarry, Vol. V. 1876.

१८ एतस्यैव प्रवन्धस्य परिशिष्टखण्डे तालिका द्रष्टव्या ।

19 Krishna Kumari Virjee—Ancient History of Saurastra.

२० भर्तृशब्दस्य बहुरूपात्मिकाः विकृतयः दृश्यन्ते । वलभीप्रयुक्ताभ्रष्टनाम्नां च कृते आधुनिकापभ्रंशभाषाविज्ञानस्य साहाय्येन याथातथ्यं निर्णेतुन्न शक्यते । अद्यत्वे प्रसाधितानाम् अपभ्रंशभाषाकोशानां संकीर्णत्वात् । आधुनिकानाञ्च विनिगमनपद्धतेः एकदेशीयत्वात् न सर्वेषामपभ्रंशशब्दानां संस्कृतरूपे स्थिरीकर्त्तुं शक्यते । प्राचीनापभ्रंशे प्रचलिता अपि शब्दा अद्यत्वे नवनवं रूपं जगृहुः । उदाहरणार्थम् वर्त्तिकाशब्दमेव गृह्णीमः । अस्यशब्दस्य अपभ्रंशपर्यायः 'चवड' इति शब्दः भाष्यकारेण दर्शितः । चवड शब्दस्य मूलं वर्त्तिका यच्च संस्कृतम्, आधुनिकानां भाषाशास्त्रिणां कल्पनयापि असम्मतम् । तथैव अरित्र शब्दस्य अपल्लक इति अपभ्रंशरूपं कुत्रापि नोपलभ्यते । 'गुर्जरदेशीयभाषायामपि नेमे शब्दाः लभ्यन्ते । अद्यावधि प्रसाधितेषु शब्दकोषेषु, अपभ्रंशभाषानाम्नि मुद्रितेषु व्याकरणेष्वपि एतेषामभावः । किन्तु मुद्रितग्रन्थेषु भाष्यकारप्रयुक्तापभ्रंशशब्दानामनुपलब्धेः नैतेषां मानं कथमपि क्षिणोति । वलभी, प्रशासकानां दानपत्रेषु उपलभ्यमानानां नाम्नामपभ्रंशरूपाणि विलोक्य भर्तृशब्दस्य वत्र अथवा वत्रि इत्युभयविधमपि अपभ्रंशत्वं सर्वथा संभाव्यते । स्वयं भर्तृध्रुवस्यैव (राज्ञः) नाम ध्रुवभट्टः, ध्रुवभटः, धरपटः प्रभृति नानापर्यायेण लभ्यते । अत्र वत्रिशब्दः भर्तृशब्दस्यैव अपभ्रंशः इति उपस्थाप्यते ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

भाष्यस्यापि निश्चितः रचनाकालः सम्यगज्ञास्यत । स्कन्दभट्टस्कन्दस्वामिशब्दयोरपि अमुनैव प्रकारेण, वैषम्यम् अपाकर्त्तुं शक्यते । संस्कृत भाषायां भर्तृस्वामिशब्दौ, मूलतः, पर्यायार्थकौ एव । भर्तृशब्दस्य चापभ्रंशरूपगतस्य भट्टशब्दस्य स्वामिनि शब्दे अपि सर्वथा सद्भावात्, स्कन्दभट्ट-स्कन्दस्वामिनोश्चैकपुरुषत्वं संभावयितुं शक्यते । अथ वत्रभट्टिस्कन्दस्वामिनोश्च यौ मिथः पित्रापुत्रौ भवेताम्, भट्टिस्वामिनोः उपाधिवैषम्यात् अन्यो-ऽन्यस्य पितापुत्रत्वे व्याघातो नैव भवितुमर्हति । सन्ति इतराण्यपि ऐतिह्यानुमोदितानि प्रमाणानि यत्र पितुर्नाम अन्यदुपाधिकं, पुत्रस्य च अन्यदुपा-धिकं, युगपदेव पश्यामः । तद्यथा "चन्द्रगुप्तद्वितीय-स्य अमात्यपदमलङ्कुर्वतः शिखरस्वामिनः पुत्रं पृथ्वीषेणं, सेननामान्तं, कुमारगुप्तप्रथमस्यामात्यं पश्यामः२१ ।" अत्र हि पितुर्नाम स्वामिन्नन्तं पुत्रस्य च सेनान्तम् । इह च सत्यपि उपाधिवैषम्ये उभयो-रपि पितापुत्रत्वं नैव व्याहन्यते । अतएव वत्रभट्टि-स्कन्दस्वामिनोरपि सकृन्नामान्तोपाधिवैषम्यात्, प्रतिपाद्ये दोषादर्शनात, उभयोरपि मिथः पिता-पुत्रत्व स्वीकारे तावद्दोषो नास्ति यावदन्या काचन विपुलविवरणा भूयसी शोधसामग्री नोपलभ्यते ।

अथापि नेदं तर्कानुमतं प्रतीयते यद्भाष्यकारः स्वपितुः ध्रुवभट्टस्य सर्वप्रसिद्धं ध्रुवषेणं नाम विहाय, अप्रसिद्धेन भर्तृध्रुवेण नाम्ना स्वपितरम् अवाबोधयिष्यत् ! सति स्कन्दस्वामिनि धरषेण-द्वितीयस्यात्मजे "ध्रुवभट्टसुतश्चक्रे" इत्युक्तावपि आपत्तिप्रसंगन्नेक्षामहे । अपि च "वलभीविनि-वासी"ति पद्ये चक्रे इति लिङन्तं पदमपि सन्देहपरं, पद्यं च इतरेणैव केनापि स्कन्दस्वामिव्यतिरिक्तेण पुरुषेण व्यरचि, इत्यपि अनुमातुं शक्यते ।

तदतः स्कन्दस्वामिनो व्यक्तित्वोपपरोक्षायां वराकस्य अस्यैव पद्यस्य केवलं कथंकारं सर्वप्रामाण्यं मिमीमहि ? इदमपि सर्वथा असंभवं नास्ति यत् अध्ययनाध्यापनप्रवृत्तैः अन्यैः कैश्चिद् पश्चाद्वर्त्तिभिः पुरुषैः, हरिस्वामिप्रयुक्तसम्राडादिविशेषणं वीक्ष्य, वत्रिध्रुवेतिपदं, भर्तृध्रुवेति पदेन संशोध्य "भर्तृ-ध्रुवसुत" पदस्य व्यवहारो व्यधायिष्ट ! वस्तुतः लेखकदिविरपत्यादिपदमलंकुर्वति स्कन्दस्वामिनि, सम्राडादिपदैरलंकरिष्णोः हरिस्वामिनः नास्ति अन्यत् किमपि प्रयोजनम्, ऋते गुरुश्लाघायाः । न च तेन सम्राडादिशब्दस्य कश्चित् व्यतिरिक्तः अर्थः संभाव्यते ऋते वरिष्ठपदावलम्बिनः स्कन्द-स्वामिनः । "तच्चैतत् नास्ति स्तोकमपि चित्र-करम् । बुद्धगुप्तकालीनस्य १६५तमपश्चादी-स्वीयवत्सरस्य एरणस्तम्भलेखे पुरुषको मातृविष्णुः, यः किल विषयपतिरेव केवलम्, अधीनस्थः कश्चन कनीयान् प्रमुखो वा आसीत् "स्वयम्वरयेव लक्ष्म्या-धिगतः" इत्यादिभिः २२वर्ण्यते । अस्य च वाक्य-स्य साधारणः अर्थः अयमेव यत् "मातृविष्णुं राज्यलक्ष्मीः स्वयमेव वृतवती ।" अतएव हरि-स्वामिनोऽपि सम्राट् विशेषणम् अतिशयोक्तिभरं सत्, स्कन्दस्वामिनः गौणमेव दिविरपत्यादिपदं विशिनष्टि ।

तत् शुकपुर (चोब्बर) ग्रामभागे शूकरपुर (पन्निपूर) ग्रामभागे च द्वेधा विभज्य प्रतिष्ठितयोः सम्राट्कुलयोरन्यतरदस्मत्२३ स्कन्दस्वामी" इति साम्बशिवशास्त्रिणः संभावना, सी.के. राजेन च ध्रुवभट्टस्य धरषेणद्वितीयस्य २४सुतत्वेन संभा-वितः स्कन्दस्वामी अपास्यते ।

—०—

21-22 Jagan Nath — Early History of the Maitrahas of Valabhi, Indian culture, Vol, 1938-39 Page 412.

२३ साम्बशिवशास्त्रिणः ऋक्संहिता । पृ. ४ ।

24 C. K. Raja — The Commentaries on Rgreda and Nirukta, The Proccedings of 5th All India Oriental Conference, Vol. I, Lahore, 1930.

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

निश्चिन्तम् ससुखं च स्वपन्तु

मूललेखकः—श्रीमुगनी अब्बासीमहाशयः

अनुवादकः—विद्याभूषणः श्रीगणेशरामशर्मा, डूंगरपुरम्

नास्त्येवात्र कोऽपि संशयलवलेशो यद्धि या निद्रा बाल्यावस्थायां निश्चिन्तभावेनायाति, न सा यौवने वार्द्धक्ये चागच्छतीति । सत्यप्येवम् यौवने वार्द्धक्ये च निद्राया आवश्यकता भवत्येवेत्यत्र निषेधस्यावकाश एव नास्ति । सामान्यतो लोकानामियं धारणास्ते यन्निद्रा शूलारोपणसमयेऽपि च प्रभावयति मानवम्; परन्तु वैज्ञानिकोन्नतिविकाशक्रमेण साकमेवास्माकं जीवने यः किलैकउत्पीडकः प्रभावो विवर्धमानो वर्वर्ति, सोऽस्मत्तो निद्रां दूरमतिदूरमपजहार । तथ्यमिदं ग्रामीणजीवने शतं प्रतिशतं मा भूदन्वर्थम्, परन्तु नागरिके जीवने तु निद्राया अभावोऽतितरां बाधमानो वर्तते खलु ।

अपि भवन्तः कदापि चाचिन्तयन् यदेवं कस्माद्भवति ? कश्चात्र (निद्रायाह्रासविषये) ननूत्तरदायी ? प्रश्नस्यास्यानेकान्युत्तराणि भवितुमर्हन्ति तथा प्रत्येकं जनः स्वपरिस्थितिं पश्यन्नुत्तरं प्रयच्छति । साकमेवानेनोत्तरदातुरयं विश्वासोऽपि च भवति, यत् परिस्थितेः परिवर्तनसमकालमेव स ससुखं निद्रामालिङ्गितुं पारयिष्यतीति ।

परन्तु वस्तुतो नैतदपि तथ्यं यथार्थम् । कामं परिस्थितयः परिवर्तन्ताम् मा वा परिवर्तन्ताम्, भवत्कृते तदेतदावश्यकमास्ते यन्निद्रा समागच्छेत्-दीर्घजीवनार्थं, समधिकशांतिलाभायापि च । यदि च भवन्तः प्रगाढनिद्रायाँ शेतुं न शक्नुवन्ति, तदाऽऽगम्यताम्, वयं भवत्काठिन्यं सरलं कर्तुं प्रयतामहे ।

अद्य रात्रौ भवन्तं निद्रा नन्वेतदर्थं नायाति यच्छ्वोभूते भवद्भिस्तथाविधायाः परिस्थितेः साम्मुख्यं कर्तव्यमास्ते, यस्या अनेकवारं भवन्तः पराजयं स्वीकृतवन्तः सन्ति, तथास्य कारणं भवद्दौर्बल्यमयोग्यता वा नास्ते वरञ्च प्रतिपक्षाश्रितस्य जनस्यात्मविश्वासो वर्तते । स किमप्यजान्नपि चैतत् प्रदर्शयितुं चेष्टते यत् स सर्वं जानानोऽस्ति तथा च भवन्तः स्वयमात्मनो मानसिकं संतुलनमपजहति । यदि च भवन्तः स्वस्य मानसं संतुलनमक्षतं रक्षितुं प्रभवेयुश्चेत्तदातीवसरलतया परिस्थितेः साम्मुख्यं कर्तुं पारयेरन् । एतदर्थं द्विचतुष्प्रायाणि लघुलघूनि तथ्यानि समधिकमावश्यकानि विद्यन्ते ।

यदि च भवतां कृते श्व एव तद्दिनमागमिष्यद्वर्तते, तदाद्य सायंकालत एव स्वमनः प्रशान्तं रक्षन्तु । रात्रौ शयनात् पूर्वं किमप्येतादृशं कार्यं न कुर्युर्येन मानसोत्पीडनस्याशङ्का भवेत् । शयनसमये तानिमाञ्छब्दान् पुनः पुनरुच्चारयन्तु—अहम् प्रातःकाले प्रशांतं मन आदाय जागरिष्यामि तथा सर्वं दिनं स्वमनः शान्तं रक्षिष्यामि तथा विघ्नबाधा दूरत एव परिहरिष्य इति ।"

यदि चागामिदिनस्य कृते कामपि योजनां विधातुमिच्छन्ति, तदा तामपि सायंसमय एव निर्मान्तु । शयनसमये न कामपि चिन्तां स्वसमीपमागन्तुमनुमन्यन्ताम् । शयनात् पूर्वतनं समयं कस्यचिदुत्तमस्य पुस्तकस्याध्ययने किं वा कस्मिंश्चिन्मनोरञ्जनात्मके कार्ये व्यतीयन्तु । एतदपि चावदधतु यदिमं समयं येन जनेन सह व्यतीयन्ति भवन्तः सोऽपि च मानसोत्पीडनान्मुक्तः सन्तिष्ठेत । कथ्यते, यदि शरीरमुन्मुक्तं शिथिलं च विमुच्येत, तदा चिन्ता समीपं नागच्छतीति ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

द्वितीयं तथ्यमिदमास्ते यद्भवतां कार्ये वैविध्यं भवितुमर्हति । यदि च भवन्तोऽष्टघण्टापर्यन्तं दशघण्टापर्यन्तं वा निरन्तरमेकविधमेव कार्यं कुर्वाणा भवेयु स्तदा निस्सीममवसादं क्लान्तिं श्रमं चानुभवेयुस्तथा तत्प्रभावो भवन्निद्रायां निपतेदवश्यम् । अत एव हि तत्र भवतां कार्यविधौ परिवर्तनस्यावश्यकतास्ते । यदि च भवन्तः कार्यालये कार्यं कुर्वन्ति, तत्र च टङ्कणं, आयव्ययगणना तथा कर्गदानां संहतिपञ्जिकासाधनादिकं च भवत्कर्तव्याधीनमास्ते, तदा घण्टामेकां यावदायव्ययगणितं साधयन्तु ततष्टङ्कणं कुर्वन्तु । कर्गदपञ्जिकासाधनमतीव नीरसं कार्यमस्ति ततस्तन्निरन्तरं त्रिचतुर्घण्टापर्यन्तं न कुर्वतामपि त्वारम्भकाले किं वा समाप्तिसमये टङ्कण–गणितकार्ययोर्मध्ये मध्ये घण्टामेकामेकां यावत्तदिदं सम्पादयन्तु । कार्ये वैविध्यापादनात् क्लिष्टता श्रमबाहुल्यमायासो वा न भवति तथा कृते ह्येवं भवन्तः सुखं शेतुं पारयिष्यन्ते ।

तृतीयं वस्तु यद्भवतां निद्रामपबाधते, तदस्ति नियमराहित्यम् । यदि भवन्तः स्वजीवने नियमितरूपेण कार्यसम्पादनाभ्यासिनः सन्ति तदोन्निद्रतारोगस्यावसरो न कदापि भविष्यति ।

चतुर्थं तथ्यमास्ते यत्तादृश्याः स्थितेः स्वात्मरक्षणं, यया मानसोत्पीडनमात्मग्लानिस्तथा नैराश्यादीनि सम्भाव्यन्ते । क्रीडा-मन्दिरेषु मद्यं पीत्वा रात्रिमखिलां नृत्यन्तस्तथैतदेव वास्तविकं जीवनं मन्वाना जनाः सर्वतोऽधिकमनिद्रा रोगस्य लक्ष्यभूता भवन्ति ।

शयनात् पूर्वं कस्याप्येवंविधस्य कार्यस्य सम्पादनाभ्यासं विनिश्चिन्वन्तु येन यदापि तत्कार्यसाधनाभ्यासपरा भवेयुर्भवन्तस्तदा निद्राशीलाः स्युः । केचिज्जनाः शयनात्पूर्वं स्नानाभ्यासं साधयन्ति, केचनोष्णपेयपानस्यापरे शिरोरुहेषु कङ्कतिकया प्रसाधनमन्ये हस्ते पुस्तकमादाय शयनमित्यादि । भवन्तोऽपि चैतादृशं किमपि कार्यं विनिश्चिन्वन्तु तथा तत्तावत्पर्यन्तम् नियमितरूपेणाचरन्तु यावद्भवन्तस्तदभ्यासशीला न भवेयुः ।

यदि भवन्तोऽवगच्छन्ति यद्भवतां निद्राग्रहणविधौ कापि बाधास्ते, तदा तत्कालमेव निदानमन्विष्यन्तु । एकस्यां दैनन्दिन्यां स्वस्वभावस्य दिनानुदिनगता वृत्तीर्लिखन्तु । शयनात् कियत्समयपूर्वं चायपानाद्वा कॉफीपानाच्च शोभनानिद्रागच्छति, किं वापगच्छतीति । कानिचिद्दिनानि स्वभावं परिवर्त्यावलोकयन्तु । यदि स्वभावपरिवर्तनाल्लाभो भवति, तर्हि सार्वकालं स परिवर्त्यताम् । यदि च हानिर्भवति चेत्तदा पूर्वतनः स्वभावः पुनः स्वीक्रियताम् । रात्रौ कृतं भोजनमपि च भवतामनिद्रायाः कारणं भवितुमर्हति । लिख्यताम् स्वदैनन्दिन्याम्––भोजनाद् घण्टाद्वयपश्चात् शयनात् ससुखं निद्राऽऽगच्छति, किं वाथवा भोजनानन्तरं तत्कालम् शयनादिति । यदि च भवन्तो रात्रावेकादश-द्वादशवादनसमये स्वकार्यनियोगात् प्रतिनिवर्तन्ते तथा भोजनग्रहणं विना शेतुं न शक्नुवन्ति, भोजनाशनाद् भवन्तो निद्रायां व्यथिता भवन्ति, तदा शनै शनैर्भोजनस्य मात्रा न्यूनीक्रियताम् । कतिचिद्दिनानन्तरं भवन्तो रात्रौ स्वल्पाहाराभ्यासिनो भवेयुस्तथा पुनरस्य क्षतिपूर्तिं दिन एव कर्तुं प्रयतिष्यन्ते

स्वमनसे, शरीराय च पूर्णं विश्राममारामं च प्रयच्छन्तु भवन्तः । शरीरावयवान् क्रमेणैकैकशः शिथिलान् विमोक्तुमभ्यस्यन्तु––समग्रं शरीरं स्वयमेव हि शिथिलतां यास्यति । कतिचन दिनानन्तरं स एषोऽभ्यासः परित्यज्यताम् । शरीरस्य शैथिल्यापादनस्य प्रयत्नोऽपि च विशिष्ट-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

प्रकारकमुत्पीडनं जनयति; ततो विनैव प्रयत्नं शरीरमनसोः शिथिलीकरणस्याभ्यासो विधीयताम् ।

साकमेव शरीरेण स्वविचारेभ्योऽपि विश्राममारामं च प्रयच्छन्तु । सुनिद्रायाआगमनमनागमनमपि च भवतां शयनकालीनेषु विचारेष्वेव निर्भरमास्ते । यदि च भवन्त आत्मनो भूतकालं, वर्तमानं, भविष्यं च स्वेन साकं नीत्वा स्वपन्ति, तदा जीवनपर्यन्तं सुखनिद्रां शेतुं न प्रभवेयुः । ह्यस्तनानां स्खलनानां पश्चात्तापः, श्वस्तनीनां त्रुटीनां चिन्ता च यदि भवद्भिः साकमासाते, तदा पुष्पशय्यापि वृथा स्यात् ।

यद्भाव्यमभूत्तद्बभवैव । अधुना यदि भवतां समस्ता शक्तिस्तद्विषये पश्चात्ताप एवोपयुज्यमानाऽस्ति चेत्तदा नवीनकार्यस्य योजनाविधाने तथा च प्रगतिशीलतासादने या शक्तिरपेक्ष्यते, सा कुतो नु खल्वागच्छेत् ? आगमिनीनां समस्यानां समाधानाय मानसिकं सन्तुलनं क्व नु बत स्थास्यति ? श्वस्तनी चिन्ता भवद्भ्यः सुखेन शेतुं नानुमन्येत । अस्मान्मुक्तिप्राप्तये शयनात् पूर्वं कवोष्णेन जलेन स्नानमपि च लाभप्रदं संसिद्धयेन्नाम ।

अथैकदा कश्चन जनः कविमेकं पृष्टवान् यद्धि तच्छिरस उपधानेन स्पर्शमात्रादेव कथमिव स तत्कालं निद्रामनुभवति ? स उत्तरितवान्—"अहं हि शयनसमये केवलमेकमेव तथ्यं स्वावधाने रक्षामि । तच्चेदमास्ते—यो हि भगवान् निखिलं विश्वं ससर्ज, तथा चास्य विश्वस्य शताब्दीभ्यो निरीक्षणं संरक्षणं च कुर्वाणोऽस्ति, सः प्रतिरात्रं सप्ताष्टघण्टापर्यन्तं समयं यावन्मम तुच्छमिव साहाय्यं विनापि तस्य (विश्वस्य) निरीक्षणसंरक्षणादिकं विदधानो भविष्यतीति ।"

२. यजुर्वेद भाष्य संग्रह—पञ्जाब विश्वविद्यालय की संस्कृत की उच्चतम शास्त्री परीक्षा में स्वामी दयानन्द के यजुर्वेद भाष्य का कुछ अंश पाठ्यक्रम के रूप में रक्खा गया है। इसमें उक्त पाठ्य-क्रम के अंश को सुसम्पादित रूप में प्रस्तुत किया गया है।

३. सामवेद भाष्य—पं० युधिष्ठिर जी मीमांसक ने सामवेद का यह भाष्य संस्कृत में करना आरम्भ किया था। इस भाष्य को ट्रस्ट की मुख पत्रिका 'टंकारा पत्रिका' में धारावाही रूप में प्रकाशित करना आरम्भ किया गया था।

सुप्रसिद्ध वैदिक विद्वान् पं० अयोध्याप्रसाद जी ने अपना बृहत् पुस्तकालय उक्त ट्रस्ट को प्रदान किया। संस्कृत शोध के छात्रों के लिये उपयोगी इस पुस्तकालय को टंकारा स्थित महर्षि दयानन्द महालय में स्थापित किया है। दयानन्द अनुसन्धान विभाग के अन्तर्गत सुप्रसिद्ध विद्वान् पं० धर्मदेव निरुक्ताचार्य भी काम करते रहे हैं।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि आर्य-समाज ने संस्कृत और वैदिक शोध को अपना मूल्यवान् योग दिया है। आज भी पं० भगवद्दत्त, स्वामी ब्रह्ममुनि, पं० धर्मदेव विद्यामार्तण्ड, पं० युधिष्ठिर मीमांसक, पं० भगवद्दत्त वेदालंकार तथा डा० सुधीर कुमार गुप्त आदि आर्यसमाजी विद्वान् शोध कार्य में संलग्न हैं। इन पंक्तियों के लेखक ने हाल ही में अपना 'आर्यसमाज का संस्कृत भाषा और साहित्य को योगदान' शीर्षक शोध प्रबन्ध राजस्थान विश्वविद्यालय को पी-एच०डी० उपाधि हेतु प्रस्तुत किया है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गतांक से आगे)

अग्न्याधेय

श्री अभयदेव जी, तिलोकनगर, अजमेर

मन्थन

काल : जैसा श ने कहा है कुछ आचार्य सूर्योदय के पूर्व ही अरणिमंथन करते थे। यह संकेत तैत्तिरीय शाखा के याज्ञिकों की ओर प्रतीत होता है।१ इस प्रकार मंथन करने में वे अहो-रात्र, प्राण-उदान, मन-वाक्, इन युग्मों की पर्याप्ति का भाव रखते थे। पर श, और मै ने इसका निषेध किया है। अनुदित (रात्रि) में मंथन करके भले ही उदित (दिन) में अग्नियों का आधान किया जाए, रात्रि में अग्नियों का मंथन होने से उन्हें वस्तुतः रात्रि में आहित ही समझना चाहिए। रात्रि आसुरी है; देवरहिता है। रात्रि में मथित अग्नि असुर्य और विदेव होता है। अतः सूर्यरश्मियों के आकाश में उदय होते समय अरणी मंथन करना उचित है। ऐसा अग्नि अहोरात्र के संधिकाल में उत्पन्न होने से, अहोरात्र, प्राणोदान, मनोवाक् की पर्याप्ति भी कर लेता है, तथा देवों-विशेषकर इन्द्र से सहित भी होता है। देव प्रकाशमय-अहःपक्षीय हैं। देव अमृत हैं। देव श्रीयुत् हैं। देव यशस्वी हैं। इन सब विशेषताओं की उपाप्ति उदित-मंथन पक्ष में है।

ला, द्रा के अनुसार, ब्रह्मा आयतनों के दक्षिण से होता हुआ मंथनस्थान के दक्षिण में जाए और आसन से 'निरस्तः परावसुः' बोलकर दक्षिण दिक् की ओर एक दर्भतृण फेंके। 'आ वसोः सदने सीदामि' कहकर ब्रह्मा स्वासन पर बैठ जाए। चाहे तो बैठने से पूर्व 'भूर्भुवः स्वर्बृहस्पतिर्ब्रह्माऽहं मानुष ओम्' इस वाक्य का भी जाप करे।

मै (१.६.४) ने विधान किया है कि अग्न्याधान के समय यजमान और पत्नी क्षौम वस्त्र धारण किए हुए रहें। मा, वा द्वारा ऐसा विधान न करना आश्चर्य की बात है, विशेषतः तब जबकि तैत्तिरीय शाखा के स, वै ने यह विधान, संभवतः मै से लेकर किया है। दोनों अपने-अपने क्षौम वस्त्र, यज्ञांत में, अध्वर्यु को प्रदान कर देते हैं। मै के अनुसार क्षौम वस्त्र उल्ब (गर्भ) का रूप है।

श (२.१.४.१५–१७) के अनुसार असुर देवों को अग्न्याधान से रोकते थे। देवों ने अश्वरूप वज्र से असुर-बाधा का शमन किया। अतः मंथन-काल में अश्वरूप वज्र का पूर्व दिक् में उच्छ्रयण किया जाता है ताकि असुर-राक्षसों के भय से रहित, नाष्ट्राहीन, निवात स्थान में अग्नि उत्पन्न हो। यह अश्व पूर्ववाट्-युवा होना चाहिए। श के अनुसार उसके अभाव में अन्य कोई भी अश्व, अथवा तदभाव में अनड्वान् को खड़ा किया जा सकता है।

काठक ब्राह्मण१ के अनुसार देवों से अपक्रांत अग्नि विपरीत (पश्चिम) दिक् में उद्द्रुत होता है। अतः अध्वर्यु को पश्चिमाभिमुख होकर मंथन रूप अग्न्याह्वान करना चाहिए।

बौ के अनुसार प्रदक्षिणक्रम से गार्हपत्यायतन से पश्चिम में शीघ्रतापूर्वक आकर, अध्वर्यु आयतनस्थ संभारों पर मुंज घास के एक गुच्छे का निधान करे, जिस पर अधरारणि का इस प्रकार निधान करना चाहिए कि उसका 'प्रजनन' भाग पश्चिम दिक् की ओर रहे। मा के अनुसार गार्हपत्यायतन के पश्चिम में अध्वर्यु शुष्क मुंज घास अथवा अन्य कोई शीघ्र जलने वाली घास बिछाए।

---

१. तैब्रा (१.१.९.९–१०)।

१. अग्निर्वै प्राण (जैमिनीय–उपनिषद्ब्राह्मण ४.२२.११)। ते वा प्राणा एव यदग्नयः (श.२.२.२.१८) प्राणोऽमृतं तद्धचग्ने रूपम् (श. १०.२.६.१८)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

उस पर 'वृषणौ स्थः' कहकर दो साग्र दर्भतृण रखे। 'उर्वश्यसि' कहकर अधरारणि उन पर रख देवे। बौ के अनुसार दशहोतृवाचनपूर्वक अध्वर्यु उस पर उत्तरारणि रखे। (आपस्तंब के अनुसार अश्व अविक्लिन्नाक्ष अर्थात् नेत्रों में लेपन अथवा मल से रहित, रोहित (लाल) वर्ण का, श्वेत जानु (घुटनों) वाला तथा साण्ड होना चाहिए। वै के अनुसार, सूर्योदय से पूर्व अथवा उपरांत ब्रह्मा अश्व को नहलाये और उस पर जल सेक करे।

बौ के अनुसार अध्वर्यु यजमान से मंथन करने के लिए 'मन्थत' कहे। तदनुसार आरम्भ और अन्त में यजमान मंथन करता है। वै के अनुसार अधरारणि, मंथ, आत्मा, विष्णु और जन्य अग्नि का ध्यान करते हुए, प्रथम यजमान अरणी-मंथन करे, फिर अध्वर्यु, अंत में पुनः यजमान। मा के अनुसार मंथन आरम्भ करते हुए अध्वर्यु उद्गाता को 'अग्निं नरो दीधितिभिररण्योः · · ·' मंत्र पर आधारित सामगान के लिए 'साम गाय' कहकर प्रैषे। मंथन आरम्भ करने से पूर्व मा के अनुसार अध्वर्यु 'इतो जज्ञे · · ·' मंत्र का उच्चारण करे। ला ने मंथन से पूर्व ब्रह्मा द्वारा, अरणियों का स्पर्श करते हुए 'अरण्योः · · ·' मंत्र के साम-गान का विधान किया है। आप के अनुसार, मंथन के समय, संकृतिपुत्र, शक्ति के साम का गान किया जाना चाहिए। ला के अनुसार, मंथनकाल में 'अग्निं नरो दीधितिभिः · · ·' मंत्र का सामगान ब्रह्मा को करना चाहिए। जब धूम उठने लगे तो आप के अनुसार कुशिकपुत्र गाथी (गाधि) के साम का गान करे जो 'अरण्योर्निहितो जातवेदाः · · · ·' मंत्र पर आधारित है। मा और वा ने धूम उठने पर।

त्वेषस्ते धूम कृण्वति दिवि सञ्छुक्र आततः।
सूरो न हि द्युता त्वं कृपा पावक रोचसे॥

मंत्र के सामगान का विधान किया है, जिसका गान ला के अनुसार ब्रह्मा करे। जब अग्नि की चिनगारियां निर्वर्तमान होने (गिरने) लगें तो आप के अनुसार अध्वर्यु 'उपावरोह जातवेद · · ·' मंत्र का उच्चारण करे तथा यज-मान को चतुर्होतृ-वाचन कराए। मा तथा वा ने अग्नि का जन्म होने पर 'अर्दर्शि गातुवित्तमः · · ·' मंत्र के सामगान का विधान किया है। ला ने इस अवसर पर रथंतर साम के ब्रह्मा द्वारा गान करने का निर्देश किया है। आप के अनुसार जात अग्नि का अध्वर्यु इस मंत्र से अभिमन्त्रण करे। 'अजनन्नग्निः · · ।' 'सम्राडसि · ·' मंत्र से उसका उपसमिधन (प्रज्वलन) करे। इस समय, ला के अनुसार, ब्रह्मा 'अर्दर्शि गातुवित्तमः · ·' मंत्र से सामगान करे।

सामः आप, मा, ला, द्रा ने मंथनकाल में अनेक सामों के गान का विधान किया है। तै, मै, काठ, कपि आदि इसका विधान नहीं करते हैं। संभवतः आप और मा ने यह विधान साम-वेदीयों के अनुकरण पर किया होगा। काठक ब्रा०१ प्राक्सोम यज्ञों में सामगान का प्रबल निषेध करता है। साम तेजस्वी हैं, सद्योजात अग्नि बाल हैं। यह सामों के तेज को सह नहीं सकता। का. ब्रा. के अनुसार जिस आहिताग्नि के प्राक्सोम यज्ञों में सामों का गान होता है उसके अग्नि रोदन करते हैं। अग्नियों का अग्निमत्त्व तथा उनके तेजस्वत्त्व की दृष्टि से अग्न्याधेयादि प्राक्सोम यज्ञों में साम-गान नहीं करना चाहिए। सामगान की परिपाटी सोमयज्ञों में ही प्रारम्भतः रही है। बाद में इसका विस्तार कुछ आचार्य अग्न्याधेय में भी करने लगे। गानप्रियों—सामवेदियों ने इसमें उत्साह दिखाया होगा, यह अनुमान करना सरल है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

तब परम्पराविजड़ित अन्य आचार्यों ने इस सद्यः-प्रारब्ध प्रवृत्ति का विरोध किया।

बौ के अनुसार 'अग्नि के उत्पन्न होते ही यजमान अध्वर्यु को 'वरं ददामि' कहकर वरदान और वाग् विसर्जन करे। भा, आप के अनुसार भी वह इस समय अध्वर्यु को वर देता है। आप के अनुसार, यजमान अध्वर्यु को गौ, धेनु, बैल अथवा पष्ठोही (पंचवर्षीया गौ) वर में देवे। पूर्व से उत्तर वर श्रेष्ठ माना गया है।

बौ के अनुसार यजमान उत्पन्न अग्नि का 'अजीजनन्नमृतन् ' मन्त्र से उपस्थान करे। मा के अनुसार अध्वर्यु जात अग्नि को हृदय के समीप ले जाकर 'यो नो अग्निः···' मन्त्र का उच्चारण करे और यजमान उसे ऊपर उठाकर मुख से तीन बार अभिप्राणित करे। बौ के अनुसार यजमान निम्न वाक्यों को बोलकर जात अग्नि का अभिप्राणन (फूंक से प्रज्वलित) करे। 'प्रजापतेष्ट्वा ··' प्राणेत्वा···'। भा, स के अनुसार अध्वर्यु 'प्रजा·· ' से यजमान अभिप्राणन करता है। तदनन्तर 'अहं त्वदस्मि···' मन्त्र से जात अग्नि का अभिमन्त्रण करे। का ने उत्पन्न अग्नि के अभिप्राणन के समय, अभिश्वास में 'प्राणममृतं दधे' तथा उच्छ्वास में 'अमृतं प्राण आदधे,' इन दो वाक्यों का विधान किया है। भा, आप के अनुसार अध्वर्यु अग्नि का 'अजीजनन्··' से दोनों हस्तों से परिग्रहण करता है। आप के अनुसार वह 'सम्राड···' से उसका उपसमिधन करे।

मंथन से जात अग्नि के यजमान द्वारा अभिप्राणन ('अभिघ्राणन'–वै, 'अभिश्वासन'–का) का सभी श्रौतसूत्रों ने विधान किया है। श (२.२ २.१५) ने इस कर्म की व्याख्या में लिखा है कि अग्नि 'प्राण' है। प्राणतत्व आग्नेय है[1]। जात बालाग्नि का अभिप्राणन उसका जातकर्म संस्कार है; अग्नि को, मानों, श्वास-प्रश्वास-प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करना है। इसके अनन्तर अपाननकर्म यजमान संस्कार है। अग्नि को यजमान अपने अन्तरात्मा में आहित करता है। यज्ञ का चरम प्रयोजन आध्यात्मिक आत्माग्नि का संस्कार करना है। अतः अग्नि के ऊपर अपाननकर्म द्वारा यजमान अग्नि के ब्रह्मवर्चस् को स्वयं धारण करने की भावना करता है। आत्माग्नि को ब्रह्माग्नि से सुसंस्कृत करता है।

जैमिनीय ब्राह्मण (१.१) के अनुसार अग्नि-मंथन से यजमान-प्राणों को जना जाता है जब तक मंथन होता है तब तक अग्नि में प्राणन-कर्म मानो नहीं होता है; तब अरणियों में ही उसके प्राण निहित होते हैं। अरणियों से मथ्यमान अग्नि का जो भस्म गिरता है वह मानो अग्नि के अन्न का जन्म है। धूम के उत्पन्न होने पर अग्नि निनाद करने लगता है; यह उसके मन का जन्म है। अंगार का निर्वर्तन अग्नि के चक्षु का जन्म है। अंगार भस्म को ग्रस लेता है। जात कुमार के स्तनोपलब्धि के समान अग्नि का तिर्यक् विसर्पण होता है। यह उसके श्रोत्र का जन्म है अंगार के ऊपर तृणों को प्रज्वलित करना अग्नि के प्राण का जन्म है। अग्नि की प्रभा की उदीप्ति अग्नि की वाक् का जन्म है। इस प्रकार अग्नि का जन्म यजमान के मन, चक्षु, श्रोत्र, प्राण, वाक्, इन पांच प्राणों (देवों, इन्द्रियों) के जन्म का मानों सूचक है। पंच प्राण रूप अग्नि को त्रेधा (गा० आह० अन्वा०) व्यूहन प्राणों का देवों को समर्पित किया जाना है। इन प्राणों में यजमान अन्नाहुतियां होमता रहता है। अग्नि में होम करना प्राण में प्राण का होम करना है।

——०——

---

१ काठश्रौ (१.१०)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने वाले–

वीर शहीद–मेजर भूपेन्द्र व आशाराम 'त्यागी'

ब्र० कुशलदेव "कापसे" गुरुकुल महाविद्यालय, ज्वालापुर

धन्य है वह मेरी प्यारी मातृभूमि भारत जिसे अङ्गिरा, च्यवन, ऋषि दयानन्द जैसे महर्षियों, गौतम, कणाद, कपिल जैसे तत्त्वदर्शियों, माघ, कालिदास, भारवि जैसे कविवरों व राम, कृष्ण, चाणक्य और शिवाजी जैसे राजनीतिज्ञों को अपनी गोद में खिलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। और हमारा शत-शत प्रणाम है उन भारतीय माताओं को जिन माताओं ने अपने प्राण प्यारे सुपुत्रों के माथों पर टीका करके और उन नववधुओं को जिनकी कि सुहागरात भी नहीं बीती थी और जिन्होंने कि भारत माता के आह्वान पर अपने पतियों के कर कमलों में तलवारें देकर, तथा उन बहिनों को जिन बहिनों ने कि अपने प्रिय भाईयों के हाथों में राखियां बांधकर बड़ी प्रसन्नता के साथ शत्रुओं को छठी का दूध याद दिलाने के लिए भेजा। भारतवासियो! हमारी भारतभूमि धन्य है शहीद भगतसिंह और अनन्त कान्हेरे नामक नवयुवकों तथा सुभाषचन्द्र बोस और वीर-वर सावरकर जैसे नेताओं को पाकर जिन्होंने कि अपना सर्वस्व आर्यावर्त्त के चरणों में अर्पित कर दिया तथा हमें गर्व है उन भारतमाता के सच्चे सपूतों पर जो कि भारत-पाक युद्ध में भारत भू एवं भारतीय खेतों में समुद्र की तरह लहराती हुई कर्मठ किसान द्वारा प्राप्त हरी सुनहरी बालों की रक्षा के लिए सब प्रकार का कष्ट सह गये लेकिन शत्रु के सामने माथा नहीं टेका और अन्तिम दम तक शत्रुओं से जूझते हुए बलिदान हो गये, लेकिन तिरंगे ध्वज की शान को न घटने दिया। आज मैं ऐसे ही दो भारत मां के वीर जवानों की वीरता का परिचय अपनी लेखनी द्वारा लिखने चला हूं जिन्होंने कि भारत और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए यह प्रण किया था कि– 'हम रहें या न रहें पर हमारा तिरंगा ध्वज बड़े शान के साथ लहराता रहे।' वे हैं मेजर भूपेन्द्रसिंह एवं मेजर आशाराम त्यागी।

मे० भूपेन्द्रसिंह

जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है
वह नर नहीं है निरा पशु और मृतक समान है

निज देश के अभिमानी, भारत मां के सच्चे सपूत, चीन के कलंक को मिटाकर भारत माता के मस्तक पर चार चांद लगाने वाले मेजर भूपेन्द्रसिंह लगभग आज से केवल दो या तीन ही वर्ष पूर्व अपनी यूनिट के साथ स्यालकोट के मोर्चे पर गीदड़ों की गढ़ी बनाने के लिए जा डटे थे। लड़ाई आरम्भ हुई ही थी कि मे० भूपेन्द्रसिंह ने पन्द्रह ही मिनटों में शत्रु के सात पैटन टैंकों को कब्रिस्तान में सुला दिया, उनके नापाक इरादों को धूलि में मिला दिया। तत्पश्चात् शत्रु का एक और दल १४ पैटनटैंकों को लिये आ रहा था पर जब उसने अपने ७ पैटन टैंकों को पलक झपकते ही शान्त होते हुए देखा तो तत्काल वापिस मुड़ने लगा, पर अब उन्हें कौन जाने देता था? भला हाथ में आये हुए शिकार को कौन छोड़ सकता है? भारतीय सिंह मे० भूपेन्द्र ने उन चौदह टैंकों को भी सही सलामत पकड़ लिया।

इस विजय के कुछ ही क्षण बाद पाक जहाजों ने हवाई हमला कर दिया। दुर्भाग्यवश जिस टैंक में मे० भूपेन्द्र बैठे थे उसी टैंक में मिसाईल के आ गिरने से आग लग गई। मे० भूपेन्द्र स्फूर्ति के साथ टैंक में से कूद गये और कूदते ही उनके कानों में

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

अपने अन्य साथियों की कुछ कांपती हुई सी आवाजें आईं। उन्हें यह कदापि सहन नहीं हुआ कि मेरे रहते हुए मेरे जवान अग्नि में जल जायें। उस वीर ने आग की लपटों के साथ क्रीडा करते हुए अपने तीन जवानों को अग्नि की ज्वाला में जलने से बचा लिया। इस समय तक उनकी वर्दी जलकर राख हो गई थी, शरीर झुलस चुका था, थोड़ी २ दूरी पर कष्टदायक घाव होचुके थे तथा शरीर में से रुधिर की धारायें बह रहीं थीं, परन्तु फिर भी वे अपने प्रिय चौथे जवान को निकालने में बेचैन थे। जब वे चौथे जवान को टैंक में से निकालने लगे तो उस समय कुछ भाग्य का ऐसा फेर हुआ कि उस चौथे जवान की पेटी टैंक के किसी हुक में फंस गई। पेटी के फंस जाने के कारण वह भारतीय जवान भारत मां की और सेवा न कर सका और वहीं अग्नि की ज्वाला में जलकर अपनी प्रिय भारत मां से विदा लेते हुए स्वर्ग को चला गया। और इधर मे० भूपेन्द्र भी भारत माता की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए भारत भू की सेवा करते हुए पृथिवी माता पर बेहोश होकर गिर गये।

हवाई जहाज द्वारा मे० भूपेन्द्र को पहले पठानकोट और फिर दिल्ली अस्पताल में लाया गया। इस वीर की आग्नेय कहानी को स्वयं जाकर हमारे तत्कालीन वीर स्थल सेनापति जयन्तीनाथ चौधरी ने स्व० प्रधानमन्त्री श्री लालबहादुर जी शास्त्री को सुनाई तो वे द्रवित हो उठे, उनका हृदय व्याकुल हो गया, वे अपने आप को रोक नहीं सके और वहां चल दिये जहां कि बलिदान और आग्नेय इतिहास का निर्माता मे० भूपेन्द्र अन्तिम सांस ले रहा था। जब प्रधानमन्त्री श्री शास्त्री जी वहां पर पहुंचे तब मे० होश मे थे। उन्होंने प्रधानमन्त्री की ओर देखा, आंखें भर आईं। अपने भावों को श्री शास्त्री जी भी दबा नहीं पाये और उनकी आंखों में से भी आंसू आ निकले। मे० भूपेन्द्र ने रुंधे स्वर में कहा—'मुझे खेद है कि मेरे स्वदेश के प्रधान मन्त्री आये हैं और मैं उन्हें उठकर भी सैल्यूट द्वारा सम्मानित नहीं कर सकता। क्षमा चाहता हूं? पर सच कहता हूं कि मैं उठने के काबिल नहीं, बिल्कुल काबिल नहीं।' मे० भूपेन्द्र का यह सम्मान से परिपूर्ण वाक्य सुनकर राष्ट्रनायक के आंखों में से आंसू टपक पड़े, और कहने लगे—'सारा राष्ट्र आपका सम्मान चाहता है। इसलिए मैं यहां आया हूं।' मे० भूपेन्द्र ने कहा—'मान्यवर प्रधानमन्त्री जी! आप इस भारत माता की और सेवा करने के इच्छुक सेवक को डाक्टरों से ठीक करवा दें फिर मैं आपको बता सकूंगा कि मेरे अन्य प्रिय मित्र जवानों ने मेरे से कितनी अधिक वीरतायें दिखाई हैं। जिन्दगी और मौत के बीच लटकते भारत मां के सच्चे सपूत के उद्गार सुनकर श्री शास्त्री जी का नियन्त्रण फिर ढह गया। और आंखों से आंसू बह निकले।

३ अक्तूबर १९६५ को विलिङ्गडन अस्पताल में देशभक्त मे० भूपेन्द्र के प्राण पखेरू उड़ गये और वे शहीद हो गए।

आशाराम 'त्यागी'

इसी प्रकार मेजर आशाराम त्यागी भी जाट रेजिमेंट के साथ अपने प्राणों की बिना परवाह किये बरसती हुई गोलियों के बीच सीना ताने इच्छोगिल नहर के तट पर स्थित डोगराई में दुश्मनी पिलबाक्स के गोलों को फीके कर रहे थे। शत्रु ने यहां पर बहुत बड़ी संख्या में टैंक और बख्तरबन्द गाड़ियां झोंक रक्खी थी। पर धन्य है हमारे संस्मरणीय सजग प्रहरी स्व० शहीद

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

मे० आशाराम त्यागी, जिन्होंने कि अपना कर्त्तव्य पहिचान कर मृत्यु के लिये भी–"मान चाहे न मान मैं तेरा मेहमान" की उक्ति को चरितार्थ किया।

जब मे० आशाराम त्यागी अपनी बटालियन के आगे भुट्टो और अयूब की सारी शेखी झाड़ने तथा अपनी मौत को भी अपनी हथेली पर रख कर शत्रु का मान मर्दन करने के लिये बढ़े। तब उन्होंने आगे बढ़ते ही तीन(३) पैटन टैंकों को कब्रिस्तान में सुला दिया, और दो टैंकों ने स्वयं ही डर के मारे आत्म समर्पण कर दिया। शेष दो को वे रास्ते से हटाने में जूझ ही रहे थे कि इतने में दो गोलियां उनके सीने में आकर लगीं। मे० का सारा शरीर खून से लथपथ हो गया पर उनका लड़ना जारी रहा। अपने मेजर को घायल शेर की तरह दहाड़ते हुए देखकर वीर जवानों का भी खून खौल उठा। फिर क्या था––पाकिस्तानी पिलबाक्स से बारिश की तरह बरसती हुई गोलियों के अन्दर भारतीय जाट रेजीमेंट के जवान शत्रुओं का हौसला पस्त करते हुए हिम्मत से आगे ही आगे बढ़ते चले जा रहे थे। मानों ऐसा लग रहा था जैसे कि–आज डोगराई में रणचण्डी पूरे यौवन पर हो। मे० आशाराम भी आगे बढ़ो! 'बढ़ो आगे!!' की ललकार से जवानों का हौसला बढ़ाते हुए शत्रु पर आक्रमण कर ही रहे थे कि इतने में तीन और गोलियां सनसनाती हुई मे० आशाराम त्यागी के हृदय को चीरती हुई चली गईं। लेकिन ये गोलियां भी उनके हौसले को पस्त न कर सकीं। जब साथ के एक जवान ने कहा–मेजर साहब! आप जरा पीछे चले जायें। इस पर घायल शेर की तरह दहाड़ता हुआ मे० बोला–'क्या इसी दिन के लिये हमने अपनी मां का दूध पिया है। जब तक हमारी धमनियों में रक्त की एक-एक बून्द रहेगी तब तक हम अपनी मातृभूमि का अपमान नहीं होने देंगे। कुछ ही काल पश्चात् पिलबाक्स ठण्डे हुये और शत्रु सेनायें भाग खड़ी हुई। हर-हर महादेव और जाट बलवान, जय भगवान् के जयघोषों के मध्य भारतीय तिरंगा ध्वज बड़े शान के साथ लहर-लहर लहराने लगा पर झण्डे के लहराते ही मे० त्यागी की वाणी शान्त होगयी। डोगराई तो ले लिया पर वीर चला गया। 'गढ़ आला पर्णसिंह गेला।"

मे० आशाराम को विमान द्वारा अमृतसर अस्पताल में लाया गया। सुनते हैं कि वहां पर उनकी बहुत गम्भीर स्थिति थी। खून देने पर कुछ देर के लिए उन्हें होश आया और उस समय केवल वे इतना ही कह पाये कि––नर्स! मेरी माता जी और मेरे पिता जी से कह देना कि––'चिता पर रखने से पहिले मेरा शव अच्छी प्रकार से उलट-पुलट कर देखलें कि उन के बेटे ने दुश्मन की गोलियां सीने पर खाई हैं, पीठ पर नहीं'। मे० आशाराम को श्रद्धांजलि देते हुए मनोनीत संसद सदस्य श्री राम-धारीसिंह 'दिनकर' ने कहा था कि––

तूने दिया राष्ट्र को जीवन, राष्ट्र तुझे क्या देगा
बस अपनी आग तेज रखने को, नाम तुम्हारा लेगा

प्रिय पाठकों! तथा मेरे देश के प्रिय नवयुवकों! उत्तिष्ठत! जाग्रत! उठो! जागो! आज महर्षि दयानन्द, स्वामी श्रद्धानन्द व पं० लेखराम आदि महापुरुषों का बलिदान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी व राठौर वीर दुर्गादास का शौर्य तथा शहीद भगतसिंह, मे० भूपेन्द्र व आशाराम त्यागी आदि देशभक्तों का शोणित (जिस पवित्र भारत भू पर बहा उसका एक २ रज का कण कण) पुकार

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

कर कह रहा है कि--प्रिय भारतवासियो! जीवन भर तुम्हारा यही लक्ष्य रहना चाहिये कि-हमारे जिन्दा रहते हुए भारत माता की शान न जाने पाये। जिस देश की पावन मिट्टी में हम ने जन्म लिया है, जहां की पवित्र रज में हम खेले, कूदे और बड़े हुए, जहां के अन्न से हमारा शरीर संवर्द्धित हुआ, उस भारत भू तथा भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए हम अपने प्राणों का भी मोह छोड़ देंगे और हमारी सदा यही भावना रहेगी कि--

देशहित पैदा हुए हैं देशहित मर जायेंगे।
मरते मरते देश की शान नहीं घटने देंगे॥

—०—

रवीन्द्रनाथ टैगोर—एक शिक्षक

लेखक--श्री भूपेन्द्रनाथ सरकार, १२ एन्ड्रूजपल्ली, शान्तिनिकेतन

रवीन्द्रनाथ टैगोर का बतौर शिक्षक के हम पर क्या ऋण है इसकी समीक्षा करते हुए हमें संकोच व शंका होती है। संकोच इस लिये होता है, कि वह इतना महान् है और हम इतने अल्प-शक्ति हैं। इस सम्बन्ध में हम ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी के उद्गारों को यहां उद्धृत करते हैं :--

"रवीन्द्रनाथ टैगोर सहस्रगुणा मनःशक्ति वाले कवि और लेखक थे। अपनी कला की दृष्टि से एक प्रसिद्ध संगीतज्ञ, शब्द और कार्य की दृष्टि से एक प्रसिद्ध दार्शनिक, शिक्षा तथा ध्वनि सिद्धान्त की उन्नति के लिये उत्साह से परिपूर्ण, जनता की स्वतन्त्रता का एक प्रचण्ड रक्षक, जिसने अपने जीवन की पवित्रता तथा चरित्र द्वारा अपने लिये समग्र मानव-जाति की प्रशंसा अर्जित कर ली थी।" धवलता व शुभ्रता में अग्रणी इस भारतभूमि के वनों में विद्यमान, उपनिषद्कालीन ऋषियों के उन पवित्र व पुण्यशाली देवतागार तुल्य गुरुकुलों से वह उत्प्रेरणा व उद्बोधन लिया करते थे। वे कहा करते थे कि मैं यहां शान्तिनिकेतन को सकल संसार के लिये एक ऐसे घर के सदृश निर्माण करुंगा जहां कि मनुष्य इसे सबका मिलन स्थान समझें, उस समय में मनुष्यों में सर्वोच्च ब्रह्म की झांकी लूंगा।

ब्रह्मचर्य विद्यालय की आधारशिला के दिन जो उन्होंने सर्वप्रथम प्रवचन दिया उसे हम यहां दोहराते हैं--

"मैं तुम सबको इस आश्रम में निमन्त्रण देता हूं, जो कि इस एकान्त स्थान में बसाया गया

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

है। जिससे कि तुम उस आदर्श को पूर्ण कर सको, जिसको कि अति प्राचीन काल से ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य पूर्ण किया करते थे और महान् बना करते थे। उस शिक्षा को जो कि उन ऋषियों द्वारा तथा उनके अपने चरित्र की सर्वोतमता द्वारा उपदिष्ट हुई थी, उसको दृष्टि में रखते हुए मेरे चारों ओर एकत्रित हुए हो। उच्चता व महानता के उन कदमों पर तुम्हें ले चलने का मैं प्रयत्न करूंगा जो कि हमारे सामने पूर्व में गुजर चुके हैं। वह भगवान् जो कि हमारे भाग्यों का विधाता है मुझे वह बल तथा शक्ति प्रदान करे। अगर हमारे प्रयत्न सफलता के शिखर पर जा पहुंचे तो तुममें प्रत्येक एक वीर-नायक सिद्ध होगा। तुम एक ओजस्वी व प्रभावशाली सिद्ध होवोगे। भय आने पर तुम कांपोगे नहीं, दुःख तुम्हे कभी भी अभिभूत न कर सकेगा, हानि होने पर तुम नीचे न जा पड़ोगे। धन के अभिमान में चूर न होओगे। मृत्यु का तुम्हें भय न रहेगा, सत्य का अन्वेषण तुम्हारा ध्येय होगा, वचन तथा कर्म में तुम असत्य से दूर रहोगे। निश्चय से यह जानते हुए कि भगवान् सर्वव्यापक है, तुम अपने को सुखी अनुभव करोगे और बुरे कर्मों से बचोगे। अपने कर्तव्यों को पालन करने में भरसक प्रयत्न करोगे। श्रेष्ठ मार्ग का अनुसरण करते हुए तुम गृहस्थी के सत्कार्यों को करोगे तथा कर्तव्य की पुकार होने पर तुम सम्पत्ति तथा दृढ़ व कठोर पार्थिव सम्बन्धों को भी त्याग करने को उद्यत रहोगे। जब तुम स्वल्प मात्रा में भी स्खलित गति न होओगे तब तुम भारतमाता के ऊपर अपनी ओजस्विता व तेजस्विता को निछावर करने के योग्य बन पाओगे। जहां कहीं तुम रहो वहां तुम भद्र ही करोगे। दूसरे व्यक्ति तुम्हें उदाहरण मान कर तुम्हारा अनुगमन करेंगे। आज से तुम आगे बढ़ो, एक सत्यपक्ष व सत्यहेतु का अवलम्बन करो। एक भद्र, श्रेष्ठ, पवित्र, उपकारक तथा दिव्य कर्म को ग्रहण करो। एक ब्रह्म ही सर्वत्र व्यापक है जो कि तुम्हारे अन्दर भी है, प्रतिदिन न्यून से न्यून एक बार तुम उसे अनुभव करने का प्रयत्न करो।"

कवि का यह व्यापक दृष्टिकोण वाला शान्ति-निकेतन आश्रम निम्न उद्देश्यों को दृष्टि में रखकर विश्वविद्यालय के रूप में विश्वभारती नाम से विकसित हुआ। वे उद्देश्य निम्न प्रकार हैं--

१. सत्य के विभिन्न स्वरूपों के प्रत्यक्षीकरण के लिये नाना प्रकार के दृष्टिकोणों से मनुष्य के मन का अध्ययन करना।

२. पूर्व की भिन्न २ सभ्यताओं का इस रूप में धैर्यपूर्वक अध्ययन तथा अनुसन्धान करना कि इनमें आधारभूत एकता विद्यमान है। और इस भांति परस्पर प्रगाढ सम्बन्ध बनाना।

३. एशिया के जीवन तथा विचारों की एकता को दृष्टि में रखकर पश्चिम में पहुंचना।

४. एक सर्वसामान्य अध्ययन की सहायता से पूर्व व पश्चिम के सम्मिलन को खोजना और उसका प्रत्यक्षीकरण करना, और इस प्रकार अन्ततोगत्वा संसार की शान्ति की आधार-भूत अवस्थाओं को दोनों भूखण्डों के मध्य विचारों के स्वतन्त्र आदान-प्रदान की स्थापना के द्वारा दृढ करना।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

इन उपर्युक्त आदर्शों को दृष्टि में रखकर शान्तिनिकेतन में सभ्यता का पूर्वोक्त केन्द्र स्थापित करना जहां कि अनुसन्धान हो, और धर्म, साहित्य, इतिहास, विज्ञान तथा हिन्दु, बौद्ध जैन, इस्लाम, सिक्ख, क्रिश्चियन आदि धर्मों तथा अन्य सभ्यताओं की कला का पश्चिमीय सभ्यता के साथ २ अनुसरण हो सके, एक बाह्य सादगी के साथ जो कि एक सच्ची आध्यात्मिक अनुभूति के लिये आवश्यक हैं। और पौर्वात्य तथा पाश्चात्य देशों के विचारकों, तथा अन्वेषकों के मध्य पारस्परिक मेलमिलाप, अच्छे भाई चारे तथा सांझे रूप में हों, और जाति, राष्ट्रियता, मत, तथा वर्ण के विरोध से स्वतन्त्र हो, तथा एक सर्वोच्च सत्ता जो कि सनातन रूप है, शिव है तथा अद्वैत है, के नाम पर अनुसृत हो।

इस प्रकार कवि के ये आदर्श स्वयं बता रहे हैं, कवि ने पूर्व तथा पश्चिम के प्रबुद्ध मनों के संवेदन व अनुभव के साथ बच्चे को प्रकृति के अतिनिकट सम्पर्क में रक्खा। हमारी पूर्णता के लिये उसने कहा था कि हमें प्राण की दृष्टि से प्रचण्ड तथा मन की दृष्टि से सभ्य बनना है, हमारी यह देन हो कि हम प्रकृति के साथ प्राकृतिक तथा मानव समाज के मध्य मानव बनें।

प्रकृति के साथ पूर्ण सम्पर्क द्वारा कवि ने ऋतु सम्बन्धी पर्वों का उपक्रम किया। कवि द्वारा जो वातावरण निर्मित हुआ था उसके साथ पूर्णरूप में संगत हुए ये पर्व अपने स्वरूप में अपूर्व थे। युवा आत्माएं प्रकृति के गजरते हुए प्रत्येक दृश्य से स्पन्दित होती हैं, वर्षा ऋतु उन्हें अपने कार्य से अचानक मुक्ति दिला देती है। यदि यह घोषणा होती कि आज तुम्हारा अवकाश है तो वे प्रसन्नता से इसे स्वीकार करते और हर्षोन्मत्त हो भाग खड़े होते। टैगोर के सहानुभूति से भरे ये शब्द दिनचर्या में बंधे व जकड़े कार्य-क्रम द्वारा इतनी आसानी से दबा दिये गये कि जिससे प्रकृति के दायित्व नकारा हो गये हैं। मैं इस प्रकार की असभ्यता में विश्वास नहीं रखता। इस प्रकार वस्तुओं के औचित्य व यथार्हता के पक्ष में टैगोर ने शिक्षाक्षेत्र में स्वतन्त्र गति प्रदान की और जो कि नूतन सहाध्यायी के रूप में प्रारम्भ की गई थी।

उस महान् मनोबल वाले कवि के लिये मानव निर्माण की प्रक्रिया में उसके सर्व प्रथम विषय बच्चे थे। ठीक २ तौर पर आधुनिक शिक्षा शिशु केन्द्रित है जैसा कि एलनराय ने अपनी पुस्तक, (The century of the Child) में व्याख्या की है।

(शेष आगामी अंक में)

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

फूलों की बहार

लेखक:—स्व० वंशीधर जी विद्यालंकार

यह कविता ४३ वर्ष पूर्व मथुरा शताब्दी के अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन में सुनाई गई थी

मैं हूं बटोही दूर से आया
किसी जगह आराम न पाया
मुंह जो इधर आ मैंने उठाया
प्रभु ने कैसा दृश्य दिखाया
तेरे बगीचे में बैठूंगा
और बहारों को देखूंगा
दरवाजे को खोल दे माली
मुझे बुलाती डाली-डाली ।

फूल बसन्ती फूल रहे हैं
धीमे-धीमे झूल रहे हैं
बाग की आंखे, बाग के तारे
हर्ष के फूटे हुए फवारे
रंगत इन की मैं देखूंगा
तेरे बगीचे में बैठूंगा
दरवाजे को खोल दे माली
मुझे बुलाती डाली-डाली ।

देख इन्हें दिल भर जाता है
जाने क्या क्या कह जाता है
किस प्यारे की याद दिला कर
मुझे बुलाते हैं अपनाकर
इन में दुख अपना भूलूंगा
तेरे बगीचे में बैठूंगा
दरवाजे को खोल दे माली
मुझे बुलाती डाली-डाली ।

हंस-हंस कर ये मर जाएंगे
खिल-खिल कर ये झड़ जायेंगे
कैसा जीना, कैसा मरना
जब तक रहना हंसते रहना
हंसना इनसे मैं सीखूंगा
तेरे बगीचे मैं बैठूंगा
दरवाजे को खोल दे माली
मुझे बुलाती डाली-डाली ।

पास से इनके लोग हैं जाते
इधर नहीं पर आंख उठाते
काम में अपने भूले हुए हैं
इन्हें पता क्या फूल खिले हैं
इनसे निठल्ला मैं खेलूंगा
तेरे बगीचे में बैठूंगा
दरवाजे को खोल दे माली
मुझे बुलाती डाली-डाली ।

क्या हरियाली छाई हुई है
एक से रंगत एक नई है
क्या सुषमा से सजी मही है
स्वर्ग यही है, स्वर्ग यही है
मस्त हुआ यह मैं गाऊंगा
तेरे बगीचे में बैठूंगा
दरवाजे को खोल दे माली
मुझे बुलाती डाली-डाली ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल-समाचार

ऋतु-रंग

ज्येष्ठ की प्रचण्ड रश्मियों के पश्चात् श्रावण मास की रिमझिम हठात् हृदय को हर लेती है। घटा उमड़-उमड़ कर पुनः पुनः वरस उठती है। शीतल-शीतल समीर और नया-नया नीर समस्त सृष्टि में जीवन संचार कर देता है।

कुलभू में हरितिमा जीवन के सुख-सौन्दर्य का प्रदर्शन कर रही है। सब स्थान कुछ वदले वदले से दृष्टिगोचर होने लगे हैं। सप्तरंगी इन्द्र-धनुष अभ्यागतों के लिए स्वागतार्थ वन्दनवार का कार्य करता हुआ दृष्टिगत होता है।

नव-सत्र

प्रथम जुलाई से विश्वविद्यालय का नव-सत्र प्रारम्भ हो गया है। विश्वविद्यालय तथा तत्सम्बंधित विभाग पुनः नियमित रूप से चालू हो गये हैं। वेद, आर्ट्स, आयुर्वेद, कृषि तथा विद्यालय विभागों में प्रवेश गत वर्षों की अपेक्षा अधिक संख्या में हो रहा है। गत वर्ष की परीक्षा का परिणाम अन्य वर्षों की अपेक्षा उत्तम रहा।

स्मरणीय रहे कि गुरुकुल विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त समस्त उपाधियां भारत सरकार तथा प्रायः समस्त विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

साथ ही साथ गुरुकुल शिक्षा प्रणाली वह प्रणाली है जो भारतीय संस्कृति के मूल में निहित है। आज कल के अन्य संस्थाओं के दूषित वातावरण तथा अनुशासनहीनता को देखते हुए, छोटे शिशुओं के लिए गुरुकुल शिक्षा अपेक्षित है। अतः यदि आप अपने बालक का प्रवेश करवाना चाहते हैं तो आपको शीघ्रातिशीघ्र मुख्य कार्यालय गुरुकुल कांगड़ी से पत्र-व्यवहार करना चाहिए, अन्यथा स्थानाभाव के कारण प्रवेश में कठिनाई भी हो सकती है।

बी०एस-सी० कक्षाएं प्रारम्भ

इस वर्ष गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की विशेष संस्तुति पर बी०एस-सी० कक्षाएं प्रारम्भ हो गई हैं। स्मरणीय रहे कि उपरोक्त कक्षाएं अभी तक गत कई वर्षों से आगरा एवं मेरठ विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत चल रहीं थीं।

गुरुकुल विश्वविद्यालय की बी० एस-सी० कक्षाओं में अन्य विश्वविद्यालय की अपेक्षा विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। डिग्री बी.एससी.ही दी जाएगी। इसमें दो ग्रुप होंगे--(१) रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान तथा गणित। (२) रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान तथा वनस्पति विज्ञान। साथ ही साथ प्रत्येक विषय के लिए सुयोग्य तथा अनुभवी शिक्षकों की समुचित व्यवस्था है। प्रत्येक विषय के लिए विशाल कक्षा भवन तथा आवश्यक उपकरणों तथा यन्त्रों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं का उचित प्रवन्ध है। पुस्तकालय की पूर्ण सुविधा के साथ-साथ छात्रावास, क्रीड़ा एन.सी.सी. तथा चिकित्सालय का भी उत्तम प्रवन्ध है। आगामी वर्ष में एम.एस-सी. के खोलने का भी निश्चय है।

हिन्दी तथा संस्कृत में शोध-कार्य

इस वर्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की संस्तुति पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के हिन्दी एवं संस्कृत विभागों में शोध-कक्षाएं (पीएच.डी.) प्रारम्भ हो रही हैं। दोनों

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विभागों में एक-एक २५० रुपये मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

एम० ए०, अलंकार तथा विद्या विनोद में प्रवेश

एम. ए. वेद, दर्शन, संस्कृत, हिन्दी, मनोविज्ञान, इतिहास, गणित, अंग्रेजी, आदि में प्रति वर्षों की भांति प्रवेश प्रारम्भ हैं। अलंकार (बी.ए.), विद्या विनोद (इण्टर) में शुल्क-मुक्ति के साथ-साथ योग्य एवं निर्धन छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। प्रवेश की अन्तिम तिथि ३१ जुलाई है, अतः आप शीघ्रातिशीघ्र रजिस्ट्रार कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करें।

नव-नियुक्तियां

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो० गंगाराम जी गर्ग एक वर्ष के अवैतनिक अवकाश पर भारत सरकार के शिक्षा-मन्त्रालय में विशिष्ट अधिकारी नियुक्त होकर प्रथम मई से गए हुए हैं। हमें आपसे पूर्ण आशा ही नहीं अपितु विश्वास है कि आप आगे भी विश्वविद्यालय को अपना सहयोग एवं सब प्रकार से लाभान्वित करते रहेंगे। इस मध्य स्थानापन्न रजिस्ट्रार का कार्य डा० राजगोपाल जी एम.ए., पीएच.डी. करेंगे। आप प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति में उपाध्याय पद पर भी कार्य कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय के वैदिक साहित्य के उपाध्याय श्री पं० धर्मदेव जी वेदवाचस्पति का कार्य-काल समाप्त होने पर वे ससम्मान विश्वविद्यालय की सेवा से मुक्त हो गए हैं। आपने अपने इस दीर्घ अध्यापनकाल में जिस कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया, वह सदैव ही स्मरणीय एवं श्लाघनीय रहेगा। आप साथ ही साथ पुस्तकालयाध्यक्ष का कार्य भी बहुत तत्परता से कर रहे थे। विश्वविद्यालय आपका सदैव पूर्ण आभारी रहेगा। सम्प्रति पुस्तकालयाध्यक्ष का कार्य संस्कृत विभाग के सुयोग्य उपाध्याय डा. निगम शर्मा एम.ए., पीएच.डी. कर रहे हैं।

उप-सत्र परीक्षा

विश्वविद्यालय की विद्याधिकारी, विद्याविनोद एवं अलङ्कार की उप-सत्र परीक्षाएं २२ जुलाई से प्रारम्भ हैं। भाग लेने वाले छात्र स्वाध्याय में दत्तचित्त हैं।

श्री डा० सत्यपाल जी की विदाई

गत १६ जून १९६८ को गुरुकुल के पुराने कार्यकर्त्ता डा. सत्यपाल जी को चालीस वर्ष की सेवा के बाद अवकाश ग्रहण करने पर विद्यासभा भवन में एक भावभीनी विदाई दी गई। डाक्टर साहब ने अपना सारा जीवन गुरुकुल की सेवा में लगाया है। आयुर्वेद महाविद्यालय से उपाधि प्राप्त करने के बाद वे पहले यहां विद्यालय एवं महाविद्यालय के ब्रह्मचारियों के चिकित्सालय में चिकित्सक के रूप में नियुक्त हुए। यहां उन्होंने रुग्ण विद्यार्थियों की चिकित्सा में जो दिलचस्पी, लगन, सेवा शुश्रूषा, अध्यवसाय और चिकित्सा-कौशल प्रदर्शित किया, उससे शीघ्र ही उनकी ख्याति फैल गई, विद्यार्थियों तथा अधिकारियों में उन्हें अद्भुत लोकप्रियता प्राप्त हुई। अधिकारियों ने उनकी कार्य-कुशलता से प्रसन्न हो कर उन्हें चीफ मैडिकल आफिसर बना दिया और आयुर्वेद महाविद्यालय में भी पढ़ाने का अवसर दिया। वे रोगविकृति विज्ञान की

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

प्रयोगशाला के इंचार्ज बनाये गये, उन्होंने ये सब कार्य बड़ी योग्यतापूर्वक सम्पन्न किये ।

डा० सत्यपाल जी में बहुमुखी प्रतिभा थी । अतः उनका कार्यक्षेत्र केवल चिकित्सा तक ही सीमित नहीं रहा । उनमें प्रबन्ध-पटुता और प्रशासन करने की क्षमता थी । अतः वे गुरुकुल के प्रबन्ध विषयक कार्यों में दिलचस्पी लेते रहे । कुछ समय तक वे स्थानापन्न सहायक मुख्याधिष्ठाता का कार्य भी करते रहे । उन्हें भवन-निर्माण के कार्य में गहरा अनुराग था । पिछले २५-३० वर्ष में गुरुकुल में जो नई इमारतें बनी हैं, उनमें डाक्टर जी का बहुत बड़ा योगदान है । गुरुकुल के वेद महाविद्यालय, श्रद्धानन्द-अतिथि-भवन, नई फार्मेसी, पंचायत राज भवन के निर्माण में काफी बड़ा श्रेय डाक्टर साहब को है । अपने कार्यकाल के अन्तिम कई वर्ष उन्होंने फार्मेसी की उन्नति में लगाये । इस प्रकार उनका सारा जीवन गुरुकुल के विभिन्न विभागों की सेवा में बीता ।

विदाई-समारोह में गुरुकुल के सब उपाध्याय व कर्मचारी और ब्रह्मचारी उपस्थित थे । सभा में सब वक्ताओं ने उनके कार्यों और सेवाओं की बहुत प्रशंसा की ।

स्नातक बन्धुओं से अपील

अखिल भारतीय स्नातक मण्डल के मन्त्री श्री जयदेव वेदालङ्कार एम. ए. गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के समस्त स्नातक बन्धुओं से अपील करते हैं कि इस वर्ष 'विश्वविद्यालय स्नातक परिचायिका' निकाली जा रही है, जिसमें समस्त स्नातक बन्धुओं का संक्षिप्त परिचय होगा । उपर्युक्त कार्य के लिए समस्त स्नातक बन्धुओं का सहयोग सर्वथा अपेक्षित है । आप सब स्नातक बन्धुओं से प्रार्थना है कि आप स्वयं का तथा अपने समीपवर्ती स्नातक बन्धुओं का पता 'मन्त्री महोदय, अखिल भारतीय स्नातक मण्डल, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय' के पास शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें ।

उपर्युक्त कार्य के लिए जैसा कि आपको विदित ही है कि एक विशिष्ट धनराशि की आवश्यकता पड़ेगी, उसके लिए आप लोगों से अपील की जाती है कि आप तन, मन, धन से पूर्ण सहयोग प्रदान करें ।

—श्री सूर्यप्रकाश विद्यालंकार (प्रतिष्ठित), एम. ए.

———०———

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्वाध्याय के लिये चुनी हुई पुस्तकें

वैदिक साहित्य

वेदोद्यान के चुने हुए फूल (सजिल्द)	५.००
वेद का राष्ट्रीय गीत (सजिल्द)	५.००
मेरा धर्म (सजिल्द)	७.००
वरुण की नौका (दो भाग)	६.००
अग्निहोत्र (सजिल्द)	२.२५
आत्म-समर्पण	१.५०
वैदिक स्वप्न विज्ञान	२.००
वैदिक अध्यात्म विद्या	१.७५
वैदिक सूक्तियां	१.७५
ब्राह्मण की गौ (सजिल्द)	.७५
वैदिक ब्रह्मचर्य गीत	२.००
वैदिक विनय (तीन भाग)	६.००
वेद गीतांजलि	२.००
सोम सरोवर (सजिल्द)	२.००
वैदिक कर्त्तव्य शास्त्र	१.५०
सन्ध्या सुमन	१.५०
स्वामी श्रद्धानन्द जी के उपदेश	३.७५
आत्म मीमांसा	२.००
वै. पशु यज्ञमीमांसा	१.००
सन्ध्या रहस्य	२.००
अथर्ववेदीय मन्त्रविद्या	१.५०
ईशोपनिषद्भाष्य (सजिल्द)	२.००
अध्यात्म रोगों की चिकित्सा	२.५०
ब्रह्मचर्य संदेश	४.५०
आर्य संस्कृति के मूल तत्त्व	४.००
स्त्रियों की स्थिति	४.००
एकादशोपनिषद्	१२.००
विष्णु देवता	२.००
ऋषिरहस्य	२.००
हमारी कामधेनु	२.००

ऐतिहासिक तथा जीवन चरित्र

भारतवर्ष का इतिहास ३य भाग	४.५०
बृहत्तर भारत	७.००
योगेश्वर कृष्ण	४.००
स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज	१.२५
स्वामी दयानन्द का पत्र व्यवहार	.७५
गुरुकुल की आहुति	.५०
अपने देश की कथा	१.३७
दी मिडिल ईस्ट (इङ्गलिश)	३.००
एंशियण्ट फ्रीडम	५.७०

स्वास्थ्य सम्बन्धी ग्रन्थ

स्तूप निर्माण कला (सजिल्द)	३.००
प्रमेह श्वास अर्शरोग	१.२५
जल चिकित्सा विज्ञान	१.७५
होमियोपैथी के सिद्धान्त	२.५०
आसवारिष्ट	२.५०
आहार	५.००

संस्कृत ग्रन्थ

संस्कृत प्रवेशिका प्रथम भाग	.८७
संस्कृत प्रवेशिका २य भाग	.८७
बालनीति कथा माला	१.७५
साहित्य सुधा संग्रह	१.२५
पाणिनीयाष्टकम् (दो भाग)	प्रतिभाग ७.००
पंचतन्त्र पूर्वार्द्ध (सजिल्द)	२.००
पंचतन्त्र उत्तरार्द्ध, (सजिल्द)	२.००
सरल शब्द रूपावली	१.२५
सरल धातु रूपावली	१.६०
संस्कृत ट्रांसलेशन	१.२५
पंचतंत्र (मित्र सम्प्राप्ति)	.७५
पंचतंत्र (मित्र भेद)	१.५०
संक्षिप्त मनुस्मृति	.५०
रघुवंशीय सर्गत्रयम्	.२५

पुस्तकों का बड़ा सूचीपत्र मुफ्त मंगाइये। धार्मिक संस्थाओं के लिये विशेष रियायत का भी नियम है।

पुस्तक भण्डार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (जि० सहारनपुर)।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विशुद्ध आयुर्वेदिक औषधियां सेवन कर
स्वास्थ्य उत्तम करें

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी, हरिद्वार

सम्पादक : भावदत्त वेदालङ्कार । प्रबन्धक : प्रेमदेव ।

प्रकाशक : धर्मपाल विद्यालङ्कार, प्रशासक : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ।

मुद्रक : जी० आर० पाल, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिङ्ग प्रेस, हरिद्वार ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल पत्रिका

सम्पादक
श्री भगवद्दत्त वेदालंकार

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ष : २०
अङ्क : १२
पूर्णाङ्क : २४०

जुलाई-अगस्त ६८, श्रावण २०२५

DIGITIZED C-DAC
2005

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

गुरुकुल-पत्रिका

श्रावणमासः २०२५

जुलाई-अगस्त १९६८

पूर्णांकः २४०

व्यवस्थापकः

श्री पं० प्रियव्रतो वेदवाचस्पतिः

उपकुलपतिः

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयः

सम्पादकः—श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः

उपसम्पादकः—श्री प्रो० बुद्धदेव एम. ए.

विषयाः	लेखकाः	पृ० सं०
श्रुति-सुधा		५६९
दाम्भिकः	विद्याभूषणः श्री गणेशराम शर्मा	५७०
भुंजन्ति धूर्ताः कृपणस्य वित्तम्	कविः वैद्यः श्री रामस्वरूप शास्त्री	५७६
नम संस्कृतोत्कर्षवृत्तान्तः	श्री विश्वनाथ केशव छत्रे	५८७
स्कन्दस्वामिनः कालः	श्री डा० मंजुलमयंकपन्तुलः	५८२
सम्पादकीय टिप्पण्यः	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	५८७
साहित्य-समीक्षा	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	५८८
कितने दिन तक अंग्रेजी का बोझा सिर पर ढोना होगा	श्री सालिकराम शर्मा 'विमल' बी.ए.	५८९
शिष्टाचार	श्री जननादास, गुरुकुल कांगड़ी	५९१
प्राचीन काल में मनोविज्ञान	श्री रघुवीर मुमुक्षु व्याकरणाचार्य	५९३
स्व० श्री डा० हरिशंकर शर्मा डी० लिट्	श्री शंकरसिंह वेदालंकार एम.ए.	६००
अग्न्याधेय	श्री अभयदेव, तिलोकनगर, अजमेर	६०४
देवपुरुषो दिवं ययौ	श्री भगवद्दत्तो वेदालंकारः	६०८
अस्तं गतो हा ! श्रुतिभास्करोऽद्य	श्री धर्मदेवो विद्यामार्त्तण्डः	६०८

वार्षिकशुल्कम्
दश ४), विदेशे ६)

मूल्यं
४० पैसे

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य मासिक पत्रिका]

श्रावण २०२५, जुलाई-अगस्त १९६८, वर्षम् २०, अङ्कः १२, पूर्णाङ्कः २४०

श्रुति-सुधा

(ऋषिः—मध्यातिथिः काण्वः । देवता—ऋभवः । छन्दः— गायत्री)

अधारयन्त वह्नयोऽभजन्त सुकृत्यया ।
भागं देवेषु यज्ञियम् ॥ ऋ० १।२०।८

(वह्नयः) ऋत का वहन करने वाली ये ज्ञानरश्मियां (सुकृत्यया) उत्तम कृतियों व रचनाओं से (देवेषु) मस्तिष्क में विद्यमान देवों में (यज्ञियं) यज्ञ भाग को (अधारयन्त) धारण कराती हैं और (अभजन्त) प्रत्येक के हविभाग व कार्य-विभाग को विभक्त करती हैं ।

★★★

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दाम्भिकः

(ले० विद्याभूषणः श्रीगणेशरामशर्मा, डूंगरपुरम् (राज०)

पञ्चकेशीं दधानः, शिरसि निबद्धजटाजूटस्तदुपरि संहतिवलितं कौशेयं स्थूलाकारमुष्णीषं, भालपट्टे भस्मरेखात्रितयोपरि सुविशालं केशरचर्चितं सुविशालं त्रिपुण्ड्रं, तन्मध्ये कुङ्कुमाक्तो गोलाकारः तिलकः, कज्जलरेखालाञ्छिते दीर्घापाङ्गे लोचने, सघने भ्रुवौ, नेत्रयोर्द्वयोर्मध्ये भृकुट्यां श्यामो लघुस्तिलकः, कर्णयोर्द्वयोः स्वर्णरचिते लुलत्प्रवाले गोलाकारे कुण्डले, तयोरधोभागे लम्बमानौ द्वौ स्थूलस्थूलौ रुद्राक्षौ, भ्रुवोरुपर्यधश्च भस्मरेखाचिह्ने, गले रुद्राक्षतुलसीस्फटिकमालानामनेकाः पङ्क्तयस्ताभिः सह लम्बमाना मौक्तिकानां माला, स्वर्णसूत्रं च, कायाच्छादनाय परिधृतं स्थूलवस्त्रस्य बृहत्कञ्चुकं, कटिभागे धौत्रवस्त्रमतीव स्वच्छं, कूर्पयो रक्तवर्णस्य वस्त्रस्य पताकानिभे स्फुरन्त्यौ द्वे हस्तप्रमाणं लम्बमाने पट्टिके, स्कन्धयोर्द्वयोर्लम्बमानमुन्मुक्तमुत्तरीयं वस्त्रं, पादयोर्ग्रामीणचर्मकारेण निर्मिते चञ्चूसहितोपानहौ, वामहस्ते सपर्वा वंशयष्टिकेति काकाकृष्णलालमहाशयस्य वेषभूषाडम्बरो महान् विलसन्नास्ते। तस्य प्रथमदर्शन एव दर्शकानां हृदि तत्सिद्धावार्यत्वोद्घोषकम् महातान्त्रिकत्वमिव किमपि मनोवाचामगोचरं प्रभावं महान्तं प्रसह्योत्पादयति। रक्ताभे तस्य नेत्रे प्रज्वलत्खदिराङ्गारज्योतिरिवोपहतस्तेजो दर्शकानाम्।

सोऽयं काकाकृष्णलालमहाशयः सर्वतो हि पर्वतावलिसङ्कुलायां भूमौ किलैकस्मिन् ग्रामे भिल्लप्रायायां वसतौ निवसन्नास्ते। यद्यपि स स्वात्मानं ब्राह्मणतनुजन्मानं कुलीनमुच्चवर्णं घोषयति तथापि स्वाकृतिप्रकृतिस्वभावचेष्टासम्भाषणैः सर्वथैव ग्रामीणो भिल्लजन इव प्रतिभाति स्वस्य जीवनक्रमे। शिक्षादीक्षासंस्काराचारव्यवहारैस्तु स निरक्षरभट्टाचार्य एवास्ते परन्तु वसतौ तस्यां सर्वसाधारणजनापेक्षया स बाह्याकारे कश्चनाधीतसर्वशास्त्रः प्रौढानुभवज्ञानसम्पन्नो व्युत्पन्नो महापण्डित इव तेजस्वीव दरीदृश्यते। तस्य भौतिकी देहसङ्घटना तावदतीव शक्तिसम्पत्सम्पन्ना प्रभावशालिनी च वर्तते खलु। तस्य शरीरविग्रहः कार्ष्णायसनिर्मितः स्थूलस्थूलोऽपि दीर्घः सुदृढः सबलः सक्षमोऽक्षुण्णसर्वावयवश्च विद्यते। यजमानैर्ग्रामवासिभिर्वणिक्ठक्कुरप्रभृतिभिः प्रदत्तायां प्रायेण पञ्चदशक्षेत्रविस्तृतायां ग्राम्यभूमौ सः कृषिकर्माचरति, तेनैव च कर्मयोगेन स निर्वाहसक्षमं धनधान्यादिपदार्थाननायासमेवोपलभते। स पुनस्तत्र भिल्लजनानां वसतिवृत्ते पञ्चविंशतिप्रायेषु ग्रामेष्वेकल एवद्विजन्मेति यजमानवृत्तिकार्याणि पौरोहित्येन समनोयोगं संसाधयन्नास्ते। स हि लोकेषु सिद्धपुरुष इव सर्वज्ञत्वमात्मनः प्रथते, निर्विघ्नं च पूज्यते सर्वलोकैः। ज्योतिर्वित्त्वेन च स स्वप्रदेशे सर्वग्रामनिवासिनां सद्गृहस्थजनानां मुहूर्तादिकं ज्योतिषसम्बन्धि कार्यजातमपि तत्परतया सम्पादयति। स हि कर्मकाण्डक्रियाकलापानपि च साधयति। क्वचिद्देवपूजाविधिं, क्वचिद्गृहवास्तुविधानं, क्वचिद्ग्रहशांतिं, क्वचिज्जपकार्याणि, क्वचिद्रुद्राभिषेकं, क्वचिद्दुर्गाचण्डीपाठपारायणानि, क्वचिद्भैरवहनूमद्विष्णुपाठपूर्वकं देवाराधनपूजां च करोति। क्वचिच्च स भूतप्रेतपिशाचवैतालादीनां पीडोपद्रवोपशमाय महामान्त्रिकत्वेन सर्वतन्त्रस्वतन्त्रमात्मतन्त्रं विस्तार्य चिकित्सते जनान्। न केवलमेतावदेवापितु दुःस्वप्नाशुभशकुननिवारणार्थमपि कांश्चनोपायानुपदिशति जनेभ्यस्तत्र-

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

त्येभ्यः । चौरा लुण्टाकादयोऽपि च तमेतं काकाकृष्णलालमहाशयं कर्मस्वेवंविधेषु विश्वस्यं रहस्यगोप्तारं मन्यन्ते । स हि क्वचित् समूल्यं क्वचिन्निर्मूल्यं चापि लोकेभ्य औषधादिकं प्रदाय तांश्चिकित्सते । प्राप्तकालं स पशूनामपि चिकित्सां विधत्ते । ग्रामीणानां लोकानां पारस्परिकवैमनस्यकलहाभियोगेषु सः पञ्चपरमेश्वरेष्वेको मुख्यः सदस्यः परिगण्यते, तथाविधेषु प्रकरणेषु स ग्रामीणजनानां पञ्चायतनं विरच्य प्रामुख्येन तत्र भागं गृह्णन् मध्यस्थः सन् सन्धिविग्रहादिकमपि च कारयति । सत्यावश्यके स न्यायालयान् गत्वा यथार्थं व्यर्थं वा कूटसाक्षित्वम् चापि स्वसुविधानुसारं करोति । स्वस्य निर्वाहयोग्यादवशिष्टं धान्यं दधि दुग्धं घृतं चापि विक्रीणीते लाभांशं च मूल्यरूपं गृहीते । यदा कदा गोवृषमहिषाश्वादीनां क्रयविक्रयं च करोति । वाग्दानविवाहसंस्कारधनर्णादानप्रदानव्यवहारेष्वपि लोकानां काकामहाशयो माध्यस्थ्यमवलम्बते । इत्थं काकामहाशयस्य व्यक्तित्वं जनजीवने स्वक्षेत्रेऽनिवार्यतया सम्पूज्यते । एवं नानोपायः कर्मकलापैः काकाकृष्णलालमहोदयो बहुधनमर्जयति, सामाजिकीं प्रतिष्ठां चोपभुङ्क्ते ।

काकामहाशयस्य गृहे प्रकोष्ठान्तर्भागे बृहदाकारमेकं देवपूजास्थानं प्रकल्पितमास्ते । तत्रैकस्मिन् काष्ठसिंहासने शताधिकाः पाषाणताम्रपित्तलादिधातूनां देवमूर्तयः संस्थापिता वर्तन्ते । शंखघण्टादीनामपि राशयस्तत्र विराजन्ते । तत्र चैकस्मिन् दीपाधारे दारुमये घृतदीपक एकोऽहर्निशं निरन्तरं प्रज्वलन् सन्तिष्ठते । गुग्गुलधूपादीनां धूमधोरणीभिस्तत्रत्यं वातावरणं सदा सर्वदा धूमिलं गन्धपूरितं च भवति । तद्गृहप्राङ्गणे प्रायेण भिल्लादीनां कर्षकग्रामीणानां समूहाः सदैवोपतिष्ठन्ते । काकामहाशयस्तेभ्यः समनोविज्ञानं बह्वादरपुरस्सरं व्यवहारवर्तनं माधुर्येण प्रकुरुते । स एष काकाकृष्णलालमहाशयः स्वयमहिफेनसेवनं व्यसनितया प्रतिदिनमेकान्ते कुर्वाणोऽपि च लोकान् प्रति स्वात्मानम् निर्व्यसनमिवोद्घोषयति, सुराधूम्रपानादिव्यसनग्रस्ताञ्जनान् ग्रामीणानाक्षिपति सदुपदिशति च । यतस्तन्निवाससमीपवर्तिषु सकलेषु ग्रामेषु स एकमात्रमेव ब्राह्मणोऽस्ति ततो गृहस्थानां जन्ममृत्युविवाहादिषु सर्वेष्वपि च शुभाशुभप्रकरणेषु काकामहाशयस्योपस्थितिर्यत्र तत्र सर्वत्रैवावश्यकीति तत्कार्यक्षेत्रं परिचयपरिधिश्चातिविस्तृते स्तः । स कदाचिद्विवाहविधौ व्यापृतस्तिष्ठति, कदाचिच्छ्राद्धतर्पणादिकं कारयंस्तिष्ठति, कदाचिद्धोमयज्ञादिकमातन्वन् भवति, कदाचिच्च गंगोद्यापनादिव्रतोत्सवेषु धर्मकृत्येषु कर्मव्यापृतः सन्तिष्ठते । एवं स एष काकाकृष्णलालमहाशयः स्वस्य वर्तुले स्वयंसिद्धो भूदेवो महापुरुष इव सर्वतो विख्यातोऽनविद्धो मणिरिव प्रकाशमानो विराजते ।

अथ काकाकृष्णलालमहाशयस्य दिनचर्याक्रमस्तावदतीव विचित्रोऽपि कर्मण्यपुरुषाणां स्वाभाविकोद्यम इवानवकाशो भवति । सोऽहिफेनसेवनव्यसनित्वान्नित्यमेव हि प्रत्यूषे शीघ्रमेव निद्रां त्यक्त्वा जागर्ति । शय्यां त्यक्त्वा ग्रामोपसीम्नि क्वचिज्जलाशयासन्नवर्तिन्यां भूमौ मलत्यागं कृत्वा शौचविधिं निर्वर्तयति । गृहमागतः सततोऽहिफेनरससेवनं प्रकुरुते । कण्ठेऽहिफेनप्रभावजन्यां कटुतामपहर्तुम् स नित्यमेवाहिफेनरससेवनानन्तरं गुडशर्करादिमधुरपदार्थानुपसेवते । ततः सन्ध्यापूजादिकं नित्यकर्म प्रातःकालीनं झटिति परिसमाप्य स सूर्योदये स्वयष्टिकासहायः स्वगृहाद्बहिर्भ्रमणाय प्रतिष्ठते । मार्गे व्रजन्तं तमवलोक्य ग्रामीणाः श्रद्धाजडा लोकास्तमभिवन्दमानाः प्रणमन्ति । केचन तं चायचषकपानायापि चावह्वयन्ति । स

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

च तदानीं यथावसरमित्थमुपदेशप्रवचनानि ब्रूते—"अयि सज्जनाः ! इदानीं मम समयाभावादवकाशो नास्ति । ग्रामान्तरेषु कार्यगौरवाज्जिगमिषुरस्मि । भवन्त एव हि चायचषकान् पायं पायं मोदन्ताम् । यूयं सर्वे सद्गृहस्थाः सन्तोऽपि किमिति सूर्योदयात्प्रागेव शय्यां त्यक्त्वा नोत्तिष्ठध्वे ? मन्ये, तस्मादेव भवन्तो निखिलमपि जीवनम् यावदवकाशाभावमनुभवन्तः क्लिश्यन्ति दीर्घसूत्राश्च यथासमयं स्वदिनचर्यामनुवर्तितुं न पारयन्ते ! नाहमिदानीं चायपानसदृशे फल्गुकर्मणि स्वकीयममूल्यं समयं क्षपयितुमुद्यतोऽस्मि ।" एवं वदन्नपि काकामहाशयो लोकैः साग्रहमनुरुद्धस्तत्प्रीतिपरवश इवोदारतां व्यवहारभावप्रवणतामिवात्मनः प्रख्यापयन् कृपापूर्वकं गृहस्थानामन्तर्गृहं प्रविश्य पञ्चवारं वा दशवारं वा स्वग्राम एव चायचषकपानं लीलया विधत्ते । ततः पुनर्ग्रामान्तरगमनायोपक्रमते । एवं यत्र यत्र स परिव्रजति तत्र तत्राजस्रं चायपानप्रकरणानि बोभूयन्ते प्रतिदिनम् । क्वचिद् दुग्धपानं, क्वचिदिक्षुरसास्वादनं, क्वचित्फलाहारं च समश्नन् काकाकृष्णलालमहाशयो मध्याह्नपर्यन्तम् ग्रामेषु पर्यटति । इत्थं स स्वकीयं प्रातःकालीनम् पर्यटनं संसाधयति । अस्मिन् पर्यटनप्रसङ्गे स गृहस्थानां तत्र मण्डले वसतां सर्वेषां जीवनप्रवृत्तिविषयकान् समाचारान्, शुभाशुभाः सूचनाश्च संगृहीते । स्वभावतो मुग्धभावा ग्रामीणास्तं काकामहाशयमात्मनो विपद्बन्धुं शुभचिन्तकं सुहृदं सखायं परामर्शप्रदातारं च मन्यमानास्तं बह्वादियन्ते । एवं विधैर्यातायातैः काकामहाशयः क्वचिद्गृहस्थेभ्यो देवपूजार्थमामन्त्रणं, क्वचिद्ब्राह्मणभोजनाय निमन्त्रणं क्वचिच्च रुग्णानां चिकित्सार्थमाह्वानं चानायासमेवाप्नोति । प्रातर्भ्रमणेऽस्मिन् स प्रचुरमन्नशाकपत्रफलादीनि लभते । ततो गृहमागत्य स्वभवनालिन्दे भव्यं भद्रं कटासनं, तदुपरि व्याघ्रचर्मासनं, तदूर्ध्वमूर्णासनम् चास्तीर्य कानिचित् पुस्तकानि पञ्चाङ्गं च प्रसार्य सोपधानं ससुखं चोपविशति साडम्बरम् । मध्याह्ने ग्रामीणा जनास्तद्गृहमागत्य स्वगृहदशां मुहूर्तादिकं च परिपृच्छन्ति, स चात्मनः सर्वज्ञत्वविज्ञापनोचितां गम्भीरां मुद्रां कृत्वा नेत्रे निमील्य लोकातिशायि किमप्यदृष्टं निर्ध्यायन्निव परिमिताक्षरैस्तात्त्विकैर्वाक्यैर्जनेभ्यः फलादेशं समुपदिशति । कस्मैचिद्ग्रहबाधानिवृत्तये भोजपत्रेषु यन्त्रादिकं विलिख्यार्पयति, कस्मैचिन्मानवानां पशूनां च पीडोपद्रवशांतये रक्षादोरकमभिमन्त्र्य प्रयच्छति, कस्मैचिदौषधपुटिकाः प्रददाति, कस्मैचित्प्रेतपीडापहाराय तन्त्राडम्बरमुपशिक्षयति । कस्मैचिद्वृक्षारोपणं, कस्मैचिन्नागसर्पादिपूजनं, कस्मैचिद्देवीभैरवहनूमत्सूर्यगणेशविष्णुप्रभृतीनामाराधनं चाप्युपदिशति । ज्योतिषलग्नफलादेशकादिपृच्छका लोकाः काकामहाशयाय रूप्यकमर्द्धरूप्यकं पादरूप्यकं वा सर्वाभावेऽन्नफलमूलधान्यादिकं वा प्रददति । काकामहाशयः स्वात्मनो निरपेक्षत्वमात्मसंतोषं च प्रदर्शयितुमित्थं कृतकवचनोपन्यासपूर्वकं प्रवक्ति—"अये ! किमर्थं त्वमेतत् सर्वमत्रार्पयसि भोः ? एतत्तु त्वं स्वगृहनिर्विशेषं मन्यस्वाश्रमस्थानम् । नास्त्येवात्र दक्षिणादेः समर्पणस्य कापि तात्त्विकी बतावश्यकता ! यदि च भवतां श्रद्धैवास्ते तदा तदेतत्सर्वं देवालयं गत्वा परमेश्वरार्पणं क्रियताम् ! अहं तु जनताजनार्दनस्य सेवार्थमेवैतत्सर्वं निष्कामं सम्पादयामि । नास्त्येव मम भवद्भ्यः किमपि प्राप्तुमभिलाषः !" एवं वदन् काकामहोदयः स्वात्मनो निःस्पृहतामौदार्य्यं चाविष्करोति ।

"महाराज ! भवद्भ्यो वयं ग्रामीणा दीना हीनाः प्रजाजनाः किं वार्पयितुं समर्थाः ? तदेतत्तु

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

पत्रं पुष्पं फलं तोयमिवाकिञ्चनानामस्माकं स्वेन सहानीतं तुच्छातितुच्छमपि श्रद्धयार्पितं साधारणं वस्तुमात्रमेव मत्वा स्वीक्रियताम् !" इति विनयं प्रदर्शयन्तो ग्रामीणाः काकामहाशयाय धनं धान्यं दक्षिणादिकं च समर्प्य गच्छन्ति ।

अथ मध्याह्नोत्तरं काकामहाशयः पुनः कर्षकानां शस्य क्षेत्राणि व्रजति, तत्र च यद्यद्वस्तु भक्ष्यं भोज्यं पेयं वा शाकफलपत्ररसादिकं च ग्रामीणास्तस्मै अर्पयन्ति तत्सर्वं वस्त्राञ्चलपोट्टलिकायां बध्वा स्वस्कन्धमारोप्योपढौकमाणः स्वगृहमानयति । ततोऽपराह्णे स्वावासभवनमागत्य काकाकृष्णलालमहोदयः स्वयं पाकविधिना भोजनं परिपचति । प्रायेण प्रचुरघृताप्लुतं 'दाल-बाटीति' भोजनमाहारत्वेनोपकल्प्य भुङ्क्तेऽसौ काकामहाशयः । न केवलमेतावदेव, किन्तु साकमेव दाल-बाटीभोजनेन शाकपत्रं गुडं फलरसं यावदुपलब्धं प्रचुरमात्राथामुपयोज्य सुस्निग्धं बलवर्धकं पौष्टिकं च सुस्वादु सानन्दं भुङ्क्ते । सायं पुनर्देवपूजाडम्बरं विरच्य काकामहाशयः स्वकृत्येषु व्यापृतो भवति । समयेऽस्मिन् सः कौशेयगोमुख्यभ्यन्तरमावृत्य हस्तं मालां जपन् सन्तिष्ठते । ये हि ग्रामीणाजनाः काकामहाशयस्य भक्तोत्तमाः प्रायेण प्रसादं भुञ्जन्ति ते तत्समर्थकास्तत्प्रचारकाः स्वयंसेवकास्तत्पृष्ठपोषकास्तदनुयायिनश्च सर्वे तद्गृहाङ्गणमुपविष्टास्तस्य सिद्धाचार्यत्वम् तन्माहात्म्यं तद्गौरवं यशः कीर्तिञ्च गुणगणान्वा सगौरवं मिथः प्रख्यापयन्तस्तस्यावकाशाभावं च समर्थयानाः सन्तिष्ठन्ते । अथ सायन्तनीं सन्ध्यां पूजां च परिसमाप्य काकामहाशयस्तत्र समागतैः प्रियजनैरलिन्दे निषण्णो वार्तालापान् विधत्ते । काकामहाशयस्य प्रखरा वाक्-शक्तिस्तावत्सन्ततं भाषणकलाचातुर्यं प्रसारयन्ती क्रियाशीला भवति । इत्थमनेन विधिना सः सर्वेषामपि ग्रामीणानाम् लोकानां जीवनप्रवृत्तीः सुखदुःखसमाचारान् सूचना मनोभावान् व्यवसायान् पुरुषार्थोद्योगान् पारस्परिकान् सम्बन्धांश्च संगृह्य सर्वाण्यपि च रहस्यानि जानानो मोदते । एवं नित्यमेव हि तत्र रात्र्याः प्रथमप्रहरपर्यन्तं किलैकमनामन्त्रितं सभाधिवेशनं भवति । तस्यां ग्रामीणसभायां काकामहाशय एवान्धेषु काण एव चक्षुष्मानिव सर्वसम्मतः स्वयं सिद्धो भवति सभापतिस्तस्य च प्रवचनानि कर्तव्योपदेशाश्च प्रवर्तन्ते । ग्रामीणास्तं बृहस्पतिकल्पं विद्वांसं सम्भावयन्ति ।

लाभ और हानि का अपने आप पता लग जावेगा। क्रोधी मनुष्य अपनी हानि अधिक करता है उसकी अपेक्षा जिस पर वह क्रोधित होता है। क्रोध से रक्त में एक प्रकार का विष भर जाता है, मुख की आभा घट जाती है और जल्दी बुढ़ापे के समीप व्यक्ति पहुंच जाता है।

अन्त में सार यह है कि शिष्टाचार के बिना मनुष्य एक लोहे की मशीन के तुल्य होता है जो चलता फिरता सब काम करता है, परन्तु उस में दया, मिठास और आनन्द का अभाव होता है। वह न आप कोई आनन्द अनुभव करता है और न ही किसी दूसरे को खुश कर सकता है। उच्च कोटि की विद्या प्राप्त कर लेना बिना शिष्टाचाचार के सब व्यर्थ है। विद्याहीन एक किसान जिस में शिष्टाचार है उस विद्वान से कहीं अच्छा है, जिसमें इन बातों का अभाव है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

प्राचीन काल में मनोविज्ञान

लेखक---श्री रघुवीर मुमुक्षु व्याकरणाचार्य, गुरुकुल कांगड़ी

आधुनिक काल में मनोविज्ञान जितनी शीघ्रता से प्रगति करता जा रहा है तथा मानव-समाज के लिए इस विज्ञान को जितना उपयोगी बतलाया जा रहा है, उसे देखकर तो यही प्रतीत होता है कि मनोविज्ञान के बिना मानव का जीवन ही अधूरा है। मनोविज्ञान के पाश्चात्य आविष्कारों को इतना अधिक मान दिया जाने लगा कि मानो समस्त संसार ही उनका ऋणी है। प्रायः अनुभव किया जाता है कि यदि ये बुद्धिमान मनोवैज्ञानिक उत्पन्न न हुए होते तो मानव-समाज की बड़ी भारी क्षति हो गई होती। यही कारण है कि वर्तमान काल में चाहे व्यक्ति कितना भी शिक्षित हो, किन्तु यदि वह मनोविज्ञान की परीक्षायें पास नहीं कर सका है तो उसे आधा शिक्षित समझा जाता है। मनोविज्ञान के विषय में सबसे बड़ी भूल यह हो रही है कि इसे पाश्चात्यों की देन समझा जाता है। संसार में भेड़चाल सदैव से चली आ रही है। मनोविज्ञान के विषय में यही बात लागू होती है। मनोविज्ञान आवश्यक है यह तो हम भी मानते हैं परन्तु 'पाश्चात्यों दी देन है' यह बात हमारे मस्तिष्क में असन्तोष पैदा करती है। इस असन्तोष का कारण यह है कि प्राचीन काल में भी मनोविज्ञान था। यह विज्ञान पाश्चात्यों का आविष्कार नहीं है। हमारे पूर्वजों का जीवन ही मनोवैज्ञानिक होता था तथा प्रत्येक कार्य में मनोविज्ञान की छाप रहती थी। भले ही उन्होंने कुत्ते के गले में घण्टी बांध कर, चूहों की पूंछ काटकर, बिल्ली को उलझन बक्स में रखकर प्रयोग न किये हों जैसा कि आज कल होता है। अगले पृष्ठों में यही बतलाने का यत्न किया गया है कि मनोविज्ञान प्राचीन भारत का विज्ञान है। वेद-दर्शन-संस्कृत-साहित्य सभी मनोविज्ञान से ओतप्रोत हैं। जो बात मनोविज्ञानिकों ने आजकल बतलाई है वही बात महाकवि कालिदास ने आज से २५०० वर्ष पूर्व ही बतला दी थी। मनोविज्ञान में मन का अध्ययन किया जाता है। साथ ही साथ मनुष्यों के व्यवहार का भी ज्ञान होता है। किन्तु क्या आप कह सकते हैं कि कालिदास मनोवैज्ञानिक न था? यदि कालिदास ने मनुष्यों के मन का अध्ययन न किया होता तो वह कैसे लिख सकता कि--

अथाङ्गराजादवतार्य चक्षु र्याहीति जन्यामवदत् कुमारी,
नासौ न काम्यो न च वेद सम्यक् द्रष्टुं न सा भिन्नरुचिर्हि लोकः।

इसमें मुख्य बात बतलाई गई है कि संसार में प्राणियों की रुचि, मन की इच्छा भिन्न भिन्न हुआ करती है। इसी बात का प्रतिपादन फ्रांसीसि गाल्टव ने १९०५ ईस्वी में किया तथा कालिदास के मुकाबले में गाल्टन साहब की बात प्रमाण मानी जाती है।

मनोविज्ञान का तो जन्म ही उन्नीसवीं सदी के आसपास हुआ है। सर्वप्रथम उण्ट ने लिब्जिक में प्रयोगशाला स्थापित करके परीक्षण करने प्रारम्भ किये थे। इस पर भी तुर्रा यह कि पहले तो मनोवैज्ञानिक मन को ही आत्मा मानते रहे। बेचारों को मन व आत्मा की पृथकता का भी पता न चला। किन्तु अदृश्य होने से आत्मा का अध्ययन करना असम्भव था अतः अब उन्होंने मन का अध्ययन प्रारम्भ किया। किन्तु मन भी तो मूर्तिमान

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

न था अतः क्रियात्मक परीक्षणों में बाधा आने लगी। फलतः २०वीं सदी में प्राणी की क्रियाओं अथवा व्यवहारों को मनोविज्ञान का विषय माना गया किन्तु साथ ही साथ चेतना अनुभूति के अध्ययन पर भी बल दिया जाता था। अब बदलते बदलते स्थिर स्थिति पर आये हैं, जिनके पीछे हम भारतीय भी लट्टू होते हैं। यह अपने प्राचीन काल को ही भुलाने का परिणाम है।

शिक्षा में मनोविज्ञान

शिक्षा के क्षेत्र में मनोविज्ञान की अनुपम देन मानी जाती है। कहा जाता है कि पहले शिक्षा का कोई नियत क्रम न था। जिस कारण शिक्षा में प्रगति न हो पाती थी। पहले विद्यार्थियों की ओर अधिक ध्यान न था। सभी को एक ही श्रेणी में पढना पड़ता था जिस कारण मन्दबुद्धि छात्र तथा तीव्र बुद्धि छात्र को साथ-साथ पढ़ने में कठिनता होती थी। मनोवैज्ञानिकों ने इस विषय में अध्ययन करके पता लगाया कि छात्रों की भिन्न २ श्रेणियां बनानी चाहियें। इस प्रकार की बातों के आधार पर शिक्षा के विषय में मनोवैज्ञानिकों का अत्युपकार माना जाता है। हमें यह कहते हुए कुछ भी आश्चर्य नहीं होता कि मनोवैज्ञानिकों के इसी सिद्धान्त को सृष्टि के आदि में वेदों ने तथा उसके बाद अन्य ऋषियों ने भी प्रतिपादित कर दिया था। उदाहरण के रूप में निरुक्त को देखिये--

स्थाणुरयं भारहारःकिलाभूदधीत्य वेदं न विजानाति योऽर्थम्। योऽर्थज्ञ इत्सकलं भद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा।

यहां पर बतलाया गया है कि कुछ लोग तो केवल शब्द मात्र का अध्ययन करके ठूंठ के समान ही रहते हैं। किन्तु कुछ व्यक्ति अर्थ को जान कर सुख प्राप्त करते हैं। बच्चों के लिये इससे भी स्पष्ट वेद मन्त्र लीजिए--

अक्षण्वन्तः कर्णवन्तः सखायो मनोजवेष्वसमा बभूवुः। आदध्नास उपकक्षास उत्वे हृदा इव स्नात्वा उत्वे ददृश्रे॥

यहां पर स्पष्ट ही बतलाया गया है कि यद्यपि व्यक्ति बराबर ही आंख व कान रखते हैं किन्तु मन के वेग में प्रत्येक भिन्न-भिन्न होता है। जैसे जल में कुछ लोग केवल बगल तक पानी में घुसते हैं तो कुछ केवल मुख तक ही। किन्तु कुछ लोग पूर्ण रूप से डुबकी लगाकर स्नान करते हैं। इसी प्रकार ज्ञान के समुद्र में भी कोई तो पूरा प्रवेश पालेते हैं किन्तु कुछ नहीं पा सकते क्योंकि सभी के मन की गति बराबर नहीं है। अगला मन्त्र--

उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम्॥
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः॥

यहां भी यही बात बतलायी गयी है कि कुछ लोग वाणी को,विद्या को सुनते हुवे भी नहीं सुनते हैं तथा देखते हुए भी नहीं देखते हैं अर्थात् ध्यान से नहीं पढ़ते सुनते हैं। इसके विपरीत कुछ लोग पूरा ज्ञान प्राप्त करते हैं। इसी बात को महर्षि पतञ्जलि ने आज से कई हजार वर्ष पूर्व इस प्रकार कहा है--"इह समानमधीयमानानां केचिदर्थैर्युज्यन्तेऽपरे न" अर्थात् साथ-साथ पढ़ने वालों में कुछ को ज्ञान होता है, कुछ को नहीं।

आर्यों ने इस प्राचीन तत्व को समझा था तभी तो वे चार वर्णों में विभक्त हुए। ब्राह्मण, क्षत्रिय, तथा वैश्य विद्याऽध्ययन करते थे तथा जो निर्बुद्धि होने के कारण पढ़ाने से भी न पढ़े वह शूद्र कहलाता था।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

शिक्षा-पद्धतियाँ

समय-समय पर नये-नये वैज्ञानिकों ने बच्चों को शिक्षा देने के लिये नयी-नयी पद्धतियां अपनायीं। यथा मांटीसारी शिक्षा-पद्धति, डाल्टन-शिक्षा-पद्धति, प्रोजेक्ट शिक्षा-पद्धति इत्यादि। इनमें से कुछ तो प्राचीन पद्धतियों का ही नवीकरण था। जैसे—

१. डाल्टनशिक्षापद्धतिः—

इस पद्धति में समय का बन्धन नहीं होता था तथा न घंटी की पाबन्दी। बालक अपनी इच्छानुसार जिस विषय को जितनी देर तक चाहे पढ़ सकता था। इसमें कोई भी बाह्य बन्धन नहीं था। कठिनाइयां हल करने के लिये एक शिक्षक होता था।

यह पद्धति बिल्कुल प्राचीन प्रणाली का ही पुनरुद्धार है। अति प्राचीन काल में ऋषि मुनियों के आश्रम में ब्रह्मचारी पढ़ते रहते थे। वहां पर आजकल की तरह घन्टियां नहीं लगायी जाती थी। विषय का पूर्ण ज्ञान कर लेना ही उनका उद्देश्य था। आजकल की तरह प्रो० तथा स्टूडैंट नहीं थे अपितु गुरु व शिष्य थे। यही कारण था कि जब गुरुकुल कांगड़ी में घन्टियां बजनी प्रारम्भ हुईं थीं पं० नरदेव जी जैसे विद्वानों ने इसका विरोध किया था। और बात भी ठीक है। व्याकरण अथवा दर्शन जैसे विषय का ४० मिनट की घण्टी में क्या भला हो सकता है? १-१ सूत्र पर ही पूरा पूरा दिन बीत जाता है। किन्तु आजकल—सूत्र की भूमिका बांधी गयी कि घण्टी समाप्त हो गयी। दर्शन के सूत्र के बीच में घण्टी बजना छात्र को उसी प्रकार अखरता है जिस प्रकार भोजन के बीच में सैनिक को फौजी सीटी बज जाना। अतः यह पद्धति दोषपूर्ण है। इसमें शिक्षक भी अधिक चाहियें जबकि बिना घन्टी एक शिक्षक भी काम चला सकता है। स्वामी आत्मानन्द जी ने इस विषय में 'विचित्र ब्रह्मचारी' नामक पुस्तक में बतलाया था कि स्वामी शिवानन्द के आश्रम में ५०० विद्यार्थी अध्ययन करते थे किन्तु पढ़ाने वाले केवल शिवानन्द जी थे। फिर भी सन्तोषपूर्ण कार्य था। यदि घण्टी प्रथा वहां होती तो कम से कम ५० अध्यापक चाहियें थे। अतः प्राचीन पद्धति ही ठीक थी, इसी का उद्धार डाल्टन शिक्षा पद्धति से हुआ।

२. अनुकरणपद्धतिः—

इसमें बतलाया गया है कि बच्चा अनुकरण से बहुत कुछ सीखता है, अतः बच्चों के सामने अच्छे कार्य ही करने चाहियें। यह पद्धति प्राचीन भारत की है। अनुकरण से सीखने के विषय में देखिए—"यथा गामानयेत्युक्ते प्रयोजकवृद्ध-श्रवणसमनन्तरं प्रयोज्यवृद्धप्रवृत्तिहेतुज्ञानानुमान-पूर्वकत्वाच्छब्दार्थसम्बन्धं तत्र स्थितो बालोऽपि जानाति" यहां पर यही बतलाया है कि बच्चा भी अनुकरण से सीखता है।

३. प्रयत्न व भूल से सीखनाः—

मनोवैज्ञानिकों ने परीक्षण करके सिद्ध किया है कि प्रत्येक प्राणी प्रयत्न व भूल से सीखता है। इसके लिये उन्होंने बिल्ली को उलझन बक्स में रक्खा तथा चूहे को भूलभुलैया में रख कर देखा कि बार बार प्रयत्न करने पर भी बिल्ली व चूहे बाहर आने में सफल हो गये।

यह प्रयत्न व भूल का सिद्धान्त हमें प्राचीन काल से मान्य रहा है। तुलसीदास ने इसी प्रयत्न के

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

सिद्धान्त को इन शब्दों में व्यक्त किया है--'करत करत अभ्यास के जडमति होय सुजान'। अर्थात् बार-बार प्रयत्न करने पर मानव इष्ट सिद्धि को पा लेता है। हमारे यहां तो ऐसे ऐसे पुरुष हुए हैं जिन्होंने मकड़ी को बार-बार दीवार पर चढ़ते, गिरते देखकर ही प्रयत्न व भूल के सिद्धान्त को मान लिया था फिर हम इसे विदेशियों की देन क्यों मानें ?

४. सीखने की स्वानुभूतविधि:—

मनोविज्ञान के अनुसार सीखने की ३ विधियां बतलायी गयी हैं--१ आवृतिकरण २ विराम अथवा अविराम रीति, ३ पूर्ण अथवा आंशिक रीति। किन्तु इसके अतिरिक्त एक और विधि है जो कि मुझे तो इन तीनों विधियों से सरल प्रतीत हुई। इस विधि में सीखने वाले विषय का प्रतीक मान लिया जाता है। उदाहरण के रूप में इस विधि को लिख रहा हूं। व्याकरण जानने वाले समझ जायेंगे।

विधि--मान लीजिए मुझे अष्टाध्यायी याद करनी है। उसमें लगातार सूत्र आते हैं---१ वतो रिड्वा। २ विंशतित्रिंशद्भ्यां ड्वुन्संज्ञायाम्। ३ कसां हिठन्। ४ शूर्पा दञन्यतरस्याम्। यहां पर इन सभी सूत्रों को क्रम से याद करना है। इसमें रटने की जरूरत नहीं। यहां पर मैंने प्रतीक बनाये थे। यथा--रिड्वा नाम का व्यक्ति हमारे ग्राम में था। प्रथम सूत्र की याद उससे आती थी। डेवनदास नाम का व्यक्ति भी एक है, अतः द्वितीय सूत्र की याद इससे होगी। कंस कृष्ण का मामा था अतः तृतीय सूत्र की याद कृष्ण से आजायेगी। केवल व्यक्तियों के नाम ही नहीं अपितु दूसरी चीजों के नाम भी प्रतीक बन सकते हैं। अष्टाध्यायी में लगभग ४००० सूत्र हैं। लेखक ने सभी सूत्र इसी विधि से सरलतया याद किये हैं किन्तु मनोविज्ञान में इस विधि का पता ढूंढने पर भी नहीं चल सका।

थोड़ा विरोध

मनोविज्ञान के कतिपय सिद्धान्त ऐसे भी हैं जो कि परीक्षा की कसौटी पर पूरे नहीं उतरते हैं। यहां तक कि स्वयं मनोवैज्ञानिकों के परीक्षण भी कभी-कभी फेल हो जाते हैं। मनोविज्ञान के भक्त यहां पर असामान्य मनोविज्ञान बतलाकर छुटकारा पा लेते हैं किन्तु आक्षेप होने से वे भी इंकार नहीं कर सकते। उदाहरण के रूप में--

१-एक बार डी० ए० वी० कालेज, कानपुर में लड़कों तथा लड़कियों पर एक परीक्षण किया गया। मनोविज्ञान का एक यन्त्र 'पैरीमीटर' होता है। उसमें एक अन्ध बिन्दु होता है। मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष जी ने सबको बुलाकर पूछा कि तुम्हें अन्ध बिन्दु दीखता है ? इस पर सभी लड़कों ने नहीं में उत्तर दिया किन्तु लड़कियों ने कहा कि हमें दीखता है। समस्या खड़ी हो गयी। अन्त में अध्यक्ष जी ने कहा अच्छा तुम लिखदो हमें दीखता है तथा तुम लिख दो कि हमें नहीं दीखताहै।

२-मनोविज्ञान छात्रों को पीटने के पक्ष में नहीं है, किन्तु समझ में नहीं आता कि बिना भय के बालक किस प्रकार पढ़ सकता है। कक्षा ५ के अध्यापक से जाकर पूछिये कि क्या आप बिना पीटे इस फौज को वश में कर लेंगे तो वह क्या उत्तर देता है। मैंने स्वयं मनोविज्ञानिकोंको ही कहते सुना है कि हां दण्डविधान अवश्य होना चाहिये। हमारे शास्त्रों में तो दण्ड विधान है। यहां यह बात मुख्य है कि द्वेष से नहीं अपितु प्रेम से मारे जिससे अंग भंग न होने पाये। उदाहरण देखिये--

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

ताडमृतैःपाणिभिर्घ्नन्ति गुरवो न विषोक्षितैः ।
लालनाश्रयिणो दोषास्ताडनाश्रयिणो गुणाः ॥
(महाभाष्य)

लालयेत्पञ्चवर्षाणि दशवर्षाणि ताडयेत् ।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत् ॥ (मनु०)

३–वंशानुक्रमणः––मनोविज्ञान मानता है कि वंश से जो दोष आते हैं उनका कोई इलाज नहीं है। किन्तु यह सिद्धान्त हमें नहीं जंचता है। बच्चा तो उस कोमल पौदे के समान है जिसे हम चाहें जिधर भी मोड़ सकते हैं। तथा हमारी संस्कृति से तो बच्चे नहीं, बड़े तक भी बदल जाते हैं। शिक्षा इसी लिए दी जाती है कि बच्चा दोषों से दूर हो जाये। यदि वंश के दोष नहीं छुटते तो वह शिक्षा नहीं है। हमारे यहां सत्संगति को बहुत महत्व दिया गया है चाहे वह अध्यापक की हो या अन्य की। कवि के शब्दों में––

जाड्यं धियो हरति सिंचति वाचि सत्यम्,
मानोन्नतिं दिशति पापमपाकरोति ।
चेतः प्रसादयति दिक्षु तनोति कीर्तिम् ।
सत्सङ्गतिः कथय किं न करोति पुंसाम् ॥
आपान्निवारयति योजयते हिताय ।
गुह्यं च गूहति गुणान् प्रकटी करोति ।
आपद्गतं न जहाति ददाति काले
सन्मित्रलक्षणमिदं प्रवदन्ति मनीषिणः ॥

छल, कपट, चोरी, बेईमानी, मूढता, असत्य आदि का कौन सा दुर्गुण है जिसे सत्संगति दूर न करती हो, अर्थात् सभी कुछ करती है। तो क्या योग्य गुरु के चरणों में रह कर बालक अपने अवगुण न छोड़ेगा ? अवश्य छोड़ेगा। इसी लिए कहा है– यान्यस्माकं सुचरितानि तानि त्वमुपास्व न इतराणि।

४–सम विकास––मनोविज्ञान मानता है कि बालक में सभी शक्तियों का विकास प्रारम्भ हो जाता है। एक मनोवैज्ञानिक व्यक्ति लिखता है–– "यह कहना कि शिशु तर्क नहीं करता, गलत है।" यहां उदाहरण दिया है कि यदि शिशु की गेंद खो जाय तो वह उसे खोजता है। यहां पर लेखक निग्रहस्थान में है क्योंकि तर्क व अन्वेषण में भेद होता है। बच्चा तर्क नहीं कर सकता अन्वेषण कर सकता है। इसी प्रकार बच्चा तरह-तरह के प्रश्न पूछता रहता है, यह भी तर्क नहीं अपितु जिज्ञासा है।

५–आजकल मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि प्राचीन काल में बुद्धि व विद्या को एक माना जाता था किन्तु यह बिल्कुल गलत है। हमारे यहां चार वर्ण होते थे। उनमें से जो बिल्कुल ही निर्बुद्धि हो उसे ही विद्या नहीं पढ़ाई जाती थी। यहां पर विद्या व बुद्धि का अन्तर स्पष्ट हो जाता है। इसीलिए महर्षि दयानन्द ने लिखा है कि जो बिल्कुल निर्बुद्धि हो उसे शूद्र समझें।

६–आयु वर्द्धन––मनोविज्ञान के अनुसार मानसिक आयु १६ वर्ष तक बढ़ती है, इससे आगे विद्या तो बढ़ सकती है परन्तु बुद्धि नहीं। यह सिद्धांत बिल्कुल ही गलत है। हम देखते हैं कि १६ वर्ष के बालक में वह प्रौढ़ बुद्धि नहीं पायी जाती जो कि ५५ वर्ष के खुर्राटे में होती है चाहे वह निरक्षर भी क्यों न हो। इसी लिए हमारे यहां कहा गया है कि वृद्धाऽवस्था में शूद्र भी मान के योग्य है। क्योंकि उस समय उसकी बुद्धि परिपक्व हो जाती है। विद्या के बिना भी अति बुद्धि मान पुरुष देखने में आये हैं। यथा वीर शिवाजी एक अक्षर भी नहीं जानते थे किन्तु राजनीति में अनुपम थे।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

७–रटन प्रथा––मनोवैज्ञानिकों का आक्षेप है कि प्राचीन काल में संस्कृत रटा देना ही पर्याप्त समझा जाता था जिससे बालक का विकास न हो पाता था। यह बिल्कुल गलत दावा है। वस्तुतः प्राचीन काल जितना विकास आजकल के मनोवैज्ञानिक अभी भी नहीं कर पाये हैं।

बच्चों की रटन शक्ति तीव्र होती है। अतः बाल्यकाल में रटने का कार्य अधिक होना चाहिए। गौतम के न्याय को १० वर्ष का बालक कभी नहीं समझ सकता। किन्तु रट सकता है।

८–मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि प्राचीन काल में प्राकृतिक शक्तियों का शिक्षा में उपयोग न किया जाता था। यह बिल्कुल गलत है। प्राचीन काल में गुरुकुल इसी लिए खुले थे कि बच्चा अपनी इच्छानुसार ही अपनी शिक्षा व कार्य करे। उदाहरण के रूप में––साथ ही साथ पढ़कर कृष्ण जी क्षत्रिय बनते हैं तथा सुदामा जी ब्राह्मण। हां एक सामान्य आयु तक सभी को बराबर शिक्षा मिलती थी जो कि आवश्यक थी। आजकल भी मैट्रिक तक सभी को बराबर विषय पढ़ने पडते हैं। आजकल कहा जाता है कि प्राकृतिक शक्तियों को पहचानकर पढ़ाना चाहिये। जिसकी जिसमें रुचि हो उसे वही कार्य सौंपा जाय। यहां हमें यह कहना है कि यह व्यवस्था तो प्राचीन काल में भी थी इसी लिए वर्ण विभाग किये थे। जिसकी जैसी रुचि हो वह उसी वर्ण को ग्रहण करले।

९–आजकल मनोविज्ञान का प्रधान विषय बन रहा है कि इच्छाओं को दबाना नहीं चाहिये। इस पर फ्रायड महाशय कहते हैं कि जो विचार एक बार आ गया वह नष्ट नहीं होता है अपितु अज्ञात चेतना में चला जाता है अतः किसी विचार को दबाना नहीं चाहिये।

यह सिद्धान्त तो मानव को स्पष्ट गर्त में गिराने वाला है। इसी सिद्धान्त की आड़ में आज कल मन को खुला छोड़ दिया जाता है। किन्तु आप जानते हैं कि फिर क्या होता है? उपनिषद् कहती है––पराञ्चिखानि व्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात् पराङ् पश्यति नान्तरात्मन्। अर्थात् इन्द्रियां तो विधाता ने बहिर्मुख ही बनाये हैं इस कारण आत्मा इनके द्वारा बाहर देखता है। अब देखिये जनाब! यदि आप इन्द्रियों पर लगाम नहीं लगायेंगे तो क्या वे आपका विनाश नहीं करेंगी? अवश्य करेंगी। अतः प्रतिरोध करना ही होगा प्रतिरोध के बाद निरोध होगा। वस्तुतः बात यह है कि केवल इन्द्रियों को ही बल पूर्वक नहीं रोकना चाहिये अपितु मन को ही रोकना चाहिये। यद्यपि मन को रोकना अति दुष्कर है जैसा कि गीता में कहा है––चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्। तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्॥

यह तो सत्य है कि मन वेगवान् है किन्तु मन के बिना हठ से इन्द्रियनिग्रह करना पाप है कृष्ण भगवान् ने इसे मिथ्याचार कहा है। यदि हमारे मन में चोरी का भाव आगया तो मन से उसे निकालना होगा न कि केवल हाथ रोकने होंगे। अभ्यास करने से वह विचार बिल्कुल नष्ट हो जायगा। यह कथन कि एक विचार आकर नष्ट ही नहीं होता नितान्त गलत है। इस सिद्धान्त के हिमायती साथ ही साथ यह भी कहते हैं कि वह विचार अवसर पाकर जाग खड़ा होता है किन्तु यह भी गलत है।

वस्तुतः जिस विचार को हम प्रतिज्ञापूर्वक मनसा वाचा कर्मणा निकालना चाहते हैं वह अवश्य ही नष्ट होगा किन्तु यदि हम केवल हठपूर्वक कर्मेन्द्रियों को रोक लेते हैं तथा मन को स्वतन्त्र

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

छोड़ देते हैं तो वह विचार अवश्य ही मन में बना रहेगा। इसलिए यह कहना कि कोई भी विचार एक बार आकर नष्ट नहीं होता, नितान्त सार शून्य है। यह सिद्धान्त हमें इसलिए भी मान्य नहीं है कि हमारे शास्त्रों से मेल नहीं खाता। महर्षि पतञ्जलि ने योगदर्शन में लिखा है—'ध्यानं निर्विषयं मनः' अर्थात् जिस अवस्था में मन बिल्कुल ही विषय शून्य हो जाय, उसमें किसी भी प्रकार का विचार न उठे वह ध्यान की अवस्था है। यह ध्यान की अवस्था तभी सम्भव है जबकि यह मान लिया जाय कि विचार आकर नष्ट भी हो सकते हैं। हां यह बात अवश्य है कि उस विचार को मिटाने के लिये अत्यधिक प्रयत्न करना पड़ेगा।

इस प्रकार हमने ऊपर की पंक्तियों में देखा कि मनोविज्ञान मानव जीवन के लिए एक अत्यन्त उपयोगी ज्ञान है। मनोविज्ञान के बिना मानव संसार क्षेत्र में ठीक रूप में जीवन यापन नहीं कर सकता। प्रत्येक मनुष्य अपना एक मन रखता है यदि वह उस मन की गतिविधि पर ही ध्यान न दे तो जीवन में सफल होने की आशा नहीं। साथ ही साथ दूसरे प्राणियों से व्यवहार करने के लिये भी मनोविज्ञान की आवश्यकता है। मनोविज्ञान विषय तो व्यापक ही इतना है कि प्राचीनकाल से ही मानव इस पर ध्यान देता चला आ रहा है। आधुनिक पाश्चात्य वैज्ञानिकों ने कोई भी नवीन अन्वेषण मनोविज्ञान के बारे में ऐसा नहीं किया जो कि प्राचीनकाल में अछूता रह गया हो। अतः इस मनोविज्ञान को पाश्चात्य देन मानकर उसके आगे सिर झुका देना हमारी समझ में नहीं आता। इसमें अन्य दोषों के साथ-साथ अपने अतीत को भूलने का भी दोष आता है। यदि हम इस मनोविज्ञान को शुद्ध रूप में पाश्चात्यों की ही देन मानते हैं तो हमें मानना होगा कि प्राचीन लोग आजकल के लोगों से पिछड़े हुए थे। विचारक-वृन्द ! क्या आप ऐसा मानने के लिये तैयार होंगे ? पाश्चात्यों का तो मूल उद्देश्य ही यह है कि किसी प्रकार भी भारतीयों का अतीत बुरे रूप में प्रस्तुत करके उसके प्रति इनके हृदय में घृणा उत्पन्न करदी जाय जिससे कि भारतीय उनके ही अनुगामी बन जायें। वे अपने इस प्रयत्न में बहुत कुछ सफल भी हुए हैं यह केवल हमारी असावधानता तथा अविवेक के कारण हुए हैं। क्या हमें आगे भी उनका ही अनुकरण करके अपने अतीत को भुला देना चाहिये ? यदि ऐसा हुआ तो "अन्धेनैव नीयमानायथाऽन्धा" की उक्ति हम पर ही चरितार्थ होगी। अतः हमें चाहिये कि हम अपने अतीत को पहचानें तथा घोषणा करदें कि मनोविज्ञान हमारे पूर्वजों की देन है न कि पाश्चात्यों की देन। पाश्चात्यों ने भी भारत से ही बहुत कुछ सीखा है।

---o---

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

स्व० डॉ० हरिशङ्कर शर्मा डी० लिट०

लेखक श्री--शङ्करसिंह वेदालंकार, एम० ए०

कः कं शक्तो रक्षितुं मृत्युकाले,
रज्जुच्छेदे के घटं धारयन्ति ।
एवं लोकस्तुल्यधर्मा वनानां,
काले-काले छिद्यते रुह्यते च ॥१॥
अघटित घटितानि घटयति,
घटित घटितानि दुर्घटीकरोति ।
विधिरेव तान् घटयति यान्,
पुमान् नैव चिन्तयति ॥२॥

यह तो सत्य ही है कि मृत्यु आने पर कोई किसी की रक्षा नहीं कर सकता, जैसे कुयें से खींचे जा रहे घड़े की यदि रज्जु विच्छिन्न हो जाय तो उसे कोई नहीं बचा सकता। संसार का यही नियम है। लोग जन्म लेते हैं और फिर इस लोक से सदा सर्वदा के लिये विदा हो जाते हैं। वे स्वर्गीय सज्जन हमें उस रूप में तो नहीं मिलते पर इस धराधाम में अवतीर्ण अवश्य होते हैं। विधि का विधान है कि वह इस प्रकार के काम करता है जिसे कभी यह मरणधर्मा मनुष्य भी नहीं कर सकता। 'मानुष के मन और है कर्ता के कुछ और' यह उक्ति सर्वथा सत्य चरितार्थ होती है। आचार्य मित्रसेन जी एम० ए० 'आर्योपदेशक रत्नमाला' नामक ग्रन्थ के निबन्धन में लगे हुए थे। उनका विचार था कि यह ग्रन्थ पं० रामचन्द्र जी देहलवी को भेंट किया जाय। इस बात की घोषणा आर्यों के सभी पत्र बड़ी तत्परता से कर रहे थे। पर पं० जी ने इस ग्रन्थ समर्पण के पूर्व ही अपने प्राण छोड़ दिये। हम सब उनके शोक में मग्न थे कि तब तक एक और अनभ्र वज्रपात हो गया। पं० नाथूराम शर्मा 'शंकर' के सुयोग्य सुपुत्र डा० हरिशंकर शर्मा हमारे मध्य से उठ गये। काल के कराल और निर्मम करों ने उनको हमारे हाथ से छीन लिया। वह साहित्य शास्त्र का निष्णात पंडित जो कि विविध भाषाओं का परिज्ञाता था, चल बसा। वे एक ऐसे पिता के पुत्र थे जो कि काव्य शास्त्र के अद्भुत महारथी थे। अपने समय में सबसे अधिक छन्द विशारद थे। जिसने महर्षि दयानन्द के जलते हुए ज्ञानदीपक से अपनी वर्तिका प्रज्ज्वलित की थी। जिसने ऋषि के दर्शन के उपरान्त ही अपनी काव्य की केंचुल निकाल फेंक दी थी। यह काव्य निर्मोक शृंगारिकता का था। शंकर ने समझ लिया कि वे यदि इस प्रकार की काव्य कुञ्जों में विहार करते रहे तो इन्द्रियों की क्षणिक संतृप्ति तो हो जायेगी। पर आत्मा बेचारी प्यासी ही बनी रहेगी। इस भावना ने उनको जिस रूप से रूपान्तरित किया वह समस्त प्रभाव उनके पुत्र में भी देखने को मिला। शर्मा जी ने ऐसा कोई कार्य नहीं किया जिससे उनकी चरित्र चद्दर मैली होती और उनके पिता पर किसी प्रकार का कलंक लगता।

शर्मा जी जितने अच्छे गद्यलेखक थे उतने ही सुन्दर वे काव्यलेखक भी। उनकी न जाने कितनी कवितायें पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं। जिनसे उनके काव्यहृदय का परिचय मिलता है। वे कवि तो थे ही, नहीं नहीं वे तो कविरत्न थे फिर उनकी कवितायें क्यों सुन्दर न होंती। आर्यसमाज के तो वे ऐसे रत्न थे कि अब वैसे रत्न मिलने कठिन हैं। उन्होंने विचारात्मक, उद्बोधनात्मक और समाज-सुधारक लेख लिख लिख कर समाज की सेवा की।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

उनमें हास्य रस की भी एक विलक्षण प्रतिभा थी जिसके कारण उन्होंने हास्य रस के अनेकों लेख लिखे। जिन्होंने उनके 'अड़ियल उपदेशक' आदि निबन्ध पढ़े हैं वे उनकी मनोरंजनी प्रवृत्ति से पूर्ण परिचित हैं। छोटे २ वाक्यों में जो चुलबुलापन है और जो अभिव्यक्ति का प्रकार है वह निस्सन्देह अभिशंसा के योग्य है। उनका सुप्रसिद्ध गीत "दयानन्द की ज्योति जगत् में जगी, जग रही और जगेगी।" किस आर्य को कण्ठस्थ नहीं है। उन्होंने जिन ग्रन्थों का प्रणयन किया उनमें कई ग्रन्थ पुरस्कृत हो चुके हैं। 'घास पात' नामक जिनमें से एक है। उन्होंने 'हिन्दुस्तानी शब्दकोष' का भी निर्माण किया है जो एक प्रकार की अमूल्य निधि है।

शर्मा जी "आर्य मित्र" पत्र के वर्षों सम्पादक रहे। उनके सम्पादकत्व में आर्यमित्र की इतनी ख्याति हुई जो किसी से छिपी नहीं है। जो भी इसे एक दो बार पढ़ लेता था वही उसका ग्राहक बन जाता था। 'साहित्य सन्देश' मासिक पत्रिका को नवजीवन देने वाले शर्मा जी ही थे। उनमें कुछ ऐसे गुण थे जिनका अनुकरण प्रत्येक आर्य को करना चाहिये। 'सैद्धान्तिक कट्टरता' उनके रोम रोम में समायी हुई थी। प्रलोभनों में आकर वे अपने सिद्धान्त को नष्ट करने का पाठ नहीं पढ़े थे। वे जैसे अन्दर से सुन्दर थे वैसे ही बाहर से भी। "विष रस भरा कनक घट जैसे' वाली उक्ति के वे सर्वथा विपरीत थे। 'यदन्तरं तद् बाह्यं यद् बाह्यं तद् अन्तरम्' इस सूक्ति के वे साक्षात् प्रतिमूर्ति थे। यह पवित्रता उन्हें अपने पिता से प्राप्त हुई थी। भारत सरकार ने उन्हें 'पद्मश्री' की राष्ट्रीय उपाधि से विभूषित किया था पर उन्होंने हिन्दी के उपेक्षामय और तद्विषयक दुर्विनीत नीति का अवलोकन कर "त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये" ऐसा कहकर उसी को फिर लौटा दिया। आगरा विश्वविद्यालय ने अपनी सम्मानित डी० लिट० की उपाधि देकर उनका सम्मान किया। जब कानपुर का विश्वविद्यालय खुला तो समाचार पत्रों में उनके उपकुलपति बनने के लिए नाम आया था। वे उपकुलपति क्यों नहीं बने यह दूसरी बात है पर उनका महत्व था, हम इससे पता लगा सकते हैं। पं० पद्मसिंह शर्मा की जब मृत्यु हुई तो उन्होंने एक कवित्त लिखा था जो इस समय मेरी स्मृति पट्टिका पर उभरता चला आ रहा है। कवित था—

देववाणी दुखिया पर संकट पड़ा है कड़ा,
बिलख रही है व्रजभाषा दुःख भारी से।
हाय हिन्दी माता पै अनभ्र वज्रपात हुआ,
निकल रही है आह उर्दू बिचारी से॥
फारसी फसाहत को भूल भूतनी सी हुई,
टूटा समालोचना का फूल फुलवारी से।
धधक उठी है काव्य सिन्धु में वियोग वह्नि,
प्यारे पद्मसिंह की चिता की चिनगारी से॥

यह कवित्त पूरा नहीं तो बहुत कुछ शर्मा जी पर भी घटित होता है। आर्यसमाज की तो यह एक ऐसी क्षति है जिसे पूरा करना बड़ा कठिन है। उनका योगदान साहित्य में तो था पर शिक्षा-क्षेत्र में भी उनके महत्त्वपूर्ण योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। गुरुकुल वृन्दावन के वे उपकुलपति पद पर कार्य कर रहे थे। ऐसी महान विभूति के चले जाने से आर्यसमाज सूना सूना दिखाई देता है। हमें चाहिये कि हम इन लोगों से प्रेरणा लें और समाज की समुन्नति में लग जायें। ईश्वर करे वह दिवंगत आत्मा फिर इस वसुन्धरा में अवतीर्ण होकर आर्यसमाज का काम शुरू करे। किसी ने कहा है कि—

जाने वाले आते नहीं,
जाने वालों की याद आती है।

अब तो हम यही याद करके उनका नाम लेते रहेंगे।

शंकर ने पैदा किया, हरिशंकर सा पुत्र।
उर में उमड़ी वेदना, शंकर जाये कुत्र॥

——०——

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गतांक से आगे)

रवीन्द्रनाथ टैगोर—एक शिक्षक

लेखक—श्री भूपेन्द्रनाथ सरकार, १२ एन्ड्रूजपल्ली, शान्तिनिकेतन

बलात् नियन्त्रण व अनुशासन बच्चे के मन की संवेदनशीलता को मार देता है। मानसिक भोजन हम उस पर जबर्दस्ती लादते हैं और हमारे पाठ अत्यन्त पीड़ा के रूप धारण करते हैं। मनुष्य की यह एक क्रूरतम तथा सर्वोपरि विनाशक भूल है। एक विद्यार्थी के प्रति निष्कपट सहानुभूति तथा आदरभाव श्रेणी में एक स्वतन्त्रता का वातावरण पैदा कर देते हैं जो कि शिक्षा के लिये अपरिहार्य है। बाह्य-मान व प्रयोग यथा देहदण्ड अपराधी बच्चे के आन्तरिक जीवन को अछूता ही छोड़ देता है।

शान्तिनिकेतन के सामाजिक जीवन के सम्बन्ध में एक प्रतिष्ठित ब्रिटिश शिक्षाशास्त्री मिचेल सेडलर ने यह कहा है कि "स्कूल में छात्र व छात्रा को अपने आपको ऐसी ईकाई नहीं समझना चाहिये जिसे कि एक निश्चित समय तथा निश्चित स्थान पर बातें सीखनी हैं और नाहीं सामान्य रूप से वैसी ही इकाईयों के समूह में वह एक है जिसे शिक्षकों से शिक्षा लेनी है। परन्तु उस समाज का वह भी एक सदस्य है जो कि इसकी सेवा के लिये उत्तरदायी है। एक सक्रिय सहयोगी है इसके विविध प्रकार के व्यापारों व कृत्यकलापों, जिम्मेवारियों तथा लाभ व स्वार्थों के जालसूत्रों द्वारा इससे सम्बद्ध है।

हमारे देश में टैगोर ने संगीत शिक्षा को प्रेरित किया है। मानवीय आत्माएं जब वे पूर्ण व परिपक्व होती हैं तब उस अवस्था में पहुंच जाती हैं जिसको कि केवल संगीत ही प्रतिष्ठापित कर सकता है, छन्दोबद्ध व तालबद्ध एकतानता मनुष्य की कृत्रिमता तथा विकृति से रक्षा करता है। यह हमें शिक्षा में तालबद्ध गति का स्मरण कराता है जो कि स्टुटगर्ट के स्कूल में कार्यक्रम में परिणत किया जाता था जिसे कि डा० स्टेनर ने स्थापित किया था। संगीत व नृत्य मानवीय आत्मा को भौतिक स्तर से उन्नत स्तरों पर उठा देता है। जैसा कि इसने Naotaro Nomura के केस में किया है। वह कहता है कि टैगोर सूर्य (Rabi=sun) के सम्बन्ध में मैं क्या कहूं? मैंने उसे गुनगुनाते में संगीत सुना है। ओह, वह एक दिव्य संगीत है। वह संगीत इस स्वच्छ नीले आकाश से तद्रूप हो जाता है। यह सदा मेरे कानों में गूंजता रहता है वह वृद्ध नोमुरा टैगोर के स्वर तान की नकल करता है। कृतज्ञता व आदर से मेरा हृदय उछाले भरता है। वस्तुतः वह मेरा प्रिय संगीत था। जो कि इस प्रकार है।—

"ओ, गो दुःखो जनाइया, तुमाय गान सुनावो"

मैं आंसु बहाये बगैर न रह सका ज्योंहि मैं अपनी पत्नी के अभिमुख हुआ त्योंहि उसने मुझे इसराज थमा दिया। मैंने प्रमुख तार को झंकृत किया और दुःखो जनाइया गान के स्वर को उसमें भरा उस समय मैं अन्य सब बातों को भूल गया। इसी भांति जो व्यक्ति टैगोर के गीतों का गान करता है वह अपने आपको भूलकर उसमें खो जाता है जैसा कि नोमुरा भूल जाता था। ज्योंहि संगीत समाप्त होता अपने हैट को एक ओर रख हाथ जोड़ तथा नतमस्तक हो वह फर्श पर घुटनों के बल

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

जाता। अश्रुधारा उसके कपोलों पर बह नती ! इस प्रकार वह कवि की स्मृति में भिवादन करता था। जब कभी उसका संगीत ट पड़ता तभी वह लम्बे समय तक शायद ास्टर, संगीतज्ञ टैगोर के स्वरताल में लीन हो ठा रहता।

यद्यपि टैगोर एक सम्भ्रान्त व उच्चकुलीन यक्ति था परन्तु उसने अपने देश को तथा उसके निवासी करोड़ों मूक व्यक्तियों को नहीं भुलाया था। आयरिश कवि A. E द्वारा प्रभावित हो उसने 'Back to the village' गांव की ओर इस उद्घोष को क्रिया में परिणत किया। अपनी कल्पना के पंखों पर स्थित हो ऊंची उड़ान भरने वाले उस कवि ने भौतिक स्तर पर अवतरित हो शान्तिनिकेतन में ग्राम के पुनर्निर्माण की दृष्टि से अपनी संस्था की स्थापना की। इस बात का प्रत्याख्यान नही किया जा सकता कि हमारी सरकार तथा गांधी जी ने भी टैगोर से प्रेरणा प्राप्त की थी। शिक्षा क्षेत्र में शिक्षक का व्यक्तित्व व अंग सौष्ठव प्रबल शक्ति होता है और शिक्षा के अन्य उपकरणों की अपेक्षा वह अधिक उपयोगी व आवश्यक होता है जैसा कि आधुनिक शिक्षा क्षेत्र में इस पर जोर दिया जाता है। सामान्य जीवन का उच्च जीवन में परिवर्तन जो कि प्राचीन भारत के गुरुकुलों में परम्परागत रहा है तथा जिसे आयर्लेण्ड के पैड्रिक तथा इंगलेण्ड के थ्रिग जैसे आधुनिक शिक्षा शास्त्रियों ने स्वीकार किया है, टैगोर का महान् आदर्श था। पश्चिम संसार के लिये पूर्व के दूत श्री परमहंस योगानन्द ने अपनी सुन्दर भाषा में टैगोर के शालीन प्रभाव के बारे में कहा है "कवि को लोगों के मध्य देखना सायंकाल के समय एक भव्य दृश्य होता था और उसके साथ ही पुरातन आश्रमों का दृश्य सामने आजाता था। भक्तिरस में डूबे हुए अपने भक्तों से घिरे हुए प्रसन्नचित्त गायक टैगोर ने उन सबको दिव्य-प्रेम के सूत्र में पिरो दिया उन्होंने लोगों के दिलों को जबर्दस्त आकर्षण में बांध लिया। प्रभु के कविता के गुलशन में खिला वह निराला पुष्प अपनी कविता की स्वाभाविक रसगन्ध से लोगों को आकर्षित करता रहा।

टैगोर एक विश्वविख्यात व शान्तिप्रिय व्यक्ति थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रिय आदर्श स्थापित करने का प्रयत्न किया। जॉनडेवि तथा रवीन्द्रनाथ दोनों सभ्यता की दो विपरीत दिशाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं फिर भी दोनों के दृष्टिकोण में समानता उनके मानवीय जीवन एवं उसके विकास के विचार एक से थे।

टैगोर आशावादी थे। जब वे Paulus geheeb से मिले तो उन्होंने कहा कि सभ्यता को अभिनव शिक्षा एवं इकालेडीह्यु मेनिटी तथा शान्ति-निकेतन जैसी संस्थाओं द्वारा ही जीवित रखा जा सकता है। अन्त में यह आशा की जाती है कि टैगोर विश्वभारती के पीछे जो बसीयत छोड़ गये हैं वह राष्ट्रिय सम्पत्ति समझ कर सुरक्षित रखी जायेगी। नवीनता की स्थापना के लिये पुरातन में परिवर्तन करना होता है। इसलिये विश्वभारती में भी परिवर्तन हो रहा है लेकिन इसमें परिवर्तन सीमा के अन्दर होना चाहिये। उससे बाहिर नहीं ताकि यह अपने आधारभूत स्वरूप को न खो बैठे।

—o—

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

(गताङ्क से आगे)

अग्न्याधेय

श्री अभयदेव, १५ तिलोक नगर, अजमेर

भूल-सुधार--यह पांचवां 'उपवसथ कर्म,' छठे प्रकरण 'अग्निमंथन' से पूर्व आना था। भूल से रह गया था। इसे छठे प्रकरण से पूर्व समझें। ---सम्पादक

५ उपवसथ कर्म

शब्रा (२.१.४.१-२) के अनुसार कुछ आचार्य अग्न्याधेय के उपवसथ-दिन यजमान द्वारा दिन में भोजन कर लेने का विधान करते थे क्योंकि इस दिन यजमान के व्रतग्रहणकाल के अनंतर सब देव उसके गृह में निवास करने लगते हैं। पर शतपथकार रात्रि में भी भोजन की अनुमति देता है क्योंकि संप्रति, अनाहिताग्नि होने से, यजमान के लिए व्रतचर्या, जो आहिताग्नि के लिए अनिवार्य होती है, आवश्यक नहीं है।

गोपितृयज्ञ–इस दिन बौ के अनुसार यजमान गोपितृयज्ञ करता है। यह पैत्र्यकर्म जो तैब्रा में वर्णित पिंडपितृयज्ञ के अनुकरण पर कल्पित किया गया है, बौ की अपनी उपज्ञा है। अन्यत्र इसका विधान अप्राप्त है। बौ का प्रायः अनुगमन करने वाले वै में भी गोपितृयज्ञ का विधान नहीं है। गोपितृयज्ञ के अंगभूत द्यूत और गवालंभन का कुछ श्रौतसूत्रों ने अग्न्याधानोपरांत, आग्नेय हविर्ग्रहण के पश्चात् विधान किया है। तदनुसार गौ का विशसन न करके उसका विक्रय करते थे और उसके विनिमय से प्राप्त व्रीहियों के ओदन का प्राशन किया जाता था। बौ में प्रायः स्मृत, औपमन्यव[1] भी गोपितृयज्ञ के पक्ष में नहीं था।

गोपितृयज्ञ में स्थालीपाक के अतिरिक्त अन्य पैतृयज्ञिक संभार, यथा एरक, उपबर्हण, अंजन, अभ्यंजन, आज्य, एक मुष्टि दर्भतृण, स्फ्य, सूत्र, प्रयुक्त होते हैं, तथा एक मांसल गौ, एक नवीन वस्त्रखंड, जलपूरित चार कुंभ, उदुंबर काष्ठ के तीन शूल, औदुम्बरी दर्वी, औदुंबरी वपाश्रपणी की भी आवश्यकता होती है। इन्हें अग्निशाला में दक्षिण की ओर ढंग से जमा लेना चाहिये।

अध्वर्यु पूर्वाभिमुख स्थित यजमान के दक्षिण कर्ण के ऊपर तीन दर्भतृण इस प्रकार केशों पर रखे कि उनकी नोंकें ऊपर की ओर रहें। निम्न मंत्र बोलकर अध्वर्यु दर्भसहित तत्रस्थ केशों को काटे :

"वपे प्रवपे देवेन सवित्रा प्रसूतो ब्रह्मणः संशितोऽहम्।" अध्वर्यु के केशवपन करते समय, यजमान निम्न मन्त्र का उच्चारण करे। "यानि म इत ऊर्ध्वं लोमानि तानि मे स्वस्तये सन्तु।" इसके पश्चात् नापित शेष केशों तथा नखों, श्मश्रू को काटे। स्नान के लिये घड़े से यजमान पर जल डालते समय अध्वर्यु यजमान से इस मन्त्र का उच्चारण करवाए।

'इमा म आपः शिवाः सन्तु दुष्कृतं प्रवहन्तु मे।
शुद्धाः प्रयुंजीमहि क्रतून्।'

स्नानोपरान्त यजमान पूर्व की ओर जाए, नवीन वस्त्र धारण करे, अपने को आभूषणादि से अलंकृत करे और नेत्रों में अंजन लगाए। अध्वर्यु सात-सात दर्भतृणों के तीन गुच्छे बनाकर उनसे यजमान को

---

१ अग्न्याधान के पूर्व औपमन्यव ने केवल गार्हपत्यायतन के गोमय से परिलेपन का विधान किया है। उसके मत से केवल वही विदग्ध होता है। इससे स्पष्ट है कि अन्वाहार्य पचनायतन में अग्निस्थापन करके अनुष्ठीयमान गोपितृयज्ञ का विधान औपमन्यव-संमत नहीं है।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

, नाभि और घुटनों पर मौन होकर पवित्र करे
त् दर्भ-पुंजीलों से जल छिड़के ।

अध्वर्यु एक जलपूरित घट लेकर, यजमान को
ण दिक् में किसी चौराहे पर ले जाए । वहां
रखकर उसमें स्व प्रतिच्छाया देखते हुए यज-
न से निम्न 'पाप्मनो विनिधयः' मंत्रों का उच्चारण
करवाए :

सिंहे मे मन्युः । व्याघ्रे मे अन्तरामयः ।
न्वति मे पिपासा । राजगृहे मेऽशनाया ।
न्यके मे ह्रीः । अश्वत्थे मे वेपथुः ।
प्रेये मे मृत्युः । भ्रातृव्ये मे पाप्मा ।
स्वति मेऽसमृद्धिः । खड्गे म आर्तिः ।
वृक्षे मे शोकः । गोधायां मे खेदः ।
कशे मे पापो गन्धः । उलूके मे श्वभ्यशः ।
म्ले मे मंस्या । उलले मे प्रध्या ।
व्यां स आव्यम् । कोशे मे गन्धः ।
दाकुनि मे स्वप्नः । अजगरे मे दुःस्वप्नः ।
लभे मे पाप्मालक्ष्मीः । स्त्रीषु मेऽनृतम् ।
द्रे मे स्तेयम् । वैश्ये मेऽकार्यकृत्यम् ।
लिमे मे क्षवथुः । उलले मे विलासः ।
द्वीपिनि मे निष्टपत् । हस्तिनि मे किलासः ।
विदेहेषु मे शीपथः । महावर्षेषु मे ग्लौः ।
इक्ष्वाकुषु मे पित्तम् । कलिंगेषु मेऽमेध्यम् ।
आखुनि मे दन्तरोगः । मक्षिकायां मे श्वल्कशः ।
वृषे मे जरा । चाषे मे पापवादः ।
वृके मे क्षुत् । अश्वे मे घसिः ।
अश्मनि मे तन्द्रिः । गर्दभे मेऽर्शः ।
कूर्मे मेऽङ्गरोगः । बस्ते मेऽपसर्या ।
सपत्ने मे निर्ऋतिः । दुष्कीर्ता मे व्यृद्धिः ।
गवये म आन्ध्यम् । गौरे मे बाधिर्यम् ।
जरायां में हिमः । कृष्णशकुनौ मे भीरुता ।
क्लोके म ईर्ष्या । मर्कटे मे दुर्बुद्धिः ।
उष्ट्रे मे तृष्णा । ऋक्षे मे श्रमः ।
कुमार्या मेऽलंकारः । सूकरे मे क्लरथुः ।
विद्युति मे स्मयशः । लोभायां मे क्लेदः ।
अजासु मे कर्कशः । व्रात्ये म ईत्या ।
राजन्यबन्धुनि मेऽज्ञानम् । नैषादे मे ब्रह्महत्या ।
उद्रिणि मे वमतिः । किंपुरुषे मे रोदः ।
शुनि मे दुरिप्रम् । स्नावन्येषु मे म्लेच्छः ।
मूजवत्सु मे तप्ना । दुन्दुभौ मे कासिका ।
अश्वतर्यां मेऽप्रजस्ता । पुंश्चल्यां मे दुश्चरितम् ।
शुके मे हरिमा । मयूरे मे जल्प्या ।
अप्सु मे श्रमः । ब्रह्मोज्झे मे किल्बिषम् ।
अपेहि पाप्मन् पुनरपनाशितो भवा नः पाप्मन्
सुकृतस्य लोके पाप्मन् धेह्यविधृतो यो नः पाप्मन्न
जहाति तमुत्वा जहिमो वद्यमन्यत्राऽस्मन्निविशतां,
सहस्राक्षो अमर्त्यो यो नो द्वेष्टि स रिष्यतु, यमु
द्विष्मस्तमु जहि ।

तदनन्तर अध्वर्यु निम्न मंत्र का उच्चारण करके अपनी हस्तांजलियों में जल ग्रहण करे :

'सुमित्रा न आप ओषधयः सन्तु'

और मंत्रशेषोच्चारणपूर्वक जल को उस दिक् में फेंक दें जिसमें यजमान का द्वेष्टा कोई शत्रु रहता हो । अनंतर संपूर्ण अनुवाक् का पाठ कर, घड़े के जल को फेंक और घड़े को भी वहीं पटक कर जल स्पर्श करके उसी मार्ग से लौट आयें जिससे गए थे । हस्तपादप्रक्षालन करके, अध्वर्यु यजमान को पवमानः सुवर्जनः. . .' मंत्र से आरंभ होने वाले अनुवाक् का पाठ कराये और अपने शरीर पर जल से मार्जन करे ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

किसी पड़ोसी के घर की अग्नि से इध्म जलाकर अध्वर्यु अन्वाहार्यपचनायतन, में अग्नि प्रज्वलित करे। आयतन के चारों ओर बर्हि बिछाये और घृत गरम करके उसे छानकर शुद्ध कर लेवे। अग्नि के उत्तर में जल से भरे चार घड़े, औदुंबर तीन शूल, औदुंबरी दर्वी तथा औदुंबरी वपाश्रपणी को रख देवे। दक्षिण दिक् में पितृयज्ञोपयोगी, सभी पदार्थ, सिवाय स्थालीपाक के, रखे। आयतन के दक्षिण में अध्वर्यु अधिदेवनस्थल तैयार करे। वहां उनन्चास अक्ष रखने चाहियें। अधिदेवन में दक्षिण की ओर स्फ्य से केवल एक बार अध्वर्यु निम्न मंत्र बोलकर भूमि को खोदे :

'अपहता असुरा रक्षांसि पिशाचा ये क्षयन्ति पृथिवीमनु। अन्यत्रेतो गच्छन्तु यत्रैषां गतं मनः।' अधोमुखी हस्तांजलि से अध्वर्यु खोदे हुए भूभाग पर निम्न मंत्र से अवबोक्षण (जलसेक) करे :

'उदीरतामवर उत् परास उन्मध्यमाः पितरः सौम्यासः। असुं य ईयुरवृका ऋतज्ञास्ते नोऽवन्तु पितरो हवेषु ॥'

तदनन्तर, निम्नमंत्रोच्चारणपूर्वक अन्वाहार्यपचनायतनस्थ अग्नि से जलता हुआ उल्मुक (काष्ठखंड) निकाले :—

'य आददानाः स्वधया नवानि पित्र्याणि रूपाण्यसुराश्चरन्ति। परापुरो निपुरो ये भरन्त्यग्निष्टानस्मात् प्रणुनोत्तु यज्ञात्।' उल्मुक से निम्न मन्त्र बोलकर खोदा हुआ भूभाग गरम करना चाहिये।

"अग्निः पावकः सुदिनानि कृण्वन्नितोऽसुरान्नुदताद्रमोकसः। पितॄणां ये वर्णं कृत्वेह भागमिच्छन्तः ॥"

वहां उल्मुक रखकर घृत की एक बिन्दु उस पर छोड़े। एक साथ काटे गए, दक्षिणाग्र दर्भतृण गरम किए हुए स्थल पर निम्न मंत्र बोलकर चाहियें।

'बर्हिरूर्णामृदु स्योनं पितृभ्यस्त्वा भराम्यहं
अस्मिन्त्सीदन्तु मे पितरः सौम्याः पिता
प्रपितामहाश्चाऽनुगै सह ॥'

तदुपरांत, अध्वर्यु निम्न मंत्रों से पितरों का आव करता है।

'उदीराणा इह सन्तु नः सौम्याः पित पितामहाः प्रपितामहाश्चाऽनुगैः सह। असुंग सत्ययुजोऽवृकास आ नो हवं पितरोऽद्याऽऽगमन्तु
एह गच्छन्तु पितरो हविषे अत्तवे।
अस्मिन् यज्ञे बर्हिष्यानिषद्य मा वीरः॥
प्र मा युनक् ॥'

निम्न मन्त्र से पितरों को एरक (चटाई) त उपबर्हण (तकिया) समर्पित करे :

'आसनं शयनं चेमे तयोः सोम्यास आगत
प्रिया जनाय नो भूत्वा शिवा भवत शंकराः'

फिर, पितरों को मधु, क्षीर (दुग्ध), त सक्तुपान, अथवा इनमें से जो भी उपलब्ध हो स वही, समर्पित करे। इनका कुछ भाग ब्राह्मणों दान करे। शेष पानपदार्थ निम्न वाक्य से त स्थलों पर पृथक्-पृथक् तीन भाग करके पि पितामह और प्रपितामह के लिए विसर्जित कर चाहियें।

'एतद्वः पितरः पितामहाः प्रपितामहाः पानम्

एक घड़े से जल लेकर तूष्णीं उन स्थानों को देना चाहिये।

इसके पश्चात् यजमान् द्यूत कर्म करेगा. यजमान और उसके तीन पुत्र, अथवा दो पु अथवा एकमात्र पुत्र तथा यजमान पत्नी, अथ केवल पत्नी ही द्यूत खेलें। पिता अक्षों से पूर्व गव में, तथा ज्येष्ठ, मध्यम एवं कनिष्ठ पुत्र क

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दक्षिण, पश्चिम तथा उत्तर में बैठें। पिता बारह, ज्येष्ठ और मध्यम भी बारह-बारह अक्ष लेवें : कनिष्ठ के पास तेरह अक्ष पहुंचेंगे। अतः वह हार जाय। चौथे खिलाड़ी के हार जाने पर यजमान चौबीस अक्ष लेवे, दक्षिणदिक्स्थ खिलाड़ी बारह। एवं तीसरा खिलाड़ी भी हार जाएगा। फिर, यजमान के पुनः चौबीस अक्षों पर, विषम संख्याक पच्चीस दूसरे खिला[illegible] के पास बचने से वह भी हार जाएगा। यदि दो ही पुत्र हों, तो यजमान दो बार बारह बारह अक्ष ग्रहण करे। द्वितीय पुत्र के लिए तेरह अ[illegible] बचें, [illegible] वह प[illegible]जित माना जाएगा य[illegible] पुत्र हो, तो तृतीय स्थानस्थ पत्नी तेरह [illegible] कारण हार जाएगी। यदि पति-पत्नी ही खेलें तो भी पत्नी के पास पच्चीस अक्ष बचने से वह हार जाएगी। इस प्रकार क्रमशः एक-एक खिलाड़ी हारता जायेगा और अन्त में यजमान विजयी होगा। 'कृतं कृतम्' (कृत संज्ञाक द्यूत हो चुका) तथा 'जूता गौः' (गौ जीत ली गई) कहते [illegible] जाएं।

बर्हि हाथ में लेकर यजमान निम्न मंत्र से अथवा कुछ आचार्यों के मत से तूष्णीं (पितरों को गौ समर्पित करे)।

'पितृभ्यस्त्वा पितामहेभ्यस्त्वा प्रपितामहेभ्यस्त्वां जुष्टामुपकरोमि।' अमंत्रक अथवा उपर्युक्त मंत्र से गौ पर जल-प्रोक्षण करे।

बौधायन और कात्य के अनुसार इस गौ को भूमि पर इस प्रकार लिटा कर कि उसका सिर और पैर क्रमशः पश्चिम और दक्षिण में रहें, संज्ञपित करना चाहिये। परन्तु शालीकि गवालंभन के पक्ष में नहीं है। ऐसा कर्म 'घोररूप' है। अतः यज्ञमुख अग्न्याधेय में गौ नहीं मारनी चाहिए। कात्य का कथन है कि एक नहीं वरन् अनेक गौओं का संज्ञपन किया जाना चाहिये क्योंकि इससे उसे अधिकाधिक प्रशंसाप्राप्त होगी। यदि गौ उपलब्ध न हो, तो मेष (भेड़) अथवा अज (बकरा) का आलंभन करना चाहिये। यदि ये भी अनुपलब्ध हों, तो यजमान अक्षक्रीड़ा से जीते गए चावल पकाकर उन पर पर्याप्त घृत अथवा दुग्ध डाले और इससे समस्त कर्म सम्पन्न करे। बौ में उद्धृत ब्राह्मणावचनानुसार१ आज्य और पय गौ का रेत है और तंडुल बैल का। अतः अंगसामान्य से आज्य अथवा पययुक्त ओदन को गौ (गौस्थानी) ही समझना चाहिये।

(क्रमशः)

---o---

(५८८ पृष्ठतोऽग्रे)

मङ्गला (मासिकी)

सञ्चालकः सम्पादकश्च—श्री रविनाथः त्रिपाठी, एम.ए.।

सम्पादिका-उपसम्पादिका—शीला मिश्रः, मीना स्यालः।

कार्यालयः—पी. ११ सी०आई०टी. स्कीम ६८ बोसपाड़ा कलकत्ता. ३

६० पैसे मासिकः, वार्षिकः ६ रूप्यकाणि। 'मङ्गला' पत्रिका मासिकी कालिकातानगरात् प्रकाश्यते। संस्कृतस्य प्रचारायैव प्रकाशनमस्या विधीयते सम्पादकमहाभागैः। अस्यां ये लेखा विद्यन्ते ते सरलायां देववाण्यां लिखिताः सन्ति। प्रायः समाससन्ध्यादिशून्यानि क्लिष्टप्रयोगविरहितानि वाक्यानि सर्वत्र विलोक्यन्ते। अतोऽनेन सामान्यसंस्कृतज्ञानामपि महानुपकारो भविष्यति। संस्कृतशिक्षाया अपि एकः स्तम्भोऽत्र भवति। वयमस्या दीर्घायुष्यं सर्वविधामुन्नतिं च कामयामहे।

—भगवद्दत्तो वेदालंकारः

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

दिवंगतान् श्रद्धेयान् श्रीपाददामोदरसातवलेकरमहोदयान्

प्रति श्रद्धाञ्जलिः

देवपुरुषो दिवं ययौ

महान् शोकप्रदोऽयं समाचारो यत् आर्यजातौ वेदविदुषां समाजे च प्रथितयशसो विद्वद्धौरेयस्य वेदमूर्तिविद्वद्राजः श्रीमतः सातवलेकरमहोदयस्य निधनं समजनि । वर्षशतोत्तमणिः श्री सातवलेकर-महोदयो वेदसेवाव्रतपरायणः १०१वर्षाद्यधिकं मृत्युपर्यन्तं सततं वेदाध्ययनं कुर्वन्नेव [illegible] सरस्वतीदेव्या वरदपुत्रोऽयं महाभागः स्वसंकल्प-वह्नेः प्रभावेण मृत्युपर्यन्तं संजाग्रतीं श्रुतिशेमुषीं धृतवान् । योऽयं [illegible] वेदस्य सत्यं स्वरूपमाविर्भवति । [illegible] संख्यकान् मन्त्रान् विहाय सर्वमपि वेदशरीरं सामान्यजनैरज्ञातमतीकृतं वा तिष्ठति । परमनेन वेदविदुषा सामान्यजनानां हिताय सुबोधनाम्ना वेदानां भाष्यं विरचितम् । भारते सर्वत्र संस्कृत-प्रचारायापि महत् प्रयत्नजातस्य विद्वद्वर्यस्यासीत् । अनेन पण्डितवर्येण चतुःशतादप्यधिकं ग्रन्थजातं विरचितम् । एवमेकोऽपि सन् स्वयं संस्थारूपेण विराजमान आसीत् । गुरुकुलकांगड़ी विश्वविद्या-लयेऽपि वेदानामध्यापनकार्यमनेन महाभागेन विहितम् । स्वतन्त्रतान्दोलनेऽपि सक्रियभागोऽस्या-सीत् । पद्मविभूषणपदवीधारिणोऽस्य विद्वत्पुंग-वस्य निधनेनार्यजातेरपूरणीया क्षतिः सञ्जाता । अस्माकमयमभिलाषो विद्यते यत् वेदानुसन्धान-कार्यं सुचारुरूपेण [illegible] प्रयत्नः सर्वकारेण विधातव्यः । वयं परमपितरं प्रभुं प्रार्थयामो यद् दिवंगताय वेदशिरोमणये सद्गतिं सम्बन्धिभ्यश्च शान्तिं प्रददातु ।

—पत्रिकासम्पादकः

अस्तं गतो [illegible] । [illegible]राम्यहं
[illegible]स्याः पितामहाः
[illegible]ऽनुगैः सह ॥'
[illegible] पूर्व निम्न मंत्रों से पितरों का आव[illegible]
स्व[illegible]
प्रसारयन् स्व[illegible]
ब्रह्मर्षिवत्तह सन्तु नः सौम्याः पितः[illegible]
[illegible]हाः प्रपितामहाश्चाऽनुगैः सह । असुंगम[illegible]
सत्ययुजोऽवृकास [illegible] नो हवं पितरोऽद्याऽऽगमन्तु
[illegible]

वन्द्यः सुधीः सातवलेकरोऽसौ
वेदार्थवक्ता किल कर्मयोगी
[illegible]
स्फुटो चतुरोपनिषद्रहस्यं, गाई[illegible]
वन्द्यः सुधीः सातवलेकरोऽसौ
स्वराज्यतत्त्वं निहितं हि वेदे
नातः परं कुत्रचिदस्ति लभ्यम् ।
सदैव सर्वैरनुकृत्यमाह,
वन्द्यः सुधीः सातवलेकरोऽसौ
स्वदेशभक्तस्तिलकानुयायी,
स्वराज्यमातुं बहुधा प्रयेते ।
स्वराज्यसिद्ध्यै बहु-सोढ-कष्टः,
वन्द्यः सुधीः सातवलेकरोऽसौ ॥५॥
यावद्भवे चन्द्रदिवाकरौ स्तः,
यावच्च गंगा गिरयश्च यावत् ।
कीर्तिः सिता सातवलेकरस्य,
स्थास्यत्यवन्द्यं सुधियां वरस्य ॥६॥
शताधिकं [illegible]य वयो विशुद्धं,
युयोज सत्संस्कृतिसम्प्रसारे ।
देवेशभक्तस्य हि तस्य वृत्तं,
स्फूर्तिं प्रदद्याद् भुवि मानवेभ्यः ॥७॥

—श्री धर्मदेवो विद्यामार्त[illegible]
आनन्दकुटीरम्, ज्वालापु[illegible]
दिनांकः ३१।७।[illegible]

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

कनिष्ठ पु...
वह हार जाये...
यजमान चौबीस अक्ष लेवें, दो...
बारह । एवं तीसरा खिलाड़ी भी हार...
फिर, यजमान के पुनः चौबीस अक्ष ले...
संख्याक पच्चीस दूसरे खिला...
वह भी हार जाएगा । यदि दो ही पुत्र हों, तो य...
दो बार बारह बारह अक्ष ग्रहण करे । द्वितीय पुत्र ...
के लिए तेरह अक्ष ... और ... रक्षित माना ...
जाएगा यदि ...
पत्नी तेरह ...
पति-पत्नी ही खेलें ...
अक्ष बच...
...खिला...

कहते हैं, सब ...

वेदों के धुरंधर विद्वान्
शतायु दिवंगत श्रद्धेय श्रीपाददामोदर सातवलेकर

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

विशुद्ध आयुर्वेदिक औषधियां सेवन कर

स्वास्थ्य उत्तम करें

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी, हरिद्वार

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालङ्कार । प्रबन्धक : प्रेमदेव ।

प्रकाशक : धर्मपाल विद्यालङ्कार, प्रकाशक : गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ।

मुद्रक : जी० आर० पाल, मैनेजर : गुरुकुल कांगड़ी प्रिन्टिङ्ग प्रेस, हरिद्वार ।

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar

कड़ी

भीमसेनी
शरमा

गुरुकुल कां

सम्पादक : भगवद्दत्त वेदालङ्का
प्रकाशक : धर्मपाल विद्यालङ्का
मुद्रक : जी० आर० पाल, मे

CC-0. Gurukul Kangri University Haridwar Collection. Digitized by S3 Foundation USA

GURUKUL PATRIKA 1967 G.K.V.